больш||óй (वि०) १. विशाल ; बड़ा ; महान् ; б. ма́льчик बड़ा बालक ; б. зал विशाल भवन ; —а́я ра́зница बड़ा अन्तर ; २. महत्वपूर्ण ; ३. वयस्क ; बड़ा ; □ —а́я доро́га बड़ी सड़क ; राजमार्ग ।

большу́щий (वि०) अत्यधिक ; घोर ।

боля́чка (स्त्री०) फोड़ा ।

бóмба (स्त्री०) बम ।

бомбарди́р (पुं०) बमवर्षक ।

бомбарди||рова́ть (अपू०) (वर्त०—ру́ю) बम फेंकना ; बम बरसाना ; बमबारी करना ; **—рóвочный** (वि०) बम फेंकने का ; बमबार ; **—рóвщик** (पुं०) बमवर्षक ; बमबार जहाज़ या मशीन ।

бомбёжка (स्त्री०) बमबारी ।

бомби́ть (अपू०), **раз—** (पू०) बमबारी करना ; बम बरसाना ; बम फेंकना ।

бомбо||вóз (पुं०) बमवर्षक ; **—мёт** (पुं०) बम फेंकनेवाला ; **—мета́ние** (नपुं०) बमबारी ।

бомбоубе́жище (नपुं०) बमबारी से बचने का स्थान ।

бóна (स्त्री०) (बैंक का) चेक ; पत्रमुद्रा ।

бонда́рный (वि०) पीपागर का ; पीपा बनानेवाले का ।

бонда́рня (स्त्री०) पीपागर की दुकान ।

бонда́рь (पुं०) पीपागर ।

бóнна (स्त्री०) गवर्नेस ।

бор (पुं०) **I.** देवदार का जंगल ; **II.** (रस०) बोरोन ।

бордó (नपुं०) **I.** एक प्रकार की शराब ; **II.** लालसुर्ख़ रंग ।

боре́ц (पुं०) १. योद्धा ; २. पहलवान ।

боржóм (पुं०) बोरझोम-जल (एक प्रकार का स्वास्थ्यप्रद पानी) ।

борза́я (स्त्री०) (वि० रू०) शिकारी भूरा कुत्ता ।

бóрзый (वि०) : б. конь तेज़ नस्ल का घोड़ा ।

бор-маши́на (स्त्री०) (दाँतों में डाक्टर की) छेद करने की मशीन ।

бормота́ние (नपुं०) बड़बड़ाहट ।

бормота́ть (अपू०), **про—** (पू०) बड़बड़ करना ; अस्पष्ट बोलना ।

бóрн||ый (वि०) (रस०) बोरिक ; —ая кислота́ बोरिक अम्ल ।

бóров (पुं०) १. सुअर ; २. (धुएँ की) चिमनी का क्षैतिज भाग ।

борода́ (स्त्री०) दाढ़ी ।

борода́вка (स्त्री०) मस्सा ; रसौली ; गाँठ ।

борода́вчатый (वि०) मस्सों से भरा हुआ ; गाँठदार ।

борода́тый (वि०) दाढ़ीवाला ; दढ़ियल ।

борода́ч (पुं०) १. दाढ़ीवाला पुरुष ; २. एक प्रकार का दाढ़ीवाला गिद्ध ; ३. एक प्रकार की घास ।

бoрóдка (स्त्री०) छोटी दाढ़ी ।

борозда́ (स्त्री०) १. (हल की लकीर) हलाई ; सीता ; २. (अंग पर) गहरी झुर्री ।

борóздка (स्त्री०) नाली ; गहरी धारी ।

борона́ (स्त्री०) हेंगा ; सुहागा ।

борóться (आत्म० अपू०) १. (के विरुद्ध) लड़ना ; संघर्ष करना ; २. कुश्ती लड़ना ।

борт (पुं०) १. (पोत का) पार्श्व ; बाज़ू ; ओर ; пра́вый б. जमना बाज़ू ; दायीं तरफ़ ; ле́вый б. डावा बाज़ू ; बायीं तरफ़ ; २. (कोट की) छाती ; ३. (बिलियर्ड का) कुशन ।

борт-меха́ник (पुं०) हवाई जहाज़ का मिस्त्री ।

бортовóй (वि०) борт से वि० ।

борщ (पुं०) चुकन्दर और गोभी का शोरबा ।

борьба́ (स्त्री०) संघर्ष ; मल्लयुद्ध ; कुश्ती ; б. за существова́ние अस्तित्व के लिए संघर्ष ।

босикóм (क्रि० वि०) नंगे पाँव ।

босó||й (वि०) नंगे पाँव ; नंगी टाँगोंवाला ; **—нóгий** (वि०) नंगे पाँववाला ; **—нóжка** (स्त्री०) नंगी टाँगों से नाचनेवाली ; **—нóжки** (बहु०) (एक प्रकार के जूते) सैंडल ।

бося́к (पुं०) आवारागर्द ।

бот (पुं०) नाव।

ботанизи́ровать (अपू०) (वर्त०—рую) (वनस्पति-शास्त्र के) अध्ययन के लिए वनस्पति आदि संग्रह करना।

бота́н||ик (पुं०) वनस्पतिशास्त्र-वेत्ता; **—ика** (स्त्री०) वनस्पति-शास्त्र; औद्भिदी; **—и́ческий** (वि०) वनस्पति-शास्त्रीय; औद्भिदीय; वनस्पतिशास्त्र-सम्बन्धी।

ботва́ (स्त्री०) चुकन्दर के पत्ते।

ботви́нья (स्त्री०) मछली और सब्जियों का (ठंडा) शोरबा।

бо́тик (पुं०) **I.** युद्धपोत पर की नाव; **II.** (जूते के ऊपर पहनने के) बड़े जूते; रबड़ के जूते।

боти́нок (पुं०) बूट; बड़े जूते।

бо́ты (बहु०) (जूते के ऊपर पहनने के) बड़े जूते; रबड़ के जूते।

бо́цман (पुं०) डैकसरांग; जहाज की नावों, झंडों आदि की देखरेख करनेवाला अधिकारी।

бочáр (पुं०) पीपे बनानेवाला; पीपागर; **—ный** (वि०) бочáр से वि०; —ное ремесло́ पीपे बनाने का धन्धा; पीपागरी।

бо́чка (स्त्री०) पीपा; कनस्तर; टीन।

бочко́м (क्रि० वि०) तिरछा; पार्श्व से।

бочо́к (पुं०) бок का अल्प०।

бочо́нок (पुं०) бо́чка का अल्प०।

боязли́в||ость (स्त्री०) भीरुता; कायरता; **—ый** (वि०) भीरु; कायर।

бо́язно (कर्तृ-निरपेक्ष) мне б. मुझे डर लगता है।

боя́зн||ь (स्त्री०) भय; आतंक; डर; из —и, что он заболе́ет उसके बीमार पड़ने के डर से।

боя́р||ин (पुं०) बोयार (क्रान्ति-पूर्व रूस का सौदागर) **—ский** (वि०) बोयार का; **—ыня** (स्त्री०) बोयार की पत्नी।

боя́рышник (पुं०) एक काँटेदार पेड़; नागफनी।

боя́рышня (स्त्री०) बोयार की कुमारी।

боя́ться (आत्म० अपू०) डरना; भयभीत होना; вам не́чего б. आपको डरने की आवश्यकता नहीं; бою́сь, что он не придёт मुझे डर है कि वह नहीं आयेगा; [...] бою́сь сказа́ть कहते हुए डरता हूँ; не бо́йся डरिए मत; डरो मत।

брав||а́да (स्त्री०) आडम्बरी साहसिकता; **—и́ровать** (अपू०) (वर्त० —рую) शान मारना।

бра́во! (विस्मय०) शाबाश!; वाह! वाह!

бра́вый (वि०) वीर; साहसी।

бра́га (स्त्री०) घर निकाली हुई बीयर (जौ की शराब)।

бра́жничать (अपू०) अधिक मदिरा पीना; अतिपान करना।

бразды́ (बहु०) б. правле́ния राज्य की बागडोर।

брак (पुं०) **I.** विवाह; शादी; гражда́нский б. गौर विवाह; सिविल विवाह; вступи́ть в б. विवाह करना।

брак-II. (पुं०) खराब माल; नुक्सदार माल; **—ера́ж** (पुं०) निर्यात की जानेवाली वस्तुओं का सरकारी निरीक्षण; छँटाई; **—ова́ть** (अपू०) **забракова́ть** (पू०) (वर्त०—ку́ю) नुक्सदार माल निकाल देना; छँटाई करना; **—о́вщик** (पुं०) नुक्सदार माल की छँटाई करनेवाला।

бракоде́л (पुं०) नुक्सदार माल उत्पादन करनेवाला।

браконье́р (पुं०) अवैध क़ब्ज़ा करनेवाला।

брако||разво́дный (वि०) तलाक़ या विवाह-विच्छेद-सम्बन्धी; **—сочета́ние** (नपुं०) विवाह।

брами́н (पुं०) ब्राह्मण।

брандва́хта (स्त्री०) रक्षापोत।

бра́ндер (पुं०) आग बुझाने का जहाज।

брандмайо́р (पुं०) दमकल-केन्द्र का प्रधान।

брандма́уер (पुं०) अग्निसह दीवार।

бранд||ме́йстер (पुं०) दमकल-केन्द्र का प्रधान; **—спо́йт** (पुं०) आग बुझाने का पम्प या इंजन।

брани́ть (अपू०) गाली देना; झिड़की देना; डाँटना; **—ся** (आत्म०) झगड़ना; एक-दूसरे को गाली देना।

бран||ный (वि०) **I.** —ое сло́во दुर्वचन; **II.** युद्ध-सम्बन्धी।

бранчли́вый (वि०) झगड़ालू।

бран||ь (स्त्री०) **I.** गाली; **II.** по́ле —и रणक्षेत्र।

брасле́т (पुं०), **—ка** (स्त्री०) कंगन; पहुँची; बाजूबन्द।

брат (पुं०) १. भ्राता; भाई; двоюродный б. चचेरा/ममेरा/फुफेरा भाई; २. (सम्बोधन) भैया!

брата́ться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) मैत्री करना; भाईचारा रखना।

бра́т||ец (पुं०) भैया; **—и́шка** (पुं०) १. छोटा भाई (बच्चे के विषय में); २. भैया; **—ия** (स्त्री०) भाईचारा।

брато́к (पुं०) भैया।

брато||уби́йство (नपुं०) भाई की हत्या; भ्रातृहत्या; **—уби́йца** (पुं०) भ्रातृहत्यारा।

бра́тски (क्रि० वि०) भ्रातृवत्; प्रेमपूर्वक।

бра́т||ский (वि०) भ्रातृ-; भाई का; —ая любо́вь भ्रातृप्रेम; **—ство** (नपुं०) १. भ्रातृभाव; २. भाईचारा।

брать (अपू०), **взять** (पू०) (वर्त० беру́, берёшь; भवि० возьму́, возьмёшь) १. लेना; б. взаймы́ उधार लेना; б. биле́ты टिकट लेना; б. под аре́ст गिरफ़्तार करना; б. в плен बन्दी बनाना; २. किराये पर लेना; भाड़े पर लेना; ३. (बुद्धि आदि द्वारा) सफल होना; б. на учёт रजिस्टर में दर्ज करना; б. сло́во с кого́-л. किसी-से वचन लेना; б. ли́шнее अधिक दाम लेना; нож не берёт चाकू चलता नहीं; **—ся** (आत्म०) १. ज़िम्मेदारी लेना; он взя́лся за э́ту рабо́ту उसने इस काम की ज़िम्मेदारी ली; २. आरम्भ करना; हाथ में लेना; —ся за чте́ние पढ़ना आरम्भ करना; (से) छूना; पकड़ लेना; —ся за́ руки हाथ मिलाना; हाथ पकड़ना; □ —ся за ум होश में आना; отку́да ни возьми́сь अचानक ही आ टपकना।

бра́чн||ый (वि०) वैवाहिक; विवाह-सम्बन्धी; —ое сожи́тельство सहवास करना; मैथुन करना।

бреве́нчатый (वि०) इमारती लकड़ी का; б. дом लकड़ी का घर।

бревно́ (नपुं०) (लकड़ी का) शहतीर।

бред (पुं०) प्रलाप; सन्निपात।

бре́д||ить (अपू०) (वर्त० бре́жу, бре́дишь) प्रलाप करना; सन्निपात होना; पागल की तरह चिल्लाना; **—ни** (बहु०) १. असम्भव कल्पना; शेखचिल्लीपन; २. बकवास; **—ово́й** (वि०) सन्निपात-सम्बन्धी।

бре́зг||ать (अपू०), **по—** (पू०) १. अरुचि अनुभव करना; घृणा करना; он —ает пить из чужо́го стака́на वह दूसरे के गिलास में पीने से घृणा करता है; २. हिचकिचाना; (नकारात्मक रूप से) он не —ает никаки́ми сре́дствами वह किसी भी साधन को प्रयोग में लाने से नहीं हिच-किचाता; **—ли́во** (क्रि० वि०) अरुचिपूर्वक; घृणापूर्वक; हिचकिचाहट से; **—ли́вость** (स्त्री०) अरुचि; घृणा; हिचकिचाहट; **—ли́вый** (वि०) (व्यक्ति के बारे में) घृणा करनेवाला; नकचढ़ा; —ли́вое чу́вство घृणा।

брезе́нт (पुं०) मोमजामा; तिरपाल; **—овый** (वि०) मोमजामे का; —овое пальто́ मोमजामे का कोट।

бре́зжить (अपू०) **—ся** (आत्म०) पौ फटना; (तारों का) झिलमिलाना।

брело́к (पुं०) लोलक।

бре́м||я (स्त्री०) भार; बोझ; वज़न; б. забо́т चिन्ताओं का भार; □ разреши́ться от —ени बच्चा जनना।

бре́нн||ость (स्त्री०) भंगुरता; **—ый** (वि०) भंगुर; □ —ые оста́нки अस्थि-अवशेष।

бренча́ть (अपू०) ठनकाना; अनाड़ीपन से कोई वाद्ययन्त्र बजाना।

брести́ (अपू०) (वर्त० бреду́, бредёшь) चले जाना; कठिनता से जाना।

брете́ль(ка) (स्त्री०) स्कन्धिका; कन्धे पर का फ़ीता।

бретёр (पुं०) झगड़ालू आदमी।

брех||а́ть (अपू०) **брехну́ть** (पू०) (वर्त० брешу́, бре́шешь) १. (कुत्ते का) भौंकना; २. झूठ बोलना; डींग मारना; भौंकना; **—ня́** (स्त्री०) झूठी बात; **—у́н** (पुं०) झूठा।

брешь (स्त्री०) दरार।

брига́д||а (स्त्री०) जत्था; मंडली; दल; टीम; ब्रिगेड; б. рабо́чих मज़दूरों का दल; **—и́р** (पुं०) १. (सेना०) ब्रिगेडियर; २. टीम का नेता; दलनायक।

бри́джи (बहु०) बिरजिस।
бриз (पुं०) समीर; हवा।
бриза́нтный (वि०) विस्फोटक।
бриллиа́нт, брилья́нт (पुं०) हीरा; **—овый** (वि०) हीरे का।
брита́н||ец (पुं०) अंग्रेज; **—ский** (वि०) बरतानिया का।
бри́тв||а (स्त्री०) उस्तरा; रेज़र; **—енный** (वि०) उस्तरा-सम्बन्धी; दाढ़ी बनाने का।
бри́тый (वि०) दाढ़ी बनाये हुए।
бри||ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० бре́ю, бре́ешь) दाढ़ी बनाना; **—тьё** (नपुं०) हजामत; **—ться** (आत्म०) अपनी दाढ़ी बनाना।
бро́вка (स्त्री०) छोर; किनारा।
бровь (स्त्री०) भ्रू; भौं।
брод (पुं०) चलकर पार करने योग्य नदी आदि का कम गहरा स्थान; पाँझ।
броди́ло (नपुं०) (भौ०) किण्व।
броди́льный (वि०) किण्वन-; б. ферме́нт किण्वन-साधन।
броди́ть (अपू०) **I.** (वर्त० брожу́, бро́дишь) विचरना; घूमना; б. по у́лицам सड़कों पर घूमना; **II.** (अपू०) किण्वन करना।
бродя́га (उभ०) घुमक्कड़; आवारा।
бродя́ч||ий (वि०) आवारा; घुमक्कड़; —ие племена́ घुमक्कड़ जातियाँ; यायावर।
броже́ние (नपुं०) (रस०) किण्वन।
бром (पुं०) (रस०) ब्रोमीन; ब्रोमाइड।
броне||автомоби́ль (पुं०) बक्तरबन्द गाड़ी; **—ба́шня** (स्त्री०) बक्तरबन्द बुर्जी; **—ви́к** (पुं०) बक्तरबन्द गाड़ी; **—во́й** (वि०) बक्तरबन्द; कवचित —во́й автомоби́ль = бронеавтомоби́ль; **—маши́на** (स्त्री०) बक्तरबन्द गाड़ी; **—но́сец** (पुं०) युद्धपोत; जंगी जहाज; **—но́сный** (वि०) बक्तरबन्द; कवचित।
бро́нз||а (स्त्री०) काँसा; **—овый** (वि०) काँसे का।
брони́ровать (अपू० और पू०) (-рую) १. बक्तरबन्द करना; कवचित करना; २. **забронировать** (पू०) सुरक्षित करना; रिज़र्व करना; б. ме́сто स्थान सुरक्षित (रिज़र्व) करना।
бро́н||я́ (स्त्री०) १. कवच; २. सुरक्षित स्थान; सुरक्षित मात्रा (कोटा); получи́ть биле́т по —е जगह सुरक्षित (रिज़र्व) करना।
броса́ть (अपू०), **бро́сить** (पू०) (भवि० бро́шу, бро́сишь) १. फेंकना; б. ка́мни पत्थर फेंकना; б. взгляд (на) नजर मारना; б. я́корь लंगर डालना; २. त्याग देना; छोड़ देना; б. ору́жие हथियार डालना; б. семью́ परिवार त्यागना; б. кури́ть तम्बाकू पीना छोड़ देना; **—ся** (आत्म०) १. टूट पड़ना; झपटना; —ся в во́ду पानी में कूद पड़ना; —ся на по́мощь सहायता के लिए भागना; —ся на коле́ни पाँव पड़ना; —ся в объя́тия आलिंगन करना; बगलगीर होना; соба́ка бро́силась на него́ कुत्ता उस पर टूट पड़ा; २. (केवल अपू०) एक-दूसरे पर टूट पड़ना; ३. (केवल अपू०) घृणा करना।
брос||ко́м (क्रि० वि०) झपटकर; **—ово́й, —овый** (वि०) फेंकने का; फेंकने योग्य; रद्दी; **—о́к** (पुं०) झपट्टा।
бро́шенный (कृदन्त और वि०) त्यक्त।
брошировáть = брошюровáть.
бро́шка, брошь (स्त्री०) स्त्रियों के वस्त्रों पर लगाने की रत्नजटित पिन।
брошю́р||а (स्त्री०) पुस्तिका; **—ова́льный** (वि०) (छपे हुए पन्नों को पुस्तक रूप में) सीने का।
брошюрова́ть (अपू०), **с—** (पू०) छपे हुए पन्नों को पुस्तक रूप में सीना।
брус (पुं०) शहतीर।
брусков||ый (वि०) छड़ का; —ое желе́зо छड़ का लोहा।
брусни́ка (स्त्री०) एक प्रकार की रसभरी।
бру́тто (नपुं०) कुल; कुल भार।
брыже́йка (स्त्री०) आन्त्रपेशी।
бры́згать (अपू०), **за—** (पू०); **бры́знуть** (पू०) १. छिड़कना; छींटे मारना; б. водо́й (на) पानी के छींटे देना; २. (क्षण भर के अर्थ में) кровь бры́знула из ра́ны रक्त का

" फ़व्वारा छूटना ।

брызгаться (आत्म० अपू०) १. (अपने आप पर) छिड़कना; б. духáми इत्र छिड़कना; २. एक-दूसरे पर छींटे मारना ।

брызги (बहु०) छींटे; चिन्गारियाँ; б. грязи कीचड़ के छींटे ।

брызнуть दे० брызгать.

брыкáть (अपू०), **брыкнýть** (पू०) दुलत्ती मारना ।

брынза (स्त्री०) भेड़ के दूध का पनीर ।

брысь (विस्मय०) शी ! (बिल्ली को भगाने के लिए) ।

брюз||гá (उभ०) बड़बड़ानेवाला व्यक्ति; **—гли́вый** (वि०) बड़बड़ानेवाला; **—жáние** (नपुं०) बड़बड़ाहट; **—жáть** (अपू०) बड़बड़ाना ।

брю́ква (स्त्री०) (शरद् ऋतु का) शलजम ।

брю́ки (बहु०) पतलून; बिरजिस ।

брюнéт (पुं०) काले बालोंवाला पुरुष; श्यामकेशी; **—ка** (स्त्री०) काले बालोंवाली स्त्री; श्यामकेशिनी ।

брю́хо (नपुं०) पेट; наполня́ть б. पेट भरना ।

брюши́н||а (स्त्री०) आँतों की ऊपरी झिल्ली; **—ный** (वि०) आँतों की ऊपरी झिल्ली का ।

брюш||кó (नपुं०) брю́хо का अल्प०; **—нóй** (वि०) पेट-सम्बन्धी; उदरीय ।

бря́кать (अपू०) **бря́кнуть** (पू०) १. धड़ाम से गिराना; घुमाकर फेंकना; २. बकबक करना; ३. बक देना; बेसमझे बोल उठना; **—ся** (आत्म०) धड़ाम से गिरना ।

бряцáние (नपुं०) झनझनाहट ।

бряцáть (अपू०) झनझन शब्द करना ।

бýбен (पुं०) झाँझवाला डफ; खंजड़ी; **—éц** (पुं०) घंटी ।

бубéнчик = **бубенéц.**

бýблик (पुं०) छल्ले के आकार की रोटी या पेस्ट्री ।

бубни́ть (अपू०) बड़बड़ करना ।

бубнóвый (वि०) (ताश में) ईंट का; б. туз ईंट का इक्का ।

бýбны (बहु०) १. бýбен का बहु०; २. (ताश में) ईंट का रंग ।

бубóн (पुं०) (चिकि०) कखौरी; कखराली ।

бугóр (पुं०) टीला; छोटी पहाड़ी; **—óк** (पुं०) पिंड; गाँठ; उभार; ग्रन्थि; गिल्टी; **—чáтка** (स्त्री०) क्षय-रोग; तपेदिक; **—чáтый** (वि०) १. ग्रन्थिल; गाँठदार; २. क्षय-सम्बन्धी ।

бугри́стый (वि०) टीलोंवाला; असम; ऊबड़-खाबड़; ऊँचा-नीचा ।

будди́||зм (पुं०) बौद्ध मत; बौद्ध धर्म; **—ст** (पुं०) बौद्ध; बौद्ध धर्म का अनुयायी ।

бýдет १. दे० быть; २. बस; काफ़ी है; अलम्; б. тебе плáкать रोना बन्द कर; б. с вас э́того? क्या यह काफ़ी है?; बस?

буди́льник (पुं०) अलार्म घड़ी ।

буди́ровать (अपू०) (—рую) १. गुस्सा होना; मन ही मन क्षुब्ध होना; २. उत्तेजित करना ।

буди́ть (अपू०); **раз—, про—** (पू०) (वर्त० бужý, бýдишь) १. (разбуди́ть पू० के साथ) जगाना; разбуди́те меня́ рáно मुझे जल्दी जगाइए; २. (пробуди́ть पू० के साथ) जागृत करना; उत्तेजित करना ।

бýдка (स्त्री०) पहरेदार का खोह ।

бýдн||и (बहु०) (सप्ताह के) काम करने के दिन (रविवार और छुट्टियों को छोड़कर); नीरस जीवन; **—ий** (वि०) दैनिक; प्रतिदिन का; **—ичность** (स्त्री०) नीरसता; **—ичный** (वि०) १. दैनिक; प्रतिदिन का; २. नीरस; —ичная жизнь नीरस जीवन; —ичный день (सप्ताह का) काम करने का दिन (रविवार और छुट्टी को छोड़कर)।

будорáжить (अपू०), **вз—** (पू०) शान्ति भंग करना; उत्तेजित करना; हलचल पैदा करना।

бýдочник (पुं०) १. (काम पर तैनात) सिपाही; २. रेलवे गार्ड ।

бýдто (अ०) (सम्बन्धसूचक); १. मानो; जैसे; у вас такóй вид, б. вы не по́няли आपकी शक्ल से ऐसा लगता है मानो आप समझे नहीं; २. प्रतीत होता है; स्पष्ट रूप से; говоря́т, б. он уéхал कहते हैं कि वह चला गया; ऐसा लगता है कि वह चला गया; ३. सचमुच ।

бу́ду (दे०) быть.

будуа́р (पुं०) (स्त्रियों का) एकान्त कक्ष ।

бу́дущ||ее(नपुं०) (वि० रू०) भविष्य ; в —ем भविष्य में ; **—ий** (वि०) भावी ; आगामी ; अगला ; в —ем году́ अगले वर्ष ; в —ий раз अगली बार ; —ее поколе́ние भावी पीढ़ी ; —ее вре́мя भविष्यकाल ; **—ность** (स्त्री०) भविष्य ।

бу́ер (पुं०) बर्फ़ पर चलनेवाली नाव ।

буера́к (पुं०) जलमार्ग ; नाली ।

бужени́на (स्त्री०) सुअर का माँस ।

буза́ (स्त्री०) **I.** (केवल एकवचन) एक मादक पेय ; **II.** (स्त्री०) भगड़ा ; подня́ть —у́ झगड़ा खड़ा करना ।

бузина́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) श्वेत पुष्पोंवाला एक वृक्ष ।

буз||и́ть (अपू०) झगड़ा खड़ा करना ; उपद्रव करना; **—отёр** (पुं०) झगड़ालू ; उपद्रवी ।

буй (पुं०) तिरौंदा ; बोया ।

бу́йвол (पुं०) भैंसा ; **—ица** (स्त्री०) भैंस ; **—ёнок** (पुं०) कटड़ा (भैंस का बच्चा) ; **—овый** (वि०) भैंस का ।

бу́йный (वि०) प्रचंड ; तीव्र ; तूफ़ानी ; दुर्धर्ष ।

бу́йство (नपुं०) हल्लागुल्ला ; कोलाहल ; **—вать** (अपू०) (वर्त० —ствую) हल्लागुल्ला करना ; कोलाहल करना ।

бук (पुं०) एक प्रकार का जगंली वृक्ष ।

бу́ка (उभ०) १. हौआ ; २. असामाजिक मनुष्य ।

бука́шка (स्त्री०) छोटा कीड़ा ।

бу́кв||а (स्त्री०) अक्षर ; वर्ण ; нача́льная б. प्रारम्भिक (अथवा पहला) अक्षर या वर्ण ; **—а́льно** (क्रि० वि०) अक्षरशः ; **—а́льный** (वि०) अक्षरशः ; शाब्दिक ; —а́льное значе́ние शाब्दिक अर्थ ।

буква́рь (पुं०) वर्णमाला की पुस्तक ; प्रथम पुस्तक ।

бу́квенный (वि०) अक्षरों में ।

буквое́д (पुं०) पांडित्य-दम्भी ; पंडितम्मन्य ; **—ство** (नपुं०) पांडित्य-दम्भ ; पंडितम्मन्यता ।

букволите́йщик (पुं०) टाइप ढालनेवाला ।

буке́т (पुं०) गुलदस्ता ; फूलों का गुच्छा ।

букини́ст (पुं०) पुरानी पुस्तकें बेचने और ख़रीदनेवाला ; **—и́ческий** (वि०) —и́ческий магази́н पुरानी पुस्तकें बेचने और ख़रीदने की दुकान ।

бу́кля (स्त्री०) घूँघर ; लट ; छल्ला ।

бу́ковый (वि०) бук से वि० ।

буко́л||ика (स्त्री०) ग्रामजीवन-वर्णन ; **—и́ческий** (वि०) ग्रामजीवनवर्णन-सम्बन्धी ।

бу́кса (स्त्री०) (रेल के पहिये का) धुरे का डिब्बा ।

букси́р (पुं०) १. कर्षक पोत ; २. खींचने का रस्सा ; **—ный** (वि०) रस्सा बाँधकर खींचने का ; **—овать** (अपू०) (—ру́ю) (रस्सा बाँधकर) खींचना ।

буксова́ние (नपुं०) (फिसलन के कारण) पहिये का बिना आगे खिसके घूमना ।

буксова́ть (अपू०) (—су́ю) (फिसलन के कारण) पहिये का बिना आगे खिसके घूमना ।

булава́ (स्त्री०) भारी गदा ।

була́в||ка (स्त्री०) पिन ; б. для га́лстука टाई की पिन ; □ англи́йская б. सेफ़्टी पिन ; **—очный** (वि०) पिन का ।

була́ный (घोड़ा) हल्के भूरे रंग का ।

була́т (पुं०) १. बढ़िया इस्पात ; २. तलवार ।

бу́лка (स्त्री०) गोल लम्बी डबलरोटी ; сдо́бная б. बन (खाने का) ।

бу́лла (स्त्री०) साँड़ ।

бу́лочка (स्त्री०) गोल लम्बी डबलरोटी ; बन ।

бу́лоч||ная (स्त्री०) (वि० रू०) नानबाई की दुकान ; **—ник** (पुं०) नानबाई ।

бултых (विस्मय०) छपाक ! (जल में गिरने का शब्द) ; он б. в во́ду वह छपाक से पानी में गिर पड़ा ; **—а́ться** (आत्म० अपू०), **бултыхну́ться** (आत्म० अपू०) छपाक से पानी में गिरना ।

булы́жник (पुं०) सड़कें बनाने का गोल पत्थर ।

бульва́р (पुं०) तरुमंडित राजपथ ।

бульдо́г (पुं०) एक प्रकार का अंग्रेज़ी कुत्ता ; बुलडॉग ।

бу́лькать (अपू०) (पानी में) छल-छल का शब्द करना।

бульо́н (पुं०) अखनी; (माँस का) शोरबा; सूप।

бума́г||а (स्त्री०) **I.** १. कागज़; б. в линéйку लकीरदार कागज़; б. в клéтку चारख़ानेदार कागज़; заверну́ть в газéтную —у अख़बार के कागज़ में लपेटना; копирова́льная б. कार्बन कागज़; мра́морная б. अबरी; пи́счая б. लिखने का कागज़; цветна́я б. रंगदार कागज़; २. प्रतिभूतियाँ; **II.** रुई; सूत; шерсть с —ой ऊन और सूत (मिश्र)।

бумагодержа́тель (पुं०) १. प्रतिभूतिधारी; २. कागज़ रखने का थैला।

бумагопряд||éние (नपुं०) सूत की कताई; **—и́льный** (वि०) सूत कातने का; —и́льная маши́на सूत कातने की मशीन; **—и́льня** (स्त्री०) सूत कातने का कारख़ाना।

бума́жка (स्त्री०) १. कागज़ का टुकड़ा; २. (मुद्रा) नोट; пятирублёвая б. पाँच रूबल का नोट।

бума́жник (पुं०) **I.** कागज़ बनानेवाला; **II.** बटुआ।

бума́жн||ый (वि०) **I.** कागज-सम्बन्धी; —ая фа́брика कागज़ का कारख़ाना; कागज़-मिल; **II.** सूती; —ая ткань सूती कपड़ा; —ая пря́жа सूत।

бумазéя (स्त्री०) (केवल एकवचन) एक प्रकार का मोटा सूती कपड़ा।

бумера́нг (पुं०) बूमरंग (एक प्रकार का लकड़ी का तीर जो फेंकने पर फिर से वापस आ जाता है); प्रत्यावर्तक अस्त्र।

бу́нкер (पुं०) (कोयले का) कोठार।

бунт (पुं०) **I.** बंडल; पैकेट; गाँठ; **II.** विद्रोह; बग़ावत; ग़दर; विप्लव; **—а́рский** विद्रोहपूर्ण; **—а́рство** (नपुं०) विद्रोह; बग़ावत; **—а́рь** (पुं०) विद्रोही; बाग़ी; **—ова́ть** (अपू०), **взбунтова́ть** (पू०) (—ту́ю) **взбунтова́ться** (आत्म० पू०) १. (взбунтова́ться पू० के साथ) विद्रोह करना; बग़ावत करना; २. (взбунтова́ть पू० के साथ) विद्रोह कराना; बग़ावत कराना; **—ова́ться** (आत्म० अपू०) **взбунтова́ться** (आत्म० पू०) = бунтова́ть १.; **—овско́й** (वि०) विद्रोही; बाग़ी; **—овщи́к** (पुं०) विद्रोही; बाग़ी।

бур (पुं०) **I.** बरमा; **II.** बोअर (एक जाति)।

бура́ (स्त्री०) (रस०) सोहागा।

бура́в (स्त्री०) बड़ा बरमा; **—ить** (अपू०) (वर्त० бура́влю, бура́вишь) छेद करना; सुराख़ करना; **—чик** (पुं०) छोटा बरमा।

бура́к (पुं०) चुकन्दर।

бура́н (पुं०) बर्फ़ का तूफ़ान।

бурбо́н (पुं०) अक्खड़; गँवार।

бурда́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) धोवन।

бурдю́к (पुं०) शराब का थैला।

буревéстник (पुं०) तूफ़ान की सूचना देनेवाली विशेष चिड़िया।

бурело́м (पुं०) आँधी से गिरे हुए पेड़।

бурéние (नपुं०) छेद करने की क्रिया।

бурéть (अपू०), **по—** (पू०) भूरा हो जाना।

буржуа́ (पुं०) बूर्जुआ; प्रतिक्रियावादी मध्यवर्ग; **—зный** (वि०) प्रतिक्रियावादी मध्यवर्ग का।

бури́ль||ный (वि०) छेद करने का; **—щик** (पुं०) छेद करनेवाला।

бури́ть (अपू०) छेद करना।

бу́рки (बहु०) नमदे के बूट।

бу́ркнуть (पू०) गरजना; गुर्राना।

бурла́||к (पुं०) खेवाह; नाव खींचनेवाला; **—цкий** (वि०) бурла́к से वि०; खेवाह-सम्बन्धी **—чить** (अपू०) (रस्सा बांधकर नाव आदि) खींचना।

бурли́вый (वि०) उफनता हुआ; क्षुब्ध।

бурли́ть (अपू०) गरजना; उफनना।

бу́рный (वि०) तूफ़ानी; प्रचंड; तीव्र; —ые аплодисмéнты भारी हर्षध्वनि।

буров||о́й (वि०) छेद करने का; —ая маши́на छेद करने की मशीन।

бу́рса (स्त्री०) (धर्मशास्त्र-सम्बन्धी) शिक्षालय।

бу́рский (वि०) बोअर जाति का।

буру́н (पुं०) तरंग।

бурýны (बहु०) हिल्लोल ।

бурч||áние (नपुं०) १. बड़बड़ाहट ; २. (पेट की) गड़गड़ाहट ; **—áть** (अपू०), **пробурчáть** (पू०) १. बड़बड़ करना ; २. (केवल अपू०) पेट का गड़गड़ करना ; (देगची का) खद्खद् करना ।

бýрый (वि०) भूरा ; б. медвéдь भूरा रीछ ; б. ýголь लिगनाइट ।

бурья́н (पुं०) (केवल एकवचन) लम्बे सरकंडे ।

бýря (स्त्री०) तूफ़ान ; снéжная б बर्फ़ का तूफ़ान ।

буря́т (पुं०) **—ка** (स्त्री०) बुरयात-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) बुरयात देश का ।

бýсин||а (स्त्री०) **—ка** (स्त्री०) मनका ।

бусóль (स्त्री०) सर्वेक्षण-दिक्सूचक ।

бýсы (बहु०) मनके ।

бут (पुं०) (केवल एकवचन) अनगढ़ पत्थर ।

бутáн (पुं०) (रसा०) ब्यूटेन ।

бутафóр (पुं०) रंगमंच के उपकरण तैयार करनेवाला ।

бутафóрия (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) रंगमंच के उपकरण ; २. (दुकान में दिखावे के लिए) मूर्ति ।

бутербрóд (पुं०) मक्खन लगा डबलरोटी का टुकड़ा ; सैंडविच ।

бути́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त० бучý; бути́шь) ईंट-रोड़े से भरना ।

бутóн (पुं०) कली ।

бутоньéрка (स्त्री०) बटन का छेद ।

бýтсы (बहु०) फ़ुटबाल के बूट ।

бутýз (पुं०) छोटा बच्चा ।

буты́л||ка (स्त्री०) बोतल ; **—очка** (स्त्री०) छोटी बोतल ; **—очный** (वि०) बोतल-सम्बन्धी ।

буты́ль (स्त्री०) बड़ी बोतल ।

бýфер (पुं०) (रेल०) टक्कररोक ; अन्तःस्थ ; **—ный** (वि०) टक्कररोक का ; —ное госудáрство अन्तःस्थ राज्य ।

буфéт (पुं०) १. बुफ़े ; २. सामान रखने की खुली अलमारी ; **—ная** (स्त्री०) (वि० रू०) मोदीखाना ; **—ный** (वि०) буфéт से वि० ; **—чик** (पुं०) **—чица** (स्त्री०) बुफ़े का कर्मचारी ।

буф(ф)óн (पुं०) विदूषक ; **—áда** (स्त्री०) विदूषकता ।

бухáр||ец (पुं०) **—ка** (स्त्री०) बुख़ारा-निवासी/निवासिनी ।

бýхать (अपू०) **бýхнуть** (पू०) १. (ज़ोर से) मारना ; पीटना ; २. (अकर्मक) (बन्दूक आदि का) धड़ाके का शब्द करना ; ३. बक देना ; **—ся** (आत्म०) धड़ाम से गिर पड़ना ।

бухгáлт||ер (पुं०) लेखापाल ; हिसाब-किताब रखनेवाला ; **—éрия** (स्त्री०) लेखापालन ; **—ерский** (वि०) लेखापालन-सम्बन्धी ; हिसाबकिताब-सम्बन्धी ।

бýхнуть-I दे० бýхать.

бýхнуть-II (अपू०), **раз—** (पू०) सूजना ; फूलना ।

бýхнуться दे० бýхаться.

бýхта (स्त्री०) **I.** छोटी खाड़ी ; **II.** रस्से की गेंडुरी ।

бýхты-барáхты: с б.-б. यूँ ही ; अकारण ; अकस्मात् ।

бýцы = бýтсы

бýча (स्त्री०) (केवल एकवचन) उपद्रव ; झगड़ा ; подня́ть —у झगड़ा खड़ा करना ; उपद्रव करना ।

бушевáть (अपू०) क्रोधावेश में आना ; हल्ला-गुल्ला करना ।

бýшель (पुं०) बुशल (एक तोल) ।

буя́н (पुं०) उपद्रवी ; झगड़ालू ; **—ить** (अपू०), **набуя́нить** (पू०) उपद्रव करना ; झगड़ा करना ।

бы, б (अ०) (यदिवाचक विधिलिंग-भूतकाल में) онá писалá бы емý, éсли бы не былá так занятá यदि वह इतनी व्यस्त न होती तो उसको अवश्य पत्र लिखती ; кто бы э́то мог быть वह कौन हो सकता है ? кто бы ни कोई भी ; что бы ни कुछ भी हो ; когдá бы ни जब भी ◻ без какóго бы то ни́ было трудá अनायास ।

бывáло (अ०): он б. чáсто éздил в дерéвню अक्सर वह गाँव जाया करता था ; как ни в

чём не б. जैसे कुछ हुआ ही न हो !

бывáлый (वि०) अनुभवी ; लोकपटु ।

бывáльщина (स्त्री०) लोक-साहित्य का एक रूप ; भूतकथा ।

бывá||ть (अपू०) १. होना ; вéчером он всегдá —ет дóма शाम को वह सदा घर पर होता है ; он —ет óчень груб कभी-कभी वह बहुत रूखा हो जाता है ; २. मिलने जाना ; я у них рéдко —ю मैं उनके यहाँ बहुत कम जाता हूँ ; ३. घटित होना ; —ет что ऐसा होता है कि...; заседáния —ют раз в мéсяц बैठक साल में एक बार होती है ; □ снéга как не —ло बर्फ़ का निशान तक नहीं रहा ।

бывший : १. быть से कृदन्त ; २. भूतपूर्व ; б. президéнт भूतपूर्व प्रधान ।

бык (पुं०) १. बैल ; साँड ; २. सेतु-स्तम्भ ।

былúна (स्त्री०) बिलीना (वीर-गीत) [लोक-साहित्य का सब से पुराना रूप]

былúнка (स्त्री०) घास की पत्ती ।

былúнный (वि०) वीरगीत/वीरकाव्य-सम्बन्धी ।

было (अ०) लगभग ; प्राय: он б. стал засыпáть वह सोने ही वाला था ; वह प्राय: सो गया था ; он чуть б. не забы́л वह प्राय: भूल गया था ।

былóе (नपुं०) (वि० रू०) भूतकाल ।

был||óй (वि०) भूतपूर्व ; बीता हुआ ; в —ые временá बीते हुए समय में ; प्राचीन समय में ।

быль (स्त्री०) १. तथ्य ; २. सच्ची कहानी ; सत्य कथा ।

быстро (क्रि० वि०) शीघ्रतापूर्वक ; जल्दी से ; он б. соображáет वह कुशाग्रबुद्धि है ; так б. как тóлько мóжно यथासम्भव शीघ्र; **—глáзый** (वि०) पैनी दृष्टिवाला ; तीक्ष्णदृष्टि ; **—соображáющий** (वि०) कुशाग्रबुद्धि ;

быстротá (स्त्री०) वेग ; रफ़्तार ।

быстрохóдный (वि०) तेज़ रफ़्तारवाला ; द्रुतगामी ।

быстр||ый (वि०) वेगवान ; तेज़ ; प्रखर ; —ое течéние प्रखर धारा ।

быт (पुं०) (केवल एकवचन) जीवन-विधि ; रहन-सहन का ढंग ; जीवन ; нóвый б. नया जीवन ; домáшний б. घरेलू जीवन ; पारिवारिक जीवन ।

бытиé (नपुं०) अस्तित्व ।

бы́тность (स्त्री०) в б. जब ; किसीके ठहरने के समय ; в б. моéй студéнтом जब मैं विद्यार्थी था ।

быт||овáть (अपू०) होना ; घटित होना ; **—овóй** (वि०) быт से वि० ; —овы́е услóвия जीवन-परिस्थितियाँ ; —овóе явлéние नित्य-प्रति की घटना ; **—описáтель** (पुं०) १. इतिहासकार ; २. सामान्य जीवन का चित्रण करनेवाला ।

быть (अपू०) (भवि० бýду, бýдешь) होना ; он был здесь वह यहाँ था ; он был рабóчим वह मज़दूर था ; б. вынуждéнным विवश होना ; б. знакóмым (с кем л.) (किसीसे) परिचित होना ; б. в пальтó कोट पहनना ; б. в отсýтствии अनुपस्थित होना ; б. обя́занным комý-л किसीका आभारी होना ; б. свидéтелем साक्षी होना ; □ б. в состоя́нии सकना ; он не был в состоя́нии пойтú वह जा न सका ; б. начекý सावधान होना ; как б. ? कैसे होगा? ; क्या करना चाहिए ? мóжет б. शायद ; быть по твоемý जसी तुम्हारी इच्छा ; будь, что бýдет कुछ भी हो ; будь то मानो ; जैसे ; бýдьте добры́ कृपा करके ; कृपया ; бýдьте добры́, позвонúте कृपया उसे टेलीफोन कर दीजिए ; бýдет ! काफ़ी है ; बस ; так и б. एवमस्तु ; ऐसा ही हो ; должнó б. सम्भवत: ।

бытьё (नपुं०) (केवल एकवचन) जीवन ; житьё-б. जीवन ।

быч||áчий (वि०) бык से वि० ; б. язы́к बैल की जीभ ; **—óк** (पुं०) १. जवान साँड ; २. एक प्रकार की मछली ।

бювáр (पुं०) स्याहीसोख पैड ।

бювéт (पुं०) पम्प करने का कमरा ।

бюджéт (पुं०) बजट ; आय-व्यय-लेखा ; **—ный** (वि०) बजट-सम्बन्धी ।

бюллетéн||ь (पुं०) १. बुलेटिन ; वृत्तपत्र;

२. मतपत्रक ; पर्ची ; ३. रिपोर्ट ; ४. डाक्टरी प्रमाण-पत्र ; он на —е वह बीमारी की छुट्टी पर है ।

бюре́тка (स्त्री०) (रस०) ब्यूरेट ।

бюро́ (नपुं०) १. ब्यूरो ; कार्यालय ; दफ़्तर ; спра́вочное б. पूछताछ-कार्यालय ; २. लिखने की मेज़ ।

бюрокра́т (पुं०) नौकरशाह ; दफ़्तरशाह ; **—ия** (स्त्री०) नौकरशाही ; दफ़्तरशाही ।

бюст (पुं०) १. ऊर्ध्वांग की मूर्ति ; २. (स्त्री की) छाती ; **—га́льтер** (पुं०) अँगिया ; चोली ।

В

в, во I. (अ०) १. में; को; в Москве́ मास्को में; в а́рмии सेना में; в шко́ле स्कूल में; е́хать в Москву́ मास्को को जाना; ходи́ть в шко́лу स्कूल को जाना; входи́ть в зал शाला में प्रवेश करना; २. оде́тый в чёрное काले कपड़ों में; काले कपड़े पहने; завёрнутый в бума́гу कागज़ में लपेटा हुआ; ३. в пяти́ де́йствиях (नाटक आदि) पाँच अंकों में; ४. -की दूरी पर; в трёх киломе́трах от Москвы́ मास्को से तीन किलोमीतर (की दूरी पर); ५. в. 1954 году́ १६५४ में; в январе́ जनवरी में; в четве́рг बृहस्पतिवार को; в три часа́ तीन बजे; в э́том году́ इस वर्ष; ६. भीतर; में; он сде́лает э́то в три дня वह इसे तीन दिन के भीतर कर लेगा; ७. два́жды в год वर्ष में दो बार; ८. места́ в три рубля́ तीन रूबल के टिकट की जगह; ६. в три ра́за то́лще तिगुना मोटा; в два ра́за ме́ньше आधा; १०. разрыва́ть в куски́ टुकड़े-टुकड़े कर देना; ११. быть и́збранным в секретари́ मन्त्री चुना जाना; □ в слу́чае, е́сли यदि; в тече́ние के दौरान में; он весь в отца́ वह बिल्कुल अपने पिता पर है; в конце́ концо́в आखिरकार; अन्ततः।

в- (во-, въ-) II (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में 'भीतर' का अर्थ आ जाता है जैसे вбега́ть भीतर भाग आना।

ва-ба́нк (क्रि० वि०) ста́вить в. सब-कुछ दाँव पर लगा देना।

ва́б||ик (पुं०) (शिकार-सम्बन्धी) (पक्षी या जन्तुओं को बुलाने या आकर्षित करने का) घूतू; **—ить** (अपू०) (घूतू आदि बजाकर) शिकार फँसाना।

ва́га (स्त्री०) (भारी चीजें तोलने की) तराजू; तोलने की मशीन।

ваго́н (पुं०) (रेल का) डिब्बा; това́рный в. माल का डिब्बा; почто́вый в. डाक का डिब्बा; **—е́тка** (स्त्री०) ट्रॉली; ट्रक; ठेला; **—овожа́тый** (पुं०) (वि० रू०) ट्राम-चालक।

вагра́нка (स्त्री०) गुम्बद; कलश; शिखर; रसपात्र; गलनपात्र।

ва́жн||ичание (नपुं०) शान में आना; **—ичать** (अपू०) हवा में आना।

ва́жно (क्रि० वि०) १. शान में आकर; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) о́чень в. знать यह जानना ज़रूरी है; □ э́то не в. यह मामूली बात है; यह ज़रूरी नहीं।

ва́жн||ость (स्त्री०) १. महत्ता; महत्त्व; большо́й —ости बहुत महत्त्वपूर्ण; २. दिखावा; ढोंग; **—ый** (वि०) ज़रूरी; महत्त्वपूर्ण; अर्थवान; रोबदार; भव्य; घमंडी; शान में आया हुआ।

ва́за (स्त्री०) फूलदान; в. для цвето́в फूलदान।

вазели́н (पुं०) वैसलीन।

вака́н||сия (स्त्री०) रिक्त स्थान; खाली जगह; **—тный** (वि०) रिक्त; खाली।

вака́ции (बहु०) (स्कूल आदि में) छुट्टियाँ।

ва́кс||а (स्त्री०) (बूट) पालिश; **—ить** (अपू०), **нава́ксить** (पू०) (बूटों पर) पालिश करना।

ва́куум (पुं०) शून्य; रिक्त स्थल।

вакх (पुं०) यूनान का मद्य-देवता; **—и́ческий** (वि०) मदिरा-सम्बन्धी; मदिराप्रिय; मद्यप्रिय।

вакци́н||а (स्त्री०) वैक्सीन; शीतला का टीका; **—а́ция** (स्त्री०) शीतला का टीका लगाने की क्रिया।

вал (पुं०) **I.** हिल्लोल; बड़ी लहर; **II.** किले की भीत; दुर्ग-प्राचीर; **III.** ईषा; коле́нчатый в. वक्राक्ष (क्रैंक-शाफ़्ट)।

вала́ндаться (आत्म० अपू०) इधर-उधर घूमना; आवारागर्दी करना।

вале́жник (पुं०) (समू०) आँधी में गिरे पेड़।

валёк (पुं०) १. (कपड़े धोने की) मोगरी; २. चप्पू का ऊपरी भाग; ३. गाड़ी की जोतों को पक्का करने के लिए लोहे या लकड़ी की छड़ी; ४. (छपाई-सम्बन्धी) बेलन।

ва́ленок (पुं०) वालनौक (एक प्रकार का नमदे का बूट)।

вале́нтность (स्त्री०) (रस०) संयोजकता।

ва́леный (वि०) नमदे का।
вале́т (पुं०) (ताश में) गुलाम।
ва́лик (पुं०) रोलर; सिलैंडर।
вали́ть I. (अपू०), **по—** (पू०) १. भीड़ में जमा होना наро́д вали́т то́лпами लोगों की भीड़ जमा हो रही है; २. (गुस्से से) टूट पड़ना; (धुएँ का) वेग से निकलना; **—ся** (आत्म०) गिरना।
вали́ть II. (अपू०), **по—, с—** (पू०) १. (повали́ть और свали́ть पू० के साथ) नीचे लाना; नीचे गिराना; (पेड़ काटकर) गिराना; २. (свали́ть पू० के साथ) ढेर लगाना; अम्बार लगाना; ☐ свали́ть вину́ на кого́-л. किसी पर अपराध थोपना।
ва́лкий (वि०) अस्थिर; डगमग।
ва́лкость (स्त्री०) अस्थिरता; डगमगाहट।
валово́й (वि०) कुल; в. дохо́д कुल आय।
валу́н (पुं०) गोल पत्थर।
ва́льдшнеп (पुं०) चाहा पक्षी; कुक्कुट; जंगली मुर्गा।
вальс (पुं०) वाल्स (एक प्रकार का नृत्य); **—и́ровать** (अपू०) (वर्त०—рую) वाल्स नृत्य करना।
вальцова́ть (अपू०) (वर्त०—цу́ю) (बेलनों के बीच या बेलन पर) घुमाना।
валю́т||а (स्त्री०) १. मुद्रा; иностра́нная в. विदेशी मुद्रा; २. (हुंडी आदि का) मूल्य; **—ный** (वि०) валю́та से वि०; —ный курс मुद्रा-विनिमय-दर।
валя́ль||ный (वि०) नमदा बनाने का; —ная маши́на नमदा बनाने की मशीन; **—ня** (स्त्री०) नमदा बनाने का कारखाना; **—щик** (पुं०) नमदा बनानेवाला।
валя́ние (नपुं०) नमदा बनाने की क्रिया।
валя́ть (अपू०), **вы—, с—, на—** (पू०) १. (केवल अपू०) घसीटना; в. по́ полу फ़र्श पर घसीटना; २. (вы́валять पू० के साथ); (कीचड़, बर्फ़ में) घसीटना; ३. сваля́ть पू० के साथ) नमदा बनाना; в. шля́пы नमदे की टोपियाँ बनाना; ४. (наваля́ть पू० के साथ) अव्यवस्थित ढंग से करना; ☐ в. дурака́ मूर्ख बनाना; валя́й! валя́йте! चलते चलिए!
валя́ться (आत्म० अपू०), **вы—** (आत्म० पू०) १. (केवल अपू०) (वस्तुओं का) इधर-उधर बिखरी पड़ी रहना; २. (केवल अपू०) लेटना; करवटें बदलना; ३. लोटना; ☐ в. в нога́х किसीके पाँव पड़ना।
вам (सर्व०) (вы का सम्प्रदानकारक-रूप) आपको।
ва́ми (सर्व०) (вы का करणकारक-रूप) आपके द्वारा।
вампи́р (पुं०) प्रेत; पिशाच; रुधिर पीनेवाला।
вана́дий (पुं०) (रस०) वनेडियम।
ванда́л (पुं०) संस्कृति-ध्वंसक; शिल्प-ध्वंसक; कलान्तकी; **—и́зм** (पुं०) संस्कृति-ध्वंसवाद; कलान्तवाद।
ва́нн||а (स्त्री०) स्नान; со́лнечная в. सूर्य-स्नान; धूप-सेवन करना; приня́ть —у स्नान करना; **—ая** (स्त्री) (वि० क्र०) गुसलखाना; स्नान-घर; **—очка** (स्त्री०) ва́нна का अल्प०।
ва́нька-вста́нька (स्त्री०) बिल्लू (एक प्रकार की गुड़िया जो कभी लेटती नहीं)।
вапориза́ция (स्त्री०) बाष्पायन; भाप में परिणत करने की क्रिया।
вар (पुं०) राल; (मोची का) मोम।
ва́рвар (पुं०) बर्बर; असभ्य; नृशंस; **—и́зм** (पुं०) बर्बरतावाद; **—ский** (वि०) बर्बर; असभ्य; नृशंस; **—ство** (नपुं०) बर्बरता; असभ्यता।
ва́рево (नपुं०) (केवल एकवचन) सूप; शोरबा।
ва́режка (स्त्री०) (एक प्रकार का) दस्ताना।
варене́ц (पुं०) (दूध का) खोया।
варе́ние (नपुं०) = **ва́рка**
варе́ник (पुं०) फल-मिश्रित दही।
варёный (वि०) उबाला हुआ।
варе́нье (नपुं०) मुरब्बा।
вариа́нт (पुं०) पाठान्तर; पाठ।
вариа́ция (स्त्री०) परिवर्तन; विभेद।
варико́зный (वि०) (चिकि०) धमनी फूलने का।

вариóметр (पुं०) बेतार का एक यन्त्र ।

вари́ть (अपू०), **с—** (पू०) १. उबालना ; पकाना ; в. óвощи सब्जियाँ उबालना ; в. обéд खाना पकाना ; २. पचाना ; ३. ढलाई करना ; **—ся** (आत्म०) १. उबालना ; २. вари́ть का कर्मवाच्य ।

вáрка (स्त्री०) उबालने/खाना पकाने की क्रिया ।

вáрница (स्त्री०) नमक का कारखाना ।

варьетé (नपुं०) रंगारंग प्रोग्राम या आयोजन ।

варьи́ровать (अपू०) (—рую) विविध बनाना ; परिवर्तन करना ; रूपान्तर करना ।

вас (सर्व०) вы का सम्बन्धकारक-रूप ।

василёк (पुं०) नीलपोथा (अन्न के साथ उगनेवाला एक फूलदार पौधा) ।

василькóвый (वि०) василёк से वि० ।

вассáл (पुं०) वशंवद ; दास ; **—ьный** (वि०) вассáл से वि०।

вáт||а (स्त्री०) रुई ; пальтó на —е रुई का कोट ।

ватáга (स्त्री०) गिरोह ; मंडली ; जत्था

вáтка (स्त्री०) रुई का छोटा-सा टुकड़ा ।

ватрýшка (स्त्री०) पनीर का केक ।

ватт (पुं०) (बिजली का) वाट ; **—мéтр** (पुं०) वाटमापी ।

вахлáк (पुं०) फूहड़ ; बेशऊर ।

вáхмистр (पुं०) घुड़सवार फ़ौज का सारजेंट-मेजर ।

вáхт||а (स्त्री०) (नौसेना०) पहरा ; стоя́ть на —е पहरा देना ; **—енный** (वि०) १. पहरे का ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) पहरेदार ; प्रहरी ।

вáхтер (पुं०) द्वारपाल ; परिचर ।

ваш (सर्व०) तुम्हारा ; आपका ; э́то —а кни́га यह आपकी पुस्तक है ; по —ему мнéнию आपके मतानुसार ; आपकी राय में ।

вáши (सर्व० बहु०) तुम्हारे (आपके) लोग ।

вая́||ние (नपुं०) मूर्तिकला ; **—тель** (पुं०) मूर्तिकार ; **—ть** (अपू०), **извая́ть** (पू०) मूर्ति गढ़ना ; संगतराशी करना ।

вбегáть (अपू०), **вбежáть** (पू०) (भवि० вбегý, вбежи́шь) भीतर दौड़ आना ।

вбивáть (अपू०), **вбить** (पू०) (भवि० вобью́, вобьёшь) हथौड़े से ठोकना ; मारना ; вбить мяч (फुटबाल में) गोल करना ; вбить клин पच्चड़ / फन्नी ठोकना ।

вбирáть (अपू०), **вобрáть** (पू०) (भवि० вберý, вберёшь) अवशोषण करना ; सोखना ; साँस भरना ; **—ся** (आत्म०) १. सोख जाना ; २. вбирáть का कर्मवाच्य ।

вбить दे० вбивáть.

вблизи́ (क्रि० वि०) समीप ; дом нахóдится гдé-то в. घर यहीं कहीं समीप ही है ।

вброд (क्रि० वि०) переходи́ть в. पानी में चलकर (नदी आदि) पार करना ।

ввáливать (अपू०), **ввали́ть** (पू०) (-में) फेंकना **—ся** (आत्म०) १. धँस जाना ; पिचक जाना ; २. (-में) गिर पड़ना ; ३. (-में) घुस जाना ।

введéние (नपुं०) भूमिका ; आमुख ; प्राक्कथन ।

ввезти́ दे० ввози́ть.

ввек (क्रि० वि०) कभी नहीं ; कदापि नहीं ; в. э́того не забýду इसको कदापि नहीं भूलूँगा ।

ввергáть (अपू०), **ввéргнуть** (पू०) १. (-में) फेंक देना ; в. в печáль दुःखी करना ; उद्विग्न करना ; २. (लड़ाई आदि में) घसीट लेना ।

ввéрить(ся) दे० вверя́ть(ся).

ввёртывать (अपू०), **ввернýть** (पू०) (-में) घुमाकर कस देना (ढिबरी आदि) ; в. лáмпочку बिजली का बल्ब (घुमाकर) लगा देना ।

вверх (क्रि० वि०) ऊपर ; ऊपर को ; в. по рекé, течéнию धारा के विरुद्ध; प्रतिप्रवाह; в. по лéстнице सीढ़ी द्वारा ऊपर ; подня́ть в. ऊपर उठाना ; поднимáться в. ऊपर चढ़ना ; смотрéть в. ऊपर देखना ।

вверхý (क्रि० वि०) ऊपर ; в. страни́цы पन्ने के बिल्कुल ऊपर ; पृष्ठ के शीर्ष पर ।

вверя́ть (अपू०) **ввéрить** (पू०) सौंपना ; रहस्य कहना ; ввéрить тáйну комý-н. किसी को रहस्य बताना ; **—ся** (आत्म०) १. विश्वास करना ; २. вверя́ть का कर्मवाच्य ।

ввести́ दे० вводи́ть

вви́ду (क्रि० वि०) -के कारण ; क्योंकि ; в. того́, что इस कारण से कि ; в. того́, что он здесь क्योंकि वह यहाँ है।

вви́нчивать (अपू०), **ввинти́ть** (पू०) (भवि० ввинчу́, ввинти́шь) (ढिबरी आदि) घुमाकर कस देना।

вводи́ть (अपू०), **ввести́** (पू०) (भवि० введу́, введёшь) (-में) लाना; ले जाना; в. су́дно в га́вань पोत को बन्दरगाह में लाना ; в. мо́ду फ़ैशन चलाना ; ☐ в. кого́-л. в расхо́ды किसी पर खर्च डालना ; в. кого́-л. в заблужде́ние कुपथ पर ले जाना ; गलत रास्ते पर ले जाना ; в. зако́н в де́йствие क़ानून चालू करना ; в. кого́-л. во владе́ние क़ब्ज़ा देना।

вво́дный (वि०) परिचायक; भूमिका-रूप का।

ввоз (पुं०) (केवल एकवचन) आयात ; **—и́ть** (अपू०), **ввезти́** (पू०) (भवि० ввезу́, ввезёшь) आयात करना ; देशान्तर से माल मँगाना ; **—ный** (वि०) आयात- ; —ная по́шлина आयात-कर।

вво́лю (क्रि० वि०) जी भरकर ; अघाकर ; बहुतायत से ; нае́сться в. अघाकर खाना।

вво́сьмеро (क्रि० वि०) आठ गुना ; в. ме́ньше आठवाँ भाग।

ввосьмеро́м (क्रि० वि०) आठों मिलकर ; мы в. हम आठों मिलकर।

ввя́зывать (अपू०), **ввяза́ть** (पू०) (भवि० ввяжу́, ввя́жешь) १. (-में) बुन देना; गूँथ देना ввяза́ть ле́нту в ко́су चोटी में फ़ीता गूँथ देना ; २. (किसी मामले में) फंसा लेना ; **—ся** (आत्म०) १. फँस जाना ; २. ввя́зывать का कर्मवाच्य।

вгиба́ть (अपू०) **вогну́ть** (पू०) भीतर को मोड़ देना ; **—ся** (आत्म०) भीतर को मुड़ जाना।

вглубь (क्रि० वि०) गहराई में ; проника́ть в. чего́-л. किसी बात की गहराई में जाना।

вгля́дываться (आत्म० अपू०) **вгляде́ться** (आत्म० पू०) (भवि० вгляжу́сь, вгляди́шься) ध्यान से देखना ; दृष्टि गड़ाकर देखना।

вгоня́ть (अपू०), **вогна́ть** (पू०) १. भीतर हाँक देना в. скот во двор मवेशियों को सहन में हाँक देना ; २. ठोकना ; गाड़ना ; в. гвоздь в сте́ну दीवार में कील गाड़ना ; в. в гроб क़ब्र में गाड़ना ; श्मशान पहुँचाना।

вдава́ться (आत्म० अपू०), **вда́ться** (आत्म० पू०) (भवि० вда́мся, вда́шься) भीतर चला जाना ; उभर आना ; мо́ре вдаётся глубоко́ в су́шу समुद्र काफ़ी खुश्की में चला गया है ; ☐ в. в подро́бности बारीकियों में जाना।

вда́вливать (अपू०), **вдави́ть** (पू०) (भवि० вдавлю́, вда́вишь) भीतर को दबाना ; **—ся** (आत्म०) भीतर को दबना।

вда́лбливать (अपू०), **вдолби́ть** (पू०) (भवि० вдолблю́, вдо́лбишь) ठूँसना।

вдалеке́, вдали́ (क्रि० वि०) दूरी पर ; दूर ; держа́ться в. दूर रहना।

вдаль (क्रि० वि०) दूर ; гляде́ть в. दूर देखना।

вда́ться दे० вдава́ться.

вдвига́ть (अपू०), **вдви́нуть** (पू०) (भीतर) धकेलना ; **—ся** (आत्म०) १. भीतर आना ; २. вдвига́ть का कर्मवाच्य।

вдво́е (क्रि० वि०) दुगुना ; в. ста́рше आयु में दुगुना ; сложи́ть в. दुहरा करना ; दो तहें करना ; увели́чить в. दुगुना करना।

вдвоём (क्रि० वि०) दोनों (मिलकर) ; мы в. हम दोनों।

вдвойне́ (क्रि० वि०) दुगुना ; заплати́ть в. दुगुना अदा करना।

вдева́ть (अपू०), **вдеть** (पू०) (भवि० вде́ну, вде́нешь) (-में) डालना ; в. ни́тку в иго́лку सुई में धागा डालना ; в. но́гу в стре́мя पाँव (घोड़े की) रक़ाब में डालना।

вде́вятеро (क्रि० वि०) नौगुना।

вдевятеро́м (क्रि० वि०) नौ मिलकर।

вде́лывать (अपू०), **вде́лать** (पू०) (-में) जड़ना ; फ़िट करना ; в. ка́мень в кольцо́ अँगूठी में हीरा जड़ना।

вдёргивать (अपू०), **вдёрнуть** (पू०) (तंग छेद आदि में से) डालना; в. ни́тку в иго́лку सुई में धागा डालना।

вде́сятеро (क्रि० वि०) दसगुना।

вдесятеро́м (क्रि० वि०) दस मिलकर।

вдеть दे० вдева́ть

вдоба́вок (क्रि० वि०) (-के) अतिरिक्त।

вдова́ (स्त्री०) विधवा।

вдов||е́ть (अपू०), **о—** (पू०) (स्त्री का) विधवा हो जाना; (पुरुष का) रँडुआ हो जाना; विधुर हो जाना; **—е́ц** (पु०) रँडुआ; विधुर।

вдо́вий (वि०) вдова́ से वि०।

вдо́воль (क्रि० वि०) १. बहुतायत से; प्रभूत मात्रा में; २. जी भरकर; अघाकर; в. нае́сться जी भर/अघाकर खाना।

вдовство́ (नपुं०) वैधव्य; रँडापा; विधुरता।

вдо́вствовать (अपू०) (वर्त० —ствую) (स्त्री का) विधवा हो जाना; (पुरुष का) विधुर हो जाना।

вдо́вый (वि०) रँडुआ/विधुर।

вдого́нку (क्रि० वि०) (के) पीछे; пусти́ться за кем-л. в. किसीके पीछे भागना।

вдолби́ть दे० вда́лбливать.

вдоль (क्रि० वि०) १. साथ-साथ; в. бе́рега तट के साथ-साथ; २. लम्बाई में; □ знать что-л. в. и попере́к पूर्ण ज्ञान रखना।

вдох (पुं०) साँस; сде́лать глубо́кий в. गहरी साँस लेना।

вдохнов||е́ние (नपुं०) अन्तःप्रेरणा; **—е́нно** (क्रि० वि०) अन्तःप्रेरणा से; **—е́нный** (वि०) प्रेरित; **—и́тель** (पुं०) प्रेरक।

вдохновля́ть (अपू०), **вдохнови́ть** (पू०) प्रेरित करना; प्रेरणा देना; **—ся** (आत्म०) १. प्रेरित होना; २. вдохновля́ть का कर्मवाच्य

вдохну́ть दे० вдыха́ть.

вдре́безги (क्रि० वि०) छोटे-छोटे टुकड़ों में; खंड-खंड।

вдруг (क्रि० वि०) अकस्मात्; अचानक।

вдрызг (क्रि० वि०) быть в. пья́ным नशे में चूर होना।

вдува́||ние (नपुं०) हवा भरने की क्रिया; **—ть** (अपू०), **вду́нуть** (पू०) (вду́ну, вду́нешь), **вдуть** (पू०) (вду́ю, вду́ешь) हवा भरना; फुलाना।

вду́м||аться दे० вду́мываться; **—чивость** (स्त्री०) विचारशीलता; विचारमग्नता; **—чивый** (वि०) विचारशील; विचारमग्न।

вду́мываться (आत्म० अपू०), **вду́маться** (आत्म० पू०) विचार करना; विचारमग्न होना।

вду́нуть, вдуть दे० вдува́ть

вдыха́||ние (नपुं०) श्वसन; साँस लेने की क्रिया; **—тельный** (वि०) साँस लेने का; **—ть** (अपू०) **вдохну́ть** (पू०) १. साँस लेना; २. प्रेरित करना।

вегетариа́н||ец (पुं०) शाकाहारी; **—ский** (वि०) शाकाहारी का।

вегетати́вный (वि०) समवर्धी।

ве́дать (अपू०) १. जानना; २. प्रबन्ध करना; कार्यभारी होना।

ве́дени||е (नपुं०) अधिकार; नियन्त्रण; быть в —и (-के) अधिकार-क्षेत्र में होना।

веде́ние (नपुं०) निर्देशन; в. заседа́ния सभा का सभापतित्व करना।

ведёрный (वि०) १. ведро́ से वि०; २. बाल्टीभर।

ве́дома: с моего́ в. मुझ से कहकर; मेरे जानते हुए।

ве́домость (स्त्री०) सूची; रजिस्टर; पंजी।

ве́дом||ственный (वि०) विभागीय; **—ство** (नपुं०) विभाग।

ведо́мый (वि०) परिचालित।

ведр||о́ (नपुं०) बाल्टी; по́лное в. भरी हुई बाल्टी; дождь льёт как из —а́ मूसलाधार वर्षा हो रही है।

вёдро (नपुं०) अच्छा मौसम।

веду́щ||ий १. вести́ से कृदन्त; २. मुख्य; —ие о́трасли промы́шленности मुख्य उद्योग; ३. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) नेता।

ведь (अ०) १. तुम जानते हो; तुम्हें मालूम है; он лежи́т, в. он на про́шлой неде́ле заболе́л वह बिस्तर में है, तुम्हें मालूम है वह पिछले सप्ताह बीमार हो गया था; २. परन्तु; в. он вам говори́л परन्तु उसने तो आपसे कह दिया था; ३. в. э́то пра́вда? क्या यह सच नहीं? в. он не ребёнок वह बच्चा नहीं।

ве́дьма (स्त्री०) जादूगरनी; दुष्टा; मायाविनी।

ве́ер (पुं०) पंखा; обма́хиваться —ом (अपने ऊपर) पंखा झलना; **—ообра́зный** (वि०) पंखे के आकार का।

ве́жливо (क्रि० वि०) विनीत भाव से; नम्रतापूर्वक।

ве́жлив||ость (स्त्री०) विनीत भाव; नम्रता; **—ый** (वि०) विनीत; नम्र।

везде́ (क्रि० वि०) सर्वत्र।

вездесу́щий (वि०) सर्वव्यापक।

вездехо́д (पुं०) सर्वत्रगामी; देश के एक सिरे से दूसरे सिरे तक जानेवाली गाड़ी।

вез||ти́ (अपू०) **I. по—** (पू०) दे० вози́ть; **II.** (कर्तृ-निरपेक्ष) ему —ёт वह भाग्यवान है।

век (पुं०) १. शताब्दी; २. युग; ३. जीवन; на моем —у́ मेरे जीवनकाल में; ४. мы с тобо́й в. не вида́лись, не встреча́лись हम युगों से नहीं मिले; □ бро́нзовый в. कांस्य-युग; желе́зный в. लौहयुग; ка́менный в. पाषाणयुग; сре́дние —а́ मध्ययुग।

ве́ко (नपुं०) पलक।

векове́чный (वि०) चिरस्थायी; अनन्त; शाश्वत।

веково́й (वि०) प्राचीनतम।

векову́ха, векову́ша (स्त्री०) अनूढ़ा; अविवाहिता।

векселе||да́тель (पुं०) हुंडी करनेवाला; हुंडीकर्ता; **—держа́тель** (पुं०) हुंडीधारी।

ве́ксель (पुं०) हुंडी; **—ный** (वि०) हुंडी-सम्बन्धी।

веле́нев||ый (वि०) —ая бума́га स्वच्छ खाल जो लिखने या जिल्द बाँधने के काम आती है।

веле́ние (नपुं०) आदेश; हुक्म।

вел||е́ть (अपू० और पू०) आदेश देना; हुक्म देना; он —е́л ему сде́лать э́то उसने उसे यह करने की आज्ञा दी; де́лайте, как вам ве́лено वही करो जो तुमसे कहा गया है; □ ему не —ят кури́ть उसको तम्बाकू पीने की आज्ञा नहीं।

велика́н (पुं०) दानव; दैत्य।

вели́к||ий (वि०) १. महान्; Пётр Вели́кий पीतर महान्; २. बड़ा; сапоги́ ему —и́ जूते उसके नाप से बड़े हैं; □ от ма́ла до —а छोटे से बड़े तक।

великова́тый (वि०) कुछ बड़ा; बड़ा-सा।

великоду́ш||ие (नपुं०) उदारता; औदार्य; **—ничать** (अपू०), **свеликоду́шничать** (पू०) उदारता दिखाना; **—но** (क्रि० वि०) उदारतापूर्वक; **—ный** (वि०) उदार।

великоле́п||ие (नपुं०) वैभव; शान; ऐश्वर्य; **—ный** (वि०) वैभवशाली; शानदार; ऐश्वर्यवान।

великосве́тский (वि०) उच्च समाज का; अभिजातवर्गीय।

велича́вость (स्त्री०) रोब; बड़प्पन; गरिमा; भव्यता।

велича́вый (वि०) प्रभावशाली; रोबदार; बड़ा; भव्य; उदात्त।

велича́йший (वि०) महानतम; महत्तम; उच्चतम।

велича́ть (अपू०) १. बड़ा नाम देना; बड़े नाम से पुकारना; २. सम्मान करना।

вели́чественн||ость (स्त्री०) रोब; बड़प्पन; भव्यता; ऐश्वर्य; उत्कर्ष; **—ый** (वि०) रोबदार; बड़ा; भव्य; ऐश्वर्यवान; उत्कृष्ट; महिमावान।

вели́чество (नपुं०) महिमा; बड़प्पन।

вели́чие (नपुं०) महानता; उत्कृष्टता; गरिमा।

величина́ (स्त्री०) १. मात्रा; राशि; मान; неизве́стная в. अज्ञात राशि; २. महान् व्यक्ति; литерату́рная в. महान् लेखक; ३. प्रवणता; □ ничто́жная в. नगण्य राशि।

велодро́м (पुं०) साइकिल का रास्ता।

велосипе́д (पुं०) बाइसिकिल; साइकिल; **—и́ст** (पुं०) साइकिल-सवार; **—ный** (वि०) बाइसिकिल/साइकिल-सम्बन्धी।

вельбо́т (पुं०) ह्वेल मछली पकड़ने की नाव।
вельве́т (पुं०) मखमल; **—ный** (वि०) मखमल का; मखमली।
вельмо́жа (पुं०) अभिजात।
ве́на (स्त्री०) नस; नाड़ी; शिरा।
венге́р||ец (पुं०) **—ка** (स्त्री०) हंगरी-निवासी/निवासिनी; **—ский** (वि०) हंगरी देश का।
Вене́ра (स्त्री०) शुक्र ग्रह।
вене́рик (पुं०) यौन रोगी; गुप्त रोग से पीड़ित।
венер||и́ческий (वि०) यौन; —и́ческая боле́знь यौन रोग; **—о́лог** (पुं०) यौन-रोग-चिकित्सक; **—оло́гия** (स्त्री०) यौन रोग चिकित्सा।
ве́н||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) वियना-निवासी/निवासिनी।
вене́ц (पुं०) १. मुकुट; ताज; २. (काव्य०) उत्तंस; ३. (तारागण के चारों ओर का) परिवलय; □ вести́ под в. पाणिग्रहण करना।
вене́чный (वि०) कपाल-सम्बन्धी।
ве́нзель (पुं०) मोनोग्राम।
ве́ник (पुं०) झाड़ू।
вено́зный (वि०) नाड़ी / शिरा-सम्बन्धी।
вено́к (पुं०) पुष्पहार; फूलमाला।
ве́нский (वि०) वियना का।
вентили́ровать (अपू०), **про—** (पू०) (—рую) संवातन करना; हवा के आने-जाने का प्रबन्ध करना।
ве́нтиль (पुं०) वाल्व।
вентиля́||тор (पुं०) रोशनदान; पंखा; **—ция** (स्त्री०) संवातन; हवा के आने-जाने की व्यवस्था।
венча́||льный (वि०) विवाह-सम्बन्धी; वैवाहिक; **—ние** (नपुं०) १. विवाह-संस्कार; २. राज्याभिषेक।
венча́ть (अपू० और पू०), **по—, у́—** (पू०) १. (повенча́ть पू० के साथ) विवाह करना; २. (венча́ть पू० के साथ) राज्याभिषेक करना; ३. (увенча́ть पू० के साथ) (काव्य०) увенча́ть лавро́вым венко́м सफल होना; **—ся** (आत्म०) १. (चर्च में) अपना विवाह करना; २. венча́ть का कर्मवाच्य।
ве́нчик (पुं०) १. परिवेश; २. (वन०) दलपुंजी; कोरोला।
вепрь (पुं०) जंगली सुअर।
ве́ра (स्त्री०) धर्म; विश्वास; आस्था; твёрдая в. दृढ़ विश्वास; в. в самого́ себя́ आत्म-विश्वास; христиа́нская в. ईसाई धर्म; слепа́я в. अन्धविश्वास।
вера́нда (स्त्री०) बरांडा; बरामदा।
ве́рба (स्त्री०) सरपत; सरई।
верблю́||д (पुं०) ऊँट; **—жий** (वि०) ऊँट का; —жья шерсть ऊँट के बाल।
ве́рбн||ый (वि०) ве́рба से वि०; □ **—ое** воскресе́нье ईस्टर से पहले का रविवार; ईसाइयों का त्यौहार।
верб||ова́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त० —бу́ю) सेना या दल में भरती करना; अपने पक्ष में कर लेना; **—о́вка** (स्त्री०) भरती (सेना या दल में); **—о́вщик** (पुं०) भरती करनेवाला; भरती करानेवाला एजेंट।
ве́рбовый (वि०) सरपत/सरई का।
верди́кт (पुं०) (अदालती) अन्तिम निर्णय।
верёв||ка (स्त्री०) रस्सी; सुतली; свя́зывать —кой रस्सी से बाँधना; **—очный** (वि०) верёвка से वि०।
верени́ц||а (स्त्री०) पंक्ति; ताँता; в. у́ток बत्तखों की पंक्ति; дви́гаться —ей पंक्ति में चलना।
ве́реск (पुं०) एक प्रकार की झाड़ी।
веретено́ (नपुं०) तकली।
верещ́ать (अपू०) चूँ-चूँ करना; मिमियाना।
верзи́ла (उभ०) दुबला लम्बा आदमी।
вери́ги (बहु०) बेड़ियाँ; जंजीरें; (तपस्वियों द्वारा पहनी जानेवाली) शृंखलाएँ।
вери́тельн||ый (वि०) :- ая гра́мота प्रत्यय-पत्र; विश्वास-पत्र।
ве́рить (अपू०), **по—** (पू०) विश्वास करना; я э́тому не ве́рю मैं इस पर विश्वास नहीं करता; २. (में) विश्वास रखना; **—ся** (आत्म०)

(कर्तृ-निरपेक्ष) мне не ве́рится मुझे विश्वास नहीं आता ।

вермише́ль (स्त्री०) सेवइँ ।

вернисс||а́ж (पुं०) प्रदर्शनी का प्रथम दिवस ।

ве́рно (क्रि० वि०) १. ठीक; सही; в. говори́ть सही बोलना; २. वफ़ादारी से; निष्ठापूर्वक; ३. सम्भवत:; он в. не придёт सम्भवत: वह नहीं आयेगा ।

верноп́одданический (वि०) (क्रान्ति-पूर्व) वफ़ादार; राजभक्त ।

вернопо́дданный (पुं०) (वि० रू०) राजभक्त (प्रजा) ।

ве́рность (स्त्री०) १. वफ़ादारी; स्वामिभक्ति; राजभक्ति; २. सच्चाई; शुद्धता ।

верну́ть (पू०) १. वापस करना; लौटाना; २. पुन: प्राप्त करना; в. здоро́вье फिर से स्वास्थ्य-लाभ करना; ३. वापस भेजना; बाहर जाने के लिए बाध्य करना; **—ся** (आत्म०) वापस आना; लौटना; —ся домо́й घर लौटना ।

ве́рн||ый (वि०) १. सही; ठीक; सच-सच; у вас —ые часы́? क्या आपकी घड़ी सही है? это —о यह सही है; यह सच है; соверше́нно —о बिल्कुल ठीक; २. वफ़ादार; ३. विश्वस्त; в. исто́чник विश्वस्त सूत्र; ४. निश्चित; —ая смерть निश्चित मृत्यु ।

ве́рова||ние (नपुं०) विश्वास; **—ния** (बहु०) धर्म; धार्मिक विश्वास ।

ве́ровать (अपू०) (—рую) (में) विश्वास रखना ।

вероисповеда́ни||е (नपुं०) धर्म; सम्प्रदाय; свобо́да —я धार्मिक स्वातन्त्र्य ।

вероло́м||ный (वि०) विश्वासघाती; **—ство** (नपुं०) विश्वासघात ।

вероотсту́пни||к (पुं०) सिद्धान्तभ्रष्ट; धर्मभ्रष्ट; धर्मच्युत; **—чество** (नपुं०) सिद्धान्तभ्रंश; धर्मभ्रंश; धर्मच्युति; सिद्धान्त-त्याग ।

веротерпи́м||ость (स्त्री०) (धार्मिक) सहिष्णुता; **—ый** (वि०) (धार्मिक) सहिष्णु ।

вероуче́ние (नपुं०) धर्मसिद्धान्त-प्रतिपादन; मताग्रह ।

вероя́т||ие (नपुं०) सम्भावना; सम्भाव्यता; **—но** (क्रि० वि०) सम्भवत:; **—ность** (स्त्री०) सम्भाव्यता; **—ный** (वि०) सम्भव; सम्भाव्य ।

ве́рси||я (स्त्री०) विवरण; कथन; पाठ; разли́чные —и विभिन्न कथन; विभिन्न विवरण ।

верст||а́ (स्त्री०) वर्स्त = ३५०० फुट □ его́ за —у́ ви́дно वह मीलों से दिखायी देता है ।

верста́к (पुं०) बढ़ई के औज़ार ।

верст||а́льщик (पुं०) (छपाई-सम्बन्धी) फ़रमों में पन्नों के अनुसार टाइप लगानेवाला; **—а́ть** (अपू०) **сверста́ть** (पू०) (छपाई-सम्बन्धी) फ़रमों में पन्नों के अनुसार टाइप लगाना ।

вёрстка (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) फ़रमों में पन्नों के अनुसार टाइप लगाने की क्रिया ।

верстово́й (वि०) वर्स्त का; в. столб वर्स्त का निशान ।

ве́ртел (पुं०) माँस भूनने का सींकचा ।

верте́п (पुं०) खोह; गुफा ।

верте́ть (अपू०) घुमाना; चक्कर देना; **—ся** (आत्म०) १. घूमना; चक्कर खाना; २. घुमा-फिरा-कर बात करना; वाक्छल करना; ३. (बातचीत का) चलते रहना; разгово́р верте́лся о́коло одного́ предме́та बातचीत एक ही विषय पर चलती रही ।

вертика́л (पुं०) १. खमध्य से गुज़रनेवाला ऊर्ध्व वृत्त; २. तारागण की ऊँचाई नापने का यन्त्र ।

вертика́ль (स्त्री०) ऊर्ध्वाधर रेखा; खड़ी रेखा; **—ный** (वि०) ऊर्ध्वाधर; खड़ा; सीधा ।

вертля́в||ость (स्त्री०) चुलबुलाहट; अस्थिर-चित्तता; चंचलता; **—ый** (वि०) चुलबुला; अस्थिरचित्त ।

вертопра́х (पुं०) अस्थिरचित्त/चंचल मनुष्य ।

верту́шка (स्त्री०) १. वर्त्तक; लट्टू; फिरकनी; २. वर्त्तक द्वार; ३. छबीली; प्रेमविलासिनी; प्रेमलीला करनेवाली स्त्री ।

ве́рующий १. ве́ровать से कृदन्त; २. आस्तिक ।

верфь (स्त्री०) पोतनिर्माण-अहाता; डॉकयार्ड;

मोदी ।

верх (पुं०) चोटी; शिखर; ऊपर की मंज़िल; в. горы पर्वत-शिखर ।

верх||и́ (बहु०) समाज का उच्चतर स्तर; नेतागण; □ нахвата́ться —о́в ऊपरी (सतही) ज्ञान प्राप्त करना ।

ве́рхний (वि०) ऊपर का; उच्च; в. эта́ж ऊपर की मंज़िल ।

верхо́вн||ый (वि०) उच्चतम; सर्वोच्च; —ая власть सर्वोच्च सत्ता; В. Сове́т सर्वोच्च सोवियत ।

верхово́д (पुं०) सरग़ना; बाग़ियों का मुखिया ।

верхов||о́й -I. (वि०) : १. —а́я езда́ घोड़े की सवारी; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) घुड़सवार ।

верхово́й -II. (वि०) नदी की धारा के विरुद्ध; ऊपर को ।

верхо́вье (नपुं०) (नदी का) उद्‌गम ।

верхогля́д (पुं०) छिछला व्यक्ति; पल्लवग्राही; **—ство** (नपुं०) छिछलापन ।

ве́рхом (क्रि० वि०) **I.** ऊपर की मंज़िल में; **II.** насыпа́ть в. लबालब भरना ।

верхо́м, (क्रि० वि०) ऊपर; е́здить в. घोड़े की सवारी करना; घोड़े पर बैठकर जाना ।

верху́шка (स्त्री०) १. ऊपरी भाग; चोटी; शिखर; २. नेतागण ।

ве́рша (स्त्री०) मछलियों की टोकरी ।

верши́на (स्त्री०) १. चोटी; शिखर; ऊँचाई; २. (गणित) शिरोबिन्दु; शिखाग्र ।

верши́ть (अपू०) प्रबन्ध करना; नियन्त्रण करना ।

вершо́к (पुं०) वरशोक (१$\frac{3}{4}$ इंच) ।

вес (पुं०) भार; वज़न; प्रभाव; दबाव ।

весели́ть (अपू०) प्रसन्न करना; खुश करना; **—ся** (आत्म०) प्रसन्न होना; खुश होना ।

ве́село (क्रि० वि०) प्रसन्नतापूर्वक ।

весёл||ость (स्त्री०) प्रसन्नता; विनोदिता; आह्लाद; **—ый** (वि०) प्रसन्नचित्त; विनोदी; हँसमुख ।

весе́ль||е (नपुं०) अठखेली; उल्लास; आनन्द; **—ча́к** (पुं०) विनोदी पुरुष; हँसमुख आदमी ।

веселя́щий газ : हँसानेवाली गैस ।

весе́нний (वि०) весна́ से वि० ।

ве́сить (अपू०) (ве́шу, ве́сишь) तोलना ।

ве́ский (वि०) वज़नदार; बोझिल; भारी ।

весло́ (नपुं०) पतवार; चप्पू ।

весн||а́ (स्त्री०) वसन्त; **—о́й, —о́ю** (क्रि० वि०) वसन्त में ।

весну́||шка (स्त्री०) (वसन्त में पड़नेवाला) शरीर का पीला धब्बा या चित्ती; **—щатый** (वि०) पीले धब्बे या चित्तीवाला ।

вес||ово́й (वि०) १. весы́ से वि०; २. तोल से विकनेवाला; **—овщи́к** (पुं०) तोलनेवाला ।

весо́м||ость (स्त्री०) भारवत्ता; **—ый** (वि०) भारवान् ।

веста́лка (स्त्री०) देवदासी; चिरकुमारिका ।

вести́ (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० веду́, ведёшь) १. दे० води́ть-I. २. नेतृत्व करना; निर्देशन करना; в. собра́ние सभा का सभापतित्व करना; в. хозя́йство घर-गृहस्थी का प्रबन्ध करना; ३. куда́ ведёт э́та доро́га? यह सड़क कहाँ जाती है? □ в. бой युद्ध करना; в. перепи́ску पत्र-व्यवहार करना; в. кампа́нию आन्दोलन चलाना; в. разгово́р बातचीत करना; в. счёт हिसाब रखना; в. себя́ बर्ताव करना; в. себя́ ду́рно बुरा बर्ताव करना ।

вестибю́ль (पुं०) उपान्तिका; प्रवेश-कक्ष ।

вести́сь (आत्म० अपू०) вести́ का कर्मवाच्य; □ ведётся обы́чай ऐसी प्रथा है ।

ве́стник (पुं०) अग्रदूत; दूत; о́блако в. मेघदूत ।

вестово́й (पुं०) (वि० रू०) **I.** अर्दली; **II.** (वि०) संकेतक (सिगनल) का ।

ве́сточка (स्त्री०) весть का अल्प० ।

весть (स्त्री०) **I.** सूचना; खबर; समाचार; शुभ समाचार; **II.** бог в. ईश्वर जानता है; ईश्वर जाने ।

весы́ (बहु०) तुला; तराज़ू; तोलने की मशीन ।

весь (पुं०), **вся** (स्त्री०), **всё** (नपुं०) सब; в. день सारा दिन; вся Москва́ सारा मास्को; во в. го́лос पूरे ज़ोर से चिल्लाकर; □ во

всю мочь पूरी शक्ति से; всего́ хоро́шего! विदा! अलविदा!

весьма́ (क्रि० वि०) अत्यन्त; बहुत।

ветви́стый (वि०) शाखी; शाखावान।

ветви́ться (आत्म० अपू०) शाखाएँ फूटना।

ветвь (स्त्री०) शाखा।

ве́тер (पु०) वात; समीर; हवा; पवन।

ветера́н (पु०) अनुभवज्ञान-वरिष्ठ; वयोवृद्ध; ज्ञानवृद्ध।

ветерина́р (पु०) पशु-चिकित्सक; **—и́я** (स्त्री०) पशु-चिकित्सा; पशुचिकित्सा-शास्त्र; **—ный** (वि०) पशुचिकित्सा-सम्बन्धी।

ветеро́к (पु०) मन्द पवन; समीर।

ве́тка (स्त्री०) शाखा; железнодоро́жная в. शाखा लाइन।

ве́то (नपुं०) वीटो; रोध-अधिकार; наложи́ть в. वीटो करना।

ве́точка (स्त्री०) (छोटी) शाखा; टहनी।

вето́шь (स्त्री०) (केवल एकवचन) चिथड़े; पुराने कपड़े।

ве́тре||ник (पु०) अस्थिरचित्त व्यक्ति; चंचल व्यक्ति; **—ница** (स्त्री०) अस्थिरचित्त स्त्री; चंचल स्त्री।

ве́трен||о (क्रि० वि०) बिना विचारे; **—ость** (स्त्री०) चांचल्य; चित्त की अस्थिरता; **—ый** (वि०) १. अस्थिरचित्त; चंचलचित्त; २. वातुल।

ветрого́н=ве́треник.

ветроме́р (पु०) पवनमापी।

ве́трян||ый (वि०) ве́тер से वि०; —ая ме́льница हवाचक्की; □ -ая о́спа छोटी चेचक; खसरा।

ве́тх||ий (वि०) जराग्रस्त; जीर्ण; क्षीण; —ое пла́тье जीर्ण वस्त्र; फटे-पुराने कपड़े; **—ость** (स्त्री०) जराग्रस्तता; जीर्णता।

ветчина́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) सुअर का माँस।

ве́тшать (अपू०), **об—** (पू०) क्षीण हो जाना; (भवन आदि का) जीर्ण-शीर्ण हो जाना।

ве́ха (स्त्री०) (सीमा) चिह्न; пограни́чная в. सीमाचिह्न।

ве́че (नपुं०) वेच्ये (प्राचीन रूस में नागरिकों की सार्वजनिक सभा)।

ве́чер (पु०) १. सन्ध्या; सायंकाल; शाम; к —у शाम को; २. सान्ध्य गोष्ठी; सान्ध्य समारोह; в. па́мяти Пу́шкина पुश्किन की स्मृति में समारोह; танцова́льный в. नृत्य-उत्सव. зва́ный в. शाम की पार्टी।

вечер||е́ть (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष); —е́ет सन्ध्या हो रही है।

вечери́нка (स्त्री०) शाम की पार्टी; सान्ध्योत्सव।

вечерко́м (क्रि० वि०) संध्या-समय।

вече́рний (वि०) ве́чер से वि०।

вече́рня (स्त्री०) मठवासियों की सायं-प्रार्थना।

ве́чером (क्रि० वि०) सन्ध्या-समय; शाम को; сего́дня в. आज शाम को; вчера́ в. कल शाम।

ве́чно (क्रि० वि०) सर्वदा; नित्य; शाश्वत।

ве́чн||ость (स्त्री०) नित्यता; ка́нуть в в. सदा के लिए लुप्त हो जाना; **—ый** (वि०) शाश्वत; नित्य; अनन्त; —ая ка́торга उम्र क़ैद; आजीवन कठोर कारावास; □ —ое перо́ फ़ाउंटेन पैन।

ве́шалка (स्त्री०) खूँटी; (कपड़े टाँगने का) स्टैंड।

ве́шать -I (अपू०), **пове́сить** (पू०) (भवि० ве́шу, пове́сишь) १. टाँगना; в. на верёвку रस्सी पर टाँगना; २. फाँसी देना; его́ за э́то пове́сят उसको इसके लिए फाँसी मिलेगी।

ве́шать -II (अपू०), **взве́сить, све́шать** (पू०) तोलना।

ве́шаться (आत्म० अपू०), **пове́ситься** (आत्म० पू०) १. फाँसी लगा लेना; आत्महत्या करना; २. ве́шать-I, १. का कर्मवाच्य।

ве́шний (वि०) (काव्य०) वासन्ती।

веща́ние (नपुं०) (रेडियो) प्रसारण।

веща́ть (अपू०) भविष्यवाणी करना।

вещево́й (वि०) в. мешо́к बोरी; в. склад गोदाम।

веще́ственный (वि०) भौतिक; ठोस।

вещество́ (नपुं०) पदार्थ; द्रव्य।

ве́щий (वि०) (काव्य०) भविष्यसूचक।

веща́ца (स्त्री०) छोटी चीज़।

ве́щное пра́во भूसम्पत्ति-क़ानून ।

вещ||ь (स्त्री०) १. वस्तु ; चीज़ ; २. (बहु०) सम्पत्ति ; वस्तु ; тёплые —и गरम चीजें/कपड़े ; со всéми —áми बोरिया-बिस्तर समेत ; ३. (नाटक, पुस्तक आदि के बारे में) कृति ।

вéя||лка (स्त्री०) अनाज फटकने की मशीन ; **—льщик** (पुं०) अनाज फटकनेवाला ।

вéяни||е (नपुं०) (अनाज) फटकने की क्रिया ; (हवा का) चलना ; □ нóвые —я नये विचार।

вéять (अपू०) १. अनाज फटकना ; (हवा) चलना ; (झंडे का) लहराना ।

вживáться (आत्म० अपू०) अभ्यस्त हो जाना ।

вз-(возо-, возъ), вс- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं ; १. ऊपर को गति; जैसे взлетéть ऊपर को उड़ना ; всходи́ть (सूर्य का) उदय होना ; २. 'ज़ोर से' का अर्थ ; जैसे вскричáть ज़ोर से चिल्लाना ; ३. 'अत्यधिक' के अर्थ में ; जैसे взболтáться अत्यधिक (बहुत) बकवास करना ; взволновáться अत्यधिक उत्तेजित होना ।

взад (क्रि० वि०) पीछे ; в. и вперёд आगे-पीछे ।

взаи́мн||о (क्रि० वि०) परस्पर ; आपस में ; в. простые чи́сла (गणित) व्युत्क्रम साधारण संख्याएँ ; **—ость** (स्त्री०) परस्परता ; अन्योन्यता; **—ый** (वि०) पारस्परिक ; आपसी ; अन्योन्य ; —ая пóмощь पारस्परिक सहायता ।

взаимодéйств||ие (नपुं०) क्रिया-प्रतिक्रिया ; **—овать** (अपू०) (—вую) क्रिया-प्रतिक्रिया करना।

взаимо||отношéние (नपुं०) पारस्परिक सम्बन्ध ; अन्तःसम्बन्ध ; **—пóмощь** (स्त्री०) पारस्परिक सहायता ; **—свя́зь** (स्त्री०) अन्तःसम्बन्ध ; अन्तःसंचारण ।

взаймы́ (क्रि० वि०) взять, получи́ть в. उधार लेना ; дать в. उधार देना ।

взамéн (अ०) (-की) बजाय ; (-के) स्थान पर ।

взаперти́ (क्रि० वि०) ताले के भीतर ; एकान्त में ; сидéть в. ताले के भीतर बैठना ; жить в. एकान्त में रहना ।

взáпуски (क्रि०) бéгать в. एक-दूसरे के पीछे भागना ।

взбаламу́тить दे० баламу́тить

взбáлмошный (वि०) सनकी ; झक्की ।

взбáлтывание (नपुं०) हिलाने की क्रिया ।

взбáлтывать (अपू०), **взболтáть** (पू०) हिलाना ; микстýру пéред приёмом в. दवाई पीने से पहले हिला लीजिए ।

взбегáть (अपू०), **взбежáть** (पू०) (भवि० взбегу́, взбежи́шь) (ऊपर को) दौड़ना ; в. по лéстнице सीढ़ियों से दौड़कर चढ़ना ।

взбелени́ться (आत्म० पू०) क्रोधावेश में आना ; (क्रोध से) पागल होना ।

взбеси́ть(ся) दे० беси́ть(ся)

взбéшенный (वि०) क्रोधान्ध ; गुस्से से पागल ।

взбивáть (अपू०), **взбить** (पू०) (भवि० взобью́, взобьёшь) १. तकिये आदि को फुलाने या नर्म करने के लिए) हाथ से पीटना ; २. (अंडे या मलाई आदि को) फेंटना ।

взбирáться (आत्म० अपू०), **взобрáться** (आत्म० पू०) (ऊपर) चढ़ना ; в. нá гору पहाड़ पर चढ़ना ।

взбить दे० взбивáть

взболтáть दे० взбáлтывать.

взбрести́ (पू०) (भवि० взбреду́ взбредёшь) в. в гóлову, в. на ум मस्तिष्क में आना; सूझना

взбры́згивать (अपू०), **взбры́знуть** (पू०) छिड़कना ।

взбудорáживать (अपू०), **взбудорá-жить** (पू०) हलचल मचाना ; आन्दोलन करना ।

взбунтовáть(ся) दे० бунтовáть (ся).

взбухáть (अपू०), **взбу́хнуть** (पू०) सूज जाना ।

взбу́чк||а (स्त्री०) झिड़की ; झाड़ ; फटकार ; дать комý-л. хорóшую —у किसी को खूब झाड़ पिलाना (फटकारना) ।

взвáливать (अपू०), **взвали́ть** (पू०) (ऊपर) फेंकना ; रखना ; в. нá спину (बोरा आदि) पीठ पर रखना ; в. на плéчи कन्धों पर

रखना; в. всю вину на кого-л. किसी पर सारा दोष थोप देना।

взве́сить दे० взве́шивать और ве́шать-II **—ся** दे० взве́шиваться.

взвести́ दे० взводи́ть.

взве́шивать (अपू०), **взве́сить** (पू०) (भवि० взве́шу, взве́сишь) तोलना; **—ся** (आत्म०) अपने आपको तोलना।

взвива́ть (अपू०), **взвить** (पू०) (भवि० взовью́, взовьёшь) ऊपर को उड़ाना; उठाना; ве́тер взвил пыль हवा से गर्द उड़ गयी; **—ся** (आत्म०) (पक्षी का) ऊपर उड़ जाना; (घोड़े का) पिछली टाँगों पर खड़े हो जाना; (पर्दे का) उड़ जाना।

взви́де||ть (पू०) он све́та не —л उसकी आँखों के आगे अँधेरा छा गया।

взви́згивать (अपू०); **взви́згнуть** (पू०) किकियाना; चीत्कार करना; चीखना; कराहना।

взви́нчивать (अपू०), **взвинти́ть** (पू०) (भवि० взвинчу́, взвинти́шь) उत्तेजित करना; भड़काना; □ в. це́ны मूल्य बढ़ाना।

взви́ть (ся) दे० взвива́ть (ся).

взвод (पुं०) **I.** प्लाटून; (सेना का) विभाग; गुल्म; **II.** (पुं०) (बन्दूक के) घोड़े का भीतरी पहिया।

взводи́ть (अपू०), **взвести́** (पू०) (भवि० взведу́, взведёшь) थोपना; в. обвине́ние на кого́-л. किसीके मत्थे दोष मढ़ना; в. куро́к (बन्दूक का) कुत्ता दबाना।

взво́дный (वि०) १. взвод से वि०; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) प्लाटून-कमांडर; गुल्मपति।

взволно́||ванно (क्रि० वि०) भावावेश में; उत्तेजित होकर; говори́ть в. भावावेश में बोलना; **—ванный** (वि०) क्षुब्ध; उत्तेजित; भावावेश में आया हुआ; भावाविष्ट **—ва́ть(ся)** दे० волнова́ть (ся).

взвыть (पू०) (भवि० взво́ю, взво́ешь) चिंघाड़ना; चिल्लाना।

взгляд (पुं०) १. दृष्टि; नज़र; бро́сить в. (на) नज़र डालना; २. दृष्टिकोण; राय; सम्मति; на мой в. मेरी राय में।

взгля́дывать (अपू०), **взгляну́ть** (पू०) नज़र डालना; देखना।

взгреть (पू०) झिड़कना; झाड़ पिलाना; फटकारना;

взгроможда́ть (अपू०), **взгромозди́ть** (पू०) (भवि० взгромозжу́, взгромозди́шь) (एक-दूसरे के ऊपर रखकर) ढेर लगाना; **—ся** (आत्म०) १. (परिश्रम करके) शिखर पर चढ़ जाना; २. взгроможда́ть का कर्मवाच्य।

взгрустну́||ться (आत्म० पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ —лось वह खिन्न हो गया।

вздёргивать (अपू०), **вздёрнуть** (पू०) १. (झटके से) ऊपर को उठाना/चढ़ाना; २. (किसी को) लटकाना; फाँसी देना।

вздор (पुं०) बकवास; प्रलाप; моло́ть, городи́ть в. बकवास करना; प्रलाप करना।

вздо́р||ить (अपू०), **по—** (पू०) लड़ना; झगड़ना; **—ный** (वि०) १. प्रलापपूर्ण; २. बेहूदा; लड़ाका।

вздорожа́||ние (नपुं०) महँगाई; **—ть** दे० дорожа́ть.

вздох (पुं०) निःश्वास; दीर्घ श्वास; आह; □ испусти́ть после́дний в. अन्तिम श्वास लेना; मरना; **—ну́ть** (पू०) १. दे० вздыха́ть; २. श्वास लेना।

вздра́гивание (नपुं०) १. (अकस्मात्) चल पड़ना; दर्द से ऐंठ जाना; २. कँपकँपी; थरथराहट।

вздра́гивать (अपू०), **вздро́гнуть** (पू०) १. (अकस्मात्) शुरू हो जाना; दर्द से ऐंठ जाना; २. (केवल अपू०) काँपना; थरथराना।

вздремну́ть (पू०) झपकी लेना।

вздро́гнуть दे० вздра́гивать.

вздува́ть (अपू०), **вздуть** (पू०) फुलाना; (दामों का) चढ़ जाना; **—ся** (आत्म०) १. फूल जाना; २ вздува́ть का कर्मवाच्य।

взду́ма||ть (पू०) सूझना что вы —ли уходи́ть? तुम्हें जाने की क्या सूझी? **—ся** (आत्म०)

ему —лось उसको सूझा ; ☐ как —ется अपनी इच्छा पर ।

взду́тие (नपुं०) १. सूजन ; в. живота́ पेट का फूल जाना ; २. मुद्रा-स्फीति ।

вздуть-I दे० вздува́ть ; **II.** (पू०) बेंत से मारना ; पीटना ।

взду́ться दे० вздува́ться.

взды́бливаться (आत्म० अपू०), **взды́биться** (आत्म० पू०) पिछले पैरों पर खड़ा होना ; конь взды́бился घोड़ा पिछले पैरों पर खड़ा हो गया ।

вздыма́ть (अपू०) ऊपर उठाना ; в. ру́ку हाथ उठाना ; **—ся** (आत्म०) ऊपर उठना ।

вздыха́ть (अपू०), **вздохну́ть** (पू०) १. श्वास लेना ; आह भरना ; २. (केवल अपू०) (—के लिए) तड़पना ।

взима́ние (नपुं०) (कर आदि) लगाना/उगाहना ।

взима́ть (अपू०) (कर आदि) लगाना / उगाहना ।

взира́||ть (अपू०) देखना ; घूरना ; टकटकी लगाकर देखना ; ☐ не —я (—के) बावजूद ।

взла́мывать (अपू०), **взлома́ть** (पू०) तोड़ देना ; (द्वार आदि) तोड़कर खोल देना ; घुस जाना ; в. замо́к ताला तोड़ देना ।

взлеза́||ть (अपू०), **влезть** (पू०) (भवि० взле́зу, взле́зешь) (-पर) चढ़ना ।

взлеле́ять (पू०) पालना ; पालन-पोषण करना ।

взлёт (पुं०) उड़ान ।

взлета́ть (अपू०), **взлете́ть** (पू०) (भवि० взлечу́, взлети́шь) (पक्षी का) उड़ जाना ; (वायुयान का) उड़ान भरना ।

взлом (पुं०) तोड़ना ; кра́жа со — ом सेंध लगाना ; **—а́ть** दे० взла́мывать ; **—щик** (पुं०) सेंधमार (चोर) ।

взлохма́||тить दे० взлохма́чивать ; **—ченный** (कृदन्त और वि०) (बाल आदि) बिखरे हुए ; बिखरे बालोंवाला (व्यक्ति) ; व्यस्तकेशी ।

взлохма́чивать (अपू०), **взлохма́тить** (भवि० взлохма́чу, взлохма́тишь) (बाल) बिखराना ; व्यस्तकेश होना ।

взлюби́ть (पू०) (भवि० взлюблю́, взлю́бишь) не в. кого́-л. किसीसे वितृष्णा करना ।

взмах (पुं०) (पंखों की) फड़फड़ाहट ; (हाथ) हिलाना ; (चप्पू की) मार ; одни́м —ом एक चप्पू की मार में ; **—ивать** (अपू०), **взмахну́ть** (पू०) (पंख) फड़फड़ाना ; (हाथ) हिलाना ; (रुमाल) फहराना ।

взмёт (पुं०) पहली जुताई ।

взметну́ть (पू०) в. кры́льями पंख फड़फड़ाना ; **—ся** (आत्म०) कूद पड़ना ; उछल पड़ना ।

взмоли́ться (आत्म० पू०) याचना करना ; प्रार्थना करना ; अनुनय करना ; माँगना ; в. о поща́де दया की भिक्षा माँगना ।

взмо́рье (नपुं०) सागर-तट ; सागर-तटवर्ती स्थान ।

взмости́ться (आत्म० पू०) (взмощу́сь, взмости́шься) (ऊपर चढ़कर) बैठ जाना ।

взмыва́ть (अपू०), **взмыть** (पू०) (भवि० взмо́ю, взмо́ешь) (वेग से) ऊपर को उड़ जाना ।

взмы́ленный (वि०) (घोड़े के विषय में) झाग छोडनेवाला ।

взмыть दे० взмыва́ть

взнос (पुं०) अदायगी ; फ़ीस ; शुल्क ; देय ; очередно́й в. किस्त ; вступи́тельный в. प्रवेश-शुल्क ; чле́нский в. सदस्यता-शुल्क ।

взну́здывать (अपू०), **взнузда́ть** (पू०) लगाम लगाना ।

взобра́ться दे० взбира́ться

взойти́ दे० всходи́ть और восходи́ть

взор (पुं०) दृष्टि, नजर ; поту́пить в. आँखें नीची करना ; устреми́ть в. आँखें गाड़ना ; टकटकी लगाकर देखना ।

взорва́ть (ся) दे० взрыва́ть(ся)

взра́щивать (अपू०), **взрасти́ть** (पू०) (भवि० взращу́, взрасти́шь) (वनस्पतियाँ) उगाना ; खेती करना ; (बच्चों का) पालन-पोषण करना ।

взреве́ть (पू०) दहाड़ना ; गर्जन करना ।

взрóслый (वि०) वयःप्राप्त; सयाना।

взрыв (पुं०) धमाका; विस्फोट; в. смéха ठहाका।

взрывáть-I (अपू०), **взорвáть** (पू०) १. विस्फोट करना; धमाके से फोड़ना; २. (कर्तृ-निरपेक्ष); его́ взóрвало वह (क्रोध से) फट पड़ा; वह क्रोध से आगबबूला हो उठा; **—ся** (आत्म०) १. (धमाके से) फट जाना; विस्फोट हो जाना; २. взрывáть का कर्मवाच्य।

взрывáть-II (अपू०) **взрыть** (पू०) (भवि० взрóю, взрóешь) उत्तेजित करना।

взрывнóй (वि०) विस्फोटक।

взрывчат||ость (स्त्री०) विस्फोटकता; **—ый** (वि०) विस्फोटक; —ое веществó विस्फोटक पदार्थ।

взрыть दे० взрывáть II

взрыхлéние (नपुं०) ढीला करने की क्रिया।

взрыхлять (अपू०), **взрыхлить** (पू०) ढीला करना।

взъедáться (आत्म० अपू०) **взъéсться** (आत्म० पू०) (भवि० взъéмся, взъéшься) (गुस्से में आकर किसी पर) टूट पड़ना; गालियाँ आदि देना।

взъезжáть (अपू०), **взъéхать** (पू०) (भवि० взъéду, взъéдешь) चढ़ना; в нá гору पहाड़ पर चढ़ना।

взъерепéниться (आत्म० पू०) उड़ जाना।

взъерóшивать (अपू०), **взъерóшить** (पू०) (बाल) बिखराना; **—ся** (आत्म०) अपने बाल बिखराना।

взъéсться दे० взъедáться

взъéхать दे० взъезжáть

взывать (अपू०), **воззвáть** (पू०) (भवि० воззовý, воззовёшь) फ़रियाद करना; अनुनय करना; в. о пóмощи सहायता के लिए पुकारना; в. о справедлúвости न्याय की फ़रियाद करना।

взыскáние (नपुं०) १. दंड; जुर्माना; налож-úть в (на) दंड लगाना; जुर्माना करना; २. (कोई वस्तु वापस लेने के लिए) नालिश करना; ३. (ऋण आदि की) वसूली; उगाही; वापस लेने की क्रिया।

взыскáтельн||ость (स्त्री०) (काम लेने में) कठोरता बरतना; **—ый** (वि०) काम लेने में बहुत कठोर; (ग्राहक से) पूरे दाम वसूल करनेवाला।

взыскивать (अपू०), **взыскать** (भवि० взыщý, взыщешь) १. (ऋण आदि की) उगाही करना; वसूली करना; बलात् ग्रहण करना; २. उत्तरदायी ठहराना; □ не взыщи́ कृपया क्षमा कीजिए।

взятие (नपुं०) ले लेने की क्रिया; क़ब्ज़ा/अधिकार कर लेना; в. крéпости दुर्ग पर क़ब्ज़ा; в. когó-л. в. плен किसीको क़ैद कर लेना/बन्दी बना लेना।

взятк||а (स्त्री०) १. रिश्वत; घूस; дать комý-л. —у किसीको रिश्वत देना; брáть —и रिश्वत लेना; २. (ताश के खेल में) हाथ की सफ़ाई।

взяточни||к (पुं०) रिश्वतखोर; घूस लेनेवाला; घूसखोर; **—чество** (नपुं०) रिश्वतखोरी; घूसखोरी।

взять(ся) दे० брáть(ся)

виадýк (पुं०) लम्बी महराबों का पुल।

вибрáтор (पुं०) कम्पक।

вибрáция (स्त्री०) कम्पन।

вибри́р||овать (अपू०) (—ую) काँपना; कम्पित होना; थरथराना; **—ующий** (वि०) कम्पनशील; कम्पायमान; काँपता हुआ; в. гóлос काँपती हुई आवाज़।

вивисéкция (स्त्री०) चीर-फाड़; अंग-विच्छेद।

вид (पुं०) **I.** १. आकृति; रूप; सूरत; सादृश्य; кóмната имéет опрятный в. कमरा साफ़ है (अथवा कमरा साफ़ दिखायी दे रहा है); он придáл э́тому в. шýтки उसने इसे मज़ाक में लिया; у негó плохóй вид उसकी सूरत ख़राब है; имéть в когó-л. किसीके सदृश दिखायी देना; принимáть в सूरत बनाना; बनना; по —у देखने में; २. आकृति; ३ दशा; ४. दृश्य; в. на мóре सागर का दृश्य; ५. प्रत्याशा; इरादा; —ы на урожáй फ़सल की प्रत्याशा; ६. दृष्टि;

скрыться из —у दृष्टि से ओझल होना ; □ в на жительство आवास-अनुज्ञापत्र ; в. —ах чего-л. के उद्देश्य से ; иметь в —у ध्यान में रखना ; स्मरण रखना ; под —ом (-के) बहाने से ; **II.** १. प्रकार ; २. प्रजाति ; **III.** (व्या०) रूप ; совершенный в पूर्ण रूप ।

виданн||ый (वि०) देखा हुआ ; —ое ли это дело क्या कभी ऐसा देखा-सुना है ?

видать (अपू०) देखना ; ничего не в. कुछ दिखायी नहीं पड़ता ; **—ся** (आत्म० अपू०), **повидаться** (आत्म० पू०) मिलना ।

видение (नपुं०) दर्शन ; दृश्य ।

видение (नपुं०) भूत ।

видеть (अपू०), **у—** (पू०) (वर्त० вижу, видишь) ; देखना ; видите вы там что-нибудь ? क्या आपको वहाँ कुछ दिखायी पड़ रहा है ? в сон स्वप्न देखना ; рад вас в. आपसे मिलकर बड़ी प्रसन्नता हुई ; **—ся** (आत्म०) १. मिलना; мы редко видимся हम बहुत कम मिलते हैं ; हम कभी-कभी मिलते हैं ; २. (केवल अपू०) ему видится उसे दिखायी पड़ता है ; उसे लगता है ।

видимо (क्रि० वि०) स्पष्ट रूप से ।

видимо-невидимо (क्रि० वि०) भारी संख्या में ।

видим||ость (स्त्री०) १. बाहरी दिखावट; बाह्य रूप ; २. दृश्यता ; **—ый** (वि०) १. видеть से कृदन्त ; २ (वि०) स्पष्ट ; प्रत्यक्ष ।

видне||ться (आत्म० अपू०) вдали —лся лес दूर पर जंगल दिखायी दे रहा था ।

видн||о (क्रि० वि०) १. स्पष्ट रूप से ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) по всему в., что...सबको दिखायी दे रहा है कि..... ; **—ый** (वि०) १. प्रत्यक्ष ; स्पष्ट ; २. प्रख्यात ; प्रमुख ; बड़ा ; उच्च ; —ая должность उच्च पद ।

видов||ой (वि०) **I.** вид - II, २ से वि० ; - ое различие जाति भिन्नता ; **II.** (वि०) вид I, ४ से वि० ।

видоизмен||ение (नपुं०) संशोधन ; रूपान्तर ; परिवर्तन ; **—ять** (अपू०), **видоизменить** (पू०) रूपान्तर करना ; परिवर्तन करना ; संशोधन करना ; **—яться** (आत्म०) परिवर्तन होना ; बदलना ; видоизменять का कर्मवाच्य ।

видоискатель (पुं०) (कैमरे का) व्यूफ़ाइंडर ; दर्शी ।

виза (स्त्री०) वीजा ।

визави (क्रि० वि०) आमने-सामने ; они сидели в. वे आमने-सामने बैठे थे ।

визг (पुं०) चीत्कार ; चीख, तीखा स्वर ; в. пилы आरे की चरचराहट ।

визглив||о (क्रि० वि०) तीखे स्वर से ; **—ость** (स्त्री०) तीखापन ; **—ый** (वि०) तीखा ।

визжать (अपू०) चीत्कार करना ; तीखा शब्द करना ; चीखना ।

визига (स्त्री०) एक प्रकार की मछली की सुखायी हुई रीढ़ की हड्डी ।

визир (पुं०) १. (तोप आदि में) लक्ष्य साधने का दर्शी ; २. (कैमरे का) दर्शी (व्यूफाइंडर) ।

визировать (अपू० और पू०) (-рую) **I.** (पारपत्र अर्थात् पासपोर्ट पर) वीजा देना ; **II.** लक्ष्य साधना ।

визирь (पुं०) वज़ीर ।

визит (पुं०) भेंट ; मुलाक़ात ; दर्शन ; сделать в. кому-л. किसीसे मिलने जाना ; भेंट करना ।

визитёр (पुं०) दर्शनार्थी ; मुलाक़ाती ।

визитка (स्त्री०) सवेरे पहनने का कोट ।

визитн||ый (वि०) भेंट का ; — ая карточка नाम का कार्ड ।

вилк||а (स्त्री०) (खाना खाने का) काँटा ; электрическая в. बिजली का प्लग ; **—ообразный** (वि०) काँटे के आकार का ।

вилок (पुं०) बन्दगोभी का ऊपरी भाग ।

вил||ы (बहु०) सलँगा ; सूखी घास आदि की टाल लगाने का नोकदार डंडा ; □ это ещё — ами по воде писано अभी यह बात पक्की नहीं है ।

вильнуть दे० вилять.

виляние (नपुं०) (पूँछ) हिलाने की क्रिया ;उथल-पुथल करने की क्रिया ; टालमटोल करने की क्रिया ।

вися́лька (स्त्री०) लोलक ; लटकन ।

вися́чий (वि०) लटकता हुआ ।

витами́н (पुं०) विटामिन ।

вита́||ть (अपू०) कल्पना में खो जाना ; कल्पना में उड़ान भरना ; चक्कर खाना ; мы́сли поэ́та —ли где-то далеко́ कवि की कल्पना कहीं और रमण कर रही थी ।

витиева́т||о (क्रि० वि०) अलंकृत रूप में ; अलंकृत शैली में ; **—ый** (वि०) अलंकृत ; सजा हुआ ।

вит||о́й (वि०) घुमावदार ; चक्राकार ; —а́я ле́стница चक्राकार/चक्करदार सीढ़ी ।

витри́на (स्त्री०) (दुकान की) प्रदर्शन-खिड़की ।

ви́ттова пля́ска (सन्त वित्तूस् का नृत्य) एक प्रकार का कम्प-रोग ।

вить (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० вью, вьёшь) गूँथना ; в. вено́к हार गूँथना ; в. гнездо́ घोंसला बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. (बालों को) घुँघराले बनना ; २. (किसी बेल आदि का चारों ओर) लिपटना ; ३. (पक्षी का) मँडराना ; ४. вить का कर्मवाच्य ।

ви́тязь (पुं०) (काव्य०) वीर ; शूर-वीर ; पराक्रमी ।

вихля́ть (अपू०) लड़खड़ाकर चलना ; **—ся** (आत्म०) लड़खड़ाना ।

вихо́р (पुं०) माथे के सामने के बाल ; गुच्छा ; लट ; отодра́ть кого́-л. за в. किसी को बालों से पकड़कर खींचना ।

вихрево́й (वि०) बवंडरवाला ; वात्याचक्रयुक्त ।

ви́хрем (क्रि० वि०) बवंडर की भाँति ; वात्या-चक्रवत् ।

вихр||ь (पुं०) बवंडर ; वात्याचक्र ; जलभँवर ; चक्कर ; сне́жный в. बर्फ़ का तूफ़ान ☐ в —е собы́тий घटनाओं के चक्कर में ।

вице- (उपसर्ग) उप- ; вице-президе́нт उप-राष्ट्रपति ।

ви́шенник (पुं०) ग्लास (चैरी) के पेड़ों का झुरमुट ।

вишнёв||ка (स्त्री०) ग्लास (चैरी) की शराब ; **—ый** (वि०) ви́шня से वि० —ый сад ग्लास (चैरी) के पेड़ों का बाग ; —ая ко́сточка ग्लास (चैरी) की गुठली ; —ая нали́вка=вишнёвка

ви́шня (स्त्री०) ग्लास (पेड़ और फल) ; चैरी ।

вишь (ви́дишь का संक्षिप्त रूप) देखा !

вка́лывать (अपू०), **вколо́ть** (पू०) चुभोना ; घोंपना ।

вка́пывать (अपू०), **вкопа́ть** (पू०) ज़मीन (खोदकर) गाड़ देना ; в. столб थम्भी गाड़ना ।

вка́тывать (अपू०), **вкати́ть** (पू०) (भवि० вкачу́, вка́тишь) (भीतर) लुढ़काना ; (पहियों पर) भीतर सरकाना ; **—ся** (आत्म०) १. भीतर लुढ़कना ; भीतर भाग आना ; २. вка́тывать का कर्मवाच्य ।

вклад (पुं०) (बैंक आदि में) जमा किया हुआ धन ; निक्षिप्त धन ; (व्यापार में लगायी हुई) पूँजी ; вы́нуть в. (बैंक आदि में से) धन निकालना ; сде́лать в. (बैंक आदि में) जमा करना ; निक्षेप ।

вкла́д||ка (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) पूरक पृष्ठ ।

—но́й (वि०) १. вклад से वि० ; २. पूरक ; в. лист=вкла́дка.

вкла́дчик (पुं०) (बैंक आदि में) धन जमा करने-वाला ; निक्षेपक ।

вкла́дывать (अपू०), **вложи́ть*** (पू०) १. (में) धरना ; रखना ; डालना ; в. в но́жны (तलवार आदि) म्यान में डालना ; в. в конве́рт लिफ़ाफ़े में डालना ; २. (व्यापार में) पूँजी लगाना ; ☐ вложи́ть кому́-л. в уста́ किसी के मुँह में डालना ।

вкла́дыш (पुं०) बेयरिंगबुश ।

вкле́ивать (अपू०), **вкле́ить** (पू०) (-में) चिपकाना ।

вкле́йка (स्त्री०) १. (-में) चिपकाने की क्रिया ; भीतर चिपकायी हुई वस्तु ।

вкли́нивать (अपू०), **вклини́ть** (पू०) पच्चड़ लगाना ; (बीच में) डालना ; **—ся** (आत्म०) बीच में आना ; पड़ना ।

включа́ть (अपू०), **включи́ть** (पू०) १. अन्तर्न्यास करना ; (-में) समावेश करना ; शामिल

करना ; (सूची में) दर्ज करना ; २. (क्लच आदि) लगाना ; (धारा आदि) छोड़ना ; (इंजन आदि) चालू करना ; в. рáдио रेडियो चलाना ; в. газ गैस खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. समाविष्ट होना ; भाग लेना ; २. включáть का कर्मवाच्य।

включ||éние (नपुं०) १. अन्तर्न्यास ; समावेश ; शामिल करना ; (सूची में) दर्ज करने की क्रिया ; २. (इंजन आदि) चालू करने की क्रिया ; (बिजली की धारा, गैस आदि) छोड़ने की क्रिया ; **—и́тельно** (क्रि० वि०) समाविष्ट रूप से ; शामिल करके **—и́ться** दे० включáть.

вколáчивание (नपुं०) ठोकने की क्रिया।

вколáчивать (अपू०), **вколоти́ть** (पू०) (भवि० вколочу́ вколо́тишь) ठोकना ; गाड़ना ; в. гвоздь मेख गाड़ना।

вколо́ть दे० вкáлывать,

вконéц (क्रि० वि०) पूर्णतः ; बिल्कुल।

вкопáть дे० вкáпывать.

вкореня́ть (अपू०), **вкорени́ть** (पू०) जड़ जमाना ; अन्तःस्थापन ; **—ся** (आत्म०) १. जड़ पकड़ना ; बद्धमूल होना ; २. вкореня́ть का कर्मवाच्य।

вкос (क्रि० वि०) टेढ़ेपन से ; टेढ़ा ; तिरछा।

ВКП(Б) (Всесою́зная Коммунисти́ческая Пáртия (большевико́в) अखिल संघीय साम्यवादी (बोलशेविक) दल।

вкрáдчив||о (क्रि० वि०) अव्यक्त रूप से ; चोरी छिपे ; **—ый** (वि०) अव्यक्त रूप से कृपा-पात्र बनने का।

вкрáдываться (आत्म० अपू०), **вкрáсться** (आत्म० पू०) (भवि० вкраду́сь, вкрадёшься) चोरी से भीतर घुस जाना।

вкраплéние (नपुं०) धब्बे डालने/चटाका डालने की क्रिया।

вкрáпливать (अपू०), **вкрапи́ть** (पू०) (भवि० вкраплю́, вкрапи́шь) धब्बे डालना ; бéлой крáски в сéрую окрáску цо́коля (संगमरमर जैसा रंग बनाने के लिए) देहली के भूरे रंग पर सफ़ेद रंग के छींटे देना।

вкрáсться दे० вкрáдывать (ся).

вкрáтце (क्रि० वि०) संक्षेप में।

вкривь (क्रि० वि०) १. टेढ़ा ; २. उलटा ; विपरीत он всё понимáет в. वह सब-कुछ उलटा समझता है।

вкруту́ю (क्रि० वि०) яйцá в. पूरा उबला अंडा।

вкус (पुं०) १. स्वाद ; रसानुभव ; रुचि ; про́бовать на в. स्वाद चखना ; आस्वादन ; быть го́рьким на в. स्वाद में कड़ुआ होना ; э́то дéло —а यह रुचि की बात है ; २. शैली ; फ़ैशन ; □ на в. и цвет товáрищей нет रुचि अपनी-अपनी।

вкуси́ть दे० вкушáть.

вку́сн||о (क्रि० वि०) स्वाद पूर्वक; в. приготóвить обéд स्वादिष्ट (मज़ेदार) खाना तैयार करना ; **—ый** (वि०) स्वादिष्ट ; स्वादु ; मज़ेदार ; रुचिकर ; —ая пи́ща स्वादिष्ट भोजन ; मज़ेदार खाना।

вкусово́й (वि०) आस्वादनिक ; स्वादेन्द्रिय-सम्बन्धी।

вкушáть (अपू०) **вкуси́ть** (पू०) (भवि० вкушу́, вку́сишь) आस्वादन ; स्वाद चखना।

влáга (स्त्री०) नमी ; सील।

влагáлище (नपुं०) योनि-मार्ग ; अपत्य-पथ।

владé||лец (पुं०) स्वामी ; मालिक ; **—лица** (स्त्री०) स्वामिनी ; मालकिन ; **—ние** (नपुं०) १. स्वामित्व ; क़ब्ज़ा ; вступи́ть во —ние чем-л. (किसी चीज़ का) क़ब्ज़ा लेना ; २. सम्पत्ति ; जायदाद; **—тельный** (वि०) सम्पूर्ण-सत्ताधारी ; सर्वप्रभुत्व-सम्पन्न।

владé||ть (अपू०) १. स्वामी होना ; मालिक होना ; в. свое́й тéмой अपने विषय में पारंगत होना ; २. प्रयोग में लाने के योग्य होना ; он не —ет ногáми उसकी टाँगें काम नहीं करतीं ; □ в. перо́м लेखनी पर पूरा अधिकार होना ; в. собо́й अपने आपको वश में रखना।

влады́||ка (पुं०) प्रभु ; शासक ; राजा ; सम्राट ; **—чество** (नपुं०) राज्य ; साम्राज्य ; राज्यत्व ; **—чествовать** (अपू०) (над) राज्य करना ; **—чица** (स्त्री०) १. सम्राज्ञी ; मलिका ; २.

малкин।

влажне́ть (अपू०) आर्द्र हो जाना ; सील जाना।

вла́жн||ость (स्त्री०) आर्द्रता ; नमी ; सील ; **—ый** (वि०) आर्द्र ; नमीदार ; सीला ; गीला ; —ый кли́мат नमीदार जलवायु ।

вла́мываться (आत्म० अपू०), **вломи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० вломлю́сь, вло́мишься) (во что) जबर्दस्ती घुस जाना ; в. в ко́мнату कमरे में घुस जाना ।

вла́ствовать (अपू०) (—вую) राज्य करना ।

властели́н (पुं०) प्रभु ; राजा ; सम्राट ।

власти́тель (पुं०) = властели́н ; **—ница** (स्त्री०) १. सम्राज्ञी ; मलिका ; २. मालकिन ।

вла́ст||ность (स्त्री०) प्रभुत्व ; **—ый** (वि०) प्रभुतापूर्ण ; प्रभुतामय ; в. взгляд प्रभुत्वपूर्ण दृष्टि ; ☐ он в. э́том не —ен यह उसकी शक्ति से बाहर की बात है ।

власто||люби́вый (वि०) सत्ता-लोलुप ; सत्ता-लिप्सु ; **—лю́бие** (नपुं०) सत्ता-लिप्सा ; सत्ता-लोलुपता ।

власть (स्त्री०) सत्ता ; शक्ति ; राज्य ; госуда́рственная в. राज्यसत्ता ; राज्यशक्ति ; Сове́тская в. सोवियत सत्ता ; सोवियत सरकार ; законода́тельная в. विधानशक्ति ; администрати́вная в. शासनशक्ति ; верхо́вная в. सर्वोच्च शक्ति ।

власяни́ца (स्त्री०) (पशु के) बालों की बनी कमीज ।

влачи́ть (अपू०) घसीटना ; ☐ в. жа́лкое существова́ние बुरे दिन काटना ।

вле́во (क्रि० वि०) बायीं ओर ; बायें ।

влеза́ть (अपू०), **влезть** (पू०) १. (में से) चढ़ जाना ; в. в окно́ खिड़की में से भीतर चले जाना ; २. (ऊपर) चढ़ना ; в. на де́рево पेड़ पर चढ़ना ; ☐ влезть в долги́ ऋण उठाना ।

влепля́ть (अपू०), **влепи́ть** (पू०) (भवि० влеплю́, вле́пишь) влепить кому́-л. пощёчину किसीके तमाचा मारना ।

влет||а́ть (अपू०), **влете́ть** (पू०) (भवि० влечу́, влети́шь) भीतर उड़ आना ; в. в окно́ खिड़की में से भीतर उड़ आना ; ☐ ему́ —е́ло उसकी खूब गत बनी ।

влече́ние (नपुं०) रुझान ; आकर्षण ; име́ть в. к кому́-л. किसीकी ओर रुझान होना ; किसीके प्रति आकर्षित होना ।

влечь (अपू०) (влеку́, влечёшь) (-में) खींच लेना ; आकर्षित करना ; в. за собо́й फँसना ।

влива́ние (नपुं०) (चिकि०) सम्मिश्रण ; निशेचन (शरीर के किसी अंग में तरल पदार्थ डालना) ।

влива́ть (अपू०), **влить** (पू०) (भवि० волью́, вольёшь) १. (-में) उँडेलना ; डालना ; (साहस आदि) भर देना ; в. по ка́пле बूँद-बूँद करके टपकाना ; в. му́жество शौर्य भर देना ; २. (चिकि०) सम्मिश्रण करना ; निशेचन करना ; शरीर के किसी अंग में तरल पदार्थ डालना ; **—ся** (आत्म०) १. (-में) बह आना ; (-में) मिल जाना ; २. влива́ть का कर्मवाच्य ।

влипа́ть (अपू०), **вли́пнуть** (पू०) в. в исто́рию गड़बड़झाले में फँसना ।

влить(ся) दे० влива́ть(ся)

влия́||ние (नपुं०) प्रभाव ; प्रभुता ; по́льзоваться —нием बहुत प्रभाव रखना ; находи́ться под —нием किसीके प्रभाव में होना ; ока́зывать в. प्रभाव डालना ; **—тельный** (वि०) प्रभावशाली ।

влия́ть (अपू०), **по—** (पू०) प्रभाव डालना ।

ВЛКСМ (Всесою́зный Коммунисти́ческий Сою́з Молодёжи) अखिल संघीय लेनिन साम्यवादी युवक-संघ ।

вложе́ние (नपुं०) १. संलग्न ; सपत्रक (पत्र के साथ भेजा हुआ) २. पूँजी-निवेश ; पूँजी लगाना ।

вложи́ть दे० вкла́дывать

вломи́ть(ся) दे० вла́мывать(ся)

вло́паться (आत्म० पू०) (प्रेम में) फँस जाना ; (गलती से) पाँव धर देना ; मुसीबत में पड़ जाना ; в. в грязь ного́й कीचड़ में पाँव पड़ जाना ।

влюби́ть(ся) दे० влюбля́ть(ся)

влюблён||но (क्रि० वि०) प्रेम से ; प्यार से ;

в. смотре́ть на кого́-л. किसीको प्रेमभरी नज़रों से देखना; किसीकी ओर स्निग्ध दृष्टि डालना; **—ность** (स्त्री०) प्रेम; प्यार; अनुराग; **—ный** (वि०) १. प्रेमपरायण; प्रेमासक्त; प्रेमी; —ный мужчи́на प्रेमासक्त पुरुष; —ная па́ра प्रेमी युगल; २. प्रेमभरा; सकाम; सानुराग।

влюбля́ть (अपू०), **влюби́ть** (पू०) (भवि० влюблю́, влю́бишь) (किसीमें किसीके लिए) प्रेम जागृत करना; **—ся** (आत्म०) प्रेमासक्त होना; हृदय हार जाना।

влю́бчив||ость (स्त्री०) प्रेमप्रवणता; रसिकता; रसलोभ; आशिकमिजाजी; **—ый** (वि०) प्रेमप्रवण; रसिक; आशिकमिजाज।

вма́зывать (अपू०), **вма́зать** (पू०) १. (शीशा जड़ने के पश्चात् किनारों पर) मसाला लगाना; सिमेंट लगाना; २. (में) मजबूती से जड़ना।

вмен||и́ть दे०, вменя́ть; **—я́емость** (स्त्री०) जिम्मेदारी; उत्तरदायित्व; **—я́емый** (वि०) जिम्मेदार; उत्तरदायी।

вменя́ть (अपू०), **вмени́ть** (पू०) १. आरोपण करना; в. что л. в вину́ кому́-л. दोषारोपण करना; २. सँभालना; सौंपना; в. что-л. в обя́занность кому́-л. किसीको कोई जिम्मेदारी सौंपना।

вме́ру (क्रि० वि०) उचित मात्रा में; सीमा में।

вме́сте (क्रि० वि०) इकट्ठे; मिलकर।

вмести́||лище (नपुं०) भाजन; बर्तन; पात्र; **—мость** (स्त्री०) धारिता; क्षमता।

вмести́тельн||ость (स्त्री०) विशालता; **—ый** (वि०) विशाल; बड़ा; लम्बा-चौड़ा; —ый зал विशाल शाला।

вмести́ть(ся) दे० вмеща́ть(ся)

вместо́ (अ०) बजाय; -के स्थान पर; в. моего́ бра́та मेरे भाई की बजाय।

вмётывать (अपू०), **вмета́ть** (पू०) कच्ची सिलाई करना; (मोटे-मोटे) टाँके लगाना; в. рука́в в пальто́ пе́ред приме́ркой ट्राई लेने (आजमाइश) से पहले कोट की बाँहों की कच्ची सिलाई करना।

вмеша́тельство (नपुं०) हस्तक्षेप; दखल; хирурги́ческое в. आपरेशन; शल्य-क्रिया।

вме́шивать (अपू०), **вмеша́ть** (पू०) १. मिश्रण करना; मिलाना; २. फँसा लेना; **—ся** (आत्म०) हस्तक्षेप करना; दखल देना; —ся в чужи́е дела́ दूसरे के मामले में दखल देना; —ся в разгово́р बातचीत में दखल देना।

вмеща́||ть (अपू०), **вмести́ть** (पू०) (भवि० вмещу́, вмести́шь) धारण करना; समा लेना; स्थान देना; **—ся** (आत्म०) समाना; स्थान होना; в кувши́н —ется три ли́тра молока́ इस बर्तन में तीन लिटर दूध आ जाता है; в шкаф —ется пятьдеся́т книг इस आलमारी में पचास पुस्तकें समा जाती हैं अर्थात् इस आलमारी में पचास पुस्तकें रखने का स्थान है।

вмиг (क्रि० वि०) पलक झपकते; तुरन्त; आनन-फानन में।

внаём, внаймы́ (क्रि० वि०) брать в. किराये पर लेना; भाड़े पर लेना; отдава́ть в. किराये पर देना।

внаки́дку (क्रि० वि०) наде́ть пальто́ в. अपना कोट अपने कन्धे पर डाल लेना।

внакла́де (क्रि० वि०) घाटे से; оста́ться в. घाटे में होना।

внакла́дку (क्रि० वि०) пить чай в. मीठा डालकर चाय पीना।

внача́ле (क्रि० वि०) आरम्भ में; पहले-पहल।

вне (क्रि० वि०) बाहर; в. го́рода नगर के बाहर; в. вся́ких пра́вил किसी भी नियम को ध्यान में न रखते हुए; □ в. опа́сности खतरे से बाहर; в. себя́ от ра́дости खुशी से फूला न समाना।

внебра́чный (वि०) बिना विवाह का; в. ребёнок अवैधज।

вневре́менный (वि०) कालातीत।

внедре́ние (नपुं०) अन्तर्निविष्ट करना; मन में अंकित करना; घट में उतारना।

внедря́ть (अपू०), **внедри́ть** (पू०) निवेशन; अन्तर्निविष्ट करना; मन में अंकित करना; घट में उतारना।

внеза́пн||о (क्रि० वि०) अकस्मात्; अचानक; **—ость** (स्त्री०) आकस्मिकता; **—ый** (वि०) आकस्मिक।

внекла́ссный (वि०) कक्षा के बाहर का; घर का; —ое чте́ние घर की पढ़ाई।

внеочередно́й (वि०) असाधारण; बिना बारी के।

внепарти́йный (वि०) पार्टी/दल से बाहर का।

внесе́ние (नपुं०) भीतर लाने/ले जाने की क्रिया; अदायगी; (बचत-खाते में) जमा; (बिल आदि) पेश करने की क्रिया; в. удобре́ний खाद डालना।

внеслужéбн||ый (वि०): —ые часы́ दफ़्तर से बाहर का समय।

внесме́тный (वि०) असाधारण; अनुमान से बाहर का।

внести́ दे० вноси́ть.

вне́шне (क्रि० वि०) बाहर से; देखने में; प्रत्यक्षत:।

вне́шн||ий (वि०) १. बाहर का; बाह्य; в. вид बाह्यरूप; २. दिखावे का; ऊपर का; в. лоск ऊपर की चमक; в. осмо́тр ऊपरी निरीक्षण; ३. विदेशी; वैदेशिक; —яя поли́тика विदेश-नीति।

вне́шность (स्त्री०) आकृति; रूप; बाह्याकृति।

внешта́тный (वि०) अधिसंख्यक; अतिरिक्त।

вниз (क्रि० वि०) नीचे; नीचे को; гляде́ть в. नीचे को देखना; спуска́ться в. नीचे जाना; नीचे उतरना।

внизу́ (क्रि० वि०) १. नीचे; नीचे की मंजिल में; в. живёт сапо́жник नीचे की मंज़िल में मोची रहता है; २. निचले भाग में; (किसी चीज़ के) नीचे; в., у. подно́жия горы нीचे तलहटी में।

вника́ть (अपू०), **вни́кнуть** (पू०) समझने की कोशिश करना; गहराई में जाना; необходи́мо вни́кнуть в э́то де́ло इस मामले की गहरी छान-बीन होनी आवश्यक है।

внима́ни||е (नपुं०) १. ध्यान; обраща́ть, обрати́ть в. ध्यान देना; привлека́ть чьё-л. в. किसीका ध्यान आकर्षित करना; досто́йный —я ध्यान देने योग्य; не обраща́йте внима́ния ध्यान मत दीजिए; परवाह मत कीजिए; □ внима́ние! सावधान!; принима́ть во в. ध्यान में रखना; принимая во в. ध्यान में रखते हुए।

внима́тельн||о (क्रि० वि०) ध्यानपूर्वक; सावधानी से; **—ость** (स्त्री०) ध्यान; शिष्टाचार; कृपालुता; **—ый** (वि०) सावधान; कृपालु।

внима́ть (अपू०), **внять** (पू०) (वर्त० внима́ю, внима́ешь, और вне́млю, вне́млешь) (काव्य०) सुनना; ध्यान देना; он внял мо́ей про́сьбе उसने मेरी प्रार्थना पर ध्यान दिया।

вничью́ (क्रि० वि०) बराबर; हार-जीत का फ़ैसला हुए बिना; матч око́нчился в. मैच बराबर रहा; मैच बिना हार-जीत के फ़ैसले के समाप्त हो गया।

вновь (क्रि० वि०) १. नये सिर से; फिर से; २. अभी; हाल में; в. назна́ченный फिर से नियुक्त।

вноси́ть (अपू०), **внести́** (पू०) (भवि० внесу́, внесёшь) १. (संशोधन आदि) करना; (धन) अदा करना; в. в спи́сок सूची में दर्ज करना; २. पेश करना; प्रस्तुत करना; в. законопрое́кт विधेयक प्रस्तुत करना; в. предложе́ние प्रस्ताव रखना।

внук (पुं०) पोता; पौत्र।

вну́тренн||е (क्रि० वि०) भीतर से; **—ий** (वि०) १. आन्तरिक; भीतर का; —яя дверь भीतर का दरवाज़ा; —ие боле́зни भीतरी रोग; २. (एक राज्य की सीमा के भीतर का) घरेलू; —яя поли́тика घरेलू नीति; —ие дела́ घरेलू मामले; Министе́рство —их дел गृह-मन्त्रालय; Мини́стр —их дел गृह-मन्त्री।

вну́тренно = вну́тренне.

вну́тренность (स्त्री०) भीतरी भाग।

внутри́ (क्रि० वि०) भीतर; все находи́лись в. सब भीतर थे।

внутризаводско́й (वि०) फ़ैक्टरी के भीतर का।

внутрь (क्रि० वि०) भीतर; он вошёл в.

вह भीतर चला गया।

внуча́та (बहु०) पोते ; पोतियाँ।

вну́чек (पुं०) внук का अल्प०।

вну́чка (स्त्री०) पोती।

внуш||а́ть (अपू०), **внуши́ть** (पू०) प्रेरित करना ; सुझाव देना ; в. мысль ; विचार सुझाना ; **—е́ние** (नपुं०) १. सुझाव ; सम्मोहन ; лечи́ть —м सम्मोहन (हिप्नौटिज़्म) द्वारा चिकित्सा करना ; २. झिड़की ; झाड़ ; **—и́тельный** (वि०) भव्य ; रोबदार ; प्रभावशाली ; चित्त पर प्रभाव डालनेवाला।

внуши́ть दे० внуша́ть.

вня́тн||о (क्रि० वि०) स्पष्ट रूप से ; **—ость** (स्त्री०) स्पष्टता ; **—ый** (वि०) स्पष्ट।

внять दे० внима́ть.

во = в ; [] во и́мя (के) नाम पर।

вобра́ть(ся) दे० вбира́ть(ся).

вовлека́ть (अपू०), **вовле́чь** (पू०) (भवि० вовлеку́, вовлечёшь) लुभा लेना ; फँसा लेना ; **—ся** (आत्म०) (-में) आ पड़ना ; फँस जाना।

вовне́ (क्रि० वि०) बाहर से।

вовну́трь (क्रि० वि०) भीतर।

во́-время (क्रि० वि०) समय में (पर)।

во́все (क्रि० वि०) बिल्कुल ; в. нет बिल्कुल नहीं।

во-всю́ (क्रि० वि०) पूरी शक्ति से ; бежа́ть в. पूरी शक्ति से दौड़ना।

во-вторы́х (क्रि० वि०) दूसरे।

вогна́ть दे० вгоня́ть.

во́гн||утость (स्त्री०) अवतलता ; नतोदरता ; भीतर को झुकाव ; **—утый** (वि०) अवतल ; नतोदर ; भीतर को झुका हुआ **—у́ть (ся)** दे० вгиба́ть(ся),

вод||а́ (स्त्री०) जल ; पानी ; дождева́я वर्षा का पानी ; питьева́я в. पीने का पानी ; пре́сная в. ताजा पानी ; минера́льная в. खनिज जल ; □ выводи́ть на чи́стую во́ду भंडा फोड़ना ; वास्तविक रूप में दर्शाना ; ему всё как с гу́ся в. उसके सिर पर जूँ नहीं रेंगती ; как в во́ду ка́нуть ऐसे ग़ायब हो जाना जैसे गधे के सिर से सींग ; мно́го —ы утекло́ गंगा में बहुत पानी बह चुका है ; युग बीत गये।

водворе́ние (नपुं०) निस्थापन ; बसाने की क्रिया।

водворя́ть (अपू०), **водвори́ть** (पू०) निस्थापन करना ; बसाना ; в. что-л. на ме́сто किसी वस्तु को उसकी अपनी जगह पर रखना ; **—ся** (आत्म०) बसना ; водворя́ть का आत्म०।

води́тель (पुं०) ड्राइवर ; चालक ; **—ство** (नपुं०) नेतृत्व ; под —ством па́ртии पार्टी के नेतृत्व में।

води́ть (अपू०), **вести́** (अपू०) (निश्चित दिशा को веду́, ведёшь), **по-вести́** (पू०) १. ले जाना ; (गाड़ी आदि) चलाना ; в. по́езд रेलगाड़ी चलाना ; २. (पर से) गुज़रना ; ३. दे० вести́ ; □ в. дру́жбу с кем-л. किसीसे मित्रता करना।

води́ться (आत्म० अपू०) १. संग-साथ रखना, उठना-बैठना ; (बच्चों का) खेलना ; я с тобо́й не вожу́сь मैं तुम्हारे साथ नहीं खेलूँगा ; २. मिलना ; होना ; в реке́ во́дится ры́ба नदी में मछली मिलती है ; नदी में मछली है ; так у нас во́дится हमारे यहाँ यह प्रथा है।

во́дк||а (स्त्री०) वोदका ; □ дать на —у बख़्शीश देना।

во́дник (पुं०) जल-परिवहन का कर्मचारी।

во́дный (वि०) १. вода́ से वि० ; в. тра́нспорт जल-परिवहन ; २. जलीय।

водобоя́знь (स्त्री०) जलसंत्रास (एक रोग जिसमें जल से डर लगता है।

водовмести́лище (नपुं०) बाँध।

водово́з (पुं०) जलवाहक।

водоворо́т (पुं०) जलावर्त ; भँवर।

водоём (पुं०) बाँध ; (पानी का) जलाशय ; हौज़ ; चहबच्चा।

водока́чка (स्त्री०) जल-पम्पघर।

водола́з (पुं०) १. गोताख़ोर ; २. एक प्रकार का

.कुत्ता ; **—ный** (वि०) गोता/डुबकी लगाने का।

водолечé||бница (स्त्री०) जल-चिकित्सालय ; **—ние** (नपुं०) जल-चिकित्सा ; पानी का इलाज।

водомéр (पुं०) जलमापी।

водонапóрн||ый (वि०) : —ая бáшня जल-मीनार।

водонепроницáем||ость (स्त्री०) जलाभेद्यता ; **—ый** (वि०) जलाभेद्य।

водонóс (पुं०) १. पानी ढोने की बहँगी २. कहार।

водоотвóдный (पुं०) जल-निकास का।

водопáд (पुं०) उदपात ; जलप्रपात ; झरना।

водоплáвающ||ий (वि०) पानी में तैरनेवाला ; —ие птúцы पानी में तैरनेवाले पक्षी।

водоподъёмн||ый (वि०) : —ая машúна पानी ऊपर खींचने का पम्प।

водопóй (पुं०) (नदी या झील आदि पर) पशुओं के पानी पीने का स्थान।

водопровóд (पुं०) पानी का नल ; **—ный** (वि०) —ная стáнция जलकल-स्थान।

водоразбóрный кран : पानी का बम्बा।

водораспределúтель (पुं०) जलवितरण-यन्त्र।

водорóд (पुं०) (रस०) उदजन ; हाइड्रोजन।

вóдоросль (स्त्री०) पानी में उगनेवाला पौधा।

водоснабжéние (नपुं०) जल-सम्भरण।

водостóк (पुं०) प्रणाली ; निकास-नाली।

водоупóрный (वि०) जलाभेद्य।

водохранúлище (नपुं०) १. बाँध २. जलाशय ; हौज।

водочерпáлка (स्त्री०) पानी निकालने का इंजन ; रहट।

вóдочный (वि०) वोदका का ; в. завóд वोदका बनाने का कारखाना।

водружáть (अपू०), **водрузúть** (पू०) १. निर्माण करना ; बनाना ; २. (झंडा) फहराना।

вóды (बहु०) १. स्वास्थ्यप्रद स्थान ; २. खनिज जल।

водянúстый (वि०) जलमय ; पनीला।

водя́нка (स्त्री०) जलोदर ; जलन्धर (एक रोग)।

водян||óй (वि०) водá से वि०; —ая мéльница पनचक्की।

воевáть (अपू०) (वर्त० вою́ю, вою́ешь) (с) १. युद्धरत होना ; युद्ध करना ; २. लड़ना ; झगड़ना।

воевóда (पुं०) वोयेवोदा ; सेनासंचालक (प्राचीन रूस में प्रान्त का अध्यक्ष)।

воедúно (क्रि० वि०) इकट्ठा ; собрáть в. इकट्ठा करना।

военачáльник (पुं०) सेनापति ; कमांडर।

военкóм (воéнный комиссáр) सैनिक कमीसार

воéнно-воздýшны||й (वि०) —е сúлы हवाई शक्ति।

воéнно-морскóй (वि०) नौसैनिक।

военнообя́занный (पुं०) (वि० रू०) (आरक्षित सेना का) सिपाही।

военноплéнный (पुं०) (वि० रू०) युद्धबन्दी।

военнополевóй (वि०) в. суд सैनिक अदालत ; कोर्ट मार्शल।

военнослýжащий (पुं०) (वि० रू०) सैनिक ; सिपाही।

воéнн||ый (वि०) **I.** युद्ध का ; सेना का ; सैनिक —ая наýка युद्ध-विद्या ; —ое искýсство युद्ध-कला ; —ое врéмя युद्ध-काल ; в. суд सैनिक अदालत ; कोर्ट मार्शल ; **II.** (संज्ञा) (वि० रू०) सैनिक ; सिपाही।

военрýк (воéнный руководúтель) सैनिक शिक्षक।

вожáк (पुं०) १. नेता ; २. पथ-प्रदर्शक।

вожделéн||ие (नपुं०) उत्कट इच्छा ; उत्कंठा ; लालसा ; **—ный** (वि०) इष्ट।

вождь (पुं०) नेता ; (सेना का) कप्तान ; किसी जाति का नेता ; सरदार।

вóжжи (बहु०) (घोड़े की) लगाम ; отпустúть в. लगाम छोड़ना।

воз-I (पुं०) १. छकड़ा ; ठेला ; २. छकड़े का भार ; छकड़ा-भर ; ढेर ; □ что с —а упáло, то

пропáло अब पछताये होत क्या जब चिड़ियां चुग गयीं खेत ।

воз-, вос- (क्रि० उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. ऊपर को गति ; जैसे возлетéть ऊपर को उड़ना ; २. 'फिर से' का अर्थ ; जैसे воспроизводи́ть फिर से उत्पादन करना ; ३. कार्यारम्भ सूचित करने का अर्थ ; जैसे возненави́деть घृणा करने लगना ।

возбраня́||ть (अपू०) मना करना ; निषेध करना ; **—ться** (आत्म०) मना होना ; निषिद्ध होना ; э́то не —ется यह मना नहीं है ।

возбуди́||мость (स्त्री०) उत्तेजनीयता ; **—мый** उत्तेजना-योग्य ; उत्तेजनीय **—тель** (पुं०) उत्तेजक ; उद्दीपक ।

возбужд||áть (अपू०), **возбуди́ть** (पू०) १. उत्तेजित करना ; जागृत करना ; в. любопы́тство कौतूहल जागृत करना ; २. (किसीके विरुद्ध) उकसाना ; भड़काना ; ३. उठाना ; в. вопрóс प्रश्न उठाना; в. иск прóтив когó-л. किसी पर नालिश करना ; **—áться** (आत्म० अपू०) **возбуди́ться** (आत्म० पू०) १. उत्तेजित होना ; २. возбуждáть का कर्मवाच्य ; **—áющий :** १. возбуждáть से कृदन्त ; २. (वि०) उत्तेजित ; **—éние** (नपुं०) उत्तेजना ।

возведéние (नपुं०) १. (भवन का) निर्माण ; २. в. во вторýю стéпень दूसरी शक्ति से गुणा करना ।

возвели́чивать (अपू०), **возвели́чить** (पू०) प्रशंसा करना ; बढ़ाकर कहना ; в. до небéс आकाश पर चढ़ाना ।

возвести́ दे० возводи́ть.

возвещáть (अपू०), **возвести́ть** (पू०) (भवि० возвещý, возвести́шь) घोषणा करना ; एलान करना ।

возводи́ть (अपू०), **возвести́** (पू०) १. निर्माण करना ; बनाना ; २. पदोन्नति करना ; उच्च पद पर बैठाना ; в. на престóл सिंहासन पर बैठना ; ३. (गणित) : в. во вторýю стéпень दूसरी शक्ति से गुणा करना ; ४. (नेत्र, हाथ) उठाना ; खड़ा करना ; ५. उद्‌गम निर्धारित करना ; ☐ в. что-л. в при́нцип नियम बनाना ।

возврáт (पुं०) पुनरागति ; वापसी ; पुनरागमन ; (फिर से) अदायगी ; (खर्चा) वापस मिल जाना ; в. болéзни रोग का पुनराक्रमण ; **—ный** (वि०) आवर्ती ; बार-बार आनेवाला ।

возвращáть (अपू०), **возврати́ть** (पू०) (भवि० возвращý, возврати́шь) वापस करना ; लौटाना ; वापस भेजना ; खर्चा लौटाना ; в. зрéние комý-л. किसीकी दृष्टि लौटा देना अर्थात् किसीकी आँखें ठीक कर देना ; **—ся** (आत्म०) १. वापस आना ; लौटना ; —ся к тéме विषय पर वापस आना ; २. возвращáть का कर्मवाच्य ।

возвращéние (नपुं०) वापसी ; पुनरावर्तन ; बार-बार होने की क्रिया ; в. домóй घर को वापसी ।

возвышáть (अपू०), **возвы́сить** (पू०) (भवि० возвы́шу, возвы́сишь) ऊँचा करना ; उठाना ; गुणा करना ; ☐ в. гóлос आवाज उठाना ; в. в стéпень दे० возводи́ть-३; **—ся** (आत्म०) १. ऊँचा उठना ; बढ़ जाना ; २. प्रभुत्व होना ; ३. возвышáть का कर्मवाच्य ।

возвышéние (नपुं०) १. ऊँचा करने, उठाने की क्रिया ; उन्नयन ; २. उच्च स्थान ; उच्चासन ; मंच ।

возвы́шенн||ость (स्त्री०) (पर्वत की) ऊँचाई ; (विचारों की) उच्चता ; **—ый** (वि०) उच्च ।

возглавля́ть (अपू०), **возглáвить** (पू०) (भवि० возглáвлю, возглáвишь) संचालन करना ; नेता बनना ; अग्रणी बनना ; **—ся** (आत्म०) (-के) नेतृत्व में होना , (-के) निर्देशन में होना ।

вóзглас (पुं०) (विस्मय०) उत्क्रोश ; चीत्कार ; चीख ; किलकारी ; в. рáдости प्रसन्नता की किलकारी ।

возглаш||áть (अपू०), **возгласи́ть** (पू०) (भवि० возглашý, возгласи́шь) घोषणा करना ; एलान करना ; **—éние** (नपुं०) घोषणा ; एलान ।

возгóн||ка (स्त्री०) ऊर्ध्वपातन ; भाप में बदलना : **—я́ть** (अपू०) ऊर्ध्वपातन करना ; भाप में बदलना ।

возгорáем||ость (स्त्री०) ज्वलनशीलता ; **—ый** (वि०) ज्वलनशील ।

возгорáться (आत्म० अपू०), **возгорéться** (आत्म० पू०) भभक उठना ; प्रज्वलित हो उठना ।

возгорди́ться (आत्म० पू०) (भवि० возгоржýсь, возгорди́шься) गर्व करना ।

возгорéться दे० возгорáться.

воздавáть (अपू०), **воздáть** (पू०) (भवि० воздáм, воздáшь) в. почести́ सम्मान करना; बदला चुकाना ; в. комý-л. по заслýгам किसीकी सेवाओं का बदला चुकाना ।

воздаяние (नपुं०) प्रतिफल ; निष्कृति ; बदला ।

воздвигáть (अपू०), **воздви́гнуть** (पू०) निर्माण करना ; बनाना ; в. пáмятник स्मारक बनाना ; в. здáние भवन बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. воздвигáть का कर्मवाच्य; २. निर्मित होना ।

воздевáть (अपू०), **воздéть** (पू०) (भवि० воздéну, воздéнешь) (काव्य०) (ऊपर) उठाना ; в. рýки हाथ उठाना ।

воздéйств||ие (नपुं०) प्रभाव ; физи́ческое в. दबाव ; ज़बर्दस्ती ; окáзывать в. प्रभाव डालना; сдéлать что-н. под —ием когó-н. किसीके प्रभाव में आकर कुछ करना ; **—овать** (अपू० और पू०) (—ствую) प्रभाव डालना; दबाव डालना : —овать си́лой ज़बर्दस्ती करना ।

воздéлывать (अपू०), **воздéлать** (पू०) जोतना ; в. зéмлю भूमि जोतना ।

воздержáние (नपुं०) १. विरति ; परहेज़ ; मद्य-विरति ; शराब से परहेज़ ; २. इन्द्रिय-दमन ; संयम ; निग्रह ।

воздéрж||(ан)ность (स्त्री०) संयति ; मद्य-विरति ; **—анный** (वि०) संयमी ; विरत ; निग्रही ; **—иваться** (आत्म० अपू०), **воздержáться** (आत्म० पू०) विरत रहना ; परहेज़ करना ; अलग रहना ; बचे रहना ; दूर रहना ; —иваться от голосовáния राय देने से अलग रहना ; он не мог —áться वह ऐसा किये बिना न रह सका ।

воздéть दे० воздевáть.

вóздух (पुं०) वायु ; हवा ; □ войнá в —е हवाई युद्ध ; на (откры́том) —е खुली हवा में ; вы́йти на в. खुली हवा में जाना ; носи́ться в —е हवा में उड़ना ; हवा में आना ।

воздухомéр (पुं०) वायुमापी ।

воздýшн||ость (स्त्री०) हल्कापन ; **—ый** (वि०) १.हवाई ; —ая пóчта हवाई डाक ; —ый шар गुब्बारा ; —ый флот हवाई बेड़ा ; —ая атáка हवाई हमला ; —ый насóс हवा भरने का पम्प ; २. हल्का ; □ —ые зáмки हवाई क़िले ।

воззвáние (नपुं०) अपील ; в. к рабóчему клáссу श्रमिक-वर्ग से अपील ।

воззвáть दे० взывáть.

воззрéние (नपुं०) विचार ; राय ; दृष्टिकोण ।

воззри́ться (आत्म० पू०) घूरना ; टकटकी बाँध-कर देखना ।

вози́ть, везти́ (अपू०), **повезти́** (पू०) १. ढोना ; (गाड़ी आदि में) ले जाना ; लाना ; २. (घोड़ा आदि का गाड़ी) खींचना ।

вози́ться (आत्म० अपू०) १. (बच्चों का) हुड़दंग मचाना ; शोरगुल करना ; в. углý ктó-то вóзится कोने में कोई व्यस्त है ; २. (परिश्रम से अथवा कष्ट उठाकर) कोई काम करना ।

вóзка (स्त्री०) ढुलाई ; वहन ; в. на телéге गाड़ी पर ढुलाई ।

возлагáть (अपू०), **возложи́ть** (पू०) (पर) धरना ; रखना ; सौंपना ; в. венóк на моги́лу समाधि पर फूल चढ़ाना ; в. поручéние на когó-л. किसीको कोई काम सौंपना ; в. надéжды आशाएँ रखना ; в. винý на когó-л. किसी पर दोष थोपना ।

вóзле (क्रि० वि०) समीप ; पास ; в. негó उसके समीप/पास ।

возлежáть (अपू०), **возлéчь** (पू०) (भवि० возля́гу, возля́жешь) लेटना ; विश्राम करना ।

возлияние (नपुं०) (देवताओं को शराब आदि) भेंट चढ़ाना ।

возложи́ть दे० возлага́ть.

возлю́бленн||ая (स्त्री०) (वि० रू०) प्रेमिका; प्रेयसी; प्रिया; **—ый** (पुं०) (वि० रू०) प्रेमी; प्रियतम; प्रिय।

возме́здие (नपुं०) १. प्रतिफल; बदला; २. दंड।

возмести́ть दे० возмеща́ть.

возмечта́ть (पू०): в. о себе́ अपने आपको बहुत-कुछ समझना; हवा में उड़ना।

возмеща́ть (अपू०), **возмести́ть** (पू०) (भवि० возмещу́, возмести́шь) पूर्ति करना; प्रतिकार करना; हर्जाना देना; в. кому́-л. расхо́ды किसीको खर्चा लौटाना।

возмеще́ние (नपुं०) क्षतिपूर्ति; हर्जाना; प्रतिकार।

возмо́жно (क्रि० वि०) यथासम्भव; в. скоре́е यथासम्भव शीघ्र।

возмо́жн||ость (स्त्री०) १. सम्भावना; २. सुअवसर; अवसर; дава́ть, предоставля́ть кому́-л. —ость किसीको अवसर देना; ३. साधन; материа́льные —ости भौतिक साधन; □ по (ме́ре) —ости यथासम्भव; **—ый** (वि०) सम्भव।

возмужа́л||ость (स्त्री०) वयःप्राप्ति; पुरुषत्व को प्राप्त होना; परिपक्वता; **—ый** (वि०) वयःप्राप्त; परिपक्व।

возмужа́ть (अपू०) परिपक्वता को प्राप्त करना; परिपक्व होना; वयःप्राप्त होना।

возмути́тельный (वि०) तैश दिलानेवाला; उत्तेजक।

возмуща́ть (अपू०), **возмути́ть** (पू०) (भवि० возмущу́, возмути́шь) १. विद्रोह कराना; (के विरुद्ध) भड़काना; हलचल पैदा करना; २. शान्ति भंग करना; तैश दिलाना; उत्तेजना दिलाना; **—ся** (आत्म०) उत्तेजित होना; तैश में आना; विद्रोह करना।

возмуще́ние (नपुं०) १. तैश; रोष; उत्तेजना; २. विद्रोह; विप्लव; उथल-पुथल; उद्वेग।

вознагражд||а́ть (अपू०), **вознагради́ть** (पू०) (भवि० вознагражу́, вознагради́шь) पुरस्कार देना; प्रतिफल देना; क्षतिपूर्ति करना; **—е́ние** (नपुं०) पुरस्कार; शुल्क; पारिश्रमिक।

вознегодова́ть (पू०) (—ду́ю) रोष प्रकट करना; रोषाविष्ट होना; в. на несправедли́вость अन्याय पर रोष (मन्यु) व्यक्त करना।

возненави́деть (पू०) (भवि० возненави́жу, возненави́дишь) (किसीसे) घृणा करना; नफ़रत करना।

вознести́(сь) दे० возноси́ть(ся).

возник||а́ть (अपू०), **возни́кнуть** (पू०) उठना; उत्पन्न होना; प्रकट होना; у него́ возни́кла мысль उसको एक विचार सूझा; у него́ возни́кло чу́вство उसमें एक भावना जागी; но́вые города́ —а́ют по всей стране́ देश भर में नये-नये नगर अस्तित्व में आ रहे हैं; вопро́с не —а́ет प्रश्न ही नहीं उठता; **—нове́ние** (नपुं०) मूल; आरम्भ; स्रोत; **—нуть** दे० возника́ть.

возни́ца (पुं०) कोचवान।

возноси́ть (अपू०), **вознести́** (पू०) (काव्य०) उठाना; ऊँचा उठाना।

возноси́ться (आत्म० अपू०) **вознести́сь** (आत्म० पू०) १. उठना; ऊँचा उठना; २. घमंड करना।

возня́ (स्त्री०) १. कोलाहल; हुड़दंग; शोर-गुल; २. कष्ट; दुःख।

возобнов||и́ть(ся) दे० возобновля́ть(ся); **—ле́ние** (नपुं०) नवीकरण; पुनरारम्भ; फिर से आरम्भ करने की क्रिया।

возобновля́ть (अपू०), **возобнови́ть** (पू०) (भवि० возобновлю́, возобнови́шь) नवीकरण करना; फिर से आरम्भ करना; **—ся** (आत्म०) १. फिर से आरम्भ होना; २. возобновля́ть का कर्मवाच्य।

возо́к (पुं०) बन्द स्लैज।

возомни́ть (पू०) □ в. о себе́ अपने आपको बहुत-कुछ समझना; अहंकार करना।

возраж||áть (अपू०), **возразúть** (पू०) (भवि० возражу́, возрази́шь) आपत्ति उठाना; एतराज़ करना; विरोध करना; прóтив э́того нéчего бы́ло возрази́ть इसके विरोध में कुछ नहीं कहा जा सकता था; не —áю मुझे कोई आपत्ति नहीं; **—éние** (नपुं०) आपत्ति; एतराज़; विरोध; (कड़ा) प्रत्युत्तर।

вóзраст (पुं०) आयु; одногó —а समवयस्क; एक ही आयु के; в —е ......की आयु में।

возраст||áние (नपुं०) वृद्धि; बढ़ोतरी; **—áть** (अपू०), **возрастú** (पू०) बढ़ना; (में) वृद्धि होना; капитáл —áет पूंजी में वृद्धि हो रही है।

возрастнóй, вóзрастный (वि०) आयु-सम्बन्धी।

возрождáть (अपू०), **возродúть** (पू०) (भवि० возрожу́, возроди́шь) १. पुनर्जीवित करना; в. к жи́зни पुनर्जीवित करना; नये प्राण डालना; **—ся** (आत्म०) १. पुनर्जीवित होना; २. возрождáть का कर्मवाच्य;

возрождéние (नपुं०) पुनर्जन्म; पुनरुत्थान।

вóзчик (पुं०) ढोनेवाला।

возымéть (पू०) १. पाना; в. успéх सफलता पाना; २. (इच्छा, इरादा आदि) करना; в. желáние इच्छा करना; в. намéрение इरादा करना।

возьму́ दे० брать.

вóин (पुं०) योद्धा; सिपाही; सैनिक; **—ский** (वि०) सैनिक; सेना-सम्बन्धी; —ский пóезд सैनिक गाड़ी।

воúнственн||о (क्रि० वि०) быть в. настрóенным युयुत्सु होना; रणोद्यत होना; **—ость** (स्त्री०) युद्ध की भावना; रणप्रियता; युयुत्सा; **—ый** (वि०) युद्धप्रेमी; युयुत्सु।

вóинство (नपुं०) सेना; सेना-शक्ति।

воúнствующий (वि०) युद्धरत; लड़ाकू।

воúстину (क्रि० वि०) वास्तव में; सचमुच।

вой (पुं०) (केवल एकवचन) (भेड़िये, कुत्ते आदि की) लम्बी चीख़; हवा के साँय-साँय करने का शब्द।

вóйло||к (पुं०) नमदा; **—чный** (वि०) नमदे का।

войн||á (स्त्री०) युद्ध; граждáнская в. गृहयुद्ध; мировáя в. विश्वयुद्ध; начaлáсь в. युद्ध छिड़ गया; объяви́ть —у́ युद्ध की घोषणा करना; вести́ —у́ युद्ध करना।

вóйско (नपुं०) सेना; फ़ौज; **—вóй** (वि०) सेना का; —вáя часть सेना की टुकड़ी।

войтú दे० входи́ть.

вокáбулы (बहु०) शब्द-भंडार।

вокáльный (वि०) वाचिक; कंठ-।

вокзáл (पुं०) (रेलवे) स्टेशन; **—ьный** (वि०) (रेलवे) स्टेशन का।

вокру́г (क्रि० वि०) चारों ओर; इर्द-गिर्द; в. свéта दुनिया के चारों ओर; दुनिया भर में।

вол (पुं०) बैल।

волáн (पुं०) (औरतों के घाघरे की) झालर; १. शटलकॉक (बैडमिंटन खेलने की चिड़िया)।

волды́рь (पुं०) छाला; फफोला; फोड़ा।

волейбóл (पुं०) वॉलीबाल (खेल)।

вóлей-невóлей (क्रि० वि०) जैसे-तैसे; अनिच्छा-पूर्वक।

вóлжский (वि०) वोल्गा का।

волк (पुं०) भेड़िया; □ в. в овéчьей шку́ре भेड़ की खाल में भेड़िया; с —áми жить, по-вóлчьи выть जैसा देश वैसा वेश।

волкодáв (पुं०) भेड़िये का शिकार करनेवाला कुत्ता।

волн||á (स्त्री०) तरंग; हिलोर; большáя в. बड़ी तरंग; длинá —ы तरंग-दैर्घ्य।

волнéние (नपुं०) १. (पानी पर) तरंगों का उठना; भावावेश; क्षोभ; हलचल; २. उपद्रव; दंगा।

волнúст||ый (वि०) घुँघरदार; घुँघराला; —ые вóлосы (घुँघराले) घुँघरदार बाल।

волновáть (अपू०), **взволновáть** (पू०) (—ну́ю) उत्तेजना दिलाना; हलचल पैदा करना; क्षुब्ध करना; तंग करना; **—ся** (आत्म०) आवेश में आना; उत्तेजित होना; क्षुब्ध होना; चिन्तित होना।

волнов||óй (विं॰) तरंग का ; —áя теóрия तरंग-सिद्धान्त ।

волно||лóм (पुं॰) बाँध ; **—мéр** (पुं॰) तरंगमापी ।

волнообрáзн||ый (वि॰) ऊर्मिल ; —ая повéрхность ऊर्मिल सतह ।

волóв||ий (वि॰) вол से वि॰ ; बैल का ; —ья шкýра बैल की खाल ।

волокúта (स्त्री॰) **I.** लालफ़ीताशाही ; फ़ाइल-परस्ती ; नियमों आदि की ओर अत्यधिक ध्यान देने का कार्य ; **II.** स्त्रियों के पीछे घूमनेवाला ।

волокúтчик (पुं॰) लालफ़ीताशाह ; फ़ाइल-परस्त ।

волокнúстый (वि॰) रेशेदार ; в. лён रेशेदार सन ।

волокнó (नपुं॰) रेशा ।

волонтёр (पुं॰) स्वयंसेवक ।

вóлос (पुं॰) केश ; बाल ; кóнский в. घोड़े का बाल ; седы́е —ы सफ़ेद बाल ; □ —ы станóвятся ды́бом रोंगटे खड़े होना ; रोमांच होना ; рвать на себé —ы सिर धुनना ; **—áтый** (वि॰) रोएँदार ; **—úстый** (वि॰) रेशेदार ; **—нóй** (वि॰) केशिका- ; **—ность** (स्त्री॰) केशिकत्व ।

волос||óк (पुं॰) १. केश ; बाल ; २. घड़ी की एक बहुत महीन कमानी ; (बिजली के बल्ब आदि में का) तन्तु ; быть на в. от чегó-л. बाल-बाल बचना ; не трóнуть —кá у когó-л. किसीका बाल बाँका न कर सकना ।

волостнóй (वि॰) вóлость का वि॰ ।

вóлость (स्त्री॰) वोलोस्त (छोटा देहाती ज़िला) ।

волосянóй (वि॰) вóлос से वि॰ ।

волоч||éние (नपुं॰) १. घसीटने या खींचने की क्रिया ; २. (धातु आदि के) तार खींचने की क्रिया ; **—úть** (अपू॰) १. घसीटना ; в. мешóк с зернóм अनाज की बोरी घसीटना ; цéлый год егó —úли по судáм पूरे एक वर्ष तक वह अदालतों के चक्कर काटता रहा ; २. (धातु आदि से) खींचकर तार बनाना ; **—úться** (आत्म॰) घसीटा जाना ; (किसीके पीछे) चक्कर काटना ।

волхв (पुं॰) जादूगर ।

волчáнка (स्त्री॰) एक प्रकार का चर्म रोग ।

вóлч||ий (वि॰) волк से वि॰ ; —ья шýба भेड़िये की खाल का कोट ।

волчúха, волчúца (स्त्री॰) मादा भेड़िया ।

волч||óк (पुं॰) लट्टू ; вертéться —кóм ल ू की भाँति चक्कर काटना ।

во[illegible]ок (पुं॰) भेड़िये का बच्चा ।

во[illegible]ик (पुं॰) जादूगर ; मायावी ; [illegible]क ; **—ница** (स्त्री॰) जादूगरनी ; [illegible]विनी ; **—ный** (वि॰) जादुई ; जादू का ; **—ство** (नपुं॰) जादू ; по —ствý जादू से ।

волы́нк||а (स्त्री॰) १. मसक बाजा ; २. (केवल एकवचन) टाल ; тянýть —у काम की टाल करना ; टालना ; काम में देर करना ।

вольгóтн||о (क्रि॰ वि॰) स्वतन्त्रतापूर्वक ; **—ый** (वि॰) स्वतन्त्र ; —ое житьё स्वतन्त्र जीवन ।

вóльн||ая (स्त्री॰) (वि॰ रू॰) मताधिकार-पत्र ; давáть комý-л. —ую किसीको स्वतन्त्रता देना ; **—ица** (बहु॰) (समू॰) स्वतन्त्र जन ।

вóльничать (अपू॰) (किसीके साथ) बेतक़ल्लुफ़ी का बर्ताव करना ; धृष्टता दिखाना ।

вóльно (क्रि॰ वि॰) यथेच्छा ; स्वतन्त्रतापूर्वक ; स्वाधीनता से ।

вольнодýм||ец (पुं॰) स्वतन्त्र विचारक ; स्वतन्त्र नेता ; **—ный** (वि॰) स्वतन्त्र विचार का; **—ство** (नपुं॰) स्वतन्त्र विचार ।

вольнолюбúвый (वि॰) स्वतन्त्रता-प्रेमी ।

вольномы́слие (नपुं॰) स्वतन्त्र विचार ।

вольнонаёмный (वि॰) असैनिक ; जो सरकार की नौकरी न करता हो ।

вольноопределя́ющийся (पुं॰) (वि॰ रू॰) स्वयंसैनिक ।

вольноотпýщенный (वि॰) (दास, ग़ुलाम के विषय में) स्वतन्त्र किया हुआ ; आज़ाद किया हुआ ।

вольнослýшатель (पुं॰), **—ница**

(स्त्री०) (क्रान्ति-पूर्व) वह विद्यार्थी जिसे कालेज में बिना दाखिले के लेक्चर सुनने की इजाजत मिल गयी हो।

во́льн||ость (स्त्री०) स्वतन्त्रता; स्वाधीनता; **—ый** (वि०) १. स्वतन्त्र; स्वाधीन; अनियन्त्रित; खुला; —ая прода́жа खुली बिक्री; २. धृष्ट; बेलगाम; —ое поведе́ние धृष्टता का व्यवहार; □ на —ом во́здухе खुली हवा में।

вольт (पुं०) **I.** (भौ०) वोल्ट; **II.** (खेल में) छलाँग; कुदान।

вольт||а́ж (पुं०) (भौ०) वोल्टता; **—а́метр** (पुं०) विश्लेषण-धारामापी; **—ме́тр** (पुं०) वोल्टमापी।

вольфра́м (पुं०) वुल्फ्रम।

во́л||я (स्त्री०) १. इच्छा; संकल्प; свобо́дная в. स्वतन्त्र इच्छा; मर्जी; си́льная в. दृढ़ संकल्प; २. स्वतन्त्रता; स्वाधीनता; он на —е वह स्वतन्त्र है; отпуска́ть на —ю स्वतन्त्र करना; □ в. ва́ша आपकी इच्छा; не по свое́й —е अपनी इच्छा के विरुद्ध; на —ю (на све́жий во́здух) खुली हवा में।

вон (क्रि० वि०) **I.** बाहर; вы́йти в. बाहर जाना; вы́гнать в. बाहर निकाल देना; (बाहर) भगा देना; в. отсю́да! пошёл в.! निकल जा! भाग जा! в. его́! उसको बाहर निकाल दो; □ э́то у меня́ (совсе́м) из ума́ в. मैं तो इसे बिल्कुल भूल गया; **II.** वहाँ; в. там वहाँ सामने।

вонза́ть (अपू०), **вонзи́ть** (पू०) (छुरा आदि) घोंपना; भोंकना; **—ся** (आत्म०) вонза́ть का कर्मवाच्य।

вон||ь (स्त्री०) दुर्गन्ध; बदबू; стои́т в. बदबू आ रही है; **—ю́чий** (वि०) दुर्गन्धयुक्त; बदबूदार; **—ю́чка** (स्त्री०) अमरीका देश का स्कंक नामक एक मांस-भक्षी पशु; **—я́ть** (अपू०) दुर्गन्ध देना; बदबू देना।

воображ||а́емый (वि०) काल्पनिक; कल्पित; —а́емая ли́ния कल्पित रेखा; **—а́ть** (अपू०), **вообрази́ть** (पू०) (भवि० вообража́у, вообрази́шь) कल्पना करना; вообрази́те! कल्पना कीजिए! **—а́ться** (आत्म०) **вообрази́ться** (आत्म० पू०) १. दिखायी पड़ना; २. вообража́ть का कर्मवाच्य; **—е́ние** (नपुं०) कल्पना।

вообраз||и́мый (वि०) कल्पना-योग्य; कल्पनीय; **—и́ть(ся)** दे० вообража́ть(ся).

вообще́ (क्रि० वि०) १. सामान्यतः; साधारणतः; आम तौर पर; २. सदा; он в. тако́й वह सदा ऐसा ही है; ३. कदापि; बिल्कुल; он в. не приде́т वह कदापि नहीं आयेगा।

воодушеви́ть(ся) दे० воодушевля́ть(ся).

воодушевле́ние (नपुं०) १. अनुप्राणित करने की क्रिया; २. जोश; उत्साह।

воодушевля́ть (अपू०), **воодушеви́ть** (पू०) (भवि० воодушевлю́, воодушеви́шь) अनुप्राणित करना; प्रोत्साहित करना; **—ся** (आत्म०) अनुप्राणित होना; प्रोत्साहित होना।

вооружа́ть (अपू०), **вооружи́ть** (पू०) १. सशस्त्र करना; शस्त्र-सज्जित करना; सोपस्कर करना; २. भड़काना; **—ся** (आत्म०) शस्त्र-सज्जित होना; शस्त्र धारण करना; सोपस्कर होना।

вооруж||е́ние (नपुं०) सशस्त्रीकरण; उपस्करण; योधन-शक्ति; **—ённый:** १. вооружа́ть से कृदन्त; २. सशस्त्र; सोपस्कर; **—и́ть(ся)** दे० вооружа́ть(ся)

воо́чию (क्रि० वि०) स्वयं; अपनी आँखों से।

во-пе́рвых (क्रि० वि०) सर्वप्रथम; सबसे पहले।

вопи́ть (अपू०) सिसकियाँ भरना; चीखना; चिल्लाना; रोना; ребёнок не перестаёт в. बच्चा रोना बन्द नहीं करता।

вопию́щ||ий (वि०) लज्जाजनक; निन्दनीय; घोर; —ая несправедли́вость घोर अन्याय; в. факт लज्जाजनक बात; —ее безобра́зие घोर लज्जा; —ее противоре́чие घोर अन्तर्विरोध।

воплоща́ть (अपू०), **воплоти́ть** (पू०) (भवि० воплощу́, воплоти́шь) साकार करना; मूर्तिमन्त करना; मानवीकरण करना; सिद्ध करना; в. в себе́ (-की) प्रतिमा होना; в. в жизнь **—ся** (आत्म०) १. साकार होना; प्रतिमूर्ति/प्रतिमा होना; शरीर धारण करना; अवतार लेना;

воплощáть का कर्मवाच्य ।

воплощéние (नपुं०) अवतार ; मूर्ति ; साक्षात्कार ; सिद्धि ; он в. здорóвья वह स्वास्थ्य की प्रतिमूर्ति/प्रतिमा है ।

вопль (पुं०) चीख़ ; विलाप ; सिसकी ।

вопреки́ (अ०) (के) बावजूद ; तो भी ; (के) विपरीत ; (की) परवाह न करते हुए ; в. всем прáвилам नियमों की परवाह न करते हुए ; в. дáнному слóву अपने वायदे के बावजूद ।

вопрóс (पुं०) प्रश्न ; सवाल ; मामला ; задáть в. प्रश्न पूछना ; в. не в э́том प्रश्न यह नहीं ; подня́ть в. प्रश्न उठाना ; в. жи́зни и смéрти जीवन और मृत्यु का प्रश्न ; **—и́тельный** (वि०) प्रश्नसूचक ; в. знак प्रश्नसूचक चिह्न (?) ; **—и́ть** दे० вопрошáть ; **—ник** (पुं०) प्रश्नावली ; प्रश्न-सूची ; **—ный** (वि०) : —ный лист प्रश्नावली ; प्रश्न-सूची ।

вопрошáть (अपू०), **вопроси́ть** (पू०) (भवि० вопрошу́, вопроси́шь) प्रश्न करना ; सवाल पूछना ।

вор (पुं०) चोर; ठग ; кармáнный в. जेबकतरा ; держи́те —а ! चोर पकड़ो !

вóрвань (स्त्री०) (केवल एकवचन) (मछली आदि का) तेल ; चर्बी ।

ворвáться दे० врывáться.

вори́шка (पुं०) टिकियाचोर ; ठग ।

воркова́‖ние (नपुं०) (कबूतर आदि के) गुटकने का शब्द ; कू-कू का शब्द ; **—ть** (अपू०) (—ку́ю) कू-कू करना ; (कबूतर आदि का) गुटकना ।

воркотня́ (स्त्री०) १. बड़बड़ाहट ; २. (कबूतरों की) गुटरगूँ ।

воробéй (पुं०) चिड़िया ।

воробьи́ный (वि०) चिड़िया का ।

ворóванный (वि०) चुराया हुआ ।

ворова́ть (अपू०) (वर्त० —ру́ю) चुराना ।

ворóв‖ка (स्त्री०) चोरटी ; ठगनी ; **—скóй** (वि०) вор से वि० ; —скóй притóн चोरों की गुफा ; **—ствó** (नपुं०) चोरी ; ठगी ; занимáться —ствóм चोरी करना ; चोरी का पेशा अपनाना ।

ворожба́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) जादू ; टोना ; अभिचार ; भविष्य बताना ; रमल लगाना ।

ворож‖ея́ (स्त्री०) जादूगरनी ; भविष्य बतानेवाली ; टोना करनेवाली ; रमल लगानेवाली ; **—и́ть** (अपू०), **поворожи́ть** (पू०) जादू करना ; भविष्य बताना ; रमल लगाना ।

вóрон (पुं०) काला कौवा ।

ворóна (स्त्री०) कौआ ; □ пу́ганая в. и кустá бои́тся दूध का जला छाछ फूँक-फूँककर पीता है ।

ворóний (वि०) कौवे का ।

ворóнка (स्त्री०) (तेल डालने की) कीप ।

воронообрáзный (वि०) कीप के आकार का ।

вóронов (वि०) вóрон से वि० ; цвет —а крылá कालास्याह ।

ворон‖óй (वि०) काला ; —áя лóшадь काला घोड़ा ।

вóрот (पुं०) १. कॉलर ; схвати́ть за в. कॉलर से पकड़ना ; २. चर्खी ; в. кáбельный (जहाज़ पर रसा लपेटने की) चर्खी ।

ворóта, воротá (बहु०) द्वार ; दरवाज़ा ; триумфáльные в. विजय-द्वार ।

вороти́ла (पुं०) बड़ा अधिकारी ; संचालक ।

вороти́ть (पू०) **I.** = верну́ть ; сдéланного не ворóтишь जो हो गया, सो हो गया ; **II.** १. в. нос (от) नाक सिकोड़ना ; २. = ворóчать ; **—ся** (आत्म०) लौटना ; वापस आना ।

воротни́к, вортничóк (पुं०) कॉलर ।

ворóтн‖ый (वि०) —ая вéна यकृत में रुधिर ले जानेवाली नलिका ।

воротóк (पुं०) रिंच ।

вóрох (पुं०) ढेर ; в. новостéй ढेर सारी सूचनाएँ ।

ворóчать (अपू०) १. हिलाना ; с трудóм в. кáмень कठिनता से पत्थर सरकाना ; в. больнóго с бóку на бок रोगी की करवट बदलना ;

२. मोड़ना ; घुमाना ; ३. नियन्त्रण करना ; संचालन करना ; **—ся** (आत्म०) १. मुड़ना ; करवटें बदलना ; हिलना ; सरकना ; २. воро́чать का कर्मवाच्य ।

вороши́ть (अपू०) हिलाना ; उलटना-पलटना ; в. се́но घास को उलटना-पलटना ।

ворс (पुं०) (केवल एकवचन) (कपड़े पर का) रोआँ ; **—и́нка** (स्त्री०) बाल ; रेशा ।

ворси́ть = ворсова́ть.

ворсова́ть (अपू०), (—су́ю) **ворси́ть** (पू०) (भवि० ворšу́, ворси́шь) (ऊन या सन आदि को) रोएँदार बनाना ।

ворч||а́ние (नपुं०) (कुत्ते की) गुर्राहट ; (व्यक्ति की) बड़बड़ाहट ; **—а́ть** (अपू०) (на) बड़बड़ करना ; (कुत्ते का) गुर्राना ; **—ли́вый** (वि०) बड़बड़ करनेवाला ; गुर्रानेवाला ; लड़ाका ।

ворчу́н (पुं०) **—ья** (स्त्री०) बड़बड़ करनेवाला/वाली ।

вос- दे० воз-.

во-своя́си (क्रि० वि०) घर को ; отпра́виться в. घर जाना ।

восемнадцатиле́тний (वि०) अष्टादशवर्षीय ; अठारह वर्ष का ।

восемна́дцат||ый (वि०) अठारहवाँ ; —ое апре́ля अप्रैल की अठारह तारीख़; अठारह अप्रैल ।

восемна́дцать (स्त्री०) अठारह ।

во́семь (गिनती) आठ ।

во́семьдесят (गिनती) अस्सी ।

во́семью (क्रि० वि०) आठ गुना ।

воск (पुं०) मोम ; натира́ть —ом मोम लगाना ।

воскли́кнуть दे० восклица́ть.

восклица́ние (नपुं०) उत्क्रोश ; किलकारी ।

восклица́тельный (वि०) в. знак विस्मयबोधक चिह्न (!) ।

восклица́ть (अपू०), **воскли́кнуть** (पू०) विस्मय से चिल्लाना ; उत्क्रोश करना ।

воско́вка (स्त्री०) मोमी काग़ज़ ।

воското́й (वि०) मोम का ; मोमी ।

воскрес||а́ть (अपू०), **воскре́снуть** (पू०) पुनर्जन्म लेना ; **—е́ние** (नपुं०) पुनर्जन्म ; पुनर्जीवन ।

воскресе́нье (नपुं०) रविवार ।

воскреси́ть दे० воскреша́ть.

воскре́снуть दे० воскреса́ть.

воскре́сный (वि०) रविवार का ; रविवारीय ; в. день रविवार का दिन ।

воскреш||а́ть (अपू०), **воскреси́ть** (पू०) (भवि० воскрешу́, воскреси́шь) १. पुनः जीवित होना ; पुनः प्राण-संचार होना ; पुनर्जन्म लेना ; २. अनुस्मरण करना ; पुनः जागृत करना ; воскреси́ть наде́жду फिर से आशा जगाना ; **—е́ние** (नपुं०) पुनर्जीवन ; पुनर्जन्म ; पुनरुत्थान ।

воскуря́ть (अपू०), **воскури́ть** (पू०) (धूप आदि) जलाना ।

воспале́ние (नपुं०) सूजन ; в. лёгких निमोनिया ; फेफड़ों की सूजन ।

воспалённый (वि०) सूजा हुआ ।

воспаля́ть (अपू०), **воспали́ть** (पू०) भड़काना ; उद्दीप्त करना ; प्रज्वलित करना ; в. стра́сти लालसाएँ उद्दीप्त करना ; **—ся** (आत्म०) भड़कना ; प्रज्वलित होना ; उद्दीप्त होना ।

воспева́ть (अपू०), **воспе́ть** (पू०) (प्रशंसा के गीत) गाना ; गुणगान करना ।

воспита́ние (नपुं०) शिक्षा ; लालन पालन ; प्रशिक्षण ।

воспи́т||анник (पुं०), **—анница** (स्त्री०) छात्र/छात्रा ; विद्यार्थी ; **—анный** (वि०) १. воспи́тывать से कृदन्त; २. (वि०) सुशिक्षित ; शिष्ट ; सुलालित ; ду́рно —анный कुशिक्षित ; दुर्ललित ।

воспит||а́тель (पुं०) अध्यापक ; शिक्षक ; он хоро́ший в. वह अच्छा शिक्षक है ; **—а́тельница** (स्त्री०) अध्यापिका; शिक्षिका; **—а́тельный** (वि०) शैक्षिक ; शिक्षा-सम्बन्धी ; **—а́тельский** (वि०) अध्यापक का ; शिक्षक का ।

воспи́тывать (अपू०), **воспита́ть** (पू०) शिक्षा देना ; प्रशिक्षण देना ।

воспламен||е́ние (नपुं०) प्रज्वलन ; **—я́емость** (स्त्री०) ज्वलनशीलता ; **—я́емый**

ज्वलनशील।

воспламеня́ть (अपू०), **воспламени́ть** (पू०) प्रज्वलित करना ; आग भड़काना ; **—ся** (आत्म०) प्रज्वलित होना ; भड़क उठना ; आग लग जाना।

восполня́ть (अपू०), **воспо́лнить** (पू०) पूर्ति करना ; भर देना ; в. пробе́лы क्षतिपूर्ति करना।

воспользова́ться (आत्म० पू०) (से) लाभ उठाना ; в. слу́чаем अवसर से लाभ उठाना।

воспомина́ние (नपुं०) १. अनुस्मरण ; स्मृति ; याद ; २. संस्मरण ; □ оста́лось одно́ в. याद बाक़ी है ; स्मृति शेष रह गयी है।

воспрепя́тствовать (पू०) (—ствую) विमुख करना ; हटाना ; रोकना ; रुकावट डालना।

воспрети́тельный (वि०) प्रतिषेधक ; в. зако́н प्रतिषेधक क़ानून।

воспре||ща́ть (अपू०), **воспрети́ть** (पू०) (भवि० воспрещу́, воспрети́шь) प्रतिषेध करना ; निषेध करना ; रोकना ; मना करना ; **—ща́ться** (आत्म०) (केवल अपू०) निषिद्ध होना; मना होना; кури́ть —ща́ется तम्बाकू पीना मना है; **—ще́ние** (नपुं०) निषेध; मनाही।

воспри́емни||к (पुं०) (चर्च में) धर्मपिता ; **—ца** (स्त्री०) (चर्च में) धर्ममाता।

восприи́мчив||ость (स्त्री०) ग्रहणशीलता ; ग्रहण-क्षमता ; **—ый** (वि०) ग्रहणशील ; ग्रहण-क्षम।

воспри||нима́емость (स्त्री०) (इन्द्रियों द्वारा) गोचरता ; अनुमेयता : विभाव्यता ; **—нима́емый** (वि०) (इन्द्रियों द्वारा) गोचर ; अनुमेय ; विभाव्य ; **—нима́ть** (अपू०), **восприня́ть** (पू०) (भवि० восприму́, воспри́мешь) (इन्द्रियों द्वारा) विभावन ; ग्रहण करना ; समझना ; **—я́тие** (नपुं०) बोध ; ज्ञान ; विभावन।

воспроизве́дение (नपुं०) १. पुनरुत्पादन ; २. नक़ल ; प्रतिरूप।

воспроизводи́ть (अपू०), **воспроизвести́** (पू०) (भवि० воспроизведу́, воспроизведёшь) १. पुनरुत्पादन करना ; २. अनुस्मरण करना; мы́сленно в. собы́тия ю́ности युवावस्था की घटनाओं का अनुस्मरण करना ; दोहराना ; в. чужи́е мне́ния दूसरों की राय दोहराना : ३. पुन:सृजन करना ; चित्रित करना ; худо́жник уда́чно воспроизводи́т приро́ду कलाकार ने प्रकृति को सफलतापूर्वक चित्रित किया है ; ४. फिर से छापना ; पुनर्मुद्रण ; **—ся (сь)** (आत्म०) १. फिर से स्मृति जाग उठना ; अनुस्मरण करना ; २. воспроизводи́ть का कर्मवाच्य।

воспроизво́дство (नपुं०) पुनरुत्पादन।

воспроти́виться दे० проти́виться

воспря́ну||ть (पू०) १. उत्साह से भर उठना ; २. जीवन का संचार होना ; जान आ जाना ; по́сле ю́жного со́лнца я оконча́тельно —л दक्षिण की धूप के पश्चात् आख़िरकार मुझमें फिर जीवन का संचार हो गया ; в. от сна नींद में एकदम जाग उठना।

вспыла́ть (पू०) भभक उठना ; भड़क उठना ; в. гне́вом क्रोध से भभक उठना।

восседа́ть (अपू०) (दरबार आदि में रस्मी तौर पर) आसन ग्रहण करना ; आसीन होना।

воссе́сть (पू०) (भवि० восся́ду, восся́дешь) в. на престо́л सिंहासन पर बैठना।

воссоедине́ние (नपुं०) पुनर्मिलन।

воссоединя́ть (अपू०), **воссоедини́ть** (पू०) पुन: मिलाना ; **—ся** (आत्म०) १. फिर से मिलना ; पुनर्मिलन होना ; २. воссоединя́ть का कर्मवाच्य।

воссоздава́ть (अपू०). **воссозда́ть** (पू०) (भवि० воссозда́м, воссозда́шь) पुनर्निर्माण ; फिर से बनाना ; в. в па́мяти अनुस्मरण करना ; **—ся** (आत्म०) воссоздава́ть का कर्मवाच्य।

восстава́ть (अपू०), **восста́ть** (पू०) (वर्त० восстаю́, восстаёшь; भवि० восста́ну, восста́нешь) (किसीके विरुद्ध) उठ खड़े होना ; विद्रोह करना ; शस्त्र ग्रहण करना।

восстана́вливать (अपू०), **восстанови́ть** (पू०) (भवि० восстановлю́, вос-

станóвишь) १. पुन: स्थापित करना; в. хорóшее отношéние с кем-л. किसीसे फिर से अच्छे सम्बन्ध स्थापित करना; २. в. когó-л. в правáх किसीके अधिकार लौटाना; ३. स्मरण करना; ४. (किसीके विरुद्ध) खड़ा करना; ५. अपचयन; अवकरण; **—ся** (आत्म०) (स्वास्थ्य) पुन: प्राप्त करना; २. восстанáвливать का कर्मवाच्य।

восстáние (नपुं०) विद्रोह; विप्लव; вооружённое в. सशस्त्र विद्रोह।

восстанов‖и́тельный (वि०) पुन:स्थापन/पुनर्निर्माण-विषयक; —и́тельный перйод पुन:-स्थापन/पुनर्वासन का समय; **—и́ть(ся)** दे० восстанáвливать(ся); **—лéние** (नपुं०) १. पुन:स्थापन; नवीकरण; पुन:प्राप्ति; —лéние здорóвья स्वास्थ्य की पुन:प्राप्ति; २. (रस०) अपचयन; अवकरण; **—ля́ть** = восстанáвливать.

восстáть दे० восставáть.

востóк (पुं०) पूर्व; на в., к —у पूर्व को; Бли́жний В. निकट-पूर्व; Срéдний В. मध्य-पूर्व; Дáльный В. दूर-पूर्व।

востоковéд (पुं०) प्राच्यतत्त्वज्ञ; प्राच्यविद्; **—ение** (नपुं०) प्राच्य-विद्या; **—ный, —ческий** (वि०) प्राच्यविद्या-सम्बन्धी।

востóрг (पुं०) उल्लास: हर्ष; अति प्रसन्नता; быть в —е उल्लसित होना; быть вне себя́ от —а खुशी से फूला न समाना; **—áть** (अपू०) हर्षित करना; **—áться** (आत्म०) हर्षित होना; उल्लसित होना।

востóрженн‖о (क्रि० वि०) उमंग से; उत्साह से; चाव से; **—ость** (स्त्री०) उमंग; उत्साह; हुलास; **—ый** (वि०) उल्लसित; हर्षित; उमंग-पूर्ण; चाव से भरा हुआ।

востор‖жествовáть (पू०) (—ствýю) (-पर) विजय पाना।

востóчник (पुं०) प्राच्यविद्; प्राच्यविद्या-विशारद।

востóчн‖ый (वि०) पूर्वीय; प्राच्य; в —ом направлéнии पूर्व दिशा को; —ая Еврóпа पूर्वी यूरोप।

востребова‖ние (नपुं०) माँग; □ до —ния न्यस्त डाक; डाकखाने से स्वयं माँगने पर मिलनेवाली डाक; **—ть** (पू०) (भवि० —бую) माँग करना; माँगना।

вострó (क्रि० वि०) держáть ýхо в. चौकन्ना रहना।

восхвал‖éние (नपुं०) प्रशंसा; गुण-वर्णन; प्रशस्ति; **—я́ть** (अपू०), **восхвали́ть** (पू०) बहुत प्रशंसा करना; आसमान पर चढ़ाना।

восхити́тельный (वि०) हर्षजनक; अति मनोहर; रमणीक; स्वर्गिक; (भोजन आदि) सुस्वादु।

восхищ‖áть (अपू०), **восхити́ть** (पू०) (भवि० восхищý, восхити́шь) मोह लेना; मुग्ध करना; **—áться** (आत्म० अपू०), **восхити́ться** (आत्म० पू०) मुग्ध होना; उल्लसित होना; **—éние** (नपुं०) हर्ष; उल्लास।

восхóд (पुं०) उदय; в. сóлнца सूर्योदय।

восхо‖ди́ть (अपू०), **взойти́** (पू०) १. = всходи́ть; २. आविर्भाव होना; उद्भव होना; स्रोत होना; э́ти кни́ги —дят к однóму истóчнику इन पुस्तकों का स्रोत एक ही है; **—ждéние** (नपुं०) उदय; चढ़ने की क्रिया।

восьмёрка (स्त्री०) १. अट्ठा; २. आठ चप्पुओं-वाली नाव।

вóсьмеро (गिनती) आठ; आठ जोड़े; в. человéк आठ व्यक्ति; в. глаз आठ आँखें।

восьмивесéльный (वि०) आठ चप्पुओं-वाला।

восьмигрáнник (पुं०) अष्टभुज।

восьмидесятилéтний (वि०) अस्सी वर्ष का।

восьмидеся́тый (वि०) अस्सीवाँ।

восьмиклáссник (पुं०) आठवीं कक्षा का विद्यार्थी।

восьмилéтний (वि०) आठ वर्ष का।

восьминóг (वि०) अष्टपाद; आठ टाँगोंवाला; ऑक्टोपस।

восьмисотлéтие (नपुं०) आठसौवाँ वर्ष-दिवस।

восьмисóтый (वि०) आठसौवाँ।

восьмиуго́льник (पुं०) अष्टभुज।

восьм||о́й (वि०) आठवाँ; —о́е февраля́ फ़रवरी की आठ तारीख़; आठ फ़रवरी; в. но́мер आठवाँ नम्बर।

восьму́шка (स्त्री०) आठवाँ भाग।

вот (अ०) यहाँ; वहाँ; लो; в. и я लो, मैं भी आ गया; в. хоро́ший приме́р यह है अच्छा उदाहरण; в. он бежи́т लो, वह भाग रहा है; в. не ду́мал, что लो, मेरे तो यह विचार में भी नहीं था कि......; □ в. и всё बस।

вот-вот (क्रि० वि०) он в. уйдёт वह जानेवाला ही है।

воти́ровать (अपू० और पू०) (—рую) मत देना; राय देना; वोट देना।

воткну́ть दे० втыка́ть.

во́тум (पुं०) मत; राय; वोट; в. дове́рия विश्वास-प्रस्ताव।

во́тчин||а (स्त्री०) पैतृक सम्पत्ति; **—ник** (पुं०) पैतृक सम्पत्ति का मालिक; बड़ा ज़मींदार; **—ный** (वि०) पैतृक सम्पत्ति का।

воцар||е́ние (नपुं०) राज्याभिषेक; सिंहासनारोहण; **—я́ться** (आत्म० अपू०), **воцари́ться** (आत्म० पू०) १. सिंहासन पर बैठना; राजगद्दी पर बैठना; २. आरम्भ होना; स्थापित होना; प्रतिष्ठापित होना; —и́лась тишина́ शान्ति हो गयी।

вошь (स्त्री०) जूँ।

вощ||а́нка (स्त्री०) १. मोमजामा; २. मोमी कागज़; **—и́на** (स्त्री०) १. शहद की मक्खियों का खाली छत्ता; २. मोम; **—и́ть** (अपू०), **навощи́ть** (पू०) मोम लगाना; मोम का पालिश करना।

вою́ющий (कृदन्त) युद्धरत; युद्ध में लगा हुआ।

вoя́ка (पुं०) (व्यंग्य-रूप में) योद्धा; लड़ाकू; कलही।

впад||а́ть (अपू०), **впасть** (पू०) (भवि० впаду́, впадёшь) १. (केवल अपू०) (-में) गिरना; э́та река́ —а́ет в мо́ре यह नदी सागर में गिर जाती है; २. (-में) ग्रस्त हो जाना; डूब जाना; в. в отча́яние निराश हो जाना; в. в сомне́ние सन्देह उत्पन्न होना; ३. (गालों, आँखों आदि का) पिचक जाना; धँस जाना; **—е́ние** (नपुं०) (दो नदियों का) संगम; दहाना।

впа́дина (स्त्री०) गड्ढा; कोटर; глазна́я в. नेत्र-गर्तिका।

впа́ивать (अपू०), **впая́ть** (पू०) (-में) झाल लगाना।

впа́йка (स्त्री०) (-में) झाल लगाने की क्रिया; झाला हुआ भाग।

впа́лый (वि०) (आँखें आदि) पिचकी हुई; धँसी हुई।

впасть दे० впада́ть.

впая́ть दे० впа́ивать.

впервы́е (क्रि० वि०) पहली बार; प्रथम बार।

вперева́лку (क्रि० वि०) ходи́ть в. झूम-झूमकर चलना।

вперегонки́ (क्रि० वि०) бе́гать в. दौड़ लगाना।

вперёд (पुं०) १. आगे; итти́ в., продвига́ться в. आगे बढ़ना; २. भविष्य में; आगे से; □ часы́ (иду́т) в. घड़ी आगे है; घड़ी तेज़ है; плати́ть в. पेशगी देना।

впереди́ (क्रि० वि०) सामने; आगे; быть в. आगे होना।

вперемéжку (क्रि० वि०) बारी-बारी से; итти́ в. बारी-बारी जाना।

вперемéшку (क्रि० वि०) १. हड़बड़ी से; बिना क्रम; बेतरतीब; २. बारी-बारी से।

вперя́ть (अपू०), **впери́ть** (पू०) (दृष्टि, ध्यान आदि) गाड़ना; टिकाना; в. взор दृष्टि गाड़ना।

впечатл||е́ние (पुं०) प्रभाव; छाप; оставля́ть неизглади́мое в. अमिट छाप छोड़ना; **—и́тельный** (वि०) प्रभाव/छाप डालनेवाला; **—я́ть** (अपू०) प्रभावित करना; छाप डालना।

впива́ть (अपू०), **впить** (पू०) (भवि० вопью́, вопьёшь) अवशोषण करना; सोख लेना; **—ся** (आत्म०) १. खुभ जाना; धँस जाना; डंक मारना; (मुँह या पंजे से) पकड़ लेना; змея́ впила́сь в но́гу साँप ने टांग पर डंक मारा;

волк впился́ в ше́ю ло́шади भेड़िये ने घोड़े को गर्दन से पकड़ लिया ; २. सोख लेना ; ३. (दृष्टि, ध्यान आदि) गाड़ना ।

впи́ку (क्रि० वि०) ईर्ष्या से ; बैर से ।

вписа́ть(ся) दे० впи́сывать(ся).

впи́ска (स्त्री०) (केवल एकवचन) प्रविष्टि; इंदराज।

впи́сывать (अपू०), **вписа́ть** (पू०) (भवि० впишу́, впи́шешь) (सूची में) दर्ज करना ; प्रविष्टि करना ।

впита́ть(ся) दे० впи́тывать(ся)

впи́тыва||ние (नपुं०) सोखने की क्रिया : **—ть** (अपू०), **впита́ть** (पू०) सोखना ; земля́ впита́ла всю́ вла́гу जमीन सारी नमी सोख गयी ; **—ться** (आत्म० अपू०) **впита́ться** (आत्म० पू०) सोखा जाना ; вла́га впита́лась в зе́млю नमी जमीन ने सोख ली ।

впи́хивать (अपू०), **впиха́ть**, **впихну́ть** (पू०) (में) ठूंस देना ; डाल देना ।

вплавля́ть (अपू०), **впла́вить** (पू०) (भवि० впла́влю, впла́вишь) (-में) गला देना ; (-में) संगलित करना ।

вплавь (क्रि० वि०) तैरते हुए ; бро́ситься в. पानी में कूद जाना (और तैरने लग जाना) ; пере-пра́виться че́рез ре́ку в. तैरकर नदी पार करना ।

вплета́ть (अपू०), **вплести́** (पू०) (भवि० вплету́, вплетёшь) (में) गूँथना; संग्रथन करना।

вплотну́ю (क्रि० वि०) अत्यन्त समीप ; भिचकर ; в. оди́н к друго́му एकदूसरे के अत्यन्त समीप ; приня́ться в. за что-л. किसी काम में तत्परता से लग जाना ।

вплоть (क्रि० वि०) в. до तक ; в. до са́мого утра́ प्रात:काल तक ।

вплыва́ть (अपू०), **вплыть** (पू०) (भवि० вплы́ву, вплывёшь) (में) तैर आना ; я вплыл из реки́ в. купа́льню मैं नदी में से तैरकर स्नानघाट पर आ गया ।

впова́лку (क्रि० वि०) बराबर लेटकर (सोना) ; साथ लेटकर ; спа́ли все в. на полу́ सब फ़र्श पर सोये ।

вполго́лоса (क्रि० वि०) धीमे ; пе́ть в. गुनगुनाना ।

вполза́ть (अपू०), **вползти́** (पू०) (में) रेंग आना ।

вполне́ (क्रि० वि०) पूर्णतः ; पूर्णरूपेण ।

вполови́ну (क्रि० वि०) आधा ; आधा-आधा करके ; кали́тка приотвори́лась в. द्वार आधा खुल गया ।

впопа́д (क्रि० वि०) यथावश्यक ; यथाप्रसंग ; यथाप्रयोजन ।

впопыха́х (क्रि० वि०) जल्दबाजी में ; जल्दी में ; де́лать что-л. в. कोई काम जल्दबाज़ी में करना ।

впо́ру (क्रि० वि०) १. समय पर ; ठीक समय पर ; его́ прие́зд в. वह ठीक समय पर आया है ; २. (कपड़े, जूते आदि का) ठीक आना ; ठीक नाप का होना ।

впорхну́ть (पू०) १. (पंख फड़फड़ाते हुए) भीतर उड़ आना ; २. (वेग से) भीतर आना ।

впосле́дствии (क्रि० वि०) बाद में ; पीछे से ।

впотьма́х (क्रि० वि०) अँधेरे में ।

впра́вду (क्रि० वि०) सचमुच ; वास्तव में ।

впра́ве (क्रि० वि०) быть в. का अधिकार होना ।

вправля́ть (अपू०), **впра́вить** (पू०) (भवि० вправлю́, впра́вишь) (टूटी हुई हड्डी) ठीक बैठाना ।

впра́во (क्रि० वि०) (-के) दायीं ओर ; нахо-ди́ться в. от чего́-л. दायीं ओर होना ।

впрах (क्रि० वि०) पूर्णतः ; बिल्कुल ।

впредь (क्रि० वि०) भविष्य में ; आगे से ; в. до его́ прие́зда उसके आने तक ।

вприда́чу (क्रि० वि०) (-के) अतिरिक्त ।

вприку́ску (क्रि० वि०): пить чай в. खाँड के डले के साथ फीकी चाय पीना ।

вприпры́жку (क्रि० वि०) फुदकते हुए ; उछलते हुए ।

вприся́дку (क्रि० वि०): пляса́ть в. पालथीनाच करना ; पालथी मारे हुए नाचना ।

впрóголодь (क्रि० वि०) अधभूखा; жить в. अधभूखा रहना।

впрок (क्रि० वि०) १. заготовля́ть в. बचाकर रखना; जमा करके रखना; सुरक्षित रखना; २. लाभकर; емý всё в. उसकी चाँदी ही चाँदी है; उसको लाभ ही लाभ है।

впроса́к (क्रि० वि०): попа́сть в. (में) फँस जाना।

впросóнках (क्रि० वि०) अधसोया हुआ; तन्द्रा में।

впрóчем (अ०) तो भी; तदपि; इतने पर भी; в. он туда́ не пойдёт तो भी वह वहाँ नहीं जायेगा।

впры́гивать (अपू०), **впры́гнуть** (पू०) (में) कूद जाना।

впры́скивать (अपू०), **впры́снуть** (पू०) सुई लगाना; इंजेक्शन देना।

впряга́ть (अपू०), **впря́чь** (पू०) (भवि० впрягу́, впряжёшь) (घोड़ा आदि) जोतना।

впрямь (क्रि० वि०) सचमुच; वास्तव में; विश्वस्त रूप से।

впря́чь दे० впряга́ть.

впус||к (पुं०) प्रवेश; दाखिला; **—ка́ть** (अपू०), **впусти́ть** (पू०) (भवि० впущу́, впу́стишь) भीतर आने देना; प्रविष्ट करना; दाखिल करना; не —а́йте его́ उसको भीतर मत आने दीजिए; **—кнóй** (वि०) (टेक०) प्रवेश; अन्तर्गमन; भीतर जाने का; **—ти́ть** दे० впуска́ть.

впустýю (क्रि० वि०) व्यर्थ; बेकार; я всё э́то де́лал в. मैंने यह सब-कुछ व्यर्थ ही किया।

впу́тывать (अपू०), **впу́тать** (पू०) (-में) उलझा लेना; फँसा लेना; **—ся** (आत्म०) १. फँस जाना; उलझ जाना; २. हस्तक्षेप करना; दखल देना।

впух (क्रि० वि०) १. बिल्कुल; सब-कुछ; проигра́лся в. सब-कुछ हार गया; २. разряди́ться в. и впрах सोलह शृंगार करना; पूर्ण शृंगार करना; ३. разби́ть кого́-л. в. किसीको पूर्णतः पराजित करना।

впя́теро (क्रि० वि०) पाँचगुना; в. бóльше पाँचगुना अधिक; увели́чить в. पाँचगुना करना।

впятерóм (क्रि० वि०) पाँचों; पाँचों मिलकर; мы в. हम पाँचों।

вра||г (पुं०) शत्रु; दुश्मन; विरोधी; **—жда́** (स्त्री०) शत्रुता; दुश्मनी; विरोध; пита́ть —у́ к комý-л. किसीसे शत्रुता करना।

враждéбн||о (क्रि० वि०) शत्रुता से; **—ость** (स्त्री०) शत्रुता; दुश्मनी; **—ый** (वि०) शत्रुतापूर्ण।

враждова́ть (अपू०) (वर्त०—ду́ю) शत्रुता करना; लड़ना।

вра́ж||еский, —ий (वि०) враг से वि०; शत्रु का; दुश्मन का।

вразби́вку (क्रि० वि०) बिना क्रम के; क्रम भंग करके।

вразбрóд (क्रि० वि०) बेमेल ढंग से; पृथक्-पृथक्; असंगठित रूप से।

вразва́лку (क्रि० वि०): ходи́ть в. मटककर चलना; झूमकर चलना।

вразрéз (क्रि० वि०) विपरीत; विरुद्ध; идти́ в. с чем-л. किसी बात के विरुद्ध जाना; विरुद्ध होना; विपरीत होना।

вразря́дку (क्रि० वि०) (छपाई-सम्बन्धी) набира́ть в. जगह छोड़ना; रिक्त स्थान छोड़ना।

вразуми́тельный (वि०) सुबोध; स्पष्ट; समझने-योग्य; शिक्षाप्रद।

вразумля́ть (अपू०), **вразуми́ть** (पू०) (भवि० вразумлю́, вразуми́шь) समझाना; विश्वास दिलाना।

вра́ки (बहु०) बकवास; प्रलाप।

враль (पुं०) बकवासी; गप्पी; झूठा; प्रलापी।

враньё (नपुं०) बकवास; प्रलाप; बेसिरपैर की बातें।

враспло́х (पुं०) अकस्मात्; अचानक; एकाएक।

врассыпну́ю (क्रि० वि०) जहाँ-तहाँ; सब दिशाओं में; бежа́ть в. तितर-बितर हो जाना।

враста́ть (अपू०), **врасти́** (पू०) (भवि०

врасту́, врастёшь) (-में) उग आना ; (भीतर) उग आना।

врастя́жку (क्रि० वि०) : лежа́ть в. पैर पसारकर सोना।

врата́рь (पुं०) (फ़ुटबाल, हॉकी में) गोलची।

врать (अपू०), **со—** (पू०) (वर्त० вру́, врёшь) बकवास करना; झूठ बोलना। □ врёшь! बकवास करते हो!

врач (पुं०) डाक्टर ; चिकित्सक ; वैद्य ; ветери-на́рный в. पशुओं का डाक्टर ; पशु-चिकित्सक।

враче́бный (वि०) चिकित्सा-सम्बन्धी।

врачева́ние (नपुं०) चिकित्सा-कार्य।

врачева́ть (अपू०) (वर्त० —чу́ю) चिकित्सा का व्यवसाय करना ; डाक्टरी-पेशा होना।

враща́тельн||ый (वि०) भ्रमी ; घूर्णमान ; घूमनेवाला ; —ое движе́ние घूर्णमान गति।

враща́ть (अपू०) चक्कर देना ; घुमाना ; **—ся** (आत्म०) १. चक्कर खाना ; घूर्णन ; घूमना ; —ся вокру́г свое́й о́си अपने धुरे पर घूमना ; २. враща́ть का कर्मवाच्य।

враще́ние (नपुं०) परिक्रमा ; परिक्रमण ; घूर्णन।

вред (पुं०) हानि ; चोट ; क्षति ; причини́ть в. हानि पहुँचाना।

вред||и́тель (पुं०) १. खेती को हानि पहुँचाने-वाला कीड़ा ; २. हानि पहुँचानेवाला ; अन्तर्ध्वंसक ; तोड़-फोड़ करनेवाला ; **—и́тельский** (वि०) вреди́тель से वि०; **—и́тельство** (नपुं०) हानि ; क्षति ; तोड़-फोड़।

вреди́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० врежу́, вреди́шь) हानि पहुँचाना ; в. здоро́вью स्वास्थ्य को हानि पहुँचाना ; э́то вам не по-вреди́т इससे आपको कोई हानि नहीं होगी।

вре́дн||о (क्रि० वि०) в. влия́ть на что-л. किसी पर बुरा (अथवा हानिकारक) प्रभाव डालना ; **—ый** (वि०) हानिकारक ; बुरा ; —ый газ हानिकारक गैस ; —ое лека́рство हानिकारक ओषधि।

вреза́ть (अपू०), **вре́зать** (पू०) (भवि० вре́жу, вре́жешь) (-में) काटना ; नक़्क़ाशी करना ; खुदाई का काम करना ; **—ся** (आत्म०) १. (भीड़ आदि में) घुस जाना ; вре́заться в зе́млю (वायुयान का) टूटकर भूमि पर आ गिरना; —ся в толпу́ भीड़ में घुस जाना ; २. вреза́ть का कर्मवाच्य।

времена́ : вре́мя का बहु०।

времена́ми (क्रि० वि०) समय-समय पर।

вре́менно (क्रि० वि०) अस्थायी रूप से ; अनन्तिम रूप से।

временно́й (वि०) समय-सम्बन्धी ; काल-सम्बन्धी; कालिक।

вре́менн||ый (वि०) अस्थायी; □ —ое пра-ви́тельство अस्थायी सरकार।

временщи́к (पुं०) (सम्राट का) कृपा-पात्र ; (थोड़े समय के लिए) सत्ताधारी।

вре́м||я (नपुं०) १. समय; काल; युग; во вся́кое в. किसी समय ; до сего́ —ени इस समय तक ; अब तक ; до того́ —ени उस समय तक ; तब तक ; с того́ —ени उस समय से ; तब से ; ско́лько —ени? क्या समय है? ; у меня́ нет —ени मेरे पास समय नहीं ; в на́ше в. हमारे समय में ; हमारे युग में ; २. в. го́да ऋतु ; ३. (व्या०) काल ; □ в. от —ени, от —ени до —ени, по —ена́м समय-समय पर ; कभी-कभी; в. те́рпит कोई जल्दी नहीं ; в сво-бо́дное в. अवकाश में ; в настоя́щее в. वर्तमान समय में ; आज ; тем —енем इतने में ; इस बीच।

времяисчисле́ние (नपुं०) कालानुक्रम।

времяпрепровожде́ние, время-провожде́ние (नपुं०) क्रीड़ा ; विनोद ; खेल।

вре́тище (नपुं०) बहुत मोटा और खुरदरा कपड़ा।

вро́вень (क्रि० वि०) (-के) बराबर ; в. с края́-ми लबालब ; मुँह तक।

вро́де (क्रि० वि०) (-की) तरह ; जैसा।

врождённ||ость (स्त्री०) स्वाभाविकता ; सहजता ; नैसर्गिकता ; **—ый** (वि०) स्वाभाविक ;

जन्मजात ; सहज ; नैसर्गिक ।

врóзницу (क्रि० वि०) फुटकर; óптом и в. थोक और फुटकर ।

врознь, врозь (क्रि० वि०) पृथक्-पृथक् ; अलग-अलग ।

врубáть (अपू०), **врубúть** (पू०) (भवि० врублю́, врýбишь) छेद करके उसमें कोई चीज रख देना ; **—ся** (आत्म०) (भीड़ आदि चीरकर) घुस जाना ; (तलवार से काटते हुए) शत्रु-सेना में घुस जाना ; врубáть का कर्मवाच्य ।

врýбовая машúна कोयला काटने की मशीन ।

врукопáшную (क्रि० वि०) हाथापाई करते हुए ; сойтúсь в. हाथापाई करना ।

врун (पुं०) झूठा ; **—ья** (स्त्री०) झूठी ।

вруч||áть (अपू०), **вручúть** (पू०) (हाथ में) देना ; सँभालना ; सुपुर्द करना ; प्रदान करना ; в. комý-л. óрден किसीको पदक प्रदान करना ; **—éние** (नपुं०) प्रदान करने की क्रिया ; सँभालने/सुपुर्द करने की क्रिया ; **—úть** दे० вручáть.

вручнýю (क्रि० वि०) हाथ से ।

врывáть (अपू०), **врыть** (पू०) (भवि० врóю, врóешь) (खोदकर) गाड़ देना ; в. столб खम्भा गाड़ना ; **—ся** (आत्म०) (भूमि आदि के भीतर) घुस जाना ; крот врылся в. зéмлю छछूँदर भूमि के भीतर घुस गयी ।

врывáться (आत्म० अपू०), **ворвáться** (आत्म० पू०) (वेग से) घुसना ; в. к комý-л. в кóмнату किसीके कमरे में तेजी से घुसना ।

врыть(ся) दे० врывáть(ся).

вряд, в. ли (क्रि० वि०) कठिनता से ; मुश्किल से ; в. मुझे सन्देह है ; मुश्किल से ; в. ли он ужé придёт मुझे सन्देह है कि वह अब आयेगा ; अब वह मुश्किल से ही आयेगा ।

всадúть दे० всáживать.

всáдни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) घुड़सवार पुरुष/स्त्री ।

всáживать (अपू०), **всадúть** (पू०) (भवि० всажý, всáдишь) १. घोंपना ; भोंकना ; घुसाना ; ☐ всадúть нож в спúну पीठ में छुरा घोंपना ; २. जड़ना ; в. кáмень в пéрстень अँगूठी में हीरा जड़ना ।

всáсывание (नपुं०) चूषण ; अवशोषण ।

всáсывать (अपू०), **всосáть** (पू०) (भवि० всосý, всосёшь) चूषण करना ; सोखना ; **—ся** (आत्म०) всáсывать का कर्मवाच्य ।

все весь का बहु० ।

всё весь का नपुं० रूप ।

всё (क्रि० वि०) १. सदा ; २. अब भी ; в. ещё अब भी ; ३. केवल ; в. из-за вас केवल आपके कारण ; ४. तो भी ; ऐसा होते हुए भी ; ५. в. дáльше и дáльше आगे ; और आगे ।

всевéдение (नपुं०) सर्वज्ञान ; अनन्त ज्ञान ; सर्वज्ञता ।

всевéдущий (वि०) सर्वज्ञानी ; सर्वज्ञ ।

всевúдящий (वि०) सर्वद्रष्टा ।

всевозмóжн||ый (वि०) हर प्रकार का ; प्रत्येक सम्भव ; —ые срéдства प्रत्येक सम्भव साधन ; —ые товáры हर प्रकार का माल ।

всегдá (क्रि० वि०) सदा ; हमेशा ; **—шний** (वि०) सामान्य ; प्रथागत ; सदा का ; अभ्यास के अनुसार ।

всегó (क्रि० वि०) १. कुल ; सब मिलकर ; तमाम ; २. केवल ।

всезнáйка (उभ०) हरफ़नमौला ।

вселéние (नपुं०) १. निस्थापन ; २. वास ; बसाने की क्रिया ; в. нóвых жильцóв в квартúру производúлось лéтом नये किराये-दारों को बसाने का कार्य ग्रीष्म ऋतु में हुआ ।

вселéнная (स्त्री०) (वि० रू०) विश्व ; संसार ; जगत ।

вселя́ть (अपू०), **вселúть** (पू०) बसाना ; निस्थापन करना ; в. к себé жильцá किराये-दार रखना ; **—ся** (आत्म०) १. बसना ; २. вселя́ть का कर्मवाच्य ।

всемéрно (क्रि० वि०) हर प्रकार से ; जैसे भी हो ।

всемéрн||ый (वि०) हर प्रकार का ; —ое содéйствие हर प्रकार की सहायता ।

всéмеро (क्रि॰ वि॰) सातगुना ; увели́чить в. सातगुना करना ।

всемеро́м (क्रि॰ वि॰) सातों ; सातों मिलकर ; они́ рабо́тали в. उन सातों ने मिलकर काम किया ।

всеми́рн||ый (वि॰) विश्वव्यापी ; सार्वभौम ; सार्वदेशिक ; सार्वत्रिक ; —ая исто́рия विश्व-इतिहास ।

всемогу́щ||ество (नपुं॰) सर्वशक्तिमत्ता ; **—ий** (वि॰) सर्वशक्तिमान ।

всенаро́дный (वि॰) राष्ट्रीय ; सार्वजनिक ।

всéнощная (स्त्री॰) (वि॰ रू॰) मसीहियों की सान्ध्य प्रार्थना ।

всео́бщ||ий (वि॰) व्यापक ; सामान्य ; आम ; सार्वभौम ; —ее избира́тельное пра́во सार्वभौम मताधिकार ।

всеобъéмлющий (वि॰) व्यापक ; सार्वभौम ; सार्वत्रिक ।

всеору́жи||е (नपुं॰) во —и पूर्णत: सशस्त्र ; पूर्णत: सुसज्जित ; बिल्कुल तैयार ।

всепобежда́ющий (वि॰) सर्वजयी ।

всепожира́ющий (वि॰) सर्वभक्षी ।

всепрощéние (नपुं॰) सर्वक्षमा ।

всердца́х (क्रि॰ वि॰) क्रोध में आकर ; गुस्से में ; в. хло́пнул дверь и ушёл गुस्से में आकर 'धड़' से दरवाजा बन्द किया और चला गया ।

всерьёз (क्रि॰ वि॰) गम्भीरता से ।

всеси́льный (वि॰) सर्वशक्तिमान ।

всесою́зный (वि॰) अखिल संघीय ।

всесторонн||е (क्रि॰ वि॰) विस्तारपूर्वक ; ब्यौरे से ; हर पहलू से ; **—ий** (वि॰) सविस्तार ; सम्पूर्ण ।

всё-таки (अ॰) तो भी ; फिर भी ; ऐसा होने पर भी ।

всецéло (क्रि॰ वि॰) पूर्णत: ; एकान्तत: ।

всея́дный (वि॰) सर्वभक्षी ।

вси́лу (क्रि॰ वि॰) (-के) कारण ; (-की) वजह से ; в. э́того इसके कारण ।

вска́кивать (अपू॰), **вскочи́ть** (पू॰) १. (पर, में) कूद जाना ; в. в ваго́н (रेल के) डिब्बे में कूद जाना २. उछल पड़ना ; в. с постéли पलँग पर से उछल पड़ना ; ३. उभर जाना ; सूज जाना ।

вска́пывать (अपू॰), **вскопа́ть** (पू॰) खोदना ।

вскара́бкиваться (आत्म॰ अपू॰), **вскара́бкаться** (आत्म॰ पू॰) (पेड़ आदि पर) हाथों और पैरों के बल चढ़ना ; कठिनता से ऊपर चढ़ना ; в. на дéрево (हाथों और पैरों के बल) पेड़ पर चढ़ जाना ।

вска́рмливать (अपू॰), **вскорми́ть** (पू॰) (भवि॰ вскормлю́, вскóрмишь) पालना ; в. гру́дью स्तनपान कराना ; दूध पिलाना ।

вскачь (क्रि॰ वि॰) सरपट ।

вски́дывать (अपू॰), **вски́нуть** (पू॰) (-पर) फेंकना ; डालना ; в. на плéчи कन्धों पर फेंकना ; (कम्बल आदि) कन्धों पर डालना ।

вскип||а́ние (नपुं॰) उबलने की क्रिया ; **—а́ть** (अपू॰), **вскипéть** (पू॰) (भवि॰ вскиплю́, вскипи́шь) १. उबलने लगना ; २. (क्रोध से) लाल हो जाना ; भभक उठना ।

вскипяти́ть(ся) दे॰ кипяти́ть(ся).

вскла́дчину (क्रि॰ वि॰) : дéлать, устрáивать что-л. в. (कुछ करने या कोई वस्तु लेने के लिए) मिलकर चन्दा इकट्ठा करना ; купи́ть что-л. в. चन्दा इकट्ठा करके मिलकर खरीदना ।

всклоко́чивать (अपू॰), **всклокочи́ть** (पू॰) (बाल) बिखराना ।

всколыхну́ть (पू॰) डुलाना ; हिलाना ; आन्दोलित करना ; **—ся** (आत्म॰) डोलना ; आन्दोलित होना ।

вскользь (क्रि॰ वि॰) प्रसंगवश ; упомяну́ть что-л. в. कोई बात प्रसंगवश कहना ; वैसे ही जिक्र करना ।

вскопа́ть दे॰ вска́пывать.

вско́ре (क्रि॰ वि॰) शीघ्र ही ; झटपट ।

вскорми́ть दे॰ вска́рмливать.

вскочи́ть दे॰ вска́кивать.

вскри́кивать (अपू॰) **вскри́кнуть** (पू॰)

चीख मारना ; चिल्ला उठना ।

вскружи́ть (पू०) चकरा देना; в. го́лову кому́-л. किसीका सिर चकरा देना ।

вскрыва́ть (अपू०), **вскры́ть** (पू०) (भवि० вскро́ю, вскро́ешь) १. खोलना ; в. паке́т पैकिट खोलना ; в. конве́рт लिफ़ाफ़ा खोलना ; (भेद, रहस्य) प्रकट करना; खोलना ; २. (चिकि०) चीर-फाड़ करना ; (फोड़े का) मुँह खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रकट होना ; पता लगाना ; २. (फोड़े आदि का) फूटना ; ३. вскрыва́ть का कर्मवाच्य ।

вскры́тие (नपुं०) १. खोलने की क्रिया; प्रकट करने की क्रिया ; २. (चिकि०) चीर-फाड़ ; (फोड़े आदि का) मुँह खोलना ।

вскры́ть दे० вскрыва́ть.

всласть (क्रि० वि०) जी भरकर; अघाकर наговори́лись в. जी भरकर बातें कीं; пое́л в. जी भरकर खाया ।

вслед (क्रि० वि०) в. за (के) पीछे ; идти́ в. за кем-л. किसीका पीछा करना ।

всле́дствие (अ०) (-के) कारण ; (-की) वजह से ।

вслепу́ю (क्रि० वि०) आँखें मूँदकर; अन्धा होकर ।

вслух (क्रि० वि०) ऊँचे स्वर से; ज़ोर से (बोलना) ।

вслу́шиваться (आत्म० अपू०), **вслу́шаться** (आत्म० पू०) ध्यान से सुनना; ध्यानपूर्वक सुनना ।

всма́триваться (आत्म० अपू०), **всмотре́ться** (आत्म० पू०) ध्यानपूर्वक देखना; सूक्ष्म निरीक्षण करना ; छानबीन करना ।

всмя́тку (क्रि० वि०) яйцо́ в. आधा उबला हुआ अंडा ।

всо́вывать (अपू०), **всу́нуть** (पू०) (-में) ठूँसना ; डालना ; (चुपके से) डाल देना ; в. ру́ку в ка́рман जेब में हाथ डालना ।

всоса́ть(ся) दे० вса́сывать(ся).

вспа́ивать (अपू०), **вспои́ть** (पू०) पिलाना ; दूध पिलाना ; в. и вско́рмить खिलाना-पिलाना ।

вспа́рывать (अपू०), **вспоро́ть** (पू०) (चीरकर या फाड़कर) खोल देना ; в. живо́т पेट फाड़ देना ; в. посы́лку पार्सल खोलना ।

вспа́||хивать (अपू०), **вспаха́ть** (पू०) (भवि० вспашу́, вспа́шешь) हल चलाना ; भूमि जोतना ; **—шка** (स्त्री०) (भूमि की) जुताई ।

вспе́нивать (अपू०), **вспе́нить** (पू०) (साबुन आदि का) झाग उठाना ; **—ся** (आत्म०) १. झाग छोड़ना ; झाग देना ; २. вспе́нивать का कर्मवाच्य ।

всплакну́ть (पू०) चार आँसू बहाना ।

всплеск, всплёск (पुं०) छींटे ।

всплёскивать (अपू०), **всплесну́ть** (पू०) छींटे देना ; □ всплесну́ть рука́ми (अचम्भा प्रकट करने के लिए) हाथ पर हाथ मारना ।

всплыва́ть (अपू०), **всплы́ть** (पू०) (भवि० всплыву́, всплывёшь) १. (पानी की गहराई में से) सतह पर आ जाना ; २. प्रकट होना ; पता लगना ।

вспои́ть दे० вспа́ивать.

вспола́скивать (अपू०), **всполосну́ть** (पू०) खँगालना (पानी में भिगोकर कपड़े से साबुन हटाना),

всполоши́ть (पू०) चौंका देना; **—ся** (आत्म०) चौंक जाना ।

вспомина́ние = воспомина́ние.

вспомина́||ть (अपू०), **вспо́мнить** (पू०) स्मरण करना ; याद करना ; **—ся** (आत्म०) १. (कर्तृ-निरपेक्ष) мне́ —ется उसको स्मरण है ; २. вспомина́ть का कर्मवाच्य ।

вспомога́тельный (वि०) सहायक ; पूरक ; в. глаго́л पूरक क्रिया ।

вспомоществова́ние (नपुं०) सहायता ; मदद ।

вспоро́ть दे० вспа́рывать.

вспорхну́||ть (पू०) (उठकर) उड़ जाना ; ла́сточка —ла и улете́ла चिड़िया उड़ गयी ।

вспоте́ть दे० поте́ть.

вспры́гивать (अपू०), **вспры́гнуть**

(пу०) (на) (-пर) कूद जाना ; (छलाँग मारकर) चढ़ जाना ; в. на ло́шадь (कूदकर) घोड़े पर चढ़ जाना ।

вспры́скивание (नपुं०) १. छिड़कने की क्रिया ; २. (चिकि०) सुई लगाना ; इंजेक्शन देना ।

вспры́скивать (अपू०), **вспры́снуть** (पू०) १. छींटे मारना ; गीला करना ; в. бельё пе́ред гла́женьем लोहा करने से पहले कपड़ों पर पानी के छींटे देना ; २. (चिकि०) सुई लगाना ; इंजेक्शन देना ; ३. (के लिए) मद्यपान-उत्सव मनाना; в. но́вую шине́ль नये कोट की ख़ुशी में मद्यपान-उत्सव मनाना ।

вспу́гивать (अपू०), **вспугну́ть** (पू०) डराकर भगा देना ; вспугну́ть за́йца ख़रगोश को डराकर भगा देना ।

вспуха́ть (अपू०), **вспу́хнуть** (पू०) सूज जाना ।

вспу́чи||вать (अपू०), **вспу́чить** (पू०) फूलना ; живо́т —ло पेट फूल गया ।

вспыли́ть (पू०) भभक उठना ; (ग़ुस्से से) आग-बबूला हो जाना ; भड़क उठना ।

вспы́льчив||ость (स्त्री०) तेज़मिज़ाज ; चिड़-चिड़ापन ; क्रोध ; **—ый** (वि०) तेज़मिज़ाज का ; चिड़चिड़े स्वभाव का ; —ый челове́к तेज़-मिज़ाज का आदमी ; क्रोधी मनुष्य ।

вспы́||хивать (अपू०), **вспы́хнуть** (पू०) १. (आग) भभक उठना ; भड़क उठना ; (युद्ध) छिड़ जाना ; вспы́хнул пожа́р आग भभक उठी ; २. लजाना ; (लज्जा से) मुँह लाल हो जाना; **—шка** (स्त्री०) आवेश ; —шка гне́ва क्रोधावेश ।

вспять (क्रि० वि०) पीछे को ; возврати́ться в. पीछे लौटना ।

встава́ние (नपुं०) खड़े होने की क्रिया ।

встава́ть (अपू०), **встать** (पू०) (वर्त० встаю́, встаёшь ; भवि० вста́ну, вста́нешь) १. खड़ा होना ; उठना ; встать на́ ноги (अपने) पाँव पर खड़ा होना ; вста́ть ! खड़े हो जाओ !; пора́ в. उठने का समय है ; २. (तारागण का) उदय होना ; ३. ठीक आ जाना ; стол вста́нет в э́тот у́гол मेज़ इस कोने में ठीक आ जायेगी ; ४. (प्रश्न का) उठना ; вопро́с не вста́л प्रश्न नहीं उठा ।

вста́вить दे० вставля́ть.

вста́вка (स्त्री०) १. जड़ने की क्रिया ; (चौखटा) लगाने की क्रिया ।

встав||ля́ть (अपू०), **вста́вить** (पू०) (भवि० вста́влю, вста́вишь) रखना ; जड़ना ; जोड़ देना ; в. карти́ну в ра́мку चित्र को चौखटे में जड़ना; в. себе́ зу́бы (अपने) बनावटी दाँत लगवाना ; **—но́й** (वि०): —ны́е ра́мы खिड़की की दुहरी चौखट ; —ны́е зу́бы बनावटी दाँत ।

вста́вочка (स्त्री०) १. вста́вка का अल्प० ; २. होल्डर (लेखनी की डंडी) ।

встарину́ (क्रि० वि०) प्राचीन काल में ।

встарь = встарину́.

встать दे० встава́ть.

встрево́жить दे० трево́жить ; **—ся** (आत्म० पू०) चौंकना ।

встрёпанный (वि०) (बाल आदि) बिखरे हुए ; व्यस्तकेश ।

встрепену́ться (आत्म० पू०) (झुँझलाकर) सोकर उठना ; जागना ; (पक्षी का) पंख फड़-फड़ाना ; (दिल का) धड़कना ।

встрёпк||а (स्त्री०) झाड़ ; फटकार ; зада́ть —у кому́-л. в. किसीको झाड़ पिलाना ; फट-कारना ; २. आघात ; सदमा ; धक्का ।

встре́тить(ся) दे० встреча́ть(ся).

встре́ч||а (स्त्री०) १. मिलन; मिलाप; भेंट; स्वागत; ра́достная в. शुभ मिलन ; स्वागतम् ; при —е с кем-л. किसी से मिलने पर ; для —и э́того това́рища इस साथी के स्वागत के लिए ; २. (खेल में) मैच ।

встреча́ть (अपू०), **встре́тить** (पू०) (भवि० встре́чу, встре́тишь) १. मिलना ; भेंट करना ; в. отка́з जवाब मिलना ; २. स्वागत करना ; в. госте́й अतिथियों का स्वागत करना ; **—ся** (आत्म०) १. (-से) मिलना ; भेंट होना ;

२. встречáть का कर्मवाच्य ।

встрéчн||ый (वि०): в. вéтер प्रतिकूल वात ; सामने की हवा ; в. пóезд दूसरी ओर से आनेवाली गाड़ी ; —ое наступлéние प्रत्याक्रमण ।

встря́ска (स्त्री०) १. हिलाने/झटका देने की क्रिया ; २. झिड़की ; झाड़ ; फटकार ; дать —у комý-л. किसीको झाड़ पिलाना ।

встря́хивать (अपू०), **встряхнýть** (पू०) १. झाड़ना ; в. пальтó कोट झाड़ना ; २. मानसिक क्षोभ पैदा करना ; ३. हिचकोले खाना ; **—ся** (आत्म०) १. (पक्षी आदि का पंख फड़फड़ाकर) अपने आपको झाड़ना ; пти́чка встряхнýлась пóсле дождя́ वर्षा के बाद पक्षी ने पंख फड़फड़ाकर अपने ऊपर से पानी झाड़ लिया; २. चैतन्य होना ; ३. встря́хивать का कर्मवाच्य ।

вступáть (अपू०), **вступи́ть** (पू०) (भवि० вступлю́, вступишь) १. प्रवेश करना ; शामिल होना ; в. в члéны सदस्य बनना ; २. आरम्भ करना ; (-में) पड़ना ; в. в спор बहस आरम्भ करना ; बहस में पड़ना ; в. в разговóр बातचीत आरम्भ करना ; □ в. в дéйствие चालू होना ; в. в си́лу लागू होना ; в. во владéние कब्जा लेना ; в. в брак विवाह करना ; в. в дóлжность पद ग्रहण करना ; **—ся** (आत्म०) १. (किसीकी) सहायता करना; पक्ष में खड़ा होना ; दखल देना ; в. в чужóй разговóр दूसरों की बातचीत में दखल देना ।

вступи́тельн||ый (वि०) प्रवेश- ; परिचयात्मक; в. экзáмен प्रवेश-परीक्षा ; в. взнос प्रवेश-शुल्क ; —ая статья́ परिचयात्मक लेख ।

вступ||и́ть(ся) दे० вступáть(ся), **—лéние** (नपुं०) १. (में) प्रविष्टि ; प्रवेश ; दाखिला ; २. भूमिका □ —лéние на престóл सिंहासनारोहण ; —лéние в дóлжность पद ग्रहण करना ।

всýе (क्रि० वि०) व्यर्थ ।

всýнуть दे० всóвывать.

всухомя́тку (क्रि० वि०): питáться в. (ठंडे, सूखे) मेवे पर गुज़ारा करना ।

всучáть (अपू०), **всучи́ть** (पू०) (धोखे से या ज़बर्दस्ती) किसीके मत्थे मढ़ देना ; они́ не знáли комý э́то всучи́ть वह नहीं जानते कि इसको किसके मत्थे मढ़ें ।

всхли́пывание (नपुं०) सिसकियाँ लेने की क्रिया ।

всхли́пывать (अपू०), **всхли́пнуть** (पू०) सिसकियाँ लेना ।

всходи́ть (अपू०), **взойти́** (पू०) (वर्त० всхожý, всхóдишь ; भवि० взойдý, взойдёшь, भूत० взошёл) १. (ऊपर) चढ़ना ; в. на верши́ну शिखर पर चढ़ना ; २. (तारागण आदि का) उदय होना; ३. (बीज का) फूट निकलना।

всхóды (बहु०) अंकुर ।

всхóж||ий (वि०) (खेतीबाड़ी-सम्बन्धी) उगने-योग्य ; —ие семенá उगने-योग्य बीज ।

всыпá||ть (अपू०), **всы́пать** (पू०) (भवि० всы́плю, всы́пишь) १. (में) डाल देना ; в. пшени́цу в мешóк गेहूँ बोरी में डाल देना ; २. मारना ; पीटना ; в дрáке емý здóрово —ли लड़ाई-झगड़े में उसको बहुत मार पड़ी (अर्थात् उसकी बुरी गत बनी) ।

всю́ду (क्रि० वि०) सर्वत्र ।

вся весь का स्त्री० रूप ।

вся́к||ий (वि०) १. कोई ; प्रत्येक ; हर ; во —ое врéмя किसी समय ; в. раз हर बार ; без —ого сомнéния बिना किसी सन्देह के ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) प्रत्येक व्यक्ति; ३. कुछ ; —ое бывáет कुछ भी हो सकता है ; सबकुछ सम्भव है ।

вся́||чески (क्रि० वि०) प्रत्येक सम्भव रीति से ; यथासम्भव ; в. старáться यथासम्भव प्रयत्न करना ; **—ческий** (वि०) हर प्रकार का ; —ческими спóсобами हर प्रकार से ; **—чина** (स्त्री०) вся́кая —чина फुटकर पदार्थ ; विभिन्न पदार्थों का समूह ।

втáйне (क्रि० वि०) गुप्त रीति से ; चोरी-छिपे ।

втáлкивать (अपू०), **втолкáть** (पू०)

(-में) धकेल देना।

втáптывать (अपू०), **втоптáть** (पू०) (भवि० втопчý, втóпчешь) (पाँव से) रौंद देना।

втáскивать (अपू०), **втащи́ть** (पू०) (-में) घसीट लेना।

втáчивать (अपू०), **втачáть** (पू०) (-में) सी देना।

втащи́ть दे० втáскивать.

втащи́ться (आत्म० पू०) अपने आपको बीच में घसीट लेना।

втекáть (अपू०), **втечь** (पू०) (भवि० втекý, втечёшь) (-में) बह आना।

втёмную (क्रि० वि०) बिना देखे; बिना सोचे-विचारे; अन्धे होकर; आँखें मूँदकर।

втемя́шин||ться (आत्म० अपू०) दिमाग़ में बैठ जाना; —лось емý (в гóлову), что он бóлен उसके दिमाग़ में यह बात बैठ गयी कि वह बीमार है।

втерéть(ся) दे० втирáть(ся).

втечь दे० втекáть.

втирáние (नपुं०) १. रगड़ने या मालिश करने की क्रिया; २. लेप करने या मालिश करने की ओषधि।

втирáть (अपू०), **втерéть** (पू०) (भवि० вотрý, вотрёшь) रगड़ना; मलना; □ в. очки́ комý-л. किसीकी आँखों में धूल झोंकना; **—ся** (आत्म०) १. घुस जाना; —ся в толпý भीड़ में घुस जाना; २. втирáть का कर्मवाच्य।

вти́скивать (अपू०), **вти́снуть** (पू०) भींचना; **—ся** (आत्म०) १. भिंचना; भिंचकर बैठ जाना/खड़ा हो जाना; २. вти́скивать का कर्मवाच्य।

втихомóлку (क्रि० वि०) चुपके से; चोरी-छिपे।

втиши́ (क्रि० वि०) १. शोर से दूर; жить в. शोर से दूर रहना; २. चुपके से; चोरी-छिपे।

втолкнýть दे० втáлкивать.

втолкóвывать (अपू०), **втолковáть** (पू०) (भवि०—кýю) समझाना; समझाने की कोशिश करना; в. что-л. комý-л. किसीको कुछ समझाना।

втоптáть दे० втáптывать.

втóра (स्त्री०) (संगीत में) दूसरा स्वर।

вторгáться (आत्म० अपू०), **втóргнуться** (आत्म० पू०) (किसी देश पर) आक्रमण करना; अनधिकार हस्तक्षेप करना; दख़ल देना; अतिक्रमण करना; в. в чужи́е делá किसी दूसरे के काम में दख़ल देना।

вторжéние (नपुं०) आक्रमण; अतिक्रमण; अनधिकार हस्तक्षेप।

втóрить (अपू०) दुहराना।

втори́чн||о (क्रि० वि०) दूसरी बार; दुबारा; **—ый** (वि०) १. दूसरी बार होनेवाला; दुहराया हुआ; २. गौण; दूसरे दर्जे का।

втóрник (पुं०) मंगलवार; по —ам हर मंगलवार को।

второгóдник (पुं०) असफल विद्यार्थी।

вторóе: (नपुं०) (वि० रू०) (खाने का) दूसरा व्यंजन (कोर्स); (क्रि० वि०) दूसरे स्थान पर; दूसरे।

втор||óй (वि०) १. दूसरा; в. час एक बज चुका है; —ое числó (мéсяца) (महीने की) दूसरी तारीख़; в. этáж दूसरी मंज़िल; в. нóмер नम्बर दो; २. (दो में से) पिछला।

второклáсс||ник (पुं०), **—ница** (स्त्री०) दूसरी कक्षा का विद्यार्थी; **—ный** (वि०) दूसरी कक्षा का; दूसरे दर्जे का।

второпя́х (क्रि० वि०) जल्दबाज़ी में; भाग-दौड़ में।

второ||разря́дный (वि०) दूसरे दर्जे का; **—сóртный** (वि०) द्वितीय कोटि का; घटिया।

второстепéнный (वि०) दूसरे दर्जे का; मामूली।

втрав||ля́ть (अपू०), **втрави́ть** (पू०) (भवि० втравлю́, втрáвишь) (बुरे काम में) घसीट लेना; बुरी आदत डाल देना; прия́тели —и́ли егó в пья́нство मित्रों ने उसे शराब पीने की बुरी आदत डाल दी।

в-трéтьих (क्रि० वि०) तीसरे स्थान पर; तीसरे।

втри́дорога (क्रि० वि०) तिगुने दामों पर; बहुत महँगा; драть в. बहुत महँगे दाम लेना।

втро́е (क्रि० वि०) तिगुना; увели́чить в. तिगुना करना; сложи́ть в. तीन तहें करना; в. ме́ньше तीसरा भाग।

втроём (क्रि० वि०) तीनों मिलकर; तीनों; они́ рабо́тали в. उन तीनों ने मिलकर काम किया।

втройне́ (क्रि० वि०) तीन गुना अधिक।

вту́лка (स्त्री०) १. (पहिये की) बुश; २. प्लग।

вту́не (क्रि० वि०) व्यर्थ।

тупи́к (पुं०); поста́вить кого́-л. в. किसीको चक्कर में डालना।

втыка́ть (अपू०), **воткну́ть** (पू०) (कोई नुकीली चीज़) चुभोना; गाड़ना; в. ко́л в. зе́млю भूमि में खूँटा गाड़ना; в. иго́лку सुई चुभोना।

втя́гивать (अपू०), **втяну́ть** (पू०) १. (-में) खींच लेना; २. आकर्षित करना; (-में) फँसा लेना; □ в. во́здух साँस भरना; **—ся** (आत्म०) १. अभ्यस्त हो जाना; आदत पड़ जाना; आकर्षित होना; २. втя́гивать का कर्मवाच्य।

втяжно́й (वि०) चूषण; (-में) खींचने का।

вуа́ль (स्त्री०) नक़ाब; पर्दा।

вулка́н (पुं०) ज्वालामुखी पहाड़।

вульга́рный (वि०) अशिष्ट; अश्लील।

вход (पुं०) प्रवेश; द्वार; в. воспрещён भीतर आना मना है; пла́та за в. प्रवेश-शुल्क।

вход‖и́ть (अपू०), **войти́** (पू०) (वर्त० вхожу́, вхо́дишь; भवि० войду́, войдёшь) १. प्रवेश करना; भीतर आना; दाखिल होना; он вошёл वह भीतर आया; войдёмте! आइए, भीतर चलें! войди́те! भीतर आ जाइए!; २. ठीक नाप का होना; ठीक आना; э́то е́ле вхо́дит यह बहुत तंग है; □ в. в счёт गिनना; в. в число́ गिना जाना; в. в соглаше́ние समझौता करना; в. в сноше́ние सम्बन्ध स्थापित करना; в. в си́лу चालू होना; लागू होना; в. в долги́ ऋणी होना; в. в дове́рие विश्वास-पात्र होना; в. с предложе́нием प्रस्ताव करना; सुझाव देना; **—но́й** (वि०) प्रवेश-; —ная пла́та प्रवेश-शुल्क।

вхожде́ние (नपुं०) प्रवेश।

вхо́ж‖ий (वि०) परिचित; घर में आने-जानेवाला; быть —им (к, в) प्रविष्ट किया जाना; दाखिल किया जाना।

вцепля́ться (आत्म० अपू०), **вцепи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० вцеплю́сь, вце́пишься) ज़ोर से पकड़ लेना; चिपटे रहना; в. кому́-л. в во́лосы किसीको बालों से पकड़ लेना।

ВЦСПС (Всесою́зный Центра́льный Сове́т Профессиона́льных Сою́зов) अखिल संघीय ट्रेड-यूनियन की केन्द्रीय सोवियत।

вчера́ (क्रि० वि०) कल (जो बीत गयी); в. ве́чером कल शाम; **—шний** (वि०) вчера́ से वि०; весь —шний день कल सारा दिन।

вчерне́ (क्रि० वि०) कच्चे मसौदे के रूप में; речь гото́ва в. भाषण का कच्चा मसौदा (प्रारूप) तैयार है।

вче́тверо (क्रि० वि०) चौगुना; चारगुना; увели́чить в. चौगुना करना; сложи́ть в. चार तहें करना।

вчетверо́м (क्रि० वि०) चारों; चारों मिलकर они́ рабо́тали в. उन चारों ने मिलकर काम किया।

в-четвёртых (क्रि० वि०) चौथे; चौथे स्थान पर।

вчиня́ть (अपू०), **вчини́ть** (पू०) в. иск नालिश करना; दावा करना; वाद प्रस्तुत करना।

вчи́стую (क्रि० वि०) अन्तिम रूप से।

вчи́тываться (आत्म० अपू०), **вчита́ться** (आत्म० पू०) सावधानी से पढ़ना; ध्यानपूर्वक पढ़ना।

вчу́же (क्रि० वि०) ему́ в. жаль वह अपरिचित है पर फिर भी उसे दया आती है।

вше́стеро (क्रि० वि०) छहगुना; увели́чить в. छहगुना करना।

вшестеро́м (क्रि० वि०) छहों मिलकर; они́ рабо́тали в. उन छहों ने मिलकर काम किया।

вшива́ть (अपू०), **вшить** (पू०) (भवि०

вошью, вошьёшь) (में) सी देना।

вшиветь (अपू०), **обо—, за—**(पू०) जूँ पड़ जाना।

вшивнóй (वि०) (-में) सिला हुआ।

вшивый (वि०) जूँ वाला।

вширь (क्रि० वि०) चौड़ाई में; разрастáться в. चौड़ा होना।

вшить दे० вшивáть.

въедá||ться (आत्म० अपू०), **въéсться** (आत्म० पू०) १. (भवि० въéмся, въéшься) सोख जाना; хими́ческая крáска —ется в. матéрию रासायनिक रंग कपड़े पर चढ़ गया है; २. (चारे का) अभ्यस्त हो जाना; постепéнно телёнок —ется в сенó धीरे-धीरे बछड़े को घास खाने की आदत पड़ रही है।

въезд (पुं०) प्रवेश; प्रवेश-द्वार; при —е в гóрод नगर के प्रवेश-द्वार पर; прáво —а प्रवेशाधिकार।

въездн||óй (वि०) प्रवेश-; —ая ви́за प्रवेश-वीज़ा।

въезжáть (अपू०), **въéхать** (पू०) (भवि० въéду, въéдешь प्रवेश करना; (गाड़ी पर चढ़कर) अन्दर आना।

въéсться दे० въедáться.

въéхать दे० въезжáть.

въявь (क्रि० वि०) १. जागते हुए (स्वप्न में नहीं); सचमुच; ви́деть в. स्वयं अपनी आँखों से देखना।

вы (सर्वनाम) (सम्बन्धकारक вас, सम्प्रदानकारक вам, करणकारक вами) आप; благодарю́ вас आपको धन्यावाद; что с вáми? आपको क्या हुआ?; э́то вáми напи́сано? क्या यह आपने लिखा है?

вы-(क्रि०-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं: १. कार्य की पूर्ति और समाप्ति का अर्थ, जैसे вы́ловить मछलियाँ पकड़ लेना; २ भीतर से बाहर को गति का अर्थ, जैसे вы́бежать बाहर को दौड़ना; ३. 'बहुत' तथा 'थककर चूर हो जाने' का अर्थ, जैसे вы́бегаться बहुत दौड़ना; दौड़ते-दौड़ते थककर चूर हो जाना।

выбáлтывать (अपू०), **вы́болтать** (पू०) बक देना; भेद खोल देना; вы́болтать секрéт भेद खोल देना।

выбегáть (अपू०), **вы́бежать** (पू०) (भवि० вы́бегу, вы́бежишь) (बाहर) भाग जाना; в. на у́лицу सड़क पर भाग जाना।

вы́белить दे० бели́ть.

высот||а́ (स्त्री०) १. ऊँचाई; на —е́ 100 ме́тров एक सौ मीटर की ऊँचाई पर; лета́ть на небольшо́й —е́ थोड़ी ऊँचाई पर उड़ना; २. (गणित) ऊँचाई; तुंगता।

высо́тный (वि०) ऊँचा।

высотоме́р (पुं०) ऊँचाईमापी; तुंगतामापी।

вы́сохнуть दे० высыха́ть.

высоча́йший (वि०) १. высо́кий का तम-प्रत्ययान्त रूप; २. (क्रान्ति-पूर्व) शाही; राजकीय।

высо́чество (नपुं०): ва́ше в. राज्यमान।

вы́спаться दे० высыпа́ться.

выспра́шивать (अपू०), **вы́спросить** (पू०) (भवि० вы́спрошу, вы́спросишь) (किसीसे) पूछताछ करना; किसी बात का पता लगाने की कोशिश करना।

вы́ставить(ся) दे० выставля́ть(ся).

вы́ставка (स्त्री०) प्रदर्शनी; नुमायश; в. карти́н चित्र-प्रदर्शनी; в. лошаде́й अश्व-प्रदर्शनी; घोड़ों की नुमायश।

выставля́ть (अपू), **вы́ставить** (पू०) (भवि० вы́ставлю, вы́ставишь) १. आगे बढ़ाना; आगे धकेलना; सामने रखना; बाहर रखना; в. но́гу अपना पाँव बढ़ाना; २. в. чью-л. кандидату́ру उम्मीदवारी के लिए किसीका नाम पेश करना; किसीके नाम का प्रस्ताव करना; ३. प्रदर्शित करना; दिखावा करना; в. себя́ आत्म-प्रदर्शन करना; в. напока́з свои́ зна́ния अपने ज्ञान का दिखावा करना; в. кого́-л. дурако́м किसीको मूर्ख सिद्ध करने का प्रयत्न करना; ४. (माँग, युक्ति) पेश करना; देना; в. тре́бования माँगें पेश करना; в. аргуме́нты युक्तियाँ देना; ५. भगा देना; निकाल देना; вы́ставить кого́-л. со слу́жбы किसीको नौकरी से निकाल देना; ६. в. о́кна खिडकी की एक चौखट/तख्ता आदि उतार देना (रूस में सर्दी के कारण खिड़कियों में दुहरी चौखट और तख्ते लगे होते हैं); **—ся** (आत्म०) १. आत्म-प्रदर्शन करना; २. выставля́ть का कर्मवाच्य।

вы́ставочный (वि०) вы́ставка से वि०; в. комите́т प्रदर्शनी-समिति।

выста́ивать (अपू०), **вы́стоять** (पू०) १. (निश्चित समय के लिए) खड़े रहना; २. जमे रहना; डटे रहना; **—ся** (आत्म०) १. (समय पाकर) परिपक्व होना; २. (घोड़े का) आराम करना।

вы́стегать (पू०) तोशक या रजाई भरना; दो तहों में जोड़ना।

выстила́ть (अपू०), **вы́стлать** (पू०) १. (चादर आदि) बिछाना; अस्तर लगाना; २. पत्थर या ईंट बैठाना; फ़र्श लगाना।

вы́стирать दे० стира́ть.

вы́стлать दे० выстила́ть.

вы́стоять(ся) दे० выста́ивать(ся).

вы́страдать (पू०) १. (कष्ट आदि) सहना; २. बहुत कष्ट उठाकर प्राप्त करना।

выстра́ивание (नपुं०): в. рядо́в दो-दो की पंक्तियाँ बनाना।

выстра́ивать (अपू०), **вы́строить** (पू०) १. बना चुकना; в. дом घर बना लेना; २. पंक्तियाँ बनाना; **—ся** (आत्म०) १. पंक्तियाँ बनाकर खड़े होना; २. выстра́ивать का कर्मवाच्य।

вы́стрел (पुं०) गोली; गोली की आवाज़; произвести́ в. गोली चलाना; **—ить** (पू०) गोली चलाना।

вы́строгать (पू०) रन्दा करना; в. до́ску तख्ते पर रन्दा करना।

выстрига́ть (अपू०), **вы́стричь** (पू०) (भवि० вы́стригу, вы́стрижешь) (बाल आदि) कैंची से काट देना; मूँड देना; छाँटना; **—ся** (आत्म०) अपने बाल छँटवाना; मुँडवाना; हजामत बनवाना।

вы́строить (पू०) **I.** दे० выстра́ивать; **II.** (मकान आदि) बनाना; निर्माण करना।

вы́строиться दे० выстра́иваться.

вы́строчить (पू०) बखिया करना; टाँके लगाना।

выстужива́ть (अपू०), **вы́студить** (पू०) (भवि० вы́стужу, вы́студишь) ठंडा करना; शीतल करना; в. ко́мнату कमरा ठंडा करना।

высту́кивание (नपुं०) ठकठकाना।

высту́кивать (अपू०), **вы́стукать** (पू०) ठकठक करना।

вы́ступ (पुं०) उभार; प्रलम्बन; आगे निकला हुआ हिस्सा।

выступа́ть (अपू०), **вы́ступить** (पू०) (भवि० вы́ступлю, вы́ступишь) १. आगे आना; बढ़ना; в. из берего́в तट पर से बह जाना; २. (सेना०) प्रस्थान करना; ३. (जनता के सामने) प्रकट होना; बोलना; (कलाकार का) अभिनय करना; в. на сце́не रंगमंच पर आना; в. на собра́нии सभा में बोलना (अनौपचारिक रूप से); в. за предложе́ние प्रस्ताव का समर्थन करना; प्रस्ताव के पक्ष में बोलना; в. про́тив предложе́ния प्रस्ताव के विपक्ष में बोलना; в. с ре́чью भाषण देना; в. по ра́дио रेडियो पर बोलना; в. от и́мени кого́-л. किसीकी ओर से बोलना; ४. пот вы́ступил на лбу माथे पर पसीना आ गया; слёзы вы́ступили на глаза́х आँखों में आँसू आ गये; ५. प्रलम्बित होना; उभरना; किसी हिस्से का आगे निकल आना; ६. अकड़कर चलना।

выступле́ни||е (नपुं०) १. (रंगमंच पर) अभिनय; (जनता के सम्मुख) भाषण; २ प्रस्थान; прика́з о —и (सेना का) प्रस्थान-आदेश।

вы́сунуть(ся) दे० высо́вывать(ся).

высу́шивание (नपुं०) सुखाने की क्रिया।

высу́шивать (अपू०), **вы́сушить** (पू०) १. सुखाना; २. क्षीण करना; ३. (सुखाकर) कड़ा करना।

вы́сушить दे० высу́шивать और суши́ть.

вы́сушиться दे० суши́ться.

вы́сш||ий (वि०) (высо́кий का तर-प्रत्ययान्त रूप) अधिक ऊँचा; श्रेष्ठतर; (высо́кий का तम-प्रत्ययान्त रूप); सर्वोच्च; उच्चतम; सबसे ऊँचा; सर्वोत्तम; —ее образова́ние उच्चतम शिक्षा।

высыла́ть (अपू०), **вы́слать** (पू०) (भवि० вы́шлю, вы́шлешь) १. भेजना; २. देश-निकाला देना; निर्वासित करना; बाहर भेजना।

вы́сылк||а (स्त्री०) १. भेजने की क्रिया; че́рез ме́сяц по́сле —и посы́лки पार्सल भेजने के एक मास पश्चात्; २. निर्वासन; देशनिकाला।

высыпа́ть (अपू०), **вы́сыпать** (पू०) (भवि० вы́сыплю, вы́сыплешь) १. बाहर निकाल फेंकना; खाली कर देना; в. песо́к из ме́шка बोरी में से रेत फेंक देना; २. ददोरा या चकत्ता निकल आना; вы́сыпало на лице́ मुँह पर ददोरा निकल आया; ३. (भीड़ के विषय में) вы́сыпать на у́лицу सड़क पर भीड़ कर देना; ४. एकदम कह डालना; **—ся** (आत्म०) (बाहर) गिर जाना; बिखर जाना; высыпа́ть का कर्मवाच्य।

высыха́ть (अपू०), **вы́сохнуть** (पू०) १. सूख जाना; २. मुरझा जाना।

высь (स्त्री०) शिखर; ऊँचाई; चोटी; заоб-лачная в. मेघ (बहु०); в. гор पर्वत-शिखर।

выта́лкивать (अपू०), **вы́толкать, вы́толкнуть** (पू०) (धकेलकर) बाहर निकाल देना; बाहर धकेल देना।

вытанцо́выва||ться (आत्म० अपू०) □ (केवल नकारात्मक रूप में) सफल होना; де́ло не —ется काम में सफलता नहीं हो रही है।

выта́пливать (अपू०), **вы́топить** (पू०) (भवि० вы́топлю, вы́топишь) १. (भट्टी) तपाना; २. पिघलाना; (घी आदि गर्म करके) निथारना।

выта́птывать (अपू०), **вытóптать** (पू०) (पाँवों से) रौंदना; (पाँवों से) गन्दा कर देना।

вы́таращить दे० тара́щить.

выта́скивать (अपू०), **вы́таскать** (भवि० вы́тащу, вы́тащишь) (खींचकर) बाहर निकाल देना; घसीट लेना; चुराना; вы́тащить что-л. у кого́-л. किसीके पास से कुछ चुराना; □ в. кого́-л. из беды́ किसीको कष्ट से उबारना; вы́тащить кого́-л. на конце́рт किसीको

संगीत-समारोह में घसीट ले जाना ।

вы́тачка (स्त्री०) टाँका ।

вытáчивать (अपू०), **вы́точить** (पू०) सान रखना; तेज करना ।

вы́твердить (पू०) (भवि० вы́твержу, вы́твердишь) कंठस्थ करना; मुँहज़बानी याद करना ।

вытворя́ть (अपू०) कोई अजीब, हास्यास्पद या अनुचित बात करना; в. глу́пости मूर्खता की बातें करना ।

вытека́ть (अपू०), **вы́течь** (पू०) (भवि० вы́теку, вы́течешь) १. (बाहर को) बह जाना; चू जाना; २ (नदी आदि का) उद्गम होना; ३. परिणाम होना; फल होना ।

вы́тереть(ся) दे० вытира́ть(ся).

вы́терпе‖ть (पू०) (भवि० вы́терплю, вы́терпишь) सहन करना; सहना; он е́ле —л э́то वह इसको कठिनाई से सहन कर सका ।

вы́тертый १ вытéреть से कृदन्त; २. (कपड़े के विषय में) तार-तार ।

вытесне́ние (नपुं०) १. (भींचकर) बाहर निकालने की क्रिया; २. (भौ०) विस्थापन; ३. (व्यापार में प्रतिद्वन्द्वी को) उखाड़ फेंकना ।

вытесня́ть (अपू०), **вы́теснить** (पू०) १. (भींचकर) बाहर निकाल देना; बाहर धकेल देना; २. (भौ०) विस्थापन करना; ३. उखाड़ फेंकना ।

вы́течь दे० вытека́ть.

вытира́ть (अपू०), **вы́тереть** (पू०) (भवि० вы́тру, вы́трешь) १. पोंछना; в. но́ги पाँव पोंछना; в. пыль गर्द झाड़ना; २. (कपड़े पहनते-पहनते) तार-तार कर देना; **—ся** (आत्म०) १. अपने शरीर को पोंछना; २. (वस्त्र का पहनने से) तार-तार हो जाना; ३. вытира́ть का कर्मवाच्य ।

вытисня́ть (अपू०), **вы́тиснить** (पू०) छाप लगाना ।

вы́ткать (पू०) बुनना ।

вы́толкать, вы́толкнуть दे० выта́лкивать.

вы́топить दे० выта́пливать.

вы́топтать दे० выта́птывать.

выторго́вывать (अपू०), **вы́торговать** (पू०) (भवि० —гую) १. सौदेबाज़ी करना; मूल्य में कमी कराना; в. пять рубле́й मूल्य में पाँच रूबल की कमी कराना; २. (व्यापार द्वारा) जीविका कमाना ।

вы́точить दे० вытачива́ть.

вы́травить दे० вытравля́ть और трави́ть.

вытрав‖ля́ть (अपू०), **вы́травить** (पू०) (भवि० вы́травлю, вы́травишь) १. (विष आदि देकर) नष्ट करना; मारना; в. всех мыше́й सारे चूहे मार देना; २. गर्भपात करना; ३. (ताम्र-पत्र आदि पर) हाथ से या तेज़ाब से खोदना; ४. (घास) रौंदना; **—но́й** (वि०) संक्षारक ।

вы́требовать (पू०) (—бую) १. बुलाना; बुलावा भेजना; समन भेजना; в. в суд повéсткой कचहरी में आने के लिए समन भेजना; २. माँगकर प्राप्त करना ।

вытрезвля́ть (अपू०), **вы́трезвить** (पू०) (भवि० вы́трезвлю, вы́трезвишь) संयमी बनाना; **—ся** (आत्म०) १. संयमी बनना; २. вытрезвля́ть का कर्मवाच्य ।

вытряса́ть (अपू०), **вы́трясти** (पू०) (भवि० вы́трясу, вы́трясешь) в. ковёр दरी झाड़ना ।

вытря́х‖ивать (अपू०), **вы́тряхнуть** (पू०) १. झाड़ना; २. गिरा देना; вынимая плато́к, вы́тряхнул из карма́на письмо́ रुमाल निकालते हुए जेब में से पत्र गिरा दिया ।

вы́турить (पू०) भगा देना; ज़लील करके निकालना ।

выть (अपू०) (वर्त० во́ю, во́ешь) चिंघाड़ना; दहाड़ना; चिल्लाना; सायँ-सायँ करना; вéтер во́ет हवा सायँ-सायँ कर रही है ।

вытьё (नपुं०) दहाड़; चिंघाड़; चिल्लाहट; सायँ-सायँ का शब्द ।

вытя́гивать (अपू०), **вы́тянуть** (पू०)

१. खींचकर बाहर निकाल देना ; खींचकर फैलाना ; в. рези́нку रबड़ (खींचकर) फैलाना ; २. он до́лго не вы́тянет वह अधिक नहीं जम पायेगा ; □ дым вы́тянуло धुआँ निकल गया ; **—ся** (आत्म०) १. फैलना ; २. बढ़ जाना ; ३. सीधा खड़ा होना ; ४. вытя́гивать का कर्मवाच्य ; □ лицо́ у него́ вы́тянулось उसका मुँह उतर गया ।

вы́тя||жка (स्त्री०) (रस०) अर्क ; सत ; □ стоя́ть на —жку तनकर खड़े होना ; **—нуть(ся)** दे० вытя́гивать(ся).

выу́живать (अपू०), **вы́удить** (पू०) (भवि० вы́ужу, вы́удишь) (काँटे से मछलियाँ) पकड़ना ; (सूचना, भेद आदि) निकाल लेना ; в. у кого́-л. де́ньги किसीसे धन ठग लेना ; отку́да ты вы́удил э́ти но́вости ? तुम ये समाचार कहाँ से ले आये ?

вы́утюжить दे० утю́жить.

вы́ученик (पुं०) शिष्य ; विद्यार्थी ; अनुयायी ।

выу́чивать (अपू०), **вы́учить** (पू०) १. सीखना ; в. наизу́сть कंठस्थ करना ; २. सिखाना ; पढ़ाना ; вы́учить ребёнка чита́ть बच्चे को पढ़ना सिखाना ; вы́учить ученико́в ру́сскому языку́ विद्यार्थियों को रूसी भाषा पढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) १. सीखना ; —ся чита́ть पढ़ना सीखना ; २. выу́чивать का कर्मवाच्य ।

выу́чка (स्त्री०) सिखाने की क्रिया ; प्रशिक्षण ; शिक्षण ।

выха́живать (अपू०), **вы́ходить** (पू०) (भवि० вы́хожу, вы́ходишь) (रोगी की) परिचर्या करना ; (बच्चे का) पालन-पोषण करना ।

выхва́тывать (अपू०), **вы́хватить** (पू०) (भवि० вы́хвачу, вы́хватишь) छीन लेना ; в. из рук हाथों से छीन लेना ।

вы́хлопотать (पू०) बड़े कष्ट से प्राप्त करना ।

вы́ход (पुं०) १ निर्गमन ; बाहर निकलना ; (पुस्तक आदि का) प्रकाशन ; в. в отста́вку पद-त्याग; त्याग-पत्र ; इस्तीफ़ा ; в. из го́рода नगर से प्रस्थान ; в. на рабо́ту काम पर उपस्थिति ; ждать чьего́-л. —а किसीके बाहर आने की प्रतीक्षा करना ; по́сле —а кни́га पुस्तक के प्रकाशित होने के पश्चात् ; २. निर्गम-द्वार ; बाहर निकलने का मार्ग ; друго́го —а нет (इसके अलावा) कोई और चारा नहीं ; ३. उपज ।

вы́ходец (पुं०) दूसरे देशों से आकर बसनेवाला ; в. из крестья́нской среды́ जन्म का किसान ; он в. из Кита́я वह चीनी है (अर्थात् वह चीन का निवासी है) ; □ в. из того́ све́та भूत ; प्रेत ।

выходи́ть, (अपू०), **вы́йти** (पू०) (वर्त० выхожу́, выхо́дишь ; भवि० вы́йду, вы́йдешь) १. बाहर जाना ; в. и́з дому घर से बाहर जाना ; в. на рабо́ту काम पर जाना ; он вы́шел вчера в пе́рвый раз वह कल पहली बार घर से निकला था ; в. из окруже́ния घेरे से बाहर निकलना ; २. (पुस्तक आदि का) प्रकाशित होना ; (हुक्म का) जारी होना ; кни́га вы́йдет на бу́дущей неде́ле पुस्तक आगामी सप्ताह प्रकाशित होगी; ३. समाप्त हो जाना ; खर्च हो जाना ; у него́ вы́шли все де́ньги उसका सारा धन खर्च हो चुका है ; срок уже́ вы́шел समय समाप्त हो चुका है ; ४. परिणाम निकलना ; из э́того ничего́ не вы́йдет इसका कुछ परिणाम नहीं निकलेगा; отсю́да и вы́шли все неприя́тности यहीं से तो सब झगड़ों का आरम्भ हुआ ; из него́ вы́йдет хоро́ший инжене́р वह अच्छा इंजीनियर बनेगा ; его́ докла́д вы́шел интере́сным उसका भाषण दिलचस्प रहा ; ५. он вы́шел из крестья́н वह जन्म का किसान है ; ६. छोड़ देना ; अलग होना ; पृथक् होना ; в. из сою́за संघ छोड़ना ; संघ से अलग होना ; ७. (केवल अपू०) ко́мната выхо́дит о́кнами на у́лицу कमरे की खिड़कियाँ सड़क पर खुलती हैं ; окно́ выхо́дит в сад खिड़की बागीचे की ओर खुलती है ; □ в. в отста́вку पद त्यागना ; в. за́муж (за) विवाह करना ; в. за преде́лы सीमा का उल्लंघन करना ; в. из себя́ आपे से बाहर होना ; он ро́стом

не вышел उसका क़द नाटा ही रहा ।

выходк||а (स्त्री०) धोखा ; छल-कपट ; शरारत ; злáя в. прóтив когó-л. किसीके साथ छल-कपट/चालाकी ; ребя́ческие —и बच्चों जैसी शरारतें ।

выходн||óй (वि०) बाहर जाने का ; —áя дверь बाहर निकलने का दरवाज़ा ; в. день छुट्टी का दिन ; быть —ы́м छुट्टी पर होना ।

выхолáщивать (अपू०), **вы́холостить** (पू०) (भवि० вы́холощу, вы́холостишь) बधिया करना ।

вы́холенн||ый (वि०) सुलालित ; पाला हुआ ; —ая бородá पाली हुई दाढ़ी ; —ое тéло पाला हुआ शरीर ।

вы́холостить दे० выхолáщивать.

вы́хухоль (स्त्री०) छछूँदर ।

выцара́пывать (अपू०), **вы́царапать** (पू०) १. खरोंचना ; नाखून मारना ; २. (किसीसे कुछ) कठिनता से प्राप्त करना ; निकालना ; ऐंठना ।

выцветáть (अपू०), **вы́цвести** (पू०) (भवि० вы́цвету, вы́цветешь) मुरझा जाना ।

вычёркивать (अपू०), **вы́черкнуть** (पू०) (सूची आदि में से) काट देना ; निकाल देना ; в. из спи́ска सूची में से काट देना/निकाल देना ।

вычéрпывать (अपू०), **вы́черпать** (पू०) (बाँध, सरोवर आदि से) पानी निकालकर समाप्त कर देना ; बाहर निकाल देना ; в. водý из лóдки किश्ती में से पानी बाहर निकाल देना ।

вычéрчивать (अपू०), **вы́чертить** (पू०) (भवि० вы́черчу, вы́чертишь) रेखाचित्र बनाना ; स्केच बनाना ।

вы́честь दे० вычитáть.

вычёсывать (अपू०), **вы́чесать** (पू०) (भवि० вы́чешу, вы́чешешь) कंघी से साफ़ करना ; в. вшей कंघी करके जूँ निकालना ।

вы́чет (पुं०) कटौती ।

вычисл||éние (नपुं०) गणना ; **—и́тель** (पुं०) गणना करनेवाला ; गणना करने की मशीन ; **—я́ть** (अपू०), **вы́числить** (पू०) गणना करना ।

вы́чистить दे० вычищáть.

вычитá||емое (नपुं०) (वि० रू०) (गणित) वियोजक ; **—ние** (नपुं०) (गणित) घटाना ; व्यवकलन ; произвести́ —ние घटाना ।

вычитáть (अपू०), **вы́честь** (पू०) (भवि० вы́чту, вы́чтешь) घटाना ; व्यवकलन करना ।

вычи́тывать (अपू०), **вы́читать** (पू०) १. (पुस्तक आदि पढ़कर) पता लगा लेना ; ढूँढ़ लेना ; २. (हस्तलेख को) पढ़ लेना ।

вычищáть (अपू०), **вы́чистить** (पू०) (भवि० вы́чищу, вы́чистишь) १. साफ़ करना ; вы́чистить щёткой ब्रुश से साफ़ करना ; २. (संस्था की सदस्यता से) बाहर निकाल देना ।

вы́чурный (वि०) कल्पनाप्रसूत ; (साहित्यिक शैली) शब्दाडम्बरयुक्त ; कलापूर्ण ।

вышвы́ривать (अपू०), **вы́швырнуть** (पू०) (ज़ोर से) बाहर फेंक देना ; в. вéщи из вагóна रेलगाड़ी के डिब्बे में से चीज़ें बाहर फेंक देना ।

вы́ше : १. высóкий और высокó का तर-प्रत्ययान्त रूप ; २. अधिक ऊपर ; в. нуля́ शून्य से ऊपर ; дéти восьми́ лет и в. आठ वर्ष से ऊपर के बच्चे ; в. моúх сил मेरी शक्ति से बाहर ; смотри́ в. ऊपर देखो ; как скáзано в. जैसे ऊपर कहा गया है ।

выше||изложенный (वि०) उपर्युक्त ; **—означенный**, **—укáзанный**, **—упомя́нутый** (वि०) पूर्वोक्त ; उपर्युक्त ; **—речённый**, **—скáзанный** (वि०) पूर्वकथित ; उपर्युक्त ।

вышибáла (पुं०) सराय आदि या सार्वजनिक स्थानों से शराबियों और गुंडों को बाहर निकालने-वाला ।

вышибáть (अपू०), **вы́шибить** (पू०) १. (धक्का देकर) गिरा देना ; (द्वार आदि) तोड़ गिराना ; в. что-л. из рук когó-л. धक्का देकर किसीके हाथ से कोई वस्तु गिरा देना ; в. дверь द्वार तोड़ गिराना ; २. निकाल देना ; भगा देना ; в. когó-л. со слýжбы किसीको

नौकरी से निकाल देना ।

вышива́||льщица (स्त्री०) कढ़ाई का काम करनेवाली ; **—нье** (नपुं०) कढ़ाई का काम ; कशीदा ।

вышива́ть (अपू०), **вы́шить** (पू०) (भवि० вы́шью, вы́шьешь) कढ़ाई का काम करना ; कशीदा करना ।

вы́шивка (स्त्री०) कढ़ाई का काम ; कशीदा ।

вышин||а́ (स्त्री०) ऊँचाई ; —о́й в 100 ме́тров सौ मीटर की ऊँचाई पर ।

вы́шить (दे०) вышива́ть.

вы́шка (स्त्री०) मीनार ; बुर्जी ।

вы́школить (पू०) शिक्षा देना ; अनुशासन सिखाना ।

вы́шлифовать (पू०) (—фую) (धातु, पत्थर पर) पालिश करना ।

вы́шмыгну||ть (पू०) खिसक जाना ; (चुपके से) निकल जाना ; мы́шка —ла из мышело́вки चूहा पिंजड़े में से निकल गया ।

выштукату́ривать (अपू०), **вы́штукатурить** (पू०) (दीवार, छत आदि पर) पलस्तर करना ।

вышу́чивать (अपू०), **вы́шутить** (पू०) (भवि० вы́шучу, вы́шутишь) हँसी करना ; मज़ाक करना ।

выщи́пывать (अपू०), **вы́щипать** (पू०) नोंचना ; उखाड़ना ; в. пе́рья у пти́цы पक्षी के पंख उखाड़ना ; в. во́лосы बाल नोंचना ।

выявля́ть (अपू०), **вы́явить** (पू०) (भवि० вы́явлю, вы́явишь) १. जाहिर करना ; दिखाना ; भंडा फोड़ना ; **—ся** (आत्म०) जाहिर होना ; पता लगना ।

выясне́ние (नपुं०) स्पष्टीकरण ।

выясня́ть (अपू०), **вы́яснить** (पू०) १. स्पष्टीकरण करना ; в. вопро́с प्रश्न का स्पष्टीकरण करना ; २. पता लगाना ; मालूम करना ; **—ся** (आत्म०) १. स्पष्ट होना ; २. выясня́ть का कर्मवाच्य ।

вью́га (स्त्री०) बर्फ़ का तूफ़ान ।

вьюк (पुं०) (लद्दू जानवरों पर लादे जानेवाला) गट्ठर ; बोझ ।

вьюн (पुं०) एक प्रकार की लम्बी मछली ।

вьюно́к (पुं०) एक प्रकार का सरकंडा ।

вью́чить (अपू०), **на—** (पू०) लादना ।

вью́чн||ый (वि०) : —ое живо́тное लद्दू पशु ।

вью́шка (स्त्री०) (हवा का खिंचाव बन्द करने के लिए भट्टी की चिमनी का) ढक्कन ।

вяз (पुं०) एल्म नामक पेड़ ।

вяза́ль||ный (वि०) बुनाई का; —ная спи́ца बुनाई की सलाई ; —ная маши́на बुनाई की मशीन ; **—щик** (पुं०) १. बाँधनेवाला ; २. बुनाई करनेवाला ।

вяза́нка (स्त्री०) १. बुनी हुई जर्सी ; २. в. дров लकड़ियों का गट्ठा ।

вя́заный (वि०) (सलाइयों से) बुनी हुई ।

вяза́нье (नपुं०) १. बुनाई का काम ; २. (गट्ठर आदि) बाँधने की क्रिया ।

вяза́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० вяжу́, вя́жешь) १. बाँधना ; в. снопы́ गट्ठर बाँधना ; २. (सलाइयों से) बुनना ।

вяза́ться (आत्म० अपू०) १. मेल खाना ; ठीक बैठना ; пло́хо вя́жется (с) यह मेल नहीं खाता ; २. вяза́ть का कर्मवाच्य ।

вязи́га दे० визи́га.

вя́зка (स्त्री०) १. बाँधने की क्रिया ; २. बुनाई ।

вя́зк||ий (वि०) १. चिपचिपा ; २. कीचड़वाला ; दलदलवाला ; **—ость** (स्त्री०) चिपचिपाहट ।

вя́знуть (अपू०) धँस जाना ; в. в грязи́ कीचड़ में धँस जाना ।

вязь (स्त्री०) जुड़वाँ टाइप ।

вя́ление (नपुं०) (धूप या हवा में) सुखाने की क्रिया ।

вя́лить (अपू०), **по—** (पू०) (धूप या हवा में) सुखाना ; в. фру́кты फल सुखाना ।

вя́л||о (क्रि० वि०) मन्द गति से ; हतोत्साह होकर ; **—ый** (वि०) १. मुरझाया हुआ ; २. सुस्त ; मन्द ; हतोत्साह ।

вя́нуть (अपू०), **за—** (पू०) मुरझा जाना ।

вя́щ||ий (वि०) बड़ा ; महान् ; для —его успе́ха महान् सफलता के लिए ।

Г

г. год, госпóдин, гóрод का संक्षिप्त रूप ।

га гектáр का संक्षिप्त रूप ।

габари́т (पुं०) निर्धारित आयाम ।

гáвань (स्त्री०) बन्दरगाह ।

гáга (स्त्री०) एक प्रकार की गोताखोर चिड़िया जिसके पंख बड़े नर्म और बहुमूल्य होते हैं ।

гагáр‖а (स्त्री०) एक प्रकार का उत्तरी जलपक्षी ; **—ка** (स्त्री०) ध्रुवदेश का समुद्री पक्षी ।

гагáчий (वि०) гáга से वि० ।

гад (पुं०) सरीसृप ; रेंगनेवाला जन्तु ।

гадá‖лка (स्त्री०) भविष्य बतानेवाली ; रमल लगानेवाली ; **—льщик, —тель** (पुं०) भविष्य बतानेवाला ; रमल लगानेवाला ; **—ние, —нье** (नपुं०) १. भविष्य बताने/रमल लगाने की क्रिया ; २. अनुमान लगाने की क्रिया ; **—тельный** (वि०) १. भविष्य बताने का ; —тельные кáрты भाग्यनिर्देशक-पत्र (कार्ड) ; २. सन्दिग्ध ; अनिश्चित ; всё э́то óчень —тельно यह सब बातें बहुत सन्दिग्ध हैं ।

гадáть (अपू०), **по—** (पू०) १. भविष्य बताना ; रमल लगाना ; २. अनुमान करना ; कल्पना करना ; बूझना ।

гáд‖ина (स्त्री०) नीच ; घृणित व्यक्ति ; **—ить** (अपू०), **нагáдить** (पू०) (वर्त० гáжу, гáдишь) १. मलिन करना ; गन्दा करना ; २. हानि पहुँचाना ; खराब करना ।

гáдкий (वि०) (मौसम आदि के बारे में) खराब ; (बच्चे के बारे में) शरारती ; जघन्य ; भद्दा ; г. утёнок भद्दा बत्तख का बच्चा ।

гадли́в‖о (क्रि० वि०) घृणा से ; जुगुप्सा से ; **—ость** (स्त्री०) घृणा ; जुगुप्सा ; **—ый** (वि०) वीभत्स ।

гáдость (स्त्री०) १. कूड़ा-कर्कट ; कीचड़ ; गन्दगी ; २. दुष्टता ; сдéлать г. दुष्टता का काम करना ।

гадю́ка (स्त्री०) विषैला साँप ; काला साँप ।

гáер (पुं०) विदूषक ; भाँड ; ठिठोलिया ; **—ство** (नपुं०) विदूषकत्व ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) विदूषक का काम करना ।

гáечный (वि०) ढिबरी का ; г. ключ ढिबरी कसने का रिंच ।

газ (पुं०) **I.** गैस ; слезоточи́вый г. अश्रु-गैस (आँसू लानेवाली गैस) ; **II.** (केवल एकवचन) जालीदार कपड़ा ; जाली ; плáтье из гáза जाली के कपड़े ।

газéль (स्त्री०) एक प्रकार का मृग ।

газéт‖а (स्त्री०) समाचार-पत्र; अखबार ; **—ный** (वि०) समाचार-पत्र का ; **—чик** (पुं०) १. समाचार-पत्र बेचनेवाला ; २. समाचार-पत्र के कार्यालय या छापेखाने का कर्मचारी ।

гази́рованн‖ый (वि०) ; —ая водá गैसयुक्त पानी ।

гáзовый (वि०) газ से वि० ; г. завóд गैस-फ़ैक्टरी ; г. счётчик गैसमापी ; गैसमीटर ।

газомéр (पुं०) गैसमापी ; गैसमीटर ।

газомёт (पुं०) गैस-प्रक्षेपी ; गैस-प्रोजेक्टर ।

газóн (पुं०) दूब ; घास ; по —ам ходи́ть воспрещáется घास पर चलना मना है ।

газообрáзный (वि०) गैस के समान ; गैस जैसा ।

газоубéжище (नपुं०) गैस से बचने का स्थान ।

газохрани́лище (नपुं०) १. गैसधारक ; २. गैसमापी ।

гáйка (स्त्री०) ढिबरी ।

галá (स्त्री०) г. представлéние भव्य नाटक आदि समारोह ।

галáктика (स्त्री०) तारापुंज ; आकाशगंगा ।

галактóметр (पुं०) दुग्धमापी ।

галантерéйность (स्त्री०) (मज़ाक से) शिष्टाचारिता ; मिलनसारी ।

галантерéйный (वि०) галантерéя से वि० ।

галантерéя (स्त्री०) (केवल एकवचन) बिसाती की दुकान ।

галанти́р (पुं०) जिलैटीन ; लसलसा खाद्य ।

гала́нт||ность (स्त्री०) स्त्रियों के प्रति अत्यधिक शिष्टाचार ; **—ный** (वि०) स्त्रियों के प्रति अत्यधिक शिष्ट ।

гал||дёж (पुं०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोरगुल ; **—де́ть** (अपू०) (प्रथम पुरुष का रूप प्रयुक्त नहीं होता, галди́шь) कोलाहल करना ; शोरगुल करना ।

гале́ра (स्त्री०) १. बहुत-से चप्पुओं से चलाये जानेवाला एक प्राचीन पोत ; २. (दंड देने के लिए) अपराधी से जहाज़ के चप्पू चलवाना ।

галёрка (स्त्री०) (केवल एकवचन) दीर्घा ; गलियारा ; वीथि ; गैलरी ।

галиматья́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) निरर्थक शब्द ; сплошна́я г. बिल्कुल बकवास ।

галифе́ (नपुं०) (घुड़सवारी की) बिरजिस ।

га́лка (स्त्री०) कौवे की जाति का एक काला पक्षी ।

гал(л)ере́я (स्त्री०) दीर्घा ; गलियारा ; वीथि ; गैलरी ; карти́нная г. चित्र-वीथि ; ми́нная г. सुरंग ।

га́ллий (पुं०) (रस०) गालियम ।

гал(л)о́н (पुं०) गैलन ।

галлюцина́ция (स्त्री०) भ्रम ; भ्रान्ति ।

галоге́н (पुं०) (रस०) हैलोजन ।

гало́ид (पुं०) (रस०) हेलायड ।

гало́п (पुं०) १. (घोड़े की) सरपट दौड़ ; २. चक्राकार नृत्य ; **—ом** (क्रि० वि०) सरपट चाल से ।

га́лючий (वि०) га́лка से वि० ।

гало́ш||а (स्त्री०) गालौश (चमड़े के बूट पर पहनने का रबड़ का जूता) ; □ сесть в —у गड़बड़झाले में फँसना ; किंकर्त्तव्यविमूढ़ होना ।

га́лстук (पुं०) टाई ।

галу́н (पुं०) (केवल एकवचन) लेस ; गोटा ।

галу́шки (बहु०) (युक्रेन प्रदेश का एक भोजन) दूध अथवा शोरबे में तली हुई पकौड़ियाँ ।

галчо́нок (पुं०) काले कौवे का बच्चा ।

гальванизи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) जस्ता चढाना ; गेल्वनीकरण ।

гальвано́||ме́тр (पुं०) गेल्वनोमीटर ; धारामापी ; **—ско́п** (पुं०) गेल्वनोस्कोप ; धारादर्शी ।

га́лька (स्त्री०) (केवल एकवचन) कंकड़ ।

гам (पुं०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोरगुल ।

гама́к (पुं०) झूलती खाट ।

га́мма (स्त्री०) (संगीत) सरगम ।

га́нглий (पुं०) (शरीररचना०) गैंग्लियान ; गुच्छिक ; कंडरापुटी ; नाड़ी-केन्द्र ।

гангре́на (स्त्री०) (चिकि०) शरीर के किसी अंग की सड़न ।

гандика́п (पुं०) (खेल में) बाधा ; अटकाव ।

гара́ж (पुं०) मोटरघर ।

гара́нт (पुं०) प्रतिभू ; ज़ामिन ; **—ия** (स्त्री०) प्रत्याभूति ; ज़मानत ; गारंटी ।

гардеро́б (पुं०) १. वस्त्रागार ; वस्त्र रखने का कमरा या अलमारी ; २. (केवल एकवचन) वस्त्र ; **—ная** = гардеро́б-१. ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) वस्त्रागार में काम करनेवाला/वाली ।

garди́на (स्त्री०) (पूरी खिड़की का) पर्दा ।

гаре́м (पुं०) अन्तःपुर ; ज़नानख़ाना ; हरम ।

га́ркать (अपू०), **га́ркнуть** (पू०) चिल्लाना ; га́ркнуть на кого́-л. किसी पर चिल्लाना ।

гармониза́ция (स्त्री०) सामंजस्य करने की क्रिया ।

гармо́ника (स्त्री०) अकार्डियन (हारमोनियम जैसा एक बाजा) ।

гармони́ровать (अपू०) (—рую) समस्वर करना ; समंजस करना ; तालमेल करना ।

гармони́ст (पुं०) अकार्डियन बजानेवाला ।

гармони́||ческий, —чный (वि०) समस्वर ; सामंजस्ययुक्त ; समंजस ।

гармо́ния (स्त्री०) १. समस्वरता ; सामंजस्य ; २.=гармо́ника.

гармо́нь = гармо́ника.

гарнизо́н (पुं०) गैरीज़न ; नगररक्षक सेना ।

гарнизо́нный (वि०) гарнизо́н से वि० ।

гарни́р (पुं०) मछली, मांस आदि के साथ परोसी हुई सब्ज़ी, सलाद, प्याज़ आदि ।

гарниту́р (पुं०) (फ़र्नीचर, छपाई के टाइप आदि का) पूरा सैट ।

га́рн||ый (वि०): —ое ма́сло (लैम्प आदि में) जलाने का तेल ।

га́рпия (स्त्री०) १. (पौराणिक) स्त्री के मुख और शरीर तथा पक्षी के पर और पंजेवाला काल्पनिक दैत्य ; डाइन ; २. दक्षिणी अमरीका का बाज़; ३. दक्षिण एशिया का एक बड़ा चमगादड़ ।

гарпу́н (पुं०) ह्वेल मछली पकड़ने की रस्सा-बँधी बर्छी; бить —ом (इस प्रकार की) बर्छी से मारना।

гарт (पुं०) (छपाई-सम्बन्धी) टाइप ढालने की धातु ।

га́рус (पुं०) एक प्रकार का खुरदरा ऊनी कपड़ा ; पट्टू ।

гарцова́ть (अपू०) (—цу́ю) अपनी प्रवीणता दिखाने के लिए घोड़े पर तिरछे होकर बैठना ।

гар||ь (स्त्री०) : па́хнет —ью चिरायँध आ रही है ; कपड़ा जलने की गन्ध आ रही है ।

гаси́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० гашу́, га́сишь) १. बुझा देना ; г. свечу́ मोमबत्ती बुझा देना ; г. газ गैस बन्द कर देना ; २. ऋणमुक्त होना ; हिसाब चुकाना ; ☐ г. и́звесть चूना बुझाना ।

га́снуть (अपू०), **по—** (पू०) बुझ जाना ; धुँधला हो जाना ; धीरे-धीरे क्षय होना ।

гастри́||т (पुं०) (चिकि०) आमाशय का रोग ; **—ческий** (वि०) आमाशय- ; आमाशय-सम्बन्धी ।

гастрол||ёр (पुं०), **—ёрша** (स्त्री०) (भ्रमण करती हुई अथवा दौरा करती हुई मंडली का सदस्य) अतिथि कलाकार ; **—и́ровать** (अपू०), (वर्त० —рую) (नाटक अथवा कलाकारों की मंडली का) दौरे पर जाना ; (किसी दूसरे स्थान पर जाकर) नाटक खेलना ।

гастро́л||ь (स्त्री०) (कलाकारों की मंडली का) दौरा ।

гастроно́м (पुं०) गास्त्रोनौम (वह दुकान जहाँ खाने-पीने की वस्तुएँ मिलती हों) ।

гать (स्त्री०) (दलदल आदि में से गुज़रने के लिए बनाया गया) काष्ठपथ ; लकड़ी का रास्ता ।

га́убица (स्त्री०) एक प्रकार की छोटी तोप ।

гауптва́хта (स्त्री०) गारद-कमरा ।

га́чник (पुं०) पतलून की पेटी ; गेलिस ।

гаш||е́ние (नपुं०) (आग) बुझाने का कार्य ; **—ёный** (वि०) बुझाया हुआ ; —ёная и́звесть बुझाया हुआ चूना ।

гвалт (पुं०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोर-गुल ; поднима́ть г. शोर-गुल करना ।

гвард||е́ец (पुं०) गारद का सिपाही ; **—е́йский** (वि०) गारद-सम्बन्धी ।

гва́рдия (स्त्री०) (केवल एकवचन) गारद ; кра́сная г. लाल गारद ।

гво́здик (पुं०) छोटी मेख़ ।

гвозди́ка (स्त्री०) (केवल एकवचन) लवंग ।

гвозди́льный (वि०) : г. заво́д मेख़ें बनाने का कारखाना ।

гвозди́чн||ый (वि०) लवंग-सम्बन्धी ; —ое ма́сло लवंग का तेल ।

гвозд||ь (पुं०) मेख़ ; (चौड़े माथे की) छोटी कील ; прибива́ть —я́ми मेख़ों से गाड़ना ।

гвоздяни́к (पुं०) मेख़ों का डिब्बा ।

где (क्रि० वि०) कहाँ ; г. бы ни जहाँ भी ; ☐ г. бы то ни́ было जहाँ भी हो ; г. ему́ поня́ть ! उसकी समझ में क्या आयेगा ! (अर्थात् वह इसको नहीं समझ सकता !) ।

где́-либо, где́-нибудь, где́-то (क्रि० वि०) कहीं ; не вида́ли ли вы где́-нибудь моéй кни́ги ? आपने कहीं मेरी पुस्तक तो नहीं देखी ?

гей (सम्बोधन) हे !

ге́йзер (पुं०) गर्म पानी का झरना ।

гекза́метр (पुं०) श्लोक का षट्पदी चरण ।

гекса́эдр (पुं०) षड्भुज ।

гекта́р (पुं०) हैक्टर (२.४७१ एकड़ के बराबर) ।

ге́лий (पुं० (रस०) हीलियम ।

гелио́граф (पुं०) प्रकाश-सन्देशवाहक ; सौर सन्देशवाहक ।

гемоглобин (पुं०) (भौ०) होमोग्लोबीन।
геморрой (पुं०) बवासीर।
генеалогический (वि०) वंशपरम्परा (वंशावली)-सम्बन्धी।
генеалогия (स्त्री०) वंशवृक्ष।
генезис (पुं०) सृष्टि; आदि; मूल।
генерал (पुं०) (सेना०) जनरल।
генаралиссимус (पुं०) जनरलिस्सिमो।
генеральный (वि०) मुख्य; प्रधान; जनरल; г. секретарь प्रधान सचिव।
генеральский (वि०) जनरल का; г. чин जनरल का पद।
генератор (पुं०) जनित्र; जैनरेटर।
генет||ика (स्त्री०) उत्पत्ति-शास्त्र; **—ический** (वि०) उत्पत्ति-विषयक।
гениальность (स्त्री०) १. प्रतिभा; अपूर्व मेधा; २. महानता।
гениальный (वि०) अपूर्वमेधा-सम्पन्न; महान्; प्रतिभाशाली; г. план महान् योजना; г. писатель प्रतिभाशाली/महान् लेखक।
гений (पुं०) १. प्रतिभाशाली; अपूर्वमेधा-सम्पन्न मनुष्य; २. प्रेत; पिशाच; добрый г. सुदैव।
геогр||аф (पुं०) भूगोल-विशेषज्ञ; भूगोल का अध्यापक; **—афический** (वि०) भौगोलिक; **—афия** (स्त्री०) भूगोल-शास्त्र।
геол||ог (पुं०) भूतत्त्व-वेत्ता; **—огический** (वि०) भूतत्त्वविद्या-सम्बन्धी **—огия** (स्त्री०) भूतत्त्व-विद्या।
геометр (पुं०) ज्यामिति में प्रवीण; **—ический** (वि०) ज्यामिति-सम्बन्धी।
геометрия (स्त्री०) ज्यामिति; भूमिति; रेखागणित।
георгин(а) (पुं०) (स्त्री०) डेहलिया; एक प्रकार का बड़े फूल का पौधा।
герб (पुं०) युद्ध-चिह्न (अंग्रेज़ी—कोट-आफ़-आर्म्ज़)।
гербов||ый (वि०) герб से वि०; □ г. сбор मुद्रांक; —ая бумага स्टाम्प काग़ज़।
геркулес (पुं०) **I.** बलवान मनुष्य; **II.** (केवल एकवचन) जई का दलिया।
герман||ец (पुं०) जर्मनी-निवासी; जर्मन; **—ский** (वि०) जर्मनी का; —ский язык जर्मन भाषा।
герметическ||и (क्रि० वि०): закрытый г. संमुद्रित; **—ий** (वि०): —ая кабина (उड्डयन-सम्बन्धी) संमुद्रित कोष्ठिका।
героизм (पुं०) शूरता; पराक्रम।
героика (स्त्री०) शूरता की भावना।
герои||ня (स्त्री०) वीरांगना; नायिका; **—ческий** (वि०) वीरता का; —ческая эпоха वीर-युग।
герой (पुं०) १. वीर; शूरवीर; г. социалистического труда समाजवादी श्रमवीर; २. नायक; **—ский** (वि०) герой से वि०; **—ство** (नपुं०) शूरता; पराक्रम।
герольд (पुं०) अग्रदूत।
герц (पुं०) (बिजली-सम्बन्धी) हेर्ट्ज़ (प्रति सैकिंड चक्रण)।
герцог (पुं०) ड्यूक; **—иня** (स्त्री०) डचैस; ड्यूक की पत्नी।
гетерогенн||ость (स्त्री०) विभिन्नजातीयता; पृथग्विधता; **—ый** (वि०) विभिन्नजातीय; विविधजातीय; विविध प्रकार का; पृथग्विध।
гетман (पुं०) कज़ाक सरदार।
гетры (बहु०) (टाँगों पर बाँधने की) गर्म पट्टी।
гиббон (पुं०) (लम्बे हाथवाला बन्दर) गिब्बन।
гибель (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. मृत्यु; नाश; (पोत आदि का) टूटकर डूब जाना; (सरकार का) पतन; г. всех надежд सब आशाओं का नाश; २. (कीड़ों का) झुंड/समूह; (लोगों की) भीड़।
гибель||ный (वि०) विनाशक; विध्वंसक; घातक; —ная политика घातक नीति।
гибк||ий (वि०) नम्य; लचीला; मुलायम; (बुद्धि के बारे में) चपल; चंचल; **—ость** (स्त्री०) नम्यता; लचक; लचीलापन; मुलायमी।
гибл||ый (वि०) ख़राब; निकम्मा; —ое дело ख़राब काम; —ое место ख़राब जगह।
гибнуть (अपू०), **по—** (पू०) नष्ट होना; बरबाद होना।
гибрид (पुं०) वर्णसंकर; द्विजातीय; दुनस्ला;

दोगला ; **—иза́ция** (स्त्री०) द्विजातीयकरण ।

гига́нт (पुं०) विकट ; बड़ा भारी ; भीमकाय ; заво́д-г. बड़ी भारी फ़ैक्टरी ।

гигие́н||а (स्त्री०) आरोग्य-शास्त्र; **—и́ческий, —и́чный** (वि०) आरोग्यशास्त्र-सम्बन्धी ; सफ़ाई-विषयक ; स्वास्थ्य-सम्बन्धी ।

гид (पुं०) मार्गदर्शक; गाइड (पुस्तक) ; प्रदर्शिका ।

ги́дра (स्त्री०) जलसर्प ।

гидра́вл||ика (भौ०) द्रवगति-शास्त्र ; **—и́ческий** (वि०) द्रवचालित ; जलशक्ति से चालित ; —и́ческий дви́гатель द्रवचालित इंजन ।

гидра́т (पुं०) (रस०) हाइड्रेट ।

гидродина́мика (स्त्री०) (भौ०) द्रवगतिकी ।

гидро́лиз (पुं०) (रस०) जलविश्लेषण ।

гидро́метр (पुं०) आर्द्रतामापी ।

гидропа́т (पुं०) जल-चिकित्सक ; **—и́ческий** (वि०) जलचिकित्सा-सम्बन्धी ; **—ия** (स्त्री०) जल-चिकित्सा ।

гидропла́н (पुं०) जलविमान ।

гидроста́||тика (स्त्री०) उत्प्लावन-विज्ञान ; **—ти́ческий** (वि०) उत्प्लावन- ।

гидротерапи́я (स्त्री०) जल-चिकित्सा ।

гидроэлектри́ческий (वि०) पनबिजली का ; जलविद्युत्-सम्बन्धी ।

гие́на (स्त्री०) लकड़बग्घा ।

ги́ка||нье (नपुं०) सिंहनाद ; रणनाद ; रणगर्जन; (आक्रमण करते हुए) हू-हू का शब्द करना ; **—ть** (अपू०), **ги́кнуть** (पू०) सिंहनाद करना ; (आक्रमण करते हुए) हू-हू का शब्द करना ।

ги́льдия (स्त्री०) गिल्ड ; (शिल्पी) संघ ।

ги́льза (स्त्री०) १. (ख़ाली) कारतूस ; стре́ляная г. चलाया हुआ कारतूस ; २. (सिगरेट लपेटने का) काग़ज़ ; ३. ट्यूब ; बुश ।

гильоти́на (स्त्री०) सिर काटने का यन्त्र ।

гимн (पुं०) भजन ; госуда́рственный г. राष्ट्रीय गान ।

гимн||ази́ст (पुं०), **—ази́стка** (स्त्री०) हाई या सैकिंडरी स्कूल का विद्यार्थी ; माध्यमिक कक्षा का छात्र ; **—ази́ческий** (वि०) гимна́зия से वि० ; **—а́зия** (स्त्री०) हाई स्कूल ; सैकिंडरी स्कूल ; же́нская —а́зия कन्या-विद्यालय ।

гимна́ст (पुं०) व्यायाम करनेवाला ; कसरत करनेवाला ।

гимна́ст||ика (स्त्री०) (केवल एकवचन) व्यायाम; कसरत ; **—и́ческий** (वि०) व्यायाम-सम्बन्धी ; —и́ческий зал व्यायामशाला ।

гинеко́л||ог (पुं०) नारीरोग-चिकित्सक या डाक्टर; **—оги́ческий** (वि०) नारीरोगचिकित्सा-सम्बन्धी ; **—о́гия** (स्त्री०) नारीरोगचिकित्सा-शास्त्र ।

гине́я (स्त्री०) (अंग्रेज़ी मुद्रा) गिन्नी = २१ शिलिंग ।

гипе́рбол||а (स्त्री०) १. (गणित) अतिपरवलय ; एक विशिष्ट प्रकार का चाप ; २. अतिशयोक्ति ; मुबालग़ा ; **—и́ческий** (वि०) гипе́рбола से वि० ।

гипертрофи́я (स्त्री०) अतिवर्धन (किसी अंग की अस्वाभाविक वृद्धि) ।

гипно́||з (पुं०) मोहनिद्रा ; मेसमेरिज़्म ; सम्मोहन-विद्या ; **—тизёр** (पुं०) मोहनिद्रा-प्रेरक ; मेसमेरिज़्म करनेवाला ; सम्मोहनविद् ; **—тизи́ровать** (अपू०) **загипнотизи́ровать** (पू०) (—рую) मोहनिद्रा में लीन करना ; मेसमेरिज़्म करना ; **—ти́зм** (पुं०) सम्मोहन-विद्या ; मेसमेरिज़्म ; मोहनिद्रा ।

гипо́теза (स्त्री०) कल्पना ; (ज्यामिति) परिकल्पना ।

гипотети́ч||еский, —ный (वि०) कल्पनात्मक ; परिकल्पित ।

гипподро́м (पुं०) घुड़दौड़ का मैदान ।

гиппопота́м (पुं०) दरियाई घोड़ा ।

гипс (पुं०) (रस०) सेलखड़ी ; खड़िया मिट्टी ; प्लास्टर ।

гирля́нда (स्त्री०) हार ; फूलमाला ; украша́ть —ми फूलमालाओं से सजाना ; फूलमालाएँ पहनाना ।

ги́ря (स्त्री०) (कसरत करने के लिए) डम्बल ; भार ।

гита́р||а (स्त्री०) गिटार (एक वाद्ययन्त्र) ; **—и́ст** (पुं०) गिटार बजानेवाला ।

глава́ (पुं०) मुख्य ; मुखिया ; प्रधान ; सरदार ;

г. семьи́ परिवार का मुखिया ; २. =голова́ ; ३. गुम्बद ; ४. (पुस्तक का) अध्याय ।

главáрь (पुं०) नेता ; सरदार ।

главéнство (नपुं०) प्राधान्य ; प्रभुता ; **—вáть** (अपू०) (—ствую) नेतृत्व करना ; मुखिया बनना ।

главнокомáндование (नपुं०) प्रधान केन्द्र ; सर्वोच्च सैनिक-केन्द्र ।

главнокомáндующий (पुं०) (वि० रू०) प्रधान सेनापति ।

глáвн||ый (वि०) मुख्य ; प्रधान ; प्रमुख ; शिरोमणि ; г. гóрод मुख्य नगर ; राजधानी ; —ое управлéние केन्द्रीय प्रशासन ; —ым óбразом प्रधानतः ; э́то —ое यह मुख्य बात है ।

-главый (वि०) —सिरवाला ; трёхглавый तीन सिरोंवाला ।

глагóл (पुं०) १. क्रियापद ; धातु ; २. (काव्य०) पद ; **—ьный** (वि०) (व्या०) क्रिया-सम्बन्धी ।

гладúльн||ый (वि०) लोहा करने का ; —ая доскá लोहा करने का तख़्ता ।

глáдить (अपू०), **вы—, по—** (पू०) (वर्त० глáжу, глáдишь) १. (вы́гладить पू० के साथ). (कपड़े पर) लोहा करना ; २. (поглáдить पू० के साथ) (प्यार से) थपथपाना ; सहलाना ; हाथ फेरना ; ☐ г. по голóвке सिर पर हाथ फेरना ।

глáдк||ий (वि०) १. साफ़ ; एकसार; —ая доскá साफ़ तख़्ता ; २. (बालों आदि के बारे में) चिकना ; ३ प्रवाहमय ; —ие стúхи प्रवाहमयी कविता ; ४. (कपड़ा) बिना छापे का ; सादा ; ☐ с негó взя́тки —и उससे कुछ मिलना कठिन है ।

глáдко (क्रि० वि०) साफ़ ; सहज ; बिना रुकावट के ; брить г. ख़ूब अच्छी तरह दाढ़ी बनाना ; всё прошлó г. कोई रुकावट नहीं हुई ; काम ठीक चलता रहा ।

глáдкость (स्त्री०) चिकनाहट ; सफ़ाई ; प्रवाह ; г. кóжи चमड़ी की चिकनाहट ; г. речи́ भाषण का प्रवाह ।

гладь (स्त्री०) १. शीशे की भाँति चमकती हुई पानी की सतह ; २. चटकदार कढ़ाई ; ☐ тишь да г. सुख और शान्ति ।

глáженье (नपुं०) (कपड़ों पर) लोहा करने की क्रिया ।

глаз (पुं०) (बहु० глазá) नेत्र ; आँख ; ☐ плохи́е —á कमज़ोर निगाह ; пóртить себé —á अपनी आँखें ख़राब कर लेना ; óстрый г. पैनी आँख ; бросáться в —á नज़र पड़ना ; ध्यान आकर्षित करना ; в —á (сказать) मुँह पर (कहना) ; в —áх когó-л. किसीकी दृष्टि में ; किसी की राय में ; за —á पीठ पीछे ; закрывáть —á на что-л. किसी वस्तु/बात की ओर से आँखें मूँद लेना ; не смыкáя глаз बिना आँख झपकाये ; निर्निमेष ; открывáть кому́-л.—á किसीकी आँखें खोल देना ; с глаз долóй - из сéрдца вон नज़र से दूर, दिल से दूर ; с глаз мои́х долóй ! मेरी आँखों से दूर हो जा ! ; с —у на г. गुप्त रीति से ; хоть г. вы́коли हाथ को हाथ नहीं सूझता ।

глазáстый (वि०) विशाल नेत्र ; बड़ी-बड़ी आँखोंवाला ; तेज़ नज़रवाला ।

глазéт (पुं०) किमख़ाब ।

глазé||ть (अपू०), **по—** (पू०) (कौतूहल से, निरुद्देश्य) देखना ; тóлпа —ла на слонá भीड़ कौतूहल से हाथी को देख रही थी ।

глазирóванный (वि०) १. शीशे लगा हुआ (बरामदा) ; २. चिकना (काग़ज़) ।

глáзки (बहु०) глазá का अल्प० ।

глаз||ни́к (पुं०) आँखों का डाक्टर ; **—ни́ца** (स्त्री०) १. नेत्रगर्तिका ; आँखों का गड्ढा ; २. कुकरे (एक नेत्र-रोग); **—нóй** (वि०) नेत्र- ; आँख का ; —нóй врач आँखों का डाक्टर ; —нáя болéзнь नेत्र-रोग ; —нóе я́блоко नेत्रगोलक ; —нáя впáдина नेत्रगर्तिका ।

глазóк (पुं०) १. глаз का अल्प० ; २. झरोखा ; गवाक्ष ।

глазомéр (पुं०) (देखकर) अनुमान ; अन्दाज़ा ।

глазу́нья (स्त्री०) तले हुए अंडे ।

глазу́рь (स्त्री०) १ (फलों के लिए) आइसी

(केक आदि पर) बर्फ़ या चीनी की परत ; ३. (बर्तन पर) चमक ; पालिश ।

гла́нда (स्त्री०) टौंसिल ; गला आना ; कौवा फूलना

глас (पु०) = го́лос.

гласи́||ть (अपू०) (глашу́, гласи́шь) कहना ; बताना ; (पत्र आदि में) लिखा होना ; посло́вица —т कहावत में कहा गया है . . . ; कहावत है कि ; докуме́нт —т दस्तावेज़ में लिखा है ।

гла́сно (क्रि० वि०) खुल्लमखुल्ला ; खुले तौर पर ।

гла́сност||ь (स्त्री०) प्रचार ; преда́ть —и प्रचार करना ।

гла́сный (वि०) १. स्वर ; г. звук स्वर-अक्षर ; स्वर ; २. (प्रचार आदि) खुला ; г. суд खुली अदालत (जहाँ सार्वजनिक रूप से मुक़दमा चलाया जाये) ।

гла́уберова соль (स्त्री०) (रस०) सोडियम सलफ़ेट ।

глаша́тай (पु०) ढिंढोरा पीटनेवाला ।

гле́тчер (पु०) हिमनदी ।

гли́н||а (स्त्री०) मिट्टी ; **—истый** (वि०) मिट्टी का (बना हुआ) ; **—озём** (पु०) एल्यूमिना ; **—яный** (वि०) मिट्टी का ; —яная посу́да मिट्टी का बर्तन ।

гли́птика (स्त्री०) (केवल एकवचन) नक़्क़ाशी ।

глист (पु०) कीट ; कीड़ा ; केंचुआ ।

глиста́ (स्त्री०) भीमकाय/लम्बा-तड़ंगा आदमी ।

глистого́нный (वि०) कीटनाशक ओषधि ।

глицери́н (पु०) (रस०) ग्लिसरीन ।

гло́бус (पु०) पृथिवी ; गोला ।

глода́ть (अपू०) (гложу́, гло́жешь) चबाना ; दाँतों से काटना ; соба́ка гло́жет кость कुत्ता हड्डी चबा रहा है ।

гло́сса (स्त्री०) १. टीका ; भाष्य ; व्याख्या ; २. चमक ।

глота́||ние (नपु०) निगल जाने या हड़प जाने की क्रिया ; **—тельный** (वि०) निगलने का ; **—ть** (अपू०) निगल जाना ; हड़प जाना ; ☐ —ть слёзы आँसू थामना ; —ть слова́ शब्द खा जाना ; अस्पष्ट बोलना ।

гло́т||ка (स्त्री०) गला ; श्वासनली ; ☐ во всю —ку गला फाड़कर ; ऊँचे स्वर से ।

глотну́ть (पू०) घूँट भरना ।

глот||о́к (पु०) घूँट ; он попроси́л —о́к воды́ उसने एक घूँट पानी माँगा ; одни́м —ко́м एक घूँट में ; сде́лать —о́к घूँट भरना ।

гло́хнуть-I. (अपू०), **о—** (पू०) बहरा हो जाना ।

гло́хнуть-II. (अपू०), **за—** (पू०) १. शब्द सुनायी पड़ना बन्द हो जाना ; २. (नगर आदि का) जनशून्य हो जाना ; वीरान हो जाना ।

глу́бже : глубоко́ और глубо́кий का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

глуби́н||а (स्त्री०) १. गहराई ; गहनता ; на —е́ 10 ме́тров दस मीटर की गहराई पर ; г. чу́вства भावनाओं की गहराई ; २. (वन या देश का) मध्य भाग ; ३. आभ्यन्तर ; भीतरी भाग ; ☐ в —е́ веко́в प्राचीन काल में ।

глуби́нный (वि०) १. गहरा ; २. (केन्द्र या सड़क से) दूर का ।

глубо́к||ий (वि०) गहरा ; गहन ; —ая таре́л-ка शोरबे की गहरी तश्तरी ; —ая печа́ть गहरा छापा ; г. сон गहरी नींद ।

глубоко́ (क्रि० वि०) गहराई से ; गम्भीरतापूर्वक ; г. сиде́ть в воде́ (जहाज़ का) गहरे पानी में बैठना ।

глобоково́дный (वि०) गहरे पानी का ।

глубокомы́сл||енный (वि०) गम्भीर विचारोंवाला ; गम्भीर ; गहरा ; **—ие** (नपु०) विचारों की गहनता ; विचार-गाम्भीर्य ।

глубокоуважа́емый (वि०) (सम्बोधन में) माननीय ! आदरणीय !

глубоме́р (पु०) गहनतामापी ।

глубь (स्त्री०) (केवल एकवचन) गहराई ; गहनता ।

глум||и́ться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० глумлю́сь, глуми́шься) दिल्लगी करना ; हँसी उड़ाना ; —и́ться над старико́м बूढ़े की हँसी उड़ाना ; **—ле́ние** (नपु०) हँसी ; दिल्लगी ।

глупе́ть (अपू०), **по—** (पू०)बुद्धू बनना ; मूर्ख बनना ।

глупéц (नपुं०) बुद्धू ; मूर्ख ।

глупи́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० глуплю́, глупи́шь) मूर्ख बनना ; मूर्खता की बातें करना ; не глупи́ ! मूर्ख मत बनो ।

глу́по (क्रि० वि०) मूर्खता से ।

глупова́тый (वि०) मूर्ख-सा ।

глу́пост||ь (स्त्री०) मूर्खता ; बकवास ; брóсьте э́ти —и ये मूर्खता की बातें छोड़ो ।

глу́пый (वि०) मूर्ख ; बुद्धू ।

глупы́ш (पुं०) मूर्ख व्यक्ति ।

глухова́тый (वि०) ऊँचा सुननेवाला ; कुछ बहरा ।

глух||óй (वि०) १. बहरा ; он совершéнно глух वह बिल्कुल बहरा है ; २. (व्या०) अघोष (वर्ण) ; ३. ऊजड़ ; ४. एकान्त ; ५. घना (जंगल) ; г. лес घना जंगल ; ६. —áя ночь सुनसान रात ; ७. बहरा मनुष्य ।

глухо||немóй (वि०) बहरा और गूंगा ; **—тá** (स्त्री०) बहरापन ।

глуши́тель (पुं०) निःशब्दक ; साइलेंसर ।

глуши́ть (अपू०), **за—**, **о—** (पू०) १. (оглуши́ть पू० के साथ) धमाके से चेतनाहीन करना ; г. ры́бу (पकड़ने के लिए) धमाके से मछली को चेतनाहीन करना ; २. (заглуши́ть पू० के साथ) वृद्धि रोकना ; दबा देना ; крапи́ва заглуши́т сад बिच्छू का पेड़ बग़ीचे को बढ़ने से रोकता है ; □ г. вóдку अत्यधिक वोदका पी जाना ।

глушь (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. घना जंगल ; २. एकान्त स्थान ।

глы́ба (स्त्री०) मिट्टी का ढेला ।

глюкóза (स्त्री०) (रस०) ग्लूकोज़ ।

гляд||éть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० гляжу́, гляди́шь) १. देखना ; टकटकी बाँधकर देखना ; २. (केवल अपू०), दिखायी पड़ना ; ३. (केवल अपू०) (की भाँति) दिखायी पड़ना ; г. герóем देखने से ही वीर प्रतीत होना ; ४. देखभाल करना ; г. за ребёнком बच्चे की देखभाल करना ; □ г. в óба सचेत होना ; тогó и —и́ пойдёт дождь मुझे लगता है कि वर्षा होगी ।

глядéться (आत्म० अपू०) अपना प्रतिबिम्ब देखना ; г. в зéркало शीशा देखना ।

гля́нец (पुं०) (केवल एकवचन) (लकड़ी, चमड़े की) पालिश ; наводи́ть г. (на) पालिश करना ।

гля́нуть (पू०) नज़र डालना ।

гля́нц||евый, —овый, —ови́тый (वि०) पालिश किया हुआ ; चमकदार ।

гм (विस्मय०) हूँ ! हुम् !

гнать (अपू०) (वर्त० гоню́, гóнишь) १. भगाना ; मार भगाना ; (बाहर) हाँक देना ; г. и́з дому घर से भगा देना/निकाल देना ; гони́те егó ! उसको भगा दो ! उसको निकाल दो ! ; г. стáдо मवेशी बाहर हाँक देना ; २. ज़ोर देना ; ३. पीछा करना ; पीड़ा देना ; ४. आसवन करना ; सत निकालना ; अर्क़ खींचना ; **—ся** (आत्म०) (за) पीछा करना ; तलाश करना ; —ся за неприя́телем शत्रु का पीछा करना ।

гнев (पुं०) क्रोध ; कोप ; ग़ुस्सा ; в припáдке —а क्रोधावेश में ; не пóмнить себя́ в —е क्रोध में अपने आपको भूल जाना ; **—аться** (आत्म० अपू०) **разгнéваться** (आत्म० पू०) (на) क्रुद्ध होना ; कुपित होना ; ग़ुस्सा करना ।

гневи́ть (अपू०), **про—** (पू०) (भवि० гневлю́, гневи́шь) क्रोध दिलाना ; कुपित करना ; ग़ुस्सा दिलाना ।

гнéвн||о (क्रि० वि०) क्रोध से ; ग़ुस्से से ; कोप से ; **—ый** (वि०) क्रुद्ध ; ग़ुस्सेवाला ; सकोप ।

гнедóй (वि०) १. कुम्मैत (घोड़े का रंग) ; २. (पुं०) (वि० रू०) कुम्मैत घोड़ा ।

гнезди́ться (आत्म० अपू०) (वर्त० гнезжу́сь, гнезди́шься) घोंसला बनाना ; नीड़ बनाना ; (रोग का) जड़ पकड़ना ।

гнездó (नपुं०) घोंसला ; नीड़ ; вить г. घोंसला बनाना ।

гнёздышко (नपुं०) гнездó का अल्प० ।

гнести́ (अपू०), (वर्त० гнету́, гнетёшь) १. सताना ; २. दबाना ; (दबाव डालकर) झुकाना ।

гнёт (पुं०) (केवल एकवचन) १. दबाव ; भार ;

२. दमन ; अत्याचार ।

гни́да (स्त्री०) लीख ; जूँ का अंडा ।

гни||е́ние (नपुं०) सड़न ; क्षय ; नाश ; **—ло́й** (वि०) १. सड़ा हुआ ; दूषित ; २. (मौसम) सीला ; गीला ; आर्द्र ।

гнилокро́вие (नपुं०) रक्तदोष ; रुधिर का विषला होना (एक रोग) ।

гни́л||остность (स्त्री०) सड़ाँध ; दुर्गन्ध ; **—остный** (वि०) सड़ा हुआ ; दुर्गन्धयुक्त ; **—ость** (स्त्री०) सड़ाँध ; दुर्गन्ध ।

гниль (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) सड़ी हुई वस्तुएँ ; गन्दगी ।

гнить (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० гнию́, гниёшь) सड़ जाना ; दुर्गन्धयुक्त होना ।

гнию́чий (वि० दुर्गन्धयुक्त ; सड़ा हुआ ।

гно́ение, гноетече́ние (नपुं०) पीप पड़ जाना ।

гнои́ть (अपू०), **с—**(पू०) सड़ाना ; г. в тюрьме́ जेल में सड़ाना ; **—ся** (आत्म०) सड़ जाना ; पीप पड़ जाना ।

гной (पुं०) (केवल एकवचन) पीप ; **—ник** (पुं०) फोड़ा ; **—ный** (वि०) पीप से भरा हुआ ।

гном (पुं०) पाताल-लोक का एक लघुकाय देव ।

гно́ма (स्त्री०) कहावत ; लोकोक्ति ।

гно́мон (पुं०) धूपघड़ी की मध्य-कील ।

гну (नपुं०) एक प्रकार का बारहसिंगा ।

гнуса́вить (अपू०) (гнуса́влю, гнуса́вишь) नाक से बोलना ।

гнус||а́во (क्रि० वि०) नाक के स्वर में ; **—а́вый, —ли́вый** (वि०) नाक का ; सानुस्वार ; अनुनासिक ।

гну́с||ность (स्त्री०) कलंक ; अपकीर्ति ; сде́лать г. अपकीर्ति का काम करना ; नीच काम करना ; **—ный** (वि०) कलंकयुक्त ; गर्हणीय ; निन्द्य ।

гнуть (अपू०), **со—** (पू०) १. झुकाना ; मोड़ना ; २. (केवल अपू०), लक्ष्य करना ; я ви́жу, куда́ он гнёт मैं देखता हूँ कि उसका लक्ष्य क्या है ; **—ся** (आत्म०) झुकना ; дере́вья гну́тся от ве́тра हवा के मारे पेड़ झुक रहे हैं ।

гнуша́ться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (घृणा करके किसी से) दूर भागना ।

гобеле́н (पुं०) (सजावट के लिए) दीवार पर टाँगने का ग़लीचा ।

гове́ть (अपू०), व्रत रखना ; उपवास करना ।

го́вор (पुं०) (केवल एकवचन) १. (बोलने का) शब्द ; २. बोली ; उपभाषा ।

говор||и́ть (अपू०), **сказа́ть, поговори́ть** (पू०) १. (сказа́ть पू० के साथ) कहना ; बताना ; он —и́т, что वह कहता है कि ; г. пра́вду सत्य कहना ; говоря́т тебе́ ! सुनते हो ! तुमसे कह रहे हैं ! ; २. (поговори́ть पू० के साथ) बातचीत करना ; ३. (केवल अपू०), (अकर्मक) बोलना ; ребёнок ещё не говори́т बच्चा अभी बोलता नहीं ; г. по-хинди́ हिन्दी बोलना ; —и́т Москва́ हम मास्को से बोल रहे हैं ; □ —я́т कहा जाता है ; कहते हैं ; ина́че —я́ दूसरे शब्दों में ; что и г. यह सत्य है ।

говори́ться (आत्म० अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) как говори́тся जैसे कहावत है ; जैसे कहा जाता है ।

говор||ли́вость (स्त्री०) वाचालता ; बकवास ; **—ли́вый** (वि०) वाचाल ; बकवासी ।

говору́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) वाचाल ; बकवासी ; गप्पी ।

говя́||дина (स्त्री०) (केवल एकवचन) गोमांस ; **—жий** (वि०) गोमांस का ।

го́гол||ь (पुं०) एक प्रकार का सुनहरी आँखोंवाला पक्षी ; □ ходи́ть —ем अकड़कर चलना ।

го́голь-мо́голь (पुं०) (केवल एकवचन) खाँड-मिश्रित तोड़ा हुआ अंडा ।

го́гот (पुं०), **—а́нье** (नपुं०) (केवल एकवचन) १. बत्तख़ की टर्राहट ; गुटरगूँ ; २. ठहाका ; **—а́ть** (अपू०) (гогочу́, гого́чешь) १. बत्तख़ का टर्राना ; २. ठहाका मारकर हँसना ।

год (पुं०) वर्ष ; साल ; пошёл деся́тый г. उसको दसवाँ वर्ष चल रहा है ; ему́ 32 —а उसकी आयु बत्तीस वर्ष की है ; в бу́дущем —у́ अगले वर्ष ; в про́шлом —у́ पिछले वर्ष ; три —а

тому́ наза́д तीन वर्ष हुए ; че́рез три —а तीन वर्ष में ; तीन वर्ष के पश्चात् ; в ста́рые —ы प्राचीन काल में ; високо́сный г. लीप का साल ; теку́щий г. चालू वर्ष ; □ кру́глый г. सालभर ; но́вый г. नववर्ष ; встреча́ть но́вый г. नववर्ष मनाना ; де́тские —ы बचपन ; без —у неде́ля कुछ दिन।

года́ми (क्रि० वि०) वर्षों ; г. живёт загра́ницей वह वर्षों विदेश रहता है ; г. быва́ют отли́чные урожа́и वर्षों में अर्थात् कभी-कभी अच्छी फ़सल होती है।

годи́на (स्त्री०) समय ; тяжёлая г. कठिन समय।

год||и́ться (आत्म० अपू०) (гожу́сь, годи́шься) योग्य होना ; उपयुक्त होना ; काम आना ; он не —и́тся в учи́теля́ वह अध्यापक बनने के योग्य नहीं है ; э́та бума́га ему́ —и́тся यह काग़ज़ उसके काम आयेगा ; э́ти боти́нки ему́ не годя́тся यह बूट उसके नाप के नहीं है ; так поступа́ть не —и́тся ऐसा व्यवहार करना शोभा नहीं देता।

год[и]чный (वि०) १. वर्ष का ; बारह मास का ; г. срок एक वर्ष का समय ; २. वार्षिक ; г. отч[ёт] वार्षिक विवरण (रिपोर्ट)।

го́дн||ость (स्त्री०) योग्यता ; उपयुक्तता ; (टिकट आदि के) चालू रहने की अवधि ; मान्यता ; **—ый** (वि०) योग्य ; उपयुक्त ; (टिकट आदि) मान्य ; биле́т го́ден на два дня टिकट दो दिन तक चलेगा ; टिकट दो दिन काम आयेगा ; —ый к вое́нной слу́жбе सेना की नौकरी के योग्य ; —ый для питья́ पीने के योग्य ; —ый на всё हरफ़नमौला ; ни к чему́ не —ый बिल्कुल निकम्मा।

годов||а́лый (वि०) १. एक वर्ष (की आयु) का ; г. ребёнок एक वर्ष का बच्चा ; २. वार्षिक ; г. дохо́д वार्षिक आय ; **—щи́на** (स्त्री०) वार्षिकोत्सव ; वर्ष-दिवस।

Гозна́к (Госуда́рственное управле́ние по вы́пуску де́нежных зна́ков) बैंक-नोट जारी करने का सरकारी दफ़्तर।

гол (पुं०) (फ़ुटबाल आदि के खेल में) गोल ; заби́ть г. गोल करना।

голена́стый (पुं०) (वि० रू०) लम्बी टाँगोंवाला एक पक्षी।

голени́ще (नपुं०) बूट का ऊपरी भाग।

го́лень (स्त्री०) पिंडली (घुटने से टखने तक का भाग)।

голе́ц (पुं०) एक प्रकार की मछली।

голки́пер (पुं०) (फ़ुटबाल आदि में) गोलची।

голла́нд||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) हालैंड-निवासी/निवासिनी ; **—ский** (वि०) हालैंड का।

голов||а́ (स्त्री०) **I.** सिर ; शीश ; मस्तिष्क ; दिमाग़ ; у меня́ э́того да́же и в —е́ не́ было मेरे तो दिमाग में भी यह नहीं था ; мне пришла́ в го́лову мысль मुझे सूझा ; с непокры́той —о́й नंगे सिर ; □ челове́к с —о́й बुद्धिमान ; समझदार व्यक्ति ; г. са́хару खाँड का ढेला ; —у дава́ть на отсече́ние सिर की बाज़ी लगाना ; —у пове́сить निराश होना ; вали́ть с больно́й —ы́ на здоро́вую किसी दूसरे पर अपराध थोपना ; с —ы́ до ног सिर से पाँव तक ; пе́рвую —у सर्वप्रथम ; вы́кинуть из —ы́ पीछा छुड़ाना ; лома́ть себе́ —у सिर फोड़ना ; вы́дать —о́й кого́-л. किसीको धोखा देना ; очертя́ —у सिर के बल ; подня́ть —у सिर उठाना ; у меня́ г. идёт кру́гом मेरा सिर चकरा रहा है ; у него́ э́то из —ы́ вон वह इसके बारे में बिल्कुल भूल गया ; **II.** मुखिया ; सरदार।

голова́стик (पुं०) मेंढक का बच्चा ; (अंग्रेज़ी—टैडपोल)।

головёшка (स्त्री०) सुलगती हुई लकड़ी।

голови́зна (स्त्री०) (केवल एकवचन) मछली का सिर।

голо́в||ка (स्त्री०) १. голова́ का अल्प० ; २. नेतागण ; अग्रणी ; ३. (मेख, पिन आदि का) सिरा ; नक्का ; ४. जूते का पंजा (अग्रभाग) ; ५. गिल्टी ; ग्रन्थि ; गाँठ ; □ —ка лу́ка एक प्याज़ ;

—нóй (वि०) १. सिर का ; —нáя боль सिरदर्द ; —нóй убóр टोपी ; —нóй мозг मस्तिष्क ; २. अग्रणी ; नेतृत्व करनेवाला ।

головня́ (स्त्री०) १. सुलगती लकड़ी ; २. (केवल एकवचन) (वनस्पति का रोग) कँडवा ।

головокруж||éние (नपुं०) सिर चकराना ; जी मतलाना ; чýвствовать г. सिर चकराना ; जी मतलाना ; **—и́тельный** (वि०) सिर चकरानेवाला ; जी मतलानेवाला ।

головолóм||ка (स्त्री०) पहेली ; **—ный** (वि०) चकरा देनेवाला ; गूढ़ ; कठिन ;—ная задáча (चकरा देनेवाली कठिन समस्या ।

головомóйк||а (स्त्री०) झाड़ ; झिड़की ; задáть комý-л. —у किसीको झाड़ पिलाना ; झिड़की देना ; फटकारना ।

головорéз (पुं०) हत्यारा ; गला काटनेवाला ; बदमाश ।

голóвушка (स्त्री०) головá का अल्प० ।

-голóвый = -глáвый

гóлод (पुं०) १. भूख ; क्षुधा ; чýвствовать г. भूख लगना ; утоли́ть г. भूख मिटाना ; мори́ть —ом भूखों मारना ; २. अकाल ; दुर्भिक्ष ; ३. कमी ; кни́жный г. पुस्तकों की कमी ; **—áние** (नपुं०) भूखों मरना ; **—áть** (अपू०) भूखों मरना ; भूखे रहना ; व्रत रखना ; भूख-हड़ताल करना ।

голóдн||ый (वि०) १. भूखा ; быть —ым भूखा होना ; २. अकाल- ; अकाल का ।

голодóвк||а (स्त्री०) भूख-हड़ताल ; объявля́ть —у भूख-हड़ताल करना ।

голонóгий वि०) नंगी टाँगोंवाला ।

гóлос (पुं०) १. वाणी ; स्वर ; कंठध्वनि ; आवाज़ ; во весь г. पूरे ज़ोर से (चिल्लाकर) ; возвышáть г. आवाज़ उठाना ; २. मत ; राय ; वोट ; прáво —а मताधिकार ; подáть г. वोट देना ; □ в оди́н г. एक स्वर से ; सर्वसम्मति से ; с —а कान से (सुनकर) ; **—и́стый** (वि०) कोलाहलकारी ; मोटी आवाज़वाला ; **—и́ть** (अपू०) (голошý, голоси́шь) ऊँचे स्वर से बोलना ; शोक मनाना ; विलाप करना ।

голослóвный (वि०) सुना-सुनाया ; प्रमाण-रहित ।

голосов||áние (नपुं०) मतदान ; откры́тое —áние प्रत्यक्ष मतदान ; हाथ खड़ा करके मत देना ; тáйное —áние गुप्त मतदान ; पर्ची द्वारा मत देना ; всеóбщее —áние व्यापक मताधिकार ; **—áть** (अपू० और पू०) (—сýю) १. मत देना ; वोट देना ; २. मत लेना ; राय लेना ।

голосовóй (वि०) वाचिक ; स्वर-सम्बन्धी ।

голубегрáмма (स्त्री०) कबूतर द्वारा भेजा गया सन्देश ।

голубéть (अपू०), १. नीला दिखायी पड़ना ; २. नीला हो जाना ।

голубéц (पुं०) गोलुबेत्स (गोभी के पत्ते में लिपटा हुआ मांस और रोटी का टुकड़ा) ।

голубизнá (स्त्री०) नीलापन ; आसमानी रंग ।

голуби́н||ый (वि०) १. гóлубь से वि० ; —ое гнездó कबूतर का घोंसला ; २. कबूतर के सदृश ।

голýб||ить (अपू०), **при—** (पू०) (भवि० голýблю, голýбишь) पुचकारना ; लाड़ करना ; **—ка** (स्त्री०) १. कबूतरी ; २. प्रेयसि ; प्रियतमा ; **—ки** (बहु०) पंडुक नाम की चिड़िया ; फ़ाख़्ता ।

голуб||овáтый (वि०) नीला-सा ; **—оглáзый** (वि०) नीली आँखोंवाला ।

голубóй (वि०) नीला ; आसमानी (रंग का) ।

голубóк (पुं०) гóлубь का अल्प० ।

голýб||ушка (स्त्री०) प्रियतमा ; प्रेयसि ; **—чик** (पुं०) प्रिय ; प्रियतम ; प्रिय मित्र ।

гóлубь||ь (पुं०) कबूतर ; फ़ाख़्ता ; **—я́тник** (पुं०) १. कबूतर-प्रेमी ; २ कबूतर को खानेवाला बाज़ ; **—я́тня** (स्त्री०) दरबा ; कबूतरख़ाना ।

гóл||ый (वि०) नग्न ; नंगा ; —ая головá नंगा सिर ; गंजा सिर ; —ые нóги नंगे पाँव ; नंगी टाँगें ; —ое тéло नंगा शरीर ; □ —ыми рукáми ख़ाली हाथ ।

гольш (पुं०) १. नंगा बच्चा ; २. कंकड़ ; **—óм** (क्रि० वि०) नंग-धड़ंग ; बिल्कुल नंगा ।

голь (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) ग़रीब लोग ; г. на вы́думки хитра́ आवश्यकता आविष्कार की जननी है ।

гольём (क्रि० वि०) ख़ालिस ; बिना मिलावट-की (ब्रांडी आदि) ।

гомеопа́т (पुं०) होमियोपैथ डाक्टर ; **—ия** (स्त्री०) होमियोपैथी ।

гомоге́нный (वि०) १. सजातीय ; एकजातीय ; २. (भौ०) समांग ।

го́мон (पुं०) (केवल एकवचन) कोलाहल ; शोर ।

гонг (पुं०) घड़ियाल ; घंटा ; уда́рить в г. घड़ियाल (घंटा) बजाना ।

гондо́ла (स्त्री०) गोंडोला (एक प्रकार की नाव) ।

гоне́ни||е (नपुं०) संपीड़न ; क्लेश ; दुःख ; подверга́ться —ю संपीड़ित होना ।

гоне́ц (पुं०) दूत ; हरकारा ; सन्देशवाहक ।

гони́мый (वि०) संपीड़ित ।

гони́тель (पुं०) आततायी ; संपीड़क ; अत्याचारी ।

го́нка (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) जल्दबाजी ; भागादौड़ी ; २. (केवल एकवचन) (लकड़ी आदि) तैराने की क्रिया ; ३. (प्रतियोगिता) दौड़ ।

го́нор (पुं०) उद्दंडता ; он с больши́м —ом वह बहुत उद्दंड है ।

гонора́р, гонора́рий (पुं०) पारिश्रमिक ; मेहनताना ।

гоноррé́я (स्त्री०) सूजाक (एक रोग) ।

го́ночный (वि०) (प्रतियोगिता में) दौड़ने का ; г. автомоби́ль दौड़ में ।

заменя́ть (अपू०), **замени́ть** (пू०) बदलना; स्थानापन्न नियुक्त करना ; нéкому менá заменить मेरी जगह लेनेवाला कोई नहीं अथवा मेरा स्थानापन्न कोई नहीं ।

замерéть दे० замирáть.

замерзáни||е (नपुं०) जमने की क्रिया ; тóчка —я हिमांक ।

замерзáть (अपू०), **замёрзнуть** (पू०) जम जाना ; बर्फ़ में परिणत हो जाना ; рекá замёрзла नदी जम गयी ।

зáмертво (क्रि० वि०) मृतप्राय ; मुर्दे की भाँति ; बेहोश ।

замеси́ть दे० замéшивать.

замести́ दे० заметáть.

замести́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) स्थानापन्न ; उप- ; डिप्टी- ; з. дирéктора उप-निदेशक ; डिप्टी-डाइरेक्टर ; з. председáтеля उपप्रधान ।

земести́ть दे० замещáть.

заметáть -I (अपू०), **замести́** (पू०) (भवि० заметý, заметёшь) १. झाड़ू देना ; साफ़ करना; २. (रेत, बर्फ़ आदि द्वारा) ढँक जाना ; дорóгу замелó снéгом सड़क बर्फ़ से ढँक गयी ।

заметáть -II दे० замётывать.

заметáться (आत्म० पू०) (इधर-उधर) दौड़-धूप/भाग-दौड़ शुरू करना ; (बिस्तर में) करवटें बदलने लगना ।

замети́ть दे० замечáть.

замéтк||а (स्त्री०) १. अनुच्छेद ; कंडिका (पैरा) ; २. सूचना ; ज्ञप्ति ; नोटिस ; ३. टिप्पणी ; निशान ; дéлать —и (पुस्तक में) निशान लगाना ।

замéтн||о (क्रि० वि०) देखने में ; प्रत्यक्ष रूप से ; он з. постарéл वह बूढ़ा दिखायी देता है ; (कर्तृ-निरपेक्ष) замéтно दीख पड़ता है कि... ; **—ый** (वि०) १. दृश्यमान ; प्रत्यक्ष ; २. विशिष्ट ; साक्षात् ; ख़ास ।

замётывать (अपू०), **заметáть** (पू०) (मोटे-मोटे) टाँके लगाना ; सिलाई करना ।

замечáние (नपुं०) १. टिप्पणी ; २. फटकार ; झिड़की ; निन्दा ।

замечáтельн||о (क्रि० वि०) अद्भुत रूप से ; विलक्षणता से ; असाधारण रूप से ; **—ый** (वि०) अद्भुत ; विलक्षण ; अद्वितीय ; विशेष ; ख़ास ।

замечáть (अपू०), **замéтить** (पू०) (भवि० замéчу, замéтишь) ध्यान देना ; टिप्पणी करना ।

замечáться (आत्म० पू०) स्वप्न देखना ; स्वप्न में खो जाना ।

замеша́тельство (नपुं०) परिभ्रान्ति ; अस्त-व्यस्तता ; अव्यवस्था ; गड़बड़ी ; परेशानी ; вносйть з. в ряды́ проти́вника शत्रु की सेना अस्त-व्यस्त कर देना ; शत्रु-सेना में अव्यवस्था फैलाना ; привести́ в з. परिभ्रान्त करना ; परेशान करना ।

заме́шивать (अपू०), **замеша́ть** (पू०) **I.** (किसीको किसी बुरे मामले, अपराध आदि में) फँसा लेना ; लपेट लेना ; **II.** सम्मिश्रित करने लगना ; मिलाने लगना ; з. те́сто आटा तैयार करना/गूँधना ; **—ся** (आत्म०) १. (भीड़ आदि में) मिल जाना ; २. заме́шивать-I का कर्मवाच्य ।

заме́шка||ться (आत्म० पू०) विलम्ब करना ; देर करना ; он —лся у свои́х прия́телей वह अपने मित्रों के यहाँ बहुत देर तक ठहरा रहा ।

замещ||а́ть (अपू०), **замести́ть** (पू०) (भवि० замещу́, замести́шь) १. (किसीके स्थान पर) काम करना ; (किसीका) स्थानापन्न होना ; २. (रस०) प्रतिस्थापन करना ; प्रतिस्थापित करना ; **—е́ние** (नपुं०) १. स्थानापन्न होना ; २. (रस०) प्रतिस्थापन ।

зами́нк||а (स्त्री०) हिचकिचाहट ; बाधा ; रुकावट ; без —и बिना रुकावट के ; говори́ть с —ой रुक-रुककर बोलना ।

замира́ние (नपुं०) १. (दिल का) बैठना ; डूबना ; з. се́рдца हृदय का डूबना ; दिल का बैठना ; २. निःशब्द होना ।

замира́ть (अपू०), **замере́ть** (पू०) (भवि० замру́, замрёшь) १. स्तब्ध होना ; (हृदय का) बैठना/डूबना ; धड़कन बन्द होना; २. शब्द का सुनायी देना बन्द हो जाना ।

за́мкнуто (क्रि० वि०) : жить з. एकान्त जीवन व्यतीत करना ; बन्द कोठरी में रहना ; держа́ться з. चुप्पी साधना ।

за́мкнут||ость (स्त्री०) १. बन्द होने का भाव ; २. चुप्पी ; मौन ; **—ый** (वि०) १. замыка́ть से कृदन्त ; २. मौन ; चुप ; ३. बन्द ; (बटन) बन्द किया हुआ ; вести́ з. о́браз жи́зни एकान्त जीवन व्यतीत करना ।

замкну́ть(ся) दे० замыка́ть(ся).

за́мков||ый (वि०) за́мок से वि० : महल का ; क़िले का ; —ая стена́ महल की दीवार ।

замко́вый (वि०) замо́к से वि० ; ताले का ।

замоги́льн||ый (वि०) १. (काव्य०) मरणोत्तर; मृत्यु के पश्चात् का ; —ая любо́вь मृत्यु के पश्चात् का प्रेम ; २. (आवाज़ के बारे में) धीमी (जैसी श्मशान में होती है) ।

за́м||ок (पुं०) महल ; दुर्ग ; क़िला ; □ возду́шные —ки हवाई क़िले ।

зам||о́к (पुं०) ताला ; □ за семью́ —ка́ми सात तालों के अन्दर (अत्यन्त गुप्त रखा हुआ) ।

замо́лвить (पू०) з. слове́чко за кого́-л. (किसी की) सिफ़ारिश करना ।

замолка́ть (अपू०), **замо́лкнуть, замолча́ть** (पू०) चुप हो जाना ; बोलना बन्द कर देना ; разгово́р замо́лк बातचीत बन्द हो गयी ।

замолча́ть दे० замолка́ть और зама́лчивать.

замора́живать (अपू०), **заморо́зить** (पू०) (भवि० заморо́жу, заморо́зишь) बर्फ़ में परिणत करना ; जमाना ।

заморга́ть (पू०) १. पलक मारने लगना ; २. морга́ть का पू० ।

заморённ||ый (कृदन्त और वि०) दुर्बल ; क्षीण-काय ; मरियल ; —ая ло́шадь मरियल घोड़ा ।

замори́ть (पू०) (भूखों) मार देना ; (बुरा व्यवहार करके) मार देना ; (पालतू जानवर को अत्यधिक) काम कराके मार देना ; з. го́лодом भूखों मारना ; з. больно́го дурны́м лече́нием रोगी का बुरा इलाज करके मार देना ।

заморо́зить दे० замора́живать

за́морозки (बहु०) प्रथम हिमपात ।

заморо́сить (पू०) (заморошу́, заморо́сишь) १. फुहार पड़ने लगना ; बूँदा-बाँदी शुरू होना ; २. мороси́ть का पू०.

замо́рский (वि०) सागर-पार का ; विदेशी ।

замóрыш (पुं०) भूखा प्राणी ; (भूख से) दुर्बल ; क्षीण ; मरियल ।

замости́ть दे० замáщивать,

замотáть -I. दे० замáтывать ; **II.** हिलाने लगना ; з. головóй (अपना) सिर हिलाने लगना ।

замотáться दे० замáтываться.

замочи́ть दे० замáчивать.

замóчн||ый (वि०) замóк से वि० ; —ая сквáжина ताली का सुराख ।

зáмуж (क्रि० वि०) вы́йти з. за когó-л. (केवल स्त्री के बारे में) किसीसे विवाह करना ।

замýжество (नपुं०) (स्त्री का) विवाहित जीवन ।

замýжняя (वि०) विवाहिता (स्त्री) ।

замурóвывать (अपू०), **замуровáть** (पू०) (भवि० —рýю) १. (मारने के लिए) दीवार में चिन देना ; २. з. драгоцéнности в стенé जेवर आदि दीवार में गाड़ देना ।

замусóливать (अपू०), **замусóлить** (पू०) (लार, कीचड़ आदि से) मलिन करना ; गन्दा करना ।

замути́ть(ся) दे० мути́ть(ся).

замухры́шка (उभ०) क्षीणकाय ; दुबला-पतला/दुबली-पतली ; मरियल ।

замýчивать (अपू०), **замýчить** (पू०) यातना देना ; पीड़ा देना ; सताना ; замýчить дó смерти यातना देकर मार डालना ।

зáмша (स्त्री०) साबर ; साँभर हिरन या पहाड़ी बकरी का कोमल चमड़ा ।

замывáть (अपू०), **замы́ть** (पू०) (भवि० замóю, замóешь) धो डालना ।

замыкá||ние (नपुं०) बिजली की धारा के परिपथ का बन्द होना ; корóткое з. लघु परिपथ ; **—тель** (पुं०) (बिजली की) धारा / परिपथ बन्द करनेवाला यन्त्र ।

замыкáть (अपू०), **замкнýть** (पू०) बिजली की धारा/परिपथ बन्द कर देना ; **—ся** (आत्म०) बिजली की धारा/परिपथ का बन्द हो जाना ।

зáмысел (पुं०) १. योजना ; युक्ति ; संकल्प ; इरादा ; २. (कला-सम्बन्धी) कल्पना ; अवधारणा ।

замы́слить दे० замышля́ть.

замысловáт||ость (स्त्री०) जटिलता ; पेचीदगी ; **—ый** (वि०) जटिल ; पेचीदा ।

замы́ть दे० замывáть.

замышля́||ть (अपू०), **замы́слить** (पू०) योजना बनाना ; भली भाँति सोचना ; इरादा करना ; что вы —ете? आपका क्या विचार है ?, आपका क्या इरादा है ?

замя́ть (पू०) (भवि० замнý, замнёшь) (किसी बात को) दबा देना ; з. разговóр बातचीत का विषय बदल देना ; з. дéло किसी मामले को दबा देना ।

замяýкать (पू०) १. म्याऊँ-म्याऊँ करने लगना ; २. мяýкать का पू० ।

зáнавес (पुं०) पर्दा ।

занавéс||ить दे० занавéшивать ; **—ка** (स्त्री०) (खिड़की का) पर्दा ।

занавéшивать (अपू०), **занавéсить** (पू०) (भवि० занавéшу, занавéсишь) पर्दा लगाना ; з. окнó खिड़की में पर्दा लगाना ; खिड़की का पर्दा गिराना ।

занáшивать (अपू०), **занос́ить** (पू०) (भवि० заношý, занóсишь) (वस्त्र आदि) बहुत समय तक पहनना ; बिना बदले पहनते रहना ।

занемогáть (अपू०), **занемóчь** (पू०) (भवि० занемогý, занемóжешь) अस्वस्थ हो जाना ; बीमार पड़ जाना ।

занесéние (नपुं०) (सूची आदि में) प्रविष्टि ; इन्दराज ; दर्ज करने की क्रिया ।

занести́(сь) दे० заноси́ть(ся).

заниматéльный (वि०) मनोरंजक ; रोचक ।

занимáть (अपू०), **заня́ть** (पू०) (भवि० займý, займёшь) **I.** उधार लेना ; **II.** १. स्थान घेरना ; (पद) ग्रहण करना ; з. дóлжность पद ग्रहण करना ; з. мнóго мéста अधिक स्थान घेरना ; २. अपना स्थान/पद सुरक्षित करना/रखना ; ३. दिलचस्पी होना ; егó ничтó не занимáет उसको किसी बात में दिलचस्पी नहीं है ; □ з. положéние पद ग्रहण करना ; **—ся** (आत्म०)

I. १. व्यस्त होना ; मसरूफ होना ; заня́ться чте́нием पढ़ाई में व्यस्त होना ; з. вопро́сом सवाल हल करने में व्यस्त होना ; २. अध्ययन करना ; पढ़ना ; з. медици́ной डाक्टरी पढ़ना ; ☐ з. покупа́телем ग्राहकों का भुगतान करने में व्यस्त होना ; II. आग लगना ; сосе́дний дом за́нялся पड़ौसी के घर में आग लग गयी ।

за́ново (क्रि० वि०) पुनः ; फिर से ; नये ढंग से ।

зано́за (स्त्री०) १. फाँस ; सिल्त ; २. चिपक जानेवाला व्यक्ति ; झगड़ालू ।

заноси́ть (अपू०), **занести́** (पू०) (भवि० занесу́, занесёшь) १. (जाते-जाते रास्ते में) छोड़-जाना/लाना ; з. зара́зу छूत की बीमारी लाना ; संक्रामक कीटाणु लाना ; २. दर्ज करना ; लिख लेना ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) всю доро́гу занесло́ сне́гом सारी सड़क बर्फ़ से ढँक गयी है ; ४. उठाना ; खड़ा करना ; з. ру́ку हाथ उठाना ; हाथ खड़ा करना ; ५. (कर्तृ-निरपेक्ष). маши́ну зано́сит गाड़ी रुक-रुककर चलती है ; ☐ каки́м ве́тром вас сюда́ занесло́ ? आप आज इधर कैसे आ निकले ?; **—ся(сь)** (आत्म०) १. गर्व करना ; घमंड करना ; २. заноси́ть का कर्मवाच्य ।

зано́сный (वि०) (रोग आदि) किसी दूसरे स्थान से लाया गया ; बाहर का ।

зано́счив||ость (स्त्री०) गर्व ; अभिमान ; उद्दंडता ; धृष्टता ; **—ый** (वि०) गर्विष्ठ ; अभिमानी ; उद्दंड ; धृष्ट ।

заночева́ть (पू०) (—чу́ю) रात काटना ; रात के लिए ठहरना ।

занумеро́вывать (अपू०), **занумерова́ть** (पू०) (—ру́ю) अंकित करना ; नम्बर लगाना ; गणना करना ।

заня́ти||е (नपुं०) १. व्यस्तता ; पेशा ; कारोबार ; काम ; часы́ —й काम करने का (अथवा पढ़ाई का) समय ; २. बलात् ग्रहण ; पकड़ ; ३. अध्ययन ; पाठ ।

заня́тный (वि०) मनोरंजक ; रोचक ; कौतूहल-जनक ।

занято́й (वि०) व्यस्त ; मसरूफ़ ।

за́нят||ость (स्त्री०) १ व्यस्तता ; मसरूफियत ; २. रोजगार ; कारोबार ; पेशा ; काम ; **—ый** заня́ть से कृदन्त ; я о́чень за́нят मैं बहुत व्यस्त हूँ ; на заво́де —а́ ты́сяча рабо́чих कारखाने में हज़ार मज़दूर काम करते हैं ।

заня́ть(ся) दे० занима́ть(ся).

заодно́ (क्रि० वि०) १. एक साथ ; मिलकर ; २. साथ-साथ ।

заозёрный (वि०) झील-पार का ।

заокеа́нский (वि०) सागर-पार का ।

заора́ть (पू०) १. चिंघाड़ने या चिल्लाने लगना ; २. ора́ть का पू० ।

заострённ||ость (स्त्री०) पैनापन ; तीखापन ; तीक्ष्णता ; **—ый** (वि०) पैना ; तीक्ष्ण ; तीखा ; तेज़ ; नोकदार ।

заостря́ть (अपू०), **заостри́ть** (पू०) पैना करना ; धार बाँधना ; तेज़ करना ; ज़ोर देना ; заостри́ть каранда́ш पेंसिल बनाना ; з. противоре́чия प्रतिवाद पर ज़ोर देना ; з. вопро́с प्रश्न पर ज़ोर देना ; заостри́ть внима́ние ध्यान दिलाना ; दिलचस्पी पैदा करना ; **—ся** (आत्म०) पैना होना ; तीक्ष्ण होना ; तीव्र होना ; तेज़ होना ।

зао́ч||ник (पुं०) पत्र-व्यवहार द्वारा विद्या प्राप्त करनेवाला छात्र ; **—но** (क्रि० वि०) बिना देखे ; (अदालत-सम्बन्धी) अनुपस्थिति में ; **—ый** (वि०) —ое обуче́ние पत्र-व्यवहार द्वारा पढ़ाई ।

за́пад (पुं०) पश्चिम ; к —у, на з. पश्चिम को ।

запа́дать (पू०) गिरने लगना ।

запада́ть (अपू०), **запа́сть** (पू०) (भवि० западу́, западёшь) १. पीछे गिरना ; २. छाप डालना ; слова́ его́ запа́ли мне в ду́шу उसके शब्द मेरे मन में घर कर गये ।

за́падн||ый (वि०) पश्चिमी ; —ая Евро́па पश्चिमी यूरोप ।

западн||я́ (स्त्री०) फन्दा ; कूटगर्त ; कूटयन्त्र ; попа́сть в —ю́ फन्दे में फँसना ।

запа́здыва||ние (नपुं०) विलम्ब ; **—ть** (अपू०), **запозда́ть** (पू०) देर से आना ;

निश्चित समय के बाद आना।

запáивать (अपू०), **запая́ть** (पू०) टाँका लगाना; झाल लगाना।

запáйка (स्त्री०) टाँका; झाल।

запáкостить (पू०) (запáкошу, запáкостишь) गन्दा करना; मलिन करना।

запáл (पु०) **I.** हौंकनी (घोड़े आदि का एक रोग); **II.** विस्फोटक; फ़्यूज़।

запали́ть (पू०) आग लगाना; (सिगरेट) सुलगाना; з. солóму भूसे को आग लगाना।

запáльчивый (वि०) उग्रस्वभाव; तेज़-मिज़ाज।

запáмятова||ть (पू०) (—тую) भूल जाना; он совсéм —л वह बिल्कुल भूल गया।

запáривать (अपू०), **запáрить** (पू०) १. भाप देना; २. (पशुओं के चारे आदि को) भाप देकर नर्म या साफ़ करना; **—ся** (आत्म०) १. पसीने से तरबतर होना; २. (बहुत देर तक काम करने या चलने से) थककर चूर हो जाना।

запáрывать (अपू०), **запорóть** (पू०) बेंत या चाबुक से मार डालना।

запáс (पु०) १ भंडार; ज़ख़ीरा; в —е भंडार में; з. знáний ज्ञान-भंडार; विद्या का भंडार; з. слов शब्द-भंडार; з. боеприпáсов गोला-बारूद का भंडार; २. (कपड़े की सिलाई में) दबाव; ३. (सेना०) быть в —е आरक्षित (रिज़र्व में) होना; увóлить в з. रिज़र्व में बदली करना।

запасáть (अपू०), **запасти́** (पू०) (भवि० запасý, запасёшь) बचाकर रखना; ज़ख़ीरा जमा करना; **—ся (сь)** (आत्म०) अपने लिए बचाकर रखना; —ся дровáми (शरद् ऋतु के लिए) लकड़ियों का ज़ख़ीरा करना।

запáслив||ость (स्त्री०) मितव्ययिता; किफ़ायत-शआरी; **—ый** (वि०) मितव्ययी; किफ़ायत-शआरी।

запасн||óй (वि०) १. फ़ालतू; з. вы́ход संकट-कालीन निर्गम-द्वार (बाहर निकलने का दरवाज़ा); з. путь (रेल की) पार्श्व-लाइन; —ы́е чáсти फ़ालतू पुर्ज़े; २. आरक्षित सेना का सिपाही।

запáсный = запаснóй.

запáсти (сь) दे० запасáть(ся).

зáпах (पु०) गन्ध; सुगन्ध; слы́шать з. गन्ध लेना; सूँघना।

запáхивать -I (अपू०), **запахáть** (पू०) (भवि० запашý, запáшешь) हल जोतना; जुताई करना।

запáхивать -II (अपू०), **запахну́ть** (पू०) १. (कसकर) लपेटना; २. खींचना; з. занавéску पर्दा गिराना; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) कसकर लपेटना।

запáх||нуть (पू०) गन्ध देने लगना; गन्ध छोड़ना; чем-то —ло (किसी वस्तु की) गन्ध आयी।

запáчкать(ся) दे० пáчкать(ся).

запáш||ка (स्त्री०) १. (हल से) जुताई; २. जुताई शुरू करने का कार्य; **—ник** (पु०) हल की अनी/फाल।

запая́ть दे० запáивать.

запевáла (पु०) मुख्य संगायक; समूहगान में गाना शुरू करनेवाला।

запекáнка (स्त्री०) १. पुडिंग; २. मसालेदार शराब।

запéниться (आत्म० पू०) झाग देने लगना।

заперéть(ся) दे० запирáть(ся)

заперши́||ть (पू०) у негó —ло в гóрле उसके गले में ख़ारिश होने लगी।

запéть (पू०) १. गाना शुरू करना; २. петь का पू०।

запечáтать दे० запечáтывать.

запечат||левáть (अपू०), **запечатлéть** (पू०) अंकित करना; छाप डालना; —лéть в. пáмяти (किसी बात को) मस्तिष्क में बिठाना; मन में उतारना।

запечáтывать (अपू०), **запечáтать** (पू०) मुहर लगाना; मुहर लगाकर बन्द करना; सील करना।

запéчь(ся) दे० запекáть(ся).

запивáть -I (अपू०), **запи́ть** (पू०) (भवि०

запью́, запьёшь) १. शराब पीने की आदत डालना ; शराब पीते रहना ; खूब शराब पीना ; २. (स्वाद के लिए) पीना ; ३. (कुछ खाने के तुरन्त बाद) पीना ।

запина́ться (आत्म० अपू०), **запину́ться** (आत्म० पू०) हिचकिचाकर बोलना ; रुक-रुककर बोलना ; हकलाकर बोलना ।

запи́нк||а (स्त्री०) हिचकिचाहट ; हकलाहट ; без —и बिना किसी हिचकिचाहट के ।

запира́тельство (नपुं०) मुकर जाना ।

запира́ть (अपू०), **запере́ть** (पू०) (भवि० запру́, запрёшь) १. (ताला आदि लगाकर) बन्द करना ; з. на засо́в सिटकनी/चिटखनी लगाकर बन्द करना ; २. (किसीको) ताले में बन्द करना ; ३. रुकावट डालना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको ताले में बन्द कर लेना ; २. запира́ть का कर्मवाच्य ।

записа́ть(ся) दे० запи́сывать(ся).

запи́ска (स्त्री०) पत्र ; रुक्का ; नोट ; докладна́я з. प्रतिवृत्त ; विवरण ; रिपोर्ट ; любо́вная з. प्रेम-पत्र ; пригласи́тельная з. निमन्त्रण-पत्र ।

записн||о́й (वि०) १. —а́я кни́жка नोट-बुक ; २. प्रवीण ; सिद्ध ; सिद्धहस्त ; निपुण ; प्रथम श्रेणी का ; з. игро́к प्रवीण खिलाड़ी ; प्रथम श्रेणी का खिलाडी ।

запи́сывать (अपू०), **записа́ть** (पू०) (भवि० запишу́, запи́шешь) लिख लेना ; नोट कर लेना ; अंकित कर लेना ; з. на чей-л. счёт किसीके हिसाब में डाल देना ; з. ле́кцию भाषण लिख लेना ; भाषण में से नोट लेना ; з. в расхо́д खर्चे में दर्ज कर लेना ; **—ся** (आत्म०) अपना नाम दर्ज करना ; —ся в кружо́к मंडल का सदस्य बनना ; —ся к врачу́ डाक्टर से मिलने का समय नियत करना ; —ся в библиоте́ку पुस्तकालय का सदस्य बनना ।

запи́сь (स्त्री०) नोट करने/लिखने की क्रिया ; अभिलेख ; (रजिस्टर आदि में) प्रविष्टि ; इन्दराज ।

запи́ть दे० запива́ть.

запи́хивать (अपू०), **запиха́ть, запихну́ть** (पू०) हूँसना ; запиха́ть бума́ги в портфе́ль पोर्टफ़ोलियो में काग़ज़ हूँसना ।

запла́кать (पू०) १. रोने लगना ; २. пла́кать का पू० ।

запла́т||а (स्त्री०) पैबन्द ; थेगली ; наложи́ть —у पैबन्द लगाना ।

заплати́ть (पू०) (заплачу́, запла́тишь) अदा करना ; ऋण चुकाना ; з. по счёту हिसाब चुकाना ।

заплёвывать (अपू०), **заплева́ть** (पू०) (भवि० заплюю́, заплюёшь) १. थूकना ; २. (केवल पू०) थूकने लगना ।

запле́сневеть दे० пле́сневеть.

заплета́ть (अपू०), **заплести́** (पू०) (भवि० заплету́, заплетёшь) गूँथना ; з. ко́су चोटी गूँथना ।

заплета́||ться (आत्म० अपू०) १. у него́ язы́к —ется (बोलते-बोलते) उसकी जीभ पलट जाती है (अथवा वह तुतलाकर बोलता है) ; у него́ —ются но́ги उसकी टाँगें लड़खड़ाती हैं ।

запле́чн||ый (वि०) कन्धों पर का ; з. мешо́к कन्धों पर रखी बोरी ; ☐ з. ма́стер, —ых дел ма́стер जल्लाद ।

запле́чье (नपुं०) शाना ; मोंढ़ा ।

запломбирова́ть दे० запломбиро́вывать और пломбирова́ть.

запломбиро́вывать (अपू०), **запломбирова́ть** (पू०) (भवि०—ру́ю) १. (दाँत आदि का खोल) भर देना ; मुहर लगाकर बन्द कर देना ; (सिक्के की) सील लगाकर बन्द कर देना ।

заплута́ться (आत्म० पू०) रास्ता भूल जाना ।

запл||ыва́ть (अपू०), **заплы́ть** (पू०) (भवि० заплыву́, заплывёшь) १. तैर आना ; तैर जाना ; з. далеко́ बहुत दूर तैर जाना ; २. (किसी व्यक्ति का) स्थूल हो जाना ; चर्बी चढ़ना ; у него́ —ы́ли глаза́ उसकी आँखों पर चर्बी चढ़ गयी है ।

заплясáть (पू०) (भवि० запля́шу, запля́шешь) नाचने लगना ।

запнýться दे० запинáться

заповéд||ник (पुं०) आरक्षित वन ; **—ный** (वि०) वर्जित ; निषिद्ध ; —ный лес = заповéдник.

зáповедь (स्त्री०) धर्मादेश ; उपदेश ; प्रवचन ।

запóдлинно (क्रि० वि०) अवश्य ; ज़रूर ।

заподóзри||ть (पू०) सन्देह करना ; егó —ли во лжи उस पर झूठ बोलने का सन्देह किया गया ।

запоздáлый (वि०) १. नियत समय के बाद का; देर से किया हुआ ; з. платёж नियत समय के बाद अदायगी ; २. पिछड़ा हुआ ।

запоздáть दे० запáздывать.

запóй (पुं०) (समय-समय पर) शराब आदि पीने की हुड़क ।

заползáть (अपू०), **заползти́** (पू०) रेंगकर चलना ; रेंगकर आ जाना ।

запóлнить(ся) दे० заполня́ться.

зáполночь (क्रि० वि०) आधी रात के बाद ।

заполня́ть (अपू०), **запóлнить** (पू०) (प्रश्नावली, फ़ार्म आदि) भरना ; उत्तर लिखना ; पूर्ति करना ; з. анкéту फ़ार्म भरना ; з. недостáток ख़ामी पूरी करना ; **—ся** (आत्म०) भर जाना ; भरा जाना ।

заполоня́ть (अपू०), **заполони́ть** (पू०) बन्दी बनाना ; अधीन करना ; वशीभूत करना ; जीतना ।

заполучи́ть (पू०) अपने लिए उपलब्ध करना ।

запоминáть (अपू०), **запóмнить** (पू०) कंठस्थ करना ; स्मरण करना ; ध्यान में रखना ; **—ся** (आत्म०) १. कंठस्थ होना ; स्मरण रहना ; емý запóмнился э́тот стих उसको यह कविता अब तक कंठस्थ है ; २. запоминáть का कर्मवाच्य ।

зáпонка (स्त्री०) स्टड (दोहरे सिरे का बटन) ; कॉलर का बटन ।

запóр (पुं०) १. सिटकनी ; ताला ; на —е ताले के अन्दर बन्द ; २. क़ब्ज़ी ; बदहज़्मी ; страдáть —ом क़ब्ज़ी या बदहज़्मी की शिकायत होना ।

запорóжец (पुं०) द्नेपियर का कज़ाक ।

запорóть दे० запáрывать.

запороши́ть (पू०) (पाउडर आदि) बुकना ; बुरकना ।

запотевáть (अपू०), **запотéть** (पू०) धुँधला पड़ना/होना ; óкно запотéло खिड़की का शीशा धुँधला पड़ गया है ।

запотéлый (वि०) (खिड़की के शीशे आदि के बारे में) धुँधला ।

запотéть दे० запотевáть और потéть.

заправи́ла (पुं०) (किसी संस्था आदि का) अध्यक्ष ; मालिक ।

заправля́ть (अपू०), **запрáвить** (पू०) (भवि० запрáвлю, запрáвишь) १. भीतर कर लेना ; (में) दे देना ; з. брю́ки в сапóги पतलून को जूतों के भीतर कर लेना ; २. (प्रयोग के लिए) तैयार करना ; з. автомоби́ль бéнзином गाड़ी में पेट्रोल डलवाना ; з. лáмпу लैम्प की बत्ती आदि ठीक करना ; ३. (भोजन का स्वाद बनाने के लिए) और कुछ डालना ; з. щи сметáной बन्दगोभी के शोरबे में खट्टी मलाई डालना ।

запрáвский (वि०) सच्चा ; वास्तविक ; यथार्थ ।

запрáшивать (अपू०), **запроси́ть** (पू०) (भवि० запрошý, запрóсишь) १. पूछताछ करना ; पता लगाना ; २. बहुत दाम माँगना ; запроси́ть высóкую цéну बहुत दाम माँगना ।

запрéт (पुं०) निषेध ; मनाही ; под —ом निषिद्ध ; **—и́ть** दे० запрещáть ; **—ный** (वि०) निषिद्ध ; वर्जित ।

запрещáть (अपू०), **запрети́ть** (पू०) (भवि० запрещý, запрети́шь) निषिद्ध करना ; मनाही करना ; रोकना ; बरजना ; **—ся** (आत्म०) запрещáть का कर्मवाच्य ; кури́ть запрещáется तम्बाकू या सिगरेट पीना मना है ।

запрещéние (नपुं०) निषेध ; मनाही ; судéбное з. (अदालत की) निषेधाज्ञा ; наложи́ть з. на имýщество सम्पत्ति को राज्याधिकार में ले लेना ।

запримéтить (पू०) (запримéчу, запримéтишь) ध्यान से देखना ; з. когó-л. в лицó किसीके मुख की ओर ध्यान से देखना ।

заприхóдовать (पू०) (—дую) जमा-खाते में दर्ज करना ।

запродавáть (अपू०), **запродáть** (पू०) (वर्त० запродаю́, запродаёшь ; भवि० запродáм, запродáшь) (चीज़ के तैयार होने से पहले ही) बेचना स्वीकार करना ; कच्चा सौदा करना ; अगाऊ सौदा करना ।

запродá||жа (स्त्री०) अगाऊ सौदा ; कच्चा सौदा ।

запродáть दे० запродавáть.

запроектúровать दे० проектúровать.

запрокúдывать (अपू०), **запрокúнуть** (पू०) (पीछे) गिराना ; ढुलकाना ; з. гóлову सिर ढुलकाना ; **—ся** (आत्म०) १. पीछे गिरना ; ढुलकना ; २. запрокúдывать का कर्मवाच्य ।

запропастú||ться (आत्म० पू०) (запропащу́сь, запропастúшься) खो जाना ; गुम हो जाना ; кудá —лась моя́ книгá ? मेरी पुस्तक कहाँ खो गयी ? ; кудá ты —лся ? तू कहाँ गुम (अथवा ग़ायब) हो गया था ?

запрóс (पुं०) १. पूछताछ ; сдéлать з. पूछताछ करना ; २. (मूल्य के बारे में) : цéны без —а एक दाम ; **—úть** दे० запрáшивать.

зáпросто (क्रि० वि०) अनौपचारिक रूप से ।

запрóс||ы (बहु०) रुचियाँ ; आवश्यकताएँ ; культу́рные з. सांस्कृतिक रुचियाँ ।

запротоколúровать (पू०) (—рую) दर्ज कर लेना ; з. прéния कार्यवाही लिखना ।

запру́да (स्त्री०) (अस्थायी) बाँध ।

запру́живать, (अपू०), **запрудúть** (पू०) (भवि० запружу́, запру́дишь) (अस्थायी) बाँध लगाना ।

запрягáть (अपू०), **запря́чь** (पू०) (भवि० запрягу́, запряжёшь) (घोड़े, बैल आदि को) जोतना ; (किसी काम पर) लगा देना ; जुटा देना ; **—ся** (आत्म०) १. (काम पर) जुट जाना ; २. запрягáть का कर्मवाच्य ।

запря́жка (स्त्री०) घोड़े या बैल जोतने की क्रिया ।

запря́тывать (अपू०), **запря́тать** (पू०) (भवि० запря́чу, запря́чешь) छिपाना ; **—ся** (आत्म०) छिपना ; छिपाया जाना ।

запря́чь दे० запрягáть.

запу́гивать (अपू०), **запугáть** (पू०) डराना ; धमकाना ।

запускáть (अपू०), **запустúть** (पू०) (भवि० запущу́, запу́стишь) १. ज़ोर से फेंकना ; з. кáмнем в окнó खिड़की या खिड़की के शीशे पर पत्थर फेंकना ; २. (-में) डालना/ठूँसना ; з. ру́ку в кармáн (किसी दूसरे की) जेब में हाथ डालना ; ३. उपेक्षा करना ; प्रमाद करना ; з. хозя́йство गृहस्थी के काम की उपेक्षा करना ।

запустé||лый (वि०) १. निर्जन ; जनशून्य ; उजाड़ ; २. उपेक्षित ; **—ние** (नपुं०) उजाड़ने/निर्जन करने की क्रिया ।

запустúть दे० запускáть.

запу́танность (स्त्री०) जटिलता ; उलझन ; पेचीदगी ।

запу́танный (वि० और कृदन्त) पेचीदा ; जटिल ; з. вопрóс जटिल प्रश्न ।

запу́тывать (अपू०), **запу́тать** (पू०) उलझाना ; गड़बड़ कर देना ; запу́тать дéло मामला गड़बड़ करना ; **—ся** (आत्म०) १. उलझना ; फँसना ; —ся в долгáх ऋण में डूब जाना ; २. запу́тывать का कर्मवाच्य ।

запу||хáть (अपू०), **запу́хнуть** (पू०) सूज जाना ; у негó запу́хли глазá उसकी आँखें सूज गयीं ।

запу́щенн||ость (स्त्री०) १. उपेक्षा ; २. निर्जनता ; जनशून्यता ; **—ый** (वि० और कृदन्त) उपेक्षित ; —ая болéзнь उपेक्षित रोग ।

запылá||ть (पू०) (आग) भभक उठना ; भड़क उठना ; вся дерéвня —ла सारे गाँव में आग भड़क उठी ।

запыли́ть (पू०) धूलि-धूसरित करना।

запыха́ться (ग्रात्म० पू०) हाँफना ; साँस फूलना।

запя́стье (नपुं०) १. कलाई ; पहुँची २. बाजूबन्द ; चूड़ी ; पहुँची।

запята́я (स्त्री०) (वि० रू०) कौमा ; अर्ध-विराम ; (,) चिह्न ; то́чка с —ой सेमीकोलन ; (;) चिह्न।

запятна́ть (पू०) धब्बा लगाना ; मलिन करना ; з. своё и́мя अपने नाम पर धब्बा लगाना।

зараба́тывать (अपू०), **зарабо́тать** (पू०) (जीविका) कमाना ; з. сре́дства к существова́нию जीविका कमाना ; з. мно́го де́нег बहुत धन कमाना ; **—ся** (ग्रात्म०) काम में अपने आपको भूल जाना ; बहुत देर तक काम करते रहना ; शक्ति से अधिक काम करना।

зарабо́тать(ся) I. दे० зараба́тывать(ся) ; **II.** १. काम करने लगना ; २. (इंजन का) चालू हो जाना।

за́работ||ный (वि०) —ная пла́та मजदूरी ; वेतन ; तनख्वाह ; **—ок** (पुं०) कमाई।

зара́внивать (अपू०), **заровня́ть** (पू०) समतल करना ; बराबर करना ; з. я́му गढ़ा भर देना।

заража́ть (अपू०), **зарази́ть** (पू०) (भवि० заражу́, зарази́шь) संक्रामक रोग फैलाना ; (विष आदि डालकर) दूषित करना ; з. во́ду पानी में विष डाल देना ; पानी को जहरीला बना देना ; **—ся** (ग्रात्म०) (अपने आपको) संक्रामक रोग लगा लेना।

зараже́ние (नपुं०) संक्रमण ; छूत का रोग लगना ; з. кро́ви रक्त में विष फैल जाना।

зара́з (क्रि० वि०) एक ही बार में ; एक बैठक में।

зара́з||а (स्त्री०) संक्रमण ; छूत का रोग लगना ; **—и́тельный** (वि०) संक्रामक ; **—и́ть** दे० заража́ть.

зара́зн||ый (वि०) संक्रामक ; —ые боле́зни संक्रामक रोग।

зара́нее (क्रि० वि०) पहले से ही ; समय रहते ; з. заду́манный पूर्वचिन्तित।

зарапортова́ться (ग्रात्म० पू०) (—ту́юсь) (विवरण देते हुए) अनर्गल बातें करना।

зароста́ть (अपू०), **зарасти́** (पू०) (भवि० зарасту́, зарастёшь) १. (पौधे, घास आदि का) बहुत बढ़ जाना ; २. (घाव का) भर जाना।

зарва́ться दे० зарыва́ться.

зарде́ться (ग्रात्म० पू०) शर्मा जाना ; लज्जारुण होना ; शर्म के मारे कपोलों का लाल हो जाना।

за́рево (नपुं०) (आकाश की) लाली ; (आग की) चमक।

заре́з (पुं०) э́то для меня́ з. यह तो मेरा अन्त होगा, इससे तो मेरा खात्मा हो जायेगा ; до —у दे० дозаре́зу.

заре́зать दे० ре́зать.

заре́заться (ग्रात्म० पू०) अपना गला काटना।

зарека́ться (ग्रात्म० अपू०), **заре́чься** (ग्रात्म० पू०) (भवि० зареку́сь, заречёшься) त्यागना ; विरत होना ; न करने का वचन देना ; ☐ от тюрьмы́ да от сумы́ не зарека́йся भाग्य का लिखा कौन जानता है !

зарекомендова́ть (ग्रात्म० पू०) (—ду́ю) з. себя́ с хоро́шей стороны́ अपने अच्छे गुणों को सामने रखना ; з. себя́ хоро́шим рабо́тником अपने आपको अच्छा काम करनेवाला सिद्ध करना।

заре́ч||ный (वि०) नदी-पार का ; **—ье** (नपुं०) नगर का नदी-पार का भाग।

заре́чься दे० зарека́ться.

заржа́веть (पू०) मोर्चा खा जाना ; जंग लगना।

заржа́ть (पू०) १. हिनहिनाने लगना ; २. ржать का पू०।

зарисо́вка (स्त्री०) १. रेखाचित्र (स्केच) बनाने की क्रिया ; २. रेखाचित्र ; स्केच।

зарисо́вывать (अपू०), **зарисова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) रेखाचित्र (स्केच) बनाना।

за́риться (ग्रात्म० अपू०), **по—** (ग्रात्म० पू०) स्पृहा करना ; लालसा करना ; लालच-भरी आँखों से देखना।

зарни́ца (स्त्री०) तापज दीप्ति (गर्मी के दिन के अन्त में क्षितिज से बिजली की-सी चमक)।

заровня́ть दे० зара́внивать.

зароди́ть दे० зарожда́ть.

заро́дыш (पुं०) भ्रूण; गर्भस्थ शिशु; подави́ть в —е अंकुरित होते ही नष्ट कर देना।

зарожда́ть (अपू०), **зароди́ть** (पू०) (भवि० зарожу́, зароди́шь) जनना; **—ся** (आत्म०) १. उत्पन्न होना; पैदा होना; у него́ зароди́лось сомне́ние उसके मन में सन्देह उत्पन्न हो गया; २. जीना आरम्भ करना।

зарожде́ние (नपुं०) गर्भाधान; उद्भव; उत्पत्ति।

заро́к (पुं०) (कोई कार्य-विशेष न करने का) प्रण; वचन; तौबा; он дал з. не пить उसने शराब न पीने का वचन दिया है अथवा प्रण किया है; उसने शराब पीने से तौबा की है।

зарони́ть (पू०) १. (पीछे) गिरा देना; з. ключ за сунду́к सन्दूक के पीछे तालियाँ गिरा देना; २. फेंक देना; з. и́скру चिनगारी फेंक देना; ३. (भावना आदि) जागृत करना।

за́росль (स्त्री०) झाड़-झंखाड़।

зарпла́та = за́работная пла́та दे० за́работный.

заруба́ть (अपू०), **заруби́ть** (पू०) **I.** दाँते निकालना; कटाव डालना; **II.** क़त्ल कर देना; कुल्हाड़े से काटकर मार देना।

зарубе́жный (वि०) विदेश का; सीमा-पार का।

заруби́ть दे० заруба́ть.

зару́бка (स्त्री०) दाँता; कटाव।

заруга́ть (पू०) गाली देना; झिड़की देना।

заруми́ниваться (आत्म० अपू०), **зару-мя́ниться** (आत्म० पू०) १. लज्जारुण होना; शर्म से गालों पर लाली आ जाना; २. (पककर अथवा भुनकर) लाल हो जाना।

заруча́ться (आत्म० अपू०), **заручи́ться** (आत्म० पू०) (чем) उपलब्ध करना; з. подде́ржкой सहायता उपलब्ध करना।

зарыва́ть (अपू०), **зары́ть** (पू०) (भवि० заро́ю, заро́ешь) (भूमि के भीतर) दबा देना; з. клад ख़ज़ाना दबा देना; **—ся** (आत्म०) १. दब जाना; зары́ться в песо́к रेत में दब जाना; २. (अपने आपको या अपना मुँह) ढाँप लेना; (में) घुस जाना; з. в одея́ло रज़ाई में घुस जाना; з. лицо́м в поду́шку तकिये से मुँह ढाँप लेना; ३. एकान्त में जा बसना; ४. तल्लीन हो जाना; з. в кни́ги पुस्तकों में तल्लीन हो जाना।

зарыва́ться (आत्म० अपू०), **зарва́ться** (आत्म० पू०) (अपनी शक्ति, क्षमता, साधनों से बढ़कर) कोई काम करना।

зарыда́ть (पू०) १. सिसकी भरने लगना; २. рыда́ть का पू०।

зары́ть(ся) दे० зарыва́ть(ся).

зарыча́ть (पू०) १. दहाड़ने लगना; २. рыча́ть का पू०।

зар||я́ (स्त्री०) १. प्रभात; अरुणोदय; पौ फटने का समय; सवेरा; सन्ध्या; सूर्यास्त; на —е́ सवेरे; अरुणोदय के समय; з. занима́ется पौ फट रही है; २. प्रारम्भ; на —е́ его́ но́вой жи́зни उसके नवजीवन के प्रारम्भ में; от —и́ до —и́ प्रातःकाल से सायंकाल तक; दिन भर।

заряби́ть दे० рябі́ть.

заря́д (पुं०) १. बारूद; कारतूस; холосто́й з. ख़ाली कारतूस; २. (बिजली आदि) की सप्लाई; आवेश; चार्ज; электри́ческий з. विद्युत्-आवेश; बिजली की सप्लाई/चार्ज।

заряди́ть -I दे० заряжа́ть.

заряди́||ть -II (पू०) एक ही काम में लगे रहना; जुटे रहना; с утра́ —л дождь सुबह से लगातार वर्षा हो रही है।

заря́д||ка (स्त्री०) (कारतूस, बारूद आदि) भरने का काम; (बिजली) चार्ज करने का कार्य; **—ный** (वि०): —ный я́щик बारूद का डिब्बा।

заса́да (स्त्री०) घात।

заса́живать (अपू०), **засади́ть** (पू०) (भवि० засажу́, заса́дишь) १. पौधा लगाना; वृक्षारोपण; २. (-में) धकेल देना; ३. बन्द करना;

बिठाना ; з. в тюрьму́ क़ैद करना ; जेल में बन्द कर देना/बिठाना ; ४. जुट जाना ; लग जाना ; з. за рабо́ту काम पर जुट जाना/लग जाना ।

заса́ливать -I (अपू०), **заса́лить** (पू०) मैला करना ।

заса́ливать -II (अपू०), **засоли́ть** (पू०) नमक डालना ; अचार डालना ।

заса́сывать (अपू०), **засоса́ть** (पू०) १. चूसना ; २. हड़प कर जाना ; किसीको शिकार बनाना ; ग़र्क़ कर देना ; боло́то засоса́ло лошаде́й घोड़े दलदल में ग़र्क़ हो गये ।

засвети́ть (पू०) (засвечу́, засавети́шь) लैम्प आदि जलाना ; प्रकाश करना ; **—ся** (आत्म०) प्रकाश होना ।

за́светло (क्रि० वि०) रात्रि होने से पूर्व ।

засвиде́тельствовать (पू०) (—ствую) गवाही देना ; प्रमाणित करना ।

засвиста́ть, засвисте́ть (पू०) (засвищу́, засви́щешь—засвисти́шь) १. सीटी बजाने लगना ; २. свисте́ть का पू० ।

засе́в (पुं०) १. बुवाई ; २. बीज ; ३. बुवाई का क्षेत्र ।

засева́ть (अपू०), **засе́ять** (पू०) बीज बोना ।

заседа́ние (नपुं०) बैठक ; अधिवेशन ; सम्मेलन ।

заседа́тель (पुं०) निर्धारक (अंग्रेज़ी—असेसर) ।

засе́ивать = засева́ть.

засе́ка (स्त्री०) झाड़बन्ध ; गिराये हुए पेड़ों से बनी आड़ जिसमें वृक्षों की शाखाएँ शत्रु की ओर रखी जाती हैं ।

засека́ть (अपू०), **засе́чь** (पू०) (भवि० засеку́, засечёшь) १. बेंत लगाकर मार डालना ; २. (कुल्हाड़े से काटकर पेड़ आदि पर) निशान लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. नेबर लगना ; (घोड़े का) एक पाँव पर दूसरा पाँव रखकर चोट खाना ; २. засека́ть का कर्मवाच्य ।

заселе́ние (नपुं०) बसाने का कार्य ।

заселя́ть (अपू०), **засели́ть** (पू०) बसाना ; आबाद करना ।

засе́сть (पू०) (зася́ду, зася́дешь) १. बैठ जाना ; जुट जाना ; з. за рабо́ту काम पर बैठ जाना/जुट जाना ; २. धँस जाना ; लगना ; пу́ля засе́ла у него́ в боку́ गोली उसकी पसली में लगी/धँस गयी ; ३. टिककर बैठना ; बस जाना ; з. до́ма घर पर ही बैठे रहना ।

засе́чка (स्त्री०) (कुल्हाड़े से काटकर पेड़ पर लगाया हुआ) निशान ।

засе́чь दे० **засека́ть.**

засе́ять दे० **засева́ть.**

заси́живать (अपू०), **засиде́ть** (पू०) (भवि० засижу́, засиди́шь) मक्खियों आदि का अपने मल से गन्दा कर देना ; (बैठ-बैठकर) धब्बे लगाना ; му́хи засиде́ли всю карти́ну मक्खियों ने सारे चित्र को धब्बे लगाकर ख़राब कर दिया है ; **—ся** (आत्म०) बहुत देर तक बैठे रहना ।

заси́лье (नपुं०) दमन ; दबाव ; अत्याचार ।

засине́ть(ся) (आत्म०) नीला दिखायी पड़ना ।

заси́нивать (अपू०), **засини́ть** (पू०) बहुत नीला करना ।

засия́ть (पू०) १. चमकने लगना ; २. сия́ть का पू० ।

заскака́ть (पू०) (заскачу́, заска́чешь) कूदने/फुदकने लगना ।

заска́кивать (अपू०), **заскочи́ть** (पू०) पीछे कूदना ।

заскирдова́ть दे० скирдова́ть.

заско́к (पुं०) १. (आगे को) झपट ; २. मनोग्रस्ति ; ग़ल्बा ।

заскору́злый (वि०) १. (परिश्रम के कारण) ठेक/घट्ठे पड़े हुए ; —ая рука́ (परिश्रम के कारण) घट्ठे/ठेक पड़े हाथ ; २. क्रूर ; कठोर ।

заскочи́ть दे० заска́кивать.

заскрежета́ть (पू०) १. दाँत पीसने लगना ; २. скрежета́ть का पू० ।

заскрипе́ть दे० скрипе́ть.

заскуча́ть (पू०) ऊबने लगना ; उकताने लगना ।

засла́ть दे० засыла́ть.

заследи́ть (पू०) (заслежу́, заследи́шь) (गन्दे पाँवों के निशान लगाकर) मलिन करना/गन्दा करना।

засло́н (पुं०) (सेना०) रक्षा-टुकड़ी।

заслони́ть(ся) दे० заслоня́ть(ся).

засло́нка (स्त्री०) अँगीठी/भट्ठी का मुँह।

заслоня́ть (अपू०), **заслони́ть** (पू०) १. आच्छादित करना; (बीच में आकर) ढँक लेना; туча́ заслони́ла со́лнце बादल ने सूर्य को आच्छादित कर लिया; २. रास्ता रोकना; з. доро́гу सड़क रोकना; ३. (रक्षा करने के लिए किसीको) छिपा लेना; з. свое́ю гру́дью сы́на अपनी छाती में अपने बेटे को छिपा लेना; **—ся** (आत्म०) १. ढँक जाना; со́лнце заслони́лось ту́чами सूर्य बादलों में ढँक गया; २. заслоня́ть का कर्मवाच्य।

заслу́г||а (स्त्री०) योग्यता; सुपात्रता; सेवा; име́ть больши́е —и пе́ред страно́й अपने देश की बहुत सेवाएँ किये हुए होना।

заслу́женный (वि०) सुपात्र; योग्य; सम्मानित; प्रख्यात; з. де́ятель нау́ки प्रख्यात वैज्ञानिक; з. де́ятель иску́сства सम्मानित कलाकार।

заслу́жива||ть (अपू०), **заслужи́ть** (पू०) योग्य होना; पात्र होना; सुपात्र होना; з. дове́рия विश्वस्त होना; как вы того́ —ете आपकी योग्यता के अनुसार।

заслу́шивать (अपू०), **заслу́шать** (पू०) सुनना; з. отчёт विवरण सुनना; **—ся** (आत्म०) प्रसन्नतापूर्वक सुनना; सुनकर प्रसन्न होना।

заслы́шать (पू०) सुनना।

заслю́нивать (अपू०), **заслюни́ть** (पू०) लार टपकाकर गन्दा कर देना।

засма́тривать (अपू०) झाँकना; भीतर देखना; **—ся** (आत्म० अपू०), **засмотре́ться** (आत्म० पू०) (किसी की ओर देखते-देखते) अपने आपको भूल जाना।

засмея́ть (पू०) उपहास करना; **—ся** (आत्म०) हँसने लगना; हँसना।

засмотре́ться दे० засма́триваться.

засну́ть दे० засыпа́ть.

засня́ть (पू०) फ़ोटो खींचना।

засо́в (पुं०) (किवाड़ बन्द करने की) कुंडी; अर्गला; задви́нуть дверь —ом अर्गला से किवाड़ बन्द करना; कुंडी लगाना।

засо́вывать (अपू०), **засу́нуть** (पू०) (भीतर) डालना; ठूँसना; засу́нуть ру́ки в рукава́ हाथ आस्तीन में डालना।

засо́л (पुं०) १. नमक डालने (लगाने) की क्रिया; २. अचार; з. огурцо́в खीरों का आचार; **—и́ть** दे० заса́ливать.

засопе́ть (पू०) (засоплю́, засопи́шь) १. (गहरा साँस लेते हुए) नाक से घरघर का शब्द करना; २. сопе́ть का पू०।

засоре́ние (नपुं०) अवरोध; रोक; з. желу́дка क़ब्ज़ी; बदहज़्मी।

засоря́ть (अपू०), **засори́ть** (पू०) १. अवरोध उपस्थित करना; रुकावट डालना; (ट्यूब आदि का) रास्ता बन्द करना; २. क़ब्ज़ी करना; बदहज़्मी करना; **—ся** (आत्म०) १. बिखर जाना; २. रुक जाना; ३. क़ब्ज़ी होना; बदहज़्मी होना; ४. засоря́ть का कर्मवाच्य।

засоса́ть दे० заса́сывать.

засо́хнуть दे० засыха́ть.

заспа́ть दे० засыпа́ть.

заспа́ться (आत्म० पू०) बहुत सोना।

заспо́рить (पू०) बहस करने लगना।

заста́ва (स्त्री०) नगर-द्वार; (पुलिस या सेना की) चौकी।

застава́ть (अपू०), **заста́ть** (पू०) (वर्त० застаю́, застаёшь; भवि० заста́ну, заста́нешь) पाना; मिलना; (अचानक) आ दबाना; आ पकड़ना; з. до́ма (किसीको) घर पर पाना/मिलना।

заставля́ть (अपू०), **заста́вить** (पू०) (भवि० заста́влю, заста́вишь) १. विवश करना; मजबूर करना; —कराना; он заста́вил его́ молча́ть उसने उसे चुप कर दिया, उसने उसको चुप हो जाने पर मजबूर कर दिया; ничто́ не заста́вит

застуди́ть दे० засту́живать; **—ся** (आत्म०) ठंड खाना।

засту́живать (अपू०), **застуди́ть** (पू०) (भवि० застужу́, засту́дишь) ठंड लगना (जिससे किसी रुग्ण अंग का कष्ट बढ़ जाये); з. го́рло गले में ठंड लगना।

за́ступ (पुं०) कुदाल।

заступа́ться (आत्म० अपू०), **заступи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० заступлю́сь, засту́пишься) (किसीकी ओर से) बीच में पड़ना; (की) पैरवी करना; पक्ष लेना; हिमायत करना।

засту́п||ник (पुं०) १. मध्यस्थ; बीच में पड़नेवाला; पक्ष लेनेवाला; २. संरक्षक; **—ница** (स्त्री०) संरक्षिका; **—ничество** (नपुं०) संरक्षकता।

застуча́ть (पू०) १. खटखटाने लगना; २. стуча́ть का पू०।

застыва́ть (अपू०), **засты́нуть, засты́ть** (पू०) (भवि० засты́ну, засты́нешь) १. (ठंडा होकर) गाढ़ा हो जाना; सख़्त हो जाना; जम जाना; २. (ठंड के कारण) अकड़ जाना।

застыди́ть (पू०) (застыжу́, застыди́шь) शर्मिन्दा करना; **—ся** (आत्म०) शर्माना; लजाना; सिटपिटाना।

засты́нуть, засты́ть दे० застыва́ть.

засуди́ть (पू०) (засужу́, засу́дишь) कठोर दंड देना।

засу́нуть दे० засо́вывать.

за́суха (स्त्री०) अनावृष्टि; ख़ुश्की।

засу́чивать (अपू०), **засучи́ть** (पू०) (कमीज़ की आस्तीन) ऊपर चढ़ाना; लपेटना।

засу́шивать (अपू०), **засуши́ть** (पू०) सुखाना; ख़ुश्क करना।

засу́шлив||ый (वि०) ख़ुश्क; —ая зо́на ख़ुश्क इलाक़ा / प्रदेश।

засчи́тывать (अपू०), **засчита́ть** (पू०) (-में) गिन लेना; प्रविष्ट कर लेना; हिसाब में ले लेना।

засыла́ть (अप०), **засла́ть** (पू०) (भवि० зашлю́, зашлёшь) (ग़लत पते पर) कहीं दूर भेजना; паке́т по оши́бке засла́ли в Сиби́рь पैकेट ग़लती से साइबेरिया भेज दिया गया; з. в далёкие края́ बहुत दूर देश में निर्वासित कर देना।

засыпа́ть -I (अपू०), **заспа́ть** (पू०) з. младе́нца नींद में बच्चे को नीचे दबा लेना।

засыпа́ть -II (अपू०), **засну́ть** (पू०) सो जाना।

засыпа́ть -III (अपू०), **засы́пать** (पू०) (भवि० засы́плю, засы́плешь) १. (गढ़ा) भर देना; २. ढँक देना; दबा देना; ऊपर बिखेर देना; доро́жка засы́пана ли́стьями रास्ता पत्तों से ढँका हुआ है; ☐ з. кого́-л. вопро́сами (किसी पर) प्रश्नों की बौछार करना, प्रश्न पर प्रश्न करना; з. кого́-л. пода́рками (किसीको) उपहारों से लाद देना; **—ся** (आत्म०) (в) १. भीतर चले जाना; песо́к засы́пался ему́ в башмаки́ उसके बूटों के भीतर रेत चला गया; २. ढँक जाना; (नीचे) दब जाना; ३. रँगे हाथों पकड़ा जाना; (परीक्षा में) असफल हो जाना।

засыха́ть (अपू०), **засо́хнуть** (पू०) सूख जाना; मुरझा जाना।

зата́ивать (अपू०), **затаи́ть** (पू०) दिल में रखना; затаи́ть дыха́ние साँस रोकना; затаи́ть оби́ду दिल में अदावत रखना।

затанцова́ть (पू०) (—цу́ю) नाचने लगना।

зата́пливать (अपू०), **затопи́ть** (पू०) (भवि० затоплю́, зато́пишь) (भट्टी या अँगीठी में) आग जलाना; तपाना।

зата́птывать (अपू०), **затопта́ть** (पू०) (भवि० затопчу́, зато́пчешь) पावों से रौंदकर मैला करना; रौंदना; कुचलना।

зата́скивать -I (अपू०), **затаска́ть** (पू०) (पहनकर) घिस देना; з. пальто́ ओवरकोट पहनते-पहनते घिस देना।

зата́скивать -II (अपू०), **затащи́ть** (पू०) घसीट ले जाना; (किसी वस्तु को) ग़लत जगह छोड़ देना।

зата́чивать (अपू०), **заточи́ть** (पू०) पैना करना; तेज़ करना; धार बाँधना।

затащи́ть दे० зата́скивать-II.

затверд||ева́ть (अपू०), **затверде́ть** (पू०) कड़ा हो जाना; सख्त हो जाना; **—е́лость** (स्त्री०) = затверде́ние; **—е́лый** (वि०) सख्त; **—е́ние** (नपुं०) (चिकि०) शरीर का अकड़ जाना।

затверди́ть (पू०) (затвержу́, затверди́шь) १. कंठस्थ करना; (पाठ) पक्का करना; रट्टा लगाना; २. з. одно́ и то́ же एक ही बात की रट लगाना।

затво́р (पुं०) १. (बन्दूक आदि का) घोड़ा; (दरवाज़े की) कुंडी या साँकल; जल-द्वार; (कैमरे का) शटर; २. (एकान्तवास के लिए) गुफा; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) तपस्वी; एकान्तवासी; संन्यासी; **—нический** (वि०) एकान्त; —нический о́браз жи́зни एकान्त जीवन; संन्यास का जीवन।

затворя́ть (अपू०), **затвори́ть** (पू०) (द्वार आदि) बन्द करना; **—ся** (आत्म०) १. (द्वार आदि) बन्द होना; २. (अपने आपको) ताले में बन्द कर लेना; एकान्तवास करना; ३. затворя́ть का कर्मवाच्य।

затева́ть (अपू०), **зате́ять** (पू०) १. किसी काम को साहस से हाथ में लेना; आरम्भ करना; सूझना; ста́рый холостя́к зате́ял жени́ться बूढ़े कुवाँरे को विवाह की सूझी; २. संगठन करना; (झगड़ा आदि) खड़ा करना; зате́ять и́гры खेलों का संगठन करना; зате́ять дра́ку लड़ाई-झगड़ा करना; **—ся** (आत्म०) आरम्भ किया जाना/होना; зате́ялось де́ло काम शुरू हो गया/कारोबार शुरू हो गया।

зате́й||ливый (वि०) १. जटिल; २. चतुर; निपुण; ३. कल्पनात्मक; मनोरंजक; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) विदूषक; मसखरा; पेशेवर मसखरा; मनोरंजन करनेवाला।

затека́ть (अपू०), **зате́чь** (पू०) (भवि० затеку́, затечёшь) (в) १. (-में) बह आना/चू जाना; (за) (पीछे) चूना; २. सुन्न हो जाना; у него́ затекли́ но́ги उसकी टाँगें सुन्न हो गयीं।

зате́м (क्रि० वि०) १. फिर; तब; उसके पश्चात्; २. ताकि; (-के) कारण; з. что क्योंकि।

затемне́ние (नपुं०) १. अँधेरा होना; २. (सूर्य/चन्द्र) ग्रहण।

затемни́ть दे० затемня́ть.

за́темно (क्रि० वि०) मुँह-अँधेरे; पौ फटने से पहले।

затемня́ть (अपू०), **затемни́ть** (पू०) अँधेरा करना।

затеня́ть (अपू०), **зateни́ть** (पू०) छाया करना।

зате́плить (पू०) (दीपक, मोमबत्ती आदि) जलाना; **—ся** (आत्म०) जगमगाने लगना।

затере́ть दे० затира́ть.

затеря́ть (पू०) खोना; ग़लत जगह रखना; रखकर भूल जाना; **—ся** (आत्म०) खो जाना; ग़लत जगह रखा जाना; भुला दिया जाना।

затёсывать (अपू०), **затеса́ть** (पू०) (थोड़ा-सा) तराशना; तराशकर तेज़ करना।

зате́чь दे० затека́ть.

зате́я (स्त्री०) १. उद्यम; साहस का काम; २. ठिठोली; मनोरंजन।

затея́ть दे० затева́ть.

затира́ть (अपू०), **затере́ть** (पू०) (भवि० затру́, затрёшь) १. मिटा देना; पोत डालना; з. на́дпись на стене́ दीवार पर लिखा हुआ मिटा देना; з. кра́ской рису́нок चित्र पर रंग पोत देना; २. जाम कर देना; (किसीको) कोई अवसर न देना; ३. मैला करना; गन्दा करना।

зати́скивать -I (अपू०), **зати́снуть** (पू०) भींचना।

зати́скивать -II (अपू०), **зати́скать** (पू०) ज़ोर से आलिंगन करना/प्यार करना;

затиха́ть (अपू०), **зати́хнуть** (पू०) शान्त होना; (ध्वनि/शब्द का) धीमा पड़ जाना; निःशब्द हो जाना।

зати́шье (नपुं०) निःशब्दता; (कारोबार का) मन्दा होना; (तूफ़ान से पहले या बाद की) शान्ति।

затка́ть (पू०) बुनने लगना ।

заткну́ть दे० затыка́ть.

затмева́ть (अपू०), **затми́ть** (पू०) (भवि० затмлю́, затми́шь) आच्छादित करना ; ढाँप लेना ; अँधेरा करना ; (सूर्य/चन्द्रमा को) ग्रहण लगना ; ту́чи затми́ли не́бо मेघों ने आकाश को आच्छादित कर लिया/मेघ आकाश पर छा गये ; затми́ть чью-л. сла́ву किसीकी कीर्ति को ग्रहण लगाना ।

затм||е́ние (नपुं०) ग्रहण ; з. со́лнца सूर्यग्रहण ; лу́нное з. चन्द्रग्रहण ; **—и́ть** दे० затмева́ть.

зато́ (अ०) (-की) बजाय ; (-के) स्थान पर ; उसके लिए ।

затова́ривать (अपू०), **затова́рить** (पू०) з. ры́нок (बाज़ार को) माल से पाट देना।

затолка́ть (पू०) झटका देना ।

зато́н (पुं०) १. प्रतीप जल (नदी या सागर से एक ओर को बहकर आया हुआ बन्द पानी) ; २. मछलियाँ पकड़ने की जगह (तालाब या बन्द पानी) ।

затону́ть (पू०) डूब जाना ; ग़र्क़ हो जाना ।

затопи́ть -I दे० зата́пливать.

затопи́ть -II दे० затопля́ть.

затопля́ть (अपू०), **затопи́ть** (पू०) (भवि० затоплю́, зато́пишь) आप्लावित करना ; डुबो देना ।

затопта́ть दे० зата́птывать.

зато́р (पुं०) **I.** अवरोध ; रुकावट ; з. у́личного движе́ния सड़क के यातायात की रुकावट ; **II.** (बीयर के कारख़ाने में जौ इत्यादि का) मलीदा ।

затормози́ть (पू०) (заторможу́, затормози́шь) ब्रेक लगाना ।

заторопи́ться (आत्म० पू०) (затороплю́сь, заторо́пишься) भागदौड़ करने लगना ।

затоскова́ть (पू०) (—ку́ю) १. झूरने लगना; विरह में तड़पने लगना ; २. тоскова́ть का पू० ।

заточ||а́ть (अपू०), **заточи́ть** (पू०) क़ैद करना ; (मठ में) एकान्तवास कराना ; —и́ть в тюрьму́ क़ैद करना ; **—е́ние** (नपुं०) क़ैद ; (मठ में) एकान्तवास ; он живёт в —е́нии वह एकान्त जीवन (अर्थात् संन्यासी का जीवन) व्यतीत करता है ; **—и́ть** दे० зата́чивать और заточа́ть.

затошни́ть (पू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ затошни́ло उसे उलटी आ गयी ।

затрави́ть (पू०) (затравлю́, затра́вишь) १. (कुत्तों की सहायता से) पकड़ना या मारना ; з. за́йца खरगोश मारना ; २. सन्ताप देना ; यातना देना ।

затра́гивать (अपू०), **затро́нуть** (पू०) प्रभावित करना ; у неё затро́нуты лёгкие उसके फेफड़ों पर रोग का असर है ; ☐ з. вопро́с प्रश्न पर विचार आरम्भ करना; з. чьё-л. самолю́бие किसी के अहं को ठेस पहुँचाना ।

затрапе́зный (वि०) काम के समय पहना जानेवाला (कपड़ा) ।

затра́та (स्त्री०) ख़र्च ; व्यय ; напра́сная з. अपव्यय ।

затра́чивать (अपू०), **затра́тить** (पू०) (भवि० затра́чу, затра́тишь) ख़र्च करना ।

затре́бовать (पू०) (—бую) माँगना ; з. ну́жную бума́гу ज़रूरी काग़ज़ माँगना ।

затрепа́ть (पू०) (затреплю́, затре́плешь) (बहुत देर तक पहनकर) घिस देना; फाड़ डालना ।

затрепета́ть (पू०) (затрепещу́, затрепе́щешь) १. धड़कने या काँपने लगना ; २. трепета́ть का पू० ।

затреща́ть (पू०) १. तड़कने लगना ; फटने लगना ; २. треща́ть का पू० ।

затре́щ||ина (स्त्री०) (ज़ोर का) तमाचा ; дать кому́-л. —ину किसीके तमाचा मारना ।

затро́нуть दे० затра́гивать.

затрудн||е́ние (नपुं०) कष्ट ; परेशानी ; मुसीबत; कठिनाई ; попа́сть в з. कष्ट में पड़ना; मुसीबत में फँसना ; де́нежное з. आर्थिक कठिनाई ; **—и́тельный** (वि०) कठिन ; कष्टप्रद ; परेशान करनेवाला ; —и́тельное положе́ние कठिन स्थिति ।

затрудня́ть (अपू०), **затрудни́ть** (पू०) १. बाधा डालना ; विघ्न उपस्थित करना ; कठिन बनाना ; затрудни́ть до́ступ куда́-л. कहीं पहुँचने में बाधा डालना ; २. कष्ट देना ; परेशान करना ; э́то вас не затрудни́т ? इससे आपको कोई कष्ट तो नहीं ? ; **—ся** (आत्म०) कष्ट उठाना ; परेशानी उठाना ; —ся в разгово́ре कठिनाई से बोलना ।

затрясти́ (पू०) (затрясу́, затрясёшь) १. हिलाने लगना ; २. трясти́ का पू० ; **—сь** (आत्म० पू०) १. हिलने लगना ; २. трясти́сь का पू० ।

затума́нивать (अपू०), **затума́нить** (पू०) १. धुँधला करना ; २. छिपाना ; **—ся** (आत्म०) धुँधला होना ; धुन्ध या बादलों का छा जाना ; его́ глаза́ затума́нились слеза́ми आँसुओं के कारण उसकी दृष्टि धुँधला गयी ।

затупля́ть (अपू०), **затупи́ть** (पू०) (भवि० затуплю́, затупишь) बिल्कुल कुंठित करना ; धारहीन करना ; **—ся** (आत्म०) बिल्कुल कुंठित होना ; धारहीन होना ।

затуха́ть (अपू०), **зату́хнуть** (पू०) धीरे-धीरे बुझना ; (शब्द का) सुनायी पड़ना धीरे-धीरे बन्द हो जाना ।

затушёвывать (अपू०), **затушева́ть** (पू०) (भवि०—шу́ю) (हल्का-हल्का) काला रंग भरना ।

затуши́ть (पू०) १. बुझाना ; २. दमन करना ।

за́тхл||ость (स्त्री०) सड़ाँध ; **—ый** (वि०) सड़ा हुआ ; दुर्गन्धित ; па́хнуть —ым दुर्गन्ध आना ।

затыка́ть (अपू०), **заткну́ть** (पू०) १. छेद बन्द करना ; डाट लगाना ; заткну́ть буты́лку про́бкой बोतल में डाट लगाना ; заткну́ть рот मुँह बन्द करना ; заткну́ть у́ши कान बन्द करना ; २. धकेलना ; □ заткну́ть кого́-л. за по́яс किसीसे आगे बढ़ जाना, किसीको पीछे छोड़ जाना ।

заты́лок (पुं०) गुद्दी ; □ станови́ться в з. (एक-दूसरे के पीछे) पंक्ति में खड़ा होना ।

заты́льник (पुं०) (मशीनगन की) पिछली प्लेट ।

заты́чка (स्त्री०) १. डाट ; २. रिक्तिपूरक ; ३. कार्यवाहक ; (किसीकी अनुपस्थिति में) काम चलानेवाला व्यक्ति ।

затя́гивать (अपू०), **затяну́ть** (पू०) १. (खींचकर) कसना ; з. у́зел कसकर गाँठ बाँधना ; з. ре́мни чемода́на सूटकेस के तस्मे कसना ; २. घसीट लेना ; в о́бщество э́то затяну́ли его́ два прия́теля इस समाज में उसको दो मित्रों ने घसीट लिया ; ३. (घाव) भरना ; ра́ну затяну́ло घाव भर गया है ; ४. (भीतर को) खींच लेना ; его́ затяну́ло в боло́то वह दलदल में धँस गया ; ५. विलम्ब कर देना ; **—ся** (आत्म०) १. (गाँठ आदि का) कसा जाना ; २. (आकाश पर बादल) छा जाना ; ३. (घाव) भरना ; ४. विलम्ब होना ; घिसटते रहना ; अधिक देर तक चलते रहना ; де́ло затяну́лось на два го́да मामला दो वर्ष तक घिसटता रहा ; собра́ние затяну́лось до 12 часо́в बैठक बारह बजे तक चलती रही ; ५. (तम्बाकू या सिगरेट का) कश लगाना ।

затя́жка (स्त्री०) १. (तम्बाकू, सिगरेट का) कश लगाने की क्रिया ; २. विलम्बन ।

затяну́ть दे० затя́гивать.

зау́мн||ый (वि०) गूढ़ ; दुर्बोध ; कठिन ; з. язы́к कठिन भाषा ; —ая поэ́зия गूढ़ कविता ।

зауны́в||ный (वि०) शोकपूर्ण ; दुखी ; विषाद-पूर्ण ; —ная пе́сня विषाद-गीत ।

заупоко́йн||ый (वि०) —ая слу́жба मृतक की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना (संस्कार) ।

заупря́миться दे० упря́миться.

заура́льский (वि०) यूराल-पार का ।

зауря́дный (वि०) सामान्य ; साधारण प्रतिभा का ; з. челове́к साधारण प्रतिभा का व्यक्ति ।

зау́треня (स्त्री०) (गिरजाघर में) प्रभात-प्रार्थना ।

зау́чивать (अपू०), **заучи́ть** (पू०) कंठस्थ करना ; **—ся** (आत्म०) बहुत अध्ययन करना ।

зау́шница (स्त्री०) (चिकि०) कनवर ; कनफेड़ ।

зафикси́ровать दे० фикси́ровать.

заха́жив||ать (अपू०) (किसीके यहाँ) बार-बार जाना ; ра́ньше он к нам —ал पहले वह हमारे यहाँ अक्सर आया करता था ।

захандри́ть दे० хандри́ть.

заха́ять (पू०) अपयश फैलाना ; बदनाम करना ।

захва́ливать (अपू०), **захвали́ть** (पू०) अति प्रशंसा करना ।

захва́т (पुं०) १. अपहरण ; २. पकड़ ।

захва́тный : १. захвата́ть से कृदन्त ; २. (वि०) (प्रयोग द्वारा) मलिन किया हुआ ; अँगूठे के निशानों से गन्दा किया हुआ ।

захвата́ть, захвати́ть दे० захва́тывать, I, II.

захва́тническ||ий (वि०) लूटमार का ; —ая война́ लूटमार के लिए की गयी लड़ाई ।

захва́тч||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) अपहर्ता/अपहर्त्री ।

захва́тывать -I (अपू०), **захвата́ть** (पू०) (हाथों से छूकर) मलिन करना ।

захва́т||ывать -II (अपू०), **захвати́ть** (पू०) (भवि० захвачу́, захва́тишь) १. (अपने साथ) ले जाना ; он —и́л с собо́й де́ньги वह अपने साथ धन ले गया ; २. छीनना ; अधिकार जमाना ; क़ब्ज़ा करना ; —и́ть власть सत्ता छीनना ; —и́ть в плен बन्दी बनाना ; ३. आ दबाना ; по доро́ге его́ —и́л дождь रास्ते में उसको वर्षा ने आ दबाया ; ४. पुलकित करना ; му́зыка его́ —и́ла संगीत ने उसे पुलकित कर दिया ।

захвора́ть (पू०) बीमार होना ।

захире́ть दे० хире́ть.

захихи́кать दे० хихи́кать.

захлёбыва||ться (आत्म० अपू०), **захлебну́ться** (आत्म० पू०) उच्छू आना ; गला रुँधना ; □ говори́ть —ясь एक साँस में बोलना ।

захлёстывать -I (अपू०), **захлеста́ть** (पू०) १. चाबुक से मारना ; з. ло́шадь घोड़े को चाबुक से मारना ; २. (केवल पू०) चाबुक से मारने लगना ; (वर्षा की बूँदों का) टपाटप बजना ; захлеста́л до́ждь वर्षा की बूँदें टपाटप गिरने लगीं ।

захлёстывать (अपू०), **захлестну́ть** (पू०) १. (रस्सी आदि से) बाँधना ; कसना ; з. верёвку रस्सी बाँधना ; २. (लहरों का) ऊपर से गुज़र जाना ; волно́й захлестну́ло ло́дку लहरें नाव पर से गुज़र गयीं ; ३. वेग से फेंकना ; ве́тром захлестну́ло занаве́ску на пери́ла हवा ने पर्दे को ज़ोर से जंगले पर फेंक दिया ।

захло́пать (पू०) १. ताली बजाने लगना ; з. в ладо́ши ताली बजाने लगना ; २. хло́пать का पू० ।

захло́пнуться (आत्म० पू०) दे० захло́пывать(ся).

захлопота́ться (आत्म० पू०) भागदौड़ करते-करते तंग आ जाना या थक जाना ।

захло́пывать (अपू०), **захло́пнуть** (पू०) किवाड़ 'खट' से बन्द करना ; **—ся** (आत्म०) (किवाड़) 'खट' से बन्द होना ; дверь захло́пнулась किवाड़ 'खट' से बन्द हो गये ।

захо́д (पुं०) सूर्यास्त ; (रास्ते में किसी स्थान पर) पड़ाव ; без —а अविराम, बिना कहीं ठहरे ।

заходи́ть (अपू०), **зайти́** (पू०) (वर्त० захожу́, захо́дишь ; भवि० зайду́, зайдёшь) १. (रास्ते में) किसी स्थान पर ठहरना, किसीके यहाँ होते जाना ; он зайдёт за тобо́й वह तुझे लेने आयेगा ; २. पहुँच जाना ; куда́ мы зашли́ ? हम कहाँ आ निकले ? ; он зашёл в незнако́мую часть го́рода वह शहर के एक अनजाने भाग में आ निकला ; ३. (पीछे) जाना ; मुड़ना ; з. за́ угол मोड़ पर से मुड़ना ; ४. (सूर्य का) अस्त होना ; छिपना ; डूबना ; ५. हवाई जहाज़ का लक्ष्य के समीप पहुँचना ; □ з. сли́шком далеко́ बहुत दूर चले जाना ; разгово́р зашёл о поли́тике बातचीत राजनीति पर होने लगी ।

заходя́щ||ий заходи́ть से कृदन्त ; —ее со́лнце अस्तमान (डूबता हुआ) सूर्य ।

захолу́стный (वि०) (सांस्कृतिक केन्द्रों से) दूर का ; ग्रामीण ।

захоте́ть दे० **хоте́ть.**

захохота́ть (पू०) (захохочу́, захохо́чешь) १. अट्टहास करना ; ठहाका मारना ; २. хохота́ть का पू० ।

захрапе́ть (पू०) (захраплю́, захрапи́шь) १. खर्राटे भरने लगना ; २. храпе́ть का पू० ।

захрипе́ть दे० хрипе́ть.

захрома́ть (पू०) लँगड़ाने लगना ।

захуда́лый (वि०) १. क्षीणकाय; २. नगण्य ; ३. दीन ।

зацвета́ть (अपू०), **зацвести́** (पू०) (भवि० зацвету́, зацветёшь) (फूलों का) खिलने लगना ।

зацелова́ть (पू०) (—лу́ю) चुम्बन करना ; चुम्बनों की बौछार करना ; चूम-चूमकर तंग कर देना ।

зацепи́ть दे० зацепля́ть.

заце́пка (स्त्री०) १. कुंडी ; हुक ; काँटा ; कीला ; २. =зару́чка ; ३. बाधा ; रुकावट ।

зацепля́ть (अपू०), **зацепи́ть** (पू०) (भवि० зацеплю́, заце́пишь) १. काँटा फँसाना ; हुक फँसाना ; २. झगड़ा मोल लेना ; **—ся** (आत्म०) काँटे/हुक का फँस जाना ; (-से) बँध जाना ; (केवल पू०) (सेना०) पाँव जमाना ।

зачаро́вывать (अपू०), **зачарова́ть** (पू०) (भवि०—ру́ю) जादू करना ; मोहित करना ; मुग्ध करना ।

зачаст||и́ть (पू०) (зачащу́, зачасти́шь) (कोई काम) बार-बार करना ; (किसी स्थान) पर) बार-बार आना ; □ дождь —и́л वर्षा का ज़ोर बढ़ता गया ।

зачасту́ю (क्रि० वि०) प्रायः ; बार-बार ।

зача́тие (नपुं०) गर्भधारण

зача́ток (पुं०) १. गर्भ ; २. प्रारम्भ ; अंकुर ।

зача́ть दे० зачина́ть

зача́хнуть दे० ча́хнуть.

заче́м (क्रि० वि०) क्यों ; किसलिए ।

зачёркивать (अपू०), **зачеркну́ть** (पू०) काटा लगाना ; (सूची आदि में से) काट देना ।

зачерне́ть(ся) (आत्म० पू०) काला-काला दिखायी पड़ना ।

заче́рпывать (अपू०), **зачерпну́ть** (पू०) (चम्मच, कलछी आदि से) बाहर निकालना ।

зачерстве́л||ость (स्त्री०) १. बासीपन ; २. कड़ापन ; कठोरता ; **—ый** (वि०) १. बासी ; २. कड़ा ; कठोर ।

зачерстве́||ть (पू०) १. (बासी होकर) सख्त हो जाना ; कड़ा होना ; कठोर होना ; хлеб —л रोटी (बासी होकर) सख्त हो गयी ; се́рдце —ло हृदय कठोर हो गया ।

зачёс (पुं०) बालों की माँग ।

зачеса́ть दे० зачёсывать.

зачеса́||ться (आत्म० पू०) १. (सिर आदि) खुजलाने लगना ; २. खारिश होना ; खुजली होना ; у него́ —лся нос उसकी नाक पर खारिश होने लगी ।

заче́сть (पू०) दे० зачи́тывать-II.

зачёсывать (अपू०), **зачеса́ть** (पू०) (भवि० зачешу́, заче́шешь) (बालों में) कंघी करना ; माँग निकालना ।

зачёт (पुं०) (उच्च विद्यालय में) परीक्षा ; получи́ть з., сдать з. परीक्षा पास करना ; □ в з. пла́ты आंशिक भुगतान ; **—ный** (वि०) зачёт से वि० ; —ная кни́жка परीक्षांक-पंजिका ; —ная се́ссия परीक्षा ।

зачи́н (पुं०) प्रारम्भ ; з. пье́сы नाटक का प्रारम्भ ।

зачина́ть (अपू०), **зача́ть** (पू०) (भवि० зачну́, зачнёшь) १. (स्त्री का) गर्भ धारण करना ; २. प्रारम्भ करना ।

зачи́нивать (अपू०), **зачини́ть** (पू०) मरम्मत करना ।

зачи́нщик (पुं०) उकसानेवाला ; भड़कानेवाला ।

зачисле́ние (नपुं०) भरती ; गिनती में होना ; з. в а́рмию सेना में भरती होना ।

зачисля́ть (अपू०), **зачи́слить** (पू०) १. हिसाब में गिन लेना ; २. सूची में दर्ज करना ; ३. भरती करना ।

зачита́ть दे० зачи́тывать-I.

зачи́тывать -I (अपू०), **зачита́ть** (पू०) १. पढ़ देना ; २. पढ़ने के लिए ली हुई पुस्तक वापस न करना ; **—ся** (आत्म०) पढ़ने में लीन होना ।

зачи́тывать -II (अपू०), **заче́сть** (पू०) (भवि० зачту́, зачтёшь) १. (हिसाब में) गिन लेना ; हिसाब में ले लेना ; उ. 5 рубле́й в упла́ту до́лга पाँच रूबल क़र्ज़ की अदायगी के हिसाब में गिन लेना ; преподава́тель зачёл мою́ рабо́ту अध्यापक ने मेरा (परीक्षा का) पर्चा स्वीकार कर लिया है ।

зачиха́ть (अपू०) छींकने लगना ।

зачумлённый (वि०) प्लेग का रोगी ।

зашага́ть (पू०) चलने लगना ; क़दम उठाना ; (दे० шага́ть).

зашата́ться (आत्म० पू०) लड़खड़ाने लगना ।

зашвы́ривать (अपू०), **зашвырну́ть** (पू०) फेंक देना ; उ. мяч गेंद फेंक देना ।

зашевели́ть (पू०) १. हिलने/डोलने लगना ; २. шевели́ть का पू० ।

зашелесте́ть (पू०) (पत्तों आदि का) खड़खड़ाने लगना ; २. шелесте́ть का पू० ।

зашепеля́вить (पू०) १. तुतलाने लगना ; २. шепеля́вить का पू० ।

зашепта́ть (पू०) १. कानाफूसी करने लगना ; २. шепта́ть का पू० ।

зашиба́ть (अपू०), **зашиби́ть** (पू०) १. चोट मारना/पहुँचाना ; आघात करना ; २. (केवल अपू०) नशा चढ़ना ; его́ заши́бло с одного́ стака́на एक गिलास पीने से ही उस पर नशा चढ़ गया ; ☐ ३. де́ньги बहुत धन कमाना, पैसा बनाना ।

зашива́ть (अपू०), **заши́ть** (पू०) (भवि० зашью́, зашьёшь) सी देना ; (सीकर) मरम्मत करना ।

зашифро́вывать (अपू०), **зашифрова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) बीजांकन ; गुप्त भाषा में लिखना ।

зашнуро́вывать (अपू०), **зашнурова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) रस्सी बाँधना ।

зашпи́ливать (अपू०), **зашпи́лить** (पू०) पिन से जोड़ना ; पिन लगाना ।

заштемпелева́ть दे० штемпелева́ть.

зашто́пать दे० што́пать.

заштрихова́ть दे० штрихова́ть.

заштукату́рить (पू०) (दीवार आदि पर) पलस्तर करना ।

зашуме́ть (पू०) (зашумлю́ зашуми́шь) १. शोर मचाने लगना ; २. шуме́ть का पू० ।

зашурша́ть दे० шурша́ть.

зашушу́каться दे० шушу́каться.

защекота́ть (पू०) (защекочу́, защеко́чешь) १. गुदगुदी करने लगना ; २. щекота́ть का पू० ।

защёлка (स्त्री०) खटका ; चिटखनी ।

защёлкать (पू०) (कोयल का) कूकने लगना ; (जीभ आदि से) 'टच्' की आवाज़ करने लगना ; टिटकारना ; चुटकी बजाना ।

защёлкивать (अपू०), **защёлкнуть** (पू०) किवाड़ों को 'खट' से चिटखनी लगाकर बन्द करना ।

защем||ля́ть (अपू०), **защеми́ть** (पू०) (भवि० защемлю́, защеми́шь) (सँडासी, चिमटे आदि से दबाकर) भींचना ; चिकोटी काटना; (किवाड़ों में उँगली आदि) पिचना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ —и́ло се́рдце उसके दिल में टीस उठी ।

защи́т||а (स्त्री०) रक्षा ; संरक्षण ; प्रतिवादी-पक्ष ; सफ़ाई-पक्ष ; свиде́тели —ы प्रतिवादी-पक्ष के गवाह, सफ़ाई-पक्ष के गवाह ; в —у सफ़ाई-पक्ष में ।

защи́тн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) रक्षक ; बचानेवाला ; प्रतिवादी-पक्ष ; (सफ़ाई-पक्ष का) वकील ; (फ़ुटबाल, हाकी का) फ़ुलबैक ; **—ый** (वि०) रक्षक-; बचाव का ; —ый цвет ख़ाकी रंग ।

защища́ть (अपू०), **защити́ть** (पू०) (भवि० защищу́, защити́шь) १. रक्षा करना ;

बचाव करना ; २. पक्ष में बोलना ; पैरवी करना ; **—ся** (आत्म०) अपना बचाव करना ; अपनी रक्षा करना ।

заявка (स्त्री०) हक़ ; दावा ; माँग ।

заявле́ние (नपुं०) १. घोषणा; वक्तव्य; сде́лать з. घोषणा करना ; वक्तव्य देना ; २. आवेदन-पत्र ; प्रार्थना-पत्र ; अर्जी ; пода́ть з. प्रार्थना-पत्र पेश करना/देना ।

заявля́ть (अपू०), **заяви́ть** (पू०) (भवि० заявлю́, зая́вишь) घोषणा करना ; वक्तव्य देना ; з. жела́ние इच्छा की घोषणा करना ।

зая́длый (वि०) पक्का ; з. игро́к पक्का खिलाड़ी ।

за́я||ц (पुं०) खरगोश ; □ е́хать за́йцем बेटिकट यात्रा करना ; одни́м уда́ром уби́ть двух за́йцев एक पन्थ दो काज ; **—чий** (वि०) खरगोश का ।

зва́ние (नपुं०) नाम ; दर्जा ; पद ; पदवी ; उपाधि ; почётное з. सम्मानार्थ उपाधि ; з. геро́я труда́ श्रमवीर की पदवी ।

зва́ный (वि०) : з. обед दावत ; भोज ; —ые го́сти निमन्त्रित अतिथि ; з. ве́чер सान्ध्य भोज ।

зва́тельный (वि०) з. паде́ж (व्या०) सम्बोधन कारक ।

зва́ть (अपू०), **по—, на—** (पू०) (वर्त० зову́, зовёшь) १. बुलाना ; з. на по́мощь सहायता के लिए बुलाना ; २. मित्रता करना ; ३. (केवल अपू०) как вас зову́т ? आपका नाम क्या है ? ।

звезд||а́ (स्त्री०) तारा ; सितारा ; па́дающая з. उल्का, टूटकर गिरनेवाला तारा ; з. экра́на फ़िल्मी सितारा ; ве́рить в свою́ —у́ अपने भाग्य पर विश्वास करना ; он звёзд с не́ба не хвата́ет वह आकाश के तारे नहीं तोड़ सकता ।

звёздн||ый (वि०) ताराजटित ; तारोंवाला ; —ое не́бо ताराजटित आकाश ।

звездообра́зный (वि०) तारे के सदृश ; तारे के आकार का ।

звездочёт (पुं०) ज्योतिषी ।

звёздочка (स्त्री०) १. звезда́ का अल्प० ; २. तारे का चिह्न (*) ।

звен||е́ть (अपू०), **про—, за—** (पू०) १. (घंटी आदि का) बजना ; झनझन करना ; ко́локольчики звеня́т घंटियाँ बज रही हैं, घूँघरू बज रहे हैं ; २. (गिलास, सिक्कों आदि के टकराने से) झनझन का शब्द होना ; ठनकना ; □ у него́ —и́т в уша́х उसके कान बज रहे हैं, उसके कानों में सायँ-सायँ का शब्द होता है ।

звено́ (नपुं०) १. (ज़ंजीर की) कड़ी ; २. टोली ; मंडली ; त्रिक (तीन हवाई जहाज़ों की टोली) ।

звеньево́й (वि०) १. звено́ से वि० ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) मंडली (टोली) का नेता ।

зверёныш (पुं०) वन्यपशु-शावक ; जंगली पशु का बच्चा ।

звере́ть (अपू०), **о—** (पू०) पशुता दिखाना ; क्रूर बनना ।

звери́н||ец (पू०) वन्य पशु रखने का स्थान ; **—ый** (वि०) पशु का ; —ые следы́ वन्य पशुओं के खुरों के चिह्न ।

зверобо́й (पुं०) १. पीतशोभा (एक प्रकार का पौधा) ; २. = зверолов.

зверолов (पुं०) वन्य पशु पकड़नेवाला ; वन्य पशुओं का व्यापार करनेवाला ।

звероподо́бный (वि०) वन्यपशुवत् ; जंगली जानवर जैसा ।

зве́р||ски (क्रि० वि०) पाशविकता से ; क्रूरता से ; निर्दयता से ; **—ский** (वि०) पाशविक ; क्रूर ; निर्दयी ; **—ство** (नपुं०) पाशविकता ; पशु-वृत्ति ; निर्दयता ; क्रूरता ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) पाशविक व्यवहार करना ; अत्याचार करना ।

зверь (पुं०) १. वन्य पशु ; जंगली जानवर ; २. क्रूर ; अत्याचारी ।

звон (पुं०) (घंटी की) टनटन ; ध्वनि ; शब्द ; □ з. в уша́х कान बजना, कानों में सायँ-सायँ का

शब्द होना ; **—áрь** (पुं०) १. (चर्च में) घड़ियाल बजानेवाला ; २. बकवासी ; वातूनी ।

звон||и́ть (अपू०), **по—** (पू०) घंटा बजाना ; टेलीफ़ोन करना ; з. в кóлокол घंटा बजाना ; он —и́л об э́том उसने इसके बारे में टेलीफ़ोन किया था ।

звóнк||ий (वि०) ठनकता हुआ ; झनकता हुआ ; स्पष्ट ; з. гóлос झनकदार/ठनकदार/स्पष्ट आवाज़ ; ☐ —ая монéта नक़द रुपया, ठनकदार रुपया ।

звонкóвый (वि०) звонóк से वि० ।

звонóк (पुं०) घंटी ; дать з. घंटी देना (बजाना) ; электри́ческий з. बिजली की घंटी ; раздáлся з. घंटी का शब्द सुनायी पड़ा ।

звук (पुं०) शब्द ; ध्वनि ; глáсный з. (व्या०) स्वर ; соглáсный з. व्यंजन ; чи́стый з. स्पष्ट शब्द ; **—овóй** (वि०) शब्द/ध्वनि-सम्बन्धी ; —овóй сигнáл ध्वनि-संकेत ।

звукоглуши́тель (पुं०) नि:शब्दक ; आवाज़-रोक (अंग्रेजी—साइलेंसर) ।

звукоподражáние (नपुं०) शब्दानुकरण ।

звуч||áние (नपुं०) (घंटी) बजने की क्रिया ; टनटन ; झनझन ; **—áть** (अपू०), **прозвучáть** (पू०) (वर्त० звучу́, звучи́шь) (घंटी आदि का) बजना ; गूँजना ; सुनायी पड़ना ; ☐ егó словá —áт и́скренно उसके शब्दों में सचाई की गूँज है ।

зву́чн||о (क्रि० वि०) उच्च स्वर से ; शब्द करते हुए ; **—ость** (स्त्री०) ध्वनि ; **—ый** (वि०) शब्द/ध्वनि करनेवाला ; ठनकता हुआ ; —ый гóлос ठनकदार आवाज़ ।

звя́кать (अपू०), **звя́кнуть** (पू०) ठनकना ; टनटन/झनझन का शब्द करना ; з. ключáми तालियाँ झनझनाना ।

зга (केवल मुहावरे में प्रयुक्त) ; ни зги не ви́дно अँधेरा-घुप है, हाथ को हाथ नहीं सूझता ।

здáние (नपुं०) भवन ।

здесь (क्रि० वि०) यहाँ ; з. и там यहाँ और वहाँ ; кто з. ? यहाँ कौन है ?

здéшний (वि०) यहाँ का ; स्थानीय ; इस स्थान का ; з. жи́тель यहाँ का रहनेवाला, स्थानीय निवासी ; он не з. वह यहाँ का रहनेवाला नहीं, वह अजनबी है ।

здорóваться (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (एक-दूसरे को) अभिवादन करना ।

здоровéть (अपू०), **по—** (पू०) हृष्ट-पुष्ट होना ; स्वस्थ होना ।

здóров||о (क्रि० वि०) १. उत्तम रीति से ; बढ़िया ढंग से ; २. शाबाश ! ; ख़ूब ! ; ३. कुशलता से ।

здорóв||ый (वि०) १. स्वस्थ ; तन्दुरुस्त ; हृष्ट-पुष्ट ; बलवान ; २. स्वास्थ्यप्रद ; स्वास्थ्यदायक ; —ая пи́ща स्वास्थ्यप्रद भोजन ; з. кли́мат स्वास्थ्यप्रद जलवायु ; ☐ бу́дьте —ы राज़ी रहो ! , कल्याण हो ! ; **—ье** (नपुं०) स्वास्थ्य ; तन्दुरुस्ती ; как вáше —ье ? आपका स्वास्थ्य कैसा है ?, आपका क्या हाल है ?

здоровя́к (पुं०) हृष्ट-पुष्ट मनुष्य ; तगड़ा आदमी ।

здрáвиц||а (स्त्री०) टोस्ट ; провозглашáть —у किसीके स्वास्थ्य के लिए टोस्ट का प्रस्ताव करना, किसीके लिए जामेसेहत पीने का प्रस्ताव करना ।

здрáвница (स्त्री०) स्वास्थ्यप्रद स्थान ।

здрáво (क्रि० वि०) समझदारी से ; उचित ढंग से ; सविवेक ; **—мы́слящий** (वि०) धीर ; संयत ; विवेकशील ।

здравоохранéни||е (नपुं०) जनता के स्वास्थ्य की देखभाल ; мини́стр —я स्वास्थ्य-मन्त्री ।

здрáвст||вовать (अपू०), (वर्त०—ствую) स्वस्थ होना ; चंगा होना ; राज़ी होना ; ☐ да —вует ! -की जय हो ! ; —вуй(те) स्वस्थ हो !, (अभिवादन में) नमस्कार !

здрáвый (वि०) विवेकपूर्ण ; युक्तिसंगत ; здрав и невреди́м सही-सलामत ; з. смысл व्याव-हारिक ज्ञान ।

зéбра (स्त्री०) ज़ेबरा ।

зéбу (पुं०) (भारत और अफ़्रीका देश का) साँड़ ।

зев (पुं०) १. ग्रसनी (उदर में भोजन, जल इत्यादि जाने की नलिका) ; २. (पशु का) खुला हुआ जबड़ा ।

зев||áка (उभ०) निरुद्यमी ; बेकार ; वृथा समय नष्ट करनेवाला ; **—áть** (अपू०), **зевнýть, прозевáть** (पू०) १. (зевнýть पू० के साथ) जँभाई लेना ; २. (прозевáть पू० के साथ) चूकना; छोड़ देना ; ३. (केवल अपू०) ताकना ; आँखें फाड़कर देखना ; не прозевáй ! उठ, जल्दी कर! सुस्ती मत कर !

зев||óк जँभाई ; उबासी ; **—óта** (स्त्री०) जँभाई/उबासी लेने का कार्य ।

зеленéть (अपू०), **по—** (पू०) १. हरा हो जाना ; २. हरा दिखायी पड़ना ; **—ся** (आत्म०) = зеленéть-2.

зеленн||óй (वि०) —áя лáвка सब्जी की दुकान ।

зеленовáтый (वि०) हरा-सा ।

зеленщи́к (पुं०) कुँजड़ा ; सब्जीफ़रोश ।

зелёный (वि०) हरा ; з. горóшек हरी मटर ; □ зéлен виногрáд ! अंगूर खट्टे हैं !

зéлень (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. हरियाली ; २. (समू०) तरकारियाँ ; सब्जियाँ ; ३. (विशेष प्रकार का) हरा रोग़न ।

зéлье (नपुं०) १. (जड़ी-बूटियों से तैयार किया गया) एक विषैला पेय ; २. वोदका (शराब) ; □ любóвное з. (लोक-साहित्य में प्रयुक्त) वशीकरण-ओषधि ।

земéльн||ый (वि०) भूमि-सम्बन्धी ; з. учáсток भूखंड ; —ая рéнта लगान ।

землевéдение (नपुं०) भूगोल ।

землевладé||лец (पुं०) ज़मींदार ; भूस्वामी ; भूमिपति ; **—ние** (नपुं०) भूमि-स्वामित्व ।

земледе́лец (पुं०) किसान ; कृषक ।

земледе́лие (नपुं०) कृषि ; खेती ।

земледе́льческий (वि०) कृषि-सम्बन्धी ।

земле||кóп (पुं०) कुदाली-मज़दूर ; भूमि खोदनेवाला या नहर खोदनेवाला मज़दूर ; **—пáшество** (नपुं०) (भूमि की) जुताई ; काश्त ; **—пáшец** (पुं०) (भूमि की) जुताई करनेवाला ; काश्तकार ; **—пóльзование** (नपुं०) पट्टा ; जुताई-अधिकार ; काश्त ; भूमिभोग-विधि ; **—трясéние** (नपुं०) भूचाल ।

земли́стый (वि०) मिट्टी का ।

земл||я́ (स्त्री०) १. मिट्टी ; засыпать —ёй (मिट्टी में) दबा देना ; сравня́ть с —ёй मिट्टी में मिला देना ; २. भूमि ; पृथ्वी ; धरती ; на рýсской —é रूसी भूमि पर, रूसी धरती पर ।

земля́к (पुं०) सहदेशी ; हमवतन ।

земляни́ка (स्त्री०) एक प्रकार की झरबेरी (अंग्रेज़ी—स्ट्राबेरी) ।

земля́нка (भूमि खोदकर बनाया हुआ) कच्चा मकान ; झोंपड़ी ।

землян||óй (वि०) मिट्टी का ; з. цвет मिट्टी का रंग ; —ые рабóты खुदाई का काम ।

земля́чка (स्त्री०) земля́к का स्त्री०-रूप ।

земновóдные (बहु०) (वि० रू०) उभयचर ; जलथलचर प्राणी ।

земнóй (वि०) पार्थिव ; पृथ्वी-सम्बन्धी ; ऐहिक ; सांसारिक ; लौकिक ; з. шар भूमंडल ।

зéм||ский (वि०) зéмство से वि० ; **—ство** (नपुं०) ज़ेम्स्त्वो (क्रान्ति-पूर्व रूस में ज़िला-कमेटी) ।

зени́т (पुं०) उच्चतम बिन्दु ; □ в —е слáвы ख्याति के उच्चतम शिखर पर ।

зéркало (नपुं०) दर्पण ; आइना ; शीशा ।

зеркáльный (वि०) दर्पण का ; शीशे का ; शीशे की तरह साफ़ ; з. завóд शीशे का कारख़ाना ।

зéркальце (नपुं०) зéркало का अल्प० ; छोटा आइना ।

зерни́стый (वि०) दानेदार ।

зернó (नपुं०) १. बीज ; दाना ; २. अनाज ; □ жемчýжное з. मोती ।

зерно||ви́дный (वि०) दाने के आकार का ; **—вóй** (वि०) зернó से वि० ; —вые злáки अन्न, अनाज ; **—дроби́льный** (वि०) —дроби́льная маши́на चक्की, आटा पीसने की मशीन ; **—храни́лище** (नपुं०) धान्यागार ; खत्ती ।

зерноя́дный (वि०) अन्नाहारी ; अन्नभक्षी ; अनाज खानेवाला ।

зёрнышко (नपुं०) зерно́ का अल्प० ।
зефи́р (पुं०) मन्द समीर ।
зигза́г (पुं०) तिरछी या टेढ़ी-मेढ़ी लकीर ।
зима́ (स्त्री०) हिम ; जाड़ा ; शरद् ऋतु ; з. насту-па́ет शरद् ऋतु आ रही है ; ☐ ско́лько лет, ско́лько зим ! बड़ी मुद्दत के बाद मिले हैं !
зи́мний (वि०) शरद् ऋतु का ।
зимова́ть (अपू०), **про—** (पू०) (—му́ю) शरद् ऋतु बिताना ; जाड़ा बिताना ।
зимо́й (क्रि० वि०) शरद् ऋतु में ।
зиморо́док (पुं०) एक बड़े सिरवाला जलपक्षी जो मछलियाँ खाकर जीता है ।
зипу́н (पुं०) (किसान का) मोटे कपड़े का कोट ।
зия́||ние (नपुं०) **I.** (शब्दशास्त्र-सम्बन्धी) कर्ण-कटु संहिता (एक शब्द के अन्त के और दूसरे शब्द के आदि के स्वर का कर्णकटु मेल, जैसे она́ опя́ть ; весно́ю уе́хали) ; **II.** जँभाई ; उबासी ; **—ть** (अपू०) जँभाई लेना ।
зла́ки (बहु०) अन्न ; अनाज ; хле́бные з. गल्ला ।
зла́то (नपुं०) зо́лото का काव्य-रूप ; स्वर्ण ।
златокры́лый (वि०) स्वर्णपक्षी ; सुनहरी पंखोंवाला ; **—ку́дрый** (वि०) (काव्य०) सुनहरे बालोंवाला ।
златоцве́т (पुं०) शृंगारबीज (एक प्रकार की कुमुदिनी/कमलिनी) ।
злить (अपू०), **обозли́ть** (पू०) गुस्सा दिलाना ; तंग करना ; छेड़ना ; з. соба́ку कुत्ते को छेड़ना ; **—ся** (आत्म०) गुस्सा होना ; चिढ़ना ।
зло (नपुं०) १. पाप ; दुष्टता ; हानि ; कष्ट ; आपत्ति; его́ з. берёт वह चिढ़ गया है ; жела́ть кому́-л. зла किसीका बुरा चाहना ; причиня́ть кому́-л. з. किसीको हानि पहुँचाना ; ☐ ко́рень зла पाप की जड़ ; из двух зол выбира́ть ме́ньшее बड़ी बुराई के मुक़ाबले छोटी को चुनना ; २. (क्रि० वि०) दुष्टतापूर्वक ; ईर्ष्यापूर्वक ।

зло́ба (स्त्री०) क्रोध ; गुस्सा ; नाराजगी ; ☐ з. дня ज्वलन्त प्रश्न ।
зло́бный (वि०) पापात्मा ; पापी ; नाराज ; द्वेषी ।
злобо́дневн||ость (स्त्री०) ज्वलन्तता ; **—ый** (वि०) ज्वलन्त ; जिसकी चर्चा सबकी ज़बान पर हो ; —ый вопро́с ज्वलन्त प्रश्न, प्रमुख प्रश्न ।
зло́бствовать (अपू०) (—ствую) (на) (किसीसे) नाराज होना ; गुस्सा करना ।
злове́щий (वि०) अशुभ ; अमंगलसूचक ; पाप-सूचक ।
злово́н||ие (नपुं०) दुर्गन्ध ; सड़ाँध ; **—ный** (वि०) दुर्गन्धयुक्त ।
зловре́дный (वि०) हानिकारक ; अहितकर ।
злоде́й (पुं०), **—ка** (स्त्री०) दुष्ट / दुष्टा ; चांडाल/चांडालिनी ; बदमाश ; **—ство**" (नपुं०) दुष्टता ; बदमाशी ।
злодея́ние (नपुं०) पाप ; कुकर्म ।
зложела́тельный (वि०) अशुभचिन्तक ; कुबुद्धि ; बुरा चाहनेवाला ।
злой (वि०) पापी ; दुष्ट ; बुरा ।
злока́чественн||ый (वि०) सांघातिक ; बहुत खतरनाक ; —ая о́пухоль सांघातिक (बहुत खतरनाक) फोड़ा ।
злоключе́ние (नपुं०) दुर्घटना ; दुर्भाग्य ; असफलता ।
злоко́зненный (वि०) कपटी ; छलिया ; धूर्त ।
злонаме́ренный (वि०) दुराशय ; बुरे इरादे का ।
злопа́мятный (वि०) द्वेषी ; वैरी ।
злополу́чный (वि०) अभागा ।
злора́д||ный (वि०) किसीको आपत्ति में देखकर प्रसन्न होनेवाला ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) किसीको आपत्ति में देखकर प्रसन्न होना ।
злосло́вие (नपुं०) चुग़ली ; अपमानजनक बात ; दुर्वचन ।
зло́стный (वि०) बुरे स्वभाव का ; बुरी प्रकृति-वाला ।

злость (स्त्री०) बुरा स्वभाव ; दुष्टता ; घोर क्रोध ; तैश ।

злосча́стный (वि०) अभागा ।

злоумы́шленн||ик (पुं०) अशुभचिन्तक (व्यक्ति) ; **—ый** (वि०) अशुभचिन्तित (कार्य आदि) ।

злоупотреб||ле́ние (नपुं०) दुरुपयोग ; **—ля́ть** (अपू०), **злоупотреби́ть** (पू०) (भवि० злоупотреблю́, злоупотреби́шь) दुरुपयोग करना ; —ля́ть вла́стью सत्ता का दुरुपयोग करना ।

злоязы́чие (नपुं०) चुग़ली ; दुर्वचन ।

злю́||ка, —чка (उभ०) हमेशा कुढ़नेवाला/वाली ; **—щий** (वि०) उग्र ; कोपाकुल ।

змееви́дный (वि०) सर्पवत् ; सर्पाकार ; सर्पिल ।

змееви́к (पुं०) १. गेंडुरी ; कुंडली ; २. सर्पिज (एक खनिज) (अंग्रेज़ी—सरपेंटाइन) ।

змеёныш (पुं०) १. सँपोला ; छोटा साँप ; साँप का बच्चा ; २. चुग़लखोर ; कपटी ।

змеи́н||ый (वि०) सर्प-सम्बन्धी ; सर्प का ; —ое жа́ло सर्प का दंश ।

змеи́ться (आत्म० अपू०) १. (सर्पवत्) गेंडुरी बनाना ; सरकना ; रेंगना ; २. (मुस्कराहट का) मन्द-मन्द प्रकट होना ।

зме||й (पुं०) १. शेषनाग (पौराणिक सर्प) ; अजगर ; २. पतंग ; запуска́ть —я पतंग उड़ाना ।

зме́йка (स्त्री०) змея́ का अल्प० ।

змея́ (स्त्री०) सर्प ; साँप ; अजगर ; नाग ; ☐ отогре́ть змею́ на свое́й груди́ आस्तीन में साँप पालना ।

знава́||ть (अपू०) जानना ; परिचित होना ; она́ —ла его́ ребёнком वह उसको बचपन से जानती थी ।

знак (पुं०) १. चिह्न ; निशानी ; प्रतीक ; з. ра́венства (गणित) समता का चिह्न (=) ; з. дру́жбы मित्रता का प्रतीक ; восклица́тельный з. विस्मयादिबोधक चिह्न (!) ; вопроси́тельный з. प्रश्न-चिह्न (?) ; २. शकुन ; ३. संकेत ; дать з. संकेत देना ; ☐ водяно́й з. (काग़ज़ में का) जल-चिह्न ; де́нежный з. बैंक का नोट ; опознава́тельный з. सीमा-चिह्न ; фабри́чный з. व्यापार-चिह्न (ट्रेड-मार्क) ; "Знак Почёта" सम्मान-चिह्न, बिल्ला, बैज ।

знако́м||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) परिचित व्यक्ति ।

знако́мить (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० знако́млю, знако́мишь) परिचय कराना ; **—ся** (आत्म०) १. परिचय प्राप्त करना ; २. मिलने जाना ; देखने जाना ; знако́миться с музе́ями го́рода नगर के अजायबघर देखने जाना ।

знако́мство (नपुं०) १. परिचय ; ज्ञान ; заводи́ть з. с кем-л. किसीसे परिचय प्राप्त करना ; २. परिचित व्यक्ति ।

знако́м||ый (वि०) १. परिचित ; его́ лицо́ мне —о मैं उसकी सूरत से परिचित हूँ ; २. मित्र ।

знамена́тель (पुं०) (गणित) हर ; о́бщий з. सर्व/सामान्य हर ; **—ный** (वि०) सार्थक ; अर्थपूर्ण ।

зна́мение (नपुं०) चिह्न ।

знамени́т||ость (स्त्री०) प्रसिद्धि ; यश ; **—ый** (वि०) सुप्रसिद्ध ; प्रख्यात ; यशस्वी ।

знаменова́ть (अपू०) (—ну́ю) व्यक्त करना ।

знамено́сец (पुं०) ध्वजधारी ; पताकावाहक ; झंडाबरदार ।

зна́м||я (स्त्री०) पताका ; झंडा ; ध्वजा ; под —енем झंडे के नीचे ।

зна́ни||е (नपुं०) ज्ञान ; приобрести́ —я ज्ञानोपार्जन करना ।

зна́тный (वि०) १. कुलीन ; अभिजात ; २. सुप्रसिद्ध ; विख्यात ।

знато́к (पुं०) विशेषज्ञ ; दक्ष ; विशारद ; быть —о́м своего́ де́ла अपने काम में दक्ष होना ।

знать -I (अपू०), जानना ; (-का) ज्ञान होना ; (-से) परिचित होना ; ☐ дать з. кому́-л. किसीको बताना ; знать себе́ це́ну अपना मूल्य जानना ; наско́лько я зна́ю जहाँ तक मुझे पता

है ; **II.** (स्त्री०) (एकवचन) (समू०) आभिजात्य ; अभिजात-वर्ग ; **III.** (विधेय) स्पष्ट रूप से ; यह स्पष्ट है ।

зна́ться (आत्म० अपू०) सम्बन्ध रखना ; он с тобо́й и з. не хо́чет वह तुमसे कोई सम्बन्ध नहीं रखना चाहता ।

зна́харка (स्त्री०) зна́харь का स्त्री०-रूप ।

зна́харь (पुं०) जादू से इलाज करनेवाला ; अनाड़ी वैद्य ; नीम हकीम ।

значе́ни||е (नपुं०) १. अर्थ ; буква́льное з. शब्दार्थ ; २. महत्ता ; име́ть большо́е з. बहुत महत्व रखना ; ме́стного —я स्थानीय महत्ता का ; придава́ть з. чему́-л. किसी बात को महत्व देना ; ३. (गणित) मूल्य ; मान ।

зна́чимость (स्त्री०) १. अर्थ ; २. महत्ता ।

значи́тельн||о (क्रि० वि०) १. अर्थपूर्वक ; सार्थकता से ; २. अनल्प ; अतीव ; बहुत ; **—ый** (वि०) १. अर्थपूर्ण ; सार्थक ; २. महत्त्वपूर्ण ; ३. अनल्प ; अतीव ; बहुत ।

зна́ч||ить (अपू०) १. अर्थ होना ; मतलब होना ; что э́то —ит ? इसका क्या अर्थ है ? ; —ит ли э́то что... क्या इसका यह अर्थ है कि... ; २. मान्यता होना ; क़द्र होना ; он здесь ма́ло —ит उसकी यहाँ कम मान्यता है, उसकी यहाँ कोई क़द्र नहीं ।

значо́к (पुं०) १. चिह्न ; २. बिल्ला ; बैज ।

зна́ющий (कृदन्त और वि०) ज्ञानवान ; विद्वान् ; अधीत ।

зноб||и́ть (अपू०) (अन्य पुरुष का रूप- зноби́т) ठंड लग जाना ; его́ —и́т (ठंड लग जाने की वजह से) उसको बुख़ार-सा हो रहा है ।

зной (वि०) (सूर्य की) गर्मी; ताप; **—ный** (वि०) गर्म ; गर्मी का ; —ный день गर्म दिन, गर्मी का दिन ।

зоб (पुं०) १. (पक्षियों, कीड़ों के गले का) पोटा ; २. (चिकि०) गलगंड ।

зов (पुं०) आमन्त्रण ; बुलावा ; прийти́ по пе́рвому —у पहले ही बुलावे पर आना ।

зодиа́к (पुं०) (ज्योतिष) राशिचक्र ; राशिमाला ; зна́ки —а राशियाँ ।

зо́дч||еский (वि०) वास्तुविद्या-सम्बन्धी ; स्थापत्य- ; गृहनिर्माण-सम्बन्धी विद्या का ; **—ество** (नपुं०) वास्तु-विद्या ; स्थापत्य ; **—ий** (वि०) वास्तु-शास्त्री का ; स्थपति का ।

зола́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) राख ; भस्म ।

золо́вка (स्त्री०) ननद ।

золоти́стый (वि०) सुनहरी ; सोने का ।

золоти́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० золочу́, золоти́шь) सोने का पानी करना ; सोने का मुलम्मा चढ़ाना ।

золотни́к (पुं०) १. ज़ोलोतनिक (प्राचीन रूसी पाउंड का १/९६ भाग) ; □ мал з., да до́рог छोटा पर बहुत क़ीमती ; २. डी-वाल्व ; ३. पिस्टन-वाल्व ।

зо́лото (नपुं०) सोना ; सुवर्ण ; □ не всё то з., что блести́т हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और ।

золотоволо́сый (वि०) सुनहरे बालोंवाला ।

золот||о́й -I (वि०) सोने का ; स्वर्ण- ; सुनहरी ; —ы́е при́иски सोने की खानें ; —а́я валю́та स्वर्ण-मुद्रा (सिक्का) ; —ы́х дел ма́стер सुनार ; □ з. век स्वर्ण-युग ; —ы́е ру́ки कुशल उँगलियाँ, सोने के हाथ ; мой з. ! प्रियतम ! ; —о́е дно सोने की खान ; **II.** (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) सोने का सिक्का ; इंगलैंड में) सॉवरेन ।

золотоно́сный (वि०) स्वर्ण (कण)-ग्राही ; з. райо́н स्वर्ण-क्षेत्र ।

золотопромы́шленн||ик (पुं०) स्वर्ण-उद्योगपति ; सोने की खानों का स्वामी ; **—ость** (स्त्री०) स्वर्ण-उद्योग ।

золоту́||ха (स्त्री०) (चिकि०) गंडमाला ; **—шный** (वि०) गंडमाला-ग्रस्त ।

золоч||е́ние (नपुं०) सोने का मुलम्मा करने की क्रिया ; **—ёный** (वि०) सोने के मुलम्मेवाला ।

зо́лушка (स्त्री०) उपेक्षित अथवा पीड़ित कन्या ; (सिंड्रेला) ।

зóна (स्त्री०) क्षेत्र ; प्रदेश ; нейтрáльная з. तटस्थ प्रदेश ।

зонд (पुं०) सागर आदि की गहराई नापने का यन्त्र ।

зонт, —ик (पुं०) छतरी ।

зоóл||ог (पुं०) प्राणिविज्ञान-वेत्ता ; प्राणि-वैज्ञानिक ; **—огúческий** (वि०) प्राणिविज्ञान-सम्बन्धी ; प्राणि-वैज्ञानिक ; **—óгия** (स्त्री०) प्राणिविज्ञान ।

зоопáрк (पुं०) चिड़ियाघर ।

зоохúмия (स्त्री०) प्राणिरसायन-विज्ञान ।

зóрк||ий (वि०) १. पैनी दृष्टिवाला ; २. सावधान ; जागरूक ; सतर्क ; **—ость** (स्त्री०) सावधानी ; जागरूकता ; सतर्कता ।

зрачóк (पुं०) (आँख की) पुतली ।

зрéлище (नपुं०) दृश्य ; तमाशा ; (नाटक का) अभिनय ।

зрéл||ость (स्त्री०) परिपक्व अवस्था ; प्रौढ़ता ; половáя з. वयस्कता, यौवन ; аттестáт —ости दसवीं कक्षा पास होने का प्रमाण-पत्र (मैट्रिकुलेशन सार्टिफ़िकेट) ; **—ый** (वि०) प्रौढ़ ; परिपक्व ।

зрéни||е (नपुं०) दृष्टि ; नज़र ; тóчка —я दृष्टिकोण ।

зреть (अपू०), **со—** (पू०) परिपक्व होना; पकना ।

зрúтель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) दर्शक/दर्शिका ; तमाशबीन ।

зрúтельн||ый (वि०) चाक्षुष ; दृष्टि-सम्बन्धी ; —ая трýба दूरबीन ; २. з. зал प्रेक्षागृह, हॉल, आडीटोरियम ।

зря (क्रि० वि०) व्यर्थ ; फ़िज़ूल ; बेकार ; □ он болтáет з. वह बेकार की बकबक कर रहा है ; он пришёл сюдá з. वह यहाँ बेकार आया है ।

зря́чий (पुं०) (वि० रू०) सदृष्टि (दृष्टिवाला) ; (अन्धे का विपर्यय) ; слепóй пóсле оперáции снóва стал зря́чим ऑपरेशन के बाद अन्धे को आँखों से दिखायी देने लग गया ।

зуб (पुं०) दाँत ; молóчный з. दूध का दाँत ; глазнóй з. सुआ-दाढ़ ; креннóй з. चव, चबाने के दाँत ; з. мýдрости प्रज्ञादन्त, अक़्ल-दाढ़ ; вставнЫе —ы नक़ली दाँत ; скрежетáть —áми दाँत पीसना या किटकिटाना ; вЫрвать з. दाँत निकालना ; □ хоть вúдит óко, да з. неймёт अभी दिल्ली दूर है ।

зубн||óй (वि०) १. दाँत का ; —áя бóль दाँत का दर्द ; з. врач दाँतों का डाक्टर ; з. протéз नक़ली दाँत ; —áя щётка दाँतों का बुरुश ; з. порошóк दाँतों का मंजन ; २. (व्या०) दन्त्य ।

зубóк (पुं०) знать что-л. на з. किसी बात का पूर्ण ज्ञान होना ।

зубр||ёжка (स्त्री०) १. रट्टा ; **—úлка** (उभ०) रट्टा लगानेवाला/वाली ; **—úть** (अपू०) १. रट्टा लगाना ; २. (कुल्हाड़े आदि की) धार तोड़ना ; कुंठित करना ।

зубчáтый (वि०) दाँतेदार ।

зуд (पुं०) खुजली ; ख़ारिश ।

зуд||éть (अपू०) (अन्य पुरुष का रूप- зудúт) खुजलाना ; ख़ारिश होना ; рýки у меня́ —я́т मेरे हाथों पर खुजली हो रही है/ ख़ारिश हो रही है ।

зудúть (अपू०) (зужý, зýдишь) = зубрúть-I.

зуёк (पुं०) लम्बे पंखोंवाला एक पक्षी ।

зЫбиться (आत्म० अपू०) (зЫблюсь, зЫбишься) झूलना ; डोलना ।

зЫбкий, зыбýчий (वि०) अस्थिर ; हिचकोले खानेवाला ; डोलनेवाला ।

зЫчный (वि०) (स्वर) ऊँचा ; तीखा ।

зюйд (पुं०) (नौचालन०) दक्षिण ; зюйд-вéст दक्षिण-पश्चिम ; зюйд-óст दक्षिण-पूर्व ।

зя́бкий (वि०) (जिसको बहुत ही जल्दी) ठंड लग जाये ; जो ज़रा भी ठंड बर्दाश्त न कर सके ।

зя́блев||ый (वि०) —ая вспáшка शरद् ऋतु की जुताई ।

зя́блик (पुं०) एक प्रकार की छोटी चिड़िया ।

зя́бнуть (अपू०) (ठंड से) अकड़ जाना ; सुन्न हो जाना ।

зябь (स्त्री०) पतझड़ में गर्मी की फ़सल के लिए बोया गया खेत ।

зять (पुं०) १. जामाता ; दामाद ; २. बहनोई ; ३. ननदोई (ननद का पति) ।

И

и (अ०) १. और ; और फिर ; और बस ; стол и стул मेज़ और कुर्सी ; ...и он уéхал और फिर वह चला गया ; он собирáлся уéхать и уéхал उसने जाने की सोची और बस वह चला गया ; २. यही तो ; вот об э́том то он и дýмает बस यही तो (इसीके बारे में ही तो) वह सोच रहा है ; ३. भी ; и в э́том слýчае इस अवस्था में भी, इस स्थिति में भी ; и не там और वहाँ भी नहीं ; ☐ и так дáлее, и прóчее इत्यादि ; и вот और अब ; и др. और दूसरे ।

и́бис (पुं०) कोटाचंचु ; सारस की तरह का एक पक्षी ।

и́бо (अ०) क्योंकि ।

и́ва (स्त्री०) सरपत ; सरई ।

иглá (स्त्री०) सुई ; (पशुओं के शरीर के) सख्त बाल ; (पौधों का) काँटा ; вязáльная и. बुनाई करने की सलाई ; штóпальная и. रफ़ू करने की सुई ।

иглообрáзный (वि०) सुई के आकार का ।

игнори́ровать (अपू० और पू०) (—рую) उपेक्षा करना ।

и́го (नपुं०) (केवल एकवचन) शासन ; दासता ; татáрское и. तातारी शासन ।

игóлка, игóлочка (स्त्री०) иглá का अल्प०; костю́м с игóлочки बिल्कुल नया सूट ।

игóльн||ик (पुं०) सुई रखने की डिबिया ; **—ый** (वि०) सुई का ; —ое ýшкó सुई का नक्का (छेद) ।

игóрный (वि०) जुआ खेलने का ; и. дом जुआ-घर, द्यूतगृह ।

игр||á (स्त्री०) खेल ; क्रीड़ा ; अभिनय ; ताश ; кóмнатные и́гры अन्तःशाला (कमरे में खेले जानेवाले) खेल ; ☐ и. не стóит свеч यह बेकार है ; и. прирóды प्रकृति का खेल ; и. слов शब्द-क्रीड़ा ; биржевáя и. हुंडियों का सट्टा ; **—áльный** (वि०) खेलने का ; —áльные кóсти (चौपड़ आदि खेलने के) पासे ।

игрáть (अपू०), **сыгрáть** (पू०) १. खेलना ; क्रीड़ा करना ; अभिनय करना ; वाद्ययन्त्र बजाना ; игрáть в что́-л. (कोई खेल) खेलना ; игрáть Гáмлета हैमलेट का अभिनय करना ; и. на роя́ле पियानो बजाना ; и. в шáхматы शतरंज खेलना ; и. на дéньги (धन लगाकर) जुआ खेलना ; २. (केवल अपू०) चमकना ; ३. (केवल अपू०) खिलवाड़ करना ; छिछोरेपन का बर्ताव करना ; ☐ и. комý-л. в рýку किसीके इशारे पर नाचना, किसीके हाथ की कठपुतली होना ; э́то не игрáет рóли इसका कोई महत्व (अर्थ) नहीं ।

игри́вый (वि०) चंचल ; चपल ; खिलाड़ी ।

игри́ст||ый (वि०): —ое винó प्रबुदबुद मदिरा, फेनिल मदिरा, झाग देनेवाली शराब ।

игрóк (पुं०) १. खिलाड़ी ; २. जुआरी ।

игрýшечный (वि०) खिलौने का ; и. магази́н खिलौनों की दुकान ।

игрýшк||а (स्त्री०) खिलौना ; ☐ э́то для негó —и यह तो उसके लिए बच्चों का खेल है/यह उसके बायें हाथ का काम है ।

игýмен (पुं०), **—ья** (स्त्री०) किसी मठ या गिरजे का बड़ा पादरी ।

идеáл (पुं०) आदर्श ; **—изи́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) आदर्श बनाना ; **—и́зм** (पुं०) आदर्शवाद ; **—и́ст** (पुं०) आदर्शवादी ; **—исти́ческий** (वि०) आदर्शवादीय ; आदर्शवाद-सम्बन्धी ।

идеáльн||ость (स्त्री०) आदर्शवादिता ; **—ый** (वि०) आदर्श ।

идéйный (वि०) १. идéя से वि० ; २. (साहित्य, कला के विषय में) उत्कृष्ट ; उदात्त ; उच्च कोटि का ; ३. ऊँचे सिद्धान्तोंवाला ।

идент||ификáция (स्त्री०) एकात्मीकरण ; एक जैसा करने की क्रिया ; **—ифици́ровать**

(अपू० और पू०) (—рую) एकात्म करना ; एक जैसा करना ; **—и́чный** (वि०) एकात्मक ; एकसम ; जसा ।

идео́л||ог (पुं०) सिद्धान्तवादी ; आदर्शवादी ; **—о́гия** (स्त्री०) १. विचारधारा ; २. आदर्श ।

иде́я (स्त्री०) विचार ; धारणा ; अवधारणा ; гениа́льная и. अतिसुन्दर विचार, भव्य विचार ।

идилли́ческий (वि०) प्राकृतिक जीवन-सम्बन्धी लघुकाव्य का ।

иди́ллия (स्त्री०) प्राकृतिक जीवन-सम्बन्धी लघुकाव्य ।

иди́ом, —ати́зм (पुं०) मुहावरा ; **—ати́ческий** (वि०) मुहावरेदार ।

идиосинкрази́я (स्त्री०) (चिकि०) विलक्षणता ; झक्कीपन ।

идио́т (पुं०) मूर्ख ; बेवकूफ़ ; बुद्धिहीन मनुष्य ।

и́дол (पुं०) मूर्ति ; प्रतिमा ; आराध्य वस्तु ।

идолопокло́н||ник (पुं०) मूर्तिपूजक ; **—ничество, —ство** (नपुं०) मूर्तिपूजा ।

идти́ = итти́.

ие́на (स्त्री०) (जापान का सिक्का) येन ।

иера́рхия (स्त्री०) सोपानतन्त्र ; उच्चोच्च परम्परा ।

иеро́глиф (पुं०) चित्रलिपि ।

иждиве́н||ец (पुं०) अधीन ; निर्भर ; **—ие** (नपुं०) निर्वाह ; पोषण ; निर्वाह-खर्च ; быть на —ии у кого́-л. किसीके खर्च पर रहना, किसी पर निर्भर होना ।

из, изо (अ०) १. (किसी स्थान) से ; में से ; приезжа́ть из Москвы́ मास्को से आना ; пить из стака́на गिलास से पीना ; вынима́ть из карма́на जेब से निकालना ; २. से ; лу́чший из всех सबसे अच्छा ; оди́н из 100 सौ में से एक ; ३. का (से) बना हुआ ; (сде́ланный) из ста́ли इस्पात का ; □ из стра́ха भय से, भय के कारण ; из не́нависти घृणा से, घृणा के कारण ; выходи́ть из себя́ आपे से बाहर होना ; изо все́х сил पूरी शक्ति से ।

из-, (изо-, ис-) (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. 'में से' का अर्थ, जैसे изгоня́ть (-में से भगा देना) ; २. क्रियाओं के अपूर्ण रूप का पूर्ण रूप बनाने के लिए, जैसे печь (पकाना) से испе́чь ; жари́ть (भूनना या तलना) से изжари́ть.

изба́ (स्त्री०) कुटीर ; झोंपड़ी ; किसान का घर ।

избави́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) उद्धारक ; मुक्तिदाता/दात्री ।

изба́вить(ся) दे० избавля́ть(ся).

избавле́ние (नपुं०) मुक्ति ; छुटकारा ।

избавля́ть (अपू०), **изба́вить** (पू०) (भवि० изба́влю, изба́вишь) बचाना ; मुक्ति दिलाना ; छुटकारा दिलाना ; и. от сме́рти मृत्यु से बचाना ; вы его́ изба́вили от хлопо́т आपने उसको कष्ट से बचा लिया ; □ изба́ви бог ! ईश्वर बचाये ! ; **—ся** (आत्म०) बचना ; पीछा छुड़ाना ; изба́виться от дурно́й привы́чки बुरी आदतों से बचना ।

избало́вывать (अपू०), **избалова́ть** (पू०) (भवि० —лу́ю) (लाड़, प्यार करके) सिर चढ़ाना ; खराब कर देना ।

изба́ч (पुं०) गाँव का पुस्तकालयाध्यक्ष ।

избега́ть (अपू०), **избежа́ть** (भवि० избегу́, избежи́шь), **избе́гнуть** (पू०) (से) कतराना ; बचना ; आँख बचाना ; दूर रहना ।

избе́гаться (आत्म० अपू०) बहुत भागकर थक जाना ।

избе́гнуть दे० избега́ть.

избежа́ние (नपुं०) टालमटोल ; во и. (чего́-л.) किसी (काम) से बचने के लिए/टालने के लिए ।

избива́ть (अपू०), **изби́ть** (पू०) (भवि० изобью́, изобьёшь) १. निर्दयतापूर्वक मारना ; बहुत पीटना ; и. ребёнка बच्चे को बहुत पीटना ; २. नष्ट करना ।

избие́ние (नपुं०) १. हत्याकांड ; २. (क़ानून-सम्बन्धी) फ़ौजदारी ; привле́чь к суду́ за и. फ़ौजदारी के लिए मुक़दमा चलाना ।

избира́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) निर्वाचक/निर्वाचिका; निर्वाचक-मंडल ; निर्वाचन-क्षेत्र ;

—ный (वि०) निर्वाचन-सम्बन्धी ; निर्वाचन- ; —ный спи́сок निर्वाचन-सूची ; —ная систе́ма निर्वाचन-पद्धति ; —ный бюллете́нь मत-पत्र, वोट ; —ное пра́во मताधिकार ; —ная у́рна मतपत्र-पेटिका, वोट डालने की पेटी ।

избира́ть (अपू०), **избра́ть** (पू०) (भवि० изберу́, изберёшь) (प्रतिनिधि का) निर्वाचन करना ; चुनाव करना ।

изби́ть दे० избива́ть.

избра́н||ие (नपुं०) चुनाव ; निर्वाचन ; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) निर्वाचित प्रतिनिधि ; наро́дный —ник जनता का निर्वाचित प्रतिनिधि ।

избра́ть दे० избира́ть.

избу́шка (स्त्री०) изба́ का अल्प० ।

избы́т||ок (पुं०) १. अवशिष्ट ; फ़ालतू ; и. хле́ба फ़ालतू अनाज ; २. अतिरेक ; बाहुल्य ; хлеб у нас в —ке हमारे यहाँ अनाज का बाहुल्य है ; **—очный** (वि०) अतिरिक्त ; फ़ालतू ।

изва́яние (नपुं०) (कलात्मक) मूर्ति ।

изва́ять दे० вая́ть.

изве́дывать (अपू०), **изве́дать** (पू०) अनुभव करना ; (अनुभव से) जानना ; изве́дать сча́стья आनन्द का अनुभव करना ।

и́зверг (पुं०) क्रूर ; दानव ।

изверга́ть (अपू०), **изве́ргнуть** (पू०) बाहर फेंक देना ; उलटी करना ; क़ै करना ; **—ся** (आत्म०) (ज्वालामुखी पहाड़ आदि का) फटना ।

изверже́ние (नपुं०) निर्गम ; निःसृति ; फटना ।

изве́риться (आत्म० पू०) विश्वास खोना ; и. в свои́х си́лах अपनी शक्तियों में विश्वास खोना ।

изверну́ться दे० извора́чиваться.

извести́(сь) दे० изводи́ть(ся).

изве́сти||е (नपुं०) १. समाचार ; सूचना ; ख़बर ; после́дние —я नये समाचार, ताज़ी ख़बरें ; २. (केवल बहु०) कार्यवाही ; ३. आवधिक प्रकाशन ।

извести́ть दे० извеща́ть.

извёстка (स्त्री०) (बुझाया हुआ) चूना ।

известко́в||ый (वि०) (बुझाये हुए) चूने का ; —ая вода́ चूने का पानी ।

изве́ст||но (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ и., что उसे विदित है कि .., наско́лько мне и. जहाँ तक मुझे पता है ; **—ность** (स्त्री०) यश ; ख्याति ; дурна́я —ность अपयश, कुख्याति ; **—ный** (वि०) १. प्रसिद्ध ; प्रख्यात ; मशहूर ; —ный худо́жник प्रख्यात कलाकार ; он —ен под и́менем... वह...नाम से मशहूर है ; २. कुख्यात ; —ный лгун कुख्यात झूठा ; ३. в —ных слу́чаях कुछ अवस्थाओं में ।

известня́к (पुं०) चूर्ण प्रस्तर ; चूने का पत्थर ।

и́звесть (स्त्री०) चूना ; гашёная и. बुझाया हुआ चूना ।

извещ||а́ть (अपू०), **извести́ть** (पू०) (भवि० извещу́, извести́шь) (के विषय में) सूचित करना ; बताना ; **—е́ние** (नपुं०) विज्ञापन ; (अदालत के) समन ; नोटिस ।

изви́в (पुं०) मोड़ ; и. реки́ नदी का मोड़ ।

извива́ться (आत्म० अपू०), **изви́ться** (आत्म० पू०) (भवि० изовью́сь, изовьёшься) (सर्पवत्) गेंडुरी बनाना ; कुंडली मारना ; बल खाना ; и. от бо́ли दर्द के मारे ऐंठना ।

изви́ли||на (स्त्री०) (बल खाता हुआ) मोड़ ; —ны доро́ги सड़क के बल खाते हुए मोड़ ; **—стый** (वि०) घुमावदार ; —стые у́лицы घुमावदार गलियाँ ।

извин||е́ние (नपुं०) क्षमा ; проси́ть —е́ния у кого́-л. किसीसे क्षमा माँगना ; прошу́ —е́ния क्षमा कीजिए, क्षमा चाहता हूँ ; **—и́тельный** (वि०) क्षम्य ।

извиня́ть (अपू०), **извини́ть** (पू०) क्षमा करना ; э́то мо́жно извини́ть यह क्षम्य है, यह क्षमा किया जा सकता है ; извини́те ! क्षमा कीजिए !, क्षमा करना ! ; **—ся** (आत्म०) क्षमा माँगना ; извиня́юсь ! क्षमा चाहता हूँ ! ; изви-ни́тесь за меня́ मेरी ओर से क्षमा माँग लेना ।

изви́ться दे० извива́ться

извлека́ть (अपू०), **извле́чь** (पू०) (भवि० извлеку́, извлечёшь) (-में से) निकाल लेना ; (-से) प्राप्त करना ; и. вы́году लाभ उठाना ; извле́чь пу́лю (शरीर में से) गोली बाहर निकाल लेना ; и. удово́льствие सन्तुष्ट होना ; □ и. уро́к (из) (-से) सबक़ सीखना ; и. по́льзу लाभ उठाना ।

извлече́ние (नपुं०) निकास ; (बाहर) निकालने की क्रिया ; प्राप्ति ; и. ко́рня (गणित) मूल निकालना ।

извле́чь दे० извлека́ть.

извне́ (क्रि० वि०) बाहर से ।

изво́д (पुं०) **I.** अपव्यय ; फ़िज़ूलखर्ची ; пусто́й и. де́нег धन का अपव्यय/फ़िज़ूल-खर्ची ; **II.** (भाषा-विज्ञान) पुनःसंस्करण ।

изводи́ть (अपू०), **извести́** (पू०) (वर्त० извожу́, изво́дишь ; भवि० изведу́, изведёшь) १. खर्च कर डालना ; प्रयोग में ले आना ; २. थका देना ; परेशान/तंग करना ; पीड़ा देना ; и. себя́ рабо́той अपने आप पर काम लाद लेना ; и. насме́шками हँसी उड़ाकर परेशान कर देना ; **—ся(сь)** (आत्म०) १. परेशान होना ; तंग होना ; थक जाना ; २. изводи́ть का कर्मवाच्य ।

изво́з (पुं०) (घोड़ों द्वारा) ढुलाई का व्यवसाय ; वाहन-व्यवसाय ।

изво́зчик (पुं०) १. ठेलेवाला ; रेड़ीवाला ; ढुलाई का व्यवसाय करनेवाला ; २. टैक्सीवाला ।

изво́л||ить (अपू०) १. कृपा करना ; вы затеря́ли ключ, тепе́рь —ьте найти́ ! आपने ताली खोयी है, अब कृपा करके उसे ढूँढिए ; —ьте вы́йти ! कृपा करके बाहर चले जाइए ; २. (बड़े अफ़सर आदि का) प्रसन्न हो जाना ।

извора́чиваться (आत्म० अपू०), **изверну́ться** (आत्म० पू०) १. चक्कर देना ; चकमा देना ; его́ схвати́ли, но он ло́вко изверну́лся и убежа́л उसको पकड़ लिया गया, परन्तु उसने खूब चकमा दिया और भाग गया ।

изворо́тлив||ость (स्त्री०) उपाय-कौशल ; **—ый** (वि०) उपायकुशल ।

извращ||а́ть (अपू०), **изврати́ть** (पू०) (भवि० извращу́, изврати́шь) (किसी बात को) विकृत रूप देना ; तोड़-मरोड़ करना ; ग़लत अर्थ लगाना ; и. чьи-л. слова́ किसीके शब्दों का ग़लत अर्थ लगाना ; **—е́ние** (नपुं०) ग़लत अर्थ निकालना ; दोष ; विकार ; **—ённость** (स्त्री०) १. ग़लत अर्थ निकालने का भाव ; २. अप्राकृतिक रुचि/प्रवृत्ति ; ३. काम-विकार ; व्यभिचारिता ; **—ённый** (वि०) विकृत ।

изга́живать (अपू०), **изга́дить** (पू०) (भवि० изга́жу, изга́дишь) खराब करना ; गन्दा करना ; коро́ва изга́дила весь двор गाय ने सारा सहन गन्दा कर दिया ।

изги́б (पुं०) नति ; झुकाव ; मोड़ ।

изгиба́ть (अपू०), **изгибну́ть** (पू०) झुकाना ; मोड़ना ; टेढ़ा करना ; **—ся** (आत्म०) झुकना ; टेढ़ा होना ।

изгла́живать (अपू०), **изгла́дить** (पू०) (भवि० изгла́жу, изгла́дишь) मिटाना ; и. из па́мяти बिल्कुल भुला देना ; **—ся** (आत्म०) मिट जाना ।

изгна́н||ие (नपुं०) देशनिकाला ; निर्वासन ; निष्कासन ; (समाज या सभा की सदस्यता से) बहिष्कार ; **—ник** (पुं०), **—ница** (स्त्री०) निर्वासित / निर्वासिता ।

изгна́ть दे० изгоня́ть.

изголо́вье (नपुं०) (पलँग का) सिरहाना ; —м ему́ служи́ла оха́пка соло́мы घास-फूस के गट्ठर ने उसके सिरहाने का काम दिया ।

изголода́||ться (आत्म० पू०) भूखों मरना ; (-के लिए) तड़पना ; он —лся по хоро́шей му́зыке वह अच्छे संगीत के लिए तड़प रहा था ।

изгоня́ть (अपू०), **изгна́ть** (पू०) (भवि० изгоню́, изго́нишь) भगा देना ; निर्वासित करना ; देशनिकाला देना ; बहिष्कार करना ; и. из употребле́ния प्रयोग वर्जित करना/निषिद्ध करना ।

и́згородь (स्त्री०) मेंड़ ; बाड़ ; жива́я и. झाड़ियों की बाड़ ।

изготáвливать (अपू०), **изготóвить** (पू०) (भवि० изготóвлю, изготóвишь) वस्तु-निर्माण करना ; तैयार करना ; बनाना ।

изготовля́ть = изготáвливать.

изгрызáть (अपू०), **изгры́зть** (पू०) कुतरना ; दाँतों से काटना ।

издавáть (अपू०), **издáть** (पू०) (वर्त० издаю́, издаёшь ; भवि० издáм, издáшь) १. प्रकाशित करना ; (क़ानून की) घोषणा करना ; जारी करना ; प्रख्यापित करना ; и. прикáз आदेश देना, हुक्म जारी करना ; २. (शब्द) उच्चार करना ; ३. (गन्ध) देना ।

и́здавна (क्रि० वि०) चिरकाल से ; प्राचीन काल से ।

издалекá, и́здали (क्रि० वि०) दूर से ; बहुत दूर से ।

издá||ние (नपुं०) १. प्रकाशन ; प्रख्यापन ; (क़ानून का) जारी होना ; २. (पुस्तक आदि का) संस्करण ; **—тель** (पुं०), **—тельница** (स्त्री०) प्रकाशक ; **—тельский** (वि०) प्रकाशन-सम्बन्धी ; —тельская фи́рма प्रकाशन-गृह ; प्रकाशन-संस्था ; —тельское дéло प्रकाशन-कार्य ; **—тельство** (नपुं०) प्रकाशन-गृह ; госудáрственное —тельство सरकारी प्रकाशन-गृह ।

издáть दे० издавáть.

издевáтель||ский (वि०) हँसी उड़ानेवाला ; विडम्बनात्मक ; —ское отношéние हँसी उड़ाने-वाला/विडम्बनात्मक व्यवहार ; **—ство** (नपुं०) विडम्बना ; उपहास ; हँसी ; मखौल ।

издевáться (आत्म० अपू०) हँसी उड़ाना ; मखौल करना ; ठट्ठा करना ।

издёвка (स्त्री०) हँसी ; ठट्ठा ; विडम्बना ; उपहास ।

издéл||ие (नपुं०) १. वस्तुनिर्माण-कार्य ; २. (फ़ैक्टरी में) निर्मित वस्तु ; तैयार माल/चीज़ ; кустáрные —ия कुटीर-उद्योग द्वारा निर्मित वस्तुएँ/माल, दस्तकारी की चीज़ें ; гли́няные —ия मिट्टी की चीज़ें ।

издёргивать (अपू०), **издёргать** (पू०) १. खींचकर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; २. तंग करना ; परेशान करना ; ३. सामर्थ्य से अधिक काम देना ; **—ся** (आत्म०) १. सामर्थ्य से अधिक काम करना ; २. издёргивать का कर्मवाच्य ।

издéрживать (अपू०), **издержáть** (पू०) ख़र्च करना ; **—ся** (आत्म०) सब-कुछ ख़र्च कर डालना ।

издéржки (बहु०) ख़र्च ; व्यय ।

издóхнуть दे० издыхáть.

и́здрéвле (क्रि० वि०) प्राचीन काल से ।

издыхáн||ие (नपुं०) до послéднего —ия आख़िरी साँस तक, अन्तिम श्वास तक ।

издыхáть (अपू०), **издохну́ть** (पू०) मर जाना ।

изжевáть (पू०) (—жую́) (चबाकर) टुकड़े-टुकड़े कर डालना ; सारा चबा डालना ।

и́зжелта (क्रि० वि०) ईषत् पीत ; कुछ पीला ; पीली झलकवाला ।

изживáть (अपू०), **изжи́ть** (पू०) (भवि० изживу́, изживёшь) पीछा छुड़ाना ; (धीरे-धीरे) क़ाबू पा लेना ।

изжóга (स्त्री०) (ग्रासनली में) जलन ।

из-за (अ०) १. पीछे से ; и. дóма घर के पीछे से ; २. (-के) कारण ; के मारे ; कारण से ; и. негó उसके कारण ; и. лéни आलस्य के कारण/आलस्य के मारे ।

иззя́бнуть (पू०) (ठंड के मारे) सुन्न हो जाना ; अकड़ जाना ।

излагáть (अपू०), **изложи́ть** (पू०) सामने रखना ; विवरण देना ; बयान करना ; и. на бумáге लिखा-पढ़ी करना, लिखना ।

излáмывать (अपू०), **изломáть** (पू०) (कई जगह से) तोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. (कई जगह से) टूटना ; २. (केवल पू०) (हद से ज़्यादा) बनना ; ज़ाहिरदारी करना ।

изле́ниваться (आत्म० अपू०), **излени́ться** (आत्म० पू०) बहुत ही आलसी हो जाना/सुस्त हो जाना।

излёт (पु॰) пу́ля на —е चली हुई गोली।

излече́н||ие (नपु॰) १. स्वास्थ्य-लाभ ; आराम ; आरोग्य-प्राप्ति ; २. चिकित्सा ; इलाज ; на —ии इलाज होना।

излéч||ивать (अपू०), **излечи́ть** (पू०) चिकित्सा करना ; इलाज करना ; **—и́мый** (वि०) चिकित्सा-साध्य (जिसका इलाज हो सके)।

излива́ть (अपू०), **изли́ть** (भवि० изолью́, изольёшь) (में से) उँडेलना ; (मनोभाव) व्यक्त करना ; и. ду́шу हृदय खोलकर रख देना, मन हल्का करना ; **—ся** (आत्म०) १. बहना ; २. अभिव्यक्त होना ; अपने मनोभाव प्रकट करना।

изли́ш||ек (पु॰) अतिरेक ; बाहुल्य ; **—ество** (नपु॰) १. अत्यासक्ति ; २. अतिशयता; अधिकता ; बाहुल्य।

изли́шне (क्रि० वि०) १. वृथा ; अनावश्यक रूप से ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) यह वृथा है/फ़िज़ूल है।

излия́ние (नपु॰) बहने का कार्य ; बहाव।

излови́ть (पू०) (изловлю́, изло́вишь) पकड़ लेना ; и. во́ра चोर को पकड़ लेना।

изловч||а́ться (आत्म० अपू०), **изловчи́ться** (पू०) अवसर ढूँढना ; काम बना लेना ; प्रबन्ध कर लेना ; —и́лся и удари́л его́ в грудь अवसर मिलते ही उसने उसकी छाती पर प्रहार किया ; я тебе́ три́дцать рубле́й изловчу́сь вы́слать मैं तेरे लिए २० रूबल भेजने का प्रबन्ध कर दूँगा।

изложе́ние (नपु॰) विवरण ; वक्तव्य ; кра́ткое и. संक्षिप्त विवरण।

изло́м (पु॰) हड्डी का टूटना ; अस्थि-भ्रंश।

излома́ть दे० изла́мывать.

излуч||а́ть (अपू०), **излучи́ть** (पू०) किरण फेंकना ; **—е́ние** (नपु॰) विकिरण ; किरणें फेंकने की क्रिया।

излу́чина (स्त्री०) मोड़ ; река́ в э́том ме́сте де́лает не́сколько излу́чин नदी यहाँ कई मोड़ खाती है।

излучи́ться दे० излуча́ться.

излю́бленный (वि०) कृपा-पात्र ; स्नेह-भाजन।

изма́зывать (अपू०), **изма́зать** (पू०) (भवि० изма́жу, изма́жешь) १. पोतना ; धब्बे लगाना ; गन्दा करना २. (पोतकर) सारा प्रयोग में ले आना ; изма́зать всю мазь सारी मरहम लगा देना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको गन्दा करना/मलिन करना।

изма́рывать (अपू०), **измара́ть** (पू०) गन्दा करना ; मलिन करना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको गन्दा करना/मलिन करना।

изма́тывать (अपू०), **измота́ть** (पू०) (बिल्कुल) थका देना ; अशक्त करना ; परिश्रान्त करना ; **—ся** (आत्म०) थक जाना ; (परिश्रम आदि के कारण) शरीर का टूटना।

изма́я||ться (आत्म० पू०) अत्यन्त परिश्रान्त होना ; थक जाना ; (श्रम आदि के कारण) शरीर का टूटना ; он совсе́м —лся वह एकदम परिश्रान्त हो गया, वह बिल्कुल निःशक्त हो गया है।

измельча́ние (नपु॰) १. छिछला/कम गहरा होना ; २. (नैतिक) पतन।

измельча́ть -I (अपू०), **измельчи́ть** बुकनी करना ; चूर्ण करना ; टुकड़े-टुकड़े करना ; पीसना।

измельча́||ть -II (पू०) १. छोटा होना ; २. छिछला या कम गहरा होना; о́зеро —ло झील कम गहरी हो गयी है।

измельчи́ть दे० измельча́ть -I.

изме́на (स्त्री०) १. देशद्रोह ; राजद्रोह ; २. विश्वासघात ; बेवफ़ाई।

измен||е́ние (नपु॰) परिवर्तन ; вноси́ть и. परिवर्तन करना ; **—и́ть** दे० изменя́ть.

изме́нни||к (पु॰), **—ца** (स्त्री०) १. देशद्रोही/देशद्रोहिणी ; २. विश्वासघाती/विश्वासघातिनी ; बेवफ़ा ; **—ческий** (वि०) विश्वासघाती ; धोखेबाज़।

изме́нчив||ый (वि०) परिवर्तनशील ; अस्थिर ; धोखेबाज़ ; —ая пого́да परिवर्तनशील मौसम।

изменя**емый** (वि०) परिवर्तनीय ; चल ; अस्थिर ।

изменя**ть** (अपू०), **измен**и**ть** (पू०) I. परिवर्तन करना ; बदलना ; संशोधन करना ; п. законопрое́кт बिल के मसौदे में संशोधन करना ; II. विश्वासघात करना; बेवफ़ाई करना ; धोखा देना ; □ па́мять ему́ изменя́ет उसकी स्मरण-शक्ति उसे धोखा देती है ; **—ся** (आत्म०) १. परिवर्तन होना ; बदलना ; изменя́ться к лу́чшему बेहतरी के लिए बदलना ; २. बेवफ़ाई करना ; विश्वासघात करना ; ३. изменя́ть-I का कर्मवाच्य ।

измер||е**ние** (नपुं०) १. मापने का कार्य ; २. सर्वेक्षण ; ३. माप ; п. угло́в कोणों का माप ; **—**и**мый** (वि०) मापने-योग्य ; मापनीय ; **—**и**тель** (पुं०) १. मापी ; मापने का यन्त्र ; २. (अर्थ०) निर्देशिका ; इंडेक्स ।

измеря**ть** (अपू०), **изм**е**рить** (पू०) मापना ; п. глубину́ गहराई मापना ।

измождё**нный** (वि०) अत्यन्त परिश्रान्त ; बहुत थका हुआ ; п. вид थकी हुई सूरत ।

измока**ть** (अपू०), **изм**о**кнуть** (पू०) भीगना ; गीला होना ; सराबोर होना ।

измо**р** (पुं०) (भूखों मारकर विवश करके) लेना ; (बहुत कष्ट देकर) लेना ; города́ беру́т —ом लोगों को भूखों मारकर नगरों पर अधिकार किया जाता है ।

из**морозь** (स्त्री०) (केवल एकवचन) तुषार ; पाला ।

из**морось** (स्त्री०) (केवल एकवचन) फुहार ; बूँदा-बाँदी ।

измота**ть** दे० изма́тывать.

измоча**ливать** (अपू०), **измоч**а**лить** (पू०) १. (कपड़े को) तार-तार कर देना ; २. बहुत तंग करना ; така́я жизнь измоча́ла его́ ऐसे जीवन से वह तंग आ गया है ; **—ся** (आत्म०) तार-तार हो जाना ; टुकड़े-टुकड़े हो जाना ।

изму**чивать** (अपू०), **измуч**и**ть** (पू०) परिश्रान्त करना ; बहुत थका देना ; तंग करना ; **—ся** (आत्म०) बहुत थक जाना ; (बहुत) तंग होना ।

измыва**ться = издев**а**ться.**

измы**згивать** (अपू०), **изм**ы**згать** (पू०) (कीचड़ आदि से) बिल्कुल गन्दा कर डालना/मलिन कर देना ।

измы**ливать** (अपू०), **изм**ы**лить** (पू०) (सारा साबुन) लगा देना/इस्तेमाल कर लेना ।

измы||слить दे० измышля́ть; **—шл**е**ние** (नपुं०) उपाय सोचने या बात गढ़ने की क्रिया ; **—шл**я**ть** (अपू०), **изм**ы**слить** (पू०) (भवि० измы́шлю या измы́слю, измы́слишь) उपाय सोचना ; (बात) गढ़ना ।

измя**ть** (पू०) (भवि० изомну́, изомнёшь) (कपड़ों में, काग़ज़ में) बल डालना ; शिकन डालना, मुड़ी-मुड़ी करना ; **—ся** (आत्म०) बल पड़ना ; शिकन पड़ना ।

изна**нк||а** (स्त्री०) उलटी ओर : вы́вернуть на —у उलटाना ।

изнаси**лование** (नपुं०) बलात्कार ।

изнаси**ловать** दे० наси́ловать.

изнача**льный = иск**о**нный.**

изна**шивание** (नपुं०) (प्रयोग में लाकर) घिसा देने की क्रिया ; п. обору́дования प्रयोग से यन्त्र आदि का घिस जाना ।

изна**шивать** (अपू०), **износ**и**ть** (पू०) (भवि० изношу́, изно́сишь) (कपड़ा, जूता आदि) पहनकर घिसा देना ; **—ся** (आत्म०) (कपड़े आदि का) पहनते-पहनते घिस जाना ।

изне**женн||ость** (स्त्री०) १. कोमल स्वभाव ; नज़ाकत ; आरामतलबी ; २. स्त्रैणता ; (पुरुष में) स्त्री-स्वभाव ; **—ый** (वि०) १. कोमल स्वभाव का ; नाज़ुक ; आरामतलब ; २. स्त्रैण (पुरुष) ।

изне**живать** (अपू०), **изн**е**жить** (पू०) लाड़ करना ; नाज़ुक बनाना ; आरामतलब बनाना ; изне́жить ребёнка बच्चे को नाज़ुक बनाना ; изне́жить ко́жу चमड़ी को नाज़ुक बनाना ; **—ся** (आत्म०) नाज़ुक बनना ; आरामतलब बनना

изнемо||гáть (अपू०), **изнемóчь** (पू०) (भवि० изнемогý, изнемóжешь) निःशक्त हो जाना ; परिश्रान्त होना ; он —гáет от устáлости वह बहुत थक गया है, उसे बेहद थकावट है ; **—жéние** (नपुं०) निःशक्तता ; परिश्रान्ति ; थकावट ; быть в —жéнии बिल्कुल थक जाना, परिश्रान्त हो जाना ।

изнó||с (पुं०) (प्रयोग से) घिसावट ; э́тому пальтó нет —а यह कोट खूब चलेगा, यह कोट जल्दी नहीं फटेगा ।

износи́ть दे० изнáшивать.

изнурéни||е (नपुं०), **изнурённость** (स्त्री०) निःशक्तता ; थकावट ; дойти́ до —я बहुत थक जाना ।

изнуря́ть (अपू०), **изнури́ть** (पू०) शक्ति क्षीण कर देना ; थका देना ; सामर्थ्य से अधिक काम कराना ; **—ся** (आत्म०) शक्ति क्षीण हो जाना ; थक जाना ; सामर्थ्य से अधिक काम करना ।

изнутри́ (क्रि० वि०) भीतर से ; дверь зáперта и. द्वार भीतर से बन्द है ।

изнывáть (अपू०), **изны́ть** (पू०) (भवि० изнóю, изнóешь) (दुःख या शोक के कारण) तड़पना ; व्याकुल होना ; निढाल हो जाना ; и. от тоски́ по дóму घर जाने के लिए तड़पना ; и. от жары́ गर्मी के कारण निढाल होना ; и. от жáжды प्यास के कारण निढाल होना ।

изо दे० из ; изо всех сил पूरे जोर से ।

изобáра (पुं०) (भौ०) समदबाव रेखा ।

изоби́л||ие (नपुं०) बाहुल्य ; आधिक्य ; बहुतायत ; в —ии बाहुल्य से ; बहुतायत से ; **—овать** (अपू०) (—лую) बहुतायत से होना ; сéвер —ует лесáми उत्तर जंगलों से भरा पड़ा है ।

изоби́льный (वि०) बहुतायत का ; अधिक ।

изоблич||áть (अपू०), **изобличи́ть** (पू०) १. भेद खोलना; उघाड़ना; (सच्चे रूप में) प्रकट करना; भाँडा फोड़ना ; पर्दा फ़ाश करना ; —и́ть врагá शत्रु का भाँडा फोड़ना, शत्रु का पर्दा फ़ाश करना ; २. अपराधी ठहराना ; दंड देना ; ३. (केवल अपू०) प्रकट करना ; ज़ाहिर करना ; всё —áло в нем охóтника उसकी सब बातें उसे शिकारी ज़ाहिर करती हैं ; **—éние** (नपुं०) भेद खोलने की क्रिया ; अपराधी घोषित करने की क्रिया ; **—и́тельный** (वि०) भेद खोलनेवाला ; अपराध सिद्ध करनेवाला ; —и́тельные докумéнты भेद खोलनेवाले प्रलेख, अपराध सिद्ध करनेवाले प्रलेख ।

изображáть (अपू०), **изобрази́ть** (पू०) (भवि० изображý, изобрази́шь) निरूपण करना ; चित्रित करना ; अभिव्यक्त करना ; नक़ल करना ; **—ся** (आत्म०) प्रकट होना ; दिखायी पड़ना ; चित्रित होना ।

изобра||жéние (नपुं०) १. चित्रण ; निरूपण ; २. चित्र ; मूर्ति ; प्रतिबिम्ब ; и. в зéркале दर्पण में प्रतिबिम्ब ; **—зи́тельный** (वि०) सालंकार ; अलंकारमय ; □ —зи́тельные искýсства अनुकरणात्मक कलाएँ (चित्रकारी, मूर्तिकला, स्थापत्य, आलेखन-कला) ।

изобре||сти́ दे० изобретáть ; **—тáтель** (पुं०), **—тáтельница** (स्त्री०) आविष्कर्ता/आविष्कर्त्री ; **—тáтельность** (स्त्री०) आविष्कार-शक्ति ; никтó не ждáл от негó такóй —тáтельности उससे इस आविष्कार की किसीको आशा नहीं थी ; **—тáтельный** (वि०) आविष्कार-कुशल ; —тáтельный человéк आविष्कार-कुशल व्यक्ति ; **—тáтельский** (वि०) आविष्कर्ता का ; —тáтельское бюрó आविष्कार-ब्यूरो ; **—тáтельство** (नपुं०) आविष्कार-कार्य ।

изобре||тáть (अपू०), **изобрести́** (पू०) (भवि० изобретý, изобретёшь) आविष्कार करना ; **—тéние** (नपुं०) आविष्कार ।

изóгнутый (कृदन्त और वि०) झुका हुआ ; मुड़ा हुआ ; टेढ़ा ।

изогнýть(ся) दे० изгибáть(ся).

изодрáть (पू०) (भवि० издерý, издерёшь) फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; **—ся** (आत्म०)

फट जाना ; फटकर तार-तार हो जाना ।

изойти́ दे० исходи́ть.

изолга́ться (आत्म० पू०) (भवि० изолгу́сь, изолжёшься) झूठ बोलने में पक्का हो जाना ।

изолиро́ванный (कृदन्त और वि०) (भौ०) पृथक्कृत ; पृथक् किया हुआ ।

изоли́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (भौ०) पृथक् करना ; अलग करना ।

изоля́тор (पुं०) १. (भौ०) पृथक्कारी (अंग्रेजी—इन्सुलेटर) ; २. (क़ैद में) एकान्तवास ; (अस्पताल में) पृथक् वार्ड ।

изоля́ция (स्त्री०) पृथकत्व ।

изорва́ть दे० изрыва́ть

изощ||ре́ние (नपुं०) परिष्कार ; परिमार्जन ; विकास ; संस्कार ; —ре́ния хи́трости धूर्तता ।

изощря́ть (अपू०), **изощри́ть** (पू०) परिष्कार/परिमार्जन करना ; संस्कार करना ; विकसित करना ; и. ум मन की शक्तियों का विकास करना ; и. па́мять स्मरण-शक्ति का विकास करना **—ся** (आत्म०) परिमार्जित होना ; विकसित होना ।

из-под (अ०) नीचे से ; и. стола́ मेज़ के नीचे से ।

израз||е́ц (पुं०) टाइल ; **—цо́вый** (वि०) टाइल का ।

изра́нить (पू०) (बहुत) घायल करना ।

израсхо́довать दे० расхо́довать.

израсхо́дов||аться (आत्म० पू०) (सारा धन) ख़र्च कर डालना/ख़र्च कर चुकना ; он совсе́м —алсяं वह अपना सारा धन ख़र्च कर चुका है ।

и́зредка (क्रि० वि०) कभी-कभी ; समय-समय पर ।

изре́зывать (अपू०), **изре́зать** (पू०) (भवि० изре́жу, изре́жешь) काट डालना ; и. бума́гу на клочки́ काग़ज़ काटकर टुकड़े-टुकड़े कर देना ।

изрека́ть (अपू०), **изре́чь** (पू०) (भवि० изреку́, изречёшь) (रोब से) बोलना ; गम्भीरता से बोलना ।

изрече́ние (नपुं०) १. सूत्र ; २. कहावत ।

изре́чь दे० изрека́ть.

изреше́чивать (अपू०), **изреше́ти́ть** (पू०) (भवि० изрешéчу́, изрешéти́шь) छलनी बना देना ; (गोलियों से) छलनी करना ।

изрисо́вывать (अपू०), **изрисова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) १. (पेंसिल, काग़ज़ आदि प्रयोग करते-करते) समाप्त कर देना ; २. चित्रों से भर देना ।

изруби́ть (पू०) (भवि० изрублю́, изру́бишь) (कुल्हाड़े आदि से) काट डालना ।

изрыва́ть -I (अपू०), **изорва́ть** (पू०) (भवि० изорву́, изорвёшь) फाड़ डालना ; फाड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना ; с доса́дой он изорва́л письмо́ उसने खिन्न होकर पत्र फाड़ दिया ।

изрыва́ть -II (अपू०), **изры́ть** (पू०) (भवि० изро́ю, изро́ешь) खोद डालना ; गड्ढे कर देना; изры́тый о́спой चेचक के दाग़ोंवाला ।

изрыга́ть (अपू०), **изрыгну́ть** (पू०) क़ै करना ; उलटी करना ।

изры́ть दे० изрыва́ть-II

изря́д||но (क्रि० वि०) काफ़ी अच्छी तरह ; ख़ूब ; вы́пить и. ख़ूब पीना ; **—ный** (वि०) बढ़िया ; काफ़ी अच्छा ; ख़ासा ; —ное расстоя́ние काफ़ी फ़ासला ; пальто́ —ное ओवरकोट काफ़ी अच्छा है ।

изуве́р (पुं०) धर्मान्ध ; धर्मोन्मादी व्यक्ति ; कट्टर व्यक्ति ; **—ский** (वि०) धर्मान्ध ; धर्मोन्मादी ; कट्टर ; **—ство** (नपुं०) धर्मान्धता ; धर्मोन्माद ; कट्टरपन ।

изуве́ч||ивать (अपू०), **изуве́чить** (पू०) अपाहिज करना ; लँगड़ा-लूला करना ; муж в сраже́ньях —ен पति लड़ाई में अपाहिज हो गया है ; **—иваться** (आत्म०) अपाहिज होना ; लँगड़ा-लूला होना ।

изукра́шивать (अपू०), **изукра́сить** (पू०) (भवि० изукра́шу, изукра́сишь) १. ख़ूब सजाना ; २. (धब्बों आदि से) मलिन करना ।

изуми́тельн||о (क्रि० वि०) विस्मय से ; आश्चर्य से ; **—ый** (वि०) विस्मयजनक ; आश्चर्य-जनक ।

изум||и́ть(ся) दे० изумля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) विस्मय ; आश्चर्य ; **—ля́ть** (अपू०), **изуми́ть** (पू०) (भवि० изумлю́, изу́мишь) विस्मित करना ; **—ля́ться** (आत्म० अपू०), **изуми́ться** (आत्म० पू०) विस्मित होना ; चकित होना ।

изумру́д (पुं०) मरकत ; पन्ना ।

изуро́довать दे० уро́довать.

изуч||а́ть (अपू०), **изучи́ть** (पू०) १. पढ़ना; अध्ययन करना ; (किसी कला में) पारंगत होना ; पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना ; २. (केवल पू०) सीखना ; अच्छी तरह से जान लेना/पहचान लेना ; он —и́л его́ वह उसे अच्छी तरह से जान गया है/पहचान गया है ; **—е́ние** (नपुं०) अध्ययन ।

изъеда́ть (अपू०), **изъе́сть** (पू०) (भवि० изъе́м, изъе́шь) १. (दाँतों से काटकर) खराब कर देना ; नष्ट कर देना ; моль изъе́ла мех पोस्तीन को कीड़ा लग गया ; २. (मोरचा, जंग आदि लगकर) खराब हो जाना ।

изъе́здить (पू०) (भवि० изъе́зжу, изъе́здишь) (बहुत) यात्रा कर आना ; и. весь свет समस्त संसार में घूम आना, संसार भर की यात्रा कर आना ।

изъе́сть दे० изъеда́ть.

куз||е́н (पुं०) (चचेरा, ममेरा, फुफेरा) भाई; **—и́на** (स्त्री०) (चचेरी, ममेरी, फुफेरी) बहिन।

кузне́ц (पुं०) लुहार; **—кий** (वि०) लुहार का।

кузне́чик (पुं०) टिड्डा।

кузне́чный (वि०) लुहार का।

ку́зница (स्त्री०) लुहार की दुकान।

ку́зов (पुं०) १. (वल्कल आदि की बनी) टोकरी; २. (गाड़ी का) मुख्य भाग (अंग्रेज़ी—बॉडी); ☐ назва́лся груздём, полеза́й в к. फूल के साथ काँटा भी होता है।

кукаре́к||ать (अपू०) (मुर्गे का) कुकड़ूँ-कूँ करना; **—ку́** (मुर्गे का) कुकड़ूँ-कूँ।

ку́киш (पुं०) : показа́ть к. अँगूठा दिखाना।

ку́к||ла (स्त्री०) गुड़िया; теа́тр —ол कठपुतलियों का नाट्यगृह।

кукова́ть (अपू०) (वर्त० —ку́ю) कोयल का कूकना।

ку́колка (स्त्री०) १. ку́кла का अल्प०; २. सजी-धजी सुन्दर बालिका; ३. पंख निकलने से पहले की कीट की अवस्था (अंग्रेज़ी—प्यूपा)।

ку́кольный (वि०) गुड़िया का।

ку́кситься (आत्म० अपू०) (ку́кшусь, ку́ксишься) बुरी मनोदशा में होना।

кукуру́з||а (स्त्री०) मकई; मक्का; भुट्टा; **—ный** (वि०) मकई का।

куку́шка (स्त्री०) कोयल।

кула́к (पुं०) **I.** घूँसा; मुट्ठी; грози́ть —о́м घूँसा दिखाकर धमकाना; **II.** कुलाक (प्राचीन रूस में दूसरों का शोषण करनेवाला धनी किसान)।

кула́цкий (वि०) кула́к-II. से वि०।

кула́чн||ый (वि०) кула́к-I से वि०; —ое пра́во जिसकी लाठी उसकी भैंस; —ый бой घूँसाबाज़ी।

кулачо́к (पुं०) кула́к-I का अल्प०।

кулебя́ка (स्त्री०) (मछली या गोभी की) कचौड़ी।

кулёк (पुं०) (चटाई आदि का) थैला; ☐ из кулька́ в рого́жку आसमान से गिरा खजूर में अटका।

кули́к (पुं०) टिटहरी।

кулина́р (पुं०) पाकविद्या-विशेषज्ञ; रसोइया; **—ия** (स्त्री०) पाकविद्या; **—ный** (वि०) पाकविद्या-सम्बन्धी; पाकशाला-सम्बन्धी।

куло́н (पुं०) **I.** विद्युत्-शक्ति का नाप; बिजली का परिमाण जितना एक सैकिंड में अम्पियर धारा ले जाती है; **II.** (आभूषण) पेंडल।

кулуа́р (पुं०) उपान्तिका (अंग्रेज़ी—लॉबी); разгово́ры в —ах उपान्तिका-सम्भाषण; लॉबी की बातचीत।

куль (पुं०) थैला; चटाई का थैला।

кульмин||а́ция (स्त्री०) पराकाष्ठा; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) पराकाष्ठा को प्राप्त करना।

культ (पुं०) पूजा।

культ- (культу́рный) सांस्कृतिक।

культ||ива́тор (पुं०) जुताई करने का यन्त्र; **—ива́ция** (स्त्री०) जुताई; **—иви́ровать** (अपू०) (—рую) १. जुताई करना; (खेती द्वारा) संवर्द्धन करना; उत्पादन करना; उगाना २. विकसित करना; —иви́ровать нау́чные спо́собы рабо́ты काम के वैज्ञानिक साधनों को विकसित करना।

культу́ра (स्त्री०) संस्कृति; सभ्यता।

культу́рно (क्रि० वि०) शिष्टता से; सभ्यता से; **—бытово́й** (वि०) जीवन-स्थिति सुधारने का; **—просвети́тельный** (वि०) सांस्कृतिक और शैक्षिक।

культу́рн||ость (स्त्री०) संस्कृति; सभ्यता; **—ый** (वि०) १. शिक्षित; सभ्य; शिष्ट; सुसंस्कृत; २. सांस्कृतिक; —ый у́ровень सांस्कृतिक स्तर; —ый це́нтр सांस्कृतिक केन्द्र; —ый рост सांस्कृतिक उन्नति; ३. कृषि-सम्बन्धी; —ые поро́ды वर्द्धित प्रजाति।

культя́, культя́пка (स्त्री०) (लूले-लँगड़े हाथ या पाँव का) अवशिष्टांश / ठूँठ ।

кум (पुं०) (बच्चे का) धर्म-पिता ; (सम्बोधन में) मित्र ! ; यार !

кума́ (स्त्री०) (बच्चे की) धर्म-माता ।

кумане́к (पुं०) кум का अल्प० ।

кума́ч (पुं०) लाल सूती कपड़ा ।

куми́р (पुं०) (पूजा के लिए) मूर्ति ।

кумовство́ (नपुं०) १. (समधियों का-सा) मित्रता का सम्बन्ध ; २. कुनबापरस्ती ।

ку́мушка (स्त्री०) १. кума́ का अल्प० ; २. चुग़लख़ोर स्त्री ।

кумы́с (पुं०) कुमीस (घोड़ी के दूध का दही) ।

кунжу́т (पुं०) (वन०) तिल ; **—ный** (वि०) तिल का ; —ное ма́сло तिल का तेल ।

куни́ца (स्त्री०) कशिक (कीमती पोस्तीनवाला नेवले की तरह का एक जानवर) ।

купа́‖льный (वि०) नहाने का ; **—льня** (स्त्री०) स्नानघाट ; ग़ुसलख़ाना ; स्नानागार ; **—льщик** (पुं०), **—льщица** (स्त्री०) नहानेवाला/वाली ; **—нье** (नपुं०) स्नान ।

купа́ть (अपू०), **вы́купать** (पू०) स्नान कराना ; नहलाना ; ग़ुसल कराना ; **—ся** (आत्म०) स्नान करना ; नहाना ; ग़ुसल करना ; □ —ся в зо́лоте दौलत में खेलना ।

купе́ль (स्त्री०) बपतिस्मा देते समय जल रखने का बड़ा पात्र ।

купе́‖ц (पुं०) सौदागर ; व्यापारी ; **—ческий** (वि०) सौदागर का ; व्यापारी का ; **—чество** (नपुं०) (समूह०) सौदागर लोग ।

купидо́н (पुं०) मदन ; कामदेव ।

купи́ть दे० покупа́ть-I

купле́т (पुं०) १. युग्मक ; पद्य की दो पंक्तियाँ/श्लोक ; २. (बहु०) व्यंग्यगीत ; **—и́ст** (पुं०) व्यंग्यगीत गानेवाला ।

ку́пля (स्त्री०) क्रय ; к. и прода́жа क्रय और विक्रय ; ख़रीद-फ़रोख़्त ।

ку́пол (पुं०) कलश ; गुम्बद ।

купоро́с (पुं०) (रस०) कासीस ।

ку́пчая (स्त्री०) (वि० रू०) क्रय-पत्र ; बैनामा ।

купчи́ха (स्त्री०) १. व्यापारी/सौदागर स्त्री ; २. व्यापारी/सौदागर की पत्नी ।

купю́р‖а (स्त्री०) १. काट-छाँट ; статья́ печа́тается без купю́р लेख बिना काट-छाँट के छपता है ; २. पत्र-मुद्रा (बन्धपत्र आदि) का मूल्य ; заём вы́пущен —ами в 5 рубле́й कर्ज़ा पाँच रूबल के बन्धपत्रों में जारी किया गया है ।

ку́ра = ку́рица.

курага́ (स्त्री०) सूखी ख़ुबानी (फल) ।

кура́житься (आत्म० अपू०) बेहूदगी/मूर्खता की बातें करना ।

кура́нты (बहु०) १. सत्रहवीं-अठारहवीं शताब्दी का दरबारी समाचार-पत्र ; २. (दीवार या घंटाघर की) घड़ी ; घंटा ।

кура́тор (पुं०) परिरक्षक ; न्यासधारी ।

курга́н (पुं०) १. टीला ; क़ब्र २. दुपहिया ठेला-गाड़ी ।

кургу́зый (वि०) १. पुछकटा ; छिन्नपुच्छ ; २. (वस्त्र) छोटा ; तंग ; к. пиджачёк छोटा या तंग कोट ।

курдю́‖к (पुं०) (दुम्बे आदि की) चर्बीदार दुम ; **—чный** (वि०) चर्बीदार दुमवाला ; —чная овца́ दुम्बा ।

ку́рево (नपुं०) (केवल एकवचन) १. तम्बाकू ; २. धुआँ ।

куре́ние (नपुं०) १. धूमपान ; तम्बाकू पीने की क्रिया ; २. धूप ; सुगन्ध ।

кури́льница (स्त्री०) धूपदानी ।

кури́льщ‖ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) (बहुत) तम्बाकू पीनेवाला/वाली ।

кури́н‖ый (वि०) मुर्ग़ी का ; —ое яйцо́ मुर्ग़ी का अंडा ; —ая слепота́ रतौंद ।

кури́тельн‖ый (वि०) तम्बाकू पीने का ; —ая ко́мната तम्बाकू पीने का कमरा ।

кури́ть (अपू०) १. तम्बाकू पीना ; к. таба́к तम्बाकू पीना ; २. सुगन्धित करना ; धूप देना ; ३.

अर्क़ खींचना ; **—ся** (आत्म०) १. धुग्राँ देना ; २. (सिगरेट आदि) सुलगना ; папиро́са не ку́рится सिगरेट बुझ गयी है ; (धुएँ, धुन्ध आदि का) छा जाना ; ३. кури́ть-१,२ का कर्मवाच्य ।

ку́рица (स्त्री०) (बहु० ку́ры) मुर्गी; चूजा (मुर्गी का बच्चा) ; у него́ де́нег ку́ры не клюю́т उसके पास रुपये-पैसे का पार नहीं/वह बहुत धनाढ्य है ।

курку́ма (स्त्री०) हल्दी ।

курн||о́й (वि०) : —а́я изба́ बिना चिमनी की अँगीठीवाली झोंपड़ी ।

курно́сый (वि०) छोटी चपटी नाकवाला ।

курово́дство (नपुं०) मुर्गी-पालन ।

куро́к (पुं०) (बन्दूक का) घोड़ा ; спусти́ть к. (बन्दूक का) घोड़ा दबाना ।

куроле́сить (अपू०) (वर्त० куроле́шу, куроле́сишь) अपवचन कहना ; निन्दा करना ।

куропа́тка (स्त्री०) पिद्दी ; तीतर ।

куро́рт (पुं०) स्वास्थ्यप्रद स्थान ; **—ный** (वि०) स्वास्थ्यप्रद स्थान का ।

курс (पुं०) १. पथ ; २. पाठ्यक्रम ; уче́бный к. (शिक्षा) पाठ्यक्रम ; око́нчить к. в университе́те विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि लेना/विश्वविद्यालय की डिग्री लेना ; он на тре́тьем —е वह (शिक्षा के) तीसरे वर्ष में है ; ३. विनिमय-दर ।

курса́нт (पुं०) छात्र ; (सेना का) कैडिट ।

курси́в (पुं०) (छापे के) तिर्यकाक्षर ; तिरछे अक्षर (अंग्रेजी—इटेलिक्स) ।

курси́ровать (अपू०) (—рую) (जहाजों का) एक स्थान से दूसरे स्थान तक आना-जाना ।

курсово́й (वि०) курс से वि० ।

курта́ж (पुं०) आढ़त ; दलाली ।

куртиза́н (पुं०) दरबारी ; राजसेवक ।

куртиза́нка (स्त्री०) गणिका ; वेश्या ।

ку́ртка (स्त्री०) जाकेट ।

курча́вый (वि०) (बाल) घुँघराले ; घुँघराले बालोंवाला ।

ку́ры (बहु०) **I.** दे० ку́рица ; **II.** стро́ить к. (किसी स्त्री के पीछे) घूमना ।

курьёз (पुं०) अद्भुत या अनूठी वस्तु ; **—ный** (वि०) अद्भुत ; अनूठा ; विलक्षण ।

курье́р (पुं०) सन्देशहर ; सन्देशवाहक ; वार्त्ताहर ; дипломати́ческий к. राजनयिक सन्देशहर ।

куря́тина (स्त्री०) मुर्गी या चूज़े (मुर्गी के बच्चे) का माँस ।

куря́щий (पुं०) (वि० रू०) तम्बाकू पीनेवाला ; он к. वह तम्बाकू पीता है ।

куса́ть (अपू०) १. (दाँतों से) काटना ; э́та соба́ка не куса́ет यह कुत्ता काटता नहीं ; २. (मक्खी, चींटी आदि का) काटना; डंक मारना; **—ся** (आत्म०) १. काटना ; соба́ка куса́ется कुत्ता काटता है ; २. (एक-दूसरे को) काटना ; смотри́те смотри́те, соба́ки-то как куса́ются ! देखिए, कुत्ते एक दूसरे को कैसे काट रहे हैं ! ; ३. (किसी चीज का) बहुत महँगा होना ; э́то куса́ется यह बहुत महँगा है ।

куса́чки (बहु०) (तार आदि काटने का) प्लास ; कैंची ।

кус||о́к (पुं०) टुकड़ा ; खंड ; भाग ; अंश ; खाँड का ढेला ; разби́ть на —ки́ टुकड़े-टुकड़े करना ; [ ] к. хле́ба जीविका ; रोटी का टुकड़ा ; зараба́тывать свой к. хле́ба अपनी जीविका कमाना ।

кусо́чек (पुं०) кусо́к का अल्प० ।

куст (पुं०) **I.** झाड़ी ; солове́й поет в —ах बुलबुल झाड़ियों में कू-कू कर रही है ; **II.** (उद्योग-संस्थाओं का) संघ ।

куста́рник (पुं०) १. झाड़ी ; २. (समूह०) झाड़ियाँ ; झाड़ीदार जंगल ।

куста́рничать (अपू०) १. हस्तशिल्पी बनना ; दस्तकारी का काम करना ; २. आदिम तरीक़े प्रयोग में लाना ।

куста́рн||ый (वि०) १. कुटीर-उद्योग का ; —ые изде́лия कुटीर-उद्योग में तैयार की हुई वस्तुएँ, दस्तकारी का माल ; —ая промы́шленность कुटीर-उद्योग , गृह-उद्योग ; २. आदिम ; —ые приёмы (काम करने के) आदिम ढंग ।

куста́рь (पुं०) हस्तशिल्पी ; दस्तकार ।

кўтать (अपू०) ढाँपना ; (-में) लपेटना ; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) ढाँपना ; ओढ़ना ।

кутёж (पुं०) अतिपान (कोलाहल-सहित)।

кутерьмá (स्त्री०) हल्ला-गुला ; गड़बड़ी ; अस्त-व्यस्तता ।

кути́ла (पुं०) लम्पट ; विषयासक्त ; दुराचारी ।

кути́ть (अपू०) (वर्त० кучу́, кўтишь) मद्योत्सव मनाना ; रंगरेलियाँ मनाना ।

кутўзк||а (स्त्री०) हवालात ; пья́ного посади́ли в —у शराबी को हवालात में बन्द कर दिया ।

кухáрка (स्त्री०) रसोई बनानेवाली स्त्री ।

кўхня (स्त्री०) १. रसोई ; २. भोजन बनाने का उपकरण ; ३. भोजन ; мне не нрáвится францўзская к. मुझे फ़ांसीसी खाना नहीं भाता ; ४. षड्यन्त्र ; कुचक्र ।

кўхонный (वि०) रसोई का ; к. рабóчий रसोई में काम करनेवाला ; к. нож रसोई में काम आनेवाला चाकू ।

кўц||ый (वि०) **I.** १. पुछकटा ; २. (कपड़ा) तंग ; छोटा ; ३. सीमित ; —ые свобóды सीमित स्वातन्त्र्य ; **II.** (काव्य०) शशक ।

кўча (स्त्री०) समूह ; ढेर ; навóзная к. गोबर का ढेर ।

кўчер (पुं०) कोचवान ; **—скóй** (वि०) कोचवान का ।

кўчка (स्त्री०) кўча का अल्प० ; к. людéй लोगों का छोटा-सा दल ।

куш (पुं०) बड़ी रक़म ; сорвáть к. बड़ी रक़म छीनना ।

кушáк (पुं०) कमरबन्द ; पेटी ।

кўшанье (नपुं०) भोजन ; खाद्य पदार्थ ।

кушáть (अपू०), **с—** (पू०) खाना ; भोजन करना ; (चाय आदि) पीना ; к. чай चाय पीना ; пожáлуйте к. कृपया भोजन कीजिए ; भोजन तैयार है ।

кушéтка (स्त्री०) काउच ; सोफ़ा ।

Л

лабиа́льный (वि०) ओष्ठ्य ।

лабири́нт (पुं०) भूलभुलैयाँ ; गोरखधन्धा ; л. коридо́ров बरामदों की भूलभुलैयाँ ; л. жи́зни जीवन का गोरखधन्धा ।

лабора́нт (पुं०), **—ка** (स्त्री०) प्रयोगशाला-सहायक ।

лаборато́рия (स्त्री०) प्रयोगशाला ; अनुसन्धान-शाला ।

ла́ва (स्त्री०) (ज्वालामुखी पहाड़ में से निकलने वाला) भूराल ; लावा ।

лава́нда (स्त्री०) लैवेंडर (एक सुगन्धित पौधा) ।

лави́на (स्त्री०) हिमानी ।

лави́ровать (अपू०) (वर्त० —рую) जहाज़ का वायु के विरुद्ध दायें-बायें होकर चलना ।

ла́вка (स्त्री०) **I.** पुराने रूसी किसानों के घरों में बैठने के लिए दीवार में गड़ा तख्ता / बेंच ; **II.** छोटी दुकान (अंग्रेज़ी—कैंटीन) ; □ мо́дная л. फ़ैशन की दुकान ।

ла́вочка (स्त्री०) ла́вка का अल्प० ।

лавр (पुं०) १. सेहरा ; २. जयपत्र (चमकदार पत्तियोंवाला एक पौधा) ।

ла́вра (स्त्री०) (प्रथम श्रेणी का) मठ ; विहार ।

лавро́вый (वि०) лавр से वि० ।

ла́герный (वि०) ла́герь से वि० ।

ла́герь (पुं०) १. शिविर ; कैम्प ; २. दल ।

лад (पुं०) १. सामंजस्य ; समस्वरता ; एकता ; मेल ; жить в —у́ मेल से रहना ; २. रीति ; ढंग ; на ра́зные —ы́ विभिन्न रीतियों से ; на но́вый л. नयी रीति से, नये ढंग से ; на ста́рый л. पुराने ढंग से ; ३. (संगीत) ताल ; सुर ; петь в л. सस्वर गाना ; सुर-ताल में गाना ।

ла́дан (पुं०) सुगन्धित धूप ; लोहबान ; □ дыша́ть на л. एक पाँव क़ब्र में होना ।

ла́данка (स्त्री०) तावीज़ ; जन्तर ।

ла́д||ить (अपू०) (वर्त० ла́жу, ла́дишь) सहमत होना ; एकता का भाव रखना ; मेल रखना ; они́ не —ят उनकी बनती नहीं, उनकी अनबन है ; л. одно́ и то́ же एक ही बात की रट लगाना ; **—иться** (आत्म०) : де́ло не ла́дится काम ठीक नहीं चल रहा है ।

ла́дно (क्रि० वि०) १. एकता से ; मेल से ; २. अच्छा ! ; बहुत अच्छा ! ; ३. सफलतापूर्वक ; भली प्रकार से ।

ладо́н||ь (स्त्री०) करतल ; हथेली ; —ью вверх हथेली ऊपर करके ।

ладо́ши (बहु०) ладо́нь का अल्प० ; бить, хло́пать в л. ताली बजाना ।

лады́жка = лоды́жка.

ладья́ (स्त्री०) १. (काव्य०) नाव ; किश्ती ; २. (शतरंज में) हाथी / रुख़ ।

лаз (पुं०) भूगर्भस्थ नाले में घुसने का छिद्र ।

ла́занье (नपुं०) : л. по дере́вьям पेड़ों पर चढ़ना ; л. по кана́ту रस्से पर चढ़ना ।

лазаре́т (पुं०) (स्कूल, सेना या जेल में) अस्पताल ; (जहाज़ पर) रोगियों का कक्ष ।

ла́зать = ла́зить.

лазе́йка (स्त्री०) (घुसने का) छिद्र ; л. в забо́ре मेंड़ में से घुसने का छिद्र ।

ла́зить (अपू०) (ла́жу, ла́зишь) दे० лезть, अन्तर केवल इतना है कि лезть निश्चित दिशा की ओर गति और कार्य का एक बार होना सूचित करता है और ла́зить कार्य के विभिन्न समय पर बार-बार होने और विभिन्न दिशाओं की ओर गति सूचित करता है ; он два ра́за ла́зил на сте́ну वह दीवार पर दो बार चढ़ा ; вме́сте мы по забо́рам ла́зили हम मिलकर मेंड़ों पर चढ़ते रहे ।

лазо́ревый = лазу́рный.

лазу́рный (वि०) आसमानी ; आकाश के समान नीला ।

лазу́рь (स्त्री०) नभनील ; आसमानी रंग ।

лазу́тчик (पुं०) (सेना०) खुफ़िया सिपाही ; स्काउट ।

лай (पुं०) कुत्ते की भौं-भौं ।

ла́йка (स्त्री०) **I.** एस्कीमो कुत्ता ; **II.** (बकरी के बच्चे की) खाल ; चमड़ी ।

ла́йковый (वि०) बकरी के बच्चे की खाल का ।

лак (पुं०) पीतल पर चढ़ाने का सुनहरा रोग़न ; वार्निश ।

ла́ка||ть (अपू०) जीभ से चपचप करके पीना ; ко́шка —ет молоко́ बिल्ली दूध पी रही है ।

лаке́й (पुं०) दास ; अनुचर ; टहलुआ ; सेवक ।

лакирова́ть (अपू०) (—ру́ю) रोग़न करना ; वार्निश करना ;

ла́кмус (पुं०) (रस०) लिटमस ।

ла́ковый (वि०) лак से वि० ।

ла́ком||иться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० ла́комлюсь, ла́комишься) स्वादिष्ट भोजन करना ; स्वाद से खाना ; медве́дь —ится мёдом रीछ शहद को बड़े स्वाद से खाता है ; **—ка** (स्त्री०) पेटू ; चटोरा ; **—ый** (वि०) स्वादिष्ट ; —ое блю́до स्वादिष्ट भोजन ।

лакони́||зм (पुं०) मितभाषण ; संक्षेपोक्ति ; संक्षेपलेखन ; **—ческий** (वि०) अल्प ; संक्षिप्त ; —ческое изве́стие संक्षिप्त समाचार ; **—чность** (स्त्री०) = лакони́зм ; **—чный** =лакони́ческий.

лакта́ция (स्त्री०) दुग्धन ; स्तनपान ; दूध देना ।

лакто́за (स्त्री०) (रस०) दुग्ध ; दुग्ध-शर्करा (अंग्रेज़ी—लेक्टोज़ा) ।

лакто́метр (पुं०) दुग्धत्वमापी ।

ла́ма (स्त्री०) **I.** (पशु) लामा ; **II.** (तिब्बत का बौद्ध भिक्षु) लामा ।

ла́мпа (स्त्री०) लैम्प ; (रेडियो का) वाल्व ; кероси́новая л. मिट्टी के तेल से जलनेवाला लैम्प ; насто́льная л. टेबल-लैम्प ।

лампа́дка (स्त्री०) (ईसा की मूर्ति के सामने जलायी जानेवाली) ज्योति ।

лампа́с (पुं०) (अफ़सर की पतलून पर की) रंगदार धारी ।

ла́мповый (वि०) लैम्प का ; (रेडियो के) वाल्व का ।

ла́мпочка (स्त्री०) १. ла́мпа का अल्प० ; २. बिजली का बल्ब ।

ландо́ (नपुं०) लैंडो गाड़ी ।

ла́ндыш (पुं०) दरी-नलिनी (घाटी में उत्पन्न होने वाला फूल का पौधा) ।

ланце́т (पुं०) नश्तर ; चीर-फाड़ करने की छुरी ; **—ный** (वि०) नश्तर का ।

ланцетови́дный (वि०) नश्तर के आकार का ।

лань (स्त्री०) (एक प्रकार का) मृग ।

ла́па (स्त्री०) १. पंजा ; २. (कबूतर की खुली पूँछ के समान) चूल ।

ла́пка (स्त्री०) ла́па का अल्प० ।

ла́поть (पुं०) छाल का बना जूता ।

лапта́ (स्त्री०) लाप्ता (गेंद से खेला जानेवाला एक खेल) ।

лапша́ (स्त्री०) लापशा (एक प्रकार की लपसी) ।

ларе́ц (पुं०) बक्स ; पेटी ; सन्दूक ; (जवाहिरात आदि रखने की) सन्दूकची ।

ла́рчик (पुं०) १. ларе́ц का अल्प० ; □ а л. про́сто открыва́лся समाधान बहुत सरल था ।

ларь (पुं०) (लकड़ी का) डिब्बा ; सन्दूकची ।

ла́ска (स्त्री०) **I.** १. आलिंगन ; दुलार ; लाड़ ; २. (केवल एकवचन) भलाई ; **II.** नेवला ; नकुल ।

ласка́тельн||ый (वि०) दुलार का ; प्यार का ; —ое и́мя दुलार/प्यार का नाम ।

ласка́ть (अपू०) दुलार करना ; प्यार करना ; लाड़ करना ; पुचकारना ; **—ся** (आत्म०) (परस्पर) लाड़/प्यार करना ; पुचकारना ।

ла́сков||ость (स्त्री०) कोमलता ; मृदुलता ; **—ый** (वि०) प्रेम-भरा ; मृदुल ; मधुर ; —ые слова́ मधुर शब्द ।

ла́ститься = ласка́ться.

ла́сточка (स्त्री०) अबाबील (चिड़िया) ; □ одна́ л. весны́ не де́лает अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ता ; пе́рвая л. प्रथम चिह्न, प्रथम लक्षण ।

лата́ть (अपू०) पैबन्द लगाना ; (फटे हुए कपड़े की)

мaрम्मत करना ; л. одéжду कपड़े में पैबन्द लगाना ।

латви́йский (वि०) लातविया देश का ।

латéнтн||ый (वि०) निहित ; गुप्त ; भीतरी ; —ая теплотá गुप्त उष्मा ।

лáтный (वि०) कवच का ।

латýк (पुं०) सलाद ।

латýнн||ый (वि०) पीतल का ; —ая прóволока पीतल का तार ।

латýнь (स्त्री०) पीतल ।

лáты (बहु०) कवच ।

лауреáт (पुं०) चूड़ामणि ; शिरोमणि ; л. лéнинской прéмии लेनिन-पुरस्कार-विजेता ।

лафá (विधेय) (कर्तृ-निरपेक्ष) емý л. उसकी चाँदी है/वह बड़ा भाग्यशाली है ।

лафéт (पुं०) तोप-गाड़ी ।

лáцкан (पुं०) कोट के सामने के भाग का मोड़ ।

лачýга (स्त्री०) झोंपड़ी ; छप्पर ; कुटी ।

лачýжка (स्त्री०) лачýга का अल्प० ।

лáять (अपू०) (कुत्ते आदि का) भौंकना ।

лганьё (नपुं०) झूठ बोलने की क्रिया ।

лгать (अपू०), **солгáть, налгáть** (पू०) (वर्त० лгу, лжёшь) १. (солгáть पू० के साथ) झूठ बोलना ; २. (налгáть पू० के साथ) बदनाम करना ; अपयश फैलाना ; झूठी तोहमत लगाना ।

лгун (पुं०), **—ья** (स्त्री०) झूठा पुरुष / झूठी स्त्री ।

лгуни́шка (पुं०) मिथ्यावादी मनुष्य ; झूठा ।

лебедá (स्त्री०) (वन०) बथुआ ।

лебеди́н||ый (वि०) лéбедь से वि० ; —ая шéя हंस की गर्दन ।

лéбедь (पुं०) हंस ; हंसिनी ।

лебези́ть (अपू०) (वर्त० лебежý, лебези́шь) चापलूसी करना ; किसीके आगे झुकना ; л. пéред хозя́ином मालिक की चापलूसी करना ।

лебя́жий (वि०) лéбедь से वि० ।

лев (पुं०) सिंह ; शेर ।

левéть (अपू०), **по—** (पू०) वामपक्षी दल में शामिल होना ; आमूल सुधारवादी होना ।

левизнá (स्त्री०) वामवाद ; आमूल सुधारवाद ।

левосторóнний (वि०) वामपक्षी ; बायीं ओर का ।

левшá (उभ०) खब्बा ; बायें हाथ से काम करनेवाला/वाली ।

лéвый (वि०) १. बायाँ ; २. वामपक्षी ।

легáвый = лягáвый.

легализи́ровать (अपू०) (वर्त०—рую) विधानीकरण करना ; विधिसंगत करना ; क़ानून के अनुसार बनाना ।

легализовáть = легализи́ровать.

легáльн||ость (स्त्री०) वैधता ; विधिवत्ता ; क़ानून के अनुसार होने का भाव ; **—ый** (वि०) वैध ; क़ानूनी ।

легáт (पुं०) पोप-दूत ।

легéнд||а (स्त्री०) दन्तकथा , निजन्धरी ; **—áрный** (वि०) दन्तकथामूलक ; दन्तकथा-सम्बन्धी ; निजन्धरीय ।

легиóн (पुं०) सायुध सैन्य ; वरूथ ।

легислатýра (स्त्री०) विधान-सभा की कार्यविधि ।

легитими́ст (पुं०)प्रतिक्रान्ति तथा राजतन्त्र का समर्थक ; वैधतावादी ।

лёгк||ий (वि०) १. हल्का ; २. सहज ; आसान ; सरल ; ३. साधारण ; सामान्य ; मामूली ; —ая простýда मामूली सर्दी ।

легкó (क्रि० वि०) १. सहजता से ; सरलता से ; आसानी से ; э́то емý л. даётся यह उसके लिए आसान है ; २. हल्के से ; हौले से ; л. ступáть हौले से चलना, फूँक-फूँककर क़दम रखना ; □ л. сказáть कहना सहज है, करने से कहना सहज है ।

легков||éрие (नपुं०) सहज विश्वास ; **—ный** (वि०) सहज विश्वास करनेवाला ।

легковéсный (वि०) (बोझ में) हल्का ।

легковóй (वि०) : л. автомоби́ль मोटरकार ।

лёгк||ое (नपुं०) (वि० रू०) फेफड़ा ; воспалéние обóих —их डबल निमोनिया ।

легкомы́сленн||о (क्रि० वि०) हल्केपन से ; बिना विचारे ; बेसमझे-बूझे ; चंचलता से ;

—ый (वि०) हल्का ; अविवेकी ; बेफ़िक्र ; बेपरवाह ; अस्थिरचित्त ; चंचलचित्त ।

легкомы́слие (नपुं०) हल्कापन ; अविवेक ; बेपरवाही ; अस्थिरता ; चंचलता ।

лёгкость (स्त्री०) १. हल्कापन ; २. सहजता ।

лего́нько (क्रि० वि०) १. थोड़ा-सा ; हल्का-सा ; २. सावधानी से ; धीरे से ।

лёгочный (वि०) फेफड़ा-सम्बन्धी ; फेफड़े का ।

легча́ть (अपू०), **по—** (पू०) (तुषार आदि का) कम होना ; हल्का पड़ना ।

ле́гче лёгкий और лёгко का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

лёд (पुं०) बर्फ़ ।

ледене́ть (अपू०) १. जमना ; बर्फ़ में परिणत होना ; २. (ठंड के मारे) सुन्न होना ; अकड़ जाना ;

ледене́ц (पुं०) फल-रस मिली मिठाई ।

ледени́ть (अपू०) जमाना ; बर्फ़ में परिणत करना ; моро́з ледени́т во́ду तुषार पानी को जमा देता है ।

ледни́к (पुं०) १. प्रशीतक (अंग्रेज़ी—रेफ़्रीजरेटर) ; बर्फ़ रखने का बक्स ; २. हिमनदी ।

ледово́й (वि०) (कभी-कभी ледо́вый भी) बर्फ़ का ।

ледоко́л (पुं०) हिमध्वंसी पोत/जहाज़ ; बर्फ़ तोड़ने का जहाज़ ।

ледоре́з (पुं०) १. बर्फ़ काटनेवाला ; २. पुल की रक्षा करने के लिए उसके अगल-बगल का कंकड़-पत्थरों का ढेर ।

леды́шка (स्त्री०) बर्फ़ का टुकड़ा ।

ледяне́ть (अपू०), **ледяни́ть** (पू०) = ледене́ть और ледени́ть.

ледяно́й (वि०) १. हिमाच्छादित ; बर्फ़ से ढका हुआ ; २. बर्फ़ की तरह ठंडा ; हिम-शीतल ।

лежа́л||ый (वि०) बासी ; पुराना ; देर से पड़ा हुआ ; л. хлеб बासी रोटी ; —ая мука́ देर से पड़ा हुआ (ख़राब) आटा ।

лежа́нка (स्त्री०) अँगीठी के पास पत्थरों से बना सोने का स्थान (रूस में सर्दी अधिक होने के कारण अँगीठी के पास ही सोने के स्थान बना लिये जाते हैं) ।

леж||а́ть (अपू०) १. लेटना ; (किसी वस्तु का लेटी हुई दशा में) पड़ा होना ; он —и́т в посте́ли वह पलंग पर लेटा है ; кни́га —и́т на столе́ पुस्तक मेज़ पर पड़ी है ; २. स्थित होना ; го́род —и́т на берегу́ мо́ря शहर सागर-तट पर (स्थित) है ; э́то лежи́т на его́ обя́занности यह उसका कर्तव्य है ; э́то —и́т на его́ отве́тственности यह उसकी ज़िम्मेदारी है ।

лежа́чий (वि०) लेटा हुआ ।

лёжк||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) बहुत देर तक पड़े रहना ; проводи́ть вре́мя в —е लेटे-लेटे समय गुज़ार देना ; мука́ от —и испо́ртилась ज़्यादा देर पड़े रहने से आटा ख़राब हो गया ; □ лежа́ть в —у (रोगी के विषय में) पलँग पर लेटे रहना ।

лежмя́ (क्रि० वि०) लेटे हुए ; लेटे-लेटे ।

ле́звие (नपुं०) (काटनेवाली या पैनी वस्तु की) धार ; л. ножа́ चाक़ू की धार ।

лезть (अपू०), **по—** (पू०) १. दे० ла́зить ; २. चढ़ना ; ऊपर चढ़ना ; л. на де́рево पेड़ पर चढ़ना ; ३. (-में) घुसना ; л. в во́ду पानी में घुसना ; ४. हस्तक्षेप करना ; टाँग अड़ाना ; л. не во своё де́ло दूसरे के काम में हस्तक्षेप करना ; ५. (बालों का) गिरना ; उतरना ; झड़ना ; ६. ठीक नाप का होना ; फ़िट आना ; сапоги́ ему́ не ле́зут जूते उसके ठीक नहीं आते, जूते उसके नाप के नहीं हैं ।

ле́йка (स्त्री०) (पौधों में) पानी देने का बर्तन ।

лейтена́нт (पुं०) (सेना में) लेफ़्टिनेंट ।

лека́ло (नपुं०) (निर्माण-सम्बन्धी) टेढ़ी लकीरें खींचने का उपकरण ।

лека́рственн||ый (वि०) ओषधि-सम्बन्धी ; (पौधा) ओषधि रूप में प्रयुक्त होनेवाला ; —ое расте́ние जड़ी-बूटी ।

лека́рство (नपुं०) ओषधि ; दवा ; л. от, про́тив ка́шля खाँसी की ओषधि/दवा ; принима́ть л. ओषधि-सेवन करना, दवा लेना ।

ле́карь (पुं०) (घृणासूचक) चिकित्सक ; नीम-हकीम ।
ле́ксика (स्त्री०) शब्दभंडार ; शब्दज्ञान ।
лексикогра́фия (स्त्री०) कोश-संकलन ; कोशरचना-शास्त्र ।
лексико́н (पुं०) शब्दकोश ; शब्द-संग्रह ।
ле́ктор (पुं०) प्राध्यापक ; व्याख्याता ; व्याख्यान/भाषण देनेवाला ।
лекцио́нный (वि०) व्याख्यान-सम्बन्धी ।
ле́кци||я (स्त्री०) व्याख्यान ; भाषण ; чита́ть —ю भाषण देना, व्याख्यान देना ।
леле́ять (अपू०) पोषित करना ; पालना ; л. наде́жду आशा पालना ।
леме́х (पुं०) हल की धार ; फार ।
леме́шный (वि०) леме́х से वि० ।
ле́мма (स्त्री०) (गणित) प्रमेयिका ।
лен (पुं०) (फ़ौजी काम करने के बदले दी गयी) जागीर ।
лён (पुं०) पटुआ ; सन ।
лени́в||ец (पुं०) १. = лентя́й ; २. स्लौथ (अमरीका देश का एक चौपाया जो बहुत धीरे-धीरे चलता है) ; **—ый** (वि०) आलसी ; □ —ые щи ताजा बन्दगोभी का सूप ।
лени́ться (आत्म० अपू०) आलस्य करना ; आलस्य में समय नष्ट करना ।
ленини́зм (पुं०) लेनिनवाद ।
ле́нн||ик (पुं०) सामन्त ; जागीरदार ; **—ый** (वि०) सामन्तीय ; सामन्तिक ।
ле́ность (स्त्री०) आलस्य ; सुस्ती ।
ле́нта (स्त्री०) फ़ीता ; रिबन ।
ле́нточка (स्त्री०) ле́нта का अल्प० ।
ле́нточный (वि०) ле́нта से वि० ।
лентя́й (पुं०), **—ка** (स्त्री०) आलसी ; दीर्घसूत्री ।
ленц||а́ (स्त्री०) : он с —о́й वह आलसी है ।
лень (स्त्री०) आलस्य ; सुस्ती ।
леопа́рд (पुं०) तेंदुआ ; बघेरा ।
лепестко́вый (वि०) पंखड़ीदार ।
лепесто́к (पुं०) पंखड़ी ; л. ро́зы गुलाब की पंखड़ी ।
ле́пет (पुं०) तुतलाहट ; गद्गद् वाणी ; де́тский л. बच्चे की तुतलाहट ।
лепета́ние (नपुं०) = ле́пет.
лепета́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त० лепечу́, лепе́чешь) अस्पष्ट बोलना ; तुतलाना ; बेकार बातें करना ; де́ти лепечу́т बच्चे तोतली बोली बोलते हैं ।
лепёшка (स्त्री०) १. चपटी केक ; पूड़ी ; २. (औषधि की) टिकिया ।
лепи́ть (अपू०), **вы́лепить, слепи́ть** (पू०) (वर्त० леплю́, ле́пишь) १. (вы́лепить पू० के साथ) (मिट्टी आदि की) मूर्ति बनाना ; प्रतिमा बनाना ; л. Пу́шкина पुश्किन की मूर्ति बनाना ; २. (слепи́ть पू० के साथ) (घौंसला आदि) बनाना ; ३. चिपकाना ; л. афи́шку на сте́ну दीवार पर इश्तहार चिपकाना **—ся** (आत्म०) -से चिमटना ।
ле́пка (स्त्री०) १. (मिट्टी आदि से) मूर्ति बनाने की क्रिया ; २. मूर्ति ।
лепно́й (वि०) प्लास्टिक का ।
лепрозо́рий (पुं०) कुष्ट-रोगियों (कोढ़ियों) का अस्पताल ।
ле́пт||а (स्त्री०) यूनान देश का एक छोटा-सा सिक्का ; □ вноси́ть свою́ —у अपने बिरते के अनुसार सहायता करना ।
лес (पुं०) १. वन ; जंगल ; густо́й л. घना जंगल ; дрему́чий л. घना जंगल ; २. (इमारती) लकड़ी ; л. ру́бят, ще́пки летя́т बिना अंडा तोड़े आमलेट नहीं बनता ।
леса́ (बहु०) **I.** (मकान आदि बनाने के लिए) अस्थायी मचान ; **II.** मछलियाँ पकड़ने के काँटे के साथ लगा धागा ।
ле́сенка (स्त्री०) ле́стница का अल्प० ।
леси́стый (वि०) लकड़ी का ; वन का ; जंगल का ।
ле́ска, лёска = леса́-II.
лесни́к (पुं०) १. जंगल का पहरेदार/रखवाला ; २. इमारती लकड़ी-उद्योग का कर्मचारी ।

лесно́й (वि०) १. वन का; जंगल का; २. इमारती लकड़ी का; л. материа́л इमारती लकड़ी।

лесозаготóвка (स्त्री०) जंगल में से इमारती लकड़ी काटने का काम।

лесóк (पुं०) छोटा जंगल; (पेड़ों का) झुरमुट।

лесонасажде́ние (नपुं०) वन लगाना; वन-रोपण।

лесоохране́ние (नपुं०) वन-रक्षा।

лесопи́лка (स्त्री०) १. (लकड़ी चीरने का) आरा; २. (यन्त्र से) लकड़ी चीरने का कारखाना।

лесопи́ль||ный (वि०) लकड़ी चीरने का; л. заво́д (मशीन से) लकड़ी चीरने का कारखाना; **—ня** (स्त्री०) (यन्त्र से) लकड़ी चीरने का कारखाना।

лесопромы́шленник (पुं०) इमारती लकड़ी का व्यापारी।

лесору́б (पुं०) जंगल में लकड़ी काटनेवाला मजदूर।

лесосе́ка (स्त्री०) (वन में) लकड़ी काटने का क्षेत्र।

лесоэ́кспорт (पुं०) इमारती लकड़ी का निर्यात।

ле́стниц||а (स्त्री०) सीढ़ी; винтова́я л. चक्करदार सीढ़ी; спуска́ться по —е सीढ़ी से नीचे उतरना।

ле́стничный (वि०) सीढ़ी का।

ле́стный (वि०) प्रशंसापूर्ण; चापलूसी का।

лесть (स्त्री०) मिथ्या प्रशंसा; चापलूसी।

лёт (पुं०) उड़ान; на лету́ हवा में, ; (पक्षी) उड़ता हुआ; хвата́ть на лету́ उड़ती हुई बात पकड़ना, तीक्ष्णबुद्धि/कुशाग्रबुद्धि होना।

лета́ (बहु०) वर्ष; आयु; ско́лько ему лет? उसकी आयु कितनी है?; ему́ 10 лет उसकी आयु दस वर्ष की है; на ста́рости лет बुढ़ापे में।

летарги́ческий (वि०) सुस्त; निद्रालु; आलसी।

летарги́я (स्त्री०) आलस्य; निद्रालुता; सुस्ती।

лета́тельный (वि०) उड़नेवाला।

лета́ть (अपू०), **по—** (पू०) उड़ना।

лете́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० лечу́, лети́шь) (निर्दिष्ट दिशा में) उड़ना; पूर्ण वेग से दौड़ना।

ле́тний (वि०) ग्रीष्म ऋतु का।

лётный (वि०) १. उड़ने का; २. उड़ता हुआ।

ле́то (नपुं०) ग्रीष्म ऋतु; गर्मी का मौसम।

лето́к (पुं०) (मधुमक्खियों के छत्ते में) मक्खियों के भीतर जाने का रास्ता।

ле́том (क्रि० वि०) ग्रीष्म ऋतु में; गर्मी के मौसम में।

летопи́сец (पुं०) इतिवृत्तकार।

ле́топись (स्त्री०) इतिवृत्त।

леточисле́ние (नपुं०) वर्षगणन; कालगणन।

лету́н (पुं०) १. उड़ने में समर्थ; २. एक जगह टिककर काम न करनेवाला व्यक्ति।

лету́ч||ий (वि०) १. उड़ता हुआ; २. (रस०) वाष्पशील; □ —ая мышь चमगादड़।

лету́чка (स्त्री०) १. परिपत्रक; पुस्तिका; गश्ती चिट्ठी; २. अल्पकालिक सभा।

лётч||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) वैमानिक; विमान-चालक/चालिका; उड़नेवाला/वाली।

лече́||бница (स्त्री०) अस्पताल; चिकित्सालय; **—бный** (वि०) १. चिकित्सा-सम्बन्धी; २. ओषधि-सम्बन्धी; **—ние** (नपुं०) चिकित्सा; इलाज।

лечи́ть (अपू०) चिकित्सा करना; इलाज करना; он ле́чит моего́ сы́на वह मेरे बेटे का इलाज कर रहा है; **—ся** (आत्म०) १. अपना इलाज कराना; २. лечи́ть का कर्मवाच्य।

лечь दे० ложи́ться.

лже- (उपसर्ग) छद्म-; झूठा; मिथ्या।

лжеприся́га (स्त्री०) झूठी सौगन्ध; झूठी शपथ।

лжесвиде́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) झूठा गवाह; **—ство** (नपुं०) झूठी गवाही; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) झूठी गवाही देना।

лжеуче́ние (नपुं०) झूठा सिद्धान्त; झूठी शिक्षा।

лжец (पुं०) झूठा; मिथ्याभाषी।

лжи́вость (स्त्री०) असत्यता।

ли, ль (अ०) (सम्बन्धसूचक) १. यदि; он не по́мнит, ви́дел ли он его́ उसे स्मरण नहीं कि

उसने उसे देखा था या नहीं ; посмотри́, там ли де́ти ? देखना, बच्चे वहाँ हैं ? ; २. क्या ; возмо́жно ли ? क्या यह सम्भव है ?; зна́ет ли он э́то ? क्या उसे इसका पता है ?

лиа́на (स्त्री०) वृक्षलता ; बेल ।

либера́льн||ость (स्त्री०) उदारता ; **—ый** (वि०) उदार ।

ли́бо (अ०) या ; अथवा ; л. оди́н, л. друго́й या यह या वह ; कोई-सा ; २. दे० где-ли́бо, како́й-ли́бо, кто-ли́бо.

libре́тто (नपुं०) लिब्रेत्तो (पद्य-नाट्य अथवा मूक-नाट्य की संक्षिप्त कथावस्तु) ।

ли́вень (पुं०) (मूसलाधार) वर्षा ; अतिवृष्टि ।

ли́вмя (क्रि० वि०) : дождь л. льёт मूसलाधार वर्षा हो रही है ।

ливре́йный (वि०) १. ливре́я से वि० ; २. वर्दी पहने/बावर्दी (नौकर) ।

ли́га (स्त्री०) संघ ; Ли́га На́ций राष्ट्र-संघ ।

лигату́ра (स्त्री०) १. (रसा०) मिश्रधातु ; २. (छापे के) एक में ढले हुए (जुड़वाँ) टाइप ; ३. (चिकि०) पट्टी ।

ли́дер (पुं०) नेता ।

лиза́ть (अपू०), **лизну́ть** (पू०) (वर्त० лижу́, ли́жешь) चाटना ; **—ся** (आत्म०) एक-दूसरे को चाटना ; एक-दूसरे का चुम्बन करना ।

лик (पुं०) (काव्य०) आनन ; मुखड़ा ।

ликвида́ция (स्त्री०) परिसमापन ; अपाकरण ।

ликви́дн||ый (वि०) (व्यापार-सम्बन्धी) तैयार ; नक़द ; —ые сре́дства नक़द माल, नक़द धन ।

ликёр (पुं०) मदिरा ।

ликова́ние (नपुं०) परम हर्षित होने की क्रिया ।

ликова́ть (अपू०) (—ку́ю) आनन्दित होना ; अतिप्रसन्न होना ; अतिहर्षित होना ।

лиле́йный (वि०) कमल की भाँति श्वेत ; कमलवत् ; कमल के सदृश ।

ли́лия (स्त्री०) कुमुदिनी ; कमल ।

лимб (पुं०) अंग ; अवयव ।

лимо́н (पुं०) नींबू ।

лимона́д (पुं०) नींबू का शर्बत ; लेमन-सोडा ।

лимо́нн||ый (वि०) नींबू का ; —ое де́рево नींबू का पेड़ ।

ли́мф||а (स्त्री०) (शरीर-रचना०) लसीका ; लसिका ; **—ати́ческий** (वि०) लसीका- ; —ати́ческие сосу́ды लसीकायनी ।

лингви́ст (पुं०) भाषाविद् ; भाषा-शास्त्री ; **—ика** (स्त्री०) भाषा-विज्ञान ; भाषा-शास्त्र ; **—и́ческий** (वि०) भाषा-सम्बन्धी ।

линева́ть = линова́ть

лине́йка (स्त्री०) १. रेखा ; २. रेखाएँ डालने का रूल ।

лине́йн||ый (वि०) रेखा का ; रेखा- ; —ые ме́ры रेखा-माप ।

ли́нза (स्त्री०) लेंस (चश्मे/दूरबीन/फ़ोटो-कैमरे आदि का शीशा) ।

ли́ния (स्त्री०) रेखा ; लकीर ; крива́я л. वक्र रेखा ; пряма́я л. सरल रेखा, सीधी रेखा ।

линко́р (лине́йный кора́бль) जंगी जहाज़ ।

лино́ванн||ый (वि०) लकीरदार ; रेखाओंवाला ; —ая бума́га लकीरदार काग़ज़ ।

линова́ть (अपू०), **на—** (पू०) (—ну́ю) रेखाएँ लगाना ; लकीरें खींचना ।

линч (पुं०) लिंच-विधान (स्वयंनिर्मित अदालत की व्यवस्था जो एकदम प्राणदंड दे देती है) ।

ли́нька (स्त्री०) (पशुओं के) बाल झड़ना ; (पक्षियों के) पर या रोम गिरना ।

линю́чий (वि०) (रँग) फीका पड़ जानेवाला ।

линя́ть (अपू०), **по—** (पू०) १. (कपड़े का) रँग फीका पड़ जाना ; रँग छूटना ; २. (पशुओं के) बाल झड़ना ; (पक्षियों के) पर या रोम गिरना ; (सर्प का) केंचुली उतारना ।

ли́па (स्त्री०) लीपा (एक सघन छायावाला सुगन्धपूर्ण वृक्ष) ।

ли́пка (स्त्री०) ли́па का अल्प० ।

ли́пкий (वि०) चिपचिपा ।

ли́повый (वि०) लीपा (दे० ли́па) का ।

ли́ра (स्त्री०) वीणा ; बीन ।

ли́р||ик (पुं०) गीति-कवि ; **—ика** (स्त्री०) गीति-काव्य ; **—и́ческий** (वि०) गीतिकाव्य-विषयक ।

лиро||ви́дный (वि०) वीणा के आकार का ; **—подо́бный** (वि०) वीणा जैसा ।

лис||а́ (स्त्री०) लोमड़ी ; □ —о́й прики́дываться खुशामद करना/तलवे चाटना ।

лисёнок (पुं०) लोमड़ी का बच्चा ।

ли́сий (वि०) लोमड़ी का ; л. мех लोमड़ी की पोस्तीन ।

лиси́ца (स्त्री०) लोमड़ी (मादा) ।

лиси́чка (स्त्री०) лиси́ца का अल्प० ।

лист (पुं०) **I.** (बहु० ли́стья) पत्ता ; **II.** (बहु० —ы́) १. (काग़ज़ का) पन्ना ; २. (लोहे आदि की) चादर ।

листа́ж (पुं०) (किसी पुस्तक के) पृष्ठों की संख्या ।

листа́||ть (अपू०) पन्ने उलटाना ; не —й стра́ницы पन्ने मत उलटो ।

листв||а́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) (समू०) पत्ते ; де́ревья оде́лись —о́й पेड़ों में पत्ते निकल आये ।

ли́ственн||ица (स्त्री०) लार्च (एक लम्बा सीधा पेड़) ; **—ый** (वि०) सपत्र ; पत्तोंवाला ; —ое де́рево पत्तोंवाला पेड़ ।

листо́вка (स्त्री०) पत्रक ; छोटा पन्ना ।

листов||о́й (वि०) १. पत्तों का ; २. —о́е желе́зо चादर का लोहा ।

листо́к (पुं०) १. лист का अल्प० ; २. पत्रक ।

листопа́д (पुं०) पतझड़ ।

лите́й||ная (स्त्री०) (वि० रू०) ढलाई का कारखाना ; **—ный** (वि०) ढलाई का ; —ный заво́д ढलाई का कारखाना ; **—щик** (पुं०) ढलाई करनेवाला ।

ли́тер (पुं०) रेल का पास ।

ли́тера (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) टाइप ।

литера́тор (पुं०) साहित्यसेवी ; साहित्यिक ।

литерату́р||а (स्त्री०) साहित्य ; **—ный** (वि०) साहित्य-सम्बन्धी ; साहित्यिक ; —ный язы́к साहित्यिक भाषा ; —ное насле́дие साहित्यिक परम्परा ।

литогра́фия (स्त्री०) पत्थर का छापा ; लीथो ।

лит||о́й (वि०): —а́я сталь ढलवाँ इस्पात, पिंडक इस्पात ।

литр (पुं०) लिटर (एक माप — एक घन डेसीमीटर का आयाम जिसमें ४ दर्जे सेंटीग्रेड तापांक का एक किलोग्राम पानी आता है ; ४½ लिटर = १ गेलन) ; **—овый** (वि०) लिटर का ; —овая буты́лка एक लिटर की बोतल ।

литурги́я (स्त्री०) (गिरजाघर में) सार्वजनिक उपासना-पद्धति ।

лить (अपू०) (वर्त० лью, льёшь) १. उँडेलना ; л. во́ду पानी उँडेलना ; २. дождь льёт как из ведра́ मूसलाधार वर्षा हो रही है ; пот льёт с него́ гра́дом वह पसीने से तरबतर है ; ३. (लोहा आदि) ढालना ; □ л. слёзы आँसू बहाना ; **—ся** (आत्म०) १. बहना ; २. лить का कर्मवाच्य ।

литьё (नपुं०) १. ढलाई ; २. ढलाई करके तैयार की हुई वस्तुएँ ।

лиф (पुं०) स्त्रियों के पहनने की चोली ; अँगिया ।

лифт (पुं०) लिफ़्ट ।

liха́ч (पुं०) निर्भीक ; तेज़ ; बेधड़क ।

лихв||а́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) ब्याज ; отплати́ть с —о́й ब्याज समेत अदा करना ।

ли́хо (नपुं०) **I.** (केवल एकवचन) दुष्टता ; पाप ; **II.** (क्रि० वि०) निर्भीकतापूर्वक ; बेधड़क ।

лихои́мец (पुं०) सूदख़ोर ; अधिक ब्याज लेनेवाला ।

лихо́й (वि०) पापी ; दुष्ट ।

лихора́д||ить (अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ —ит उसको ज्वर है ।

лихора́дка (स्त्री०) ज्वर ; बुख़ार ; жёлтая л. पीतज्वर ।

лихора́дочн||ый ज्वर का ; बुख़ार का ; —ое состоя́ние बुख़ार की हालत ; —ый пульс बुख़ार की नब्ज़ ।

ли́хость (स्त्री०) निर्भीकता ; वीरता ; बहादुरी ; साहस ।

лицева́ть (अपू०) (—цу́ю) १. (वस्त्र आदि की) तह उलटना ; २. (अँगीठी आदि के भीतर) अस्तर लगाना ।

лицево́й (वि०) १. मुख का ; चेहरे का ; २. л. счёт निजी खाता ।

лицезре́ть (अपू०) स्वयं देखना ।

лицеме́р (पुं०) दम्भी ; ढोंगी ; **—ить** (अपू०) दम्भ करना ; ढोंग रचना ; **—ие** (नपुं०) दम्भ ; ढोंग ।

лице́нзия (स्त्री०) अनुज्ञा-पत्र ; लाइसेंस ।

лицеприя́ти||е (नपुं०) पक्षपात ; без —я बिना पक्षपात के ।

лиц||о́ (नपुं०) १. मुख ; मुँह ; चेहरा ; २. व्यक्ति ; де́йствующие ли́ца (नाटक के) पात्र ; ३. (व्या०) पुरुष ; □ —о́м к лицу́ आमने-सामने ; пе́ред —о́м मुँह पर ; от —а́ кого́-л. किसी-की ओर से ।

ли́чико (नपुं०) лицо́ का अल्प० ।

личи́н||а (स्त्री०) छद्ममुख ; चेहरा ; (बनावटी) वेश ; сорва́ть —у с кого́-л. किसीकी पोल खोलना/किसीका सच्चा रूप दिखाना ; под —ой (-की) आड़ में ।

личи́нка (स्त्री०) कीटडिम्ब ; अंडे से बाहर निकलने पर कीड़े का आकार ।

ли́чно (क्रि० वि०) व्यक्तिगत रूप से ; स्वयं ।

личны́й (वि०) лицо́ से वि० ।

ли́чн||ость (स्त्री०) १. व्यक्तित्व ; २. व्यक्ति ; **—ый** (वि०) व्यक्तिगत ; निजी ; л. секрета́рь निजी/व्यक्तिक सहायक ।

лиша́ть (अपू०), **лиши́ть** (पू०) वंचित करना ; छीनना ; л. прав अधिकारों से वंचित करना ; л. себя́ жи́зни आत्महत्या करना ; л. гражда́нских, избира́тельных прав मताधिकार से वंचित करना ; л. свобо́ды बन्दी बनाना, क़ैद करना ; **—ся** (आत्म०) खोना ; वंचित होना ; —ся зре́ния दृष्टि खोना ; अन्धा होना ; —ся чувств मूर्च्छित होना, बेहोश होना ।

ли́ш||ек (पुं०) : два́дцать лет с —ком बीस वर्ष से कुछ ऊपर ।

лиши́ть दे० лиша́ть.

ли́шн||ый (वि०) अनावश्यक ; फ़ालतू ; он здесь л. वह यहाँ फ़ालतू है/उसकी यहाँ ज़रूरत नहीं ; с —им से अधिक ; три километра с —им तीन किलोमीटर से अधिक ।

лишь (क्रि० वि०) **I.** केवल ; л. бы यदि ; **II.** (अ०) (सम्बन्धसूचक) ज्योंही ; л. то́лько ज्योंही ।

лоб (पुं०) ललाट ; मस्तक ; माथा ; широ́кий л. откры́тый л. चौड़ा मस्तक ; □ семи́ пя́дей во лбу́ बहुत चालाक ; нахму́рить л. भृकुटि चढ़ाना ।

лобза́ние (नपुं०) चुम्बन ।

лобза́ть (अपू०) चुम्बन करना ।

ло́бзик (पुं०) (महीन तार की) आरी ।

лобко́в||ый (वि०) : —ая кость भगास्थि ; (अंग्रेज़ी—प्यूबिस) ।

ло́бн||ый (वि०) ललाट/मस्तक का ; —ая кость ललाटास्थि ; माथे की हड्डी ; □ —ое ме́сто फाँसी देने का स्थान ।

лов (पुं०) १. = ло́вля ; २. = уло́в.

лове́ц (पुं०) १. शिकारी ; २. मछेरा ; मछुआ ।

лови́ть (अपू०), **пойма́ть** (पू०) (वर्त० ловлю́, ло́вишь) पकड़ना ; л. ры́бу मछली पकड़ना ; л. ры́бу сетя́ми जाल में मछलियाँ पकड़ना ; л. кого́-л. в западню́ किसीको फन्दे में फँसाना ; л. взгляд नज़र पड़ना ; □ л. ры́бу в му́тной воде́ किसीका घर जले, और कोई तापे ।

ловка́ч (पुं०) झाँसेबाज़ ; झाँसा देनेवाला ।

ло́вк||ий (वि०) निपुण ; दक्ष ; चतुर ; **—ость** (स्त्री०) निपुणता ; दक्षता ; चतुराई ।

ло́вля (स्त्री०) (मछलियाँ आदि) पकड़ने की क्रिया ; शिकार ।

лову́шк||а (स्त्री०) फन्दा ; जाल ; пойма́ть в —у फन्दे में फँसाना ; попа́сть в —у फन्दे में फँसना ।

ло́вч||ий (वि०) —ие соба́ки शिकारी कुत्ते ।

лог (पुं०) (लम्बी गहरी) घाटी ; दर्रा ।

лóг||ика (स्त्री०) तर्क-शास्त्र ; न्याय-शास्त्र ; **—и́ческий, —и́чный** (वि०) तर्कसंगत ; युक्तियुक्त ।

лóгов||ище, —о (नपुं०) (वन्य पशुओं के रहने की) खोह ; माँद ।

лóдка (स्त्री०) नाव ; नौका ; किश्ती ; подвóдная л. पनडुब्बी ।

лóдоч||ка (स्त्री०) лóдка का अल्प० ; **—ник** (पुं०) केवट ; **—ный** (वि०) नाव का ; नौका का ।

лоды́жка (स्त्री०) टखने की हड्डी ; टखना ।

лóд||ырничать (अपू०) निकम्मे बैठना ; बेकार समय गँवाना ; **—ырь** (पुं०) निकम्मा ; बेकार समय गँवानेवाला आदमी ।

лóжа (स्त्री०) **I.** १. (थियेटर में) बॉक्स ; विशिष्ट स्थान ; २. निवास ; भवन ; **II.** (बन्दूक आदि का) दस्ता ; मुट्ठा ।

ложби́на (स्त्री०) (कम चौड़ी और गहरी) घाटी ।

лóже (नपुं०) १. (काव्य०) शायिका ; पलँग ; २. (नदी का) पाट ; ३. (बन्दूक आदि का) दस्ता ; मुट्ठा ।

лóжечка (स्त्री०) лóжка का अल्प० ।

ложи́т||ься (आत्म० अपू०), **лечь** (पू०) (वर्त० ложу́сь, ложи́шься ; भवि० ля́гу, ля́жешь) १. लेटना ; л. спать, л. в постéль सो जाना ; २. (बर्फ़, धुन्ध आदि का) पड़ना ; тумáн ложи́тся धुन्ध पड़ रही है ।

лóжка (स्त्री०) चम्मच ; чáйная л. चाय का चम्मच ।

лóжн||ость (स्त्री०) असत्यता ; झूठापन ; **—ый** (वि०) असत्य ; झूठा ; (हथियार आदि) नक़ली ।

ложь (स्त्री०) झूठ ; असत्य ; нáглая л. सफ़ेद झूठ ।

лозá (स्त्री०) १. (अंगूर आदि की) टहनी ; २. (सज़ा देने का) बेंत ; छड़ी ।

лозня́к (पुं०) (केवल एकवचन) सरपत ; सरई ।

лóзунг (पुं०) नारा ; आदर्श-वाक्य ।

лойя́льн||ость (स्त्री०) वफ़ादारी ; **—ый** (वि०) वफ़ादार ।

локализáция (स्त्री०) स्थानीयकरण ; एक स्थान पर सीमित कर देना ।

локáльный (वि०) स्थानीय ।

локáут (पुं०) (फ़ैक्टरी में) तालाबन्दी ।

лóкон (पुं०) (बालों का) घूँघर ; अलक ; गुच्छा ।

лóк||оть (पुं०) कोहनी ; **—тевóй** (वि०) कोहनी का ।

лом (पुं०) (एक प्रकार का औज़ार) रम्भा ; लोहे का डंडा ; (केवल एकवचन) (समू०) टूट-फूट ।

ломáка (उभ०) १. तहस-नहस करनेवाला/वाली ; २. ढोंगी ; बननेवाला/वाली ; ज़ाहिरदारी करनेवाला/वाली ।

ломáн||ый (वि०) तोड़ा हुआ ; टूटा हुआ ; —ая ли́ния टूटी हुई रेखा ; □ грошá —ого не стóит यह तो फूटी कौड़ी का भी नहीं ।

ломáть (अपू०), **с—** (पू०) १. तोड़ना ; फोड़ना ; तहस-नहस करना ; २. (केवल अपू०) खान से पत्थर निकालना ।

ломáться (आत्म० अपू०), **сломáться, поломáться** (आत्म० पू०) १. टूटना ; २. (केवल अपू०) (आवाज़ का) फटना ; ३. (поломáться पू० के साथ) ढोंग करना ; बाहरी दिखावा करना ; बनना ; ४. ломáть का कर्मवाच्य ।

ломбáрд (पुं०) वस्तुएँ गिरवी रखने की दुकान ।

доми́ть (अपू०) (वर्त० ломлю́, лóмишь) १. तोड़ना ; २. आर-पार करना ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) у негó лóмит кóсти उसकी हड्डियों में दर्द है ; **—ся** (आत्म०) १. टूटना ; пóлки лóмятся от книг पुस्तकों के बोझ के मारे अलमारी के ख़ाने टूट रहे हैं ; २. (भीड़ आदि में से) अपना रास्ता बनाना ।

лóмка (स्त्री०) १. टूटने की क्रिया ; २. खान से पत्थर निकालने की क्रिया ।

лóмкий (वि०) भंगुर ; भुरभुरा ; सहज में टूटनेवाला ।

ломовóй (वि०) ढुलाई का ; л. извóзчик ठेला चलानेवाला ।

ломóта (स्त्री०) (केवल एकवचन) गठिया का दर्द ।

ломóть (पुं०) (तोड़ा हुआ) टुकड़ा ; रोटी का गोल टुकड़ा ।

лóмтик (पुं०) फाँक ; резáть —ами फाँकें काटना ।

лóн||о (नपुं०) (केवल एकवचन) वक्षस्थल ; छाती ; गोद ; ☐ на —е прирóды प्रकृति की गोद में, खुले मैदान में ।

лопáта (स्त्री०) कुदाल ; फावड़ा ।

лопáтк||а (स्त्री०) १. फावड़ा ; २. स्कन्धास्थि ; मोंढ़ा ; ☐ класть на óбе —и (कुश्ती में) मोंढ़ा लगाना ; во все —и पूर्ण वेग से/पूरी रफ़्तार से ।

лóпать (अपू०), **с—** (पू०) निगल जाना ; हड़प जाना ; खा जाना ।

лóпаться (आत्म० अपू०), **лóпнуть** (आत्म० पू०) १. टूट जाना ; फूट जाना ; फट जाना ; стакáн лóпнул गिलास टूट गया ; лóпнул пузы́рь फोड़ा फूट गया ; брю́ки лóпнули по шву́ पतलून सीवन पर से फट गयी है ; २. दिवाला निकल जाना ।

лопотáть (अपू०) (лопочу́, лопóчешь) बड़बड़ाना ; अंटसंट बोलना ।

лопоу́хий (वि०) लम्बे और चौड़े कानोंवाला ।

лоси́на (स्त्री०) १. बारहसिंगे का चमड़ा ; २. बारहसिंगे का माँस ।

лоск (पुं०) १. कान्ति ; चमक ; २. पालिश ; रोग़न ।

лоску́т (पुं०) (कपड़े, काग़ज़ का) टुकड़ा ।

лóсни́ться (आत्म० अपू०) चमकना ।

лососи́на (स्त्री०) सामन मछली का माँस ।

лосóсь (पुं०) सामन मछली ।

лось (पुं०) बारहसिंगा ।

лотерéйный (वि०) लॉटरी का ; л. билéт लॉटरी का टिकट ।

лотерéя (स्त्री०) लॉटरी ।

лотóк (पुं०) (फेरीवाले की) छाबड़ी ।

лóтос (पुं०) कमल ।

лотóшник (पुं०) फेरीवाला ; छाबड़ीवाला ।

лохáнка, лохáнь (स्त्री०) कपड़े/बर्तन धोने का टब ।

лохмáтить (अपू०) (лохмáчу, лохмáтишь) झबरा बनाना ; बाल आदि बिखराना ।

лохмáтый (वि०) अस्तव्यस्त या बिखरे हुए (बाल) ; बिखरे बालोंवाला ।

лохмóтья (बहु०) चीथड़े ; फटे-पुराने कपड़े ।

лоцмáн (पुं०) (जहाज़ का) संदर्शक ; पथदर्शक ।

лошади́н||ый (वि०) घोड़े का ; अश्व- ; —ая си́ла अश्वशक्ति ; ☐ —ая дóза (दवा की) अत्यधिक मात्रा या बड़ी ख़ुराक ।

лошáдка, лошáдочка (स्त्री०) лóшадь का अल्प० ।

лóшадь (स्त्री०) घोड़ा ; вью́чная л. लद्दू घोड़ा ; верховáя л. सवारी का घोड़ा ; чистокрóвная л. अच्छी नस्ल का घोड़ा ।

лошáк (पुं०) खच्चर ।

лощéние (नपुं) चमकदार बनाने या पालिश करने की क्रिया ।

лощи́на (स्त्री०) गहरी घाटी ।

лощи́ть (अपू०), **на—** (पू०) चमकाना ; पालिश करना ।

лоя́льность = лойя́льность.

лубóк (पुं०) कमठी जो हड्डी बैठाने पर बाँधी जाती है ।

луг (पुं०) चरागाह ; **—овóй** (वि०) चरागाह का ।

луд||и́льщик (पुं०) क़लईसाज़ ; क़लई करने-वाला ; **—и́ть** (अपू०) (лужу́, луди́шь) क़लई करना ।

лу́жа (स्त्री०) (वर्षा के पानी से भरा) गड्ढा ; पोखरी ।

лужáйка (स्त्री०) छोटी चरागाह ।

лужéние (नपुं०) (बर्तन आदि पर) क़लई करने की क्रिया ।

лужёный (वि०) क़लई किया हुआ (बर्तन आदि) ।

лу́жица (स्त्री०) лу́жа का अल्प० ।

лужóк (पुं०) луг का अल्प० ।

лук (पुं०) १. प्याज ; л.-порéй प्याज की तरह की एक गाँठदार वनस्पति ; २. कमान ; धनुष ।

луκá (स्त्री०) १. काठी का उभरा हुआ भाग ; २. (नदी, रास्ते आदि का धनुषाकार) मोड़ ।

лукáв||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) कपटी/चालाक पुरुष/स्त्री ।

лукáв||ить (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० лукáвлю, лукáвишь) छल-कपट करना ; चालाकी दिखाना ; **—ство** (नपुं०) छल-कपट ; चालाकी ; **—ый** (वि०) धूर्त ; छली ; कपटी ; चालाक ।

лýковица (स्त्री०) १. प्याज़ की गाँठ ; २. कन्द ।

лунá (स्त्री०) चन्द्रमा ; चाँद ।

лунатúзм (पुं०) (चिकि०) निद्राभ्रमण ।

лунáтик (पुं०) निद्राभ्रमण करनेवाला ।

лýнка (स्त्री०) छोटा-सा गड्ढा ।

лýнн||ый (वि०) चन्द्रमा-सम्बन्धी ; चाँद का ; —ое затмéние चन्द्रग्रहण ।

лýпа (स्त्री०) आतिशी शीशा ; बृहदाकारक शीशा ; आवर्धक शीशा ।

лупúть -I (अपू०), **об—, с—** (पू०) (वर्त० луплю́, лýпишь) १. (облупúть पू० के साथ) छिलका उतारना ; छीलना ; २. (слупúть पू० के साथ) : слупúть втрúдорога हद से ज़्यादा क़ीमत बढ़ाना ।

лупúть -II (अपू०), **от—** (पू०) (वर्त० луплю́, лýпишь) ज़ोर से मारना/पीटना ; л. собáку плёткой कुत्ते को चाबुक से मारना ।

лупúться (आत्म० अपू०), **об—** (आत्म० पू०) १. छिलका उतर जाना ; छिल जाना ; २. лупúть-I-१. का कर्मवाच्य ।

луч (पुं०) रश्मि ; किरण ; рентгéновские —ú रंटजन किरणें ; एक्स-रे ; испускáть —ú विकिरण ; किरणें छोड़ना ; **—евóй** (वि०) किरणों का ; —евáя кость (शरीर-रचना०) बहिःप्रकोष्ठिका ; रेडियस ।

лучезáрный (वि०) (भौ०) उज्ज्वल ; चमकदार ।

лучеиспускáние (नपुं०) (भौ०) विकिरण ; किरणें छोड़ने की क्रिया ।

лучепреломлéние (नपुं०) (भौ०) वर्तन ।

лучúна (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) (समू०) (पतली और लम्बी) सूखी लकड़ियाँ ; २. (मोमबत्ती जलाने का) लकड़ी का तीला ।

лучúстый (वि०) उज्ज्वल ; किरणोंवाला ।

лучúться (आत्म० अपू०) (काव्य०) (नेत्रों का) दीप्त होना ; चमकना ; आलोक बिखेरना ।

лýчше (क्रि० वि०) хорошó का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

лýчший (वि०) хорóший का तर-प्रत्ययान्त रूप और तम-प्रत्ययान्त रूप/श्रेष्ठतर ; श्रेष्ठतम ।

лущúть (अपू०) १. (अखरोट आदि) तोड़ना ; छिलका या भूसी उतारना ; २. (फ़सल काटने के पश्चात्) खेत में से ठूँठ निकालना ।

лы́жа (स्त्री०) स्की (बर्फ़ पर चलने के लिए पैर पर बाँधने की लकड़ी की तिरछी पटरी) ।

лы́ко (नपुं०) जँभीरी नींबू के पेड़ की छाल ; वल्कल ।

лысéть (अपू०), **по—** (पू०) गंजा हो जाना ।

лы́с||ина (स्त्री०) गंज ; **—ый** (वि०) गंजा ।

ль = ли.

льв||ёнок (पुं०) शेर का बच्चा ; **—úный** (वि०) शेर का ; ☐ —úная дóля सबसे बड़ा भाग ; **—úца** (स्त्री०) शेरनी ।

льгóт||а (स्त्री०) विशेषाधिकार/लाभ ; **—ный** (वि०) льгóта से वि० ; —ный билéт पास ; —ные дни मोहलत के दिन ।

льдúн||а (स्त्री०) बर्फ़ का ढेला ; **—ка** (स्त्री०) बर्फ़ का छोटा ढेला ।

льновóд (पुं०) सन की खेती करनेवाला ; **—ство** (नपुं०) सन की खेती ; **—ческий** (वि०) льновóд और льновóдство से वि० ।

льнопрядéние (नपुं०) सन की कताई ।

льнуть (अपू०), **прильнýть** (पू०) १. चिमट जाना ; дéвочка льнýла к мáтери लड़की अपनी माता से चिमट गयी ; २. (ख़ुशामद करने के लिए) आगे-पीछे फिरना ।

льнян||óй (वि०) सन का; पटुआ का; —ая промышленность सन-उद्योग।

льст||ец (पुं०) खुशामदी आदमी; चापलूस; चाटुकार; **—úвый** (वि०) खुशामद का; खुशामदी; —úвые словá चाटूक्ति; खुशामद-भरे शब्द।

льстить (अपू०), **польстúть** (पू०) (वर्त० льщу, льстишь) खुशामद करना; चाटुकारी करना।

любвеобúльный (वि०) प्रेमपूर्ण; प्रेम-भरा।

любéзн||ичать (अपू०), **по—** (पू०) तकल्लुफ़ से बात करना; **—ость** (स्त्री०) १. विनय; नम्रता; शिष्टता; २. प्रशंसा; говорúть —ости комý-л. किसीकी प्रशंसा करना; ३. तकल्लुफ़ से बात करना; ४. कृपा; अनुग्रह; сдéлать —ость कृपा करना; अनुग्रह करना; **—ый** (वि०) सानुकूल; सुशील; विनयशील; विनम्र; □ бýдьте —ы कृपा कीजिए।

любúм||ец (पुं०) प्रसाद-पात्र; प्रिय; л. пýблики जनप्रिय; **—чик** (पुं०) (दूसरों को हानि पहुँचाकर बना) प्रसाद-पात्र; **—ый** (वि०) प्रिय; प्यारा।

любúтель (पुं०) १. कला-विलासी; कला-रसिक; किसी कला या शिल्प का अव्यवसायी साधक; २. प्रेमी; он большóй л. цветóв वह फूलों को बहुत प्यार करता है।

любúть (अपू०) (वर्त० люблю́, лю́бишь) १. प्रेम करना; प्यार करना; २. पसन्द करना; он лю́бит, когдá онá поёт उसे उस (लड़की/स्त्री) का गाना पसन्द है; ३. आवश्यकता होना; (-में) फलना-फूलना; картóфель лю́бит песчáный грунт आलुओं के लिए रेतीली भूमि की आवश्यकता है; ४. मेल न खाना; мáсло не лю́бит теплá मक्खन और गर्माई का मेल नहीं।

лю́бо (क्रि० वि०) सुखकर; л. смотрéть (на) (-को) देखना सुखकर है।

любовáться (आत्म० अपू०), **по—** (पू०) (—бýюсь) प्रशंसा करना; आँखों को तृप्त करना; л. на себя́, л. собóй आत्मश्लाघा करना; полюбýйтесь на негó! ज़रा उसको तो देखिए।

любóвн||ик (पुं०) प्रेमी; जार; (केवल बहु०) प्रेमी-युगल; **—ица** (स्त्री०) प्रेमिका; रखेली; **—ый** (वि०) १. सप्रेम; ; प्रेम-; —ое письмó प्रेम-पत्र; —ая истóрия प्रेम-लीला; २. प्रेम-उद्भावक (मन्तर-जन्तर या टोने का जल आदि)।

люб||óвь (स्त्री०) प्रेम; प्यार; материнская л. मातृप्रेम; из —вú प्रेम के कारण।

любознáтельн||ость (स्त्री०) जिज्ञासा; जानने की इच्छा; कुतूहल; **—ый** (वि०) जिज्ञासु।

люб||óй (वि०) १. किसी; —óе врéмя किसी भी समय; л. ценóй किसी भी मूल्य पर; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) कोई व्यक्ति।

любопы́т||ный (वि०) उत्सुक, कौतूहलपूर्ण; **—ство** (नपुं०) उत्सुकता; जिज्ञासा (भाव); прáздное —ство निरर्थक उत्सुकता।

любопы́тствовать (अपू०), **по—** (वर्त० —ствую) उत्सुकता दिखाना।

лю́бящий १. любúть से कृदन्त; २. प्यारा; л. вас (पत्र में) आपका प्यारा।

люд (पुं०) (समू०) लोग; рабóчий л. मज़दूर लोग।

лю́ди (человéк का बहु०) १. लोग; २. नौकर; ३. सैनिक।

лю́дный (वि०) घना बसा हुआ; भीड़-भाड़ का।

людоéд (पुं०) नरभक्षी; आदमखोर; **—ство** (नपुं०) नरभक्षण; आदमखोरी।

людскáя (स्त्री०) (वि० रू०) नौकरों का कमरा।

людскóй (वि०) १. лю́ди का वि०; २. मानवीय; л. род मानव जाति।

лю́лька (स्त्री०) १. पालना; झूला; २. हुक्का।

лю́стра (स्त्री०) झाड़-फानूस।

лю́тня (स्त्री०) वंशी (एक प्रकार का बाजा)।

лю́тность (स्त्री०) उग्रता; भीषणता; तीव्रता; प्रचंडता।

лю́тый (वि०) १. हिंस्र; л. зверь हिंस्र

पशु ; २. उग्र ; भीषण ; प्रचंड ; तीव्र ; л. моро́з भीषण तुषार ।

ляга́в||ый (वि०) : —ая соба́ка एक प्रकार का शिकारी कुत्ता ।

ляга́ть (अपू०), **лягну́ть** (पू०) दुलत्ती मारना ।

лягуша́чий (बहुधा лягу́шечий) : лягу́шка से वि० ।

лягу́шка (स्त्री०) मेंढक ।

лягушо́нок (पुं०) मेंढकी का बच्चा ।

ля́жка (स्त्री०) जाँघ ; रान ।

лязг (पुं०) (केवल एकवचन) झनझन का शब्द ; **—гать** (अपू०) झनझन का शब्द करना ।

ля́мк||а (स्त्री०) पट्टा ; रस्सा ; тяну́ть —ами, тяну́ть на —ах रस्सा बाँधकर खींचना ; ☐ тяну́ть —у कष्टप्रद और उबा देनेवाला काम करना ।

ля́пать (अपू०), **на—** (पू०) फूहड़पन से काम करना ।

ля́пнуть (पू०) बिना सोचे-समझे बोल उठना ; л. глу́пость मूर्खता की बात करना ।

ля́псус (पुं०) भारी भूल ; प्रमाद ।

ля́скать (अपू०) : он ля́скает зуба́ми वह दाँत किटकिटा रहा है ।

ля́сы (बहु०) ☐ точи́ть л. वृथा बोलना ; बेकार बातें करना ।

М

мавзоле́й (पुं०) समाधि ; मक़बरा ।

магази́н (पुं०) १. दुकान ; опто́вый м. थोक बिक्री की दुकान ; ро́зничный м. फुटकर बिक्री की दुकान ; २. बारूदघर ; **—ный** १. магази́н-२ से वि० ; २. —ная винто́вка मैगज़ीन राइफ़ल (बन्दूक जिसमें अनेक कारतूस भरे होते है और एक-एक करके चलते रहते है) ।

магара́джа (पुं०) महाराजा ।

магары́ч (पुं०) १. (व्यापार में नफ़ा खानेवाले की ओर से दी गयी) दावत ; २. घूस ; रिश्वत ।

маги́стр (पुं०) १. एम० ए० की डिग्री ; २. (किसी धार्मिक सम्प्रदाय का) नेता ; अग्रणी ।

магистра́ль (स्त्री०) राजपथ ; रेलवे की बड़ी लाइन ; गैस का प्रमुख तार (अंग्रेज़ी—गैस-मेन) ; जल-व्यवस्था का प्रमुख नल ; **—ный** (वि०) मुख्य ; प्रधान ; बड़ा ।

магистра́т (पुं०) १. मजिस्ट्रेट ; २. नगर-कचहरी ।

магистрату́ра (स्त्री०) (केवल एकवचन) मजिस्ट्रेट-वर्ग ।

маги́ческий (वि०) मायिक ; जादुई ।

ма́гия (स्त्री०) जादू ।

магнетизёр (पुं०) सम्मोहन करनेवाला ; मेसमेरिज्म करनेवाला ।

магнет||изи́ровать (अपू०) (वर्त०—рую) सम्मोहन करना ; मेसमेरिज्म करना ; **—и́зм** (पुं०) चुम्बकत्व ।

магни́т (पुं०) चुम्बक ; **—ить** (अपू०), **на-магни́тить** (पू०) (वर्त० магни́чу, магни́тишь) चुम्बकित करना ।

магнитоме́тр (पुं०) चुम्बकत्वमापी ।

магомета́н||ин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) मुसलमान ; **—ство** (नपुं०) इस्लाम (धर्म) ।

маде́ра (स्त्री०) मदिरा ।

мадрига́л (पुं०) छोटा प्रेम-गीत या काव्य ।

маёвка (स्त्री०) (क्रान्ति-पूर्व) क़ानून के विरुद्ध की गयी मई-दिवस सभा ।

маз (पुं०) (बिलियर्ड खेल का) मेस ।

ма́за||нка (स्त्री०) कच्चा घर ; **—ный** (वि०) १. कच्चा ; मिट्टी का बना हुआ ; —ный пол मिट्टी का फ़र्श ; २. गन्दा ; मलिन ; —ная руба́ха गन्दी कमीज़ ।

ма́зать (अपू०), **на—** (पू०) (वर्त० ма́жу, ма́жешь) १. पोतना ; लेप करना ; м. хлеб ма́слом रोटी पर मक्खन लगाना ; м. ра́ну ио́дом घाव पर आयडीन लगाना ; २. मलिन करना ; गन्दा करना ; не мажь меня́ гря́зными рука́ми! मुझे अपने गन्दे हाथों से मलिन मत करो ; ३. अनाड़ीपन से चित्रकारी करना ; ४. (पियानो आदि) अनाड़ीपन से बजाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको मलिन करना ; २. (अपने मुँह आदि पर) सुर्खी लगाना ; ма́зать-१,२ का कर्मवाच्य ।

мази́лка (स्त्री०) १. कूची ; २. (उभ०) रँग पोतनेवाला/वाली ; भद्दा चित्र खींचनेवाला/वाली ।

маз||ну́ть (पू०) १. पोत देना ; लेप करना ; २. मलिन कर देना ; गन्दा कर देना ; **—ня́** (स्त्री०) भद्दा चित्र ।

мазо́к (पुं०) लेप ; (रँग का) कोट ।

мазу́рка (स्त्री०) माज़ूरका (एक नृत्य) ।

мазь (स्त्री०) मरहम ; लेप ; колёсная м. (गाड़ी के पहियों में लगाने का) ग्रीज़ या तेल ।

ма́ис (पुं०) मकई ; **—овый** (वि०) मकई का ।

май (पुं०) मई (मास) ; Пе́рвое ма́я मई-दिवस ।

ма́йка (स्त्री०) बनियाइन ; (फ़ुटबाल आदि खेलने की) जर्सी ।

майо́р (पुं०) (सेना में) मेजर ।

майора́т (पुं०) १. अग्रजाधिकार ; ज्येष्ठाधिकार ; २. अग्रजाधिकार से मिली भू-सम्पत्ति/जायदाद ।

ма́йский (वि०) मई (मास) का ।

мак (पुं०) १. पोस्त का फूल ; २. खसखस ।

мака́ть (अपू०) (-में) डुबोना ; (-में) भिगोना ; м. перо́ в черни́ла कलम को स्याही में डुबोना।

маке́т (पुं०) नमूना ; м. кни́ги पुस्तक का नमूना । .

макинто́ш (पुं०) बरसाती ।

макла́к, ма́клер (पुं०) आढ़ती ; दलाल ; बिचौलिया ।

ма́клерство (नपुं०) दलाली ; आढ़त ।

ма́ковк||а (स्त्री०) १. पोस्त का डोडा ; २. गुम्बद ; शिखर ; золоты́е —и монастыря́ मठ के सुनहरी गुम्बद ।

ма́ксима (स्त्री०) सूक्ति ; नीतिवचन ।

максима́льн||о (क्रि० वि०) ज्यादा से ज्यादा ; **—ый** (वि०) अधिकतम ; महत्तम ।

ма́ксимум (वि०) अधिकतम मात्रा ; महत्तम मात्रा ।

маку́шка (स्त्री०) (छोटा) गुम्बद ; शिखर ।

малева́||ть (अपू०), **на—** (पू०) (वर्त० малю́ю, малю́ешь) १. (रँग आदि) पोतना ; ма́льчик усе́рдно —л кни́жку बालक ने पुस्तक पर खूब रँग पोत दिया ; २. भद्दी तरह से रँग करना ; चित्रित करना ; не так стра́шен чорт, как его́ малю́ют शैतान इतना भीषण नहीं जितना उसको चित्रित किया जाता है ।

мале́йший ма́лый वि० का तम-प्रत्ययान्त रूप ।

малёк (पुं०) छोटी मछली ।

ма́ленький (वि०) १. छोटा ; थोड़ा ; कम ; २. नन्हाँ-मुन्ना ; ३. м. челове́к ओछा आदमी ।

мале́нько (क्रि० वि०) थोड़ा ; कम ।

мале́ц (पुं०) बालक ; लड़का ।

оскверня́ть (अपू०), **оскверни́ть** (पू०) अपवित्र करना; दूषित करना; о. пи́щу (किसी धार्मिक विश्वास के अनुसार) भोजन अपवित्र करना।

осклáбиться (आत्म० पू०) दाँत दिखाना।

оскóлок (पुं०) किरच।

оскóмина (स्त्री०): наби́ть —у नाक में दम करना।

оскопля́ть (अपू०), **оскопи́ть** (पू०) (भवि० оскоплю́, оскопи́шь) खस्सी करना; बधिया करना।

оскорб||и́тель (पुं०) अपमानकर्ता; **—и́тель-ный** (वि०) अपमानजनक; तिरस्कार करने-वाला; —и́тельное обращéние с кем-л. किसीके प्रति अपमानजनक व्यवहार; **—и́ть(ся)** दे० оскорбля́ть(ся); **—лéние** (नपुं०) अपमान; तिरस्कार; अशिष्टता; нанести́ —лéние अपमान करना।

оскорбля́ть (अपू०), **оскорби́ть** (पू०) (भवि० оскорблю́, оскорби́шь) तिरस्कार करना; अपमान करना; **—ся** (आत्म०) १. तिरस्कृत होना; २. оскорбля́ть का कर्मवाच्य।

оскуд||евáть (अपू०), **оскудéть** (पू०) कम हो जाना; थोड़ा होना; **—éлый** (वि०) अल्प; कम; थोड़ा; **—éние** (नपुं०) कम/थोड़ा होने की क्रिया।

ослаб||евáть (अपू०), **ослабéть** (पू०) दुर्बल होना; कमजोर होना; ढीला होना; **—éлый** (वि०) दुर्बल; कमज़ोर; ढीला; **—éть** दे० ослабевáть और слабéть.

ослáбить दे० ослабля́ть,

ослабле́ние (नपुं०) ढीला होना ; कमज़ोर होना; कम होना ; о. напряже́ния खिंचाव कम होना ।

ослабля́ть (अपू०), **осла́бить** (पू०) (भवि० осла́блю, осла́бишь) कमज़ोर करना ; दुर्बल करना ; ढीला करना ; ослабить винт पेच ढीला करना ।

осла́бнуть = ослабе́ть दे० ослабева́ть.

ославля́ть (अपू०), **осла́вить** (पू०) (भवि० осла́влю, осла́вишь) अपकीर्ति फैलाना ; निन्दा करना ।

ослёнок (पुं०) रेंगटा ; गधे का बच्चा ।

ослеп||и́тельный (वि०) चकाचौंध करनेवाला ; चौंधिया देनेवाला ; बहुत चमकीला ; अन्धा करनेवाला ; **—ле́ние** (नपुं०) १. चौंधिया जाने की क्रिया ; २. अन्धापन ।

ослепля́ть (अपू०), **ослепи́ть** (पू० (भवि० ослеплю́, ослепи́шь) अन्धा करना ; चौंधियाना ; चकाचौंध करना ।

осле́пнуть (पू०) अन्धा होना ; दृष्टि खोना ।

осли́злый (वि०) चिपचिपा ; चिपकना ।

осли́ный (वि०) गधे का ।

осли́ца (स्त्री०) गधी ।

осложне́ние (नपुं०) १. जटिल होने की क्रिया ; २. जटिलता ; पेचीदगी ।

осложня́ть (अपू०), **осложни́ть** (पू०) जटिल बनाना ; पेचीदा करना ; **—ся** (आत्म०) जटिल होना ; पेचीदा होना ; боле́знь осложни́лась रोग जटिल बन गया ।

ослуша́ние (नपुं०) अवज्ञा ।

ослу́ш||аться (आत्म० पू०) अवज्ञा करना ; **—ник** (पुं०) अवज्ञाकारी ।

ослы́ш||аться (आत्म० पू०) ग़लत सुनना ; ठीक न सुनना ; **—ка** (स्त्री०) सुनने में ग़लती ; ग़लत सुनी बात ।

ослы́та ослёнок का बहु० ।

осма́ливать (अपू०). **осмоли́ть** (पू०) तारकोल बिछाना ।

осма́тривать (अपू०), **осмотре́ть** (पू०) निरीक्षण करना ; परीक्षण करना ; पर्यालोचन करना ; छानबीन करना ; **—ся** (आत्म०) १. चारों ओर देखना ; २. осма́тривать का कर्मवाच्य ।

осме́ивать (अपू०), **осмея́ть** (पू०) उपहास करना ।

осмеле́ть दे० смеле́ть.

осме́л||иваться (आत्म० अपू०), **осме́литься** (आत्म० पू०) साहस करना ; □ —юсь сказа́ть मैं यह कहने का साहस करता हूँ कि.... ।

осмея́||ние (नपुं०) उपहास ; подве́ргнуть —нию उपहास करना ; **—я́ть** दे० осме́ивать.

осмоли́ть दे० осма́ливать.

осмо́лка (स्त्री०) तारकोल बिछाने की क्रिया ।

осмо́тр (पुं०) निरीक्षण ; परीक्षण ; सर्वेक्षण ; о. багажа́ सामान का निरीक्षण ।

осмотр||е́ть दे० осма́тривать ; **—и́тельность** (स्त्री०) सावधानी ; चौकसी ; де́йствовать с —и́тельностью सावधानी से काम करना ; **—и́тельный** (वि०) सावधान ।

осмо́трщик (पुं०) निरीक्षक ।

осмысле́ние (नपुं०) समझने की चेष्टा ; अर्थ/अभिप्राय समझने की चेष्टा ।

осмы́сл||енный (वि०) सार्थक ; о. отве́т सार्थक उत्तर ; **—ивать** = осмысля́ть.

осмысля́ть (अपू०), **осмысли́ть** (पू०) अर्थ देना ; समझना ।

оснаща́ть (अपू०), **оснасти́ть** (पू०) (भवि० оснащу́, оснасти́шь) जहाज़ को रिगिन से लैस करना/रस्सों आदि से युक्त करना ।

осно́в||а (स्त्री०) १. आधार ; नींव ; на —е (чего́-л.) (-के) आधार पर ; २. (बहु०) मूल सिद्धान्त ; —ы ленини́зма लेनिनवाद के मूल सिद्धान्त ; ३. (बुनाई-सम्बन्धी) ताना ; ४. (भाषा-सम्बन्धी) शब्द का मूल/आधार-रूप ; **—а́ние** (नपुं०) १. नींव रखने/आधार रखने की क्रिया ; २. नींव ; आधार ; (दाँतों की) जड़ ; ३. (रस०) भस्म ; ४. (गणित) आधार ; **—а́тель** (पुं०) संस्थापक ; नींव रखनेवाला ।

основáтельн||о (क्रि० वि०) पूर्ण रूप से ; मूल रूप से ; **—ый** (वि०) १. सहेतुक ; —ые опасéния सहेतुक भय ; २. ठोस ; माक़ूल ; सकारण ; सर्वांगीण ; —ые дóводы ठोस तर्क ; —ое изучéние सर्वांगीण अध्ययन ; —ый человéк ठोस आदमी ; ३. मोटा ; स्थूल ।

основáть(ся) दे० оснóвывать(ся).

основн||óй (वि०) मूल ; मूलभूत ; आधारभूत ; बुनियादी ; मुख्य ; о. закóн मूलभूत क़ानून ; —áя причи́на मुख्य कारण ; —áя кни́га खाता ।

основополóжник (पुं०) संस्थापक ; नींव रखनेवाला ।

оснóвывать (अपू०), **основáть** (पू०) (भवि० —нýю) स्थापित करना ; नींव रखना ; आधार रखना ; э́то ни на чём не оснóвано यह बिल्कुल निराधार है ; **—ся** (आत्म०) १. स्थापित होना ; आधारित होना ; बसना ; २. оснóвывать का कर्मवाच्य ।

осóба (स्त्री०) व्यक्ति ; вáжная о. बड़ा आदमी ।

осóбенн||о (क्रि० वि०) १. विशेषकर ; विशेष रूप से ; он зáнят о. по вечерáм वह सायंकाल को विशेषकर व्यस्त होता है ; २. असामान्य रूप से ; बहुत ; он сегóдня о. блéден आज वह बहुत पीला है ; **—ость** (स्त्री०) विशेषता ; □ в —ости विशेषकर ; **—ый** (वि०) विशेष ; विशिष्ट ।

особня́к (पुं०) भवन ; गृह ।

особнякóм (क्रि० वि०) एकमात्र ; अकेला ; एक ही ; आप अकेला ; дом стоя́л о. एक ही मकान खड़ा था ; держáться о. अलग रहना ।

осóб||о (क्रि० वि०) १. अलग ; पृथक् ; २. विशेषकर ; **—ый** (वि०) अलग ; पृथक् ; विशेष ; в —ом помещéнии विशेष/अलग मकान में ; удели́ть —ое внимáние विशेष ध्यान देना ।

óсобь (स्त्री०) व्यक्ति ।

осовé||лый (वि०) १. (थकावट या नशे के कारण) शिथिल हुआ ; २. अर्धसुप्त ; **—ть** (पू०) १. (थकावट या नशे के कारण) शिथिल होना ; २. अर्धसुप्त अवस्था में होना ।

осознавáть (अपू०), **осознáть** (पू०) (वर्त० осознаю́ осознаёшь ; भवि० осознáю, осознáешь) समझना ; о. свой клáссовые интéресы अपने वर्ग के हितों को समझना ।

осóка (स्त्री०) वलीक (दलदल में उगनेवाला एक प्रकार का पौधा) ।

осокóрь (पुं०) काला चिनार का वृक्ष ।

óсп||а (स्त्री०) चेचक ; शीतला ; माता ; приви́ть (осознаю́, осознаю́) —у चेचक का टीका लगाना ।

оспáривать (अपू०), **оспóрить** (पू०) १. आक्षेप करना ; चुनौती देना ; विवाद खड़ा करना ; झगड़ना ; झगड़ा खड़ा करना ; о. чьи-л. правá किसीके अधिकारों को चुनौती देना ; २. (केवल अपू०) प्रतियोगिता में भाग लेना ; о. звáние чемпиóна प्रजेता (मीर) बनने के लिए प्रतियोगिता में भाग लेना ।

óспенн||ый (वि०) óспа से वि० ; —ые следы́ चेचक के दाग़ ।

оспопрививáние (नपुं०) चेचक का टीका ।

оспóрить दे० оспáривать.

осрами́ть(ся) दे० срами́ть(ся).

ост (नौचालन०) पूर्व ।

оста||вáться (आत्म० अपू०), **остáться** (आत्म० पू०) (वर्त० остаю́сь, остаёшься भवि० остáнусь, остáнешься) रहना ; ठहरना ; पीछे रहना ; багáж остáлся на перрóне सामान प्लेटफ़ार्म पर रह गया ; до шести́ —ётся нéсколько минýт छह बजने में कुछ मिनट रह गये हैं ; о. три недéли в Москвé मास्को में तीन सप्ताह ठहरना ; □ побéда остáлась за нáми जीत हमारी रही ।

оставля́ть (अपू०), **остáвить** (पू०) (भवि० остáвлю, остáвишь) १. छोड़ना ; त्यागना ; о. далекó за собóй बहुत दूर छोड़ना ; २. सुरक्षित रखना ; о. за собóй прáво अपना अधिकार सुरक्षित रखना ; □ остáвьте ! छोड़िए !

остальн||óй (वि०) १. शेष ; बाक़ी ; —óе врéмя शेष समय ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) —ы́е दूसरे/बाक़ी लोग ।

остана́вливать (अपू०), **останови́ть** (पू०) (भवि० остановлю́, остано́вишь) रोकना ; बन्द करना ; अटकाना ; о. кровотече́ние из ра́ны घाव से रक्त का बहाव रोकना/बन्द करना ; о. взгляд на -पर दृष्टि अटकाना ; **—ся** (आत्म०) १. रुकना ; ठहरना ; внеза́пно (ре́зко) останови́ться एकाएक रुकना ; २. остана́вливать का कर्मवाच्य ।

оста́нки (बहु०) अवशेष ।

останови́ть(ся) остана́вливать(ся).

остано́вка (स्त्री०) पड़ाव ; ठहरने का स्थान ; स्टैंड ; о. авто́бусов बसों के ठहरने का स्थान (स्टैंड) ।

оста́ток (पुं०) १. शेष ; बाक़ी ; (बहु०) अवशेष ; जूठन ; २. (गणित) शेष ; ३. शेष रोकड़ ।

оста́ться दे० остава́ться.

остекляне́ть दे० стекляне́ть.

остеоло́гия (स्त्री०) अस्थि-विन्यास/हड्डियों की रचना आदि का वर्णन ।

остепени́ться (आत्म० पू०) क़दम जमाना ; स्थिति सुदृढ़ कर लेना ।

остервене́||лый (वि०) उन्मत्त ; प्रचंड ; उग्र ; **—ние** (नपुं०) उन्माद ; क्रोधावेश ; आवेश ; прийти́ в —ние क्रोधावेश में आना/आवेश में आना ।

остервене́ть (पू०) क्रोधावेश में आना/आवेश में आना ।

остерега́||ться (आत्म० अपू०), **остере́чься** (आत्म० पू०) (भवि० остерегу́сь, остережёшься) सावधान होना ; चौकस होना ; खबरदार होना ; —йтесь воро́в ! चोरों से सावधान रहिए !

ости́стый (वि०) (पौधे के विषय में) बल्लीदार ; बालवाला ।

ости́т (पुं०) हड्डियों की सूजन ।

о́стов (पुं०) (शरीर का) ढाँचा ; अस्थिपंजर ; फ़्रेम ।

усто́йчив||ость (स्त्री०) (नौचालन०) स्थिरता ; **—ый** (वि०) स्थिर (जो निर्दिष्ट दिशा में जाने में समर्थ हो (जहाज़) ।

остолбене́ть (पू०) स्तब्ध होना ।

остоло́п (पुं०) मूर्ख ।

осторо́жн||о (क्रि० वि०) १. सावधानी से ; २. सँभलकर ; **—ость** (स्त्री०) सावधानी ; **—ый** (वि०) सावधान ; бу́дьте —ы ! सावधान !

осточерте́||ть (पू०) तंग कर देना/ऊबा देना ; это ему́ —ло वह इससे तंग आ गया है ।

остраки́зм (पुं०) समाज-बहिष्कार ; निर्वासन ; подве́ргнуть —у समाज-बहिष्कृत करना/निर्वासित करना ।

остра́стка (स्त्री०) चेतावनी ।

остригáть (अपू०), **остри́чь** (पू०) (भवि० остригу́, острижёшь) काटना ; बाल काटना ; **—ся** (आत्म०) अपने बाल कटवाना ; बाल बनवाना ।

остриё (नपुं०) (सुई की) नोक ; (चाकू, तलवार आदि की) धार ।

остри́ть (अपू०) १. प्रखर करना ; तीखा करना ; तेज़ करना ; २. मज़ाक की बात कहना ; हाज़िर-जवाब होना ; □ о. зуб, зу́бы दाँत पीसना/चमकाना ।

остри́чь(ся) दे० остригáть(ся).

о́стро (क्रि० वि०) तीखेपन से ।

о́стров (पुं०) द्वीप ; टापू ; **—итя́нин** (पुं०), **—итя́нка** (स्त्री०) द्वीप-निवासी/निवासिनी ; **—но́й** (वि०) द्वीप/टापू-सम्बन्धी ; **—о́к** (पुं०) छोटा द्वीप या टापू ।

остро́г (पुं०) जेल ; कारागार ।

острог||а́ (स्त्री०) ह्वेल मछली पकड़ने की रस्सा-बँधी बर्छी ; бить —о́й (इस प्रकार की) बर्छी से मारना ।

острогáть (पू०) रन्दा करना ; साफ़ करना ।

острогла́зый (वि०) तीक्ष्ण दृष्टिवाला ; पैनी नज़रवाला ।

острогу́бцы (बहु०) (तार आदि काटने की) कतरनी ; प्लास ।

остроконе́чный (वि०) नोकदार ।

остроли́ст (पु॰) शूलपर्णी (सर्वदा हरी रहनेवाली एक काँटेदार वनस्पति)।

острот||а́ (स्त्री॰) १. प्रखरता; तीक्ष्णता; तीखापन; потеря́ть, утра́тить —у́ धारहीन होना; २. हाज़िरजवाबी।

остроу́мие (नपुं॰) प्रत्युत्पन्नमतित्व; हाज़िरजवाबी।

о́стр||ый (वि॰) प्रखर; तीखा; तेज़; о. нож तेज़ चाकू; о. у́гол (गणित) न्यूनकोण; —ая боль तीव्र पीड़ा; —ое положе́ние गम्भीर स्थिति।

остря́к (पुं॰) प्रत्युत्पन्नमति; हाज़िरजवाब।

остуди́ть दे॰ остужа́ть और студи́ть.

остужа́ть (अपू॰), **остуди́ть** (पू॰) (भवि॰ остужу́, осту́дишь) ठंडा करना।

оступа́ться (आत्म॰ अपू॰), **оступи́ться** (आत्म॰ पू॰) (भवि॰ оступлю́сь, осту́пишься) ठोकर खाना।

остыва́ть (अपू॰), **осты́ть** (पू॰) (भवि॰ осты́ну, осты́нешь) ठंडा होना; ठंडा पड़ना; интере́с к э́тому осты́л इसमें दिलचस्पी ठंडी पड़ गयी।

ость (स्त्री॰) (जवार, मकई आदि के) बाल/रेशा।

осужд||а́ть (अपू॰), **осуди́ть** (पू॰) (भवि॰ осужу́, осу́дишь) १. अपराधी ठहराना; निन्दा करना; २. दंड देना; **—е́ние** (नपुं॰) १. दोष-सिद्धि; २. निन्दा।

осу́ну||ться (आत्म॰ पू॰) (गालों का) पिचक जाना; दुबला होना; पतला होना; он —лся उसके गाल पिचक गये हैं/वह बहुत दुबला हो गया है।

осуш||а́ть (अपू॰), **осуши́ть** (पू॰) खुश्क कर देना; सुखा देना; (गिलास आदि) खाली कर देना; о. слёзы आँसू सुखाना; —и́ть стака́н गिलास खाली करना; **—е́ние** (नपुं॰) (पानी निकालकर) खाली करना; सुखाना; खुश्क कर देना।

осу́шка = осуше́ние.

осуществ||и́мый (वि॰) साध्य; व्यवहार्य; जो कार्यान्वित किया जा सके; **—и́ть(ся)** दे॰ осуществля́ть(ся); **—ле́ние** (नपुं॰) कार्यान्विति; व्यवहार-रूप देने की क्रिया।

осуществля́ть (अपू॰), **осуществи́ть** (पू॰) (भवि॰ осуществлю́, осуществи́шь) कार्यान्वित करना; पूर्ण करना; **—ся** (आत्म॰) कार्यान्वित होना; पूर्ण होना; моё жела́ние осуществи́лось मेरी इच्छा पूर्ण हो गयी।

осциллогра́ф (पुं॰) (भौ॰) दोलनलेखी।

осчастли́вить (पू॰) (осчастли́влю, осчастли́вишь) सुखी बनाना।

осыпа́ть (अपू॰), **осы́пать** (पू॰) (भवि॰ осы́плю, осы́плешь) छितराना; बिखराना; बौछार करना; भरमार करना; о. пу́дрой पाउडर लगाना; о. кого́-л. насме́шками (किसी पर) उपहास की बौछार करना/हँसी उड़ाना; **—ся** (आत्म॰) (मिट्टी/रेत के ढेले आदि का टूटकर) चूरा हो जाना; भुरना; (पत्ते, फूल) गिरना; झड़ना।

о́сыпь (स्त्री॰) (पानी आदि से घिसा हुआ) बड़ा गोल पत्थर; शिला।

ось (स्त्री॰) १. (गणित, भौ॰) अक्ष; २. धुरा।

осьму́шка (स्त्री॰) १. आठवाँ हिस्सा; (पाउंड का $\frac{1}{8}$ = २ औंस); २. (पुस्तक) आठ परत की; अष्टक।

осяза́||емый (वि॰) मूर्त; दृष्टिगोचर; स्पृश्य; **—ние** (नपुं॰) स्पर्श; чу́вство —ния स्पर्शेन्द्रिय; **—тельный** (वि॰) स्पर्श-; स्पृश्य; स्पर्श के योग्य; —тельный о́рган स्पर्शेन्द्रिय।

осяза́ть (अपू॰) स्पर्श करना; टटोलना।

от, ото (अ॰) १. से; के कारण; от нача́ла до конца́ आदि से अन्त तक; от двена́дцати до ча́су बारह से एक बजे तक; они́ узна́ли э́то от него́ उनको इसका पता उससे चला; в десяти́ киломе́трах от го́рода नगर से दस किलोमीटर; вскри́кнуть от стра́ха डर के मारे चिल्ला उठना; незави́симый от кого́-л. जो किसी पर निर्भर न हो; २. (ओर का अर्थ देने में) को; की ओर; на се́вер от го́рода नगर से उत्तर को (की ओर); ३. का; пу́говица от его́ пиджака́ उसके कोट का

(टूटा हुआ) वस्त्र ; ключ от э́той ко́мнаты इस कमरे की ताली ; ४. के लिए ; की ; сре́дство от головно́й бо́ли सिर-दर्द की दवा/सिर-दर्द के लिए दवा ; □ день ото дня दिन-प्रतिदिन ; от моего́ и́мени मेरी ओर से ।

от- (ото-) (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं : १. से (गति) का अर्थ, जैसे отходи́ть (से चले जाना) ; २. कार्य (समाप्त करके) बन्द कर देने का अर्थ, जैसे откоси́ть (घास आदि काटना बन्द करना) ; ३. क्रियाओं के अपूर्ण रूप को पूर्ण बनाने के लिए, जैसे мсти́ть (बदला लेना) से отомсти́ть ; благодари́ть (धन्यवाद देना) से отблагодари́ть.

ота́ва (स्त्री०) (केवल एकवचन) फ़सल काटने के बाद उगी हुई घास ।

ота́пливать (अपू०), **отопи́ть** (पू०) (भवि० отоплю́, ото́пишь) गर्म करना ; तपाना ; о. дом घर तपाना ।

ота́ра (स्त्री०) भेड़ों का रेवड़ ; भेड़ों की हेड़ ।

отбавля́ть (अपू०), **отба́вить** (पू०) (भवि० отба́влю, отба́вишь) घटाना ।

отбараба́нить (पू०) ढोल बजाना ; ढप-ढप करना ।

отбега́ть (अपू०), **отбежа́ть** (पू०) (भवि० отбегу́, отбежи́шь) भाग जाना ; о. в сто́рону भागकर एक ओर को हो जाना ।

отбе́ливать (अपू०), **отбели́ть** (पू०) विरंजन करना ।

отбива́ть (अपू०), **отби́ть** (पू०) (भवि० отобью́, отобьёшь) १. प्रतिवर्तन कर देना ; पीछे धकेल देना ; मारकर पीछे हटाना ; о. ата́ку हमला पस्त कर देना ; о. мяч ठोकर मारकर गेंद वापस फेंक देना ; २. जीतना ; वापस लेना ; ३. तोड़ना ; टुकड़े-टुकड़े करना ; ४. (गन्ध ; स्वाद) उड़ा देना ; हटाना ; ५. (हँसिये आदि को) तीखा करना ; धार धरना ; □ о. такт समय नष्ट करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनी रक्षा करना ; पराजित करना ; —ся от проти́вника शत्रु को पराजित करना ; २. (केवल पू०) पीछे गिरना ; पृथक् होना ; ३. टूटना ; टुकड़े-टुकड़े होना ; ४. отбива́ть का कर्मवाच्य ।

отбира́ть (अपू०), **отобра́ть** (पू०) (भवि० отберу́, отберёшь) १. जबर्दस्ती लेना ; отбери́ у него́ мою́ кни́гу उससे मेरी पुस्तक ले लो ; २. चयन करना ; चुनना ।

отбла́говестить दे० бла́говестить.

отблагодари́ть (पू०) कृतज्ञता प्रकट करना ।

о́тблеск (पुं०) (प्रकाश की) झलक ।

отбо́||й १. प्रतिवर्तन ; (शत्रु को) पीछे हटाना ; २. (टेलीफ़ोन आदि) बन्द करना ; □ от него́ нет —ю उससे पीछा छुड़ाना कठिन है ।

отбо́р (पुं०) चयन ; चुनाव ; पसन्द ; **—ный** (वि०) चुना हुआ ; विशिष्ट ।

отбоя́риваться (आत्म० अपू०) **отбоя́риться** (आत्म० पू०) (-से) बचना ; (-से) पीछा छुड़ाना ; о. от неприя́тного де́ла बुरे काम से बचना ।

отбра́сывать (अपू०), **отбро́сить** (पू०) (भवि० отбро́шу, отбро́сишь) १. फेंकना ; २. (सेना को) पीछे हटाना/धकेलना ; ३. उपेक्षा करना ; ४. छोड़ना ; त्यागना ; रद्द करना ; отбро́сить мысль विचार त्यागना ; □ о. тень परछाईं/छाया डालना ।

отбрива́ть (अपू०), **отбри́ть** (पू०) १. हजामत बना चुकना ; २. मुँहतोड़ जवाब देना ।

отбро́сить दे० отбра́сывать.

отбро́сы (बहु०) कूड़ा-कर्कट ; जूठन ; तलछट ।

отбуксирова́ть (पू०) (—ру́ю) रस्सा बाँधकर घसीटना/ खींचना ।

отбыва́ние (नपुं०) (दंड आदि) भुगतने की क्रिया ।

отбыва́ть (अपू०), **отбы́ть** (पू०) (भवि० отбу́ду, отбу́дешь) **I.** (दंड आदि) भुगतना ; о. наказа́ние दंड भुगताना ; **II.** प्रस्थान करना ; चले जाना ।

отбы́тие (नपुं०) प्रस्थान ; रवानगी ।

отва́га (स्त्री०) साहस ; वीरता ।

отва́живать (अपू०), **отва́дить** (पू०) (भवि० отва́жу, отва́дишь) १. आदत छुड़ाना ; о. от куре́нья तम्बाकू पीने की आदत छुड़ाना ; २. (आना-जाना) बन्द करना ।

отва́ж||иваться (आत्म० अपू०) **отва́житься** (आत्म० पू०) साहस करना ; **—ный** (वि०) साहसी ; वीर ।

отва́л (पुं०) □ **I.** нае́сться до —а, до —у बहुत अधिक खाना ; **II.** (हल के पीछे लगा हुआ) फट्टा ।

отвалива́ть (अपू०), **отвали́ть** (पू०) १. (एक ओर को) फेंक देना ; हटा देना ; о. ка́мень от две́ри दरवाजे से पत्थर हटा देना ; २. (खुले दिल से) देना ; он отвали́л ему́ пять ты́сяч рубле́й उसने उसको पाँच हज़ार रुबल दिये ; **—ся** (आत्म०) १. गिर जाना ; २. отвалива́ть का कर्मवाच्य ।

отва́р (पुं०) जोशाँदा ; काढ़ा ।

отва́р||ивать (अपू०), **отвари́ть** (पू०) १. (सब्ज़ी आदि) उबालना ; २. विसन्धानित करना ; (गर्म करके) झाल/टाँका तोड़ना ; **—но́й** (वि०) उबाला हुआ ।

отве́дывать (अपू०), **отве́дать** (पू०) १. चखना ; स्वाद चखना ; २. अनुभव करना ।

отвезти́ दे० отвози́ть.

отверга́ть (अपू०), **отве́ргнуть** (पू०) अस्वीकार करना ; о. предложе́ние प्रस्ताव अस्वीकार करना ।

отверд||ева́ние (नपुं०) सख्त/कड़ा होने की क्रिया ; **—ева́ть** (अपू०), **отверде́ть** (पू०) कड़ा होना ; सख्त होना ; कठोर होना ।

отве́рженец (पुं०) बहिष्कृत ; निर्वासित ।

отверну́ть(ся) दे० отвёртывать(ся) और отвора́чивать(ся).

отве́рстие (नपुं०) द्वारक ; छिद्र ; सुराख़ ।

отверте́ть दे० отвёртывать-I.

отверте́ть(ся) -I दे० отвёрывать(ся)-I.

отверте́ться -II (आत्म० पू०) बच निकलना ; ему́ удало́сь о. वह बच निकलने में सफल हो गया ।

отвёртка (स्त्री०) पेचकस ।

отвёртывать (अपू०), **отверте́ть** (отверчу́, отве́ртишь), **отверну́ть** (पू०) १. पेच खोलना ; २. (отверну́ть पू० के साथ) ; पीछे मोड़ना ; ३. (отверну́ть पू० के साथ) ; (टोंटी आदि) खोलना ; о. кран नलका खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. पेच खुलना ; २. (отверну́ться पू० के साथ) पीछे मुड़ना ; पीठ दिखाना ।

отве́с (पुं०) १. (टेक०) साहुल ; २. सीधी ढलान ।

отве́сить दे० отве́шивать.

отве́сн||о (क्रि० वि०) सीधे ; **—ый** (वि०) सीधा ; खड़ा ।

отвести́ दे० отводи́ть.

отве́т (पुं०) उत्तर ; जवाब ; в о. उत्तर में ।

ответв||и́ться दे० ответвля́ться ; **—ле́ние** (नपुं०) १. शाखाएँ फूटने की क्रिया ; २. शाखा ; अंकुर ।

ответвля́ться (आत्म० अपू०), **ответви́ться** (आत्म० पू०) (भवि० ответвлю́сь, ответви́шься) शाखा निकलना ; अंकुर फूटना ।

отве́т||ить दे० отвеча́ть ; **—ный** (वि०) उत्तर का ; —ное чу́вство प्रत्यनुभूति ।

отве́тственн||ость (स्त्री०) उत्तरदायित्व ; ज़िम्मेदारी ; взять на себя́ о. उत्तरदायित्व लेना ; **—ый** (वि०) १. उत्तरदायी ; —ый реда́ктор प्रधान सम्पादक ; २. महत्वपूर्ण ; —ая зада́ча मुख्य कार्य ।

отве́тствовать (अपू० और पू०) (—ствую) उत्तरदायी होना ।

отве́тчик (पुं०) प्रतिवादी ; प्रतिपक्षी ; मुद्दालय ।

отвеча́ть (अपू०), **отве́тить** (पू०) (भवि० отве́чу, отве́тишь) १. उत्तर देना ; जवाब देना ; о. на письмо́ पत्र का उत्तर देना ; २. उत्तरदायी होना ; ज़िम्मेदार होना ; о. голово́й за что-л. किसी बात के लिए प्राणों (सिर) की बाज़ी लगाना ; ३. (केवल अपू०) पूर्ति करना ; о. своему́ назначе́нию अपने लक्ष्य की पूर्ति करना ।

отвéшивать (अपू०), **отвéсить** (पू०) (भवि० отвéшу, отвéсишь) तोलना ; □ о. поклóны झुककर नमस्कार करना ।

отвúливать (अपू०), **отвильнýть** (पू०) चकमा देना ; о. от отвéта उत्तर देने से कतराना ।

отвúнчивать (अपू०), **отвинтúть** (पू०) (भवि० отвинчý, отвинтúшь) पेच खोलना ; **—ся** (आत्म०) पेच खुलना ; पेच खोला जाना ।

отвисáть (अपू०), **отвúснуть** (पू०) नीचे लटकना ; दबाव से झुकना ।

отвúсл||ый (वि०) (ढीला) नीचे लटकता हुआ ; с —ыми ушáми लटकते हुए कानोंवाला ।

отвлекáть (अपू०), **отвлéчь** (पू०) (भवि० отвлекý, отвлечёшь) १. (ध्यान) बँटाना ; २. पृथक् करना ; अलग करना ; सार निकालना ; **—ся** (आत्म०) १. (ध्यान) बँट जाना ; हटना ; २. отвлекáть का कर्मवाच्य ।

отвлечéни||е (नपुं०) १. निष्कर्ष ; २. (चिकि०) प्रत्याकर्षण ; ३. अपकर्षण ; ध्यान बँटाना/हटाना ; для —я внимáния ध्यान हटाने के लिए ।

отвлечённ||ый : १. отвлекáть से कृदन्त ; २. —ая идéя सार ; —ое числó (गणित) अमूर्त ; —ая величинá अमूर्त मात्रा या राशि ; —ое úмя कर्तृ-निरपेक्ष/भाववाचक संज्ञा ।

отвлéчь(ся) दे० отвлекáть(ся).

отвóд (पुं०) १. अपने साथ / एक ओर को ले जाने की क्रिया ; о. детéй в шкóлу बच्चों को स्कूल ले जाना ; २. रोकने/मोड़ने की क्रिया ; о. рекú नदी को (दूसरी ओर को) मोड़ना ; ३. (अनुचित समझकर) अस्वीकार करने की क्रिया ; ४. (भूमि, मकान आदि का) नियतन ; о. земéль भूमि का नियतन ।

отводúть (अपू०), **отвестú** (पू०) (वर्त० отвожý, отвóдишь ; भवि० отведý, отведёшь) १. (साथ) ले जाना ; о. ребёнка домóй बच्चे को घर ले जाना ; २. एक ओर को ले जाना ; я отвёл егó для разговóра к окнý मैं बातचीत करने के लिए उसे खिड़की के पास ले गया ; ३. रोकना ; मोड़ना ; о. вóду от гóрода पानी को नगर की ओर जाने से रोकना ; о. удáр थप्पड़ रोकना ; Алексáндр дóлго не мог отвестú глаз от неё सिकन्दर बड़ी देर तक उस (स्त्री/लड़की) पर से नज़र न उठा सका ; ४. (अनुचित समझकर) अस्वीकार कर देना ; о. возражéние протúвника शत्रु द्वारा उठायी गयी आपत्ति को अस्वीकार कर देना ; о. свидéтелей गवाहों को अस्वीकार कर देना ; ५. (भूमि, मकान आदि का) नियतन करना ; □ о. дýшу मन का बोझ हल्का करना ।

отвóд||ный (वि०) : о. канáл, —ая канáва नाली / मोरी ।

отвóдок (पुं०) (वन०) क़लम ।

отвоевáть -I दे० отвоёвывать.

отвоев||áть -II (पू०) १. (विशेष अवधि तक) युद्ध करना ; लड़ना ; онú три гóда —áли वे तीन वर्ष से लड़ रहे हैं ; २. युद्ध/लड़ाई समाप्त करना ।

отвоёвывать (अपू०), **отвоевáть** (पू०) (भवि० отвоюю, отвоюешь) (लड़कर) जीतना ।

отвозúть (अपू०), **отвезтú** (पू०) (वर्त० отвожý, отвóзишь ; भवि० отвезý, отвезёшь) (सवारी में) ले जाना ; отвезтú на стáнцию (गाड़ी आदि में बिठाकर) स्टेशन ले जाना ।

отворáчивать (अपू०), **отворотúть** (отворочý, отворóтишь), **отвернýть** (पू०) मोड़ना ; एक ओर कर देना ; (मुँह, दृष्टि) मोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. एक ओर को होना ; मुड़ना ; २. एक ओर को देखना ; ३. отворáчивать का कर्मवाच्य ।

отворúть(ся) दे० отворя́ть(ся).

отворóт (पुं०) १. कोट में सीने पर का मुड़ा हुआ हिस्सा ; २. बूट का ऊपरी हिस्सा ।

отворотúть(ся) दे० отворáчивать(ся).

отворя́ть (अपू०), **отворúть** (पू०) खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. खुलना ; २. отворя́ть का कर्मवाच्य ।

отвратúтельный (वि०) विकर्षक ; घृणास्पद ; कुत्सित ।

отврати́ть दे० отвраща́ть.

отвра́тный = отврати́тельный.

отвращ||а́ть (अपू०), **отврати́ть** (पू०) (भवि० отвращу́, отврати́шь) १. (एक ओर को) हटा लेना ; २. घृणा पैदा करना ; (बुरे काम से) हटाना ; **—е́ние** (नपुं०) विरक्ति ; घृणा ; अरुचि ; внуша́ть —е́ние घृणा उत्पन्न करना ; пита́ть —е́ние घृणा रखना ।

отвыка́ть (अपू०), **отвы́кнуть** (पू०) आदत छोड़ना ।

отвя́зывать (अपू०), **отвяза́ть** (पू०) (भवि० отвяжу́, отвя́жешь) खोलना ; (बाँधने का उल्टा) ; ढीला करना ; **—ся** (आत्म०) १. खुलना ; ढीला होना ; २. पीछा छुड़ाना ; ३. पीछा छोड़ना ; отвяжи́сь от меня́ ! मेरी जान छोड़ो ! ; ४. отвя́зывать का कर्मवाच्य ।

отгада́ть दे० отга́дывать.

отга́дка (स्त्री०) पहेली का हल ।

отга́дчи||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) रमल लगानेवाला/वाली ; बूझनेवाला/वाली ।

отга́дывать (अपू०), **отгада́ть** (पू०) बूझना ।

отгиба́ть (अपू०), **отогну́ть** (पू०) (झुकी चीज को) सीधा करना ; (पीछे को) मोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. (झुकी चीज का) सीधा होना ; (पीछे को) मुड़ना ; २. отгиба́ть का कर्मवाच्य ।

отглаго́льный (वि०) (व्या०) क्रियापदीय ; क्रियामूलक ।

отгла́живать (अपू०), **отгла́дить** (पू०) (भवि० отгла́жу, отгла́дишь) (कपड़ों पर) लोहा करना ।

отгова́ривать (अपू०), **отговори́ть** (पू०) (-से) रोकना ; हटाना ; टालना ; о. от пое́здки जाने से रोकना ; **—ся** (आत्म०) बहाना करना ; टलना ।

отгово́р||ка (स्त्री०) बहाना ; без —ок ! कोई बहाना नहीं !

отголо́сок (पुं०) गूँज ; प्रतिध्वनि ।

отго́н (पुं०) आसव ; आसवन की हुई चीजें- अर्क आदि ।

отго́нка (स्त्री०) आसवन ; अर्क खींचने की क्रिया ।

отгоня́ть (अपू०), **отогна́ть** (पू०) (भवि० отгоню́, отго́нишь) १. मार भगाना ; दूर हटाना ; २. आसवन करना ; अर्क खींचना ।

отгора́живать (अपू०), **отгороди́ть** (पू०) (भवि० отгорожу́, отгороди́шь) मेंड़ डालना ; बाड़ लगाना ; (पर्दा या तख्ता लगाकर) विभाजन करना ।

отграни́чивать (अपू०), **отграни́чить** (पू०) सीमा निर्धारित करना ; हदबन्दी करना ।

отгреба́ть (अपू०), **отгрести́** (पू०) (भवि० отгребу́, отгребёшь) १. हेंगी से घास इकट्ठी करना ; २. (चप्पू चलाकर नाव को नदी के तट से दूर) ले जाना ।

отгружа́ть (अपू०), **отгрузи́ть** (पू०) (भवि० отгру̊жу́, отгрузи́шь) (जहाज आदि पर) माल लादना/भेजना ।

отгрыза́ть (अपू०), **отгры́зть** (पू०) (भवि० отгрызу́, отгрызёшь) दाँत से कुतरना ।

отгуля́ть (पू०) छुट्टी करना ; आराम करना ; о. два дня दो दिन की छुट्टी करना/आराम करना ।

отдава́ть -I (अपू०), **отда́ть** (पू०) (वर्त० отдаю́, отдаёшь, भवि० отда́м, отда́шь) १. वापस देना ; लौटाना ; २. त्यागना ; ३. समर्पण करना ; о. свою́ жизнь अपना जीवन समर्पण करना ; □ о. честь (सेना में) सलामी देना ; о. под суд अभियोग चलाना ; о. под стра́жу हिरासत में लेना ; о. в шко́лу स्कूल में दाखिल कराना ।

отдава́ть -II (अपू०), **отда́ть** (पू०) १. बू आना ; от него́ отдаёт немно́го во́дкою उसके मुँह से वोदके की बू आ रही है ; २. (-के) सदृश होना ; लगना ; э́то отдаёт парадо́ксом यह विरोधाभास लगता है ।

отдава́ться (आत्म० अपू०), **отда́ться** (आत्म० पू०) १. अपने आपको समर्पित करना ;

हथियार डालना ; २. गूँजना ; प्रतिध्वनि होना ; (कानों में) बजना ।

отдави́ть (पू०) (भवि० отдавлю́, отда́вишь) कुचलना ; दबा देना ; о. кому́-л. но́гу किसीका पाँव कुचलना ।

отдал||е́ние (नपुं०) १. दूर करने/स्थगित करने की क्रिया ; २. फ़ासला ; दूरी ; в —е́нии दूरी पर ; держа́ть в —е́нии दूर रहना ; **—ённость** (स्त्री०) दूरी ; सुदूरता ; **—ённый** (वि०) १. отдаля́ть से कृदन्त ; २. दूर का ; सुदूरवर्ती ; —ённые пре́дки सुदूरवर्ती/अतीत के पूर्वज ।

отдаля́ть (अपू०), **отдали́ть** (पू०) १. दूर रखना ; о. предме́т от глаз चीज़ आँखों से दूर रखना ; २. स्थगित करना ; अवधि बढ़ाना ; о. упла́ту до́лга ऋण के भुगतान की अवधि बढ़ाना ; ३. दूर करना ; अलग करना ; о. от себя́ пре́жнего люби́мца पहले प्रेमी से अलग होना ; **—ся** (आत्म०) отдаля́ть का कर्मवाच्य ।

отда́ть(ся) दे० отдава́ть(ся).

отда́ча (स्त्री०) १. (वापस) अदायगी ; २. (सेना०) (तोप आदि का) प्रतिक्षेप ; ३. कार्य-क्षमता ; उत्पादन ; ४. (नौचालन०) о. я́коря लंगर उठाना ।

отдежу́рить (पू०) ड्यूटी समाप्त करना ।

отде́л (पुं०) १. (पुस्तक का) खंड ; २. (संस्था आदि का) विभाग ; о. спра́вок पूछताछ का दफ़्तर ।

отде́лать दे० отде́лывать.

отдел||е́ние (नपुं०) १. पृथक्करण ; अलग करने की क्रिया ; २. (भवन का) भाग ; खंड ; ३. विभाग ; शाखा ; ४. (संगीत-उत्सव का) भाग ; हिस्सा ; **—и́мый** (वि०) विभाज्य ; **—и́тель** (पुं०) पृथक् करने की मशीन ; **—и́ть(ся)** दे० отделя́ть(ся).

отде́лка (स्त्री०) टीप-टाप ।

отде́лывать (अपू०), **отде́лать** (पू०) १. टीप-टाप करना ; २. किसीको खूब फटकारना ; ३. (लापरवाही से पहनकर कपड़े आदि) खराब कर लेना ; **—ся** (आत्म०) १. पीछा छुड़ाना ; २. कुछ उठाकर भाग निकलना ; □ дёшево отде́латься सस्ते छूटना ; счастли́во отде́латься बाल-बाल बचना ।

отде́льн||о (क्रि० वि०) पृथक्-पृथक् ; अलग ; **—ость** (स्त्री०) : ка́ждый в —ости हर एक अलग-अलग ; **—ый** (वि०) पृथक् ; अलग ; —ая кварти́ра अलग मकान ।

отделя́ть (अपू०), **отдели́ть** (पू०) पृथक् करना ; जुदा करना ; अलग करना ; о. це́рковь от госуда́рства शासन से धर्म को अलग करना ; **—ся** (आत्म०) १. पृथक् होना ; जुदा होना ; २. отделя́ть का कर्मवाच्य ।

отдёргивать (अपू०), **отдёргнуть** (पू०) १. (झटका देकर) पीछे कर लेना/खींच लेना । २. एक ओर को हो जाना ।

отдира́ть (अपू०), **отодра́ть** (पू०) (भवि० отдеру́, отдерёшь) फाड़ देना ; о. лист из кни́ги पुस्तक में से पन्ना फाड़ना ।

отдохнове́ние (नपुं०) विश्रान्ति ; о. от трудо́в आपदाओं से विश्रान्ति ।

отдохну́ть दे० отдыха́ть.

отдуба́сить (पू०) डंडे आदि से मारना ; खूब पीटना ।

отдува́ться (आत्म० अपू०) १. हाँफना ; साँस चढ़ना ; साँस फूलना ; २. (किसी ग़लती का) फल भुगतना; ३. किसीके लिए उत्तरदायी होना ; о. за друго́го किसी दूसरे का काम करना ।

отду́мывать (अपू०), **отду́мать** (पू०) इरादा बदलना ।

отду́шина (स्त्री०), **отду́шник** (पुं०) वातागम ; हवा जाने के लिए सुराख़ ; о. в печи́ अँगीठी में हवा आने का सुराख़ ।

о́тдых (पुं०) आराम ; विश्राम ; дом —а आरामघर ; день —а आराम करने का दिन ।

отдыха́ть (अपू०), **отдохну́ть** (पू०) विश्राम करना ; आराम करना ।

отдыша́ться (आत्म० पू०) दम लेना ।

отёк (पुं०) (किसी अंग में खून इकट्ठा हो जाने के कारण) शोथ ; सूजन ।

отека́ть (अपू०), **оте́чь** (पू०) (भवि० отеку́, отечёшь) १. (खून इकट्ठा हो जाने के कारण किसी अंग का) फूलना ; सूजना ; २. (मोमबत्ती का) जलकर पिघल जाना।

отёл (पुं०) गाय का बियाना।

отели́ться दे० тели́ться.

оте́ль (पुं०) होटल।

отепле́ние (नपुं०) सर्दी में घरों को गर्माई पहुँचाने/तपाने की क्रिया।

отепля́ть (अपू०), **отепли́ть** (पू०) (सर्दी में घरों को) गर्माई पहुँचाना/तपाना।

оте́ц (पुं०) पिता ; крёстный о. धर्म-पिता।

оте́ческий (वि०) पिता का ; पैतृक।

оте́чественн||ый (वि०) देशी ; गृह-; घरेलू ; Вели́кая —ая войнá मातृभूमि की रक्षा में महायुद्ध ; —ая промы́шленность गृह-उद्योग।

оте́чество (नपुं०) मातृभूमि।

оте́чь दे० отекáть.

отжа́ть दे० отжимáть, отжинáть.

отже́чь दे० отжигáть.

отжива́ть (अपू०), **отжи́ть** (पू०) (भवि० отживу́, отживёшь) अप्रचलित होना ; पुराना हो जाना ; लुप्तप्राय होना ; (किसी व्यक्ति के बारे में) अपने दिन देख चुकना।

отжи́вший (कृदन्त और वि०) पुराना ; अप्रचलित।

отжига́ть (अपू०), **отже́чь** (पू०) (भवि० отожгу́, отожжёшь) १. (किसी चीज़ के एक भाग को) जलाना ; २. मृदु करना ; निस्तापन।

отжима́ть (अपू०), **отжа́ть** (पू०) (भवि० отожму́, отожмёшь) निचोड़ना।

отжина́ть (अपू०), **отжа́ть** (पू०) (भवि० отожну́, отожнёшь) फ़सल काट चुकना।

отжи́ть दे० отживáть.

отза́втракать (पू०) नाश्ता कर चुकना।

о́тзвук (पुं०) १. गूँज ; प्रतिध्वनि ; २. प्रतिक्रिया।

отзвуча́ть (पू०) सुनायी पड़ना बन्द होना ; (घंटी का) बजना बन्द होना।

о́тзыв (पुं०) १. वापस बुलाने की क्रिया ; (राजदूत आदि का) प्रत्यावाहन ; २. सम्मति ; राय ; हवाला ; дать хоро́ший о. о ком-л. किसीके विषय में अच्छी राय देना ; ३. (सेना०) (सन्तरी द्वारा ललकारे जाने पर शिनाख्त के बारे में बोला गया) गुप्त शब्द।

отзыва́ть (अपू०), **отозва́ть** (पू०) (भवि० отзову́, отзовёшь) १. (बुलाकर) एक ओर को ले जाना ; २. (राजदूत आदि को) वापस बुलाना ; प्रत्यावाहन करना ; **—ся** (आत्म०) १. गूँजना ; प्रतिध्वनि होना ; २. राय देना ; हवाला देना ; ३. प्रभाव डालना ; ४. (केवल अपू०) (-का) स्वाद होना ; (-के) सदृश स्वाद होना ; ५. отзывáть का कर्मवाच्य।

отзы́вчивость (स्त्री०) प्रतिभावनात्मकता ; सहानुभूति।

отка́з (पुं०) १. अस्वीकृति ; इनकार ; отве́тить —ом на про́сьбу प्रार्थना अस्वीकार करना ; २. о. от чегó-л. त्यागना/छोड़ देना; □ до —а खचाखच/अघाकर।

отка́зывать (अपू०), **отказа́ть** (पू०) (भवि० откажу́, отка́жешь) १. इनकार करना ; नकारात्मक उत्तर देना ; २. वसीयत करना ; □ не откажи́те в любе́зности कृपा करके ... ; **—ся** (आत्मा०) इनकार करना ; त्यागना ; छोड़ना ; (अधिकार) छोड़ना ; —ся от до́лжности पद छोड़ना/त्यागपत्र देना ; —ся вы́слушать когó-л. किसीकी बात सुनने से इनकार करना।

отка́лывать (अपू०), **отколо́ть** (पू०) (भवि० отколю́, отко́лешь) १. (कुल्हाड़ी, चाकू आदि से) काटना ; २. पिन हटाना ; **—ся** (आत्म०) १. टूट जाना ; २. откáлывать का कर्मवाच्य।

отка́пывать (अपू०), **откопа́ть** (पू०) १. खोदकर निकालना ; о. кóрни खोदकर जड़ें निकालना ; २. ढूंढ निकालना।

отка́рмливать (अपू०), **откорми́ть** (पू०) (भवि० откормлю́, откóрмишь) (खिला-पिलाकर) मोटा करना ; हृष्ट-पुष्ट बनाना।

откати́ть(ся) दे० отка́тывать(ся).

отка́тка (स्त्री०) लुढ़काकर ले जाने की क्रिया ।

отка́тывать (अपू०), **откати́ть** (पू०) (भवि० откачу́, отка́тишь) (लुढ़काकर) एक ओर करना ; о. бревно́ लक्कड़ को (लुढ़काकर) एक ओर करना ; **—ся** (आत्म०) लुढ़क जाना ; पीछे हटना ; (सेना का) एकदम पीछे हटना ।

отка́чивать (अपू०), **откача́ть** (पू०) (पम्प द्वारा) खाली करना ; निकाल देना ।

откачну́ть (पू०) (हिला-झुलाकर) एक ओर को कर देना ; о. ма́ятник लोलक को (हिलाकर/झुलाकर) एक ओर को कर देना ; **—ся** (आत्म०) एक ओर को झूलना ; हिलना ।

отка́шливаться (आत्म० अपू०), **откашля́ться** (आत्म० पू०) खँखारकर गला साफ़ करना ।

откидн||о́й (वि०) तह हो जानेवाला ; —о́е сиде́нье (नाटक-गृह आदि में) तह हो जानेवाली कुर्सी ।

отки́дывать (अपू०), **отки́нуть** (पू०) (एक ओर को) फेंक देना ; о. ка́мень с доро́ги रास्ते में से पत्थर फेंक देना ; **—ся** (आत्म०) १. (पर्दा) पीछे को गिराना ; छोड़ना ; отки́нь э́ту мысль इस विचार को छोड़ो ; २. पीछे को झुकना ; सहारा लेना ; ३. (केवल अपू०) (पर्दे का) पीछे को गिरना ; ४. отки́дывать का कर्मवाच्य ।

откла́дывать (अपू०), **отложи́ть** (पू०) १. (एक ओर को) रख देना ; बचाकर रखना ; २. टालना ; स्थगित करना ; □ о. лошаде́й घोड़े का साज़ खोलना ; о. в до́лгий я́щик बट्टे-खाते में डालना/अनिश्चित काल के लिए स्थगित करना ।

откла́ниваться (आत्म० अपू०), **откла́няться** (आत्म० पू०) सिर झुकाकर विदा लेना ।

откле́ивать (अपू०), **отклеи́ть** (पू०) (गोंद, लेई आदि से चिपकायी हुई चीज़ को) उतार देना ।

о́тклик (पुं०) १. (निमन्त्रण/बुलावे का) उत्तर ; २. टीका-टिप्पणी ।

отклика́ться (आत्म० अपू०), **откли́кнуться** (आत्म० पू०) (बुलावे का) उत्तर देना ; दिलचस्पी दिखाना ।

отклоне́ние (नपुं०) १. इनकार ; अस्वीकृति ; २. एक ओर को हटना ; विचलन ; о. от те́мы विषय से इधर-उधर होना ; ३. (भौ०) अपसरण ; ग़लती ।

отклоня́ть (अपू०), **отклони́ть** (पू०) हटाना, (प्रार्थना, प्रस्ताव आदि) अस्वीकार करना ; о. попра́вку संशोधन अस्वीकार करना ; **—ся** (आत्म०) १. एक ओर को झुकना/हटना ; २. विषय से भटकना ।

отковы́ривать (अपू०), **отковыря́ть** (पू०) कुरेद देना ; कुरेदकर उतार देना ।

отколоти́ть (पू०) (भवि० отколочу́, отколо́тишь) १. (मेखों से जोड़े हुए तख्ते आदि को हथौड़े से) उखाड़ना ; तोड़ना ; २. मारना-पीटना ।

отколо́ть(ся) दे० отка́лывать(ся).

откопа́ть दे० отка́пывать.

отко́рм (पुं०) खिला-पिलाकर मोटा करने/हृष्ट-पुष्ट बनाने की क्रिया ।

откорми́ть दे० отка́рмливать.

отко́с (पुं०) ढलान ।

открепля́ть (अपू०), **открепи́ть** (पू०) (भवि० откреплю́, открепи́шь) (बाँधे हुए को) खोलना ; ढीला करना ; **—ся** (आत्म०) १. (बाँधे हुए का) खुलना ; ढीला होना ; २. открепля́ть का कर्मवाच्य ।

откре́щиваться (आत्म० अपू०) (-से) कोई वास्ता रखने से इनकार कर देना ।

открове́н||ие (नपुं०) १. ईश्वरीय ज्ञान ; इलहाम ; २. पता लगाना ; **—ничать** (अपू०) (किसीसे) अपना भेद कहना ; रहस्य कहना ; दिल की बात कहना ; **—но** (क्रि० वि०) साफ़-साफ़ ; निष्कपटता से ; о. говоря́ साफ़-साफ़ कहूँ ; **—ность** (स्त्री०) निष्कपटता ; स्पष्टता ; **—ный** (वि०) निष्कपट ; स्पष्ट ।

откру́чивать (अपू०), **открути́ть** (पू०) (भवि० открушу́, откру́тишь) (नल आदि)

बन्द करना ; बट उतारना/खोलना ; о. верёвку रस्सी की बट उतारना ।

открывáть (अपू०), **открыть** (पू०) (भवि० открóю, открóешь) १. खोलना; उद्घाटन करना ; २. आविष्कार करना ; ३. (भेद) प्रकट करना ; खोलना ; □ о. заседáние (सभा की) बैठक का उद्घाटन करना ; о. огóнь गोली चलाना ; о. счёт, кредит हिसाब (खाता) खोलना / लेखा खोलना ; о. глазá комý-л. किसीकी आँखें खोलना ; о. кран नल खोलना ; о. дýшу комý-л. किसीसे मन की बात कहना/ किसीके सामने दिल खोलकर रखना ; **—ся** (आत्म०) १. खुलना ; २. (किसीसे) रहस्य कहना ; भेद खोलना ; ३. открывáть का कर्मवाच्य ।

открытие (नपुं०) १. खोलने/उद्घाटन करने की क्रिया ; २. (वैज्ञानिक) आविष्कार ।

открытка (स्त्री०) खुली चिट्ठी ; पोस्टकार्ड ।

открыто (क्रि० वि०) खुले तौर पर ; निष्कपटता से ; स्पष्ट ; говорить о. स्पष्ट कहना / साफ़-साफ़ कहना ।

открыт||ый : १. открыть से कृदन्त ; २. (वि०) खुला ; स्पष्ट ; निष्कपट ; □ —ое заседáние खुला अधिवेशन ।

открыть(ся) दे० открывáть(ся).

откýда (क्रि० वि०) (प्रश्नसूचक) कहाँ से ; (सम्बन्धसूचक) जिससे ; जहाँ से ; о. вы (идёте) ? आप कहाँ से आ रहे हैं ? ; о. вы э́то знáете ? आपको यह कैसे (कहाँ से) पता चला ? ; □ о. ни возьмись बिल्कुल अचानक ।

откýда-либо, откýда-нибудь, откýда-то (क्रि० वि०) कहीं से ।

óткуп (पुं०) पट्टा ; ठेका ; брать на о. (भूमि आदि) ठेके पर लेना ।

откупáть (अपू०), **откупить** (पू०) (भवि० откуплю́, откýпишь) (भूमि आदि) पट्टे पर लेना ; **—ся** (आत्म०) लेखा चुकता करना ; हिसाब बेबाक़ करना ।

откýпоривать (अपू०), **откýпорить** (पू०) डाट खोलना ; कार्क खोलना ।

откупщик (पुं०) ठेके या पट्टे पर काम करनेवाला किसान ।

откýсывать (अपू०), **откусить** (पू०) (भवि० откушý, откýсишь) दाँतों से काटना/ कुतरना ।

откýшать (पू०) १. खाना खा चुकना ; भोजन समाप्त करना ; २. просить о. भोजन के लिए निमन्त्रण देना ।

отлагáтельств||о (नपुं०) विलम्ब ; देर ; дéло не тéрпит —а काम बहुत ज़रूरी है ।

отлагáть (अपू०), **отложить** (पू०) १. दे० отклáдывать-२ ; २. जमा करना ; तह जमाना; **—ся** (आत्म०) १. (-से टूटकर) गिर जाना; अलग होना ; पृथक् होना ; २. जमा होना ; तह जमना ।

отлáмывать (अपू०), **отломáть, отломить** (पू०) (отломить से отломлю́, отлóмишь) तोड़ देना ; **—ся** (आत्म०) १. टूटना ; २. отлáмывать का कर्मवाच्य ।

отлег||áть (अपू०), **отлéчь** (पू०) (भवि० отля́гу, отля́жешь) १. (केवल पू०) लेटे-लेटे किसीके पास से दूर सरक जाना ; २. (दर्द आदि) बन्द हो जाना ; боль отлеглá दर्द बन्द हो गया ; у негó —лó от сéрдца उसके मन का बोझ हल्का हो गया ।

отлёживать (अपू०), **отлежáть** (पू०) (असुविधाजनक स्थिति में बहुत देर लेटने से किसी अंग को) चेतनाशून्य कर लेना ; सुन्न कर लेना ; он отлежáл нóгу उसका पाँव सो गया है ; **—ся** (आत्म०) पलंग पर लेटकर आराम करना ।

отлепля́ть (अपू०), **отлепить** (पू०) (भवि० отлеплю́, отлепишь) (गोंद, लेई आदि से चिपके हुए को) उतार देना ।

отлёт (पुं०) (दूर) उड़ जाने की क्रिया ; (हवाई जहाज़ का) उड़ान करना ; □ дом на —е एकाकी घर ।

отлет||áть (अपू०), **отлетéть** (पू०) (भवि० отлечý, отлетишь) १. उड़ जाना ; птицы —éли पक्षी उड़ गये ; २. लुप्त हो जाना ; от

блéдных уст —éла улы́бка पीले ओठों पर से मुस्कान लुप्त हो गयी ; ३. टूटकर गिर जाना ; —éли пу́говицы बटन टूटकर गिर गये ।

отлéчь दे० отлегáть.

отли́в (पुं०) १. भाटा ; घटाव ; क्षय ; २. रँगों का बदलना ; रँगों की झलक ।

отливáть (अपू०), **отли́ть** (पू०) (भवि० отолью́, отольёшь) १. (पानी आदि) उँडेलना ; (पम्प द्वारा) खाली करना ; २. ढालना ; ३. (केवल अपू०) रँग की झलक मारना ।

отли́в||ка (स्त्री०) १. ढालने की क्रिया ; २. ढाली हुई वस्तु ; **—нóй** (वि०) ढाला हुआ ।

отлипáть (अपू०), **отли́пнуть** (पू०) (लेई या गोंद से चिपकाये हुए को) उतार देना।

отли́ть दे० отливáть.

отличáть (अपू०), **отличи́ть** (पू०) भेद करना ; अन्तर दिखाना ; विशिष्टता दिखाना ; **—ся** (आत्म०) १. भिन्न होना ; २. (केवल अपू०) (-के लिए) प्रसिद्ध होना ; ३. विशिष्ट होना ।

отли́ч||ие (नपुं०) १. भेद ; अन्तर ; भिन्नता ; विशिष्टता ; в о. от (से) भिन्न ; знак —ия विशिष्टता का चिह्न ; २. सेवा ; **—и́тельный** (वि०) विशिष्ट ; व्यावर्तक ; —и́тельный знак विशिष्ट चिह्न ; **—и́ть(ся)** दे० отличáть(ся).

отли́чн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) बहुत अच्छा छात्र/बहुत अच्छी छात्रा ।

отли́чн||о (क्रि० वि०) उत्तम रीति से ; सर्वश्रेष्ठ रूप से ; बहुत अच्छी तरह ; о. знать बहुत अच्छी तरह जानना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) отли́чно ! बहुत बढ़िया ! ; **—ый** (वि०) १. (-से) भिन्न ; विभिन्न ; २. बढ़िया ; सर्वोत्तम ; बहुत अच्छा ; —ое здорóвье बहुत अच्छा स्वास्थ्य ; —ое настроéние बहुत अच्छी मनोदशा ।

отлóг||ий (वि०) ढलवाँ ; **—ость** (स्त्री०) ढाल ; ढलवाँपन ।

отложéние (नपुं०) १. अलगाव ; सम्बन्ध-विच्छेद ; २. (मिट्टी आदि का) जमा होना ; तह जमना ।

отложи́ть(ся) दे० откла́дывать(ся) और отлагáть(ся).

отложнóй (वि०) : о. воротни́к उलटाया हुआ कालर ।

отломáть(ся), **отломи́ть(ся)** दे० отлáмывать(ся).

отлупи́ть दे० лупи́ть -II.

отлучáть (अपू०), **отлучи́ть** (पू०) बहिष्कृत करना ; बिरादरी से बाहर करना ; **—ся** (आत्म०) १. अनुपस्थित होना ; २. отлучáть का कर्मवाच्य ।

отлучéние (नपुं०) जाति-बहिष्कार ।

отлучи́ть(ся) दे० отлучáть(ся).

отлу́чк||а (स्त्री०) अनुपस्थिति ; быть в —е अनुपस्थित होना ।

отлы́нивáть (अपू०) जी चुराना ; о. от рабóты काम से जी चुराना ।

отмáлчиваться (आत्म० अपू०), **отмолчáться** (आत्म० पू०) चुप रहना ; मौन रहना ।

отмáхивать (अपू०), **отмахáть, отмахну́ть,** (पू०) १. फ़ासला तय करना ; он отмахáл 5 километров उसने ५ किलोमीटर का फ़ासला तय किया ; २. (отмахну́ть पू० के साथ) (झंडी आदि) लहराना ।

отмáхиваться (आत्म०, अपू०), **отмахну́ться** (आत्म० पू०) १. (हाथ हिलाकर) अपने पास से भगा देना ; о. от му́хи (हाथ हिलाकर) मक्खी उड़ा देना ; २. отмáхивать का कर्मवाच्य ।

отмáчивать (अपू०), **отмочи́ть** (पू०) (गीला करके) ढीला करना ; (चिपका हुआ) उतारना ।

отмежёвывать (अपू०), **отмежевáть** (पू०) (भवि० —жу́ю) (खेत आदि की) सीमा निर्धारित करना ; हदबन्दी करना ; **—ся** (आत्म०) १. अलग होना ; २. अपनी असहमति प्रकट करना ; ३. отмежёвывать का कर्मवाच्य ।

óтмель (स्त्री०) पुलिन ; रेतीला तट ।

отмéна (स्त्री०) समापन ; (क़ानून आदि का) रद्द करना ; अपाकरण ; उन्मूलन ; खंडन ; о. чáстной

со́бственности निजी सम्पत्ति का समापन ; о. крепостно́го пра́ва दास-प्रथा का समापन/उन्मूलन ।

отме́нный (वि०) उत्तम ; बढ़िया ।

отменя́ть (अपू०), **отмени́ть** (पू०) समापन करना ; रद्द करना ; अपाकरण करना ; उन्मूलन करना ; खंडन करना ; о. прика́з हुक्म रद्द करना ।

отмере́ть दे० отмира́ть.

отмерза́ть (अपू०), **отмёрзнуть** (पू०) (ठंड के मारे) सुन्न हो जाना ; у него́ отмёрзли ру́ки (ठंड के मारे) उसके हाथ सुन्न हो गये हैं ।

отме́ривать (अपू०), **отме́рить** (पू०) नापना ।

отмеря́ть = отме́ривать.

отмести́ दे० отмета́ть.

отме́стка (स्त्री०) बदला ; प्रतिशोध ।

отмета́ть (अपू०), **отмести́** (पू०) (भवि० отмету́, отметёшь) (झाड़ू देकर) एक ओर को कर देना ; साफ़ कर देना ।

отме́тина (स्त्री०) चिह्न ; निशान ; (पशु के मुँह पर) सफ़ेद दाग़ ।

отме́тить(ся) दे० отмеча́ть(ся).

отме́тка (स्त्री०) १. चिह्न ; निशान ; २. नोट ; टिप्पणी ।

отмеча́ть (अपू०), **отме́тить** (पू०) (भवि० отме́чу, отме́тишь) १. चिह्न लगाना ; निशान लगाना ; नोट करना ; २. उल्लेख करना ; ज़िक्र करना ; ३. दर्ज करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपना नाम दर्ज कराना ; अपनी रवानगी दर्ज कराना ; २. отмеча́ть का कर्मवाच्य ।

отмира́ние (नपुं०) लोप ; क्षय ; ग़ायब होना ।

отмира́ть (अपू०), **отмере́ть** (पू०) (भवि० отомру́, отомрёшь) लुप्त हो जाना ; ग़ायब हो जाना ; क्षीण हो जाना ; отмерли́ ста́рые привы́чки पुरानी प्रथाएँ लुप्त हो गयीं ।

отмока́ть (अपू०), **отмо́кнуть** (पू०) १. गीला होना ; २. गीला होकर उतर जाना ।

отмолоти́ть (पू०) (भवि० отмолочу́, отмоло́тишь) १. (निर्दिष्ट मात्रा में) दायँ करना ; भूसी से अनाज अलगाना ; २. दायँ कर चुकना ।

отмолча́ться दे० отма́лчиваться.

отмора́живать (अपू०), **отморо́зить** (पू०) (भवि० отморо́жу, отморо́зишь) : он отморо́зил себе́ ру́ки उसके हाथों को पाला मार गया ।

отмочи́ть दे० отма́чивать.

отмсти́ть = отомсти́ть.

отмще́ние (नपुं०) प्रतिशोध ; बदला ।

отмыва́ть (अपू०), **отмы́ть** (पू०) (भवि० отмо́ю, отмо́ешь) धो डालना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको धोना/साफ़ करना ; э́то не отмыва́ется यह धोने से नहीं छूटेगा ; २. отмыва́ть का कर्मवाच्य ।

отмыка́ть (अपू०), **отомкну́ть** (पू०) (ताला, द्वार आदि) खोलना ; о. дверь दरवाज़ा खोलना ; о. замо́к ताला खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (ताला, द्वार आदि) खुलना ; २. отмыка́ть का कर्मवाच्य ।

отмы́ть(ся) दे० отмыва́ть(ся).

отмы́чка (स्त्री०) बिना ताली के ताला खोलने का एक औज़ार ।

отмяка́ть (अपू०), **отмя́кнуть** (पू०) (सील के कारण) नर्म हो जाना ।

отне́киваться (आत्म० अपू०) 'न' कहना ; 'न' करना ।

отнести́(сь) दे० относи́ть(ся).

отнима́ть (अपू०), **отня́ть** (पू०) (भवि० отниму́, отни́мешь और отыму́, оты́мешь) १. (समय) लेना ; छीनना ; वंचित करना ; э́то о́тняло у него́ три часа́ इसमें उसके तीन घंटे लग गये ; о. у кого́-л. наде́жду किसीकी आशाओं पर पानी फेर देना ; २. विच्छेद करना ; किसी अंग को काटना ; ३. (गणित) घटाना ; कम करना ; **—ся** (आत्म०) १. लकवा मारना ; у него́ отняла́сь нога́ उसकी टाँग को लकवा मार गया है ; २. отнима́ть का कर्मवाच्य ।

относи́тельн||о (क्रि० वि०) १. अपेक्षाकृत ; सापेक्षतः ; २. (-के) सम्बन्ध में ; тепе́рь, о. э́того пла́на अब, इस योजना के सम्बन्ध में ; **—ость** (स्त्री०) सापेक्षता ; тео́рия —ости सापेक्षवाद ; **—ый** (वि०) सम्बन्धित ; सापेक्ष ।

относи́ть (अपू०), **отнести́** (पू०) (भवि० отнесу́, отнесёшь) १. ले जाना ; २. (वायु, बहाव का) उड़ाकर/बहाकर ले जाना ; ३. सम्बन्ध होना ; э́ти ру́кописи отно́сят к 9-му ве́ку ये हस्तलेख नवीं शताब्दी के है ; **—ся** (आत्म०) १. बर्ताव करना ; व्यवहार करना ; विचार रखना ; хорошо́ —ся к кому́-л. किसीसे अच्छा व्यवहार करना ; как вы отно́ситесь к моему́ пла́ну ? मेरी योजना के विषय में आपका क्या विचार है ? ; २. (केवल अपू०) सम्बन्ध रखना ; э́то к нему́ не отно́сится इससे उसका कोई सम्बन्ध नहीं ; ३. (केवल अपू०) (गणित) समानुपात रखना ; 3 отно́сится к 4 как 6 к 8 ३ और ४ का वही समानुपात है जो ६ और ८ का है ; ४. किसी युग से सम्बन्धित होना ; э́то зда́ние отно́сится к 14-му ве́ку यह भवन चौदहवीं शताब्दी का है ; ५. относи́ть का कर्मवाच्य ।

отноше́ни||е (नपुं०) १. व्यवहार ; बर्ताव ; २. सम्बन्ध ; в э́том —и इस सम्बन्ध में ; како́е э́то име́ет о. к э́тому इसका इससे क्या सम्बन्ध है ; быть в хоро́ших —ях с кем-л. किसीसे अच्छे सम्बन्ध होना ; ४. (गणित) अनुपात ; в обра́тном —и विलोमानुपात ; ५. (सरकारी) पत्र ; यादी ; ज्ञापक ।

отны́не (क्रि० वि०) अब से ; आगे से ।

отню́дь (क्रि० वि०) किसी प्रकार भी नहीं ; कदापि नहीं ।

отня́ть(ся) दे० отнима́ть(ся).

ото दे० от.

отобе́дать (पू०) १. भोजन कर चुकना ; २. проси́ть о. भोजन के लिए निमन्त्रण देना ।

отобража́ть (अपू०), **отобрази́ть** (पू०) (भवि० отображу́, отобрази́шь) १. प्रतिबिम्बित करना ; २. प्रतिनिधित्व करना ; **—ся** (आत्म०) प्रतिबिम्बित होना ।

отображе́ние (नपुं०) १. प्रतिबिम्ब ; २. प्रतिनिधित्व ।

отобра́ть दे० отбира́ть.

отовсю́ду (क्रि० वि०) स्थान-स्थान से ; सब स्थानों में ।

отогна́ть दे० отгоня́ть.

отогну́ть(ся) दे० отгиба́ть(ся).

отогрева́ть (अपू०), **отогре́ть** (पू०) (ठंड से सुन्न किसी अंग को) सेकना ; गर्म करना ; о. ру́ки हाथ गर्म करना ; **—ся** (आत्म०) तापना ; सेकना ; —ся у пе́чки अँगीठी से सेकना ।

отодвига́ть (अपू०), **отодви́нуть** (पू०) (एक ओर को) हटाना/धकेलना ; **—ся** (आत्म०) एक ओर को हटना/होना ।

отодра́ть -I दे० отдира́ть.

отодра́ть -II (पू०) चाबुक से मारना ।

отожеств||и́ть दे० отожествля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) एकीकरण ; समान समझना ; तादात्म्य करना ।

отожествля́ть (अपू०), **отожестви́ть** (पू०) (भवि० отожествлю́, отожестви́шь) एक ही समझना ; एक-सा जानना ।

отозва́ние (नपुं०) वापस बुलाना ।

отозва́ть(ся) दे० отзыва́ть(ся).

отойти́ दे० отходи́ть.

отоло́гия (स्त्री०) कान के रोगों का शास्त्र ।

отомкну́ть(ся) दे० отмыка́ть(ся).

отомсти́ть दे० мстить.

отопи́тельн||ый (वि०) तपाने का ; गर्म करने का : —ая систе́ма तपाने की व्यवस्था ।

отопи́ть दे० ота́пливать.

отопле́ние (नपुं०) तपाने/गर्म करने की क्रिया ।

отопля́ть = ота́пливать.

отора́чивать (अपू०), **оторочи́ть** (पू०) मग़ज़ी लगाना ; संजाफ़ लगाना ।

отóрванный : १. отóрвáть से कृदन्त ; २. (वि०) (-से) अलग किया हुआ ; (-से) कटा हुआ ।

оторвáть(ся) दे० отрывáть(ся).

оторопé||ть (पू०) स्तम्भित हो जाना ; चकित हो जाना ; он —л, увúдев менá वह मुझे देखकर चकित हो गया ।

оторóпь (स्त्री०) घबराहट ; व्यग्रता ; егó о. взялá वह घबरा गया ।

оторочúть दे० оторáчивать.

оторóчка (स्त्री०) मग़ज़ी ; संजाफ़ ।

отоскóп (पुं०) कान के भीतरी भाग की परीक्षा करने का यन्त्र ।

отослáть दे० отсылáть.

отоспáться दे० отсыпáться -II.

отощáлый (वि०) क्षीण ; दुर्बल ।

отощáть दे० тощáть.

отпадá||ть (अपू०), **отпáсть** (पू०) (भवि० отпадý, отпадёшь) १. गिरना ; २. вопрóс —ет प्रश्न नहीं उठता/मामला खत्म हुआ ।

отпáивать -I (अपू०), **отпаáть** (पू०) (झाल का) टाँका उखाड़ना ।

отпáивать -II (अपू०), **отпоúть** (पू०) १. (खिला-पिलाकर) मोटा करना ; २. (विष का प्रभाव दूर करने के लिए) दूध आदि पिलाना ; ३. (केवल पू०) पशुओं को पानी पिला चुकना ।

отпáривать (अपू०), **отпáрить** (पू०) १. (गीला कपड़ा रखकर) इस्तरी करना ; लोहा करना ; о. юбку (गीला कपड़ा रखकर) स्कर्ट पर इस्तरी करना ; २. भाप देकर नर्म करना ।

отпáрывать (अपू०), **отпорóть** (पू०) चीर डालना ; काट डालना ।

отпáсть दे० отпадáть.

отпахáть (पू०) (отпашý, отпáшешь) (खेत की) जुताई कर चुकना ।

отпаáть दे० отпáивать -I.

отпевáние (नपुं०) अन्त्येष्टि क्रिया ।

отпевáть (अपू०), **отпéть** (पू०) (भवि० отпоió, отпоёшь) १. गा चुकना ; २. अन्त्येष्टि संस्कार कराना ।

отперéть(ся) दे० отпирáть(ся).

óтпертый (कृदन्त और वि०) (ताला) खुला हुआ ; खुला ।

отпéть दे० отпевáть.

отпечáтать(ся) दे० отпечáтывать(ся) और печáтать.

отпечáток (पुं०) छाप ; चिह्न ; о. пáльца उँगली की छाप ।

отпечáтывать (अपू०), **отпечáтать** (पू०) छापना ; छाप लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. छाप छोड़ना ; चिह्न छोड़ना ; २. отпечáтывать का कर्मवाच्य ।

отпивáть (अपू०), **отпúть** (पू०) (भवि० отопью́, отопьёшь) घूँट भरना ।

отпúливать (अपू०), **отпилúть** (पू०) (आरे से) चीर डालना ।

отпирáтельство (नपुं०) मुकर जाने की क्रिया ; (अपने शब्दों की) अनंगीकृति ; अस्वीकृति ।

отпирáть (अपू०), **отперéть** (पू०) (भवि० отопрý, отопрёшь) (ताला) खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) ताले में से बाहर निकालना ; २. отпирáть का कर्मवाच्य ।

отпирáться (आत्म० अपू०), **отперéться** (आत्म० पू०) मुकर जाना ; (अपने शब्दों आदि को) अनंगीकार करना ; अस्वीकार करना ।

отписáть(ся) दे० отпúсывать(ся).

отпúска (स्त्री०) (फ़ार्म आदि में) लिखित उत्तर ।

отпúсывать (अपू०), **отписáть** (पू०) (भवि० отпишý, отпúшешь) वसीयत करना ; मृत्यु-पत्र द्वारा देना ; **—ся** (आत्म०) फ़ार्म भरना ; (फ़ार्म में) प्रश्नों का उत्तर लिखना ।

отпúть दे० отпивáть.

отпúхивать (अपू०), **отпихнýть** (पू०) एक ओर को धकेल देना ; परे धकेल देना ।

отплáта (स्त्री०) भुगतान ; चुकाई ।

отплáчивать (अपू०), **отплатúть** (पू०) (भवि० отплачý, отплáтишь) भुगतान कर देना ; (ऋण आदि) अदा कर देना ।

отплёвывать (अपू०), **отплю́нуть** (पू०) थूकना ; खँखारना ; कफ़ निकालना ।

отплыва́ть (अपू०), **отплы́ть** (पू०) (भवि० отплыву́, отплывёшь) (जहाज़ आदि का) चल पड़ना ; (कुछ फ़ासले तक) चला जाना ।

отплю́нуть दे० отплёвывать.

отпля́сывать (अपू०), **отплеса́ть** (पू०) (भवि० отпляшу́, отпля́шешь) नाचना ; नाच चुकना ।

о́тповедь (स्त्री०) कड़ा उत्तर ; फटकार ।

отпои́ть दे० отпа́ивать.

отполза́ть (अपू०), **отползти́** (पू०) (भवि० отпо́лзу, отползёшь) रेंगकर पीछे हट जाना/दूर चले जाना ।

отполирова́ть दे० полирова́ть.

отпо́р (पुं०) १. (हमला) रोकने की क्रिया ; (शत्रु को) खदेड़ने/पीछे हटाने की क्रिया ; २. मुँहकी खाना ।

отпоро́ть दे० отпа́рывать.

отпотева́ть (अपू०), **отпоте́ть** (पू०) पसीना आ जाना ।

отпоте́ть दे० отпоте́вать और поте́ть.

отпочко́вываться (आत्म० अपू०), **отпочкова́ться** (आत्म० पू०) कुड्मलीयन ।

отправи́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) प्रेषक/प्रेषिका ; भेजनेवाला/वाली ।

отпра́в||ить(ся) दे० отправля́ть(ся) ; **—ка** (स्त्री०) भेजने/(जहाज़ द्वारा) भेजने की क्रिया ; **—ле́ние** (नपुं०) १. (पत्र, सामान आदि) भेजने की क्रिया ; २. (गाड़ी, जहाज़ की) रवानगी ; ३. (शरीर के अवयवों का) काम करना ; ४. (कर्तव्य) पालन ; —ле́ние обя́занностей कर्तव्य-पालन ।

отправля́ть (अपू०), **отпра́вить** (पू०) (भवि० отпра́влю, отпра́вишь) १. भेजना ; २. (केवल अपू०) (कर्तव्य) पालन करना ; प्रयोग में लाना ; о. обя́занности कर्तव्य-पालन करना ; о. правосу́дие न्याय करना/न्याय का परिपालन करना ; □ о. есте́ственные потре́бности शौच आदि जाना / मल-मूत्र त्यागना ; **—ся** (आत्म०) १. रवाना होना ; (-को) चल पड़ना ; छूटना ; по́езд отправля́ется в 5 (часо́в) गाड़ी पाँच बजे छूटती है ; отпра́виться в путь प्रस्थान करना / रवाना होना ; २. (केवल अपू०) (-से) जाना/चलना ; ३. отправля́ть का कर्मवाच्य ।

отправно́й (वि०) प्रस्थान करने का ; रवानगी का ; о. пункт प्रस्थान करने का स्थान ।

отпра́зднoвать (पू०) १. दे० пра́здновать ; २. त्यौहार मना चुकना ।

отпра́шиваться (आत्म० अपू०), **отпро-си́ться** (आत्म० पू०) (भवि० отпрошу́сь, отпро́сишься) छुट्टी के लिए प्रार्थना करना ; छुट्टी माँगना ।

отпры́гивать (अपू०), **отпры́гнуть** (पू०) कूद जाना ; पीछे को कूदना ; एक ओर को कूदना ।

о́тпрыск (पुं०) १. अंकुर ; कलिका ; शाखा ; २. सन्तान ।

отпряга́ть (अपू०), **отпря́чь** (पू०) (भवि० отпрягу́, отпряжёшь) घोड़े का साज़ उतारना ; घोड़े को (ताँगा, गाड़ी आदि के बम से) निकालना ।

отпря́нуть (पू०) झटके से पीछे हटना ।

отпря́чь दे० отпряга́ть.

отпу́гивать (अपू०), **отпугну́ть** (पू०) डराकर भगा देना ।

о́тпуск (पुं०) **I.** १. छुट्टी ; अवकाश ; о. по боле́зни बीमारी के कारण छुट्टी ; २. बँटवारा ; वितरण ; **II.** (धातु पर की) आब ; पानी ।

отпуска́ть -I (अपू०), **отпусти́ть** (पू०) (भवि० отпущу́, отпу́стишь) १. जाने देना ; छोड़ना ; स्वतन्त्र करना ; २. छुट्टी देना ; ३. दे देना ; (दुकान पर) सौदा बेचना ; ४. (बाल) बढ़ाना ; ५. ढीला करना ; о. по́вод घोड़े की लगाम ढीली छोड़ना ; ६. क्षमा करना ; □ о. остроту́ मज़ाक करना ; **II.** (केवल अपू०) (धातु, हथियार आदि पर) पानी चढ़ाना ; आब देना ।

отпуск||ни́к (पुं०) छुट्टी मनानेवाला ; **—но́й** (वि०) о́тпуск से वि० ; छुट्टी का ; —ны́е

де́ньги अवकाश-वेतन ; —на́я цена́ क्रय-मूल्य ; (संज्ञा की तरह प्रयुक्त)=отпускни́к.

отпусти́ть दे० отпуска́ть -I.

отпуще́н||ие (नपुं०) निवृत्ति ; क्षमा ; छुटकारा ; о. грехо́в पापों से निवृत्ति ; козёл —ия दे० козёл.

отпу́щенник (पुं०) स्वतन्त्र किया हुआ पुरुष ।

отраб||а́тывать (अपू०), **отрабо́тать** (पू०) अपना काम समाप्त करना ; काम करके ऋण चुकाना ; —о́тать 5 дней पाँच दिन काम करना ।

отра́в||а (स्त्री०) विष ; ज़हर ; **—и́тель** (पुं०) विष देनेवाला ; विषैला करनेवाला ; **—и́ть(ся)** दे० отравля́ть(ся) ; **—ле́ние** (नपुं०) विष देने की क्रिया ।

отравля́ть (अपू०), **отрави́ть** (पू०) (भवि० отравлю́, отра́вишь) विष देना ; विषैला करना ; **—ся** (आत्म०) १. विष खाना ; २. отравля́ть का कर्मवाच्य ।

отра́д||а (स्त्री०) प्रसन्नता ; सुख ; आनन्द ; हर्ष ; **—ный** (वि०) हर्षदायक ; सन्तोषप्रद ; —ное явле́ние सन्तोषप्रद स्थिति ।

отража́тель (पुं०) (भौ०) परावर्तक ; **—ный** (वि०) परावर्तकीय ; प्रतिबिम्ब-सम्बन्धी ।

отража́ть (अपू०), **отрази́ть** (पू०) (भवि० отражу́, отрази́шь) १. प्रतिबिम्ब फेंकना ; २. रोकना ; हटाना ; बचाव करना ; о. уда́р चोट से बचाव करना ; о. ата́ку आक्रमण रोकना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रतिबिम्बित होना ; प्रतिध्वनित होना ; २. प्रभावित होना ; э́то хорошо́ отрази́лось на его́ здоро́вье इसका उसके स्वास्थ्य पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ा ; ३. отража́ть का कर्मवाच्य ।

отраже́ние (नपुं०) १. प्रतिबिम्ब ; प्रतिध्वनि ; २. (चोट, आदि की) रोक ; बचाव ।

отрази́ть(ся) दे० отража́ть(ся).

отраслево́й (वि०) о́трасль से वि० ।

о́трасль (स्त्री०) शाखा ; क्षेत्र ।

отраста́ть (अपू०), **отрасти́** (पू०) (भवि० отрасту́, отрастёшь) उगना ; बढ़ जाना ; бо́рода отро́сла до поя́са दाढ़ी कमर तक बढ़ गयी ।

отрасти́ть दे० отра́щивать.

отра́щивать (अपू०), **отрасти́ть** (पू०) (भवि० отращу́, отрасти́шь) बढ़ने देना ; बढ़ाना ; о. во́лосы बाल बढ़ाना ; о. бо́роду दाढ़ी बढ़ाना ।

отре́бье (नपुं०) १. गाद ; तलछट ; २. (समू०) निम्न श्रेणी के लोग ।

отредакти́ровать दे० редакти́ровать.

отре́з (पुं०) १. ли́ния —а (छिद्रयुक्त) काटने या फाड़ने के लिए चिह्नित रेखा ; २. (किसी परिधान के लिए कटा हुआ) कपड़े का टुकड़ा ; о. на пла́тье (स्त्रियों के) सूट का कपड़ा ; **—анность** (स्त्री०) (एक स्थान के दूसरे स्थान से) विच्छेद हो जाने का भाव ; संचारसाधनों का अभाव ।

отреза́ть (अपू०), **отре́зать** (पू०) (भवि० отре́жу, отре́жешь) १. काट डालना ; (कैंची से) काटना ; २. (केवल पू०) क्रोध से उत्तर देना ।

отрезве́ть (पू०) संयमी होना ; मद्यपान से परहेज़ करना ।

отрезвля́ть (अपू०), **отрезви́ть** (पू०) (भवि० отрезвлю́, отрезви́шь) नशा उतारना ; **—ся** (आत्म०) नशा उतरना ।

отре́зок (पुं०) १. कटा हुआ टुकड़ा ; भाग ; २. (गणित) खंड ; о. пути́ सड़क का भाग/टुकड़ा ।

отре́зывать = отреза́ть.

отрека́ться (आत्म० अपू०), **отре́чься** (आत्म० पू०) (भवि० отреку́сь, отречёшься) १. परित्याग करना ; о. от престо́ла सिंहासन का परित्याग करना ; २. मुकर जाना ; अपने शब्दों को अनंगीकार करना ; अस्वीकार करना ।

отрекомендова́ть (पू०) (—ду́ю) १. परिचय कराना ; २. सिफ़ारिश करना ; **—ся** (आत्म०) अपना परिचय देना ।

отре́пье (नपुं०) (समू०) चीथड़े ; फटे कपड़े ।

отрече́ние (नपुं०) परित्याग ; о. от престо́ла सिंहासन-परित्याग / गद्दी छोड़ना ।

отре́чься दे० отрека́ться.

отрешáть (अपू०), **отрешúть** (पू०) : о. от дóлжности मुअत्तल करना ; **—ся** (आत्म०) १. परित्याग करना ; छोड़ना ; २. отрешáть का कर्मवाच्य ।

отреш||éние (नपुं०) मुअत्तली ; **—úть(ся)** दे० отрешáть(ся).

отрúнуть (पू०) (प्रार्थना आदि) अस्वीकार करना; ठुकराना ; о. мольбы́ सब प्रार्थनाएँ अस्वीकार करना ।

отрицáни||е (नपुं०) अस्वीकृति ; इनकार ; служúть —м 'न' करना / इनकार करना ।

отрицáтельн||о (क्रि० वि०) नकारात्मक रूप से ; ответúть о. 'नहीं' में (नकारात्मक) उत्तर देना ; о. покачáть головóй नहीं करने के लिए सिर हिलाना ; **—ый** (वि०) १. नकारात्मक; निषेधार्थक ; —ый ответ नकारात्मक उत्तर ; २. खराब ; प्रतिकूल ; —ое влия́ние बुरा प्रभाव ।

отрицáть (अपू०) 'न' करना ; अस्वीकार करना ; इनकार करना ।

отрóг (पुं०) शैलशिरा ; पहाड़ का उभरा भाग ।

óтроду (क्रि० वि०) १. जन्म से ; емý 10 лет о. उसकी आयु १० वर्ष है ; २. जीवन भर में ; कभी नहीं ; он о. не видáл ничегó подóбного ऐसा उसने पहले कभी नहीं देखा ।

отрóдье (नपुं०) (समू०) सन्तान ; समूची पीढ़ी ; सारे बाल-बच्चे ।

отродя́сь = óтроду-२.

óтрок (पुं०) किशोर ; लड़का ।

отрóсток (पुं०) शाखा ; अंकुर ।

óтроческий (वि०) किशोर का ।

óтруб (पुं०) १. (ऐतिहासिक) (१९१६-१९१७ में किसानों के अन्तर्गत बुर्जुआ-वर्ग बनाने के उद्देश्य से किसानों को दिया हुआ) भूखंड ; २. वह स्थान जहाँ से पेड़ काटा गया हो ।

отрубáть (अपू०), **отрубúть** (पू०) (भवि० отрублю́ отрýбишь) काट देना ; о. гóлову комý-л. किसीका सिर काट देना ।

अलग हो जाना ; विविक्ति ; संचार-साधनों का अभाव ; с —ом от произвóдства उत्पादन का काम बन्द करके ।

отрывáть -I (अपू०), **оторвáть** (पू०) (भवि० оторвý, оторвёшь) १. फाड़ डालना ; २. ध्यान हटाना ; दखल देना ; किसीके काम में बाधा डालना ; **—ся** (आत्म०) १. (बटन आदि का) टूट जाना ; о. от зéмли हवाई जहाज़ का उड़ान करना ; २. अपने आपको पृथक् करना ; सम्पर्क खोना ; अलग पड़ जाना ; он не мог оторвáться от кни́ги वह पुस्तक को न छोड़ सका ; не отрывáясь अनवरत / बिना काम छोड़े ; ३. отрывáть का कर्मवाच्य ।

отрывáть -II (अपू०), **отры́ть** (पू०) (भवि० отрóю, отрóешь) खोदना ; खोदकर निकालना ।

отры́вист||ый (वि०) (भाषण) रुक-रुककर दिया गया ; —ая речь रूखा/नीरस भाषण ।

отры́во||к (पुं०) टुकड़ा ; (पुस्तक से लिया हुआ) अंश ; **—чный** (वि०) आंशिक ; अपूर्ण ; कटा-कटा-सा ।

отры́гивать (अपू०), **отрыгнýть** (पू०) डकारना ।

отры́жка (स्त्री०) डकार ।

отры́ть दे० отрывáть -II.

отря́д (पुं०) १. (सेना की) टुकड़ी ; २. (प्राणिविज्ञान-सम्बन्धी) वर्ग ।

отряжáть (अपू०), **отрядúть** (पू०) (भवि० отряжý, отрядúшь) (किसी आदेश की पूर्ति के लिए) तैनात करना ; भेजना ।

отряс||áть (अपू०), **отрястú** (पू०) (भवि० отрясý, отрясёшь) झाड़ना ; ☐ —тú прах от своúх ног सब सम्बन्ध त्याग देना ।

отря́хивать (अपू०), **отряхнýть** (पू०) झाड़ना ; **—ся** (आत्म०) अपने कपड़े झाड़ना ।

отсáживать (अपू०), **отсадúть** (पू०) (भवि० отсажý, отсáдишь) १. (पौधा उखाड़कर) दूसरे स्थान पर रोपना ; २. अलग बिठाना ।

отсáживаться (आत्म० अपू०), **отсéсть**

(आत्म० पू०) १. अलग बैठना; २. отса́живать का कर्मवाच्य।

отса́сывание (नपुं०) चूषण; चूसने की क्रिया।

отса́сывать (अपू०), **отсоса́ть** (पू०) चूषण करना; चूसना।

отсве́||т (पुं०), **—чивание** (नपुं०) झलक; चमक; **—чивать** (अपू०) झलक मारना; चमकना।

отсебя́тина (स्त्री०) १. मनगढ़न्त बात; २. (नाटक०) अभिनेता द्वारा अपनी ओर से मिलाये हुए शब्द।

отсе́в (पुं०) १. = отсе́ивание; २. छानकर बचा हुआ भाग; छानस।

отсева́ть = отсе́ивать.

отсе́ивание (नपुं०) छानने की क्रिया।

отсе́ивать (अपू०), **отсе́ять** (पू०) छानना।

отсе́к (पुं०) (दूसरों से अलग किया गया) स्थान।

отсека́ть (अपू०), **отсе́чь** (पू०) (भवि० отсеку́, отсечёшь) काट देना; अलग कर देना; विविक्त करना।

отсе́ле, отсе́ль (क्रि० वि०) यहाँ से।

отсе́сть दे० отса́живаться.

отсече́ние (नपुं०) १. काट देने की क्रिया; २. अलगाव; विविक्ति; विच्छेद।

отсе́чь दे० отсека́ть.

отсе́ять(ся) दे० отсе́ивать(ся).

отси́живать (अपू०), **отсиде́ть** (पू०) (भवि० отсижу́, отсиди́шь) १. (जेल में) दंड भोगना; जेल काटना; २. (-के लिए) ठहरना; ३. (अधिक समय तक बैठने के कारण किसी अंग का) चेतनाशून्य होना; सो जाना; он отсиде́л себе́ но́гу उसकी टाँग सो गयी है; **—ся** (आत्म०) १. बहुत देर तक बैठना; २. отси́живать का कर्मवाच्य।

отска́бливать (अपू०), **отскобли́ть** (पू०) खुरच डालना; खुरचकर उतार देना; о. кра́ску रोग़न खुरच डालना।

отскака́ть (पू०) (отскачу́, отска́чешь) १. घोड़ा सरपट दौड़ाकर कोई फ़ासला तय करना; २. एक ओर को घोड़ा सरपट दौड़ा ले जाना।

отска́кивать (अपू०), **отскочи́ть** (पू०) १. एक ओर को कूदना; २. (धक्का या चोट खाकर) पीछे हटना; टप्पा खाना; ३. टूट जाना; गिर जाना।

отскобли́ть दे० отска́бливать.

отскочи́ть दे० отска́кивать.

отскреба́ть (अपू०), **отскрести́** (पू०) (भवि० отскребу́, отскребёшь) खुरचना; खुरचकर उतार देना।

отсла́иваться (आत्म० अपू०), **отслои́ться** (आत्म० पू०) परत/तह उतारना।

отслужи́ть (पू०) १. (कुछ समय के लिए) सेवा करना; २. सेवा की अवधि समाप्त करना; ३. (वस्तुओं का पुराना होकर) घिस जाना; ४. दे० служи́ть

отсове́това||ть (पू०) (—тую) (-से) रोकना; (-से) हटाना; मना करना; врач —л ему́ е́хать на юг डाक्टर ने उसे दक्षिण जाने से रोका।

отсортиро́вывать (अपू०), **отсортирова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) चुनना; о. хоро́ших ло́шадей अच्छे घोड़े चुनना।

отсоса́ть दे० отса́сывать.

отсо́хнуть दे० отсыха́ть.

отсро́ч||ивать (अपू०), **отсро́чить** (पू०) मुल्तवी करना; मोहलत देना; स्थगित करना; —ить упла́ту до́лга на́ два ме́сяца कर्ज़ की अदायगी के लिए दो महीने की मोहलत देना; **—ка** (स्त्री०) मुल्तवी/स्थगित किये जाने की क्रिया; मोहलत।

отстава́ние (नपुं०) पिछड़ने या पीछे रहने की क्रिया।

отста||ва́ть (अपू०), **отста́ть** (पू०) (भवि० отста́ну, отста́нешь) १. पीछे रह जाना; पिछड़ना; о. на километр एक किलोमीटर पीछे रह जाना; २. (घड़ी का) सुस्त चलना/पीछे रहना; часы́ —ю́т на 10 мину́т घड़ी दस मिनट पीछे रहती है/सुस्त है; ३. अलग हो जाना।

отстáв||ить दे० оставля́ть; **—ка** (स्त्री०) १. बरख़ास्तगी; २. त्यागपत्र; इस्तीफ़ा; подáть в —ку त्यागपत्र देना; вы́йти в —ку नौकरी से अवकाश ग्रहण करना।

отстав||ля́ть (अपू०), **отстáвить** (पू०) (भवि० отстáвлю, отстáвишь) १. एक ओर रखना; परे रखना; о. стол от окнá मेज़ को खिड़की से परे रखना; २. बरख़ास्त करना; नौकरी से अलग करना; □ отстáвить! (सेना०) पूर्ववत्!; **—нóй** (वि०) (नौकरी से) अवकाश-प्राप्त।

отстáивать (अपू०), **отстоя́ть** (पू०) (कुछ समय तक) खड़े रहना; मुक़ाबला करना; (समर्थन में) युक्ति देना; **—ся** (आत्म०) १. डटे रहना; २. отстáивать का कर्मवाच्य।

отстáл||ость (स्त्री०) पिछड़ी हुई दशा; अनुन्नति; **—ый** (वि०) पिछड़ा हुआ।

отстáть दे० отставáть.

отстаю́щий १. отставáть से कृदन्त; २. (वि०) पिछड़ा हुआ।

отстегáть दे० стегáть -II.

отстёгивать (अपू०), **отстегну́ть** (पू०) (बटन, बकसुआ आदि) खोलना; **—ся** (आत्म०) १. (बकसुआ, बटन) खुल जाना; २. отстёгивать का कर्मवाच्य।

отсти́рывать (अपू०), **отстирáть** (पू०) धो डालना।

отстóй (पुं०) (केवल एकवचन) मल; तलछट।

отсто||я́ть (पू०) (-से) दूर होना; दूरी पर होना; э́тот гóрод —и́т на 5 киломéтров отсю́да यह नगर यहाँ से ५ किलोमीटर की दूरी पर है।

отстоя́ть(ся) दे० отстáивать(ся).

отстрадáть (पू०) बहुत आपदाएँ झेल चुकना।

отстрáивать (अपू०), **отстрóить** (पू०) १.निर्माण करना; २. (रेडियो आदि) ठीक तरंग पर लगाना/मिलाना; **—ся** (आत्म०) १. (अपने लिये) निर्माण कर लेना; २. (रेडियो ठीक तरंग पर) लगाना।

отстранéние (नपुं०) १. एक ओर को धकेलना; २. बरख़ास्तगी।

отстраня́ть (अपू०), **отстрани́ть** (पू०) १. (एक ओर को) धकेल देना; २. नौकरी से अलग करना; बरख़ास्त करना; **—ся** (आत्म०) १. (-से) एक ओर हट जाना; छोड़ना; त्यागना; अलग रहना; २. отстраня́ть का कर्मवाच्य।

отстрéливаться (आत्म० अपू०) जवाबी झलक करना; गोलाबारी करना।

отстреля́ться (आत्म० पू०) गोली चला चुकना; गोली चलाने का अभ्यास कर चुकना।

отстригáть (अपू०), **отстри́чь** (पू०) (भवि० отстригу́, отстрижёшь) (कैंची आदि से) काट डालना।

отстрóить(ся) दे० отстрáивать(ся).

отстрóйка (स्त्री०) (रेडियो को) ठीक तरंग पर लगाने/मिलाने की क्रिया।

отстрочи́ть (पू०) १. टाँका लगाना; सीना; २. टाँका लगा चुकना; सी चुकना।

отступáть (अपू०), **отступи́ть** (पू०) (भवि० отступлю́, отсту́пишь) १. पीछे हटना; झटके से पीछे हटना; २. विचलित होना; पथ से हटना; **—ся** (आत्म०) त्यागना; छोड़ना।

отступлéние (नपुं०) पीछे हटना; मैदान छोड़ना; विचलित होना; विषयान्तर करना; प्रसंग से भटक जाना।

отсту́пн||ик (पुं०), **—ица** स्वधर्म-त्यागी/त्यागिनी; धर्मभ्रष्ट/भ्रष्टा; **—ничество** (नपुं०) स्वधर्म-त्याग; धर्मभ्रंश।

отступн||óе (नपुं०) (वि० रू०) तावान; हरजाना; पगड़ी (किराया या मूल्य के अतिरिक्त दिया हुआ धन); **—óй** (वि०): —ы́е дéньги तावान/पगड़ी (किराया या मूल्य के अतिरिक्त दिया हुआ धन)।

отсу́тств||ие (नपुं०) अनुपस्थिति; за —ием -की अनुपस्थित में; находи́ться в —ии अनुपस्थित होना; **—овать** (अपू०) (—ствую) अनुपस्थित होना।

отсчёт (पुं०) (मीटर आदि का) गणनफल।

отсчи́тывать (अपू०), **отсчита́ть** (पू०) गिनकर देना; गिन देना; я отсчита́л ему́ пятна́дцать рубле́й मैंने उसे पन्द्रह रूबल गिन दिये।

отсыл||а́ть (अपू०), **отосла́ть** (पू०) (भवि० отошлю́, отошлёшь) १. दूर भेजना; वापस भेजना; २. निर्देश करना; звёздочка —а́ет к подстро́чному примеча́нию तारक-चिह्न पाद-टिप्पणी की ओर निर्देश करता है।

отсы́лка (स्त्री०) १. प्रेषण; भेजने की क्रिया; २. निर्देश; हवाला; प्रसंग।

отсыпа́ть (अपू०), **отсы́пать** (पू०) (भवि० отсы́плю, отсы́плешь) से निकालना; о. муки́ из мешка́ बोरी में से आटा निकालना।

отсыпа́ться -I (आत्म० अपू०), **отсы́паться** (आत्म० पू०) (आटा आदि) निकाला जाना।

отсыпа́ться -II (आत्म० अपू०), **отсы́паться** (आत्म० पू०) खूब सोना; काफ़ी देर सोना।

отсыре́лый (वि०) सीला हुआ।

отсыре́ть दे० сыре́ть.

отсыха́ть (अपू०), **отсо́хнуть** (पू०) सूखना; मुरझाना; सूखकर गिर जाना।

отсю́да (क्रि० वि०) यहाँ से; अतः; далеко́ о. यहाँ से दूर; о. я́вствует अतः स्पष्ट है; □ (убира́йтесь) вон о.! यहाँ से चलते बनिए!

отта́ивать (अपू०), **отта́ять** (पू०) पिघल जाना।

отта́лкивать (अपू०), **оттолкну́ть** (पू०) १. परे धकेलना; २. शत्रु बनाना।

отта́птывать (अपू०), **оттопта́ть** (पू०) (भवि० оттопчу́, отто́пчешь) कुचलना; о. но́ги кому́-л. किसीका पाँव कुचलना।

оттаска́ть (पू०) घसीटना; о. кого́-л. за́ во́лосы किसीको बालों से पकड़कर घसीटना।

отта́скивать (अपू०), **оттащи́ть** (पू०) एक ओर को घसीटना; पीछे घसीटना।

отта́чивать (अपू०), **отточи́ть** (पू०) तेज करना; धार रखना।

оттащи́ть दे० отта́скивать.

отта́ять दे० отта́ивать.

оттени́ть दे० оттеня́ть.

отте́нок (पुं०) सूक्ष्म अर्थ-भेद; (रँग की) झलक; झाईं।

оттеня́ть (अपू०), **оттени́ть** (पू०) हल्का रँग भरना; विविध रँगों की छाया डालना।

о́ттепель (स्त्री०) (बर्फ़ का) पिघलना; насту-пи́ла о. बर्फ़ पिघलने लगी है।

оттере́ть दे० оттира́ть.

оттесня́ть (अपू०), **оттесни́ть** (पू०) भींचना; एक ओर को धकेलना।

оттира́ть (अपू०), **оттере́ть** (पू०) (भवि० ототру́, ототрёшь) १. (रगड़कर) मिटाना; २. रगड़कर गर्मी पहुँचाना; ३. = оттесня́ть.

о́ттиск (पुं०) छापा; (लेखादि की) अलग से छपी प्रतियाँ; प्रतिमुद्रण; रिप्रिंट।

отти́скивать (अपू०), **отти́снуть** (पू०) १. भींचकर एक ओर को कर देना; २. कुचलना; он отти́снул свой па́лец две́рью उसने किवाड़ों में अपनी उँगली कुचल ली; ३. छापना।

оттого́ (क्रि० वि०) इसी कारण से; यही कारण है कि-; о. он и не́ был там यही कारण है कि वह वहाँ नहीं था।

оттолкну́ть(ся) отта́лкивать(ся).

оттома́нка (स्त्री०) गद्देदार तख़्तपोश।

оттопта́ть दे० отта́птывать.

оттопы́ривать (अपू०), **оттопы́рить** (पू०) (ओठ) बिचकाना; (कोहनियाँ) फैलाना।

отторга́ть (अपू०), **отто́ргнуть** (पू०) (ज़बर्दस्ती) अलग कर देना/छीन लेना।

отточи́ть दे० отта́чивать.

оттрепа́ть (पू०) (оттреплю́, оттре́плешь) (कान, बाल आदि खींचकर) सज़ा देना; о. кого́-л. за́ уши किसीके कान खींचना।

отту́да (क्रि० वि०) वहाँ से।

оттузи́ть दे० тузи́ть.

оттушёвывать (अपू०), **оттушева́ть** (पू०) (भवि० —шу́ю) काली रोशनाई से धोना ; हल्का रँग भरना ।

оттяга́ть (पू०) नालिश करके जीतना या प्राप्त करना ।

оття́гивать (अपू०), **оттяну́ть** (पू०) १. (खींचकर) फैलाना ; बढ़ाना ; २. विलम्ब करना ; टालना ।

оття́жка (स्त्री०) विलम्ब ।

оттяну́ть दे० оття́гивать.

оту́жинать (पू०) १. रात का खाना खा चुकना ; २. रात के खाने के लिए आमन्त्रित करना ।

отума́нивать (अपू०), **отума́нить** (पू०) धुँधला करना ; मद्धिम करना ; आच्छन्न करना ।

отуп‖е́лый (वि०) स्तम्भित ; विमूढ़ ; **—е́ние** (नपुं०) विमूढ़ता ; मन्दता ।

отупе́ть (पू०) मन्द होना ; मतिहीन होना ।

отутю́живать (अपू०), **отутю́жить** (पू०) लोहा करना ; इस्तरी करना ।

отуча́ть (अपू०), **отучи́ть** (पू०) आदत छुड़ाना ; विमुख करना ; विरत करना ; **—ся** (आत्म०) विमुख होना ; विरत होना ; आदत छोड़ना ।

отучи́ться -I दे० отуча́ться.

отучи́ться -II (आत्म० पू०) अपना पाठ समाप्त करना ।

отха́живать (अपू०), **отходи́ть** (पू०) (भवि० отхожу́, отхо́дишь) (बहुत देख-भाल करके) चिकित्सा करना ; इलाज करना ।

отха́рк‖ать दे० отха́ркивать ; **—ивание** (नपुं०) खँखारने/कफ़ निकालने की क्रिया; **—ивать** (अपू०), **отха́ркать, отха́ркнуть** (पू०) खँखारना ; कफ़ निकालना ; **—ивающее** (नपुं०) (वि० रू०) कफ़ निकालने की औषधि ।

отха́ркнуть दे० отха́ркивать.

отхва́тывать (अपू०), **отхвати́ть** (पू०) (भवि० отхвачу́, отхва́тишь) काट देना ; он но́жницами отхвати́л себе́ тёмные ку́дри उसने कैंची से अपनी काली-घुँघराली अलकें काट डाली ।

отхлёбывать (अपू०), **отхлебну́ть** (पू०) घूँट भरना ।

отхлеста́ть (पू०) चाबुक से मारना ।

отхлы́нуть (पू०) (वेग से) पीछे हटना ; पीछे को ज़ोर से बहना ।

отхо́д (पुं०) १. प्रस्थान ; रवानगी ; २. (सेना का) पीछे हटना ।

отходи́ть -I (अपू०), **отойти́** (पू०) (वर्त० отхожу́, отхо́дишь, भवि० отойду́, отойдёшь) १. चले जाना ; प्रस्थान करना ; २. (सेना का) पीछे हटना ; ३. (विषय से) इधर-उधर होना ; ४. राज़ी होना ; आराम आना ; ५. (टूटकर) गिर जाना ; ६. मर जाना ; प्राणान्त हो जाना ।

отходи́ть -II दे० отха́живать.

отхо́дная (स्त्री०) (वि० रू०) मरणासन्न व्यक्ति की आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना ।

отхо́дчивый (वि०) आशुतोष ; सहज ही प्रसन्न होनेवाला ।

отхо́ды (बहु०) छीजन ; कूड़ा-कर्कट ।

отцвета́ть (अपू०), **отцвести́** (पू०) (भवि० отцвету́, отцветёшь) मुरझा जाना ; रँग फीका पड़ जाना ।

отце́живать (अपू०), **отцеди́ть** (पू०) (भवि० отцежу́, отцеди́шь) छानना ; फ़िल्टर करना ।

отце́плять (अपू०), **отцепи́ть** (पू०) (भवि० отцеплю́, отце́пишь) हुक खोल देना ; ज़ंजीर खोलना ; (दो रेल के डिब्बों की ज़ंजीर खोलकर) अलग कर देना ।

отцеуби́й‖ство (नपुं०) पितृघात ; पितृहत्या ; **—ца** (उभ०) पितृघाती/पितृघातिनी ; पितृहत्यारा/पितृहत्यारी ।

отцо́в (वि०) पिता का ; पैतृक ; **—ский** (वि०) पैतृक ; —ское насле́дие पैतृक धन/सम्पत्ति ; **—ство** (नपुं०) पितृत्व ।

отча́иваться (आत्म० अपू०), **отча́яться** (आत्म० पू०) हताश होना ; निराश होना ।

отча́сти (क्रि० वि०) आंशिक रूप से ; अंशतः ।

отча́яние (नपुं०) निराशा ; приводи́ть в о. निराश करना ; впасть в о. निराश होना ।

отча́янн||о (क्रि० वि०) हताश होकर; दिल तोड़कर; बुरी तरह से; **—ый** (वि०) १. विकट; —ая пого́да विकट या बुरा मौसम; २. आशाहीन; ३. बेधड़क; अतिसाहसी।

отчего́ (क्रि० वि०) क्यों; отчего́-либо= почему́-либо.

отчека́нивать (अपू०), **отчека́нить** (पू०) १. सिक्के बनाना/तैयार करना; २. (शब्द आदि) स्पष्ट बोलना।

отчёркивать (अपू०), **отчеркну́ть** (पू०) १. काटा लगाना; २. निशान लगाना।

отче́рпывать (अपू०), **отчерпну́ть** (पू०) करछुल से बाहर निकालना।

о́тчество (नपुं०) पितृनाम।

отчёт (पुं०) लेखा; हिसाब।

отчётлив||ость (स्त्री०) १. स्पष्टता; २. सुबोधता; **—ый** (वि०) १. स्पष्ट; २. सुबोध।

отчётн||ость (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. बहीखाता; मुनीमी; २. हिसाब-किताब; लेखा; **—ый** (वि०) १. चालू; —ый год चालू वर्ष; २. रिपोर्ट का; —ый бланк रिपोर्ट (लिखने) का फ़ार्म।

отчи́зна (स्त्री०) (काव्य०) मातृभूमि।

о́тчий (वि०) पैतृक।

о́тчим (पुं०) सौतेला बाप।

отчисле́ние (नपुं०) १. घटाने की क्रिया; २. नियतन; ३. बरख़ास्तगी।

отчисля́ть (अपू०), **отчи́слить** (पू०) १. घटाना; २. नियतन करना; ३. (नौकरी से) बरखास्त करना; ख़ारिज करना।

отчи́стить(ся) दे० отчища́ть(ся).

отчита́ть (पू०) १. दे० отчи́тывать; २. पढ़ चुकना; भाषण दे चुकना।

отчи́тывать (अपू०), **отчита́ть** (पू०) झाड़ पिलाना; झिड़की देना; **—ся** (आत्म०) विवरण देना; रिपोर्ट देना।

отчища́ть (अपू०), **отчи́стить** (पू०) (भवि० отчи́щу, отчи́стишь) साफ़ करना; बुरुश करना; **—ся** (आत्म०) १. उतर जाना; साफ़ हो जाना; пятно́ отчи́стилось धब्बा साफ़ हो गया/छूट गया; २. отчища́ть का कर्मवाच्य।

отчуди́ть दे० отчужда́ть.

отчужда́ем||ость (स्त्री०) अन्यक्राम्यता; हस्तान्तरणीयता; **—ый** (वि०) अन्यक्राम्य; हस्तान्तर करने योग्य।

отчужд||а́ть (अपू०), **отчуди́ть** (पू०) अन्यक्रामण करना; अधिकार हस्तान्तर करना; **—де́ние** (नपुं०) अन्यक्रामण; हस्तान्तरण।

отшага́||ть (पू०) पैदल चलना; टहलना; он —л 10 киломе́тров वह दस किलोमीटर पैदल चला।

отша́тываться (आत्म० अपू०), **отшатну́ться** (आत्म पू०) लड़खड़ाना; चकराना।

отшвы́ривать (अपू०), **отшвырну́ть** (पू०) फेंकना; पटकना; पाँव से ठोकर मारकर एक ओर कर देना; о. ка́мень в сто́рону पत्थर एक ओर फेंक देना।

отше́льни||к (पुं०) तापस; संन्यासी; **—ческий** (वि०) отше́льник से वि०; **—чество** (नपुं०) तापसी-जीवन; संन्यास।

отшиба́ть (अपू०), **отшиби́ть** (पू०) (भवि० отшибу́, отшибёшь) १. (चोट मारकर) तोड़ देना; о. ру́чку у ча́йника चायदानी का हत्था तोड़ देना; २. चोट खाना; о. себе́ но́гу टाँग/पाँव पर चोट खाना।

отшива́ть (अपू०), **отши́ть** (पू०) (भवि० отошью́, отошьёшь) १. उधेड़ना; २. (किसी-को) अपने पास से भगा देना; ३. सी चुकना।

отшлёпать (पू०) (कमर या पीठ पर) थप्पड़ मारना।

отшлифо́вывать (अपू०), **отшлифова́ть** (पू०) (भवि० —фу́ю) पालिश करना; (रगड़कर) चमकाना।

отшпи́ливать (अपू०), **отшпи́лить** (पू०) (पिन) खोलना।

отшу́чиваться (आत्म० अपू०), **отшути́ться** (आत्म० पू०) (भवि० отшучу́сь,

отшу́тишься) हँसी में टाल देना ।

отщепе́нец (पुं०) गद्दार ; विभीषण ।

отщепля́ть (अपू०), **отщепи́ть** (पू०) (भवि० отщеплю́, отщепи́шь) छीलना ; पच्चड़ उतारना ।

отъеда́ть (अपू०), **отъе́сть** (पू०) (भवि० отъе́м, отъе́шь) खा डालना ; खा चुकना ।

отъе́з||д (पुं०) प्रस्थान ; रवानगी ; **—жа́ть** (अपू०), **отъе́хать** (पू०) (भवि० отъе́ду, отъе́дешь) (गाड़ी आदि पर) चले जाना/रवाना होना ।

отъе́сть दे० отъеда́ть.

отъе́хать दे० отъезжа́ть.

отъя́вленный (वि०) निरा ; निपट ; पक्का ; о. негодя́й पक्का धूर्त/निपट नीच ।

оты́грывать (अपू०), **отыгра́ть** (पू०) जीतकर लौटा लेना ; वापस जीत लेना ; **—ся** (आत्म०) जीतकर लौटा लेना ; वापस जीत लेना ।

о́тыгрыш (पुं०) (केवल एकवचन) जीतकर लौटाया हुआ धन ; वापस जीता हुआ धन आदि ।

отымённый (वि०) नाम का ; о. глаго́л नामधातु ।

оты́скивать (अपू०), **отыска́ть** (पू०) (भवि० отыщу́, оты́щешь) पता लगाना ; तलाश करना ; ढूँढना ; **—ся** (आत्म०) १. आ जाना ; प्रकट होना ; २. оты́скивать का कर्मवाच्य ।

отэкзаменова́ть (पू०) (—ну́ю) परीक्षा ले चुकना ।

отягоща́ть (अपू०), **отяготи́ть** (पू०) (भवि० отягощу́, отяготи́шь) भार डालना ; बोझ लादना ।

отягча́ть(अपू०), **отягчи́ть** (पू०) १. (और) गम्भीर करना ; २. भारी बनाना ।

отяжеле́||лый (वि०) भारी बना हुआ ; **—ть** (पू०) भारी होना ।

офице́р (पुं०) अफ़सर ; о. свя́зи सम्पर्क-अफ़सर ; **—ский** (वि०) अफ़सर का ; **—ша** (स्त्री०) अफ़सर की पत्नी ।

официа́льн||о (क्रि० वि०) सरकारी तौर पर ; अधिकृत रूप से ; **—ый** (वि०) शासकीय ; सरकारी ।

официа́нт (पुं०) होटल या रेस्तराँ में खाना परोसनेवाला नौकर ।

официо́зный (वि०) अर्धसरकारी ।

оформи́тель (पुं०) सज्जाकार ; मंच-सज्जाकार ।

офо́рмить(ся) दे० оформля́ть(ся).

оформле́ние (नपुं०) १. (क़ानूनी) कार्यवाही पूरी करने की क्रिया ; २. आकार ; रूप ।

оформля́ть (अपू०), **оформи́ть** (पू०) (भवि० офо́рмлю, офо́рмишь) १. आकार देना ; रूप देना ; २. वैध रूप देना ; ३. पंजीयन करना ; रजिस्टर में दर्ज कराना ; **—ся** (आत्म०) १. आकार धारण करना ; २. अपना नाम रजिस्टर में दर्ज कराना ; ३. अपनी स्थिति को विधि के अनुकूल करना ; ४. оформля́ть का कर्मवाच्य ।

офтальм||и́я (स्त्री०) आँख आना ; आँख की बीमारी ; **—оло́гия** (स्त्री०) नेत्र-विज्ञान ।

офутерова́ть दे० футерова́ть.

ох ! (विस्मय०) ओह् !

оха́ивать (अपू०), **оха́ять** (पू०) मानहानि करना ; अपयश फैलाना ।

о́ханье (नपुं०) कराहना ; क्रन्दन ।

оха́пк||а (स्त्री०) भुजाओं में समेटने योग्य ; взять в —у आलिंगन करना ।

охарактеризова́ть (पू०) (—зу́ю) वर्णन करना ।

о́хать (अपू०), **о́хнуть** (पू०) आहें भरना ; कराहना ; क्रन्दन करना ।

оха́ять दे० оха́ивать.

охва́т (पू०) १. कार्य-क्षेत्र ; २. समावेश ; ३. (सेना का) लपेट में आना/घेरे में आना ।

охва́тывать (अपू०), **охвати́ть** (पू०) (भवि० охвачу́ ; охва́тишь) १. लपेटना ; घेरना ; २. (भावों का) छा जाना ; ३. समझना ; ग्रहण करना ; ४. समावेश करना ; अन्तर्भाव करना ।

охладе́ть दे० охладева́ть.

охлади́тель (पुं०) प्रशीतक (अंग्रेज़ी—रेफ़्रीजरेटर)।

охлажда́ть (अपू०), **охлади́ть** (पू०) (भवि० охлажу́ охлади́шь) ठंडा करना; शीतल करना; **—ся** (आत्म०) १. ठंडा पड़ना; ठंडा होना; २. охлажда́ть का कर्मवाच्य।

охмеле́ть (पू०) नशे में होना।

о́хнуть दे० о́хать.

охолости́ть दे० холости́ть.

охора́шиваться (आत्म० अपू०) अपने आपको सुन्दर बनाना/चुस्त बनाना।

охо́т||а (स्त्री०) **I.** आखेट; शिकार; **II.** इच्छा; इरादा; по свое́й —е अपनी इच्छा से; □ о. пу́ще нево́ли जहाँ चाह, वहाँ राह।

охо́титься (आत्म० अपू०) (охо́чусь, охо́тишься) शिकार करना।

охо́тник (पुं०) **I.** शिकारी; **II.** प्रेमी; быть —ом до ша́хмат शतरंज का प्रेमी होना।

охо́тнич||ий (वि०) शिकारी-; —ья соба́ка शिकारी कुत्ता।

охо́тно (क्रि० वि०) प्रसन्नतापूर्वक; खुशी-खुशी; он сде́лает э́то о. वह यह प्रसन्नतापूर्वक करेगा।

о́хра (स्त्री०) गेरू।

охра́н||а (स्त्री०) १. रक्षा करने/पहरा देने की क्रिया; सुरक्षा; २. पहरे की गारद; रक्षक-दल; **—е́ние** (नपुं०) सुरक्षण; संरक्षण।

охрани́ть दे० охраня́ть.

охра́нка (охра́нное отделе́ние) ओखरानका (ज़ारशाही रूस में खुफ़िया पुलिस-विभाग)।

охраня́ть (अपू०), **охрани́ть** (पू०) (-से) रक्षा करना; (-से) बचाव करना।

охри́плый (वि०) (आवाज़) फटी हुई।

охри́пнуть (पू०) गला बैठ जाना; आवाज़ फट जाना।

охроме́ть (पू०) लँगड़ाना; लँगड़ाने लगना।

оху́лк||а (स्त्री०): он —и на́ руку не поло́жит वह सब समझता है / वह बड़ा सयाना है।

оцара́пать (पू०) खरोंच मारना; **—ся** (आत्म०) अपने खरोंच मार लेना।

оце́нивать (अपू०), **оцени́ть** (पू०) १. मूल्य आँकना; मूल्य निरूपण करना; २. मूल्यांकन करना; प्रशस्ति करना।

оце́н||ка (स्त्री०) अन्दाज़ा; मूल्य-निरूपण; **—очный** (वि०) оце́нка से वि०; **—щик** (पुं०) मूल्य-निरूपक।

оцепене́лый (वि०) निश्चेत; चेतनाशून्य; (ठंड आदि से) सुन्न।

оцепене́ть दे० цепене́ть.

оцепля́ть (अपू०), **оцепи́ть** (पू०) (भवि० оцеплю́, оце́пишь) घेरा डालना; войска́ оцепи́ли го́род सेना ने नगर को घेर लिया।

оча́г (पुं०) १. चूल्हे का फ़र्श; дома́шний о. घरबार; २. स्रोत; केन्द्र।

очарова́ние (नपुं०) मन्त्र; जादू-टोना; सम्मोहन।

очаро́ванный (वि० और कृदन्त) मन्त्रमुग्ध; सम्मोहित।

очарова́тельный (वि०) मनोहर; रमणीय; जादू करनेवाला।

очаро́вывать (अपू०), **очарова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) जादू करना; मन्त्रमुग्ध करना।

очеви́дец (पुं०) प्रत्यक्ष साक्षी; चश्मदीद गवाह।

очеви́дн||о (क्रि० वि०) स्पष्ट रूप से; प्रत्यक्ष रूप से; (कर्तृ-निरपेक्ष) यह स्पष्ट है; **—ый** (वि०) प्रत्यक्ष; स्पष्ट।

очелове́чить (पू०) मानवता का पाठ पढ़ाना; इंसान बनाना।

о́чень (क्रि० वि०) बहुत; अधिक; о. холо́дный बहुत ठंडा; прийти́ о. по́здно बहुत देर में आना; он о. удивлён वह बहुत चकित है।

очерви́веть दे० черви́веть.

очередно́й (वि०) १. अगला; (बारी में) दूसरा; २. साधारण।

о́черед||ь (स्त्री०) १. पर्याय; बारी; в свою́ о. अपनी-अपनी बारी से; по —и बारी-बारी से; २. क़तार; पंक्ति; стоя́ть в —и क़तार में खड़े होना।

о́черк (पुं०) लघु लेख ; रेखाचित्र ; **—и́ст** (पुं०) लघु लेख लिखनेवाला ; रेखाचित्र-लेखक ।
очерни́ть दे० черни́ть.
очерстве́лый (वि०) कठोर ; निर्दयी ।
очерстве́ть दे० черстве́ть.
очерт||а́ние (नपुं०) रूपरेखा ; **—и́ть** दे० оче́рчивать.
очертя́ (कृदन्त) о. го́лову सिर के बल ।
оче́рчивать (अपू०), **очерти́ть** (पू०) (भवि० очерчу́, оче́ртишь) रूपरेखा तैयार करना ; खाका खींचना ।
очини́ть दे० чини́ть.
очи́стить(ся) दे० очища́ть(ся).
очи́стка (स्त्री०) १. सफ़ाई करने की क्रिया ; २. परिशोधन ; परिष्कार ।
очи́стки (बहु०) छिलके ।
очища́ть (अपू०), **очи́стить** (पू०) (भवि० очи́щу, очи́стишь) १. साफ़ करना; खाली करना; о. го́род नगर खाली करना ; о. доро́гу रास्ता साफ़ करना ; २. शुद्ध करना ; परिष्कार करना ; ३. छीलना ; छिलका उतारना ; ४. लूटना ; सफ़ाया करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको साफ़ करना ; २. अपनी सफ़ाई देना/स्पष्टीकरण करना ; ३. очища́ть का कर्मवाच्य ।
очище́ние (नपुं०) १. = очи́стка ; २. ме́сячное о. (स्त्रियों का) मासिक धर्म/ऋतुस्राव ।
очки́ (बहु०) चश्मा ; ऐनक ।
очк||о́ (नपुं०) १. (नक़्शे आदि में) बिन्दु ; २. अंक ; дать не́сколько —о́в вперёд कुछ अंक पहले से ही देना ; ३. सुराख ; छिद्र ; смотрово́е о. गवाक्ष / झरोखा ।
очковтира́тельство (नपुं०) छल ; कपट ; धोखा ।
очко́в||ый (वि०) : —ая змея́ फनियर साँप / फणी ।
очну́ться (आत्म० पू०) होश में आना ।
о́чн||ый (वि०) : —ая ста́вка साक्षात् कराना ।
очуме́||лый (वि०) सनकी ; **—ть** (पू०) सनक में आना ; что ты —л, что ли ? क्या तुम पागल हो गये हो ?
очути́||ться (आत्म० पू०) (अचानक) प्रकट होना ; टपक पड़ना ; как он здесь —лся ? वह यहाँ कैसे आ गया / वह यहाँ कैसे आ टपका ?
очу́хаться (आत्म० पू०) होश में आना ।
ошале́лый (वि०) सनकी ।
ошале́ть दे० шале́ть.
ошара́шивать (अपू०), **ошара́шить** (पू०) १. स्तम्भित करना ; २. ज़ोर से मारना ।
ошвартова́ть (पू०) (—ту́ю) (पानी के जहाज़ को बन्दरगाह में रस्सों आदि से) बाँधना/कसना ।
оше́йник (पुं०) गले का पट्टा ; соба́чий о. कुत्ते के गले का पट्टा ।
ошеломля́ть (अपू०), **ошеломи́ть** (पू०) (भवि० ошеломлю́, ошеломи́шь) चकित करना ; स्तम्भित करना ; विस्मित करना ।
ошельмова́ть दे० шельмова́ть.
ошиба́ться (आत्म० अपू०), **ошиби́ться** (आत्म० पू०) त्रुटि करना ; ग़लती करना ।
оши́бка (स्त्री०) त्रुटि ; ग़लती ।
оши́бочн||о (क्रि० वि०) ग़लती से ; **—ый** (वि०) त्रुटिपूर्ण ; ग़लत ।
оши́кать (पू०) सीटी आदि बजाकर कलाकार के प्रति विरुचि प्रकट करना ।
ошпа́ривать (अपू०), **ошпа́рить** (पू०) (खौलते पानी या भाप से) झुलसाना ; ошпа́рить тарака́нов खौलता पानी डालकर खटमल मारना ; **—ся** (आत्म०) (खौलते पानी या भाप से अपने आपको) झुलसा लेना ।
оштрафова́ть दे० штрафова́ть.
оштукату́рить दे० штукату́рить.
ощени́ться दे० щени́ться.
ощети́ниваться (आत्म० अपू०), **ощети́ниться** (आत्म० पू०) रोमांचित होना ; पुलकित होना ; रोंगटे खड़े होना ।
ощипа́ть दे० ощи́пывать और щи́пать.
ощи́пывать (अपू०), **ощипа́ть** (पू०) (भवि० ощиплю́, ощи́плешь) तोड़ना ; नोंचना ।

ощу́пывать (अपू०), **ощу́пать** (पू०) टटोलना।

о́щупь (स्त्री०) идти́ на о. टटोलकर चलना।

о́щупью (क्रि० वि०) टटोलकर; иска́ть о. टटोलकर ढूँढना।

ощути́||мый, —тельный (वि०) १. गोचर; २. मूर्त; प्रत्यक्ष।

ощуща́ть (अपू०), **ощути́ть** (पू०) (भवि० ощущу́, ощути́шь) अनुभव करना; о. го́лод भूख महसूस करना/लगना।

ощуще́ние (नपु॰) चेतना; ऐन्द्रिय अनुभूति।

П

па (अ०) (नृत्य में) पद।

па́ва (स्त्री०) मोरनी।

павиа́н (पुं०) लंगूर।

павили́ка = повили́ка.

павильо́н (पुं०) मंडप ; फ़िल्म स्टूडियो।

павли́н (पुं०) मोर ; **—ий** (वि०) मोर का।

па́водок (पुं०) बाढ़ ; जल-प्लावन।

па́года (स्त्री०) पगोडा (बौद्ध विहार)

па́губа (स्त्री०) विनाश।

па́губный (वि०) घातक ; विनाशकारी।

па́даль (स्त्री०) (केवल एकवचन) (बहुधा समू०) १. (पशुओं की) लाशें ; २. (पेड़ों से गिरे) फल।

па́да||ть (अपू०), **пасть, упа́сть** (पू०) (भवि० паду́, падёшь) १. (пасть और упа́сть पू० के साथ) गिरना ; एकाएक गिरना ; (मूल्य आदि का) नीचे गिरना ; घटना ; п. на́взничь पीठ के बल गिरना ; снег —ет बर्फ़ पड़ रही है ; во́лосы —ют на лоб बाल माथे पर पड़ रहे हैं ; свет —ет на кни́гу रोशनी पुस्तक पर पड़ रही है ; २. (пасть पू० के साथ) (पर) आ पड़ना ; отве́тственность за э́то —ет на вас इसकी ज़िम्मेदारी आप पर है ; ३. (केवल अपू०) ударе́ние —ет на пе́рвый слог यति पहले वर्ण (सिलेबल) पर है ; ४. (пасть पू० के साथ) (पशुओं का) मरना ; ५. (केवल अपू०) (बालों का, दाँतों का) झड़ना/गिरना ; टूटना ; □ п. ду́хом हिम्मत हारना ; п. в о́бморок बेहोश होना ; пасть на по́ле бра́ни रणक्षेत्र में वीरगति पाना।

паде́ж (पुं०) (व्या०) कारक।

падёж (पुं०) (पशुओं की) महामारी।

паде́жный (वि०) कारक-; कारक का।

паде́ние (नपुं०) १. गिरने की क्रिया ; २. मन्दी।

па́дкий (वि०) लोलुप ; लालची ; п. на лесть खुशामदपसन्द ; п. на де́ньги धन-लोलुप/धन के लिए जान देनेवाला।

па́дуб (पुं०) शूलपर्णी (हमेशा हरी रहनेवाली एक काँटेदार वनस्पति)।

паду́чая (स्त्री०) (वि० रू०) अपस्मार ; मिरगी।

па́дчерица (स्त्री०) सौतेली बेटी।

паево́й (वि०) हिस्से का ; भाग का।

паёк (पुं०) राशन।

паж (पुं०) छोकरा ; परिचर।

паз (पुं०) (टेक०) दरार।

па́зуха (स्त्री०) १. वक्षःस्थल ; छाती ; २. नाड़ी-व्रण ; ३. (वन०) कक्ष (अंग्रेज़ी—ऐक्सिल)।

па́инька (उभ०) अच्छा बच्चा ; आज्ञाकारी ; कहना माननेवाला।

па||й (पुं०) **I** हिस्सा ; भाग ; अंश ; това́рищество на —я́х सीमित हिस्सेदारी ; **II.** (उभ०) = па́инька.

па́йка (स्त्री०) टाँका ; झाल।

пайко́вый (वि०) १. राशन का ; राशन किया हुआ।

па́йщик (पुं०) हिस्सेदार ; साझीदार।

пакга́уз (पुं०) गोदाम।

пакет (पुं०) पैकिट ; पार्सल।

па́кля (स्त्री०) (केवल एकवचन) (मशीन साफ़ करने या सुराख़ बन्द करने के लिए) कटा-छँटा सूत।

накова́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त०—ку́ю) पैक करना।

па́костить (अपू०), **на—, ис—** (पू०) (वर्त० па́кощу, па́костишь) १. (напа́костить पू० के साथ) मलिन करना ; गन्दा करना ; २. (испа́костить पू० के साथ) ख़राब करना ; ३. (напа́костить पू० के साथ) (किसीके साथ) कमीनी हरक़त करना ; गन्दी चाल चलना।

па́костный (वि०) १. नीच ; कमीना ; २. गन्दा।

па́кост||ь (स्त्री०) १. कमीनी हरकत ; गन्दी

चाल ; де́лать —и कमीनी हरकत करना/गन्दी चाल चलना ; २. गन्द ; कूड़ा-कर्कट ।

пакт (पुं०) सन्धि ; समझौता ।

паланки́н (पुं०) पालकी ।

пала́та (स्त्री०) १. (अस्पताल का) वार्ड ; २. सदन ; ३. महल ; भवन ।

пала́тка (स्त्री०) १. तम्बू ; खेमा ; बड़ा खेमा ; २. (लकड़ी की बनी अस्थायी) दुकान (अंग्रेज़ी—स्टॉल) ।

пала́ч (पुं०) जल्लाद ।

пала́ш (पुं०) खाँडा ; (सीधी, लम्बी और भारी) तलवार ।

па́левый (वि०) फीका पीला (रंग) ।

палеогра́фия (स्त्री०) प्राचीन शिलालेखों का अध्ययन ।

па́л||ец (पुं०) १. उँगली ; большо́й п. (हाथ या पाँव का) अँगूठा ; указа́тельный п. तर्जनी ; сре́дний п. मध्यमा ; безымя́нный п. अनामिका ; са́мый ма́ленький п. कनिष्ठिका ; २. (टेक०) पिन ; □ ему́ —ьца в рот не клади́ उस पर विश्वास नहीं किया जा सकता ; вы́сосать из —ьца आविष्कार करना/गढ़ना ।

палиса́д (पुं०) जंगला ।

палиса́дник (पुं०) उपवन ; घर के सामने की बग़ीची ।

палиса́ндр (पुं०) प्रशिंशपा ; एक प्रकार की सुगन्धित लकड़ी ।

пали́тра (स्त्री०) रँगसाज़ (चित्रकार) की रँग मिलाने की पटिया ।

пали́ть -I (अपू०), **с—, о—** (पू०) १. (спали́ть पू० के साथ) जलाना ; झुलसाना ; २. (опали́ть पू० के साथ) (सुअर या पक्षी को) थोड़ा-सा जलाना ; झुलसाना ; ३. (केवल अपू०) (गर्मी, सूर्य की तपन से) झुलसाना ; со́лнце пали́т धूप झुलसा रही है ।

пал||и́ть -II (अपू०) गोली चलाना ; —и́ ! गोली चलाओ !

па́лица (स्त्री०) १. गदा ; २. गदका ; डंडा ; सोटा ।

па́лк||а (स्त्री०) छड़ी ; डंडा ; लाठी ; п. метлы́ झाड़ू का डंडा ; □ вставля́ть кому́-л. —и в колёса किसीके काम में रोड़ा अटकाना ; п. о двух конца́х दुधारा हथियार ।

палла́дий (रस०) पैलेडियम ।

паллиати́в (पुं०) उपशामक ओषधि ।

паломни́||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) तीर्थ-सेवी ; यात्री ; **—чать** (अपू०) तीर्थ-यात्रा करने जाना ; **—чество** (नपुं०) तीर्थ-यात्रा ।

па́лочка (स्त्री०) १. па́лка का अल्प० ; волше́бная п. जादू की छड़ी ; २. दंडाणु ; यक्ष्मा आदि रोग के कीटाणु ।

па́лочный (वि०) छड़ी का ।

па́луб||а (स्त्री०) (जहाज़ का) अर्शा ; तूतक ; डेक ; **—ный** (वि०) अर्शा/तूतक का ; डेक का ।

пальба́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) शलक करना ; गोली चलाना ।

па́льм||а (स्त्री०) ताड़ का पेड़ ; фи́никовая п. खजूर का पेड़ ; коко́совая п. नारियल का पेड़ ; **—овый** (वि०) па́льма से वि० ।

пальто́ (नपुं०) ओवरकोट ; बड़ा कोट ।

пальце||ви́дный (वि०) उँगली के सदृश ; उँगली के आकार का ; **—обра́зный** (वि०) (वन०) उँगलियों के समान जोड़वाला ।

па́льчатый = пальцеобра́зный.

па́льчик (पुं०) па́лец का अल्प० ।

паля́щий : १. пали́ть से कृदन्त ; २. (वि०) झुलसा देनेवाला ; п. зной झुलसा देनेवाली (सख़्त) गर्मी ।

памфле́т (पुं०) पुस्तिका ; पैंफ़लेट ।

па́мят||ка (स्त्री०) १. स्मृति-पत्र ; २. (लिखित) अनुदेश ; नियम ; **—ливость** (स्त्री०) अच्छी स्मरण-शक्ति ; **—ливый** (वि०) अच्छी स्मरण-शक्तिवाला ।

па́мятник (पुं०) स्मारक ; यादगार ; क़ब्र पर लगा पत्थर ; ста́вить п. кому́-л. किसीका स्मारक बनाना ।

па́мятн||ый (वि०) १. स्मरणीय ; п. день स्मरणीय दिवस ; २. —ая кни́жка नोटबुक ।

па́мять (स्त्री०) (केवल एकवचन) स्मरण-शक्ति ; याददाश्त ; स्मृति ; хоро́шая п. अच्छी स्मरण-शक्ति ; в п. स्मृति में ; ☐ учи́ть на п. कंठस्थ करना ।

пан (पुं०) १. पोलैंड का जमींदार ; २. श्रीमान् ; जनाब ; ☐ ли́бо п., ли́бо пропа́л आर या पार ।

пана́ма (स्त्री०) पानामा (टोपी) ।

панаце́я (स्त्री०) सर्वरोग-ओषधि ; अमृतधारा ।

панде́мия (स्त्री०) विश्वव्यापी रोग ।

панеги́рик (पुं०) प्रशस्ति ; गुणगान ।

пане́ль (स्त्री०) १. (सड़क की) पटरी ; २. (दीवार पर जुड़ा हुआ) तख्ता या पट्टी ।

пане́льный (वि०) пане́ль मे वि० ।

панибра́тство (नपुं०) मेल-जोल ; भाई-चारा ।

па́ник||а (स्त्री०) (केवल एकवचन) आतंक ; быть в —е आतंकित होना ।

паникади́ло (नपुं०) चर्च का झाड़-फानूस ।

паникёр (पुं०) भय या आतंक फैलानेवाला ।

панихи́да (स्त्री०) (चर्च में) मृतक के लिए प्रार्थना ।

па́нна (स्त्री०) पोलैंड के जमींदार की बेटी ; कुमारी ।

пано́птикум (पुं०) मोम की बनी चीजों का अजायबघर ।

панора́ма (स्त्री०) परिदृश्य ; नजारा ।

пансио́н (पुं०) (уче́бное заведе́ние) १. बोर्डिंग स्कूल ; २. छात्रावास ; लोकावास ; **—е́р** (पुं०) छात्रावासी ; बोर्डर (बोर्डिंग हाउस में रहनेवाला) ।

пантало́ны (बहु०) १. पतलून ; २. (स्त्रियों का) जाँघिया ; कच्छा ।

панте||и́зм (पुं०) सर्वेश्वरवाद ; **—и́ст** (पुं०) सर्वेश्वरवादी ।

пантео́н (पुं०) देवगण ।

панте́ра (स्त्री०) चीता ; तेंदुआ ।

пантоми́ма (स्त्री०) मूक नाटक ; मूकाभिनय ।

пантом||ими́ческий, —и́мный (वि०) मूकाभिनय ; मूक नाटक-सम्बन्धी ।

па́нцырные (बहु०) घोंघे के समान जन्तु ।

па́нцырный (वि०) १. कवचधारी ; २. घोंघा-सम्बन्धी ।

па́нцырь (पुं०) १. कवच ; २. घोंघा ।

па́па (पुं०) १. पिता ; २. पोप ।

папа́ха (स्त्री०) (काकेशिया की) पोस्तीन की टोपी ।

па́перть (स्त्री०) (गिरजे की) ड्योढ़ी ; ओसारा ।

папи́зм (पुं०) पोपवाद ।

папилько́тка (स्त्री०) कागज़ जो बालों के घूँघर बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है ।

папиро́с||а (स्त्री०) पापीरोसा (एक प्रकार का रूसी सिगरेट) ; **—ник** (पुं०) सिगरेट बेचनेवाला ; **—ница** (स्त्री०) १. सिगरेट बेचनेवाली ; २. सिगरेट-केस ; **—ный** (वि०) सिगरेट-सम्बन्धी ।

папи́ст (पुं०) पोप का अधिकार माननेवाला ।

па́пка (स्त्री०) १. (कागज रखने के लिए) फ़ाइल ; २. दफ़्ती ; गत्ता ।

па́поротник (पुं०) पर्णांग (सुन्दर महीन पत्तियों का एक पौधा) ।

па́п||ский (वि०) पोप का ; **—ство** (नपुं०) पोप का पद या अधिकार ।

па́пула (स्त्री०) पिटका ; (खुजली के कारण शरीर पर पड़ा) चकत्ता ।

папье́-маше́ (नपुं०) पापये-माशे ; कुचला हुआ कागज ।

пар (पुं०) **I.** भाप ; बाष्प ; превраща́ться в п. भाप में परिणत करना ; २. उच्छ्वास ; ☐ на всех —ах पूरे वेग से/पूरी रफ़्तार से ; **II.** परती (भूमि) ; земля́ под —ом परती भूमि ।

па́ра (स्त्री०) १. जोड़ी ; युगल ; п. сапо́г जूता-जोड़ी ; २. दम्पति ; ३. सूट ।

пара́бола (स्त्री०) (गणित) परवलय ; अनुवृत्त ।

пара́граф (पुं०) अनुच्छेद ; पैरा ; कंडिका ।

пара́д (पुं०) १. क़वायद ; परेड ; в по́лном —е पूरी वर्दी में ।

паради́гма (स्त्री०) (किसी शब्द की) रूपनिदर्शक तालिका ।

пара́дное (नपुं०) (वि० रू०) सामने का दरवाजा ।

пара́дн||ый (वि०) १. пара́д से वि० ; २. मुख्य ; सामने का ; п. подъе́зд सिंहद्वार/मुख्यद्वार ; —ая дверь सामने का दरवाज़ा ; ३. समारोह/जशन का ; п. спекта́кль (नाटक आदि का) भव्य प्रदर्शन/जशन का शो ।

парадо́кс (पुं०) विरोधाभास ।

парази́т (पुं०) १. परजीवी ; २. (बहु०) अन्न आदि को हानि पहुँचानेवाले कीड़े ।

парализо́в||анность (स्त्री०) लकवा ; पक्षाघात ; **—анный** (वि०) लकवे का मारा हुआ ; **—а́ть** (अपू० और पू०) (—зу́ю) लकवा मारना ।

парали́тик (पुं०) लकवे का मारा हुआ व्यक्ति ।

парали́ч (पुं०) लकवा ; पक्षाघात ।

параллели́зм (पुं०) अनुरूपता ; समानान्तरता ।

параллелогра́м (पुं०) (गणित) समानान्तर चतुर्भुज ।

паралле́ль (स्त्री०) १. समानान्तर रेखा ; २. सदृश वस्तु ; провести́ п. तुलना करना ; ३. (भूगोल) अक्षांश ।

паралле́льн||о (क्रि० वि०) समानान्तर रूप से ; साथ-साथ ; провести́ одну́ ли́нию п. друго́й रेखा के समानान्तर रेखा खींचना ; **—ый** (वि०) समानान्तर ।

паралоги́зм (पुं०) तर्काभास ।

парамагнети́зм (पुं०) समचुम्बकत्व ।

пара́метр (पुं०) (गणित) स्थिर राशि ।

паранджа́ (स्त्री०) बुर्क़ा ।

парапе́т (पुं०) मुँडेर ।

парафи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) अद्यक्षर करना ; दस्तख़त करना ।

парафра́з (पुं०) पदान्वय ; शब्दान्तर द्वारा अर्थ-प्रकाशन ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) अन्वय करना ; अर्थ करना ।

парашю́т (पुं०) हवाई छाता/छतरी ; पैराशूट ; **—ный** (वि०) парашю́т से वि० ।

паре́з (पुं०) पेशियों का सुन्न हो जाना ।

паре́ние (नपुं०) ऊपर को चढ़ना/उड़ना ।

па́рень (पुं०) सज्जन ।

пари́ (अ०) держа́ть п., идти́ на п. शर्त लगाना ।

парижа́н||ин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) पेरिस-निवासी/निवासिनी ।

пари́жский (वि०) पेरिस का ।

пари́к (पुं०) कृत्रिम केश ; बनावटी बालों का टोप ।

парикма́хер (पुं०) नाई ; हज्जाम ; बाल बनानेवाला ; **—ская** (स्त्री०) (वि० रू०) नाई या हज्जाम की दुकान ; बाल बनानेवाले की दुकान ।

пари́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (बहस में विरोधी की युक्ति का) खंडन ; काटना ; निवारण करना ।

парите́т (पुं०) समता ; बराबरी ; साम्य ।

па́р||ить (अपू०), **вы́парить** (पू०) १. (केवल अपू०) (मन्दी आँच में) पकाना ; भाप से पकाना ; २. भाप बनाना ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) —ит सख़्त गर्मी है ।

пари́ть (अपू०) हवा में उड़ना ; मँडराना ।

пари́ться (आत्म० अपू०) १. वाष्प-स्नान/भाप में स्नान करना ; २. пари́ть और па́рить का कर्मवाच्य ।

па́рия (स्त्री०) जातिच्युत ; जाति-बहिष्कृत ।

парк (पुं०) उद्यान ; पार्क ; (ट्रामवे, बसों का) छादन ; शेड ।

парке́т (पुं०) (केवल एकवचन) लकड़ी के फट्टों से बना फ़र्श ।

парла́мент (पुं०) संसद ; **—ари́зм** (पुं०) संसदीय पद्धति ; संसदीयता ; **—а́рий** (पुं०) १. संसद का सदस्य ; २. संसदीय पद्धति का समर्थक ; **—а́рный** (वि०) संसदोचित ।

парламентёр (पुं०) विराम-सन्धि का दूत ।

парла́ментский (वि०) संसद का ; संसदीय ।

парни́к (पुं०) काचगृह ; पौधों को गर्मी पहुँचाने का काँच का घर ।

парни́шка (पुं०) बालक ; लड़का ।

парн||о́й (वि०) गर्म ; ताज़ा ; —о́е молоко́ ताज़ा दूध ; п. во́здух ताज़ी हवा ।

па́рный -I (वि०) १. जुड़वाँ ; जोड़ा ; यमज ; २. (जोड़े का) घोड़ा ।

па́рный -II (वि०) सवाष्प ।

парови́к (पुं०) १. वाष्पित्र ; बॉयलर ; २. भाप का इंजन ।

парово́з (पुं०) रेल का इंजन ; **—ный** (वि०) रेल के इंजन का ।

парово́й (वि०) пар-I, II से वि० ।

паро́дия (स्त्री०) विडम्बन-काव्य (अंग्रेज़ी—पैरोडी) ।

пароксі́зм (पुं०) रोग का कोप ; आक्रोश ।

паро́ль (पुं०) (सेना०) परोल ; गूढ़वचन (वह विशेष शब्द जिससे फ़ौजी पहरेदार शत्रु अथवा मित्र का भेद करता है) ।

паро́м (पुं०) (नदी पार करने की) बड़ी नाव ।

паро||обра́зный (वि०) भाप जैसा ; **—образова́ние** (नपुं०) वाष्पीकरण ।

паросбо́рник, парособира́тель (पुं०) वाष्प-संग्राहक ; भाप इकट्ठी करनेवाला यन्त्र ।

парохо́д (पुं०) स्टीमर ; (भाप से चलनेवाला) पानी का जहाज़ ; वाष्प-नौका ; (इंजन से चलनेवाली) नाव ; **—ный** (वि०) парохо́д से वि० ; **—ство** (नपुं०) नौचालन ।

па́рочка (स्त्री०) па́ра से अल्प० ; प्रेमी-युगल ।

парс (पुं०) पारसी ।

па́рта (स्त्री०) स्कूल का डेस्क ।

партакти́в (पुं०) (парти́йный акти́в) पार्टी का अतिक्रियाशील सदस्य ; **—биле́т** (पुं०) पार्टी का टिकट ।

парте́р (पुं०) पारत्येर ; नाटकगृह में रंगमंच के सामने की समतल कुर्सियाँ ।

парти́ец (पुं०) पार्टी का सदस्य ।

партиза́н (पुं०) छापामार ; गुरिल्ला (सैनिक) ; **—ский** (वि०) छापामार ।

парти́йн||ость (स्त्री०) पार्टी-सदस्यता ; **—ый** (वि०) १. पार्टी का ; दल का ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) पार्टी-सदस्य ।

па́ртия (स्त्री०) १. पार्टी ; दल ; коммунисти́ческая п. साम्यवादी दल ; २. (सेना की) टुकड़ी ; ३. (खेल की) पारी ; बाज़ी ।

партнёр (पुं०), **—ша** (स्त्री०) (नृत्य आदि में) साथी ; जोड़ीदार ।

па́рус (पुं०) बादबान ; поднима́ть п. बादबान उठाना ।

паруси́н||а (स्त्री०) किरमिच ; **—овый** (वि०) किरमिच का ; —овые ту́фли किरमिच के जूते ।

па́рус||ник (पुं०) १. बादबान बनानेवाला ; २. मल्लाह ; ३. बादबानों से चलनेवाला जहाज़ ; **—ный** (वि०): —ое су́дно = па́русник.

парфюме́р (पुं०) गन्धी ; इत्र बेचनेवाला ; **—ия** (स्त्री०) १. (समू०) सुगन्ध-द्रव्य ; इत्र-फुलेल ; २. गन्धी की दुकान ; **—ный** (वि०) इत्र-फुलेल का ; —ный магази́н गन्धी की दुकान/इत्र-फुलेल की दुकान ।

парцелли́ровать (अपू० और पू०) (—рую) पार्सल करना ।

парч||а́ (स्त्री०) किमख़ाब ; **—ёвый** (वि०) किमख़ाब का ।

парша́ (स्त्री०) खुजली ; ख़ारिश ।

парши́в||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) निकम्मा/निकम्मी ; कम्बख़्त आदमी/औरत ।

парши́вый (वि०) १. खुजली का रोगी ; ख़ारिशवाला ; २. निकम्मा ; कम्बख़्त ।

па́сека (स्त्री०) मधुमक्खियों के पालने का स्थान ।

па́сечник (पुं०) मधुपाल ; मधुमक्खियाँ पालनेवाला ; मधुमक्खीपालनविद् ।

па́сквиль (पुं०) अपलेख ; निन्दा-लेख ; आक्षेप ।

паску́дный (वि०) मलिन ; गन्दा ; अपवित्र ।

па́смурн||о (कर्तृ-निरपेक्ष) п. मेघ छा रहे हैं / बुरा मौसम है ; **—ый** (वि०) १. (मौसम के विषय में) बुरा ; मेघाच्छन्न ; २. उदास ।

пасова́ть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —су́ю) १. (ताश में) अपनी बारी छोड़ना या पास करना ; फ़ुटबॉल, हॉकी आदि में पास करना ; २. जी चुराना ।

паспарту́ (स्त्री० अ०) फ़ोटो की दफ़्ती।

па́спорт (पुं०) १. पारपत्र; पासपोर्ट; २. प्रमाण-पत्र; **—ный** (वि०) पारपत्र का; पासपोर्ट का।

пасса́ж (पुं०) बरामदा।

пассажи́р (पुं०), **—ка** (स्त्री०) मुसाफ़िर; यात्री; **—ский** (वि०) मुसाफ़िर का; —ский по́езд सवारी-गाड़ी।

пасса́т (पुं०) अटलांटिक तथा प्रशान्त महासागर में नियम से बहनेवाली अनुकूल वायु; **—ный** (वि०) —ный ве́тер = пасса́т.

пасси́в (पुं०) (केवल एकवचन) १. देयता; दातव्य; २. (व्या०) कर्मवाच्य; **—ный** (वि०) निष्क्रिय; उदासीन; अवसन्न।

па́ссия (स्त्री०) उत्कट इच्छा।

па́ста (स्त्री०) पेस्ट; зубна́я п. दन्त-मंजन (अंग्रेज़ी—टूथपेस्ट)।

па́стбище (नपुं०) चरागाह।

па́ства (स्त्री०) एक पादरी के आदेश में रहनेवाला व्यक्तियों का समुदाय।

пасте́ль (स्त्री०) (चित्रकार की) रँग की टिकिया; रँगदार पेंसिल या खड़िया।

пастериза́ция (स्त्री०) पास्चूरीकरण (पास्चूर विधि से दूध को गर्म करके हानिकारक कीटाणु मारना)।

пастерна́к (पुं०) (एक तरह की) गाजर।

пасти́ (अपू०) (пасу́, пасёшь) (पशुओं को) चराना; **—сь** (आत्म० अपू०) चरना।

пастила́ (स्त्री०) एक प्रकार का केक।

пастора́ль (स्त्री०) गड़रियों का गीत।

пасту́||х (पुं०) अविपाल; गड़रिया; ग्वाला; चरवाहा; **—шеский, —ший** (वि०) गडरिये/ग्वाले का; **—шка** (स्त्री०) अविपालिका; ग्वालिन।

пастушо́к (पुं०) १. пасту́х का अल्प०; २. (गड़रियों के गीतों में) युवा पुरुष।

па́стырь (पुं०) (मसीही) धर्मोपदेष्टा; पादरी।

пасть -I दे० па́дать.

пасть -II (स्त्री०) (पशुओं का) जबड़ा।

пасть -III (स्त्री०) शिकारी का फन्दा।

пастьба́ (स्त्री०) चराने की क्रिया।

па́сха (स्त्री०) १. (ईसाइयों का त्यौहार) ईस्टर; २. मलाई का मीठा पनीर (जो ईस्टर पर खाया जाता है)।

па́сынок (पुं०) सौतेला बेटा।

пат (पुं०) (शतरंज में) ज़िच।

пате́нт (पुं०) एकस्व; पेटेंट; एकस्व-पत्र; लाइसेंस; **—ный** (वि०) एकस्व-सम्बन्धी; **—ова́ть** (अपू० और पू०) (—ту́ю) एकस्व लेना; एकस्व-पत्र लेना।

патети́ч||еский (वि०), **—ный** (वि०) करुणाजनक।

патефо́н (पुं०) ग्रामोफ़ोन; **—ный** (वि०) ग्रामोफ़ोन का; —ная пласти́нка ग्रामोफ़ोन-रिकार्ड / ग्रामोफ़ोन का तवा।

пати́на (स्त्री०) छदिमा; पुराने कसकुट पर का हरा रँग।

патогене́з (पुं०) व्याधिजनन।

па́тока (स्त्री०) चाशनी; शर्बत; सीरा।

патоло́гия (स्त्री०) निदान-शास्त्र।

па́точный (वि०) па́тока से वि०।

патриа́рх (पुं०) पितर; **—а́льность** (स्त्री०) पितृसत्ता; **—а́льный** (वि०) पैतृक; पितृसत्तात्मक; **—а́т** (पुं०) पितृसत्ता।

патрио́т (पुं०) देशभक्त; देशप्रेमी; **—и́зм** (पुं०) देशभक्ति; देशप्रेम; **—и́ческий, —и́чный** (वि०) देशभक्तिपूर्ण।

патри́ций (पुं०) कुलीन; अभिजात।

патро́н (पुं०) **I.** संरक्षक; आश्रयदाता; **II.** १. (बन्दूक का) कारतूस; २. खरादने के यन्त्र का एक भाग (अंग्रेज़ी—चक्); ३. (बिजली का) लैम्प-सॉकेट; लैम्प-होल्डर; ४. प्रतिमान; नमूना।

патрон||а́т (पुं०) संरक्षकता; आश्रय; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—ру́ю) संरक्षण करना; आश्रय देना।

патро́нник (पुं०) (बन्दूक में) कारतूस-कोष्ठिका।

патро́нный (वि०) патро́н -II से वि०; п. заво́д कारतूस-फ़ैक्टरी।

патронта́ш (पुं०) कारतूस रखने का थैला ।

па́трубок (पुं०) शाखा-नल ।

патрули́ровать (अपू०) (—рую) गश्त करना ।

патру́ль (पुं०) (सेना की) गश्त ।

па́уза (स्त्री०) विराम ; अवकाश ।

пау́к (पुं०) मकड़ी ।

паукообра́зный (वि०) मकड़ी के सदृश ।

па́упер (पुं०) अकिंचन ; दरिद्र ; **—и́зм** (पुं०) अकिंचनता ; दरिद्रता ।

паути́на (स्त्री०) मकड़ी का जाला ।

па́фос (पुं०) करुणा ।

пах (पुं०) उरुसन्धि ; रान ।

па́харь (पुं०) हलधर ; हल जोतनेवाला ।

паха́ть (अपू०), **вс—** (पू०) (वर्त० пашу́, па́шешь) हल जोतना ; भूमि जोतना ।

па́хн||уть (अपू०), **за—** (पू०) गन्ध देना ; э́то хоро́шо —ет इसकी गन्ध अच्छी है ।

пахну́ть (पू०) (धुएँ आदि का) धीरे-धीरे निकलना ।

па́хот||а (स्त्री०) जुताई ; **—ный** (वि०) जोतने-योग्य ; —ная земля́ जोतने-योग्य भूमि ।

па́х||танье (नपुं०) १. मथने/बिलोने की क्रिया ; २. लस्सी ; **—тать** (अपू०) मथना ; बिलोना ।

паху́ч||есть (स्त्री०) गन्धि ; गन्धता ; **—ий** (वि०) तीव्र गन्धयुक्त ।

пацие́нт (पुं०), **—ка** (स्त्री०) रोगी/रोगिणी ।

пациф||и́зм (पुं०) शान्तिवाद ; **—и́ст** (पुं०) शान्तिवादी ।

па́че (क्रि० वि०) अधिक ; тем п. इससे भी अधिक ; п. ча́яния आशा के प्रतिकूल ।

па́чка (स्त्री०) १. बंडल ; (काग़ज़, पत्रों का) दस्ता ; (सिगरेट का) पैकिट ; (पुस्तकों का) पार्सल ; २. (नाचनेवाली की) बाहर को फूली हुई स्कर्ट (घाघरी) ; ३. (कारतूस का) क्लिप ।

па́чкать (अपू०), **за—, ис—** (पू०) मलिन करना ; गन्दा करना ; धब्बे लगाना ; п. лицо́ मुँह गन्दा करना ; п. ру́ки кро́вью हाथों पर खून के धब्बे लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आपको मलिन करना/गन्दा करना ; २. па́чкать का कर्मवाच्य ।

пачкотня́ (स्त्री०) फूहड़पन से बनाया गया चित्र आदि ।

пачк||у́н (पुं०), **—у́нья** (स्त्री०) १. मलिन ; गन्दा/गन्दी ; २. फूहड़ चित्रकार ।

па́шня (स्त्री०) जोतने-योग्य भूमि/खेत ।

паште́т (पुं०) संमोसे के सदृश एक पकवान ।

па́юсн||ый (वि०) : —ая икра́ दबाया हुआ कावियार (मछली के अंडे) ।

пая́льн||ик (पुं०) झाल या टाँका लगाने की छड़ी ; **—ый** (वि०) झाल/टाँका लगाने का ।

пая́ние (नपुं०) झाल/टाँका लगाने की क्रिया ।

пая́сничать (अपू०) विदूषकता दिखाना ; विदूषक का अभिनय करना ।

пая́ть (अपू०), **за—** (पू०) झाल/टाँका लगाना ।

пая́ц (पुं०) विदूषक ।

пев||е́ц (पुं०), **—и́ца** (स्त्री०) गायक/गायिका ; गानेवाला/वाली ।

певу́н (पुं०) बहुत गानेवाला ; गायन-प्रेमी ; **—ья** (स्त्री०) १. певу́н का स्त्री०-रूप ; २. एक गानेवाला पक्षी ।

певу́ч||есть (स्त्री०) सुरीलापन ; **—ий** (वि०) सुरीला ।

пе́вч||ий (वि०) गानेवाला ; —ая пти́ца गानेवाला पक्षी ।

пе́гий (वि०) चितकबरा (घोड़ा) ।

педаго́г (पुं०) शिक्षा-शास्त्री ; **—ика** (स्त्री०) शिक्षा-शास्त्र ; **—и́ческий** (वि०) शिक्षाशास्त्र-सम्बन्धी ।

педа́ль (स्त्री०) पैडिल ।

педа́нт (पुं०) पांडित्यदम्भी ; **—и́зм** (पुं०) विद्याभिमान ; पांडित्यदम्भ ।

педо́метр (पुं०) डगमापी ।

пейза́ж (पुं०) प्रकृति-दृश्य ; दृश्यालेख ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) प्रकृति-दृश्यों के चित्र खींचनेवाला / वाली ; दृश्यालेखनकर्ता /-कर्त्री ; **—ный** (वि०) प्रकृतिदृश्य-विषयक ; दृश्यालेख-विषयक ।

пéкари (नपुं०) अमरीका देश का सूअर के आकार का एक पशु।
пекáрня (स्त्री०) नानबाई की दुकान।
пéкарский (वि०) नानबाई का।
пéкарь (पुं०) नानबाई।
пéкло (नपुं०) (केवल एकवचन) १. सख्त गर्मी; २. नरक।
пеленá (स्त्री०) चादर; снéжная п. बर्फ़ की चादर।
пеленáть (अपू०), **с—** (पू०) (बच्चे को) लपेटना; कसकर बाँधना।
пеленгáтор (पुं०) (पानी के जहाज़ में) दिशामान-सूचक।
пелён||ка (स्त्री०) अँगोछा; पोतड़ा; रूमाल; с —ок बचपन से।
пельмéни (बहु०) माँस की पकौड़ियाँ।
пéмза (स्त्री०) झाँवाँ।
пéн||а (स्त्री०) झाग; फेन; снимáть —у झाग उतारना; с —ой झागदार।
пенáл (पुं०) क़लमदान।
пенáт||ы (बहु०) कुल-देवता; □ возвратúться к своúм —ам अपने घर लौटना।
пéние (नपुं०) १. गाना; गीत; २. (मुर्ग़े की) कुकड़ूँ-कूँ।
пéнистый (वि०) झागदार।
пенитенциáрный (वि०) अनुतापमूलक; प्रायश्चित्त-विषयक।
пéниться (आत्म० अपू०) झाग देना।
пéнка (स्त्री०) (दूध पर की) मलाई।
пéнни (पुं०) १. = пенс; (फ़िनलैंड का सिक्का) पेनी।
пенс (पुं०) (अंग्रेज़ी सिक्का) पेंस; पेनी।
пенсионéр (पुं०), **—ка** (स्त्री०) निवृत्तिवेतन-भोगी; पेंशन पानेवाला/वाली।
пенсиóнный (वि०) निवृत्तिवेतन-सम्बन्धी; पेंशन का।
пéнсия (स्त्री०) निवृत्तिवेतन; पेंशन।
пентагонáльный (वि०) पंचभुज।
пентáметр (पुं०) पंचपदवृत्त।
пентáэдр (पुं०) पाँच समान भुजाओं की ठोस आकृति।
пéнтюх (पुं०) स्थूलबुद्धि; मूर्ख; गँवार।
пень (पुं०) ठूँठ; □ стоя́ть как п. पत्थर की मूर्ति बनकर खड़े रहना; чéрез п. колóду येनकेनप्रकारेण, जैसे-तैसे।
пеньк||á (स्त्री०) सन; **—óвый** (वि०) सन का बना हुआ।
пéн||я (स्त्री०) (केवल एकवचन) जुर्माना; दंड; налагáть —ю (на) जुर्माना करना / दंड लगाना।
пéпел (पुं०) भस्म; राख; обращáть в п. भस्म करना / राख करना।
пепелúще (नपुं०) भस्मावशेष।
пéпель||ница (स्त्री०) राखदानी; **—но-серый** (वि०) राख के रँग का भूरा; सलेटी; **—ный** (वि०) राख का।
пепермéнт (पुं०) पिपरमिंट।
пепсúн (पुं०) पाचि; पाचक रस का मुख्य अंश।
пептóн (पुं०) अंडे की सफ़ेदी की तरह का एक पदार्थ।
первéйший (वि०) सर्वप्रथम; उच्चकोटि का; प्रथम श्रेणी का।
пéрвен||ец (पुं०) (बच्चा) अग्रजात; ज्येष्ठ। **—ство** (नपुं०) १. अग्रजाधिकार; जेष्ठाधिकार। २. प्रथम स्थान, завоевáть —ство प्रथम स्थान प्राप्त करना; **—ствовáть** (अपू०) (—ствýю) प्रथम होना; अग्रता प्राप्त करना।
первúчный (वि०) प्राथमिक; प्रारम्भिक।
первобы́тный (वि०) आदिम।
первоистóчник (पुं०) उद्गम; आदिस्रोत।
первоклáссный (वि०) प्रथम श्रेणी का; पहली कक्षा का।
первомáйский (वि०) मई-दिवस का।
пéрво-нáперво (क्रि० वि०) सर्वप्रथम।
первоначáльн||о (क्रि० वि०) प्रारम्भिक रूप से; **—ый** (वि०) १. आरम्भिक; प्रारम्भिक; प्राथमिक; आद्य; मूल; २. —ые чúсла अभाज्य संख्या।
первоóбраз (पुं०) मूलरूप।

перебран||иваться (आत्म०) आपस में गाली-गलौज करना ; **—иться** (आत्म० पू०) लड़ना-झगड़ना ; **—ка** (स्त्री०) लड़ाई-झगड़ा ; गाली-गलौज ।

перебрáсывать (अपू०), **перебрóсить** (पू०) (भवि० перебрóшу, перебрóсишь) १. (-पर) से फेंकना ; п. чéрез плечó कन्धे पर से फेंकना ; २. (सेना आदि का) स्थानान्तरण ; एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजना ; **—ся** (आत्म०) इधर-उधर फेंकना ; перебрóситься нéсколькими словáми एक-दो बातें करना ; २. (रोग, अग्नि आदि का) फैलना ; ३. перебрáсывать का कर्मवाच्य ।

перебрáть(ся) दे० перебирáть(ся).

перебудúть (पू०) (перебужý, перебýдишь) (सबको अथवा बहुतों को) जगाना ।

перевáл (पुं०) दर्रा ।

перевáливать (अपू०), **перевалúть** (पू०) **I.** लादना ; **II.** (दर्रा आदि) पार करना ; □ емý перевалúло за 50 лет वह पचास वर्ष का हो चुका है ; **—ся** (आत्म०) १. (-पर) से लुढ़कना/गिरना ; २. перевáливать-I का कर्मवाच्य ।

перевáривать (अपू०), **переварúть** (पू०) १. अति करना ; २. फिर से/बहुत अधिक उबालना/पकाना ; ३. पचाना ; हज़म करना ; ४. बरदाश्त करना ; सहन करना ।

переварúмый (वि०) सुपाच्य ।

перевезтú दे० перевозúть.

перевернýть(ся) दे० перевёртывать(ся).

перевёрстывать (अपू०), **переверстáть** (पू०) (छपाई-सम्बन्धी) फ़र्मों में फिर से पत्रों के अनुसार टाइप लगाना ।

перевёртывать (अपू०), **перевернýть, перевертéть** (पू०) (перевертéть से переверчý, перевéртишь) १. (перевернýть पू० के साथ) १. उलटाना ; उल्टा करना ; перевернýть пальтó कोट उलटाना ; п. наизнáнку भीतर का भाग बाहर करना ; २. (перевертéть पू० के साथ) आवश्यकता से अधिक घुमाना ।

повёртываться (आत्म० अपू०), **перевернýться** (आत्म० पू०) १. उलटना ; उल्टा होना ; чáшка перевернýлась प्याला उलट गया ; २. перевёртывать का कर्मवाच्य ।

перевéс (पुं०) (केवल एकवचन) १. भार की अधिकता ; २. विशिष्टता ; वरिष्ठता ; чúсленный п. बहुसंख्यक ; п. голосóв बहुमत ।

перевéсить(ся) दे० перевéшивать(ся).

перевестú(сь) दे० переводúть(ся).

перевé||шивать (अपू०), **перевéсить** (पू०) (भवि० перевéшу, перевéсишь) **I.** १. किसी दूसरे स्थान पर लटकाना/टाँगना ; картúну нýжно —сить इस चित्र को किसी दूसरे स्थान पर टाँगना चाहिए ; **II.** फिर से तोलना ; एक बार फिर तोलना ; **III.** अधिक भार होना ; **—ся** (आत्म०) १. (-पर) झुकना ; он —сился чéрез забóр वह मेंड पर झुका ; २. перевéшивать I, II, III, का कर्मवाच्य ।

перевивáть -I (अपू०), **перевúть** (पू०) (भवि० перевью́, перевьёшь) (फिर से) गूँथना ; बटना ; **—ся** (आत्म०) गुँथ जाना ; बट जाना ।

перевидá||ть (पू०) बहुत-कुछ देख चुकना ; दुनिया देख चुकना ; बहुत अनुभव होना ; мнóго —л он на своём векý उसने अपने जीवन में बहुत-कुछ देखा है / उसने खूब दुनिया देखी है ।

перевирáть (अपू०), **переврáть** (पू०) (भवि० переврý, переврёшь) १. ग़लत बताना ; п. фамúлию ग़लत नाम बताना ; २. बहुत झूठ बोलना ।

перевúть दे० перевивáть.

перевóд (पुं०) १. स्थानान्तरण ; बदली ; २. अनुवाद ; п. с рýсского на англúйский रूसी से अंग्रेज़ी में अनुवाद ; ३. (रुपया आदि) भेजना ; почтóвый п. पोस्टल आर्डर ; ४. (घड़ी) आगे या पीछे करने की क्रिया ; ५. (रेल-सम्बन्धी) काँटा बदलने की क्रिया ; ६. परिणत करने की क्रिया ।

переводи́ть (अपू०), **перевести́** (पू०) (वर्त० перевожу́, перево́дишь ; भवि० переведу́, переведёшь) १. स्थानान्तर/बदली करना ; २. अनुवाद करना ; ३. (रुपया आदि) भेजना ; बैंक द्वारा भेजना ; ४. (घड़ी की सुइयाँ) आगे-पीछे करना ; ५. (रेल का) काँटा बदलना ; ६. परिणत करना ; п. в метри́ческую систе́му मीटर-पद्धति में परिणत करना ; п. дух साँस लेना ; **—ся** (आत्म०) १. स्थानान्तरण होना ; स्थानान्तरित होना ; बदली होना ; २. समाप्त होना ; ры́ба в пруде́ не перево́дится इस तालाब में मछलियाँ कभी समाप्त नहीं होतीं ; ३. переводи́ть का कर्मवाच्य ।

перево́д||ный (वि०) : —ная литерату́ра अनूदित साहित्य ; —ная на́дпись (चेक, हुंडी आदि पर) पृष्ठांकन / अन्वंकन ; п. бланк (почто́вый) पोस्टल आर्डर ; п. ве́ксель हुंडी/ड्राफ़्ट ; —ная бума́га कार्बन काग़ज़ ; **—чик** (पुं०) अनुवादक ; दुभाषिया ।

перево́з (पुं०) १. परिवहन-कार्य ; २. घाट ।

перевози́ть (अपू०), **перевезти́** (पू०) (भवि० перевезу́, перевезёшь) ढोना ; परिवहन करना ; एक स्थान से दूसरे स्थान पर (गाड़ी आदि द्वारा) ले जाना ; (फ़र्नीचर आदि) हटाना ; (नाव में) नदी पार उतारना ; он перевёз их че́рез реку́ उसने उनको नदी पार उतार दिया ।

перево́з||ка (स्त्री०) परिवहन ; सवारी ; **—чик** (पुं०) नाविक ; खिवैया ।

переволнова́ть (पू०) (—ну́ю) (बहुत) चौंकाना ; उत्तेजित करना ; **—ся** (आत्म०) (बहुत) चौंकना ; चिन्तित होना ।

перевооружа́ть (अपू०), **перевооружи́ть** (पू०) पुनश्शस्त्रीकरण ; फिर से सायुध करना ; **—ся** (आत्म०) अपना पुनश्शस्त्रीकरण करना ।

перевооруже́ние (नपुं०) पुनश्शस्त्रीकरण ।

перевоплоща́ть (अपू०), **перевоплоти́ть** (पू०) (भवि० перевоплощу́, перевоплоти́шь) फिर से अवतरित करना ; नया रूप देना ; **—ся** (आत्म०) फिर से मूर्त रूप धारण करना ।

перевоплоще́ние (नपुं०) फिर से मूर्त रूप धारण करने की क्रिया ; रूपान्तरण ।

перевора́чивать(ся) = **перевёртывать(ся).**

переворо́т (पुं०) १. क्रान्ति ; उथल-पुथल ; राज्य-उत्क्रमण ; социа́льный п. सामाजिक क्रान्ति ; २. उपप्लव ।

перевоспи́тывать (अपू०), **перевоспита́ть** (पू०) फिर से शिक्षण करना ; फिर से शिक्षा देना ।

перевра́ть दे० перевира́ть.

перевыбира́ть (अपू०), **переве́ыбрать** (पू०) (भवि० переве́ыберу, переве́ыберешь) फिर से चुनना ; फिर से छाँटना ।

переве́ыборы (बहु०) पुनर्निर्वाचन ।

перевыполне́ние (नपुं०) अधिसिद्धि ; п. пла́на на 20 проце́нтов योजना की २० प्रतिशत अधिसिद्धि हुई ।

перевыполн||я́ть (अपू०), **переве́ыполнить** (पू०) अधिसिद्धि करना ; —я́ть план на 20 проценто́в योजना की २० प्रतिशत अधिसिद्धि करना ।

перевяза́ть(ся) दे० перевя́зывать(ся).

перевя́з||ка (स्त्री०) १. फिर से बाँधने की क्रिया ; २. (घाव पर बाँधने की) पट्टी ; मरहम-पट्टी ; **—очный** (वि०) : —очный пункт मरहम-पट्टी का स्थान ।

перевя́з||ывать (अपू०), **перевяза́ть** (पू०) (भवि० перевяжу́, перевя́жешь) **I** १. बाँधना ; मोटे रस्से से बाँधना ; (घाव पर) पट्टी बाँधना ; २. फिर से बाँधना ; फिर से पट्टी करना/बाँधना ; **II.** फिर से बुनना ; फिर से बुनवाना ; перевяза́ть ко́фту जाकेट फिर से बुनना/फिर से बुनवाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने पट्टी बाँधना/अपनी मरहम-पट्टी करना ; २. перевя́зывать -I, II का कर्मवाच्य ।

пе́ревяз||ь (स्त्री०) १. (तलवार आदि बाँधने की) पेटी ; २. गलपट्टी ; у него́ рука́ на —и उसका हाथ गलपट्टी में बँधा है ।

перегиба́ть (अपू०), **перегну́ть** (पू०) (ज़ोर लगाकर) टेढ़ा करना ; मोड़ना ; दुहरा करना ; п. лист желе́за попола́м लोहे की चादर को दुहरा करना ; **—ся** (आत्म०) (अत्यधिक) झुकना ; मुड़ना ; दुहरा हो जाना ; желе́зный прут перегну́лся попола́м लोहे का सरिया दुहरा हो गया ।

перегла́дить -I दे० перегла́живать.

перегла́дить -II (पू०) (एक-एक करके) सारे कपड़ों पर लोहा करना ; п. всё бельё सारे कपड़ों पर लोहा करना ।

перегла́живать (अपू०), **перегла́дить** (पू०) (भवि० перегла́жу, перегла́дишь) फिर से लोहा करना ।

перегласо́вка (स्त्री०) (स्वर) परिवर्तन ।

переглядé||ть (पू०) (भवि० перегляжу́, переглядишь) (एक-एक करके) देखना ; он —л все кни́ги (एक-एक करके) उसने सारी पुस्तकें देख डालीं ।

перегля́дываться (आत्म० अपू०), **перегляну́ться** (आत्म० पू०) आँखें चार करना ।

перегна́ть दे० перегоня́ть.

перегнива́ть (अपू०), **перегни́ть** (पू०) (भवि० перегнию́, перегниёшь) सड़ जाना ।

перегно́й (पुं०) सड़ी पत्तियों की खाद ।

перегну́ть(ся) दे० перегиба́ть(ся).

перегова́риваться (आत्म० अपू०) बातचीत करना ।

перегов||ори́ть (पू०) बातचीत करना ; п. по телефо́ну टेलीफ़ोन पर बातचीत करना ; **—о́рный** (वि०) : —о́рный пункт टेलीफ़ोन करने की जगह ; **—о́ры** (बहु०) बातचीत ; वार्तालाप ; вести́ —о́ры बातचीत करना ।

перего́н (पुं०) १. (पशुओं को) हाँकने की क्रिया ; २. (दो स्टेशनों के बीच का) फ़ासला ।

перего́нка (स्त्री०) (रस०) आसवन ; ऊर्ध्वपातन ; अर्क़ खींचने की क्रिया ।

перего́нный (वि०) : п. заво́д आसवन-फ़ैक्टरी ।

перегоня́ть (अपू०), **перегна́ть** (पू०) **I.** १. (पशुओं आदि को) परे हाँकना ; मार भगाना ; скот ну́жно перегна́ть с э́того па́стбища на друго́е पशुओं को इस चरागाह से दूसरी में हाँक देना चाहिए ; २. (रस०) आसवन ; ऊर्ध्वपातन ; अर्क़ खींचना ; **II.** दौड़कर आगे निकल जाना ; पीछे छोड़ देना ।

перегора́живать (अपू०), **перегороди́ть** (पू०) (भवि० перегорожу́, перего́родишь) (लकड़ी के तख़्ते आदि लगाकर कमरे का) विभाजन करना ।

перегор||а́ть (अपू०), **перегоре́ть** (पू०) (भवि० перегорю́, перегори́шь) (बिजली के बल्ब आदि का) जल जाना/फ़्यूज़ हो जाना ; ла́мпочка —е́ла बिजली का बल्ब जल गया है/फ़्यूज़ हो गया है ।

перегороди́ть दे० перегора́живать.

перегоро́дка (स्त्री०) (बीच की) दीवार ; ओट ।

перегре́в (पुं०) (टेक०) अतितापन ; बहुत आँच देने की क्रिया ।

перегрева́ть (अपू०), **перегре́ть** (पू०) अतितापन करना ; अत्यधिक आँच देना/गर्म करना ।

перегружа́ть (अपू०), **перегрузи́ть** (पू०) (भवि० перегружу́, перегру́зишь) १. अधिक भार लादना ; २. दूसरे जहाज़ आदि पर लादना ; у́голь на́до перегрузи́ть с э́того корабля́ на друго́й कोयला इस जहाज़ से दूसरे जहाज़ पर लादना चाहिए ; **—ся** (आत्म०) १. अपने आप पर अधिक बोझ लादना ; क्षमता से अधिक काम करना ; २. перегружа́ть का कर्मवाच्य ।

перегру́зка (स्त्री०) अत्यधिक बोझ/भार ; अत्यधिक काम ; दूसरे जहाज़ आदि पर लादने की क्रिया ।

перегрунто́вывать (अपू०), **перегрунтова́ть** (पू०) (भवि० —ту́ю) फिर से भूमि तैयार करना ।

перегруппиро́вывать (अपू०), **пере-группирова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) पुनर्वर्गीकरण करना ; नयी दर्जाबन्दी करना ।

перегрыза́ть (अपू०), **перегры́зть** (पू०) (भवि० перегрызу́, перегрызёшь) १. (दाँतों से) चबा डालना ; соба́ка пере-гры́зла па́лку कुत्ते ने छड़ी को चबा डाला ; २. सब चबा डालना ; соба́ка перегры́зла кур कुत्ते ने सारी मुर्गियाँ चबा (अथवा खा) डालीं ।

перегры́зться (आत्म० पू०) (कुत्तों का हड्डी आदि के लिए) लड़ना ।

перед -I, пе́редо (अ०) १. (स्थान के विषय में) आगे ; सामने ; он останови́лся п. две́рью वह द्वार के आगे रुक गया ; стул стои́т п. столо́м कुर्सी मेज़ के आगे पड़ी है ; п. на́ми больша́я зада́ча हमारे सामने बड़ा काम है ; २. (समय के विषय में) पूर्व ; पहले ; п. обе́дом खाने से पूर्व ; (सम्बन्धों के विषय में) -की तुलना में ; -के मुक़ाबले में ; он изви-ни́лся п. не́й उस (पुरुष या बालक ने) उस (स्त्री या लड़की) से क्षमा माँगी ; они́ ничто́ п. ним वे उसके सामने (अर्थात् उसके मुक़ाबले में) कुछ नहीं ।

перед -II, перёд (पुं०) अग्रभाग ; सामने का हिस्सा ।

передава́ть (अपू०), **переда́ть** (पू०) (वर्त० передаю́, передаёшь ; भवि० пере-да́м, переда́шь) १. आगे देना ; देना ; п. из рук в ру́ки हाथों-हाथ देना ; २. पुनरुत्पादन करना ; प्रतिकृति तैयार करना ; ३. (समाचार आदि) प्रेषण करना ; प्रसारित करना ; п. по ра́дио रेडियो द्वारा प्रसारित करना ; п. по телефо́ну टेलीफ़ोन पर बताना ; п. поруче́ние सन्देश देना ; ४. संक्रामण करना ; रोग लगाना/फैलाना ; ५. आवश्यकता से अधिक देना ; переда́ть три рубля́ तीन रूबल अधिक देना ; ☐ п. благо-да́рность धन्यवाद करना ; **—ся** (आत्म०) १. पैतृक सम्पत्ति के रूप में मिलना/पैतृक दाय होना ; ему́ э́то передало́сь यह उसकी पैतृक दाय है ; २. किसीके पक्ष में हो जाना ; ३. передава́ть का कर्मवाच्य ।

переда́точн||ый (वि०) आगे भेजने का ; —ая на́дпись (हुंडी आदि पर) पृष्ठांकन/अन्वंकन ; —ая ста́нция रेल-जंकशन ।

переда́тчик (पुं०) प्रेषी ; प्रेषित्र ; रेडियो ट्रांसमिटर ।

переда́ть(ся) दे० передава́ть(ся).

переда́ч||а (स्त्री०) १. हस्तान्तरण ; संक्रामण ; संचारण ; आगे देने की क्रिया ; (रेडियो) प्रसारण ; п. иму́щества सम्पत्ति-समनुदेशन/सौंपना ; п. по насле́дству दाय-क्रम से ; п. во вла-де́ние हस्तान्तर से ; २. पार्सल ; ☐ без пра́ва —и अहस्तान्तरणीय ।

передвига́ть (अपू०), **передви́нуть** (पू०) परे हटाना ; एक स्थान से दूसरे स्थान पर धकेलना ; стол на́до передви́нуть из ко́мнаты в коридо́р मेज़ कमरे से उठाकर बरामदे में रख देनी चाहिए ; **—ся** (आत्म०) १. (एक स्थान से दूसरे स्थान पर) जाना ; २. передвига́ть का कर्मवाच्य ।

передвиж||е́ние (नपुं०) गति ; (एक स्थान से दूसरे स्थान पर) हटाया जाना ; **—ка** (स्त्री०) библиоте́ка-передви́жка चलता-फिरता पुस्त-कालय ; **—но́й** (वि०) चलता-फिरता ; सुचल ; घूमनेवाला ; —на́я библиоте́ка चलता-फिरता पुस्तकालय ; —но́й теа́тр चलता-फिरता/सुचल नाटक-गृह ।

передви́нуть(ся) दे० передвига́ть(ся).

переде́л (पुं०) पुनर्विभाजन ; फिर से बँटवारा ; п. ми́ра संसार का पुनर्विभाजन ।

переде́лать -I दे० переде́лывать.

переде́ла||ть -II. (पू०) एक-एक करके करना ; सब करना ; —л все дела́ उसने सारे काम कर लिये हैं ।

передели́ть (पू०) फिर से बँटवारा करना ; पुनर्विभाजन करना ।

переде́лк||а (स्त्री०) परिवर्तन ; отда́ть что-л. в —у कुछ परिवर्तन कराना ।

переде́лывать (अपू०), **переде́лать** (पू०) १. फिर से करना ; परिवर्तन करना ; переде́лать пальто́ कोट में तबदीली कराना ; २. पुनर्शिक्षण ; फिर से शिक्षा देना ।

передёргивать (अपू०), **передёрнуть** (पू०) **I.** (ताश खेलने में) छल करना ; **II.** १. तोड़-मरोड़कर कहना ; ग़लत कहना ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ передёрнуло от бо́ли वह दर्द के मारे ऐंठा जा रहा था ।

передéрживать (अपू०), **передержа́ть** (पू०) १. (खाना आदि) आवश्यकता से अधिक उबालना/पकाना ; २. (फ़ोटो को) (आवश्यकता से अधिक) एक्स्पोज़ करना ; खुला रखना ; ३. फिर से परीक्षा में बैठना ।

передéржка (स्त्री०) १. (फ़ोटो को) (आवश्यकता से अधिक) खुला रखना या एक्सपोज़ करना ; २. फिर से परीक्षा में बैठना ।

передёрнуть दे० передёргивать.

передко́вый (वि०) передо́к से वि० ।

пере́дн||ий (वि०) अगला ; सामने का ; प्रथम ; —яя часть अग्रभाग ; п. план अग्रभूमि ।

пере́дник (पुं०) पेशबन्द ; ऐप्रन ।

пере́дняя (स्त्री०) (वि० रू०) ड्योढ़ी ।

пéредо = пéред -I.

передоверя́ть (अपू०), **передове́рить** (पू०) १. शिक़मी ठेका देना ; बड़े ठेकेदार का किसी छोटे ठेकेदार को ठेका देना ; २. मुख़्तारनामा देना ।

передови́к (पुं०) अग्रणी ; अग्रयायी ।

передови́ца (स्त्री०) सम्पादकीय (लेख) ।

передов||о́й (वि०) अग्रणी ; अग्रयायी ; सबसे आगे का ; अगला ; आगे बढ़ा हुआ ; प्रगतिशील ; —а́я статья́ सम्पादकीय (लेख) ; —ы́е взгля́ды प्रगतिशील विचार ।

передо́к (पुं०) १. (गाड़ी आदि का) अलग किया जा सकनेवाला अगला भाग ; २. (जूते का) उपरला ; ऊपरी हिस्सा ।

передо́хнуть (पू०) मरना ; вся скоти́на передо́хла सब पशु मर गये ।

передра́знивание (नपुं०) नक़ल उतारने/चिढ़ाने की क्रिया ।

передра́знивать (अपू०), **передразни́ть** (पू०) नक़ल उतारना ; चिढ़ाना ।

передра́ться (आत्म० पू०) (आपस में) लड़ना ; झगड़ना ।

передря́г||а (स्त्री०) गड़बड़झाला ; попа́сть в —у गड़बड़झाले में पड़ना ।

переду́мать -I दे० переду́мывать.

переду́мать -II (पू०) बहुत सोच-विचार करना ।

переду́мывать (अपू०), **переду́мать** (पू०) विचार बदलना ; इरादा बदलना ।

передуши́||ть (पू०) (गला ऐंठकर या दबाकर) मार डालना ; गला घोंटना ; лиса́ —ла мно́го кур लोमड़ी ने बहुत-सी मुर्ग़ियों को मार डाला ।

переды́шка (स्त्री०) आराम ; अवकाश ; साँस लेने की फ़ुर्सत ।

перееда́ть (अपू०), **перее́сть** (पू०) (भवि० перее́м, перее́шь) **I.** अत्यधिक खाना ; आवश्यकता से अधिक भोजन करना ; **II.** क्षय होना ; मोरचा खा जाना ; ज़ंग लगना ।

перее́зд (पुं०) **I** १. गुज़रने/(पानी में से) पार करने की क्रिया ; २. (रेल की पटरी को) पार करने की चौकी ; **II.** एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया ।

переезжа́ть (अपू०), **перее́хать** (पू०) (भवि० перее́ду, перее́дешь) **I.** १. (पर से) गुज़रना ; पार करना ; २. (केवल पू०) कुचलना ; его́ перее́хало по́ездом वह रेल के नीचे कुचला गया ; **II.** एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना ; п. на но́вую кварти́ру घर बदलना ।

перее́сть दे० перееда́ть.

перее́хать दे० переезжа́ть.

пережа́ривать (अपू०), **пережа́рить** (पू०) बहुत अधिक भूनना ; जला देना ।

пережда́ть दे० пережида́ть.

пережёвывать (अपू०), **пережева́ть** (पू०) १. (बहुत) चबाना ; २. बार-बार दुहराना ; रटना ।

пережени́ться (आत्म० पू०) (एक-एक करके) बहुतों का या सबका विवाह करना।

пережéчь दे० пережигáть.

пережива́ние (नपुं०) अनुभूति।

пережива́ть (अपू०), **пережи́ть** (पू०) (भवि० переживу́, переживёшь) १. अनुभूति होना; (-में से) गुज़रना; सहन करना; कष्ट उठाना; २. जीते रहना; बच जाना।

пережига́ть (अपू०), **пережéчь** (पू०) (भवि० пережгу́, пережжёшь) (बिजली) अधिक जलाना; सब-कुछ जला डालना।

пережида́ть (अपू०), **пережда́ть** (पू०) (समाप्त होने तक) प्रतीक्षा करना/इन्तज़ार करना; пережда́ть дождь वर्षा बन्द होने तक प्रतीक्षा करना/इन्तज़ार करना।

пережи́ток (पुं०) शेष; शेष भाग; अवशिष्ट।

пережи́ть दे० пережива́ть.

пережо́г (पुं०) अधिक जलन।

перезабы́ть (पू०) (перезабу́ду, перезабу́дешь) (सब-कुछ) भूल जाना; п. всё, что знал जाना हुआ सब-कुछ भूल जाना।

перезакла́дывать (अपू०), **перезаложи́ть** (पू०) फिर से गिरवी रखना।

перезаключа́ть (अपू०), **перезаключи́ть** (पू०) फिर से संविदा करना।

перезаключе́ние (नपुं०) फिर से संविदा करने की क्रिया।

перезаложи́ть दे० перезакла́дывать.

перезаряжа́ть (अपू०), **перезаряди́ть** (पू०) (भवि० перезаряжу́, перезаряди́шь) १. पुनराविष्ट करना; फिर से चार्ज करना; (बन्दूक में) फिर से कारतूस/बारूद आदि भरना।

перезимова́ть (पू०) (—му́ю) सर्दी गुज़ारना।

перезнако́мить (पू०) (भवि० перезнако́млю, перезнако́мишь) (सबसे, बहुतों से) परिचय कराना; **—ся** (आत्म०) (सबसे, बहुतों से) परिचय प्राप्त करना।

перезрева́ть (अपू०), **перезре́ть** (पू०) (फल आदि का) अत्यधिक पक जाना।

перезре́лый (वि०) अतिपक्व; अधिक पका हुआ।

перезя́бнуть (पू०) सर्दी खाना; (पौधों का) सर्दी के कारण नष्ट हो जाना; पाला मार जाना।

переигра́ть (पू०) १. переи́грывать; २. (एक के पश्चात् दूसरा नाटक आदि) खेलना/अभिनय करना।

переи́грывать (अपू०), **переигра́ть** (पू०) **I.** फिर से खेलना; **II.** अत्यभिनय करना।

переизбира́||ть (अपू०), **переизбра́ть** (पू०) (भवि० переизберу́, переизберёшь) फिर से चुनना/चुनाव करना; **—ние** (नपुं०) पुनर्निर्वाचन; फिर से चुनाव।

переизд||ава́ть (अपू०), **переизда́ть** (पू०) (वर्त० переиздаю́, переиздаёшь; भवि० переизда́м, переизда́шь) फिर से प्रकाशित करना; **—а́ние** (नपुं०) पुनःप्रकाशन।

переименóвывать (अपू०), **переименова́ть** (पू०) (भवि० —ну́ю) फिर से नामकरण करना; नया नाम रखना।

переи́мчив||ость (स्त्री०) अनुकरण; नक़ल; **—ый** (वि०) अनुकरणशील; अनुकरण-पटु; नक़ल करनेवाला; नक़ल उतारने में चतुर; обезья́ны о́чень —ы बन्दर नक़ल उतारने में बहुत चतुर होते हैं।

переина́чить (पू०) परिवर्तन करना; ग़लत अर्थ देना; विकृत करना।

переиска́ть (पू०) (भवि० переищу́, переи́щешь) सर्वत्र ढूँढना।

перейти́ दे० переходи́ть.

перека́л (पुं०) अतितापन; (लोहे आदि को) अत्यधिक आब देने की क्रिया।

перекалéч||ить (पू०) (बहुतों को) अंगहीन करना; अंग-भंग करना; мно́го люде́й —или в войне́ लड़ाई में बहुत लोग अंगहीन हो गये।

перекáливать (अपू०), **перекали́ть** (पू०) (लोहे, हथियार आदि को) अत्यधिक आब देना ।

перекáлывать (अपू०), **переколóть** (पू०) १. (एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान पर) पिन से लगाना ; २. (संगीन आदि चुभोकर) मारना ।

перекáпывать (अपू०), **перекопáть** (पू०) फिर से खोदना ।

перекáрмливать (अपू०), **перекорми́ть** (पू०) (भवि० перекормлю́, перекóрмишь) (किसीको) आवश्यकता से अधिक भोजन कराना ।

перекáт (पुं०) (नदी में) उथली जगह ; पाँझ जगह ; कम गहरा स्थान ।

перекати́-пóле (केवल एकवचन) एक प्रकार की झाड़ी ।

перекáтывать (अपू०), **перекати́ть** (पू०) (भवि० перекачу́, перекáтишь) १. (लुढ़काकर) एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना ; бóчку нáдо перекати́ть पीपे को यहाँ से किसी दूसरे स्थान पर ले जाना चाहिए ; २. लुढ़काकर बहुत दूर ले जाना ।

перекáчивать (अपू०), **перекачáть** (पू०) (पम्प द्वारा पानी आदि) एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना ।

перекáшивать (अपू०), **перекоси́ть** (पू०) (भवि० перекошу́, перекóсишь) у негó перекоси́ло лицó उसका मुँह टेढ़ा हो गया ; рáму перекоси́ло चौखटा टेढ़ा हो गया/चौखटे में खम आ गया ।

переквалифици́ровать (अपू० और पू०) (—рую) फिर से योग्य बनाना ; नया धन्धा सिखाना ; **—ся** (आत्म०) (अपू० और पू०) १. नया धन्धा सीखना ; २. переквалифици́ровать का कर्मवाच्य ।

перекидáть दे० переки́дывать.

перекиднóй (वि०) : п. мóстик तागड़ ; जहाज़ से उतरने और चढ़ने की सीढ़ी ।

переки́дывать (अपू०), **перекидáть**, **переки́нуть** (पू०) १. (перекидáть पू० के साथ) = перебрáсывать-१ ; २. (переки́нуть पू० के साथ) = перебрáсывать-२ ; **—ся** = перебрáсываться.

перекип||áть (अपू०), **перекипéть** (पू०) (भवि० перекиплю́, перекипи́шь) १. ज़्यादा उबलकर खराब हो जाना ; суп —éл शोरबा ज़्यादा उबलकर खराब हो गया है ; २. (भावावेश का) शान्त हो जाना ।

перекипяти́ть (पू०) (भवि० перекипячу́, перекипяти́шь) फिर से उबालना ; п. вóду पानी फिर से उबालना ।

перекисáть (अपू०), **переки́снуть** (पू०) बहुत खट्टा हो जाना ।

пéрекись (स्त्री०) (रस०) सुप्राक्साइड ; п. водорóда हाइड्रोजन पराक्साइड ।

переклáдина (स्त्री०) शहतीर ; गर्डर ।

перекладны́е (बहु०) (वि० रू०) (प्राचीन रूस में) चौकी-दर-चौकी बदले जानेवाले घोड़े ।

переклáдывать (अपू०), **переложи́ть** (पू०) **I.** एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान पर रखना ; किसी और स्थान पर रखना ; **II.** (-में) रखना ; п. посу́ду солóмой (टूटने से बचाने के लिए) प्लेटों में घास-फूस भरना ; **III.** फिर से रखना ; **IV**. (नमक आदि) अत्यधिक डालना ; **V**. -बद्ध करना ; п. на му́зыку संगीतबद्ध करना ; п. на сти́хи छन्दोबद्ध करना ।

переклéивать (अपू०), **переклéить** (पू०) **I.** सरेस या लेई से किसी दूसरे स्थान पर चिपकाना ; **II.** (सरेस या लेई से) फिर से चिपकाना ; п. обóями कमरे में फिर से कागज़ चिपकाना ।

переклéйка (स्त्री०) **I.** फिर से चिपकाने की क्रिया ; **II.** प्लाइवुड ।

перекликáться (आत्म० अपू०) एक दूसरे को चिल्लाकर पुकारना ।

перекли́чка (स्त्री०) हाज़िरी (उपस्थिति जानने के लिए नाम लेकर पुकारना) ।

переключа́тель (पुं०) (बिजली का) स्विच ।

переключа́ть (अपू०). **переключи́ть** (पू०) १. (बिजली की धारा एक परिपथ से दूसरे परिपथ पर) स्विच कर देना ; п. ток (बिजली की) धारा खोल देना ; २. बात का विषय बदलना ; п. разгово́р на другу́ю те́му बातचीत का विषय बदलना ।

перекова́ть दे० перекóвывать.

переко́вка (स्त्री०) **I.** (घोड़ों के) फिर से नाल लगाने की क्रिया ; **II.** (कूट या पीटकर) फिर से गढ़ना ।

переко́вывать (अपू०), **перекова́ть** (पू०) (भवि० —кую́) **I.** (घोड़े के) फिर से नाल लगाना ; **II.** फिर से (कूट या पीटकर) गढ़ना ।

перекола́чивать (अपू०), **переколоти́ть** (पू०) (भवि० переколочу́, переколо́тишь) (किसी दूसरे स्थान पर) मेख़ से गाड़ना/ठोकना ; п. с одного́ ме́ста на друго́е एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान पर मेख़ से गाड़ना/ठोकना ।

переколоти́ть -I दे० перекола́чивать.

переколоти́ть -II (पू०) (बहुत संख्या में/सब) तोड़ना/फोड़ना ; п. все таре́лки सब प्लेटें तोड़ देना ।

переколо́ть (पू०) १. दे० перека́лывать ; २. चुभा-चुभाकर छलनी करना ; जगह-जगह घाव करना ।

перекопа́ть दे० перека́пывать.

перекорми́ть दे० перека́рмливать.

перекоси́ть(ся) दे० перека́шивать(ся).

перекочёвывать (अपू०), **перекочева́ть** (पू०) (भवि० —чу́ю) (ख़ानाबदोशों का) एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना/घूमना ; पर्यटन करना ; परिभ्रमण करना ।

перекра́ивать (अपू०), **перекрои́ть** (पू०) (भवि० перекрою́, перекрои́шь) (कपड़े की) (फिर से) कटाई करना ; ब्योंतना ।

перекра́шивать (अपू०), **перекра́сить** (भवि० перекра́шу, перекра́сишь) फिर से रँग करना/रोग़न करना ।

перекрести́ть(ся) दे० перекре́щивать-(ся).

перекрести́ть (पू०) (भवि० перекрещу́, перекре́стишь) (लिखे हुए को) काट डालना ; काटा लगाना ; **—ся** (आत्म० पू०) (ईसाइयों का) सलीब बनाना ।

перекрёстный (वि०) प्रति- ; п. допро́с प्रतिपरीक्षण/जिरह ।

перекрёсток (पुं०) चौराहा ; चौरस्ता ।

перекре́щивать (अपू०), **перекрести́ть** (पू०) (भवि० перекрещу́, перекре́сти́шь) (रेखाएँ) काटना ; **—ся** (आत्म०) (रेखाओं का) एक-दूसरे को काटना ।

перекрои́ть दे० перекра́ивать.

перекро́йка (स्त्री०) फिर से कटाई/ब्योंत ।

перекру́чивать (अपू०), **перекрути́ть** (पू०) (भवि० перекручу́, перекру́тишь) (आवश्यकता से अधिक) चाबी देना ; घुमाना ।

перекрыва́ть (अपू०), **перекры́ть** (पू०) (भवि० перекро́ю, перекро́ешь) **I.** फिर से ढँकना ; **II.** १. बढ़ जाना ; रिकार्ड तोड़ना ; २. एक चीज़ के किनारों के ऊपर दूसरी के किनारे रखना ; ३. (ताश में) रँग खेलना ; तुरुप-चाल चलना ।

перекры́тие (नपुं०) १. फ़र्श ; छत ; २. एक चीज़ के किनारों का दूसरी के किनारे रखा जाना ।

перекувырну́ть (पू०) उलटाना ; (-पर से) गिराना ; **—ся** (आत्म०) उलटना ; हवा में कलाबाज़ी करना ।

перекупа́ть -I (अपू०), **перекупи́ть** (पू०) (भवि० перекуплю́, переку́пишь) किसी वस्तु को अधिक दाम देकर ख़रीद लेना ।

перекупа́ть -II (पू०) १. (अधिक देर तक पानी में बैठाकर) नहलाना ; २. (सबको) नहलाना ; п. всех дете́й सब बच्चों को नहलाना ; **—ся** (आत्म०) (बहुत देर तक पानी में बैठकर) नहाना ।

переку́пщ||ик (पुं०), **—ца** (स्त्री०) कबाड़ी ; पुरानी वस्तुएँ ख़रीदनेवाला/वाली ।

перекуса́||ть (पू०) (बहुतों को, सबको) (दाँतों से) काटना ; бе́шеная соба́ка —ла всех पागल कुत्ते ने सबको काट खाया ।

перекоси́ть (पू०) (दाँत से) काट डालना ; थोड़ा-सा काटना (रोटी आदि) ; п. ни́тку धागा (दाँतों से) काटना ।

перелага́ть = перекла́дывать -v.

перела́мывать (अपू०), **переломáть, переломи́ть** (पू०) (переломи́ть से переломлю́, перело́мишь) १. (переломи́ть पू० के साथ) (तोड़कर) दो टुकड़े कर देना ; अस्थि-भंग करना ; हड्डी तोड़ना ; २. क़ाबू पाना ; п. себя́ अपनी भावनाओं को क़ाबू में रखना ; ३. (переломáть पू० के साथ) तोड़ना ; он переломáл все игру́шки उसने सब खिलौने तोड़ दिये ; **—ся** (आत्म०) १. (переломи́ться पू० के साथ) दो टुकड़े होना ; अस्थि-भंग होना ; हड्डी टूटना ; २. (переломáться पू० के साथ) टूटना ; все игру́шки переломáлись सब खिलौने टूट गये ; ३. перела́мывать का कर्मवाच्य ।

перелеза́ть (अपू०), **переле́зть** (पू०) (भवि० переле́зу, переле́зешь) (-पर) चढ़ना ; पर से चढ़ना ; он переле́з и спры́гнул вниз वह ऊपर चढ़ा और नीचे कूद गया ; он переле́з че́рез забо́р वह मेंड पर से चढ़ गया ।

переле́сок (पुं०) (बड़े जंगल से अलग) झाड़ियों या छोटे पेड़ों का गुल्म ।

переле́сье (नपुं०) वनावकाश ; जंगल में साफ़ किया हुआ स्थान ।

перелёт (पुं०) १. (पक्षियों की एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में) उड़ान ; देशान्तरगमन ; २. हवाई जहाज़ की उड़ान ।

перелет||а́ть (अपू०), **перелете́ть** (पू०) (भवि० перелечу́, перелети́шь) १. (-पर) उड़ना ; (-पर से) उड़ना ; пти́ца —е́ла че́рез забо́р पक्षी मेंड़ पर से उड़ गया ; २. (दूसरे स्थान, प्रदेश को) उड़ जाना ; देशान्तरगमन ; пти́ца —е́ла с одного́ куста́ на друго́й पक्षी एक झाड़ी से उड़कर दूसरी झाड़ी पर चला गया ।

перелётн||ый (वि०) : —ая пти́ца उड़ता पंछी ।

переле́чь (पू०) (भवि० переля́гу, переля́жешь) १. एक स्थान से उठकर किसी दूसरे स्थान पर लेटना ; он переля́жет वह किसी दूसरी जगह लेटेगा ; २. п. с одного́ бо́ка на друго́й करवट बदलना ।

перели́в (पुं०) १. (-पर से) बहाव ; छलकाव ; २. (बहु०) हल्का रँग ; ३. (संगीत) स्वर-परिवर्तन ; उतार-चढ़ाव ।

перелива́ние (नपुं०) १. निथारना ; २. रक्ताधान ; किसी जीवित प्राणी का रक्त दूसरे प्राणी के शरीर में प्रविष्ट करना ; п. кро́ви रक्ताधान ।

перелива́ть -I (अपू०), **перели́ть** (पू०) (भवि० перелью́, перельёшь) १. एक बर्तन में से दूसरे बर्तन में उँडेलना ; निथारना ; п. из одного́ стака́на в друго́й एक गिलास से दूसरे गिलास में उँडेलना ; २. रक्ताधान कराना ; किसी जीवित प्राणी का रक्त दूसरे प्राणी के शरीर में प्रविष्ट कराना ; п. кровь रक्ताधान कराना ; **II.** छलकने देना ; **III.** (फिर से) ढालना ; ста́тую пришло́сь перели́ть मूर्ति फिर से ढालनी पड़ी ; **IV.** रँग की झलक देना ; п. все́ми цвета́м ра́дуги एक-एक करके इन्द्रधनुष के सभी रँगों की झलक देना ; **—ся** (आत्म०) **I.** किसी दूसरे स्थान को बह जाना ; उँडेला जाना ; **II.** (भरकर) बह निकलना ; छलकना ; вода́ перелила́сь पानी छलक पड़ा ।

перелива́ться -I (आत्म० अपू०) перелива́ть **-I, II, III,** का कर्मवाच्य ।

перелива́ться -II (आत्म० अपू०) रँग की झलक मारना ; п. все́ми цвета́ми ра́дуги एक-एक करके इन्द्रधनुष के सभी रँगों की झलक मारना ।

перели́вка (स्त्री०) फिर से ढालने की क्रिया ।

перел||и́вчатый (वि०) १. रँग की झलक देनेवाला ; २. सुर के उतार-चढ़ाव से युक्त ।

перели́стывать (अपू०), **перелиста́ть** (भवि० —стáю) पन्ने उलटना ; जल्दी-जल्दी नज़र मारना ।

перели́ть(ся) दे० перелива́ть(ся).

перелицо́вка (स्त्री०) उलटाने की क्रिया ; п. пальто́ कोट उलटाना ।

перелицо́вывать (अपू०), **перелицева́ть** (पू०) (भवि० —цу́ю) उलटाना ; उलटवाना ; п. па́льто कोट उलटाना/उलटवाना ।

перелови́ть (पू०) (переловлю́, перело́вишь) (बहुतों को, सबको) पकड़ना ; п. всех птиц सब पक्षियों को पकड़ना ।

перело́г (पुं०) परती ज़मीन ।

переложи́ть दे० перекла́дывать.

перело́й (पुं०) सुज़ाक (एक प्रकार का रोग) ; गोनोमेह ; **—ный** (वि०) सुज़ाक-सम्बन्धी ।

перело́м (पुं०) १. अस्थि-भंग ; अंग-भंग ; २. आकस्मिक परिवर्तन ; (रोग में) चिन्ताजनक स्थिति/मोड़ ; год вели́кого —а महापरिवर्तन का वर्ष ।

перелома́ть(ся) दे० перела́мывать(ся).

переломи́ть(ся) दे० перела́мывать(ся).

перема́зывать (अपू०), **перема́зать** (पू०) (भवि० перема́жу, перема́жешь) १. फिर से ग्रीज़ लगाना ; तेल पोतना ; २. मलिन करना ; गन्दा करना ; **—ся** (आत्म०) अपने आपको गन्दा करना ।

перема́лывать (अपू०), **перемоло́ть** (पू०) (भवि० переме́лю, переме́лешь) फिर से पीसना ।

перема́нивать (अपू०), **перемани́ть** (पू०) लुभाना ; फुसलाना ; п. кого́-л. на свою́ сто́рону किसीको फ़ुसलाकर अपने पक्ष में करना ।

перема́тывание (नपुं०) फिर से लपेटना ; फिर से रील पर लपेटना ।

перема́тывать (अपू०), **перемота́ть** (पू०) फिर से लपेटना ; फिर से रील पर लपेटना ।

перема́хивать (अपू०), **перемахну́ть** (पू०) (एकदम/धीरे-से) कूदना ; (-पर से) कूदना ; п. че́рез забо́р मेंड़ पर से कूद जाना ।

перемежа́||ться (आत्म० अपू०) किसी कार्य के कुछ देर के लिए रुकने पर कोई दूसरा कार्य होना ; बारी-बारी होना ; снег —лся с градо́м बर्फ़ पड़नी बन्द हुई तो ओले पड़ते रहे ।

перемежа́ющ||ийся (कृदन्त और वि०) सान्तराल ; रुक-रुककर आनेवाला ; आन्तरायिक ; —аяся лихора́дка अँतरिया ज्वर/अवकाश छोड़कर आनेवाला बुख़ार ।

перемежёвывать (अपू०), **перемежева́ть** (पू०) (भवि० —жу́ю) फिर से सर्वेक्षण करना ।

переме́на (स्त्री०) १. (मौसम, घर, मकान, कपड़ों, विचारों आदि का) परिवर्तन ; बदलना ; п. обстано́вки स्थिति का परिवर्तन ; २. अवकाश ; больша́я п. लम्बा अवकाश ।

перемени́ть(ся) दे० переменя́ть(ся).

переме́нн||ый (वि०) परिवर्त्तनीय ; बदलनेवाला ; —ая пого́да बदलनेवाला मौसम ।

переме́нчив||ый (वि०) परिवर्त्तनशील ; बदलनेवाला ; —ая пого́да बदलनेवाला मौसम ।

перемен||я́ть (अपू०), **перемени́ть** (पू०) बदलना ; перемени́ть кни́гу в библиоте́ке पुस्तकालय से पुस्तक बदलना ; **—ся** (आत्म०) १. बदलना ; बदला जाना ; —и́ться в лице́ अपना रूप बदलना ; २. (केवल पू०) времена́ —и́лись समय बदल चुका है ; ३. переменя́ть का कर्मवाच्य ।

перемерза́ть (अपू०), **перемёрзнуть** (पू०) १. (बहुत) ठंडा हो जाना ; जम जाना ; २. (फ़सल आदि को) पाला मार जाना ; все цветы́ перемёрзли सब फूलों को पाला मार गया है ।

переме́ривать (अपू०), **переме́рить** (पू०) १. फिर से नापना ; २. सब नाप डालना ।

перемести́ть(ся) दे० перемеща́ть(ся).

перемёт (पुं०) मत्स्यजाल ; एक प्रकार का मछली पकड़ने का जाल ।

перемета́ть दे० перемётывать.

переме́тить दे० перемеча́ть.

переметну́ться (आत्म० पू०) п. на сто́рону врага́ शत्रु से जा मिलना ।

перемётывать (अपू०), **переметáть** (पू०) (सुई से) फिर से टाँका लगाना/सीना।

перемечáть (अपू०), **перемéтить** (पू०) (भवि० перемéчу, перемéтишь) फिर से अंकित करना; चिह्न बदलना।

перемéшивать (अपू०), **перемешáть** (पू०) आपस में मिलाना; मिश्रण करना; (ताश के पत्ते) फेंटना; (अँगीठी में कोयले) हिलाना; **—ся** (आत्म०) १. (आपस में) मिलना; घुलमिल जाना; २. перемéшивать का कर्मवाच्य।

перемещáть (अपू०), **переместúть** (पू०) (भवि० перемещý, переместúшь) विस्थापित करना; एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान पर रखना; мéбель нáдо переместúть फ़र्नीचर किसी दूसरे स्थान पर रखना चाहिए; **—ся** (आत्म०) १. एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना; २. перемещáть का कर्मवाच्य।

перемещéние (नपुं०) विस्थापन; एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान पर रखने की क्रिया।

перемещённ||ый перемещáть से कृदन्त; —ые лúца विस्थापित लोग।

перемúгиваться (आत्म० अपू०), **перемигнýться** (पू०) आपस में सैन करना; आँखों के इशारे करना।

переминáться (आत्म० अपू०) п. с ногú нá ногу बारी-बारी से एक पाँव पर खड़े होना।

перемúрие (नपुं०) विराम-सन्धि; заключúть п. विराम-सन्धि करना।

перемножáть (अपू०), **перемнóжить** (पू०) (गणित) गुणा करना; जरब देना।

перемогáть (अपू०), **перемóчь** (पू०) (भवि० перемогý, перемóжешь) क़ाबू पाना; वशीभूत करना; जीतने की कोशिश करना।

перемóкнуть (पू०) भीग जाना; तरबतर हो जाना।

перемóл (पुं०) पिसाई; महीन पिसाई।

перемолáчивать (अपू०), **перомолотúть** (पू०) (भवि० перемолочý, перемолóтишь) (फिर से) दायँ चलाना; भूसी से दाने अलगाना।

перемóлвить (पू०) (перемóлвлю, перемóлвишь) п. слóво बातचीत करना; **—ся** (आत्म०) आपस में बातें करना।

перемолотúть दे० перемолáчивать.

перемолóть (पू०), **I.** दे० перемáлывать; **II.** पीसना; **—ся** (आत्म०) पिसना।

переморóзить (पू०) (переморóжу, переморóзишь) बहुत देर तक पाले में खुला छोड़कर नष्ट करना।

перемостúть (पू०) (перемощý, перемостúшь) फिर से (सड़क आदि की) पटरी बनाना; फ़र्श लगाना; ईंटें बिठाना।

перемотáть दे० перемáтывать.

перемóчь दे० персмогáть.

перемудрúть (पू०) अत्यधिक बुद्धिमानी दिखाना।

перемýчиться (आत्म पू०) बहुत कष्ट उठा चुकना।

перемывáть (अपू०), **перемы́ть** (पू०) (भवि० перемóю, перемóешь) फिर से धोना।

перемы́чка (स्त्री०) (निर्माण०) सीधी मेहराब।

перенапря||гáть (अपू०), **перенапря́чь** (पू०) (भवि० перенапрягý, перенапряжёшь) बहुत काम करना; क्षमता से अधिक जोर लगाना; **—жéние** (नपुं०) अतिश्रम; सामर्थ्य से अधिक जोर लगाना।

перенасел||éние (नपुं०), **—ённость** (स्त्री०) अत्यधिक जनसंख्या/आबादी।

перенаселя́ть (अपू०), **перенаселúть** (पू०) अति जनाकीर्ण करना; बहुत अधिक लोगों को बसाना।

перенасыщáть (अपू०), **перенасы́тить** (पू०) (भवि० перенасы́щу, перенасы́тишь) (रस०) बहुत अधिक सन्तृप्त करना।

перенесéние (नपुं०) एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की क्रिया; स्थानान्तरण।

перенестú (сь) दे० переносúть(ся).

перенимáть (अपू०), **перенять** (पू०) (भवि० перейму́, переймёшь) अनुकरण करना ; नक़ल करना ।

перенóс (पुं०) १. एक जगह से दूसरी जगह ले जाने की क्रिया ; स्थानान्तरण ; २. शब्द का विभाजक चिह्न, हाइफ़न (-) ; ३. अगले पन्ने पर ले जाया जानेवाला योगफल ।

переноси́мый (वि०) सह्य ; सहन करने योग्य ।

переноси́ть (अपू०), **перенести́** (पू०) (वर्त० переношу́, перенóсишь, भवि० перенесу́, перенесёшь) **I.** १. एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना ; २. वर्णों/मात्राओं में विभाजित करना ; **II.** सहना ; बरदाश्त करना ; □ он э́того не перенóсит वह यह नहीं सह सकता ; **—ся** (आत्म०) १. स्थानान्तर होना ; २. переноси́ть-I का कर्मवाच्य ।

перенóсица (स्त्री०) नासामूल ; बाँसा ।

перенóска (स्त्री०) १. (एक स्थान से दूसरे स्थान पर) ले जाना ; २. स्थानान्तर ।

перенóсн||ый (वि०) १. वहनीय (एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने योग्य) ; २. लाक्षणिक ; в —ом смы́сле लाक्षणिक अर्थ में ।

перенóсчи||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) वाहक / वाहिका ; п. слу́хов अफ़वाहें फैलानेवाला ।

перенóсье = перенóсица.

переночевáть (पू०) (—чу́ю) रात काटना/बिताना ।

перенумеровáть (पू०) (—ру́ю) अंक लगाना ; п. страни́цы पृष्ठांकन करना/पन्नों पर नम्बर डालना ।

перенять दे० перенимáть.

переобору́дование (नपुं०) पुनरुपस्करण ; पुन: सुसज्जित करना ।

переобору́довать (अपू० और पू०) (—дую) पुन: उपस्कृत/सुसज्जित करना ।

переобременять (अपू०), **переобремени́ть** (पू०) अत्यधिक भार डालना ; (से) लाद देना ।

переобувáть (अपू०), **переобу́ть** (पू०) (भवि० —обу́ю) किसीके जूते बदलना ; п. сапоги́ जूते बदलना ; **—ся** (आत्म०) अपने जूते बदलना ।

переодевáние (नपुं०) १. कपड़े बदलने की क्रिया ; २. कपट-वेश ; छद्मवेश ।

переодевáть (अपू०), **переодéть** (पू०) (भवि० переодéну, переодéнешь) १. (किसी-के) कपड़े बदलना ; Си́та переодéла дéвочку в бéлое плáтье सीता ने बालिका के कपड़े बदलकर सफ़ेद कपड़े पहना दिये ; २. वेश बदलना ; छद्मवेश धारण करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपने कपड़े बदलना ; २. कपट-वेश धारण करना ; वेश बदलना ; —ся жéнщиной स्त्री-वेश धरना ।

переосвидéтельствовать (अपू० और पू०) (—ствую) पुनर्निरीक्षण करना ; फिर से निरीक्षण करना ।

переоцéнивать (अपू०), **переоцени́ть** (पू०) **I.** पुनर्मूल्यांकन करना ; फिर से मूल्य निर्धारित करना ; फिर से मूल्य निरूपण करना ; **II.** अधिमूल्यांकन ; अधिक आँकना ; अधिक मूल्य लगाना ।

перепадá||ть (अपू०), **перепáсть** (पू०) (भवि० перепаду́, перпадёшь) १. (वर्षा, बर्फ़ आदि का) कभी-कभी पड़ना/गिरना ; —ют дожди́ कभी-कभी वर्षा होती है ; २. भाग्य में होना ; हिस्से में आना ; ему́ мáло перепáло उसके हिस्से में थोड़ा आया ।

перепáлка (स्त्री०) हल्की भिड़न्त ।

перепáривать (अपू०), **перепáрить** (पू०) (मन्दी आँच में) बहुत अधिक पकाना ।

перепáрхивать (अपू०), **перепорхну́ть** (पू०) (पंख फड़फड़ाकर) एक स्थान से दूसरे स्थान को उड़ जाना ।

перепáрывать (अपू०), **перепорóть** (पू०) मन्दी आँच में बहुत अधिक पकाना ।

перепáсть दे० перепадáть.

перепáхивать (अपू०), **перепахáть** (पू०) (भवि० перепашу́, перепáшешь) फिर से जुताई करना ।

перепа́чкать (पू०) बहुत गन्दा/मलिन करना ।

переп||ева́ть (अपू०), **перепе́ть** (पू०) (भवि० перепою́, перепоёшь) १. (किसी दूसरे से) अच्छा गाना ; —е́ть ста́рого пе́вца बूढ़े गायक से अच्छा गाना ; २. बहुत गाना ; —е́ть все пе́сни सब गीत गाना ; ३. फिर से गाना ।

перепека́ть (अपू०), **перепе́чь** (पू०) (भवि० перепеку́, перепечёшь) १. अत्यधिक पकाना ; २. (बहुत रोटियाँ आदि) पकाना ।

пе́репел (पुं०) बटेर ; लवा ।

перепелена́ть (पू०) बच्चे का लँगोट/पोतड़ा आदि बदलना ।

перепёлка (स्त्री०) (मादा) बटेर ; लवा ।

перепе́рить (पू०) बहुत ज्यादा काली मिर्च डालना ।

перепеча́тка (स्त्री०) पुनर्मुद्रण ; फिर से छपाई ; п. воспреща́ется प्रतिलिपि-अधिकार (कॉपीराइट) सुरक्षित है/सर्वाधिकार सुरक्षित हैं ।

перепеча́тывать (अपू०), **перепеча́тать** (पू०) १. फिर से छापना ; २. फिर से टाइप करना ।

перепе́чь दे० перепека́ть.

перепи́л||ивать (अपू०), **перепили́ть** (पू०) दो भागों में चीरना ; —и́ть доску́ तख्ते को चीरकर दो करना ।

перепили́ть (पू०) १. दे० перепи́ливать ; २. एक-एक करके सब चीर डालना ; п. все дрова́ (एक-एक करके) सब लकड़ियाँ चीर डालना ।

переписа́ть दे० перепи́сывать.

перепи́с||ка (स्त्री०) १. प्रतिलिपि करने की क्रिया ; टाइप करने की क्रिया ; २. चिट्ठी-पत्री ; पत्र-व्यवहार ; быть в —е पत्र-व्यवहार करना ; **—чик** (पुं०), **—чица** (स्त्री०) प्रतिलिपिकार/-कर्त्री ; टाइप करनेवाला/वाली ।

перепи́сывать (अपू०), **переписа́ть** (पू०) (भवि० перепишу́, перепи́шешь) I. फिर से लिखना ; फिर से टाइप करना ; फिर से कापी करना/प्रतिलिपि करना ; п. на́бело साफ़ प्रतिलिपि करना ; II. सूची तैयार करना ; (जनसंख्या आदि के लिए) आँकड़े इकट्ठे करना ; переписа́ть всех सबके नाम सूची में लिखना / सबके नाम दर्ज करना ; **—ся** (आत्म०) १. पत्र-व्यवहार करना ; २. перепи́сывать का कर्मवाच्य ।

пе́репись (स्त्री०) १. जनसंख्या ; २. सूची ।

перепи́ться (आत्म० पू०) (перепью́сь, перепьёшься) अतिपान ; बहुत शराब पीना ।

переплавля́ть (अपू०), **перепла́вить** (पू०) (भवि० перепла́влю, перепла́вишь) I. फिर से ढालना ; (-में) ढालना ; II. (जंगल से काटी हुई लकड़ी आदि नदी में) तैराना ; बेड़े पर नदी पार कराना ।

перепла́нировать (पू०) (भवि० —рую) पुनरायोजन करना ; फिर से योजना बनाना ।

перепла́та (स्त्री०) फ़ालतू अदायगी ; अधिक चुकाने की क्रिया ।

перепл||а́чивать (अपू०), **переплати́ть** (पू०) (भवि० переплачу́, перепла́тишь) फ़ालतू अदा करना ; अधिक दे देना ; он —ати́л сто рубле́й उसने सौ रूबल अधिक दे दिये ।

переплести́(сь) दे० переплета́ть(ся).

переплёт (पुं०) १. (पुस्तक की) जिल्द ; отдава́ть что-л. в п. जिल्द बंधवाना ; २. अर्गला ; बेंड-बल लगा हुआ खिड़की या दरवाज़े का डंडा ; (खिड़की का) शीशा लगाने का चौखटा ; □ попа́сть в п. संकट में पड़ना/मुश्किल में फँसना ।

переплета́ть (अपू०), **переплести́** (पू०) (भवि० переплету́, переплетёшь) I. १. (-में) बुनना ; (-साथ) बुनना ; गूँथना ; २. (पुस्तक की) जिल्द बाँधना ; II. फिर से गूँथना ; **—ся** (**сь**) (आत्म०) १. बीच में बुना जाना ; २. फँस जाना ; ३. переплета́ть का कर्मवाच्य ।

переплёт||ная (स्त्री०) (वि० रू०) जिल्दसाज़ की दुकान ; (पुस्तकों पर) जिल्द बाँधने की दुकान ; **—ный** (वि०) переплёт से वि० ; —ная мастерска́я=переплётная ; **—чик** (पुं०) जिल्दसाज़ ।

переплывáть (अपू०), **переплы́ть** (पू०) (भवि० переплывý, переплывёшь) तैरकर पार करना ; п. рекý (तैरकर) नदी पार करना ।

переподготáв||ливать (अपू०), **переподготóвить** (पू०) (भवि० переподготóвлю, переподготóвишь) फिर से प्रशिक्षण देना ; ट्रेनिंग देना ।

переподготóвка (स्त्री०) पुनः प्रशिक्षण ।

перепóй (पुं०) अतिपान ; बहुत अधिक शराब पीना ।

переползáть (अपू०), **переползти́** (पू०) (भवि० переползý, переползёшь) (-पर से) रेंगकर चले जाना ; он перепóлз чéрез канáву वह खाई में से रेंगकर चला गया ।

переполнéние (नपुं०) (गाड़ी, ट्राम आदि का) खचाखच भर जाना ; बहुत भर जाना ; п. желýдка पेट बहुत भर जाना ।

переполня́ть (अपू०), **перепóлнить** (पू०) अत्यधिक भरना ; मुँह तक भरना ; (किसी स्थान पर) बहुत भीड़ कर देना ; **—ся** (आत्म०) १. अत्यधिक भर जाना ; मुँह तक भर जाना ; बहुत भीड़ हो जाना ; моё сéрдце перепóлнилось рáдостью मैं खुशी से फूला नहीं समाया ; २. переполня́ть का कर्मवाच्य ।

переполóть (पू०) फिर से नलाई करना ।

переполóх (पुं०) हलचल ; उद्विग्नता ; क्षोभ ।

переполоши́ть (पू०) हलचल पैदा करना ; उद्वेग/क्षोभ फैलाना ।

перепóнка (स्त्री०) झिल्ली ; (चमगादड़, बत्तख के) पाँव की झिल्ली ।

перепóнчатый (वि०) झिल्लीदार ।

перепорóть दे० перепáрывать.

перепóртить (पू०) (भवि० перепóрчу, перепóртишь) बिल्कुल खराब करना ; नष्ट करना ; **—ся** (आत्म०) बिल्कुल नष्ट होना ; खराब होना ।

перепоручáть (अपू०), **перепоручи́ть** (पू०) किसी दूसरे को सँभालना ।

перепорхнýть दे० перепáрхивать.

перепрáва (स्त्री०) १. गुज़रने / (नदी) पार करने की क्रिया ; २. पाँझ/गाध (नदी का छिछला भाग जो हलकर पार किया जा सके) ।

переправля́ть (अपू०), **переправить** (पू०) (भवि० перепрáвлю, перепрáвишь) **I.** आगे पहुँचाना ; पार कराना ; (नाव आदि पर) पार ले जाना ; (पत्र, पार्सल आदि) आगे भेजना ; **II.** ठीक करना ; शुद्ध करना ; **—ся** (आत्म०) तैरकर पार करना ; नाव आदि पर पार करना ; они́ перепрáвились вплавь и вы́шли на бéрег वह तैरकर नदी पार कर गये और तट पर निकल आये ।

перепр||евать (अपू०), **перепрéть** (पू०) १. सड़ जाना ; २. (खाने की चीज़ों का) बहुत अधिक पक जाना ; мя́со —éло माँस बहुत ज्यादा पक गया है ।

перепрéлый (वि०) सड़ा हुआ ।

перепрéть दे० перепревáть.

перепрóбовать (पू०) (भवि० —бую) १. आजमाइश करना ; २. स्वाद चखना ।

перепродавáть (अपू०), **перепродáть** (वर्त० перепродаю́, перепродаёшь ; भवि० перепродáм, перепродáшь) (मुनाफ़ा कमाने के उद्देश्य से) फिर से बेचना ।

перепродáжа (स्त्री०) (मुनाफ़ा कमाने के उद्देश्य से) पुनः विक्रय ; फिर से बिक्री ।

перепроизвóдство (नपुं०) अत्यधिक उत्पादन ।

перепры́гивать (अपू०), **перепры́гнуть** (पू०) (पर) कूदना ; (पर से) कूद जाना ; फिर से कूद जाना ।

перепрягáть (अपू०), **перепря́чь** (पू०) (भवि० перепрягý, перепряжёшь) घोड़े को फिर से गाड़ी में जोतना ; घोड़े बदलना ।

перепрýг (पुं०) : с —у डर के मारे / भय के कारण ।

перепугáть (पू०) (बहुत) भयभीत करना ; डराना ; **—ся** (आत्म०) (बहुत) भयभीत होना ; डरना ।

перепýтывать (अपू०), **перепýтать** (पू०) १. उलझाना ; п. нúтки धागे उलझाना ; २. गड़बड़ डालना ; ३. (भ्रम से किसीको) और कोई समझ बैठना ; गड़बड़झाला कर देना ; **—ся** (आत्म०) १. उलझना ; फँसना ; २. गड़बड़झाले में पड़ना ; आकुल होना ; ३. перепýтывать का कर्मवाच्य ।

перепýтье (नपुं०) चौराहा ; चौरस्ता ।

перерабáтывать (अपू०), **перерабóтать** (पू०) **I.** १. बनाना/तैयार करना; п. свёклу в сáхар चुकन्दर से खाँड बनाना ; २. फिर से बनाना/तैयार करना ; п. стáтью फिर से लेख लिखना ; **II.** बहुत काम करना ; नियत समय से अधिक काम करना ; अत्यधिक काम करके अपना स्वास्थ्य बिगाड़ लेना ।

перераспределéние (नपुं०) पुनः वितरण ; फिर से बँटवारा ।

перераспределя́ть (अपू०), **перераспределúть** (पू०) पुनः वितरण करना ; फिर से बँटवारा करना ।

перерастáть (अपू०), **перерастú** (पू०) (भवि० перерастý, перерастёшь) (क़द में दूसरों से) बढ़ जाना ; сын перерóс отцá बेटा क़द में पिता से बढ़ गया है ।

перерасхóд (पुं०) १. बहुत अधिक खर्च ; २. (हिसाब से) अधिक की हुंडी ।

перерасхóдовать (अपू० और पू०) (—дую) १. अत्यधिक खर्च करना ; २. (बैंक आदि में अपने हिसाब से) अधिक निकालना ।

перерасчёт (पुं०) फिर से परिगणन ।

перервáть(ся) दे० перерывáть(ся)-I.

перерегистрúровать (अपू० और पू०) (—рую) फिर से पंजीयन करना ; फिर से दर्ज करना ।

перерезáть -I (अपू०), **перерéзать** (पू०) (भवि० перерéжу, перерéжешь) काटना ; काट डालना ; п. верёвку रस्सी काट डालना ; п. комý-л. дорóгу किसीका रास्ता काट देना ।

перерéзать -II (पू०) मार डालना ; हत्या कर देना ।

перерешáть -I (अपू०), **перерешúть** (पू०) फिर से निर्णय करना ; फिर से सोच-विचार करना ; इरादा बदलना ।

перерешáть -II (पू०) (सारे प्रश्न आदि) हल करना ; п. все задáчи सारे प्रश्न हल करना ।

перержáветь (पू०) मोरचा लगना ; जंग लगना ।

перерисóвка (स्त्री०) फिर से चित्र खींचने की क्रिया ।

перерисóвывать (अपू०), **перерисовáть** (पू०) (भवि० —сýю) १. (चित्र आदि) फिर से खींचना ; २. बहुत चित्र खींचना ।

перерождáть (अपू०), **переродúть** (भवि० перерожý, переродúшь) फिर से उत्पन्न करना/बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. फिर से उत्पन्न होना ; फिर से उत्पन्न किया जाना ; २. अधः-पतित होना ।

перерождéние (नपुं०) १. पुनरुत्पत्ति ; २. अधःपतन ।

перерóсток (पुं०) रुद्ध-विकास बालक ; पिछड़ा हुआ बच्चा ।

перерубáть (अपू०), **перерубúть** (पू०) (भवि० перерублю́, перерýбишь) दो भागों में काटना ; काटकर अलग कर देना ।

переругáть (पू०) गाली देना ; बुरा-भला कहना ; धमकाना ; **—ся** (आत्म०) (-से) लड़ना/झगड़ना ।

перерýгиваться (आत्म० अपू०) (-से) लड़ना/झगड़ना ।

переры́в (पुं०) मध्यान्तर ; अवकाश ; п. на 10 минýт दस मिनट का मध्यान्तर ; с —ами कभी-कभी ।

перерывáть -I (अपू०), **перервáть** (पू०) तोड़ डालना ; टुकड़े-टुकड़े कर देना ; फाड़ डालना ; **—ся** (आत्म०) १. टूटना ; २. перерывáть-I का कर्मवाच्य ।

перерыва́ть -II (अपू०), **перерыть** (पू०) (भवि० перерóю, перерóешь) १. बहुत ढूँढना ; छान मारना ; २. फिर से खोदना ; **—ся** (आत्म०) перерывать-II का कर्मवाच्य ।

переряжа́ть (अपू०), **переряди́ть** (पू०) (भवि० переряжу́, переря́дишь) (किसी दूसरे की) पोशाक बदलवाना ; दूसरे कपड़े पहनाना (प्राय: नृत्य-उत्सव के लिए) ; **—ся** (आत्म०) १. (अपनी) पोशाक बदलना ; २. переряжа́ть का कर्मवाच्य ।

пересади́ть दे० переса́живать.

переса́дк||а (स्त्री०) १. पौध लगाने की क्रिया ; क़लम लगाने की क्रिया २. (रेलगाड़ी की) बदली ; в Ленингра́д без —и बिना गाड़ी बदले (सीधे) लेनिनग्राद को ।

переса́||живать (अपू०), **пересади́ть** (भवि० пересажу́, переса́дишь) १. स्थान बदलवाना ; दूसरी जगह बिठाना ; преподава́тель —ди́л ученико́в अध्यापक ने विद्यार्थियों को दूसरी जगह बिठाया ; २. पौधा लगाना ; पौधे को एक जगह से उखाड़कर दूसरी जगह जमाना ; क़लम लगाना ।

переса́живаться (आत्म० अपू०), **пересе́сть** (आत्म० पू०) (भवि० переся́ду, переся́дешь) १. एक जगह से उठकर दूसरी जगह बैठना ; २. गाड़ी बदलना ; दूसरी गाड़ी पर बैठना ।

переса́ливать (अपू०), **пересоли́ть** (पू०) १. बहुत नमक डालना ; २. (सब चीज़ों का) अचार डाल देना ; п. все огурцы́ सब खीरों का अचार डाल देना ।

пересека́ть (अपू०), **пересе́чь** (पू०) (भवि० пересеку́, пересечёшь) (रेखा आदि) काटना ; प्रतिच्छेद करना ; पार करना ; пересе́чь у́лицу सड़क पार करना ; п. кому́-л. путь किसीका रास्ता काटना ।

пересе́лен||ец (पुं०) प्रवासी ; एक स्थान छोड़कर दूसरे स्थान पर जा बसनेवाला ; **—ие** (नपुं०) १. प्रवासन ; एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा बसने की क्रिया ; २. मकान बदलने की क्रिया ; **—ческий** (वि०) प्रवासीय ।

переселя́ть (अपू०), **пересели́ть** (पू०) किसी दूसरी जगह बसाना ; п. на но́вую кварти́ру नये मकान में बसाना ; **—ся** (आत्म०) १. एक स्थान छोड़कर दूसरे स्थान पर जा बसना ; निवास-स्थान बदलना ; २. переселя́ть का कर्मवाच्य ।

пересе́сть दे० переса́живаться.

пересече́ни||е (नपुं०) प्रतिच्छेद ; то́чка —я प्रतिच्छेद-विन्दु ।

пересе́чь(ся) दे० пересека́ть(ся).

пересиде́ть (पू०) (пересижу́, переси ди́шь) अधिक देर तक बैठना ।

переси́ливать (अपू०), **переси́лить** (पू०) क़ाबू करना ; वशीभूत करना ; अभिभूत करना ।

переска́з (पुं०) पुन: वर्णन ; फिर से बताने की क्रिया ।

переска́зывать (अपू०), **пересказа́ть** (पू०) (भवि० перескажу́, переска́жешь) फिर से बताना ; पुन: वर्णन करना ।

переска́кивать (अपू०), **перескочи́ть** (पू०) -पर कूदना ; -पर से कूदना ; छलाँग मारना ; он перескочи́л и побежа́л да́льше वह कूदा और आगे भाग गया ; он перескочи́л че́рез кана́ву वह खाई पर से कूद गया ; п. с одно́й те́мы на другу́ю एक विषय से दूसरे विषय पर चले जाना ।

пересласти́ть (अपू०) (भवि० переслащу́, пересласти́шь) बहुत शक्कर डालना ; बहुत मीठा कर देना ।

пересла́ть दे० пересыла́ть.

пересма́тривать (अपू०), **пересмотре́ть** (पू०) १. (पुस्तक, लेख आदि को) फिर से पढ़ना ; दोहराना ; २. (दंड आदि के बारे में) फिर से ग़ौर करना/सोच-विचार करना ।

пересме́иваться (आत्म० अपू०) एक-दूसरे की ओर देखकर मुस्कराना ।

пересме́шник (पुं०) १. ठिठोलिया ; नक़ल

करके मज़ाक उड़ानेवाला ; २. नक़ल करनेवाला एक पक्षी ।

пересмо́тр (पुं०) १. (पुस्तक, लेख आदि) फिर से पढ़ने/दोहराने की क्रिया ; २. (दंड आदि पर) पुनर्विचार/ फिर से सोच-विचार ।

переснима́ть (अपू०), **пересня́ть** (पू०) (भवि० пересниму́, пересни́мешь) एक और फ़ोटो लेना ; फिर से फ़ोटो लेना ; फिर से कापी बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनी एक और फ़ोटो खिचवाना ; २. переснима́ть का कर्मवाच्य ।

пересоздава́ть (अपू०), **пересозда́ть** (पू०) (वर्त० пересоздаю, пересоздаёшь ; भवि० пересозда́м, песозда́шь) पुन: सृजन करना ; फिर से बनाना ।

пересо́л (पुं०) १. नमक की अधिकता ; २. अचार डालने की क्रिया ।

пересо́хнуть दे० пересыха́ть.

переспа́ть (पू०) (пересплю́, переспи́шь) बहुत सोना ।

переспе́лый (वि०) बहुत पका हुआ ।

переспо́р||ить (पू०) बहस में हराना ; его́ не —ишь उससे बहस में जीतना कठिन है ।

переспра́шивать (अपू०), **переспро-си́ть** (पू०) (भवि० переспрошу́, переспро́сишь) फिर पूछना ; दोहराने के लिए कहना ।

перессо́рить (पू०) (आपस में) लड़ाई/झगड़ा कराना ; **—ся** (आत्म०) (बहुतों से) लड़ाई/झगड़ा करना ।

перестава́ть (अपू०), **переста́ть** (पू०) (वर्त० перестаю́, перестаёшь ; भवि० переста́ну, переста́нешь) बन्द करना ; переста́ньте разгова́ривать ! बोलना बन्द कीजिए/ खामोश हो जाइए !

переставля́ть (अपू०), **переста́вить** (पू०) (भवि० переста́влю, переста́вишь) १. स्थान परिवर्तन करना ; पुन: स्थापन करना ; २. п. часы́ вперёд घड़ी आगे करना ।

переста́ивать(ся) (अपू०), **пересто-я́ть(ся)** (पू०) बहुत देर तक खड़े रहना ।

перестано́вка (स्त्री०) १. स्थान-परिवर्तन ; पुनर्व्यवस्था ; २. (गणित) क्रमचय ।

перестара́ться (आत्म पू०) आवश्यकता से अधिक कोशिश करना ।

переста́ть दे० перестава́ть.

перестила́ть (अपू०), **перестла́ть** (पू०) (भवि० перестелю́, пересте́лешь) १. फिर से बिछाना ; п. посте́ль फिर से पलँग बिछाना ; २. (फ़र्श आदि) फिर से लगाना п. пол в ко́мнате कमरे का फ़र्श फिर से लगाना ।

перестира́ть -I दे० перести́рывать.

перестира́ть -II (पू०) (एक-एक करके) सब धो डालना ; п. всё бельё सब कपड़े धो डालना ।

перести́рывать (अपू०), **перестира́ть** (पू०) फिर से धोना ।

перестла́ть दे० перестила́ть.

перестоя́ть(ся) दे० переста́ивать(ся).

перестрада́ть (पू०) बहुत कष्ट उठाना ; बहुत कष्ट उठा चुकना ।

перестра́ивать (अपू०), **перестро́ить** (पू०) १. पुनर्निर्माण करना ; फिर से बनाना ; २. पुनस्संगठन करना ; ३. (किसी वाद्ययन्त्र के सुर) फिर से ठीक करना ; ४. (रेडियो) एक तरंग से दूसरी तरंग पर लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. फिर से निर्मित होना/बनना ; २. (अपनी कार्यविधि में) सुधार करना ; ३. перестра́ивать का कर्मवाच्य ।

перестрахо́вывать (अपू०), **пере-страхова́ть** (पू०) (भवि० —ху́ю) फिर से बीमा करना ; **—ся** (आत्म०) १. फिर से (अपना) बीमा कराना ; २. перестрахо́вывать का कर्मवाच्य ।

перестре́ливаться (आत्म० अपू०) (एक-दूसरे पर) गोली चलाना ।

перестре́лка (स्त्री०) (एक-दूसरे पर) गोलाबारी ; झलक ; खंडयुद्ध ।

перестреля́ть (पू०) १. गोली मार देना ; २. (गोलियाँ) प्रयोग में लाकर समाप्त कर देना ।

перестро́ить(ся) दे० перестра́ивать(ся).

перестро́йка (स्त्री०) १. पुनर्निर्माण; पुनः-स्थापन; पुनस्संगठन।

переступа́ть (अपू०), **переступи́ть** (पू०) (भवि० переступлю́, переступишь) १. लाँघना; आगे बढ़ जाना; उल्लंघन करना; п. поро́г देहली लाँघना; п. грани́цы सीमा का उल्लंघन करना; २. (केवल पू०) едва́ п. क़दम-क़दम चलना / धीरे-धीरे चलना।

пересу́ды (बहु०) गपशप।

пересу́шивать (अपू०), **пересуши́ть** बहुत अधिक सुखाना।

пересчита́ть (पू०) १. दे० пересчи́тывать; २. (सब) गिनना।

пересчи́тывать (अपू०), **пересчита́ть, перече́сть** (पू०) (перече́сть से перечту́, перечтёшь) १. फिर से गिनना; २. मूल्यांकन करना।

пересыла́ть (अपू०), **пересла́ть** (पू०) (भवि० перешлю́, перешлёшь) भेजना; п. по по́чте डाक से भेजना।

пересы́лк||а (स्त्री०) भेजने की क्रिया; п. де́нег रुपया भेजना; сто́имость —и (по по́чте) डाक-खर्च।

пересы́лочный (वि०) пересы́лка से वि०।

пересы́льный (वि०) निर्वासन; विपत्तन; п. пункт निर्वासन-स्थान / विपत्तन-स्थान।

пересыпа́ть (अपू०), **пересы́пать** (पू०) (भवि० персы́плю, пересы́плешь) **I.** (पाउडर आदि सूखे पदार्थ) एक डिब्बे से दूसरे डिब्बे में डालना; **II.** १. (पाउडर आदि) बुरकना; २. (बहुधा अपू०) (बोली में मुहावरों आदि का) जड़ना; **III.** (बहुत अधिक) डालना; लगाना।

пересыха́ть (अपू०), **пересо́хнуть** (पू०) बहुत सूखना; □ у него́ го́рло пересо́хло उसका गला बहुत सूख गया।

перета́пливать (अपू०), **перетопи́ть** (पू०) (भवि० перетоплю́, перето́пишь) १. पिघलाना; २. फिर से पिघलाना।

перетаска́||ть (पू०) खिसका लेना; चुराना; у него́ —ли все кни́ги उसकी सब पुस्तकें चोरी हो गयीं।

перета́скивать (अपू०), **перетащи́ть** (पू०) घसीटकर ले जाना; घसीटकर किसी दूसरी जगह रखना; п. дива́н в сосе́днюю ко́мнату सोफ़े को पासवाले कमरे में ले जाना।

перетасо́вывать (अपू०), **перетасова́ть** (पू०) (भवि० —су́ю) (ताश के पत्ते आदि) फेंटना; पलटना; मिलाना।

перетащи́ть दे० перета́скивать.

перетере́ть(ся) दे० перетира́ть(ся).

прикаса́ться (आत्म० अपू०), **прикосну́ться** (आत्म० पू०) छूना ।

прика́тывать (अपू०), **прикати́ть** (पू०) (भवि० прикачу́, прика́тишь) १. -तक लुढ़क आना ; २. आ पहुँचना ।

прики́дывать (अपू०), **прики́нуть** (पू०) १. (-में) और डालना/फेंकना ; २. अनुमान करना ; अन्दाज़ा लगाना ; ३. (कपड़ों के नाप की) आज़माइश करना ; п. на веса́х तोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (-का) बहाना करना ; прикиды́ваться больны́м बीमार होने का बहाना करना ; २. прики́дывать का कर्मवाच्य ।

прикла́д (पुं०) १. (बन्दूक आदि का) मोटा भारी किनारा ; २. (वस्त्रों की) किनारी ; गोटा ।

прикла́дка (स्त्री०) (बन्दूक का) निशाना बाँधने की क्रिया ।

прикладн||о́й (वि०) उपयोजित ; —ые нау́ки उपयोजित विज्ञान ।

прикла́дывать (अपू०), **приложи́ть** (पू०) १. (-से) जोड़ना ; साथ लगाना ; २. (-के पास) रखना/पर लगाना ; приложи́ть часы́ к у́ху घड़ी कान से लगाना ; приложи́ть к ноге́ пла́стырь टाँग पर पलस्तर चढ़ाना ; □ п. печа́ть मुहर लगाना ; п. ру́ку हस्ताक्षर करना ;

приложи́ть всё стара́ние पूरा जोर लगाना ; ума́ не приложу́ मेरी तो समझ में नहीं आता ; **—ся** (आत्म०) १. निशाना साधना ; २. चूमना ; ३. прикла́дывать का कर्मवाच्य ।

прикле́ивать (अपू०), **прикле́ить** (पू०) (सरेस/गोंद/लेई आदि से) चिपकाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना ; २. прикле́ивать का कर्मवाच्य ।

приклёпывать (अपू०), **приклепа́ть** (पू०) धातु के टुकड़ों को दुनोकी कीलों (रिवटों) से जोड़ना ।

приклони́ть (पू०) : он не зна́ет где п. го́лову उसे सिर छिपाने तक को कोई ठिकाना नहीं ।

приключа́ться (आत्म० अपू०), **приклю-чи́ться** (आत्म० पू०) घटित होना ।

приключе́ние (नपुं०) जीवट का काम ; साहस-पूर्ण कार्य ।

приключи́ться दे० приключа́ться.

прико́вывать (अपू०), **прикова́ть** (पू०) (भवि०—ку́ю) गढ़ना ; गर्म करके हथौड़े से पीटकर बनाना ; रिवटों (दुनोकी कीलों) से जोड़ना ; ☐ п. чье́-л. внима́ние किसीका चित्त एकाग्र कराना ।

прикола́чивать (अपू०), **приколоти́ть** (पू०) (भवि० приколочу́, приколо́тишь) कीलें ठोककर गाड़ना/जोड़ना ।

приколо́ть दे० прика́лывать.

прико́нчить दे० прика́нчивать.

прикопи́ть (पू०) (भवि० прикоплю́, прико́пишь) बचाना ; बचाकर रखना ; जमा करना ; п. де́нег धन जमा करना ।

прико́рм (पुं०) (मछली आदि पकड़ने के लिए काँटे पर लगाया गया) कीड़ा ; लासा ; (बच्चों का दूध छुड़ाते समय लालच के लिए दिया गया) खाना ।

прикорми́ть दे० прика́рмливать.

прикорну́ть (पू०) (किसी चीज का सहारा लेकर अथवा असुविधाजनक स्थिति में) झपकी लेना ; सोना।

прикоснове́н||ие (नपुं०) १. स्पर्श ; при —ии स्पर्श से ; २. (केवल एकवचन) सम्बन्ध ; वास्ता ; **—ность** (स्त्री०) सम्बन्ध ; वास्ता ; он к э́тому не име́л никако́й —ности इससे उसका कोई वास्ता नहीं था ।

прикосну́ться दे० прикаса́ться.

прикра́||са (स्त्री०) अतिरंजना ; без —с बिना अतिरंजना के / वास्तविक रूप में ।

прикра́шивать (अपू०), **прикра́сить** (पू०) (भवि० прикра́шу, прикра́сишь) अतिरंजित करके बताना ।

прикрепи́ть दे० прикрепля́ть.

прикрепле́ние (नपुं०) १. बाँधने/जोड़ने की क्रिया ; २. (रजिस्टर आदि में) इन्दराज ।

прикрепля́ть (अपू०), **прикрепи́ть** (पू०) (भवि० прикреплю́ прикрепи́шь) १. (-से) पक्का करना ; बाँधना ; लगाना ; п. бума́гу к сто́лу кно́пками मेज पर पिनें लगाकर काग़ज़ लगाना ; २. (रजिस्टर आदि में) दर्ज करना ।

прикри́кивать (अपू०), **прикри́кнуть** (पू०) चिल्लाना ; जोर से बोलना ।

прикру́чивать (अपू०), **прикрути́ть** (पू०) (भवि० прикручу́, прикру́тишь) १. (मरोड़कर या बटकर) बाँधना ; п. ру́ки к спи́не मरोड़कर हाथ पीठ पर रखना ; २. (मरोड़-कर या घुमाकर) नीचे को करना ; п. фити́ль в ла́мпе लालटैन की बत्ती नीचे को करना ।

прикрыва́ть (अपू०), **прикры́ть** (पू०) (भवि० прикро́ю, прикро́ешь) १. ढँकना ; छिपाना ; (खिड़की, दरवाजा इत्यादि) बन्द करना ; २. बचाव करना ; ढाँपना ; п. глаза́ руко́й (от со́лнца) (सूर्य के प्रकाश से बचने के लिए) आँखों को हाथ से ढाँप लेना ; ३. परिसमापन करना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) ढाँपना ; छिपाना ; २. परिसमापन होना ; ३. прикрыва́ть का कर्मवाच्य ।

прикрыт||ие (नपुं०) (सेना०) अनुरक्षण ; मार्ग-रक्षण ; под —ем -के अनुरक्षण में ।

прикры́ть(ся) दे० прикрыва́ть(ся).

прикупа́ть (अपू०), **прикупи́ть** (पू०) (भवि० прикуплю́, прику́пишь) और अधिक खरीदना ; п. (ещё) са́хару और अधिक खाँड खरीदना।

прику́ривать (अपू०), **прикури́ть** (पू०) किसी दूसरे की सिगरेट से अपनी सिगरेट सुलगाना।

прику́с (पुं०) (काटने के लिए) भिंचे हुए दाँतों की स्थिति ; ни́жний п. निचले दाँत/निचला जबड़ा।

прикуси́ть दे० прику́сывать.

прику́ска (स्त्री०) घोड़ों का दाँतों से तोबड़ा चबाना और साथ ही जोर-जोर से साँस लेना जो उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है।

прику́с||ывать (अपू०), **прикуси́ть** (पू०) (भवि० прикушу́, прику́сишь) दाँतों से काटना ; прикуси́ть (себе́) язы́к अपनी जीभ वश में रखना / मुँह बन्द रखना।

прила́||вок (पुं०) (दुकान का) बिक्री-पटल (अंग्रेजी—काउंटर) ; рабо́тник —вка बिक्रीकर्ता।

прилага́емый (कृदन्त और वि०) साथ लगा हुआ/जुड़ा हुआ।

прилага́тельное (वि०) : и́мя п. (व्या०) विशेषण।

прилага́ть (अपू०), **приложи́ть** (पू०) १. = прикла́дывать-१. ; २. लगाना ; п. уси́лия ज़ोर लगाना / कोशिश करना।

прила́живать (अपू०), **прила́дить** (पू०) (भवि० прила́жу, прила́дишь) अनुकूल बनाना ; ठीक कर देना।

приласка́||ть (पू०) लाड़ करना ; आलिंगन करना ; पुचकारना ; **—ться** (आत्म० पू०) (पास आकर, प्रेमवश) लोटना ; ко́шка —лась к хозя́йке बिल्ली मालिकन के पास आकर प्रेमवश लोटने लगी।

прилега́ть (अपू०), **приле́чь** (पू०) (भवि० прия́гу, приля́жешь) १. (कपड़े आदि का) ठीक बैठना ; २. (केवल अपू०) (-से) लगा होना ; сад прилега́ет к реке́ बाग़ नदी से लगा हुआ है ; ३. (केवल अपू०) थोड़ी देर लेटना/आराम करना।

прилега́ющий (वि०) १. (वस्त्र आदि) ठीक नाप का ; २. लगा हुआ ; जुड़ा हुआ ; आसन्न ; पार्श्ववर्ती ; समीप का।

прилежа́ние (नपुं०) परिश्रम ; उद्योग।

прилежа́щий (वि०) (गणित) आसन्न।

приле́жн||о (क्रि० वि०) परिश्रम से ; उद्योग से ; **—ый** (वि०) परिश्रमी ; उद्योगी।

прилепля́ть (अपू०), **прилепи́ть** (पू०) (भवि० прилеплю́, приле́пишь) (गोंद/सरेस/लेई आदि से) चिपकाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना ; २. прилепля́ть का कर्मवाच्य।

прилёт (पुं०) (हवाई जहाज़, पक्षियों का) आगमन।

прилета́ть (अपू०), **прилете́ть** (पू०) (भवि० прилечу́, прилети́шь) उड़ आना ; हवाई जहाज़ द्वारा आना ; उड़ते आना ; जल्दी से आना।

приле́чь दे० прилега́ть.

прили́в (पुं०) १. बहाव ; ज्वार ; चढ़ाव ; लहर ; तरंग ; आवेश ; प्रवाह ; волна́ —а ज्वार-भाटे की लहर ; п. го́рдости अभिमान की लहर ; п. гне́ва क्रोधावेश ; п. капита́ла पूँजी का प्रचुर परिमाण में आना/पूँजी का प्रवाह-सा आ जाना ; २. (किसी अंग में रुधिर का) अधिक संचय ; ३. (टेक०) उभार ; गाँठ।

прилива́ть (अपू०), **прили́ть** (पू०) (भवि० прилью́, прильёшь) (-की ओर) बहना ; (रक्त का) वेग से बहना।

приливн||о́й, —ы́й (वि०) ज्वारभाटा-सम्बन्धी।

прили́зывать (अपू०), **прилиза́ть** (पू०) १. (भवि० прилижу́, прили́жешь) (जीभ से चाटकर) साफ़ करना ; २. (बालों को) चिकना अथवा चमकदार बनाना।

прилипа́ть (अपू०), **прили́пнуть** (पू०) चिपटना ; चिपकना।

прили́пчивый (वि०) १. आसंजी ; चिपचिपा ; (व्यक्ति) चिपक जानेवाला ; २. (रोग) स्पर्शज ; संक्रामक।

прили́стник (पुं०) (वन०) अनुपत्र ; जुड़ा हुआ छोटा पत्ता (अंग्रेज़ी—स्टिप्यूल)।

прили́ть दे० приливáть.

прили́чи||е (नपुं०) १. औचित्य ; २. सौजन्य ; из —я सौजन्यवश।

прили́чн||о (क्रि० वि०) १. औचित्यपूर्वक ; सौजन्य से ; २. अच्छी तरह ; **—ый** (वि०) १. उचित ; सौजन्यपूर्ण ; सुन्दर ; २. अच्छा ; खासा ; —ый перевóд अच्छा अनुवाद।

приложéние (नपुं०) १. (मुहर आदि) लगाने/अंकित करने की क्रिया ; २. (पत्र आदि के साथ भेजा हुआ कागज़ आदि) संलग्न-पत्र ; ३. (पत्रिका का) परिशिष्ट ; ४. (व्या०) समानाधिकरण ; ५. (दवा आदि का) लेप।

приложи́ть दे० прикла́дывать और прилагáть.

приложи́ться दे० прикла́дываться.

прильну́ть दे० льнуть.

примáзываться (आत्म० अपू०), **примáзаться** (आत्म० पू०) (भवि० примажу́сь, примáжешься) चिपकना ; साथ लगे रहना।

примáнивать (अपू०), **примани́ть** (पू०) फुसलाना ; बहकाना।

примáнка (स्त्री०) फुसलावा ; बहकावा ; प्रलोभन।

примáт (पुं०) श्रेष्ठता ; उत्तमता।

примáты (बहु०) प्राईमेट (अपने बच्चों को दूध पिलानेवाले प्राणियों का प्रथम वर्ग)।

примáчивать (अपू०), **примочи́ть** (पू०) गीला करना ; सीला करना।

примелькá||ться (आत्म० अपू०) егó лицó мне —лось उसका चेहरा मेरे लिए परिचित हो गया।

примен||éние (नपुं०) (ओषधि का) लेप ; प्रयोग ; находи́ть п. प्रयोग का पता लगा लेना ; **—и́мый** (वि०) प्रयोज्य ; उपयुक्त ; **—и́тельно** (क्रि० वि०) (-के) अनुरूप।

применя́ть (अपू०), **примени́ть** (पू०) प्रयोग में लाना ; लागू करना ; п. на прáктике व्यवहार में लाना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) अनुकूल बनाना ; अनुरूप ढालना ; २. применя́ть का कर्मवाच्य।

примéр (पुं०) उदाहरण ; привести́ п. उदाहरण देना ; для —а उदाहरण के लिए ; не в п. други́м अपवाद-रूप में ; к —у उदाहरण के तौर पर।

примерзáть (अपू०), **примёрзнуть** (पू०) जमना ; बर्फ़ में परिणत होना।

примéр||ить दे० примеря́ть और мéрить ; **—ка** (स्त्री०) (कपड़े को) पहनकर आज़माइश करने की क्रिया।

примéрн||о (क्रि० वि०) १. आदर्श रूप में ; उत्तम रीति से ; शिष्ट ढंग से ; २. अनुमान से ; अन्दाज़न ; **—ый** (वि०) १. आदर्शभूत ; अनुकरणीय ; २. अनुमान का ; अन्दाज़े का।

примеря́ть (अपू०), **примéрить** (पू०) कपड़े के नाप की आज़माइश करना ; **—ся** (आत्म०) १. लक्ष्य करना ; २. примеря́ть का कर्मवाच्य।

при́месь (स्त्री०) १. मिश्रण ; २. आभा।

примéта (स्त्री०) चिह्न ; निशानी ; —ы प्रत्यक्ष चिह्न।

приметáть दे० примётывать.

примéтить दे० примечáть.

примéтлив||ость (स्त्री०) तीक्ष्णदृष्टि ; तेज़ नज़र ; **—ый** (वि०) तीक्ष्णदृष्टि ; तेज़ नज़रवाला।

примéтный (वि०) १. दृष्टिगोचर ; प्रत्यक्ष ; २. प्रख्यात ; सबसे अलग ज़ाहिर होनेवाला।

примётывать (अपू०), **приметáть** (पू०) टाँका लगाना।

примечáние (नपुं०) टीका-टिप्पणी ; पाद-टिप्पणी ; व्याख्या।

примечáтельн||ость (स्त्री०) स्मर्तव्यता ; नुमायाँपन ; दर्शनीयता ; (विशेषता के लिए) ख्याति ; **—ый** (वि०) स्मर्तव्य ; नुमायाँ ; दर्शनीय ; (विशेषता के लिए) ख्यात।

примечáть (अपू०), **примéтить** (पू०) (भवि० примéчу, примéтишь) ध्यान देना; प्रत्यक्ष अनुभव करना।

примéшивать (अपू०), **примешáть** (पू०) मिश्रण करना; मिलाना।

приминáть (अपू०), **примя́ть** (पू०) (भवि० примнý, примнёшь) कुचलना; (पाँव से) रौंदना; (हाथ से) चपटा करना।

примирéнец (पुं०) समझौता करानेवाला; मैत्री करानेवाला।

примирéние (नपुं०) समझौता; फ़ैसला; सुलह; समन्वय; सन्तुलन।

примирéнчество (नपुं०) समझौते की भावना; समन्वय-भावना।

примир||и́мый (वि०) समन्वय/समझौता/सुलह कराने योग्य; **—и́тель** (पुं०), **—и́тельница** (स्त्री०) सुलह या समझौता करानेवाला/वाली; **—и́тельный** (वि०) समझौता/सुलह करानेवाला।

примиря́ть (अपू०), **примири́ть** (पू०) समझौता/सुलह कराना; समन्वय करना; п. противорéчивые требовáния विरोधी माँगों का समन्वय करना।

примити́в (पुं०) आदिम; **—ный** (वि०) आदिम; मौलिक।

примкнýть दे० примыкáть.

примóлкнуть (पू०) चुप हो जाना।

примóрский (वि०) सागरतटवर्ती।

примóрье (नपुं०) सागरतटवर्ती प्रदेश।

примости́ться (आत्म० पू०) (примощýсь, примости́шься) (आराम से) बैठ जाना।

примочи́ть दे० примáчивать.

примóчк||а (स्त्री०) (आँख आदि) धोने की दवा; सिकाई; п. для глаз आँखों में डालने की दवा; дéлать —и सिकाई करना।

при́мула (स्त्री०) अनेक रँग के फूलों का एक पौधा।

при́мус (पुं०) प्राइमस स्टोव।

примчáть (पू०) १. जल्दबाज़ी में लाना; २. = примчáться; **—ся** (आत्म० पू०) भागते हुए आना।

примыкáние (नपुं०) १. सान्निध्य; २. (व्या०) आसत्ति।

примыкáть (अपू०), **примкнýть** (पू०) १. -से जोड़ना; примкнýть дóски однá с другóй तख्ते एक दूसरे से जोड़ना; २. लगाना; जड़ना; примкнýть штыки́! बन्दूक में किरच/संगीन लगाओ!; ३. (केवल अपू०) के समीप होना; सीमा पर होना; ४. (व्या०) आसत्ति होना।

примя́ть दे० приминáть.

принадлежáть (अपू०) -का होना; -की सम्पत्ति होना; (-से) सम्बन्ध रखना; п. к числý संख्या से सम्बन्ध रखना; п. к пáртии दल से सम्बन्ध रखना।

пренадлéжност||ь (स्त्री०) १. सम्पत्ति; सम्बन्ध; п. к пáртии दल की सदस्यता; २. (बहु०) सामग्री; सामान; бри́твенные —и हजामत का सामान; пи́сьменные —и लेखन-सामग्री; рыболóвные —и मछलियाँ पकड़ने का सामान; □ обрати́ться по —и उपयुक्त व्यक्ति को अर्ज़ी देना।

прилéчь (पू०) (भवि० приналя́гу, приналя́жешь) १. (-का) सहारा लेना; टेक लेना; २. जुट जाना; он прилёг на рабóту वह काम पर जुट गया।

принаряжáть (अपू०), **принаряди́ть** (पू०) (भवि० принаря́жу, принаря́дишь) (वस्त्र आदि पहनाकर) सजाना; **—ся** (आत्म०) (वस्त्र आदि पहनकर) सजना।

принев́ол||ивать (अपू०), **принево-ли́ть** (पू०) विवश करना; मजबूर करना; он —ил мне сдéлать э́то उसने मुझे यह करने के लिए विवश किया।

принести́ दे० приноси́ть.

принести́сь = примчáться.

принижáть (अपू०), **прини́зить** (पू०) (भवि० принижý, прини́зишь) १. अपमान करना; नीचा दिखाना; २. गर्व खर्व करना।

принúженность (स्त्री०) विनय ; नम्रता ; दीनता ।

принúзить दे० принижáть.

приникáть (अपू०), **принúкнуть** (पू०) १. (छिपने के लिए) भूमि के साथ लगकर बैठ जाना ; зáяц приникк к кýстам खरगोश झाड़ियों के पीछे ज़मीन के साथ लगकर छिपकर बैठ गया ; п. ýхом (к) (-पर) कान लगाना ; २. चिपट जाना ।

приним||áть (अपू०), **принять** (पू०) (भवि० приму́, при́мешь) १. लेना ; ग्रहण करना ; п. лекáрство दवा लेना/औषधि सेवन करना ; п. вáнну स्नान करना ; п. пищу भोजन करना ; п. присягу शपथ लेना ; п. мéры कार्यवाही करना ; п. учáстие भाग लेना ; п. решéние निर्णय करना ; —ая что-л. во внимáние किसी बात को ध्यान में रखते हुए ; п. чью-л. стóрону किसीका पक्ष लेना ; п. за прáвило नियम बनाना ; п. на себя́ अपने ऊपर लेना ; п. подáрок उपहार/भेंट स्वीकार करना ; он принял Совéтское граждáнство उसने सोवियत-नागरिकता ग्रहण कर ली ; п. христи-áнство ईसाई धर्म ग्रहण करना ; э́то так при́нято ऐसा रिवाज है ; २. दाखिल करना ; п. в шкóлу स्कूल में दाखिल करना ; ३. स्वीकार करना ; п. предложéние प्रस्ताव स्वीकार करना ; п. вы́зов चुनौती स्वीकार करना ; п. резолю́цию प्रस्ताव स्वीकार करना/पास करना ; ४. (अतिथि आदि का) स्वागत करना ; मिलना ; п. радýшно हार्दिक स्वागत करना ; он сегóдня не —ает वह आज किसीसे नहीं मिलेगा ; ५. धारण करना ; п. вид शक्ल बनाना ; ६. समझना ; он принял егó за товáрища Пéтрова वह उसको साथी पेत्रोव समझा ; за когó вы меня́ —аете ? आप मुझे कौन समझ रहे हैं ?/आपने मुझे क्या समझ रखा है ? ; ७. सँभाल लेना ।

приним||áться (आत्म० अपू०), **приня́ться** (आत्म० पू०) १. जुट जाना ; लग जाना ; —áться за рабóту काम पर जुट जाना/लग जाना ; —áться петь गाने लगना ; २. किसी काम को हाथ में लेना ; ३. (पौधे का) जड़ पकड़ना ; ४. (आदत) पड़ जाना ; ५. (धन, मुद्रा आदि का) प्रचलित होना ; चलन में होना ; ६. принимáть का कर्मवाच्य ।

принорáвливать (अपू०), **принорови́ть** (पू०) (भवि० приноровлю́, принорови́шь) स्थिति या समय के अनुकूल बनाना ; **—ся** (आत्म०) (अपने आपको) अनुकूल बनाना ।

прино||си́ть (अपू०), **принести́** (पू०) (वर्त० приношу́, принóсишь ; भवि० принесу́, принесёшь) १. लाना ; п. обрáтно वापस लाना ; २. (फ़सल, लाभ आदि) देना ; लाना ; п. плоды́ फल लाना ; п. пóльзу लाभकर होना ; □ п. в жéртву बलिदान करना ; п. благодáрность धन्यवाद देना ; п. жáлобу शिकायत करना ; **—шéние** (नपुं०) भेंट ; उपहार ।

принуди́тельный (वि०) अनिवार्य ; आवश्यक ; ज़बर्दस्ती का ।

принуж||дáть (अपू०), **прину́дить** (पू०) (भवि० прину́жу, прину́дишь) विवश करना ; मजबूर करना ; दबाव डालना ; ज़बर्दस्ती करना ; п. к молчáнию चुप होने के लिए मजबूर करना/ज़बर्दस्ती चुप कराना ; **—дéние** (नपुं०) विवशता ; मजबूरी ; ज़बर्दस्ती ; по —дéнию विवश होकर/दबाव में आकर ; без —дéния बिना किसी दबाव के ।

принц (पुं०) राजकुमार ; शाहज़ादा ; **—éсса** (स्त्री०) राजकुमारी ; शाहज़ादी ।

при́нцип (पुं०) सिद्धान्त ।

принципáл (पुं०) प्रधानाचार्य ; मुखिया ।

принципиáльн||о (क्रि० वि०) १. सिद्धान्त रूप से ; २. मुख्य रूप से ; **—ый** (वि०) सिद्धान्त का ; —ый вопрóс सिद्धान्त का प्रश्न ।

приню́хаться (आत्म० पू०) १. दे० принюхиваться ; २. (-की) गन्ध का अभ्यस्त हो जाना ।

принюхиваться (आत्म० अपू०), **принюхаться** (आत्म० पू०) (-की ओर) नाक-भौं चढ़ाना ; तिरस्कार का भाव दर्शाना ।

принят||ие (नपुं०) १. ग्रहण करने की क्रिया ; (भोजन) करने की क्रिया ; (ओषधि) सेवन ; (उपहार) स्वीकरण ; (प्रस्ताव) स्वीकरण ; пóсле —ия лекáрства ओषधि-सेवन के पश्चात् ; п. решéния निर्णय करना ; п. комáндования कमान सँभालना ; २. दाखिला ; प्रवेश ।

прúнят||ый (कृदन्त और वि०) (प्रस्ताव आदि) स्वीकृत ; पास किया हुआ ; —ая резолюция स्वीकृत/पास किया हुआ प्रस्ताव ।

принять(ся) दे० принимáть(ся).

приободрять (अपू०), **приободрить** (पू०) बढ़ावा देना ; दिल बढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) हौसला करना ; साहस करना ।

приобретáть (अपू०), **приобрестú** (पू०) (भवि० приобретý, приобретёшь) १. प्राप्त करना ; उपार्जन करना ; п. плохýю репутáцию बदनामी कमाना/बदनाम होना ; २. खरीदना ।

приобретéние (नपुं०) १. उपार्जन ; क्रय ; खरीद ; २. उपार्जित वस्तु ; खरीदी हुई वस्तु ; सौदा ।

приобщáть (अपू०), **приобщúть** (पू०) जोड़ना ; п. к. дéлу (काग़ज़) नत्थी करना ; (ईसाई धर्म के अनुसार) पूजा या संस्कार कराना ; **—ся** (आत्म०) मिलना ।

приодéть (पू०) (भवि० приодéну, приодéнешь) कपड़े पहनाना ; सजाना ; **—ся** (आत्म०) कपड़े पहनना ; सजना ।

приоритéт (पुं०) अग्रिमता ; प्राथमिकता ।

приосáниться (आत्म० पू०) शान में आना ; अकड़ में आना ।

приостанáвливать (अपू०), **приостановúть** (पू०) (भवि० приостановлю, приостанóвишь) (थोड़ी देर के लिए) बन्द करना ; रोकना ; п. рабóту काम बन्द करना ; **—ся** (आत्म०) १. (थोड़ी देर के लिए) बन्द होना ; रुकना ; २. приостанáвливать का कर्मवाच्य ।

приостанóвка (स्त्री०) (थोड़ी देर के लिए) बन्द करने/रोकने की क्रिया ।

приотворять (अपू०), **приотворúть** (पू०) (धीरे से) खोलना ; आधा खोलना ; (द्वार) आधा खुला छोड़ना ; **—ся** (आत्म०) १. (धीरे से) खुलना ; आधा खुलना ; २. приотворять का कर्मवाच्य ।

приоткрывáть(ся) = приотворять(ся).

приоткрыть(ся) = приотворúть (ся).

приохóтить (पू०) (भवि० приохочý, приохóтишь) रुचि पैदा करना ; **—ся** (आत्म०) (-की ओर) रुचि होना ।

припадáть (अपू०), **припáсть** (पू०) (भवि० припадý, припадёшь) १. नीचे गिरना ; लिपट जाना ; п. к грудú когó-л. किसीकी छाती से लिपट जाना ; п. к чьим-л. ногáм किसीके पाँव पड़ना ; п. ýхом कान लगाना ; २. (केवल अपू०) थोड़ा-सा लँगड़ाना ; п. на прáвую нóгу दायीं टाँग से लँगड़ाना ।

припáдок (पुं०) दौरा ; आवेश ; आक्रमण ; п. безýмии पागलपन का दौरा ; п. бéшенства क्रोध का आवेश ।

припáивать (अपू०), **припаять** (पू०) टाँका लगाना ; झालना ।

припáйка (स्त्री०) टाँका ; झाल ।

припáрка (स्त्री०) (फोड़े आदि पर बाँधने की) पुलटिस ।

припасáть (अपू०), **припастú** (पू०) (भवि० припасý, припасёшь) बचाकर रखना ; जमा करके रखना ।

припáсы (बहु०) ज़खीरा ; रसद ; съестные п. खाद्य सामग्री/रसद ; воéнные п. गोला-बारूद ।

припаять दे० припáивать.

припéв (पुं०) (संगीत) टेक (गीत के बोल जो दुहराये जाते हैं) ; **—áть** (अपू०) मौज में

गाना ; □ жить препеваючи ऐश्वर्य-वभव में रहना ।

припёк (पुं०) **I.** रोटी सेकने के बाद आटे के वज़न में होनेवाली बढ़ोतरी ; **II.** на —е धूप में।

припека́||ть (अपू०) झुलसाना ; сóлнце —ет सूर्य झुलसाये दे रहा है/कड़ाके की धूप है ।

припере́ть दे० припира́ть.

припеча́тывать (अपू०), **припеча́тать** (पू०) १. मुहर लगाना ; सील लगाना ; २. और अधिक छापना ।

припира́ть (अपू०), **припере́ть** (पू०) (भवि० припру́, припрёшь) १. भींचना ; толпа́ нас припёрла к стене́ भीड़ ने हमें दीवार के साथ भींच दिया ; २. (किवाड़) बन्द करना ; п. чем л. дверь (कोई भारी वस्तु रखकर) किवाड़ बन्द करना ।

приписа́ть(ся) दे० припи́сывать(ся).

припи́ска (स्त्री०) १. पुनश्च ; विषय जो चिट्ठी समाप्त कर चुकने के बाद लिखा जाये ; п. к завеща́нию वसीयतनामे का अनुलेख ; २. रजिस्ट्री ।

припи́сывать (अपू०), **приписа́ть** (पू०) (भवि० припишу́, припи́шешь) १. और लिखना ; २. रजिस्ट्री कराना ; ३. -को जिम्मेदार ठहराना ; -को श्रेय देना ; **—ся** (आत्म०) १. रजिस्ट्री करना ; रजिस्टर में दर्ज करना ; २. припи́сывать का कर्मवाच्य ।

припла́та = допла́та.

приплати́ть = доплати́ть.

приплести́ दे० приплета́ть.

приплести́сь (आत्म० पू०) (भवि० приплету́сь, приплетёшь) गिरते-पड़ते आना ।

приплета́ть (अपू०), **приплести́** (पू०) (भवि० приплету́, приплетёшь) १. -में गूँथ लेना ; २. फँसाना ; उलझा लेना ।

припло́д (पुं०) (पशुओं के) शावक ; बच्चे ।

приплыва́ть (अपू०), **приплы́ть** (पू०) (भवि० приплыву́, приплывёшь) तैर आना ; तैरते आना ; (पोत आदि का) आना ।

приплю́снутый (वि०) चपटा किया हुआ ।

приплю́снуть (पू०) चपटा करना ।

припля́сывать (अपू०) लोकनृत्य करना ; फुदकना ।

приподнима́ть (अपू०), **приподня́ть** (पू०) (भवि० приподниму́, приподни́мешь) (थोड़ा-सा) ऊपर को उठाना ; खड़ा करना ; **—ся** (आत्म०) १. थोड़ा-सा ऊपर उठना ; खड़ा होना ; २. приподнима́ть का कर्मवाच्य ।

припо́й (पुं०) टाँका ; झाल ।

приполза́ть (अपू०) **приползти́** (पू०) (भवि० приползу́, приползёшь) रेंगते हुए आना ; रेंगकर आना ।

припомин||а́ть (अपू०), **припо́мнить** (पू०) स्मरण करना ; याद करना ; наско́лько —а́ю जहाँ तक मुझे स्मरण है ; он припо́мнил उसे याद आ गया ; □ он вам э́то припо́мнит वह आपसे इसका बदला लेगा ।

припра́ва (स्त्री०) छौंक ; मसाला ।

припра́вить दे० приправля́ть.

припра́вка (स्त्री०) छापने से पहले टाइप को समतल करने की क्रिया ।

приправля́ть (अपू०), **припра́вить** (पू०) (भवि० припра́влю, припра́вишь) १. (सब्जी आदि में) छौंक देना ; मसाला देना ; २. छापने से पहले टाइप को समतल करना ।

припугну́ть (पू०) डराना ; धमकाना ।

припу́дривать (अपू०), **припу́дрить** (पू०) पाउडर लगाना ; बुरकना ; **—ся** (आत्म०) (अपने) पाउडर लगाना ।

при́пуск (पुं०) गुंजाइश ; अवकाश ।

припуска́ть (अपू०), **припусти́ть** (पू०) (भवि० припущу́, припу́стишь) १. (सीने या कसीदा करने में) बाहर छोड़ देना ; २. जल्दी-जल्दी क़दम बढ़ाना ; गाड़ी तेज़ चलाना ।

припу́тывать (अपू०), **припу́тать** (पू०) -में फँसाना ; उलझा लेना ।

припуха́ть (अपू०), **припу́хнуть** (पू०) (थोड़ा-सा) सूजना ।

припу́хл||ость (स्त्री०) सूजन ; **—ый** (वि०) सूजा हुआ ।

припу́хнуть दे० припухáть.

прирабáтывать (अपू०), **приработáть** (पू०) (और अधिक) कमाना ; अतिरिक्त कमाई करना ।

при́работок (पुं०) अतिरिक्त कमाई ।

прирáвнивать (अपू०), **приравня́ть** (पू०) समान स्तर पर रखना ; एकसार समझना ; बराबर करना ।

прира||стáть (अपू०), **прирасти́** (पू०) (भवि० прирасту́, прирастёшь) १. तेज़ी से बढ़ना ; п. к мéсту स्थान/भूमि में जड़ जमाना ; २. बढ़ना ; **—щéние** (नपुं०) बढ़ोतरी ; समृद्धि ; तरक़्क़ी ।

приревновáть (पू०) (—ну́ю) ईर्ष्या करना ।

прирезáть (अपू०), **прирéзать** (पू०) (भवि० прирéжу, прирéжешь) **I.** गला काटना ; मार देना ; **II.** बढ़ाना ; п. учáсток земли́ अतिरिक्त भूमि तैयार करना ।

прирóд||а (स्त्री०) १. प्रकृति ; закóн —ы प्रकृति का नियम ; на лóне —ы प्रकृति के आँचल में ; २. स्वभाव ; он лени́в от —ы वह स्वभाव से आलसी है ; э́то в —е вещéй यह स्वाभाविक है ; **—ный** (वि०) १. प्राकृतिक ; —ные богáтства प्राकृतिक समृद्धि ; २. स्वाभाविक ।

природовéд (पुं०) प्रकृतिविद् ; **—ение** (नपुं०) प्रकृति-विज्ञान ; **—ческий** (वि०) प्रकृतिविज्ञान-सम्बन्धी ।

прирождённый (वि०) जन्मजात ; स्वाभाविक ; सहज ।

приро́ст (पुं०) वृद्धि ; अनेक वस्तुओं की एक साथ वृद्धि ।

прирубéжный (वि०) सीमान्तवर्ती ।

приручáть (अपू०), **приручи́ть** (पू०) (पशुओं को) पालतू बनाना ।

присáживаться (आत्म० अपू०), **присéсть** (पू०) (भवि० прися́ду, прися́дешь) बैठना ; присáживайтесь, прися́дьте ! बैठिए ! ; присéсть на кóрточки पंजों के बल बैठना ।

присáсываться (आत्म० अपू०), **присосáться** (आत्म० अपू०) से चिपकना ।

присвáивать (अपू०), **присвóить** (पू०) १. आत्मसात् करना ; अपनाना ; पचाना ; п. незакóнно अवैध रूप से हड़प करना ; ग़बन करना ; п. себé прáво अधिकार ग्रहण करना ; २. प्रदान करना ; देना ; п. звáние पद प्रदान करना ; п. себé и́мя नाम धारण करना ।

при́свист (पुं०) सीत्कार ; सीटी ।

присви́стывать (अपू०), **присви́стнуть** (पू०) सीटी बजाना ।

присвоéние (नपुं०) हड़प करने की क्रिया ; विनियोजन ; незакóнное п. ग़बन ।

присвóить दे० присвáивать.

приседáние (नपुं०) (सम्राज्ञी के सामने) घुटने टेककर स्त्रियों के अभिवादन करने की विधि ।

приседáть (अपू०), **присéсть** (पू०) (भवि० прися́ду, прися́дешь) १. घुटनों के बल बैठना ; २. (डर के मारे) सिकुड़कर बैठना ; (स्त्रियों का) घुटनों के बल झुककर अभिवादन करना ।

присéст (पुं०) बैठक ; в оди́н п. एक बैठक में ।

присéсть (पू०) १. दे० присáживаться ; २. दे० приседáть.

при́сказка (स्त्री०) (कहानी कहनेवाले की) प्रस्तावना ।

прискакáть (पू०) (भवि० прискачу́, прискáчешь) १. घोड़े को सरपट दौड़ाते हुए आना ; भागते आना ; п. верхóм на лóшади घोड़े को सरपट दौड़ाते हुए आना ; २. (एक टाँग पर) फुदकते आना ।

прискóрб||ие (नपुं०) दुःख ; खेद ; अफ़सोस ; с душéвным —ием हार्दिक दुःख के साथ ; **—ный** (वि०) दुःखपूर्ण ; दयनीय ; शोचनीय ।

прискучи́||ть (पू०) जी उकता जाना ; емý э́то —ло इससे उसका जी उकता गया है ।

прислáть दे० присылáть.

прислоня́ть (अपू०), **прислони́ть** (पू०) १. (-के) सहारे रखना ; टेकना ; п. ле́стницу к стене́ सीढ़ी दीवार के सहारे रखना ; २. पास रखना ; п. стол к стене́ मेज़ दीवार के पास रखना ; **—ся** (आत्म०) १. (-का) सहारा लेकर बैठना या खड़े होना ; २. прислоня́ть का कर्मवाच्य ।

прислу́га (स्त्री०) १. सेविका ; नौकरानी ; २. (समू०) घर के नौकर-चाकर ।

прислу́живать (अपू०), **прислужи́ть** (पू०) नौकरी करना ; सेवा करना ; **—ся** (आत्म०) चापलूसी करना ।

прислу́жник (पुं०) नौकर ; सेवक ; चापलूस ।

прислу́шиваться (आत्म० अपू०), **прислу́шаться** (आत्म० पू०) ध्यान से सुनना ; कान लगाकर सुनना ; п. к чьему́-л. мне́нию किसीकी राय को ध्यान से सुनना ।

присма́тривать (अपू०), **присмотре́ть** (पू०) १. (-की) देख-रेख रखना ; नज़र रखना ; п. за рабо́той काम की देख-रेख करना; २. (-की) तलाश करना ; ढूँढना ; **—ся** (आत्म०) १. ध्यान से देखना ; २. (-का) अभ्यस्त हो जाना ।

присмире́ть (पू०) शान्त होना ; शोर बन्द करना ।

присмо́тр (पुं०) देख-रेख ; निगरानी ; под —ом -की देख-रेख में ।

присмотре́ть(ся) दे० присма́тривать(ся).

присни́ться दे० сни́ться.

присовокупля́ть (अपू०), **присовокупи́ть** (पू०) (भवि० присовокуплю́, присовокупи́шь) और कहना ; और जोड़ना ।

присоедине́ние (नपुं०) १. जोड़ ; योग ; २. (प्रदेश आदि) अपने अधिकार में करने/मिला लेने की क्रिया ; ३. (बिजली का) सम्बन्ध ।

присоединя́ть (अपू०), **присоедини́ть** (पू०) १. मिलाना ; २. योग करना ; ३. (बिजली का) सम्बन्ध करना ; ४. (प्रदेश को) अपने अधिकार में लेना ; अपने देश में मिलाना ; **—ся** (आत्म०) १. मिलना ; присоединя́ться к мне́нию кого́-л. किसीकी राय से राय मिलना/राय से सहमत होना ; к ним присоедини́лись де́ти उनके साथ बच्चे मिल गये ; २. присоединя́ть का कर्मवाच्य ।

присоли́ть (पू०) थोड़ा-सा नमक डालना ।

присоса́ться दे० приса́сываться.

присосе́диться (आत्म० पू०) (भवि० присосе́жу, присосе́дишься) (-के) समीप बैठना ; पास बैठना ।

присо́ска (स्त्री०), **присо́сок** (पुं०) (पशुओं अथवा पेड़ों का) चूषणांग ; चूसने का अवयव ।

присо́хнуть दे० присыха́ть.

приспе́ть (पू०) समय पर आ पहुँचना ।

приспе́шни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) अनुचर ; दास/दासी ।

приспи́ч||ить (पू०) किसी बात की धुन सवार होना ; ему́ —ило е́хать за́втра उसे कल जाने की धुन सवार है ; что вам —ило ? आपको यह क्या धुन सवार है ?

приспосо́бить(ся) दे० приспособля́ть(ся).

приспособле́нец (पुं०) अवसरवादी ।

приспособле́ние (नपुं०) १. अनुकूलन ; अवसर के अनुकूल होने की क्रिया ; п. к кли́мату जलवायु का अभ्यस्त होना ; २. उपकरण ; साधन ।

приспособле́нчество (नपुं०) अवसरवाद ; वातावरण के अनुकूल बनने का भाव ।

приспособля́ть (अपू०), **приспосо́бить** (पू०) (भवि० приспосо́блю, приспосо́бишь) (-के) अनुकूल बनाना ; अभ्यस्त बनाना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने आपको) (-के) अनुकूल बनाना ; (-का) अभ्यस्त होना ; २. приспособля́ть का कर्मवाच्य ।

приспуска́ть (अपू०), **приспусти́ть** (पू०) (भवि० приспущу́, приспу́стишь) (थोड़ा-सा) नीचे करना ; п. флаг (शोक मनाने के

लिए) झंडा झुकाना ; **—ся** (आत्म०) १. (सुरक्षित प्रदेश की ओर जाने के लिए) पोत के पतवार को ऊपर या हवा की ओर करना ; २. приспускáть से कर्मवाच्य ।

при́став (पुं०) थानेदार ; становóй п. ज़िला-पुलिस-अफ़सर ।

приставáние (नपुं०) तंग करने / पीछे पड़ जाने की क्रिया ।

приставáть (अपू०), **пристáть** (पू०) (वर्त० пристаю́, пристаёшь, भवि० пристáну, пристáнешь) १. (-से) चिपक जाना ; (-से) लगे रहना ; २. (पोत का) -के बराबर आ जाना ; ३. (सैर-मंडली के साथ) आ मिलना ; ४. तंग करना ; पीछे पड़ जाना ; ५. (रोग आदि का) फैलना ; ६. (केवल पू०) फबना ; э́та шля́па ей пристáла यह टोपी उस (स्त्री/कन्या) के फब गयी ।

пристáвить दे० приставля́ть.

пристáвка (स्त्री०) (व्या०) उपसर्ग ।

приставля́ть (अपू०), **пристáвить** (पू०) (भवि० пристáвлю, пристáвишь) -के सहारे रखना/खड़ा करना ; टेकना ; नियुक्त करना ; (-की) देख-भाल करना ।

приставн||óй (वि०) जोड़ा हुआ ; —áя лéстница ज़ीना / नसेनी ।

при́стальн||о (क्रि० वि०) अनिमेष ; एकटक ; टकटकी बाँधकर ; नज़र जमाकर ; п. смотрéть (на) टकटकी बाँधकर देखना ; **—ый** (वि०) अनिमेष ; स्थिर ; с —ым внимáнием बहुत ध्यानपूर्वक/तत्परता से ।

пристáнище (नपुं०) शरण ; आश्रय ।

при́стань (स्त्री०) १. बंगसार ; घाट ; गोदी ; २. आश्रय ।

пристáть दे० приставáть.

пристёгивать (अपू०), **пристегну́ть** (पू०) बाँधना ; बटन बन्द करना ; फँसाना ; उलझा लेना ।

пристóйн||ость (स्त्री०) औचित्य ; सौजन्य ; **—ый** (वि०) औचित्यपूर्ण ; सौजन्यपूर्ण ; विनीत ; योग्य ।

пристрáивать (अपू०), **пристрóить** (पू०) १. भवन/मकान का और भाग बनाना ; निर्माण करना ; २. लगाना ; जमाना ; प्रबन्ध करना ; пристрóить сы́на к мéсту बेटे को नौकरी पर लगाना ; он пристрóил всех свои́х детéй उसने अपने सारे बच्चों का प्रबन्ध कर दिया है/अर्थात् काम पर लगा दिया है ; **—ся** (आत्म०) १. स्थान प्राप्त करना ; बसना ; २. пристрáивать का कर्मवाच्य ।

пристрáсти||е (नपुं०) १. रुझान ; अनुराग ; रुचि ; २. पक्षपात ; относи́ться с —м पक्षपात करना ।

пристрасти́ться (आत्म० पू०) (пристращу́сь, пристрасти́шься) (-की ओर) रुझान होना ; रुचि होना ; (-की) तीव्र इच्छा होना ।

пристрáстн||о (क्रि० वि०) पक्षपात से ; п. к комý-л. относи́ться किसीके साथ पक्षपात करना ; **—ость** (स्त्री०) पक्षपात ; **—ый** (वि०) पक्षपाती ; быть —ым (к) पक्षपात करना ।

пристрáчивать (अपू०), **пристрочи́ть** (पू०) (-से) सी देना ; टाँका लगा देना ।

пристрéливать -I. (अपू०), **пристрели́ть** (पू०) निशाना बनाना ; (गोली से) जान से मार देना ।

пристрéливать -II. (अपू०), **пристреля́ть** (पू०) घड़ी की सुइयाँ ठीक करना ; **—ся** १. (आत्म०) अपने आपको गोली का निशाना बनाना ; आत्महत्या करना ; २. пристрéливать-II. का कर्मवाच्य ।

пристрóить(ся) दे० пристрáивать(ся).

пристрóйка (स्त्री०) उपभवन ; उपगृह ।

пристрочи́ть दे० пристрáчивать.

пристру́нивать (अपू०), **пристру́нить** (पू०) दबाव से काम लेना ; सख़्ती करना ; éсли он не признаётся, пристру́ньте егó यदि वह न माने तो सख़्ती से काम लो ।

присту́кивать (अपू०), **присту́кнуть** (पू०) (कुछ देर के लिए) खटखटाना ।

при́ступ (पुं०) १. (सेना०) आक्रमण ; प्रहार ; टूट पड़ना ; २. (क्रोध आदि का) आवेश ; आक्रोश ; दौरा ; ३. प्रारम्भ ; □ к нему́ —у нет उससे मिलना बड़ा कठिन है ; к э́тому —у нет यह पहुँच से बाहर है/यह बहुत महँगा है।

приступа́ть (अपू०), **приступи́ть** (पू०) (भवि० приступлю́, присту́пишь) आरम्भ करना ; (दूसरे काम पर) लगना ; п. к рабо́те काम पर लगना ; п. чте́нию पढ़ाई शुरू करना।

приступи́ться (आत्म० पू०) पहुँचना ; मिलना; не приступи́шься, нельзя́ п. = при́ступу нет दे० при́ступ.

присту́пок (पुं०) सीढ़ी।

пристыди́ть (पू०) (भवि० пристыжу́, пристыди́шь) शर्मिन्दा करना ; लज्जित करना।

пристыжённый (कृदन्त और वि०) लज्जित ; शर्मिन्दा।

пристя́жка (स्त्री०) =пристяжна́я.

пристяжна́я (स्त्री०) (वि० रू०) (गाड़ी के बम के साथ बँधा हुआ) फ़ालतू घोड़ा।

присуди́ть दे० присужда́ть.

прису||жда́ть (अपू०), **присуди́ть** (पू०) (भवि० присужу́, прису́дишь) १. (दंड) लगाना ; (क़ैद की) सज़ा देना ; २. प्रदान करना ; ему́ —ди́ли пе́рвую пре́мию उसको प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया ; **—жде́ние** (नपुं०) (पुरस्कार आदि का) प्रदान किया जाना।

прису́тственн||ый (वि०) : —ое ме́сто कार्यालय/दफ़्तर ; —ые часы́ दफ़्तर का समय/काम का समय।

прису́тствие (नपुं०) १. उपस्थिति ; ва́ше п. необходи́мо आपकी उपस्थिति आवश्यक है ; २. बैठक ; ३. दफ़्तर ; कार्यालय।

прису́тствовать (अपू०) (—ствую) उपस्थित होना।

прису́щ||ий (वि०) स्वाभाविक ; सहज ; с —им ему́ ю́мором अपने सहज हास्य-विनोद से ; **—ность** (स्त्री०) स्वाभाविकता।

присчи́тывать (अपू०), **присчита́ть** (पू०) जमा करना ; जोड़ना।

присыла́ть (अपू०), **присла́ть** (पू०) (भवि० пришлю́, пришлёшь) भेजना।

присы́лка (स्त्री०) भेजने की क्रिया।

присыпа́ть (अपू०), **присы́пать** (पू०) (भवि० присы́плю, присы́плешь) १. (आटा आदि) और अधिक डालना ; присы́пать (ещё) муки́ और आटा डालना ; २. बुरकना।

присы́пка (स्त्री०) १. बुरकने की क्रिया ; २. बुकनी ; पाउडर।

присыха́ть (अपू०), **присо́хнуть** (पू०) (सूखकर) चिपक जाना ; सूख जाना।

прися́г||а (स्त्री०) शपथ ; वफ़ादारी की शपथ ; приводи́ть к —е शपथ दिलाना।

присяга́ть (अपू०), **присягну́ть** (पू०) शपथ लेना ; क़सम खाना।

прися́жн||ый (वि०) १. (अदालत-सम्बन्धी) п. пове́ренный बैरिस्टर; п. заседа́тель दे०—३ ; २. जन्म से ; п. расска́зчик जन्म से कहानी कहनेवाला ; ३. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) (क्रान्ति-पूर्व) जूरी का सदस्य ; суд —ых जूरी।

притаи́ть (पू०) п. дыха́ние साँस रोकना ; **—ся** (आत्म० पू०) छिपना ; चुप रहना।

прита́птывать (अपू०), **притопта́ть** (पू०) (भवि० притопчу́, прито́пчешь) १. पाँव से रौंदना ; कुचलना ; २. (केवल अपू०) पंजों से थपथपाना।

прита́скивать (अपू०), **притащи́ть** (पू०) (घसीटकर) लाना ; घसीटना।

прита́чивать (अपू०), **притача́ть** (पू०) सी देना ; टाँके लगाना।

притащи́ть दे० прита́скивать.

притащи́ться (आत्म० पू०) (स्वयं) घिसटना ; घिसटकर आना।

притвори́ть(ся) दे० притворя́ть(ся).

притво́рно (क्रि० वि०) बहाने से ; छल से ; पाखंड से।

притвóр||ный (वि०) छद्म ; कृत्रिम ; बनावटी ; —ные слёзы बनावटी आँसू ; **—ство** (नपुं०) कृत्रिमता ; बहाना ; पाखंड ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) बहानेबाज़ ; पाखंडी ।

притворя́ть (अपू०), **притвори́ть** (पू०) (किवाड़ आदि) बन्द करना ; **—ся** (आत्म०) **I.** (किवाड़ आदि) बन्द होना ; बन्द किया जाना ; **II.** बहाना करना ; पाखंड करना ; —ся больны́м बीमारी का बहाना करना ।

притека́ть (अपू०), **притéчь** (पू०) (भवि० притеку́, притечёшь) बहना ।

притерéть दे० притира́ть.

притерпéться (आत्म० पू०) притерплю́сь, притéрпишься) (-का) अभ्यस्त हो जाना ।

притеса́ть दे० притёсывать.

притеснéние (नपुं०) अत्याचार ; दमन ; दबाव ।

притесни́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) अत्याचारी ; दमन करनेवाला/वाली ; दबाव डालनेवाला/वाली ।

притесня́||ть (अपू०), **притесни́ть** (पू०) दमन करना ; दबाना ; ца́рское прави́тельство —ло рабо́чих ज़ार सरकार ने मज़दूरों का दमन किया/-पर अत्याचार किया ।

притёсывать (अपू०), **притеса́ть** (पू०) (भवि० притешу́, притéшешь) (ठीक बैठाने के लिए) थोड़ा-सा काटना ।

притéчь दे० притека́ть.

притира́ть (अपू०), **притерéть** (पू०) (भवि० притру́, притрёшь) १. रगड़कर तेज़ करना ; २. (धीरे-धीरे) मलना ; रगड़ना ; п. лицо́ मुँह पर पाउडर-सुर्खी आदि लगाना ।

прити́скивать (अपू०), **прити́снуть** (पू०) भींचना ; вы меня́ прити́снули к стенé आपने मुझे दीवार के साथ भींच दिया ; **—ся** (आत्म०) भिंचना ।

притиха́ть (अपू०), **прити́хнуть** (पू०) चुप होना ; शोर मचाना बन्द करना ।

приткну́ть (पू०) (सुई या पिन आदि से) लगाना ; **—ся** (आत्म०) : ему́ нéгде —ся उसके बैठने/खड़े होने के लिए कोई स्थान नहीं ।

притóк (पुं०) १. अन्तर्वाह ; भीतर की ओर बहाव ; (बहकर) भीतर आने की क्रिया ; २. सहायक नदी/नाला ।

при́толока (स्त्री०) भरेठ ; करगहना (दरवाज़े के ऊपर दीवार का बोझ सँभालने के लिए दी हुई लकड़ी) ।

притóм (अ०) और ; इसके अतिरिक्त ।

притóн (पुं०) (चोरों आदि की) ग़ार ; गुफा ।

притóпнуть दे० притóпывать.

притопта́ть दे० прита́птывать.

притóпывать (अपू०), **притóпнуть** (पू०) पाँव से कुचलना या एड़ी से थपथपाना ।

притора́чивать (अपू०), **приторочи́ть** (पू०) (चमोटे पर) उस्तरा तेज़ करना ।

при́торн||ость (स्त्री०) बहुत मिठास ; अतिमाधुर्य ; **—ый** (वि०) बहुत मीठा ; अतिमधुर ; —ый человéк मधुरभाषी मनुष्य ; —ая улы́бка मधुर मुस्कान ।

приторочи́ть दे० притора́чивать.

притра́гиваться (आत्म० अपू०), **притро́нуться** (आत्म० पू०) छूना ।

притуп||и́ть(ся) दे० притупля́ть(ся) ; **—лéние** (नपुं०) धारहीन करना ; भौथरा करना ; कुंठित करना ।

притупля́ть (अपू०), **притупи́ть** (पू०) (भवि० притуплю́, приту́пишь) (चाकू, छुरे आदि को) धारहीन करना ; भौथरा करना ; कुंठित करना ; **—ся** (आत्म०) १. (चाकू, छुरे आदि का) धारहीन होना ; भौथरा होना ; कुंठित होना ; २. притупля́ть का कर्मवाच्य ।

при́тча (स्त्री०) शिक्षाप्रद रूपक या कहानी ।

притяга́тельн||ость (स्त्री०) आकर्षण ; मनोहरता ; **—ый** (वि०) आकर्षक ; मनोहर ।

притя́гивать (अपू०), **притяну́ть** (पू०) आकर्षित करना ; खींचना ; मुग्ध करना ।

притяжа́тельн||ый (वि०) (व्या०) —ое местоиме́ние सम्बन्धसूचक सर्वनाम ।

притяже́ние (नपुं०) आकर्षण ।

притяза́ние (नपुं०) झूठा दावा ; माँग ।

притяну́ть दे० притя́гивать.

приударя́ть (अपू०), **приуда́рить** (पू०) १. (धीरे से) प्रहार करना ; मारना ; २. (अकर्मक) जोश से काम शुरू करना ; ३. (किसी स्त्री के) पीछे भागना ; प्रेम करना ; आसक्ति दिखाना ।

приукраша́ть (अपू०), **приукра́сить** (पू०) (भवि० приукра́шу, приукра́сишь) सजाना ; अलंकृत करना ।

приуменьша́ть (अपू०), **приуме́ньши́ть** (पू०) कम करना ; घटाना।

приумножа́ть (अपू०), **приумно́жить** (पू०) गुणा करना ; बढ़ाना ।

приумо́лкнуть (पू०) चुप होना ।

приуны́ть (पू०) विषण्ण होना ; उदास होना ।

приуро́чивать (अपू०), **приуро́чить** (पू०) समय नियत करना ।

приуса́дебный (वि०) : п. уча́сток निजी ज़मीन ।

приути́хнуть (पू०) (तूफ़ान आदि का) शान्त हो जाना ; (वायु का) बन्द हो जाना ; (बातचीत अथवा शोर का) बन्द हो जाना ।

приуча́ть (अपू०), **приучи́ть** (पू०) प्रशिक्षण देना ; ट्रेनिंग देना ; अभ्यस्त बनाना ; п. кого́-л. к дисципли́не अनुशासन का अभ्यस्त बनाना (अथवा आदत डालना) ; п. себя́ к терпе́нию सन्तोषी बनना सीखना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रशिक्षण लेना ; अभ्यस्त होना ; २. приуча́ть का कर्मवाच्य ।

прифранти́ться (आत्म० पू०) (прифранчу́сь, прифранти́шься) (वस्त्र पहनकर) सजना ; टिप-टाप होना ; बना-ठना होना ।

прихва́рывать (अपू०), **прихворну́ть** (पू०) बीमार पड़ना ; ज्वर आना ।

прихвастну́ть (पू०) (कुछ) डींग मारना ; (थोड़ा-सा) घमंड करना ; डून की हाँकना ।

прихва́тывать (अपू०), **прихвати́ть** (पू०) (भवि० прихвачу́, прихва́тишь) १. (अपने साथ) ले जाना ; २. उधार लेना ; ३. बाँधना ; ४. पाला मार जाना ; ठंड मार जाना ; цветы́ прихвати́ло моро́зом फूलों को पाला मार गया है ; ५. (क़िस्सा) बढ़ा-चढ़ाकर सुनाना ।

прихворну́ть दे० прихва́рывать.

при́хвостень (पुं०) चाटुकार ; ख़ुशामदी ; चापलूस ।

прихлеба́тель (पुं०) परजीवी ; टुकड़ख़ोर ।

прихлёбывать (अपू०), **прихлебну́ть** (पू०) थोड़ा-थोड़ा करके पीना ; घूँट भरना ।

прихло́пывать (अपू०), **прихло́пнуть** (पू०) १. धड़ाम से किवाड़ बन्द करना ; २. ताली बजाना ।

прихлы́нуть (पू०) (-की ओर) वेग से बहना ।

прихо́д (पुं०) **I.** आगमन ; **II.** आय ; आमदनी ; **III.** पादरी का प्रदेश (पैरिश) ।

приходи́ть (अपू०), **прийти́** (पू०) (वर्त० прихожу́, прихо́дишь, भवि० приду́, придёшь) आना ; ну, вот мы и пришли́ लो हम आ गये ! ; п. к соглаше́нию समझौता करना ; п. к концу́ अन्त होना ; п. в у́жас भयभीत होना ; п. в го́лову सूझना ; п. в изумле́ние चकित होना ; ему́ прихо́дит коне́ц उसका अन्त समीप है ।

приходи́ться (आत्म० अपू०), **прийти́сь** (आत्म० पू०) १. ठीक आना/बैठना ; ша́пка пришла́сь по голове́ टोपी सिर पर बिल्कुल ठीक आ गयी ; २. (-के) दिन होना ; (-के) दिन पड़ना ; выходно́й день прихо́дится на 7 ма́я छुट्टी का दिन ७ मई को पड़ता है ; ३. (कर्तृ-निरपेक्ष) -पड़ना ; ему́ пришло́сь уе́хать उसको जाना पड़ा ; ему́ прихо́дится подожда́ть उसको प्रतीक्षा करनी पड़ेगी ; ४. (कर्तृ-निरपेक्ष) с него́ прихо́дится пять рубле́й उसे पाँच रूबल देने हैं ; на ка́ждого (из нас) прихо́дится по рублю́ हममें से प्रत्येक को एक रूबल मिलेगा ; ५. (केवल अपू०) он прихо́дится мне отцо́м

वह मेरा पिता है।

прихóдн||ый (वि०) १. прихóд-II से वि० ; —ая кни́га आय-खाता ।

прихóдовать (अपू०) (—дую) (रक़म) किसी मद में जमा करना ।

прихóдский (वि०) पादरी के हल्क़े (पैरिश) का ।

приходя́щий १. приходи́ть से कृदन्त ; २. (वि०) बहिरंग ; बाहर का ; п. больнóй बहिरंग रोगी / बाहर का रोगी ; ३. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) आगन्तुक ।

прихожáн||ин (पुं०), **—ка** (स्त्री०) पादरी के प्रदेश (पैरिश) का निवासी/निवासिनी ।

прихóжая (स्त्री०) (वि० रू०) ड्योढ़ी ; प्रवेश-कमरा ।

прихорáшиваться (आत्म० अपू०) सजना-सँवरना ; बना-ठना होना ।

прихотли́в||ость (स्त्री०) वहमीपन ; सनकीपन ; मनमौजीपन ; **—ый** (वि०) १. वहमी ; सनकी ; मनमौजी ; तरंगी ; २. (कलाकृति के बारे में) सुन्दर ; अभिराम ; —ый рисýнок सुन्दर चित्र/अभिराम चित्र ।

при́хоть (स्त्री०) वहम ; सनक ; तरंग ।

прихрáмывать (अपू०) थोड़ा-थोड़ा लँगड़ाना ।

прицéл (पुं०) पश्चदर्शी ; बन्दूक की मक्खी ।

прицéливаться (आत्म० अपू०), **прицéлиться** (आत्म० पू०) निशाना बाँधना ; लक्ष्य साधना ।

прицéльный (वि०) निशाना बाँधने का ; निशाने का ।

прицéниваться (आत्म० अपू०), **прицени́ться** (आत्म० पू०) (-का) मोल करना ।

прицéп (पुं०) अनुयान (पीछे जुड़ी हुई गाड़ी) ; ट्रेलर ।

прицепи́ться दे० прицепля́ться.

прицéпка (स्त्री०) १. कुंडी से कुंडी जोड़ने की क्रिया ; हुक लगाने की क्रिया ; २. किसीके दोष निकालना ।

прицепля́ть (अपू०), **прицепи́ть** (पू०) (भवि० прицеплю́, прицéпишь) १. खूँटी या कील आदि पर अटकाना ; टाँगना ; हुक लगाना ; (रेलगाड़ी के डिब्बों को) जोड़ना ; २. (पतलून आदि का) बकसुआ लगाना ; **—ся** (आत्म०) १. चिपट जाना ; चिमट जाना ; (-से) जुड़ जाना ; २. पीछे पड़ जाना ; किसीके दोष निकालना ; ३. прицепля́ть का कर्मवाच्य ।

прицепнóй (वि०) १. п. вагóн = прицéп ; २. (नौचालन०) बन्धनी ; रज्जु ।

причáл (पुं०) १. जहाज़ आदि को घाट पर बाँधने की क्रिया ; २. शायिका (रेल या जहाज़ में सोने की जगह) (अंग्रेज़ी—बर्थ) ; ३. (पानी के जहाज़ को बाँधकर रखने का) लोहे का रस्सा ।

причáливать (अपू०), **причáлить** (पू०) १. (घाट पर नाव आदि) बाँधना ; २. (अकर्मक) जहाज़ का घाट पर लगना ।

причáстие (नपुं०) (व्या०) **I.** कृदन्त ; **II.** ईसामसीह के स्मरणार्थ सहभोज (अंग्रेज़ी—होली कम्यूनियन) ।

причасти́ть दे० причащáть.

причáстн||ость (स्त्री०) सहभागिता ; शामिल होने की भावना ; **—ый** (वि०) १. सहभागी ; भाग लेनेवाला ; शामिल होनेवाला ; быть —ым (-में) सहभागी होना ; २. (व्या०) कृदन्त-सम्बन्धी ।

причащáть (अपू०), **причасти́ть** (पू०) (भवि० причащý, причасти́шь) (ईसाई धर्म में) सहभोज कराना ।

причём (क्रि० वि०) **I.** п. я тут ? मेरा इससे क्या सम्बन्ध है ? ; он остáлся не п. उसने व्यर्थ कष्ट उठाया ; **II.** (अ०) имéется два сосýда, п. кáждый из них содéржит 2 ли́тра молокá दो बर्तन हैं और प्रत्येक में दो लिटर दूध आता है ।

причесáть(ся) दे० причёсывать(ся).

причёска (स्त्री०) (बालों की) माँग ; बाल बनाने का ढँग ; мне нрáвится её п. मुझे उस (स्त्री/लड़की) के बाल बनाने का ढँग अच्छा लगता है ।

причёсывать (अपू०), **причеса́ть** (पू०) (भवि० причешу́, приче́шешь) कंघी करना; कंघी से बाल साफ़ करना; बाल बनाना; बाल काढ़ना; (नाई से) बाल बनवाना; **—ся** (आत्म०) १. अपने बालों में कंघी करना; २. причёсывать का कर्मवाच्य।

причи́н||а (स्त्री०) हेतु; कारण; वजह; п. и сле́дствие कारण और कार्य; по той и́ли ино́й —е किसी न किसी कारण से; бе́зо вся́кой —ы बिना किसी कारण के।

причини́ть दे० причиня́ть.

причи́нн||ость (स्त्री०) कारणत्व; **—ый** (वि०) हेतुक; कारण बतलानेवाला।

причиня́ть (अपू०), **причини́ть** (पू०) (-का) कारण बनना; п. вред हानि पहुँचाना; п. беспоко́йство चिन्ता उत्पन्न करना / कष्ट देना।

причисле́ние (नपुं०) १. जमा करने / बढ़ाने की क्रिया; २. (-में) गणन; ३. (किसी विभाग में) नियुक्ति।

причисля́ть (अपू०), **причи́слить** (पू०) १. जमा करना; बढ़ाना; २. (किसी विभाग में) नियुक्त करना; п. к воинской ча́сти सेना की टुकड़ी में नियुक्त करना; ३. (-में) गणना होना; गिना जाना।

причита́||ние (नपुं०) विलाप; **—ть** (अपू०) (-पर) विलाप करना।

причита́||ться (आत्म० अपू०) —होना; हिसाब में निकलना; за рабо́ту ему́ —ется сто рубле́й उसके काम के (एवज़ में) सौ रूबल निकलते हैं; с вас —ется три рубля́ आपके हिसाब में तीन रूबल निकलते हैं।

причмо́кивать (अपू०), **причмо́кнуть** (पू०) (ओठों से) पुचपुच का शब्द करना; п. от удово́льствия स्वाद से चटखारे लेना; п., погоняя́ ло́шадь घोड़े को तिकतिक करके हाँकना।

причт (समू०) पादरीगण।

причу́да (स्त्री०) १. सनक; वहम; बहक; तरंग; २. विचित्रता।

причу́ди||ться (आत्म० पू०) (प्रथम और मध्यम पुरुष-रूप प्रयुक्त नहीं होते) दिखायी पड़ना; लगना; (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ —лось, что उसको ऐसा लगा मानो...।

причу́длив||ость (स्त्री०) १. मौज; तरंग; २. विचित्रता; **—ый** (वि०) १. मौजी; तरंगी; वहमी; २. विचित्र।

причу́д||ник (पुं०), **—ница** (स्त्री०) सनकी; झक्की।

пришварто́вывать (अपू०), **пришвартова́ть** (पू०) (भवि० —ту́ю) (पोत, नाव को) घाट पर बाँधना; **—ся** (आत्म०) (नाव, जहाज़ आदि का) घाट पर लगना।

прише́лец (पुं०) नवागन्तुक; अजनबी।

пришепётывать (अपू०) (कभी-कभी या कुछ करते हुए) कानाफूसी करना; फुसफुसाना।

прише́ствие (नपुं०) आगमन।

пришиби́ть (पू०) १. चोट मारना; २. निरुत्साहित करना।

пришива́ние (नपुं०) सिलाई; **—а́ть** (अपू०), **приши́ть** (पू०) (भवि० пришью́, пришьёшь) १. सीना; २. приши́ть кому́-л. де́ло किसीके विरुद्ध मामला खड़ा करना।

приш||и́вка (स्त्री०) १. सिलाई; २. सिला हुआ टुकड़ा आदि; **—ивно́й** (वि०) अलग सिया हुआ; —ивно́й воротни́к अलग सिया हुआ कालर।

приши́ть दे० пришива́ть.

при́шлый (वि०) बाहर से आया हुआ; अजनबी; नवागन्तुक।

пришпи́ливать (अपू०), **пришпи́лить** (पू०) पिन लगाना।

пришпо́ри||вать (अपू०), **пришпо́рить** (पू०) (घोड़े के) एड़ लगाना; он —л коня́ उसने घोड़े के एड़ लगायी।

прищёлкивать (अपू०), **прищёлкнуть** (पू०) (उँगली) चटकाना; (चाबुक से) चट-चट का शब्द करना; (जिह्वा से) 'टिच' का शब्द करना।

прищем‖ля́ть (अपू०), **прищеми́ть** (पू०) (भवि० прищемлю́, прищеми́шь) कुचलना ; चिथलना ; पिचा लेना ; —и́ть себе́ па́лец अपनी उँगली कुचल लेना/पिचा लेना ; —и́ть па́лец две́рью किवाड़ में उँगली पिचाना ।

прищепля́ть (अपू०), **прищепи́ть** (पू०) (भवि० прищеплю́, прище́пишь) (वन०) क़लम लगाना ।

прищу́ривать (अपू०), **прищу́рить** (पू०) п. глаза́ = прищу́риваться ; **—ся** (आत्म०) (अपनी) आँखें तरेरना ।

прию́т (पुं०) आश्रय ; शरण ; पनाह ; де́тский п. अनाथालय ; роди́льный п. मातृकागृह ; найти́ п. आश्रय/पनाह ढूँढ़ना ।

приюти́ть (पू०) (भवि० приючу́, приюти́шь) आश्रय देना ; शरण देना ; पनाह देना ; **—ся** (आत्म०) शरण लेना ; पनाह लेना ।

прия́знь (स्त्री०) मित्रभाव ; सद्भावना ।

прия́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) मित्र ; **—ский** (वि०) मित्र का ; मित्रतापूर्ण ।

прия́тн‖о (क्रि० वि०) प्रीतिकर ढँग से ; अनुकूल रीति से ; **—ый** (वि०) प्रिय ; रुचिकर ; सुन्दर ; अनुकूल ; —ый вид प्रियदर्शन/सुन्दर ; —ая но́вость शुभ समाचार ।

про (अ०) १. विषय में ; बारे में ; он говори́л ему́ п. э́ту кни́гу उसने उससे इस पुस्तक के बारे में कहा था ; २. लिए ; э́то не п. вас यह आपके लिए नहीं ; □ п. себя́ अपने मन में ; он поду́мал п. себя́ उसने अपने मन में सोचा ।

про- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं ; १. 'बीच में से' अथवा 'आर-पार' का अर्थ, जैसे прострели́ть (गोली आर-पार करना) ; проруби́ть (बीच में से काट डालना) ; २. 'पास से' का अर्थ, जैसे прое́хать (पास से जाना), пробежа́ть (भागकर पास से निकल जाना) ; ३. हानि अथवा खर्च सूचित करने का अर्थ, जैसे проигра́ть (हारना) ; промота́ть (रुपया उड़ा देना अथवा फ़िज़ूल खर्च करना) ; проторго-ва́ться (व्यापार में हानि उठाना) ; ४. कार्य का किसी निश्चित समय तक जारी रहना सूचित करने का अर्थ, जैसे просиде́ть всю ночь (सारी रात बैठे रहना) ; проспа́ть до́ утра (प्रात:काल तक सोना) ; ५. कार्य की पूर्णरूपेण समाप्ति सूचित करने का अर्थ, जसे прочита́ть (पूरा पढ़ लेना) ; ६. क्रियाओं के अपूर्ण रूप का पूर्ण रूप बनाने के लिए, जैसे звуча́ть (बजना) से прозвуча́ть.

проанализи́ровать दे० анализи́ровать.

про́б‖а (स्त्री०) १. परीक्षा ; परीक्षण ; п. голосо́в स्वर-परीक्षा ; २. (परीक्षा के लिए ली गयी किसी धातु की) मात्रा ; नमूना ; ३. (बहुमूल्य धातुओं पर लगा) चिह्न ; ४. मात्रा ; मानक ; зо́лото 56-о́й —ы ६५ कैरेट सोना ।

пробавля́ться (आत्म० अपू०) (-पर) निर्वाह करना ; गुज़ारा करना ।

пробаси́ть (पू०) (пробашу́, пробаси́шь) मोटे स्वर में बोलना ।

пробе́г (पुं०) दौड़ ।

пробе́‖га́ть (अपू०), **пробежа́ть** (पू०) (भवि० пробегу́, пробежи́шь) १. (पास से, बीच में से) दौड़ जाना ; २. дрожь —жа́ла у меня́ по те́лу मेरे शरीर में भय की लहर दौड़ गयी ।

пробе́л (पुं०) १. खाली स्थान ; लोप ; छूट ; воспо́лнить —ы खाली स्थान भरना ; २. कमी ; п. в образова́нии शिक्षा की कमी ; воспо́лнить п. कमी पूरी करना ।

пробива́ть (अपू०), **проби́ть** (पू०) (भवि० пробью́, пробьёшь) छेद करना ; सुराख निकालना ; (गोली) आर-पार निकालना ; (दीवार) गिराना ; तोड़ना ; п. путь, доро́гу रास्ता खोलना ; **—ся** (आत्म०) १. (संघर्ष करके) अपना रास्ता बनाना ; बीच में से निकल जाना ; —ся сквозь толпу́ भीड़ में से अपना रास्ता बना लेना ; २. (पौधों का) फूट निकलना ; ३. пробива́ть का कर्मवाच्य ।

проби́вка (स्त्री०) छेद/सुराख करने की क्रिया ।

пробира́ть (अपू॰), **пробра́ть** (पू॰) (भवि॰ проберу́, проберёшь) १. भर्त्सना करना ; डाँटना ; झिड़की देना ; झाड़ पिलाना ; बुरा-भला कहना ; २: хо́лод пробира́л его́ उसे ठंड लग गयी ; **—ся** (आत्म॰) अपना रास्ता बनाना ; с трудо́м —ся вперёд वह कठिनाई से आगे बढ़ा ; —ся густы́м кустa̋рником उसने घनी झाड़ियों में से अपना रास्ता बनाया ; —ся на цы́почках दबे पाँव चलना / पंजों के बल चलना ।

проби́рка (स्त्री॰) (रसायनशाला में) परीक्षा करने की काँच-नली ।

проби́р||ный (वि॰) :—ое клеймо́ धातुओं को प्रामाणिक करने का चिह्न ; п. ка́мень कसौटी ; —ная пала́та बहुमूल्य धातुओं की परीक्षा करने का दफ़्तर ; **—щик** (पुं॰) बहुमूल्य धातुओं की परीक्षा करनेवाला ।

проби́ть I. दे॰ пробива́ть ; **II.** दे॰ бить.

проби́ться (आत्म॰ पू॰) १. दे॰ пробива́ться ; २. (कुछ समय के लिए) -से संघर्ष करना ।

про́бк||а (स्त्री॰) १. काग ; बोतल की डाट ; २. लकड़ी या धातु का प्लग ; ३. (यातायात का) जाम हो जाना (रुक जाना) ; ४. (बिजली का) फ़्यूज़ ; □ глуп, как п. निरा मूर्ख ; **—овый** (वि॰) काग का ; डाट का ।

пробле́м||а (स्त्री॰) समस्या ; **—ати́ческий, —ати́чный** (वि॰) समस्यात्मक ; समस्या- ।

про́блеск (पुं॰) क्षणिक ज्योति/कान्ति ; मन्द प्रभा ; किरण ; п. надёжды आशा की किरण ।

проблужда́||ть (पू॰) (रास्ता भूलकर) घूमना ; भटकना ; он —л два часа́ वह (रास्ता भूलकर) दो घंटे भटकता रहा ।

про́бный (वि॰) परीक्षा का ; п. полёт परीक्षा की उड़ान ।

про́б||овать (अपू॰), **по—** (पू॰) (—бую) १. कोशिश करना ; он —овал сде́лать э́то उसने यह करने की कोशिश की ; २. परीक्षा करना ; ३. स्वाद चखना ।

прободе́ние (नपुं॰) (चिकि॰) छिद्रण ।

пробо́ина (स्त्री॰) सुराख़ ; छिद्र ; пулева́я п. गोली का छेद ।

пробо́й (पुं॰) १. सन्धर ; शिकंजा ; २. सुराख़ ; छिद्र ।

пробо́йник (पुं॰) छिद्रक (छेद करने का पंच) ।

проболе́||ть (पू॰) (किसी ख़ास समय तक) बीमार पड़े रहना ; он —л всю зи́му वह सारी सर्दियों बीमार पड़ा रहा ।

проболта́ть (पू॰) (किसी ख़ास समय तक) बकवास करना ; गप्पें मारना ; **—ся** = проговори́ться.

пробо́р (पुं॰) (सिर के बालों की) माँग ; चीर ; он но́сит во́лосы на прямо́й п. वह सीधी माँग निकालता है ।

пробормота́ть दे॰ бормота́ть.

про́бочник (पुं॰) काग या डाट खोलने का पेच/स्क्रू ।

пробра́ть(ся) दे॰ пробира́ть(ся).

пробро́дить (पू॰) (भवि॰ проброжу́, пробро́дишь) (निरुद्देश्य) घूमना ; आवारागर्दी करना ।

пробужда́ть (अपू॰), **пробуди́ть** (पू॰) (भवि॰ пробужу́, пробу́дишь) जगाना ; उठाना ; **—ся** (आत्म॰) जागना ; उठना ।

пробужде́ние (नपुं॰) जागरण ; जागृति ।

пробура́вливать (अपू॰), **пробура́вить** (पू॰) (भवि॰ пробура́влю, пробура́вишь) छेद करना ; п. сте́ну दीवार में छेद करना ।

пробурча́ть दे॰ бурча́ть.

пробы́ть (पू॰) (भवि॰ пробу́ду, пробу́дешь) ठहरना ; रहना ; он про́был там три дня वह वहाँ तीन दिन ठहरा ।

прова́л (पुं॰) १. अध:पतन ; पतन ; गड्ढा ; २. ख़ाली जगह ; ३. असफलता ।

прова́ливать (अपू॰), **провали́ть** (पू॰) : прова́ливать кого́-л. на экза́мене (किसी-को) परीक्षा में अनुत्तीर्ण करना ; провали́ть

предложéние सुझाव न मानना ; □ проваливáй ! दफ़ा हो जा ! ; **—ся** (आत्म०) १. गिर जाना ; потолóк провали́лся छत गिर गयी ; २. अनुत्तीर्ण होना ; ३. ग़ायब होना ; नदारद होना ।

провансáль (पुं०) : капýста п. बन्दगोभी का अचार (जिसमें तेल पड़ा हो) ।

провáнск||ий (वि०) : □ —ое мáсло मीठा तेल / जैतून का तेल ।

провáривать (अपू०), **провари́ть** (पू०) अच्छी तरह उबालना ; पूरा उबालना ।

провéдать दे० провéдывать.

проведéние (नपुं०) १. (रेल की सड़क इत्यादि) बनाने/(बिजली) लगाने की क्रिया ; २. कार्यान्विति ; संचालन ; п. кампáнии आन्दोलन चलाना ; □ п. в жизнь कार्यान्वित करना ।

провéдывать (अपू०), **провéдать** (पू०) १. मालूम करना ; पता लगाना ; २. मिलने जाना ।

провезти́ दे० провози́ть.

провéивать (अपू०), **провéять** (पू०) फटकना ; पछोरना ।

провентили́ровать दे० вентили́ровать.

провéрить दे० проверя́ть.

провéрка (स्त्री०) जाँच ; पड़ताल ; п. паспортóв पारपत्रों का निरीक्षण ; п. знáний परीक्षा ; п. исполнéния किये गये काम की जाँच ।

проверну́ть दे० провёртывать.

провéрочный (वि०) जाँच करने का ; निरीक्षण करने का ।

провёртывать (अपू०), **проверну́ть, провертéть** (पू०) १. छिद्र करना ; सुराख़ करना ; २. (проверну́ть पू० के साथ) जल्दी से कर देना ।

проверя́ть (अपू०), **провéрить** (पू०) जाँच करना ; पड़ताल करना ; (-से) मिलान करना ; निरीक्षण करना ; परीक्षा करना ; п. часы́ घड़ी मिलाना ; п. свои́ си́лы अपनी शक्ति की परीक्षा लेना ; п. фами́лии по спи́ску नामों का सूची से मिलान करना ।

провести́ दे० проводи́ть.

проверя́ть दे० провéрить.

провести́ दे० проводи́ть.

провéять दे० провéивать.

провиáнт (पुं०) (केवल एकवचन) रसद ; खाद्य सामग्री ; снабжáть —ом रसद पहुँचाना ।

прови́дение (नपुं०) दूरदर्शिता ।

провидéние (नपुं०) विधि ; परमेश्वर ; दैव ।

протащи́ть दे० протáскивать.

протежé (उभ०) अभिभावित ; संरक्षित व्यक्ति ।

протежи́ровать (अपू०) (—рую) १. संरक्षण करना ; कृपा दिखाना ; २. षड्यन्त्र रचना ।

протéз (पुं०) नक़ली अंग ; कृत्रिम अंग ; зубнóй п. नक़ली दाँत ; **—ный** (वि०) : —ная мастерскáя नक़ली अंग बनाने का कारख़ाना ।

протеи́н (पुं०) (रस०) प्रोटीन ।

протекáть (अपू०), **протéчь** (पू०) (भवि० протекý, протечёшь) १. (केवल अपू०) बहना ; २. चूना ; ३. (समय) बीतना ; शीघ्र बीतना ; ४. (मुक़दमा) चलना ।

протéктор (पुं०) संरक्षक ; अभिभावक ।

протекторáт (पुं०) संरक्षित राज्य ।

протекциóнный (वि०) संरक्षण ।

протéкция (स्त्री०) संरक्षण ; हिफ़ाज़त ।

протерéть(ся) दे० протирáть(ся).

протесни́ться (आत्म० पू०) (ज़ोर लगाकर या सिकुड़कर) अपना रास्ता बना लेना ।

протéст (पुं०) विरोध ; **—овáть** (अपू०) (—тýю) (-के) प्रति विरोध प्रकट करना ।

протéчь दे० протекáть.

прóтив (अ०) १. विरुद्ध ; борóться п. чегó-л. किसी बात के विरुद्ध लड़ना ; он п. э́того वह इसके विरुद्ध है ; п. течéния प्रतिप्रवाह / बहाव के विरुद्ध ; п. вéтра प्रतिवात / वायु के विरुद्ध ; २. सामने ; дéрево п. дóма घर के सामने पेड़ ; он сел п. окнá वह खिड़की के सामने बैठ गया ; ३. विपरीत ; प्रतिकूल ; п. егó ожидáний всё сошлó хорошó उसकी आशा के विपरीत सब-कुछ ठीक हो गया ; ४. (-के) मुक़ाबले में ; рост продýкции п. прóшлого гóда पिछले साल के मुक़ावले उत्पादन में बढ़ोतरी ।

прóтивень (पुं०) कढ़ाई (तलने का लोहे का बर्तन) ।

противи́тельный (वि०) विरोधात्मक ।

проти́виться (आत्म० अपू०), **вос—** (आत्म० पू०) (भवि० проти́влюсь, проти́вишься) विरोध करना ; आपत्ति करना ; मुक़ाबला करना ।

проти́вн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) १. विरोधी ; विपक्षी ; २. शत्रु ।

проти́вн||о (क्रि० वि०) १. बुरी तरह से ; बेढंगेपन से ; он óчень п. кричи́т वह बुरी तरह से चिल्लाता है ; २. (अ०) (-के) विरुद्ध ; विरोध में ; дéйствовать п. указáниям निर्देश के विरुद्ध काम करना : **—ый** (वि०) १. विरुद्ध ; प्रतिकूल ; सामने का ; —ая сторонá प्रतिकूल दिशा ; в —ом слýчае वरन् ; —ый вéтер सामने की हवा ; २. अरुचिकर ; कुत्सित ; घृणास्पद ; खराब ।

противоалкогóльный (वि०) एलकोहल-विरोधी ; п. закóн एलकोहल-विरोधी क़ानून ।

противовéс (पुं०) प्रतिसन्तुलन ।

противогáз (पुं०) गैस-मुखावरण ; श्वासयन्त्र ; गैस-रक्षी चेहरा ।

противодéйств||ие (नपुं०) विरोध ; **—овать** (अपू०) (—вую) विरोध करना ; प्रतिकार्य करना ; जवाबी कार्यवाही करना ।

противоестéственный (वि०) अस्वाभाविक ; दूषित ।

противозакóнн||ость (स्त्री०) अवैधता ; **—ый** (वि०) अवैध ; —ый постýпок अवैध कार्य ; जुर्म ।

противозачáточн||ый (वि०) गर्भ-निरोध ; गर्भरोक ; —ое срéдство गर्भ-निरोध/गर्भरोक ओषधि ।

противолежáщий (वि०) सामने (स्थित) ; п. ýгол एकान्तर कोण ।

противообщéственный (वि०) समाज-विरोधी ।

противопоказáние (नपुं०) १. विरोधात्मक साक्ष्य ; २. विरोधी लक्षण ।

противополагáть = противопоставля́ть.

противоположéние = противопоставлéние.

противополóжн||ость (स्त्री०) भेद ; अन्तर ; उलट ; прямáя п. बिल्कुल उलट ; в п. -के विपरीत ; **—ый** (वि०) विपरीत ; प्रतिकूल ; प्रतीप ; सामने का ।

противопостáв||ить दे० противопоставля́ть ; **—лéние** (नपुं०) विरोध/अन्तर दिखाने की क्रिया ।

противопоставля́ть (अपू०), **противопостáвить** (पू०) (भवि० противопостáвлю, противопостáвишь) विरोध प्रकट करना ; अन्तर दिखाना ; असमानता दर्शाना ।

противоправи́тельственный (वि०) सरकार-विरोधी ; शासन-विरोधी ।

противоречи́в||ость (स्त्री०) विषमता ; भिन्नता ; असंगति ; विरोध ; **—ый** (वि०) विरुद्ध ; प्रतिकूल ; आत्मविरोधी ; परस्पर-विरोधी ; अन्तर्द्वन्द्वात्मक ।

противорéчи||е (नपुं०) प्रतिवाद ; खंडन ; विरोध ; дух —я विरोध-भावना ।

противорéчить (पू०) प्रतिवाद करना ; खंडन करना ; п. самомý себé अपने कथन का स्वयं प्रतिवाद करना ; п. друг дрýгу एक-दूसरे का खंडन करना ।

противосамолётный (वि०) हवामार ; वायुयान-ध्वंसक ।

противостáть दे० противостоя́ть.

противостоя́ние (नपुं०) (ज्योतिष) बाधा ।

противотáнковый (वि०) टैंक-मार ।

противостоя́ть (अपू०), **противостáть** (पू०) (भवि० противостáну, противостáнешь) अवरोध करना ; बाधा डालना ; मुक़ाबला करना ।

противочу́мный (वि०) प्लेग-रोक ; प्लेग-विरोधी ।

противоя́дие (नपुं०) विषमार ; विषघ्न ; विषहर (औषधि) ।

протирáть (अपू०), **протерéть** (पू०) (भवि० протру́, протрёшь) १. (कपड़े का) रिन जाना ; घिसकर फट जाना ; सुराख हो जाना ; २. साफ़ करना ; रगड़कर सुखाना ; ३. कद्दूकस पर कसना ; **—ся** (आत्म०) १. (कपड़े का) रिन जाना ; घिसकर फट जाना ; सुराख हो जाना ; २. протирáть का कर्मवाच्य ।

проти́ск||иваться (आत्म० अपू०), **проти́скаться** (आत्म० पू०) (ज़ोर से या सिकुड़कर) अपना रास्ता बना लेना ; п. сквозь, чéрез толпу́ भीड़ में से रास्ता बना लेना ।

проткну́ть दे० протыкáть.

протóк (पुं०) १. स्रोत ; नहर ; २. (शरीर-रचना०) वाहिनी ।

протокóл (पुं०) १. रिपोर्ट ; कार्यवाही ; вести́ п. कार्यवाही लिखना ; २. नयाचार (अंग्रेज़ी—प्रोतोकोल) ।

протоколи́ровать (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त०—рую) कार्यवाही लिखना ।

протокóльный (वि०) протокóл से वि० ; п. отдéл नयाचार-विभाग ।

протолкáться दे० протáлкиваться.

протолкну́ть(ся) दे० протáлкивать(ся).

протóн (पुं०) (भौ०) प्रोटोन ।

протопи́ть दे० протáпливать.

протоплáзма (स्त्री०) (वनस्पति तथा प्राणियों के जीवन का आधार-तत्त्व) जीविसार ; प्रोटोप्लाज़्म ।

протоптáть दे० протáптивать.

проторговáться (आत्म० पू०), (—гу́юсь) १. (व्यापार में) हानि उठाना ; २. (कुछ समय तक) सौदा करना ।

проторённый (वि०) (रास्ता) ख़ूब चलता हुआ ।

прóтори (बहु०) मुआविज़ा ; क्षतिपूर्ति ।

проторя́ть (अपू०), **протори́ть** (पू०) खोलना ; रास्ता चलाना ।

прототи́п (पुं०) प्राक्‌रूप ; मूल रूप ।

проточи́ть दे० протáчивать.

протóчн||ый (वि०) बहता हुआ ; प्रवाहमान ; —ая водá बहता हुआ पानी ।

прорáв||а (स्त्री०) (रस०) रंगस्थापक ; रंग पक्का करने के लिए प्रयुक्त पदार्थ ; **—ля́ть** (अपू०), **протрáвить** (पू०) (भवि० протравлю́, протрáвишь) रंगस्थापक लगाना ।

протрезвéть = протрезви́ться दे० протрезвля́ть(ся).

протрезвля́ть (अपू०), **протрезви́ть** (पू०) (भवि० протрезвлю́, протрезви́шь) नशा उतारना ; сон протрезви́л пья́ного नींद से शराबी का नशा उतर गया ; **—ся** (आत्म०) नशा उतरना ।

протрещáть दे० трещáть.

протруби́ть दे० труби́ть.

протури́ть (अपू०) मार भगाना ; खदेड़ देना ।

протухáть (अपू०), **протýхнуть** (पू०) गन्दा होना ; खराब होना ।

протýх||нуть दे० протухáть और тýхнуть ; **—ший** (वि०) गन्दा ; सड़ा हुआ ; खराब ।

протыкáть (अपू०), **проткну́ть** (पू०) बेधना ; आर-पार करना ; (मांस में सींक) घुसाना ; तलवार/छुरा घोंपना ।

протя́ги||вать (अपू०), **протяну́ть** (पू०) १. (रस्सी आदि बहुत दूर तक) लगाना ; फैलाना ; телефóнную ли́нию протяну́ли на мнóго киломéтров टेलीफ़ोन का तार कई मील तक

лага दिया गया ; २. आगे करना ; बढ़ाना ; प्रस्तुत करना ; п. рýку हाथ (आगे करना) बढ़ाना ; □ по одёжке —вай нóжки तेते पाँव पसारिए जेती लाँबी सौर (चादर देखकर पाँव पसारिए) ; **—ся** (आत्म०) १. (हाथ आदि का) पहुँचना ; बढ़ना ; २. (स्थान का) विस्तार होना ; ३. (समय का) बीतना ; ४. протя́гивать का कर्मवाच्य ।

протяжéни||е (नपुं०) विस्तार ; फैलाव ; दौरान ; на —и пяти́ киломéтров पाँच किलोमीटर के विस्तार में ; на —и пяти́ дней पाँच दिन में/के लिए ।

протяжённ||ость (स्त्री०) विस्तार ; लम्बाई ; **—ый** (वि०) विस्तृत ; विस्तीर्ण ; लम्बा ।

протя́жн||о (क्रि० वि०) धीरे-धीरे ; मन्द उच्चारण से ; говори́ть п. धीरे-धीरे बोलना ; **—ый** (वि०) धीमा ; मन्द उच्चारण का ।

протянýть : १. दे० протя́гивать ; २. тянýть का पूर्ण ; он ещё протя́нет वह कुछ समय और खींच जायेगा ।

проучи́||ть (पू०) **I.** दंड देना ; बुरी तरह खबर लेना ; सबक सिखाना ; **II.** (कुछ समय तक) अध्ययन करना ; (पाठ आदि) याद करना ; он —л урóки весь день वह सारा दिन अपना पाठ याद करता रहा ; **—ся** (आत्म०) पढ़ना ; अध्ययन करना ।

проýшина (स्त्री०) सुराख (जिसमें कुछ ठोका जाता है) ।

проф - профессионáльный से संक्षिप्त ।

профакти́в (профсою́зный акти́в) (पुं०) श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) के सक्रिय सदस्य ।

профáн (पुं०) अनाड़ी ; अज्ञानी ; बुद्धू ; **—áция** (स्त्री०) (अज्ञान के कारण) निन्दा करने की क्रिया ।

профбилéт (профсою́зный билéт) (पुं०) श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) का कार्ड ।

профдвижéние (профессионáльное движéние) (नपुं०) श्रमसंघ-आन्दोलन ।

профессионáл (पुं०), **—ка** (स्त्री०) व्यवसायी / व्यवसायिनी ; **—ьный** (वि०) व्यावसायिक ; व्यवसाय-सम्बन्धी ; —ьный сою́з श्रम-संघ (ट्रेड यूनियन) ।

профéссия (स्त्री०) व्यवसाय ; पेशा ; धन्धा ; какáя его́ п. वह क्या काम करता है ?

профéсс||ор (पुं०) प्राध्यापक ; **—орский** (वि०) प्राध्यापक का ; **—ýра** (स्त्री०) १. प्राध्यापक का पद ; २. प्राध्यापकगण ।

профилáкти||ка (स्त्री०) रोगरोध ; **—и́ческий** (वि०) (रोगादि) रोधक ; —и́ческое срéдство रोगरोधक औषधि ।

профилактóрий (पुं०) चिकित्सालय ; डिस्पेंसरी ।

прóфиль (पुं०) पार्श्वचित्र ; एक ओर से लिया गया चित्र या नक़्शा ।

профильтровáть (पू०) छानना ; फ़िल्टर करना ।

профком (профсою́зный комитéт) (पुं०) स्थानीय श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) समिति ।

профорганизáтор (профсою́зный организáтор) श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) का संगठनकर्ता ।

профóрма (स्त्री०) औपचारिकता ; दिखावा ; простáя п. केवल दिखावा ।

профрабóта (स्त्री०) श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) का कार्य ।

профсою́з (профессионáльный сою́з) (पुं०) श्रमसंघ ; ट्रेड यूनियन ; **—ный** (वि०) श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) का ।

профуполномочéнный : श्रमसंघ (ट्रेड यूनियन) का पूर्णाधिकारी प्रतिनिधि ।

прохáживаться (आत्म० अपू०), **пройти́сь** (आत्म० पू०) (भवि० пройдýсь, пройдёшься) टहलना ; सैर करना ; п. по кóмнате कमरे में टहलना ; □ п. на чей-л. счёт, по чьему́-л. áдресу किसीकी खिल्ली उड़ाना / मज़ाक करना ।

прохвáтывать (अपू०), **прохвати́ть** (पू०) (भवि० прохвачý, прохвáтишь) १. घुस जाना ; морóз прохвати́л до костéй पाला हड्डी-हड्डी में घुस गया ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष)

दस्त होने लगना ; ३. (समाचार-पत्र में) कड़ी आलोचना लिखना ।

прохвор||áть (पू०) (कुछ समय तक) बीमार रहना ; он —áл две недéли वह दो सप्ताह बीमार रहा ।

прохвóст (पुं०) दुरात्मा ; दुष्ट ।

прохлáд||а (स्त्री०) ठंडक ; तरावट ; तरी ; вечéрняя п. सायंकाल की ठंडक/तरी ; **—ец** (पुं०) : рабóтать с —цем मज़े में काम करना / धीरे-धीरे काम करना ; **—и́тельный** (वि०) ठंडक पहुँचानेवाला; स्फूर्तिदायी; मज़ेदार ; —и́тельный напи́ток ठंडक पहुँचानेवाला/मज़ेदार पेय; **—и́ться** दे० прохлáждаться ; **—но** (क्रि० वि०) ठंडक से ; (कर्तृ-निरपेक्ष) прохлáдно ठंड पड़ रही है ; **—ность** (स्त्री०) ठंडक ; ताज़गी ; स्फूर्ति ; नयापन ; **—ный** (वि०) ठंडा ; **—ца** (स्त्री०) рабóтать с —цей दे० прохлáдец.

прохлаждáться (आत्म० अपू०), **прохлади́ться** (आत्म० पू०) (भवि० прохлажýсь, прохлади́шься) १. ठंडा होना ; ठंडी हवा खाना ।

прохóд (पुं०) रास्ता ; □ мне от негó нет —а मैं उससे पीछा नहीं छुड़ा सकता ; не давáть —а पीछा न छोड़ना ।

проходи́мец (पुं०) दुर्जन ; दुष्ट ; बदमाश ।

проходи́м||ость (स्त्री०) (रास्ते आदि की) सुगमता ; पारगम्यता ; **—ый** (वि०) (सड़क आदि) सुगम ; पारगम्य ।

проходи́ть -I (अपू०), **пройти́** (पू०) (वर्त० прохожý, прохóдишь ; भवि० пройдý, пройдёшь) १. जाना ; (पैदल) चलना ; पार करना ; п. ми́мо पास से गुज़रना ; п. по мóсту पुल पर से गुज़रना ; дорóга прохóдит чéрез лес सड़क जंगल में से जाती है ; २. (समय) बीतना ; गुज़रना ; не прошлó ещё и гóда एक वर्ष भी न बीता था कि... ; ३. समाप्त होना ; बीत जाना ; егó болéзнь прошлá उसकी बीमारी दूर हो गयी ; лéто скóро пройдёт गर्मी शीघ्र ही बीत जायेगी ; ४. спектáкль прошёл удáчно नाटक खूब सफल रहा ; □ э́то не пройдёт इससे काम नहीं चलेगा ।

проходи́ть -II (अपू०), **пройти́** (पू०) अध्ययन करना ; п. фи́зику भौतिकी का अध्ययन करना ।

проходи́ть -III (पू०) (कुछ समय तक) चलना ; चलने में समय बिताना ।

проходн||óй (वि०) : п. двор आँगन/सहन ; —áя бýдка प्रवेश-द्वार ।

прохождéние (नपुं०) १. गुज़रने की क्रिया ; २. (गुज़रने का) रास्ता ।

прохóжий (पुं०) (वि० रू०) पथिक ; राही ।

прохрипéть दे० хрипéть.

процвет||áние (नपुं०) समृद्धि ; फलना-फूलना ; **—áть** (अपू०) फलना-फूलना ; समृद्ध होना ।

процеди́ть दे० процéживать और цеди́ть.

процедýра (स्त्री०) कार्य-पद्धति ; कार्य-विधि ।

процéживать (अपू०), **процеди́ть** (पू०) (भवि० процежý, процéдишь) (चलनी आदि में से) छानना ।

процéнт (पुं०) १. प्रतिशत ; फ़ी सदी ; оди́н п. एक प्रतिशत ; २. ब्याज ; прості́е —ы साधारण ब्याज ; слóжные —ы चक्रवृद्धि ब्याज ; **—ный** (वि०) процéнт से वि० ।

процéсс (पुं०) १. प्रक्रिया ; विधि ; पद्धति ; рабóчий п. कार्य-पद्धति ; २. (अदालत की) कार्यवाही ; मुक़दमा ; अभियोग ; □ п. в лёгких क्षयरोग ; तपेदिक ; टी० बी० ।

процéссия (स्त्री०) जलूस ।

процессуáльн||ый (वि०) : —ые нóрмы क़ानूनी कार्यवाही ।

процити́ровать दे० цити́ровать.

прочёркивать (अपू०), **прочеркнýть** (पू०) (बीच में से) रेखा खींचना ।

прочéрчивать (अपू०), **прочерти́ть**

(पू०) (भवि० прочерчу, прочертишь) (कुछ समय तक) चित्रालेखन करना ; रेखाचित्र बनाना ।

проче́сть दे० читать.

прочёт (पुं०) १. पढ़ने के लिए दी गयी पुस्तक आदि ; २. (गिनने में) ग़लती/भूल ।

про́ч||ий (वि०) अन्य ; दूसरा ; □ и —ее इत्यादि ; поми́мо всего́ —его इसके अतिरिक्त ।

прочи́стить दे० прочищать.

прочита́ть (पू०) १. दे० читать ; २. (कुछ समय तक) पढ़ते रहना ; पढ़ने में समय बिताना ; он прочита́л всю ночь वह सारी रात पढ़ता रहा ।

про́чи||ть (पू०) योजना बनाना ; семья́ —ла его́ в юри́сты परिवार ने उसे वकील बनाने की योजना बनायी ।

прочища́ть (अपू०), **прочи́стить** (पू०) (भवि० прочи́щу, прочи́стишь) साफ़ करना ; अच्छी तरह से साफ़ करना ।

про́чн||о (क्रि० वि०) दृढ़तापूर्वक ; पक्की तरह ; **—ость** (स्त्री०) दृढ़ता ; शक्ति ; स्थिरता ; (रँग का) पक्कापन ; **—ый** (वि०) स्थायी ; दृढ़ ; पक्का ; स्थिर ; बलवान ; —ый мир स्थायी शान्ति ; —ый фунда́мент पक्की नींव ; —ая кра́ска पक्का रँग ; —ый сою́з पक्का मेल ।

прочте́ни||е (नपुं०) पठन ; अवलोकन ; по —и पढ़कर ; पढ़ने के पश्चात् ।

прочу́вствовать (पू०) (—вую) बहुत महसूस करना ; हृदय की गहराई से अनुभव करना ।

прочь (क्रि० वि०) दूर ; убра́ть п. दूर हो जा ! ; прочь с доро́ги ! रास्ते से दूर हट जा ! ; п. с глаз мои́х ! मेरी आँखों से दूर हो जा !

проше́дш||ий : १. пройти́ से कृदन्त दे० проходи́ть-I ; २. गत ; पिछला ; —ей зимо́й पिछली सर्दियों में ; —ее вре́мя (व्या०) भूतकाल ; ३. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) अतीत ; भूतकाल ।

проше́ние (नपुं०) प्रार्थना-पत्र ; आवेदन-पत्र ; अर्ज़ी ; пода́ть п. प्रार्थना-पत्र देना ।

прошепта́ть दे० шепта́ть.

проше́стви||е (नपुं०) по —и बीतने पर ; по —и пяти́ лет पाँच वर्ष बीतने पर ।

прошиба́ть (अपू०), **прошиби́ть** (पू०) १. प्रहार से तोड़ देना ; кулако́м стекло́ прошиб мुक्का मारकर शीशा तोड़ दिया ; २. गहरा असर डालना ; ३. (द्रवित होकर) आँसू बह निकलना ; его́ слеза́ проши́бла उसके आँसू बह निकले ।

прошива́ть (अपू०), **проши́ть** (पू०) (भवि० прошью́, прошьёшь) १. सीना ; टाँके लगाना ; २. (टेक०) छेदना ।

проши́вка (स्त्री०) (कपड़े पर लेस, गोटा, किनारी आदि की) सिलाई ।

прошипе́ть दे० шипе́ть.

проши́ть दे० прошива́ть.

прошлого́дний (वि०) पिछले वर्ष का ; गत वर्ष का ।

про́шл||ое (नपुं०) (वि० रू०) अतीत ; बीते दिन ; далёком —ом सुदूर अतीत में / बहुत दिन पहले ।

про́шл||ый (वि०) गत ; पिछला ; बीता हुआ ; п. год पिछले वर्ष ; на —ой неде́ле पिछले सप्ताह ; де́ло —ое यह पुरानी बात है ।

прошмы́гивать (अपू०), **прошмыгну́ть** (पू०) खिसक जाना ; चुपके से निकल जाना ; आँख बचाकर निकल जाना ।

прошнуро́вывать (अपू०), **прошнурова́ть** (पू०) (भवि० —ру́ю) (बीच में से) रस्सी डालना ।

проштра́фиться (आत्म० पू०) (проштра́флюсь, проштра́фишься) भूल करना ; ग़लती करना ; चूकना ।

проштуди́ровать दे० штуди́ровать.

прошуме́||ть (पू०) (शोर करते हुए पास से) निकल जाना ; प्रसिद्धि पाना ; его́ и́мя —ло по всему́ ми́ру उसका नाम संसार भर में प्रसिद्ध हो गया ।

проща́й, —те! (विदाई का सम्बोधन) अलविदा !

проща́льн||ый (वि०) विदाई का ; —ые слова́ विदाई के शब्द ।

проща́ть (अपू०), **прости́ть** (पू०) (भवि० прощу́, прости́шь) क्षमा करना ; прости́те меня́ ! मुझे क्षमा कीजिए ! ; **—ся** (आत्म०) १. अलविदा कहना ; विदाई लेना ; २. проща́ть का कर्मवाच्य ।

про́ще простóй वि० और про́сто का तर-प्रत्ययान्त रूप ।

прощелы́га (उभ०) धूर्त ; दुष्ट ।

проще́н||ие (नपुं०) क्षमा ; проси́ть —ия क्षमा माँगना ।

прощу́пывать (अपू०), **прощу́пать** (पू०) (नब्ज़, नाड़ी आदि) देखना ।

проэкзаменова́ть(ся) दे० экзаменова́ть(ся).

прояви́тель (पुं०) (फ़ोटो-सम्बन्धी) आलोकक (अंग्रेज़ी—डेवेलपर) ।

прояви́ть(ся) दे० проявля́т(ся).

проявле́ние (नपुं०) १. प्रदर्शन ; प्रकटीकरण ; २. (फ़ोटो०) आलोकित (डेवेलप) करने की क्रिया ।

проявля́ть (अपू०), **прояви́ть** (पू०) (भवि० проявлю́, проя́вишь) १. स्पष्ट करना ; प्रकट करना ; प्रदर्शित करना ; दिखाना ; п. му́жество वीरता दिखाना ; п. ра́дость प्रसन्नता प्रकट करना ; п. интере́с दिलचस्पी दिखाना ; २. (फ़ोटो०) आलोकित (डेवेलप) करना ; □ п. себя́ (अकर्मक) अपनी योग्यता दिखाना ; **—ся** (आत्म०) १. प्रकट होना ; २. проявля́ть का कर्मवाच्य ।

проясне́ние (नपुं०) साफ़ होना ; निर्मल होना ।

проясне́||ть (पू०) (मौसम) साफ़ होना ; निर्मल होना ; не́бо —ло आकाश निर्मल हो गया ।

проясня́ться (आत्म० अपू०), **проясни́ться** (आत्म० पू०) १. (मुख) कान्तिमय होना ; चमकना ; २. (मौसम का) साफ़ होना ।

пруд (पुं०) तालाब ; जलाशय ; **—и́ть** (अपू०) (वर्त० пружу́, пруди́шь) बाँध बनाना ; □ хоть пруд пруди́, их там хоть пруд пруди́ चाहे तालाब भर लो (अर्थात् यह चीज़ वहाँ प्रचुर मात्रा में है) ।

пружи́н||а (स्त्री०) लचक ; स्प्रिंग ; **—истый** (वि०) लचकदार ; स्प्रिंगदार ; **—ить** (अपू०), **—иться** (आत्म० अपू०) लचकदार होना ; स्प्रिंगदार होना ; **—ка** (स्त्री०) (घड़ी की) कमानी (बहुत छोटा स्प्रिंग) ; **—ный** (वि०) लचकदार स्प्रिंगदार ।

руса́к (पुं०) तिलचटा ।

прусса́к (पुं०) प्रशिया-निवासी ।

пру́сский (वि०) प्रशिया देश का ।

прут (पुं०) १. शाखा ; २. छड़ी ।

пру́тик (पुं०) прут का अल्प० ।

прутко́вый (वि०) : —ое желе́зо सरिये का लोहा ।

прыга́лка (स्त्री०) (बच्चों के कूदने की) रस्सी ।

пры́гание (नपुं०) १. उछलने या कूदने की क्रिया ; २. छलाँग ।

пры́г||ать (अपू०), **пры́гнуть** (पू०) उछलना ; कूदना ; —ать с шесто́м बल्ली के सहारे कूदना ।

пры́гнуть (पू०) १. दे० пры́гать ; २. छलाँग मारना ।

прыгу́н (पुं०) उछलनेवाला ; कूदनेवाला ; छलाँग लगानेवाला ।

прыжо́к (पुं०) छलाँग ; п. с парашю́том हवाई छतरी (पैराशूट) लेकर छलाँग मारना ; п. в во́ду पानी में छलाँग मारना/ग़ोता लगाना ; п. на расстоя́ние लम्बी छलाँग ; п. на высоту́ ऊँची छलाँग ।

пры́скать (अपू०), **пры́снуть** (पू०) १. (पानी आदि) छिड़कना ; गिराना ; २. п. со́ смеху खिलखिलाकर हँस पड़ना ।

пры́скаться (आत्म० अपू०) अपने आप पर छिड़कना/छींटे देना ; एक-दूसरे पर छींटे देना ; п. духа́ми (अपने) इत्र-फुलेल लगाना ।

пры́снуть दे० пры́скать.

пры́тк||ий (वि०) क्षिप्र ; स्फूर्तिशील ; सजीव ; **—ость** (स्त्री०) क्षिप्रता ; स्फूर्तिशीलता ; सजीवता ।

прыть (स्त्री०) वेग ; तेज रफ्तार ; по всю п. पूरे वेग से ।

прыщ (पुं०) १. फुंसी ; मुहाँसा ; २. नन्हाँ-मुन्ना ; **—áвый** (वि०) फुंसीदार ; **—ва́тый** = прыщáвый.

пря́дать = **прясть -II.**

пряд||éние (नपुं०) कताई ; ручнóе п. हाथ की कताई ; **—и́льный** (वि०) कताई का ; कातने का ; —и́льная маши́на कातने की मशीन ; **—и́льщик** (पुं०), **—и́льщица** (स्त्री०) कातनेवाला/वाली ।

прядь (स्त्री०) (बालों की) लट ।

пря́жа (स्त्री०) (केवल एकवचन) सूत ; धागा ।

пря́жк||а (स्त्री०) बकसुआ ; बकलस ; застегнýть —у बकसुआ लगाना ।

пря́лка (स्त्री०) टेकुआ ; चर्खा ।

прям||áя (स्त्री०) (वि० रू०) सीधी रेखा ; расстоя́ние по —óй नाक की सीध ; **—ёхонько** (क्रि० वि०) सीधे ; नाक की सीध ; **—икóм** (क्रि० वि०) सीधे ।

пря́мо (क्रि० वि०) १. सीधे ; २. п. сказáть साफ़-साफ़ कहना ; बिना लाग-लपेट के कहना ; ३. सचमुच ; я п. поражён मैं सचमुच चकित हूँ ; ४. ठीक ; बिल्कुल ; п. противополóжно ठीक/बिल्कुल सामने ; आमने-सामने ।

прямоду́ш||ие (नपुं०) खरापन ; सीधापन ; निर्व्याजता ; **—ный** (वि०) खरा ; सीधा ; निर्व्याज ।

прям||óй (वि०) १. सीधा ; идти́ п. дорóгой सीधे रास्ते जाना ; —áя ли́ния सरल रेखा/सीधी रेखा ; п. ýгол (गणित) लम्ब/समकोण ; २. सीधा ; поéзд —óго сообщéния सीधी गाड़ी (जिसे कहीं बदलना न पड़े) ; ३. प्रत्यक्ष ; सीधा ; —ы́е вы́боры प्रत्यक्ष निर्वाचन ; п. налóг प्रत्यक्ष कर ; —áя речь प्रत्यक्ष कथन ; ४. (व्यक्ति) खरा ; सीधा ; सच्चा ; ५. सचमुच का ; वास्तविक ।

прямолинéйный (वि०) १. ऋजुरेखीय ; २. खरा ।

прямота́ (स्त्री०) खरापन ; सीधापन ; निर्व्याजता ।

прямоугóльн||ик (पुं०) (गणित) आयत ; **—ый** (वि०) आयताकार ।

пря́н||ик (पुं०) अदरक आदि की मसालेदार मीठी रोटी ; **—ичный** (वि०) अदरक आदि की मसालेदार मीठी रोटी का ; **—ость** (स्त्री०) मसाला ।

пря́ный (वि०) मसालेदार ।

прясть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० прядý, прядёшь) **I.** कातना ; **II.** п. ушáми (घोड़े का डर के मारे) कान हिलाना ।

пря́тать (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० пря́чу, пря́чешь) छिपाना ; **—ся** (आत्म०) १. छिपना ; २. пря́тать का कर्मवाच्य ।

пря́тки (बहु०) आँखमिचौनी का खेल ।

пря́ха (स्त्री०) कातनेवाला ।

псалóм (पुं०) भजन ; गीत ।

псалты́рь (स्त्री०) भजन-संग्रह ।

псáрня (स्त्री०) श्वानगृह ; कुत्तों के रखने का घर ।

псарь (पुं०) शिकारी कुत्तों की देख-भाल करनेवाला नौकर ।

псевдонаýка (स्त्री०) मिथ्या/छद्म ज्ञान ।

псевдони́м (पुं०) उपनाम ; कल्पित या बनावटी नाम ।

пси́на (स्त्री०) १. कुत्ते का मांस ; २. कुत्ते के मांस की गन्ध ; ३. (उभ०) बड़ा कुत्ता ।

пси́ный (वि०) कुत्ते का ।

психиáтр (पुं०) मानसरोग-चिकित्सक ; **—и́ческ||ий** (वि०) मानसिक रोग-सम्बन्धी ; मानसिक ; —и́ческая лечéбница मानसिक रोगों का अस्पताल ; **—и́я** (स्त्री०) मानसिक रोगों की चिकित्सा ।

психи́ческ||ий (वि०) मानसिक ; —ая болéзнь मानसिक रोग ।

психоанáлиз (पुं०) मनोविश्लेषण ।

психóз (पुं०) मानसिक अवस्था ; मानसिक रोग ।

психóлог (पुं०) मनोवैज्ञानिक ; **—óгия** (स्त्री०) मनोविज्ञान ।

психопáтия (स्त्री०) मनोविकृति ; मानसिक रोग।

психотерапи́я (स्त्री०) मनश्चिकित्सा ; रोगों की मनोवैज्ञानिक ढंग से चिकित्सा।

псóв||ый (वि०) : —ая охóта कुत्तों द्वारा शिकार।

птáшка (स्त्री०) छोटा-सा पक्षी।

птенéц (पु०) (पक्षी का) बच्चा।

пти́ца (स्त्री०) पक्षी ; пéвчая п. गानेवाला पक्षी ; перелётная п. उड़ता पक्षी।

птицевóд (पु०) पक्षिपालक ; कुक्कुटादि का पालक ; **—ство** (नपु०) पक्षिपालन ; कुक्कुटादि का पालन।

пти́чий (वि०) पक्षी का ; п. двор कुक्कुटादि का फ़ार्म।

пти́ч||ка (स्त्री०) १. пти́ца का अल्प० ; २. चिह्न ; निशान ; стáвить —и चिह्न लगाना ; **—ник** (पु०) कुक्कुटादि का फ़ार्म।

пти́чница (स्त्री०) कुक्कुटादि के फ़ार्म में काम करनेवाली स्त्री/कन्या।

пуáнт (पु०) (नाट्य-रूपक में) पाँव के अँगूठों के बल खड़ा होना।

пýблика (स्त्री०) जनता ; (नाटक-गृह में) प्रेक्षक/दर्शक।

публикáци||я (स्त्री०) १. प्रकाशन ; २. विज्ञापन ; дать —ю विज्ञापन देना।

публиковáть (अपू०), **о—** (पू०) (वर्त० —кýю) प्रकाशित करना।

публици́ст (पु०) समाजकल्याण-सम्बन्धी विषयों का लेखक।

публи́чн||о (क्रि० वि०) खुले-आम ; ऐलानिया ; खुल्लमखुल्ला ; **—ость** (स्त्री०) प्रकाशन ; विज्ञापन ; लोक-प्रचार ; **—ый** (वि०) सार्वजनिक ; जन- ; —ая библиотéка सार्वजनिक पुस्तकालय ; ☐ —ый дом वेश्यालय / चकला ; —ые торги́ नीलाम।

пýгало (नपु०) बिजूका ; धोखा (खेतों में) चिड़ियों आदि को डराने का पुतला।

пýган||ый (वि०) пугáть से कृदन्त ; ☐ —ая ворóна (и) кустá бойтся दूध का जला छाछ फूँक-फूँककर पीता है।

пугáть (अपू०), **ис—** (पू०) डराना ; धमकाना ; भयभीत करना ; **—ся** (आत्म०) डरना ; (घोड़े का) बिदकना ; он всегó пугáется वह सबसे डरता है।

пугнýть (पू०) डराना।

пугáч (पु०) १. नक़ली पिस्तौल (खिलौना) ; २. (रात को चीखनेवाला) उल्लू।

пугли́в||ость (स्त्री०) डरपोकपन ; भीरुता ; **—ый** (वि०) डरपोक ; भीरु।

пугнýть दे० пугáть.

пýговица (स्त्री०) बटन।

пýговичн||ый (वि०) बटन का ; —ое произвóдство बटन तैयार करने का काम।

пýговка (स्त्री०) छोटा बटन।

пуд (पु०) (एक रूसी तोल) = १६.३८ किलोग्राम अथवा ३६ पाउंड।

пýдель (पु०) घुँघराले बालोंवाला छोटा कुत्ता।

пýдинг (पु०) पुडिंग।

пудóвый (वि०) एक पूद (दे० пуд) का।

пýдр||а (स्त्री०) पाउडर ; बुकनी ; चूर्ण ; **—еница** (स्त्री०) पाउडर की डिबिया ; **—енный** (वि०) पाउडर लगा हुआ।

пýдрить (अपू०), **на—** (पू०) पाउडर लगाना ; बुरकना ; **—ся** (आत्म०) १. (अपने) पाउडर लगाना ; २. пýдрить का कर्मवाच्य।

пузáтый (वि०) तुन्दिल ; बड़े पेटवाला ; (मटका आदि) बड़ा।

пýзо (नपु०) (केवल एकवचन) पेट ; उदर।

пузырёк (पु०) १. (छोटी) शीशी ; २. बुलबुला।

пузы́риться (आत्म० पू०) बुलबुले उठना।

пузы́рник (पु०) (वन०) सनाय।

пузы́рь (पु०) १. बुलबुला ; २. छाला ; फफोला ; ३. हवा-भरा रबड़ का बुलबुला ; ४. (शरीर-रचना०) жёлчный п. पित्ताशय ; мочевóй п. मूत्राशय ; ५. नन्हाँ (बच्चा) ; ☐ п. со льдом बर्फ़ का थैला।

пук (पुं०) (फूलों, घास आदि का) गुच्छा ; लच्छा ।

пулемёт (पुं०) मशीनगन ; **—ный** (वि०) मशीनगन का ; **—чик** (पुं०) मशीनगन चलानेवाला ।

пульверизáция (स्त्री०) पीसने/चूरा करने की क्रिया ।

пульверизи́ровать (अपू०) (—рую) पीसना ; चूरा करना ।

пу́лька (स्त्री०) **I.** (बन्दूक की) छोटी गोली ; **II.** (ताश के खेल में) पूल ।

пу́льпа (स्त्री०) (शरीर-रचना०) गूदा ।

пульс (पुं०) नाड़ी ; नब्ज़ ; щупáть п. नब्ज़ देखना ।

пульт (पुं०) डैस्क ; (संगीत-निर्देशक की स्वरलिपि रखने का) स्टैंड ।

пу́ля (स्त्री०) (बन्दूक की) गोली ; (तोप का) गोला ।

пуля́рка (स्त्री०) मोटी मुर्गी ।

пу́ма (स्त्री०) पूमा (एक पशु) ।

пункт (पुं०) १. बिन्दु ; кульминациóнный п. उत्कर्ष / परिणति-बिन्दु ; २. केन्द्र ; स्थान ; медици́нский п. औषधालय / चिकित्सा-केन्द्र ; переговóрный п. टेलीफ़ोन-केन्द्र ; призывнóй п. (सेना०) भरती-केन्द्र ; ३. अनुच्छेद ; पैरा ; मद ; ४. (छपाई-सम्बन्धी) पाइंट ।

пункти́р (पुं०) बिन्दु-रेखा ।

пунктуáльн||о (क्रि० वि०) समय पर ; **—ость** (स्त्री०) समयपालन ; समयनिष्ठता ; **—ый** (वि०) समयनिष्ठ ; समयपालक ।

пунктуáция (स्त्री०) (व्या०) विराम-चिह्न ।

пу́нкция (स्त्री०) (चिकि०) वेध ; पंक्चर ।

пу́ночка (स्त्री०) बर्फ़ीले स्थानों में रहनेवाला एक पक्षी ।

пунсóн (पुं०) (छपाई-सम्बन्धी) पंच ।

пунцóвый (वि०) गहरे लाल रँग का ।

пунш (पुं०) पूँश (एक प्रकार की मदिरा) ।

пуп (पुं०) (शरीर-रचना०) नाभि ; नाल ।

пупáвка (वन०) एक प्रकार का शाक ।

пупови́на (स्त्री०) (शरीर-रचना०) नाल ; नार ।

пупóк (पुं०) १. = пуп ; २. (पक्षियों का) दूसरा आमाशय ।

пупы́рышек (पुं०) फुंसी ।

пургá (स्त्री०) (केवल एकवचन) बर्फ़ का तूफ़ान ।

пури́зм (पुं०) विशुद्धतावाद ।

пу́рпур (पुं०) बैंगनी रंग ।

пу́рпур||ный, —овый (वि०) बैंगनी रँग का ।

пуск (पुं०) (फ़ैक्टरी आदि के विषय में) आरम्भ या चालू होना ; (मशीन/इंजन आदि का) चालू होना ।

пускáй -I пускáть का आज्ञासूचक रूप ; **II** = пусть.

пускáть (अपू०), **пусти́ть** (पू०) (भवि० пущу́, пу́стишь) १. अनुमति देना ; (कुछ करने) देना ; п. кудá-л. कहीं जाने देना ; п. детéй гуля́ть बच्चों को सैर करने की अनुमति देना ; п. когó-л. в óтпуск किसीको छुट्टी पर जाने की अनुमति देना ; २. भीतर आने देना ; не п. भीतर मत आने दो ; не пускáйте его́ сюдá उसको यहाँ मत आने दीजिए ; ३. गतिशील करना ; (इंजन आदि) चालू करना ; п. вóду पानी छोड़ना ; п. маши́ну इंजन चालू करना ; п. змéя पतंग उड़ाना ; ४. फेंकना ; п. кáмнем в когó-л. किसी पर पत्थर फेंकना ; ५. फूटना ; п. побéги कोंपलें फूटना ; п. в ход все срéдства पूरा ज़ोर लगाना ; п. слух अफ़वाह फैलाना ; п. ко дну́ डुबोना ; п. пó миру नष्ट करना ; п. часы́ घड़ी चलाना ; п. пыль в глазá आँखों में धूल झोंकना ; **—ся** (आत्म०) १. आरम्भ करना ; करने लगना ; пусти́ться бежáть दौड़ना शुरू करना ; दौड़ने लगना ; —ся в подрóбности विस्तार में जाना ; —ся в путь यात्रा आरम्भ करना ; २. пускáть का कर्मवाच्य ।

пусковóй (वि०) चालू करने का ; आरम्भ करने का ; п. пери́од завóда फ़ैक्टरी चालू करने का समय ।

пустельгá (स्त्री०) एक प्रकार का छोटा श्येन ; बाज़ ।

пустéть (अपू०), **о—** (पू०) खाली होना ; उजड़ जाना ।

пусти́ть(ся) दे० пуска́ть(ся).

пустова́тый (वि०) १. खाली-सा ; २. (व्यक्ति) बुद्धिहीन ।

пустова́ть (अपू०) (—ту́ю) (भवन आदि का) खाली हो जाना ; (भूमि का) परती होना ।

пустоголо́вый (वि०) अल्पबुद्धि ; मूढ़ ।

пустозво́н (पुं०) गप्पी ; फ़िज़ूल बोलनेवाला आदमी ; प्रलापी ।

пуст||о́й (वि०) १. खाली ; पोला ; उजड़ा हुआ ; на п. желу́док खाली पेट ; २. (बातचीत) निरर्थक ; (व्यक्ति के विषय में) संकुचित ; तुच्छ ; —а́я болтовня́ निरर्थक बातचीत/बकवास ; ३. व्यर्थ ; —ые мечты́ हवाई क़िले ; —ые наде́жды व्यर्थ की आशाएँ ; ☐ перелива́ть из —о́го в поро́жнее निरर्थक बातचीत में समय गँवाना ; с —ы́ми рука́ми खाली हाथ ।

пустоме́ля (उभ०) गप्पी ; प्रलापी ; फ़िज़ूल बोलनेवाला आदमी/औरत ।

пустопоро́жний (वि०) रिक्त ; खाली ।

пустосло́вие (नपुं०) निरर्थक बातचीत ; वाग्विस्तार ; अनेक शब्दों का निरर्थक प्रयोग ।

пустота́ (स्त्री०) १. खालीपन ; २. (भौ०) निर्वात स्थिति ।

пустоте́лый (वि०) पोला ; खोखला ।

пу́стошь (स्त्री०) परती ज़मीन ।

пусты́нн||ик (पुं०) संन्यासी ; वीतराग ; **—ый** (वि०) मरुभूमि का ; रेगिस्तानी ।

пу́стынь (स्त्री०) तपस्या ; संन्यास ; विरक्ति ।

пусты́ня (स्त्री०) मरुभूमि ; रेगिस्तान ।

пусты́рь (पुं०) परती भूमि ।

пусты́шка (स्त्री०) १. तुच्छ मनुष्य ; २. खाली टिकट ; ३. बच्चों के चूसने की रबड़ की घुंडी ।

пусть (अ०) १. пусть он идёт उसे जाने दो ; २. п. по́здно, но я пойду́ भले ही देर हो गयी है, पर मैं जाऊँगा ज़रूर ।

пустя́||к (पुं०) मामूली बात ; तुच्छ बात ; छोटी बात ; —ки́ ! बकवास ! ; тра́тить вре́мя по —ка́м छोटी-छोटी बातों पर समय नष्ट करना ; ☐ па́ра —ко́в बच्चों का खेल/बायें हाथ का खेल ; **—ко́вый, —чный** (वि०) मामूली ; तुच्छ ।

пу́тан||ик (पुं०) फूहड़पन से काम करनेवाला ; (मामले को) उलझा देनेवाला ; **—ица** (स्त्री०) व्याकुलता ; व्यग्रता ; गड़बड़ी ; उलझन ; घबड़ाहट ; **—ый** (वि०) व्याकुल ; व्यग्र ; घबड़ाया हुआ ।

пу́тать (अपू०), **с—** (पू०) १. (धागे, रस्सी आदि को) उलझाना ; २. व्यग्र करना ; घबड़ाना ; ३. गड़बड़ी करना ; ४. (घोड़े के पाँव में) पैंकड़ा बाँधना ; ५. (केवल अपू०) मिलाना ; फँसाना ; **—ся** (आत्म०) १. घबड़ा जाना ; व्यग्र होना ; २. (-में) उलझ जाना ; फँस जाना ।

путёвка (स्त्री०) (यात्रा/सफ़र का) पास ।

путе||води́тель (पुं०) मार्गदर्शक/मार्गदर्शिका (व्यक्ति, पुस्तिका) ; गाइड ; **—во́дный** (वि०) मार्गदर्शक- ; **—во́й** (वि०) सफ़र का ; यात्रा का ।

путём (क्रि० वि०) **I.** (-के) द्वारा ; **II.** उचित ढंग से ; ठीक समय पर ; он никогда́ п. не поёст वह कभी भी समय पर भोजन नहीं करता ।

путепрово́д (पुं०) रेल (की पटरी पर से गुज़रने) का पुल ।

путеше́ств||енник (पुं०), **—енница** (स्त्री०) यात्री ; मुसाफ़िर ; **—ие** (नपुं०) १. यात्रा ; सफ़र ; २. यात्रा-वर्णन ।

путеше́ствовать (अपू०) (—ствую) यात्रा करना ; भ्रमण करना ; सफ़र करना ।

пути́на (स्त्री०) मछली पकड़ने का मौसम ।

пу́тлище (नपुं०) (घोड़े की) रकाब की पट्टी ।

пу́тни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) पथिक ; राही ।

пу́тн||ый (वि०) समझदार ; काम का ; п. челове́к काम का आदमी ; он ни на что́ —ое не годи́тся वह किसी काम का नहीं ।

путч (पुं०) (जर्मन शब्द—पूश) विद्रोह ।

пу́ты (बहु०) (घोड़े की टाँगों पर बाँधने का) पैंकड़ा ; बेड़ियाँ ।

пут||ь (पुं०) १. मार्ग ; पथ ; रास्ता ; железнодоро́жный п. रेल-पथ / रेल की पटरी ; во́дным путём जल-मार्ग से/जल द्वारा ; —и

сообще́ния संचार-साधन ; сби́ться с —и पथभ्रष्ट होना / रास्ता भूलना ; мле́чный п. आकाशगंगा (असंख्य तारों की चमकती हुई पंक्ति) ; २. यात्रा ; सफ़र ; пусти́ться в п. यात्रा आरम्भ करना ; в трёх днях —и́ तीन दिन का रास्ता/सफ़र ; по —и́ रास्ते में/जाते हुए ; обра́тном —и́ वापसी में ; счастли́вый п. ! शुभ यात्रा ! ; ३. (शरीर-रचना०) प्रणाली ; ४. साधन ; ढँग ; каки́м —ём ? कैसे ? ; ми́рным —ём शान्तिपूर्वक ; □ соврати́ть с —и́ पथभ्रष्ट करना ; друго́го, ино́го —и́ нет और कोई रास्ता नहीं ।

пуф (पुं०) १. गद्देदार स्टूल ; २. (पाउडर आदि लगाने की) गद्दी ; ३. झाँसा ।

пух (पुं०) पक्षी के कोमल पंख/पर ; मुलायम बारीक ऊन ; лебя́жий п. हंस के पर ।

пу́хленький (वि०) गोलमटोल ; फूले चेहरेवाला ।

пу́хлый (वि०) फूला हुआ ; गोलमटोल ।

пу́хнуть (अपू०) सूजा हुआ ; फूला हुआ ।

пухови́к (पुं०) (परों से भरी पलँग पर बिछाने की) बिछौनी ।

пухо́вка (स्त्री०) (पाउडर लगाने की) गद्दी ।

пухо́вый (वि०) रुएँदार ; कोमल ।

пучи́на (स्त्री०) भँवर ; भँवरजाल ।

пу́чить (अपू०) सूजना ; फूलना ।

пу́чность (स्त्री०) (भौ०) प्रस्पन्द बिन्दु ।

пучо́к (पुं०) १. пук का अल्प० ; २. (छोटा) गुच्छा ; लच्छी ; आँटी ; п. цвето́в फूलों का गुच्छा ; п. воло́с बालों की लट ।

пу́шеч||ный (वि०) तोप का ; □ —ое мя́со तोप की बलि ।

пуши́нка (स्त्री०) रुआँ ।

пуши́стый (वि०) रुएँदार ।

пу́шка (स्त्री०) तोप ; противота́нковая п. टैंकमार तोप ।

пушка́рь (पुं०) तोपची ।

пушн||и́на (स्त्री०) (समू०) पोस्तीन का सामान ; **—о́й** (वि०) पोस्तीनवाला ; पोस्तीन का ; п. зверь पोस्तीनवाला जन्तु ; п про́мысел पोस्तीन का व्यापार ।

пу́ща (स्त्री०) बीहड़ वन ; घना जंगल ।

пу́ще (क्रि० वि०) (-से) अधिक ; он бои́тся его́ п. сме́рти वह मृत्यु से भी अधिक उससे डरता है ; п. всего́ सबसे अधिक ।

пу́щ||ий (वि०) अधिक ; для —ей ва́жности अधिक महत्ता के लिए ।

пчела́ (स्त्री०) मधुमक्खी ।

пчели́ный (वि०) मधुमक्खी का ; п. у́лей मधुमक्खियों का छत्ता ।

пчелово́д (पुं०) मधुमक्खी-पालक ; **—ство** (नपुं०) मधुमक्खी-पालन ।

пче́льник (पुं०) मधुमक्खियों के पालने का स्थान ।

пшени́||ца (स्त्री०) गेहूँ ; **—чный** (वि०) गेहूँ का ; —чный хлеб गेहूँ की रोटी ।

пшено́ (नपुं०) जुआर, बाजरा आदि ।

пшённ||ик (पुं०) जुआर/बाजरे का पुडिंग ; **—ый** (वि०) जुआर/बाजरे का ।

пыж (पुं०) तल्पी ; बन्दूक की डाट (मुलायम पदार्थ का पिंड या नमदे की टिकिया जिससे बन्दूक में बारूद आदि सुरक्षित रखते हैं) (अंग्रेजी—वैड) ।

пы́житься (आत्म० अपू०), **на—** (आत्म० पू०) १. फूल जाना ; अकड़ना ; २. पूरा ज़ोर लगाना ।

пыл (पुं०) उत्ताप ; उत्कटता ; उत्साह

пыла́ть (अपू०) जलना ; प्रज्वलित होना ; भभक उठना ; п. гне́вом क्रोध से भभक उठना ।

пыленепроница́емый (वि०) धूलिसह ।

пыли́нка (स्त्री०) धूलि-कण ।

пыли́ть (अपू०), **на—** (पू०) धूल उड़ाना ; गर्द उड़ाना ।

пы́лкий (वि०) उत्कट ; प्रचंड ; उत्साही ।

пы́лкость (स्त्री०) उत्कटता ; प्रचंडता ; उत्साह ।

пыль (स्त्री०) धूल ; गर्द ; (पानी का) छींटा ।

пы́льник (पुं०) १. फूल का परागकेशरवाला भाग ; २. (धूल से बचने के लिए पहना जानेवाला) कोट ।

пы́льн||о (कर्तृ-निरपेक्ष) п. बड़ी गर्द है ; धूल उड़ रही है ; **—ый** (वि०) गर्दवाला ।

пыльца́ (स्त्री०) पराग ; पुष्परज ।

пырну́ть (पू०) घोंपना ; п. ножо́м छुरा घोंपना ।

пыта́ть (अपू०) १. यातना देना ; सन्ताप देना ; २. परखना ; п. сча́стья भाग्य आजमाना ; **—ся** (आत्म०) प्रयास करना ; कोशिश करना ।

пы́тк||а (स्त्री०) उत्पीड़न ; यातना ; подверга́ть —е यातना देना ।

пытли́вый (वि०) जिज्ञासु ; उत्सुक ; п. ум जिज्ञासु मन ।

пы́хать (अपू०), **пы́хнуть** (पू०) (वर्त० пышу́, пы́шешь) ज्वाला का निकलना ; он пы́шет здоро́вьем वह स्वास्थ्य की मूर्ति है ; от пе́чки пы́шет (жа́ром) अँगीठी भभक रही है ।

пыхте́ть (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० пыхчу́ пыхти́шь) साँस फूलना ; हाँफना ।

пы́шн||ость (स्त्री०) भव्यता ; ठाठ-बाट ; तड़क-भड़क ; शान ; **—ый** (वि०) १. भव्य ; ठाठ-बाट का ; शानदार ; २. प्रचुर ; अति समृद्ध ; ३. (वस्त्र, ऊन आदि) रुएँदार ; नर्म ।

пьедеста́л (पुं०) चौकी ; खम्भे या मूर्ति का आधार ।

пье́са (स्त्री०) १. नाटक ; २. संगीत-कृति ।

пьяне́ть (अपू०), **о—** (पू०) १. नशे में आना ; नशा चढ़ना ; я пьяне́ю от одно́й рю́мки मुझे एक प्याले से ही नशा चढ़ जाता है ; २. मस्त होना ; खो जाना ; п. от му́зыки संगीत में खो जाना ।

пьяни́ть (अपू०), **о—** (पू०) नशा चढ़ाना ; मस्त करना ।

пья́н||ица (उभ०) पियक्कड़ ; शराबी ; नशेबाज ; **—ка** (स्त्री०) मद्योत्सव ; **—ство** (नपुं०) मद्य-व्यसन ; **—ствова́ть** (अपू०) (वर्त० —ствую) अतिपान ; अधिक नशा करना ; **—чу́га, —чу́жка** (पुं०) पियक्कड़ ; मदोन्मत्त ; मस्त ; **—ый** (वि०) मदोन्मत्त ; नशे में ।

пюпи́тр (पुं०) (स्वर-लिपि अथवा पुस्तक आदि रखने का) स्टैंड ।

пяд||ь (स्त्री०) बालिश्त ; □ ни —и सुई की नोक के बराबर भी नहीं ।

пя́лить (अपू०) कसकर खींचना/फैलाना ; п. глаза́ (на) आँखें फाड़-फाड़कर देखना ; घूरना ।

пя́льцы (बहु०) कशीदा काढ़ने का फ्रेम ।

пясть (स्त्री०) (शरीर-रचना०) हथेली ।

пята́ (स्त्री०) १. एड़ी ; □ по пята́м पद-चिह्नों पर ।

пята́к (पुं०) पाँच कौपे का सिक्का ।

пятачо́к (पुं०) १. = пята́к ; २. (सूअर का) थूथुन ।

пятёрка (स्त्री०) १. पंचा ; २. पाँच रूबल का नोट ।

пятерно́й (वि०) १. पाँच गुना ; २. पाँच भागों का ।

пятерня́ (स्त्री०) पंजा ; पाँचों उँगलियाँ ।

пя́теро (नपुं०) पाँच ; нас бы́ло п. ; हम पाँच थे ।

пяти- पंच- ; शब्द-विन्यास में पाँच का अर्थ देनेवाला उपसर्ग ; пятидне́вный पाँच दिन का ।

пятиалты́нный (पुं०) (वि० रू०) पन्द्रह कौपे का सिक्का ।

пятигра́нник (पुं०) पंचभुज ।

пятидесятиле́тний (वि०) पचासवर्षीय ।

пятидеся́тый (वि०) पचासवाँ ।

пятидне́вка (स्त्री०) पाँच दिन का समय ।

пятиконе́чный (वि०) पंचभुजी ।

пятикра́тный (वि०) पाँच तहोंवाला ।

пятиле́т||ие (नपुं०) पाँच वर्ष की अवधि ; **—ка** (स्त्री०) पंचवर्षीय योजना ; **—ний** (वि०) पंचवर्षीय ; —ний план = пятиле́тка ; —ний ребёнок पाँच वर्ष का बच्चा ।

пятиме́сячный (वि०) पाँच मास का ।

пятирублёвка (स्त्री०) पाँच रूबल का नोट ।

пятисо́тый (वि०) पाँचसौवाँ ।

пятиты́сячный (वि०) पाँच हज़ारवाँ ।

пя́титься (आत्म० अपू०), **по—** (आत्म० पू०) (वर्त० пя́чусь, пя́тишься) पीछे हटना ।

пятиуго́льн||ик (पुं०) पंचकोण ; पंचभुज ; **—ый** (वि०) पंचभुजी ; पांच भुजाओं का ।

пятиэта́жный (वि०) पँचमहला ; पाँच मंज़िल का (मकान) ।

пя́тк||а (स्त्री०) एड़ी ; □ лиза́ть кому́-л. —и किसीके जूते चाटना/चापलूसी करना ; от головы́ до пя́ток सिर से पाँव तक ; удира́ть так что —и сверка́ют दुम दबाकर भागना ।

пятнадцатиле́тний (वि०) पन्द्रहवर्षीय ।

пятна́дцат||ый (वि०) पन्द्रहवाँ ; —ое февраля́ पन्द्रह फ़रवरी ।

пятна́дцать (स्त्री०) पन्द्रह ।

пятн||а́ть (अपू०) धब्बे डालना ; दाग़ लगाना ; **—а́шки** (बहु०) गेंदतड़ी (बच्चों का एक खेल जिसमें भागते हुए खिलाड़ी के गेंद मारी जाती है अथवा उसे छुआ जाता है) ; **—и́стый** (वि०) धब्बेदार ; चितकबरा ।

пя́тница (स्त्री०) शुक्रवार ; □ у него́ семь пя́тниц на неде́ле वह सदा अपना इरादा बदलता रहता है ।

пятно́ (नपुं०) धब्बा ; दाग़ ; लांछन ; роди́мое п. तिल / मस्सा ; выводи́ть пя́тна धब्बे हटाना ; э́то п. на его́ репута́ции यह उसकी कीर्ति पर लांछन है ।

пято́к (पुं०) पंचा ; п. я́блок सेबों का पंचा (पाँच सेब) ।

пя́тый (वि०) पाँचवाँ ; п. но́мер पाँचवाँ नम्बर ।

пять (गिनती) पाँच ।

пятьдеся́т (गिनती) पचास ।

пятьсо́т (गिनती) पाँच सौ ।

Р

раб (पुं०) दास ; गुलाम ।

раба́ (स्त्री०) दासी ; गुलाम औरत ।

рабовлад||е́лец (पुं०), **—е́лица** (स्त्री०) स्वामी/स्वामिनी ; दास रखनेवाला/वाली ; गुलाम रखनेवाला / वाली ; **—е́льческий** (वि०) दासप्रथा-सम्बन्धी ।

рабовладе́ние (नपुं०) दास-प्रथा ।

раболе́пие = раболе́пство.

раболе́пный (वि०) दासवृत्ति का ; नीच ; चापलूस ।

раболе́пство (नपुं०) दासता; गुलामी; चापलूसी ।

раболе́пствовать (अपू०) (—ствую) चापलूसी करना ; दासवृत्ति दिखाना ।

рабо́т||а (स्त्री०) १. कार्य ; काम ; क्रिया ; лёгкая р. सहज काम ; тру́дная р. कठिन काम ; обще́ственная р. समाज-कार्य ; сельскохозя́йственные —ы कृषि-कर्म / खेती ; иска́ть —у काम ढूंढना ; быть без —ы, не име́ть —ы बेकार होना ; пи́сьменная р. लिखाई का काम ; дома́шняя р. घर का काम ; २. (बहु०) ка́торжные —ы (क़ैदी के लिए) कठोर काम ।

рабо́та||ть (अपू०) १. काम करना ; р. по на́йму भाड़े पर काम करना ; р. усе́рдно उत्साह से काम करना / परिश्रम करना ; р. вёслами चप्पू चलाना ; २. (किसी संस्था आदि का) खुला रहना ; библиоте́ка —ет до 5 часо́в पुस्तकालय पाँच बजे तक खुला रहता है ; **—ться** (आत्म०) (कर्तृ-निरपेक्ष) сего́дня хорошо́ —ется आज काम ठीक हो रहा है ।

рабо́тник (पुं०) श्रमिक ; कर्मचारी ; कार्यकर्ता ; нау́чный р. वैज्ञानिक कार्यकर्ता ; парти́йный р. दल का कार्यकर्ता ।

рабо́тница (स्त्री०) काम करनेवाली ; कार्यकर्त्री ; до́ма́шняя р. (घरेलू) नौकरानी ।

работода́тель (पुं०) काम देनेवाला ; मालिक ।

работоргóвля (स्त्री०) दास-व्यापार ; दास खरीदने तथा बेचने का व्यवसाय ।

работоспосо́бн||ость (स्त्री०) कार्य-क्षमता ; कुशलता ; **—ый** (वि०) कार्यक्षम ; कुशल ।

работя́||га (उभ०) परिश्रमी व्यक्ति ; **—щий** (वि०) परिश्रमी ।

рабо́ч||ий (पुं०) (वि० रू०) १. श्रमिक ; मजदूर ; (वि०) श्रमिक का ; मजदूर का ; р. класс श्रमिक-वर्ग ; —ее движе́ние श्रमिक-आन्दोलन ; २. कामगार ; कमेरा ; р. муравéй कमेरी चींटी ; р. скот भारवाही पशु ; —ая пчёла कमेरी मधुमक्खी ; ३. рабо́та से वि० ; —ее вре́мя काम का समय ; —ее пла́тье काम करते समय पहने जानेवाले कपड़े ; ४. (टेक०) —ее колесо́ चालक-चक्र ; ☐ —ая си́ла जनबल/जनशक्ति ।

рабск||ий (वि०) १. दास- ; р. труд दास-श्रम ; २. दासोचित ; दास-सदृश ; —ое подража́ние दासोचित अनुकरण ।

ра́бств||о (नपुं०) दासत्व ; दासता ; गुलामी ; отме́на —а दासता-उन्मूलन/समापन ।

рабфа́к (पुं०) (рабо́чий факульте́т) श्रमिकों का उच्च शिक्षालय ।

рабы́ня (स्त्री०) दासी ; गुलाम औरत ।

равви́н (पुं०) यहूदी धर्माधिकारी ।

равели́н (पुं०) क़िले का बाहरी भाग ।

ра́венств||о (नपुं०) समता ; समानता ; р. голосо́в मतों की समानता ; знак —а गणित में 'बराबर है' का चिह्न (=) ।

равне́ние (नपुं०) १. सिधाई ; समरेखण ; २. समान करने की क्रिया ।

равни́н||а (स्त्री०) मैदान ; **—ный** (वि०) मैदान का ; р. жи́тель मैदान का निवासी ।

равно́ -I (कर्तृ-निरपेक्ष) всё р. एक ही बात है ; ☐ всё р. फिर भी ; он всё р. придёт फिर भी वह आयेगा ; **II.** (क्रि० वि०) १. समान ;

समान रूप से ; एक-सा ; он поступа́ет р. со всéми वह सबसे समान व्यवहार करता है / वह सबसे एक-सा बर्ताव करता है ; २. а равно́ и और... भी ; он ду́мает о Си́те, а равно́ и о Ка́мле वह सीता और कमला दोनों के बारे में सोचता रहता है ; равно́ как (и) (नकारात्मक वाक्य के पश्चात्) он от вас ничего́ не тре́бует, равно́ как и от ва́шего бра́та वह न तो आपसे कुछ माँगता है और न आपके भाई से ही।

равнобе́дренный (वि०) (गणित) समद्विबाहु ; р. треуго́льник समद्विबाहु त्रिभुज/त्रिकोण ।

равновели́к||ий (वि०) समपरिमाण ; (गणित) समतुल्य ; —ие пло́щади समतुल्य क्षेत्रफल ; —ие треуго́льники समतुल्य त्रिभुज/त्रिकोण ।

равнове́сие (नपुं०) सन्तुलन ; полити́ческое р. (राजनीतिक) शक्ति सन्तुलन ।

равноде́йствующая (स्त्री०) (वि० रू०) (गणित और भौ०) परिणामित/फलित (शक्ति) ।

равноде́нственный (वि०) (ज्योतिष) विषुवीय ; दिन तथा रात बराबर होनेवाले दिन का ।

равноде́нствие (नपुं०) विषुवीय (२१ मार्च तथा २३ सितम्बर जब दिन और रात बराबर होते हैं) ।

равноду́ш||ие (नपुं०) उपेक्षा-भाव ; उदासीनता ; **—но** (क्रि० वि०) उपेक्षा-भाव से ; उदासीनता से ; **—ый** (वि०) अन्यमनस्क ; उदासीन ; निरपेक्ष ।

равнозна́ч||ащий, —ный (वि०) समान ; बराबर ; समतुल्य ।

равноме́рн||о (क्रि० वि०) एकरूपता से ; **—ость** (स्त्री०) एकरूपता ; **—ый** (वि०) एकरूप ; एकसार ; समान ।

равнопра́в||ие (नपुं०) अधिकारों की समानता ; по́лное р. अधिकारों की पूर्ण समानता ; **—ный** (वि०) समाधिकारी ; समान अधिकारोंवाला ।

равноси́льный (वि०) सम ।

равносторо́нний (वि०) (गणित) समबाहु ; р. треуго́льник समबाहु त्रिभुज/त्रिकोण ।

равноце́нный (वि०) समान मूल्य का ।

ра́вн||ый (वि०) समान ; बराबर ; —ое коли́чество समान परिमाण ; —ой длины́ बराबर लम्बाई का ।

равня́||ть (अपू०), **с—** (पू०) १. समान करना ; बराबर करना ; तुल्य करना ; **—ся** (आत्म०) १. बराबर होना ; समतुल्य होना ; никто́ не мо́жет —ся с ним उसकी कोई बराबरी नहीं कर सकता ; два́жды три —ется ше́сти दो गुणा तीन, बराबर है छह (२×३=६) ; २. равня́ть का कर्मवाच्य ।

рад (विधेय) प्रसन्न ; он р. वह प्रसन्न है ; р. вас ви́деть आपसे मिलकर बड़ी प्रसन्नता हुई ।

ра́да (स्त्री०) यूक्रेन की विधान-सभा ।

раде́ние (नपुं०) १. उत्साह ; जोश ; २. (धार्मिक) उत्सव ।

раде́ть (अपू०), **по—** (पू०) १. किसीकी देख-भाल करने में सहायता देना ; उत्साह दिखाना ; २. (धार्मिक) उत्सव मनाना ।

ра́джа (पुं०) राजा ।

ра́ди (अ०) खातिर ; वास्ते ; -के लिए ; р. него́ उसकी खातिर/उसके लिए ; чего́ р. किसके लिए/क्यों ? ; □ р. бо́га ! ईश्वर के लिए !

радиа́льн||ый (वि०) (भौ०) किरणाभ ।

радиа́||тор (पुं०) (भौ०) विकिरक ; रेडियेटर ; **—ция** (स्त्री०) (भौ०) विकिरण ।

ра́дий (पुं०) (रस०) रेडियम ।

радика́л (पुं०) **I.** (गणित) करणी ; (रस०) मूलक ; **II.** (राजनीतिक) आमूल परिवर्तनवादी ।

радика́льн||ость (स्त्री०) १. (राजनीति) आमूल परिवर्तनवाद ; २. (चिकित्सा आदि की) प्रभाविता ; **—ый** (वि०) १. (राजनीति) उग्र ; आमूल परिवर्तनवादी ; २. आमूल- ; —ые измене́ния आमूल परिवर्तन ; —ые ме́ры उग्र कार्यवाही/कड़ी कार्यवाही ।

ра́дио (नपुं०) रेडियो ; передава́ть по р. रेडियो द्वारा प्रसारित करना ।

радиоакти́вн||ость (स्त्री०) रेडियमधर्मिता ; विकिरणशीलता ; **—ый** (वि०) रेडियमधर्मी ; विकिरणशील ।

радио||аппара́т (पुं०) रेडियो-सैट ; **—веща́ние** (नपुं०) (रेडियो द्वारा) प्रसारण ; **—гра́мма** (स्त्री०), **—донесе́ние** (नपुं०) रेडियोग्राम ; रेडियो-तार ; **—нау́шники** (बहु०) कर्ण-ध्वनक ; रेडियो कनटोपी (अंग्रेज़ी—ईअरफ़ोन) ; **—обору́дование** (नपुं०) रेडियो का साज़-सामान ; **—переда́тчик** (पुं०) रेडियो-प्रेषी ; रेडियो-प्रेषित्र ; **—переда́ча** (स्त्री०) रेडियो-प्रसारण ; **—приёмник** (पुं०) रेडियो-सैट ; **—сигна́л** (पुं०) रेडियो-सन्देश ; बेतार-सन्देश ; **—слу́шатель** (पुं०) रेडियो-श्रोता ; रेडियो सुननेवाला ; **—ста́нция** (स्त्री०) आकाशवाणी-केन्द्र, रेडियो स्टेशन ; **—терапи́я** (स्त्री०) रेडियम-चिकित्सा ; **—те́хник** (पुं०) रेडियो-मिस्त्री ।

радиоустано́вка (स्त्री०) रेडियो-सैट ।

радиофици́ровать (अपू० और पू०) (—рую) रेडियो की व्यवस्था करना ।

радиоце́нтр (पुं०) रेडियो-केन्द्र ।

ради́ст (पुं०) रेडियो-परिचालक ।

ра́диус (पुं०) त्रिज्या ; व्यासार्ध ।

ра́довать (अपू०), **об—, по—** (पू०) (—дую) प्रसन्न करना ; э́то его́ о́чень ра́дует इससे वह बहुत प्रसन्न होगा ; **—ся** (आत्म०) १. प्रसन्न होना ; २. (пора́доваться पू० के साथ) खुशी मनाना ; душа́ ра́дуется मन हर्ष से भर उठता है ।

ра́достн||ый (वि०) प्रसन्नता का ; हर्षजनक ; प्रसन्नतापूर्ण ; р. крик हर्षध्वनि / किलकारी ; —ое изве́стие हर्षजनक समाचार/खुशखबरी ।

ра́дост||ь (स्त्री०) प्रसन्नता ; हर्ष ; с —ю प्रसन्नतापूर्वक ।

ра́дуга (स्त्री०) इन्द्रधनुष ।

ра́дужн||о (क्रि० वि०) प्रसन्नतापूर्वक ; आनन्द से ; **—ый** (वि०) १. दुग्धाभ ; इन्द्रधनुषी रँग का ; रंगबिरंगा ; २. आनन्दपूर्ण ; —ые надёжды रंगीन आशाएँ ; □ —ая оболо́чка आँख की पुतली (अंग्रेज़ी—आइरिस) ।

раду́ш||ие (नपुं०) मित्र-भाव ; सौजन्य ; **—но** (क्रि० वि०) मित्र-भाव से ; **—ный** (वि०) हार्दिक ; मित्रतापूर्ण ; р. приём हार्दिक स्वागत ।

раёк (पुं०) (थियेटर की) गैलरी ; वीथि ।

раж (पुं०) क्रोध ; क्रोधावेश ; приходи́ть в р. क्रोध में आना ।

раз (पुं०) **I.** १. बार ; на э́тот р. इस बार ; во второ́й р. दूसरी बार ; в сле́дующий р. अगली बार ; ещё р. एक बार और ; в после́дний р. अन्तिम बार ; р. в день दिन में एक बार ; вся́кий р. हर बार ; мно́го р. बहुत बार ; ни —у एक बार भी नहीं ; не р. कई बार ; २. (गिनती आरम्भ करते समय) एक ; раз, два, три एक, दो, तीन ; как раз बिल्कुल ठीक ; **II.** (क्रि० वि०) एक बार ; **III.** (अ०) क्योंकि ; р. он не пойдёт, они́ оста́нутся здесь वे यहीं ठहरेंगे क्योंकि वह नहीं जा रहा है ।

раз- (разо-, разъ-, рас-) (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते हैं ; १. अंशों में विभाजित या टुकड़े-टुकड़े हो जाने का अर्थ, जैसे разби́ть (तोड़कर टुकड़े-टुकड़े कर देना) ; २. दो शाखाओं में विभाजित करने का अर्थ ; जैसे распахну́ть две́ри (किवाड़ खोल देना) ; раздви́нуть врозь ноги́ (टाँगें चौड़ी करना) ; ३. भागों अथवा स्थानों के अनुसार बाँटना, जैसे разда́ть (बाँटना) ; расстави́ть часовы́х (विभिन्न स्थानों पर सन्तरी नियुक्त करना); ४. —ся (—сь) में अन्त होनेवाली क्रियाओं में गति सूचित करने का अर्थ, जैसे разбежа́ться (विभिन्न दिशाओं में भागना) ; разойти́сь (विभिन्न दिशाओं में जाना); ५. क्रिया या स्थिति की चरम सीमा सूचित करने का अर्थ, जैसे расста́ять बिल्कुल पिघल जाना ; ६. क्रिया के किसी वस्तु के सारे ऊपरी हिस्से पर होने का अर्थ, जैसे разма́зать (सारा पोत डालना) ; ७. क्रिया की पूर्ण समाप्ति अथवा 'छोड़ देना' का अर्थ ; जैसे разлюби́ть (प्रेम करना छोड़ देना) ;

८. क्रियाओं के अपूर्ण रूप को पूर्ण रूप बनाने के लिए, जैसे будить (जगाना) से разбудить.

разбавля́ть (अपू०), **разба́вить** (पू०) (भवि० разба́влю, разба́вишь) तनूकरण; पतला करना; р. водо́й पानी मिलाना / पनीला करना; р. молоко́ दूध को पनीला करना।

разбаза́ривать (अपू०), **разбаза́рить** (पू०) अपव्यय करना; धन बहाना।

разба́ливаться (आत्म० अपू०), **разболе́ться** (आत्म० पू०) १. (केवल पू०) (मनुष्य का) बीमार पड़ना; रोगग्रस्त होना २. (अंगों में) (बहुत देर तक या सख्त) पीड़ा होना; दर्द होना; (у меня́) рука́ разболе́лась मेरे हाथ में सख्त दर्द है।

разба́лтывать (अपू०), **разболта́ть** (पू०) I. (घोलने के लिए) हिलाना; II. बक देना; (भेद) खोल देना; р. секре́т भेद खोलना; **—ся** (आत्म०) १. (पेंच आदि का) ढीला हो जाना; हिल जाना; (मनुष्य का) हाथ से निकल जाना; २. (हिलाने से) घुल जाना; мука́ хорошо́ разболта́лась в воде́ आटा पानी में अच्छी तरह घुल गया है/मिल गया है।

разбе́г (पुं०) दौड़; перескочи́ть ров с —у दौड़कर खाई पर से कूद जाना; прыжо́к с —а दौड़कर लगायी हुई छलाँग।

разбе́гаться -I (आत्म० पू०) इधर-उधर भाग-दौड़ करना।

разбе||га́ться -II (आत्म० अपू०), **разбежа́ться** (आत्म० पू०) (भवि० разбегу́сь, разбежи́шься) (भागकर) इधर-उधर बिखर जाना; □ у него́ глаза́ —жа́лись उसकी आँखें चौंधिया गयीं।

разбежа́ться (आत्म० पू०) (разбегу́сь, разбежи́шься) १. दे० разбега́ться; २. (कूदने आदि के लिए) दौड़ना।

разбереди́ть दे० береди́ть.

разбива́ть (अपू०), **разби́ть** (पू०) (भवि० разобью́, разобьёшь) १. तोड़ना; р. ча́шку प्याला तोड़ना; २. बाँटना; अलग-अलग करना; р. на гру́ппы मंडलियाँ बनाना; ३. सीमा निर्धारित करना; रूपरेखा तैयार करना; ४. खेमा गाड़ना; ५. हराना; ६. बुरी तरह घायल करना; р. го́лову सिर तोड़ना / सिर को बुरी तरह क्षत-विक्षत करना; ७. (छपाई-सम्बन्धी) टाइप के बीच जगह छोड़ना; अन्तर्पंक्ति छोड़ना; он разби́т параличо́м उसको लकवा मार गया है; **—ся** (आत्म०) १. टूटना; २. बँट जाना; ३. घायल होना; ४. разбива́ть का कर्मवाच्य।

разби́вка (स्त्री०) १. रूपरेखा तैयार करने या निशान लगाकर सीमा निर्धारित करने की क्रिया; (छपाई-सम्बन्धी) अन्तर्पंक्ति देना/छोड़ना।

разбинто́вывать (अपू०), **разбинтова́ть** (पू०) (भवि० —ту́ю) (घाव पर बँधी) पट्टी उतारना; **—ся** (आत्म०) १. पट्टी उतर जाना; рука́ разбинтова́лась हाथ की पट्टी उतर गयी; २. разбинто́вывать का कर्मवाच्य।

разбира́тельство (नपुं) न्याय-विचार; पड़ताल।

разбир||а́ть (अपू०), **разобра́ть** (पू०) (भवि० разберу́, разберёшь) १. ले लेना; खरीद लेना; все кни́ги разобра́ли सब पुस्तकें ले ली गयीं/बिक गयीं; २. (मशीन को खोलकर) पुर्जे अलग करना; (दीवार आदि को) गिराना; ३. चुनना; बीनना; ४. (मामले की) पड़ताल करना; ५. (व्या०) पदच्छेद करना; खंड करना; ६. (लिखे को) पढ़ने का प्रयास करना; समझना; разбира́л, но не мог разобра́ть पढ़ने / समझने का प्रयास किया परन्तु व्यर्थ; он не разобра́л его́ вопро́са वह उसका प्रश्न न समझ सका; ७. (-से) विभोर होना; (-के) वशीभूत होना; его́ разбира́ли сомне́ния वह सन्देह से अभिभूत हो गया; ८. (केवल अपू०) दुस्तोष होना; **—ся** (आत्म०) १. माल खोलना; गट्ठर खोलना; брать не —ая बिना छाँटे लेना; २. पड़ताल करना; परीक्षण करना; समझ लेना; ३. разбира́ть का कर्मवाच्य।

разбитно́й (वि०) हँसमुख ; रसिक ; р. ма́лый रसिक ।

разби́т||ый разби́ть से कृदन्त : टूटा हुआ ; чу́вствовать себя́ —ым अपने आपको टूटा-टूटा महसूस करना ।

разби́ть(ся) दे० разбива́ть(ся).

разбла́говестить दे० бла́говестить.

разбогате́ть दे० богате́ть.

разбо́й (पु०) डकैती ; दस्यु-कर्म ; **—ник** (पु०) डाकू ; दस्यु ।

разбо́йнич||ать (अपू०) डाके डालना ; **—еский** (वि०) разбо́йник से वि० ; डाकू का ; —еское нападе́ние डाकुओं का हमला ; **—ий** (वि०) разбо́йник से वि० ; —ья ша́йка डाकुओं का गिरोह ।

разбо́йн||ый (वि०) १. разбо́й से वि० ; —ое де́ло डकैती ; २. डाका डालने का ; —ое су́дно दस्युपोत ।

разболе́ться दे० разба́ливаться.

разболта́ть(ся) दे० разба́лтывать(ся).

разбомби́ть दे० бомби́ть.

разбо́р (पु०) १. विश्लेषण ; आलोचना ; न्याय-विचार ; परीक्षण ; २. पदच्छेद ; पदनिर्देश ; ३. आलोचना ; ४. छाँटना ; без —а बिना छाँटे ; с —ом छाँटकर ; ५. कोटि ; бума́га пе́рвого —а प्रथम कोटि का काग़ज़ ; ☐ к ша́почному —у तमाशा ख़त्म होने के बाद पहुँचना ।

разбо́р||ка (स्त्री०) १. (माल आदि की) छँटाई ; २. मशीन आदि को खोलकर पुर्ज़े अलग करना ; **—ный** (वि०) वियोजनीय ; उठाये जाने योग्य ; जिसके अलग-अलग टुकड़े किये जा सकें ; р. мо́ст वियोजनीय/हिस्सों को जोड़कर बनाया गया पुल ।

разбо́рчив||ость (स्त्री०) १. लिखाई की सुपाठ्यता ; २. छोटी-छोटी बातों में मीन-मेख करने की आदत ; **—ый** (वि०) १. (लिखाई) स्पष्ट ; सुपाठ्य ; २. (मनुष्य) नकचढ़ा ; बहुत मीन-मेख करनेवाला ।

разбрани́ть (पू०) खूब फटकारना ; बुरा-भला कहना ; **—ся** (आत्म०) तू-तू मैं-मैं करना ; झगड़ना ; लड़ना ।

разбра́сывать (अपू०), **разброса́ть, разбро́сить** (पू०) (भवि० разбро́шу, разбро́сишь) इधर-उधर फेंकना ; बखेरना ; р. наво́з खाद बखेरना ; ☐ р. де́ньги на ве́тер धन बहाना / अपव्यय करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनी शक्ति को विभिन्न कामों में लगाकर नष्ट करना ; не разбра́сывайся एक ही समय बहुत कामों में हाथ मत डालो ! (अर्थात् एक समय पर एक ही काम करो) ; २. разбра́сывать का कर्मवाच्य ।

разбреда́ться (आत्म० अपू०), **разбрести́сь** (आत्म० पू०) (भवि० разбреду́сь, разбредёшься) तितर-बितर होना ; बिखर जाना ; р. в ра́зные сто́роны विभिन्न दिशाओं में तितर-बितर होना ।

разбро́д (पु०) १. दुर्व्यवस्था ; в разбро́д = вразбро́д ; २. तितर-बितर होने की क्रिया ।

разброса́ть, разбро́сить दे० разбра́сывать.

разбры́згивать (अपू०), **разбры́згать** (पू०) छींटे देना ; छिड़कना ।

разбуди́ть दे० буди́ть.

разбуха́ние (नपु०) सूजन ।

разбуха́ть (अपू०), **разбу́хнуть** (पू०) सूजना ; फूलना ।

разбу́хнуть दे० разбуха́ть और бу́хнуть.

разбушева́ться (आत्म० पू०) (—шу́юсь) १. (तूफ़ान आदि का) आना ; प्रचंड होना ; (सागर में) ज्वार आना ; २. (मनुष्य का) क्रोधावेश में आना ।

разва́жничаться (आत्म० पू०) शेखी में आना ; अहंकार करना ।

разва́л (पु०) १. विघटन ; गिरने या टूटने की क्रिया ; २. दुर्व्यवस्था ; अव्यवस्था ; ३. खुली मंडी (जहाँ माल को भूमि पर रखकर बेचा-खरीदा जाये) ।

разва́ливать (अपू०), **развали́ть** (पू०)

свет (पुं०) **I** प्रकाश; आलोक; дневнóй с. दिन का प्रकाश; при —е प्रकाश में; □ бросáть с. (на) प्रकाश डालना; чуть с. पौ फटते समय; **II.** १. संसार; нóвый с. नया संसार; по всему́ —у संसार भर में; २. समाज; вы́сший с. उच्च समाज; □ выпускáть в свет प्रकाशित करना; появля́ться в с. जन्म लेना; тот с. परलोक; он на том —е, егó нет на —е उसका देहान्त हो गया है।

светá||ть (कर्तृ-निरपेक्ष) —ет, начинáет с. पौ फट रही है।

свети́ло (नपुं०) ज्योतिष्पिंड; प्रकाश-पुंज; नक्षत्र (सूर्य, चन्द्रमा, तारागण आदि)।

свети́||ть (अपू०) (свечу́, свéтишь) चमकना; प्रकाश डालना; сóлнце свéтит सूर्य चमक रहा है; на нéбе —ли звёзды आकाश में तारे चमक रहे थे; **—ться** (आत्म०) चमकना; на нéбе —лись звёзды आकाश में तारे चमक रहे थे।

светлéть (अपू०), **по—** (पू०) प्रकाशमय होना; (आकाश का) निर्मल होना।

светл||ó (क्रि० वि०) सालोक; चमकते हुए; चमक से।

свéтл||о- हल्का; —оголубóй हल्का नीला; **—ый** (वि०) रोशनीदार; प्रकाशयुक्त; आलोकित; —ая кóмната प्रकाशयुक्त कमरा।

светля́||к, —чок (पुं०) जुगनू; पटबीजना।

световóй (वि०) प्रकाशयुक्त; आलोकित; चमकीला; с. сигнáл प्रकाशयुक्त संकेतक/सिगनल।

светолечé||бница (स्त्री०) सूर्यरश्मि-चिकित्सालय; सूर्य की किरणों द्वारा चिकित्सा करने का अस्पताल; **—ние** (नपुं०) सूर्यरश्मि चिकित्सा; सूर्य की किरणों द्वारा चिकित्सा।

светомаскирóвка (स्त्री०) अँधेरा-घुप करने की क्रिया।

свéтопись (स्त्री०) फ़ोटोग्राफ़ी; छायाकारी।

светопреставлéние (नपुं०) प्रलय।

светофóр (पुं०) प्रकाशयुक्त संकेतक/सिगनल।

свéточ (पुं०) लालटैन; लैम्प।

свéтск||ий (वि०) १. धर्म-निरपेक्ष; लौकिक; सांसारिक; भौतिक; दुनियावी; —ое образовáние धर्म-निरपेक्ष शिक्षा; २. सामाजिक; समाजप्रेमी; —ая жéнщина समाजप्रेमी महिला; —ое óбщество समाज; **—ость** (स्त्री०) सद्व्यवहार; शिष्टता।

свеч||á (स्त्री०) १. मोमबत्ती; प्रकाश; २. दवा की बत्ती जो दस्त लाने के लिए गुदा में चढ़ायी जाती

है ; ३. कैंडल-शक्ति ; ла́мпочка в 30 —е́й तीस कैंडल-शक्ति का बल्ब ।

све́чка = свеча́ -१, २.

свечно́й (वि०) मोमबत्ती का ; с. заво́д मोमबत्ती बनाने का कारखाना ।

све́шать दे० ве́шать.

све́шивать (अपू०), **све́сить** (पू०) (भवि० све́шу, све́сишь) (और नीचे को) लटकाना ; све́сить верёвку रस्सी और नीचे को करना ; сиде́ть све́сив но́ги टाँगें लटकाकर बैठना ; **—ся** (आत्म०) १. टेकना ; (-पर) सहारा लेना/झुकना ; लटकना ।

свива́льник (पुं०) पोतड़ा (नवजात शिशु के लपेटने का कपड़ा) ।

свива́ть (अपू०), **свить** (पू०) (भवि० совью́, совьёшь) १. गूँथना ; (रस्सी आदि) बटना ; свить вено́к हार गूँथना ; свить гнездо́ घौंसला बनाना ; с. верёвку रस्सी बटना ; २. (केवल अपू०) (बच्चे को) पोतड़े में कसकर लपेटना ; **—ся** (आत्म०) १. लिपटना ; २. свива́ть का कर्मवाच्य ।

свида́ние (नपुं०) भेंट ; □ до свида́ния फिर मिलेंगे (विदाई का अभिवादन) ।

свиде́т||ель (पुं०), **—льница** (स्त्री०) साक्षी ; गवाह ; быть —елем साक्षी होना ; गवाह होना ; **—ельский** (वि०) साक्षी/गवाह-सम्बन्धी ; **—ельство** (नपुं०) १. साक्ष्य ; गवाही ; २. प्रमाण-पत्र ; सार्टिफ़िकेट ; медици́нское —ельство डाक्टरी सार्टिफ़िकेट ।

свиде́тельствовать (अपू०), **о—** (पू०) (वर्त० —ствую) १. (केवल अपू०) गवाही देना ; २. प्रमाणित करना ; तसदीक़ करना ; ३. (освиде́тельствовать पू० के साथ) निरीक्षण करना ।

сви́деться (आत्म० पू०) (भवि० сви́жусь, сви́дишься) (-से) मिलना ।

свилева́тый (वि०) गँठीला ; गाँठदार ।

свиль (स्त्री०) गाँठ ।

свина́рка (स्त्री०) शूकरपालिका ; सूअर पालनेवाली ।

свина́рник (पुं०) सूअरों का बाड़ा ।

свине́ц (पुं०) सीसा ; सिक्का ।

свини́на (स्त्री०) सूअर का मांस ।

сви́нка (स्त्री०) १. свинья́ का अल्प० ; २. (चिकि०) कनपेड़ (अंग्रेज़ी—मम्प्स) ।

свиново́д||ство (नपुं०) सूअर-पालन ; शूकरपालन ; **—ческий** (वि०) शूकरपालन-सम्बन्धी ।

свин||о́й (वि०) सूअर का ; —о́е мя́со सूअर का माँस ।

свинопа́с (पुं०) सूअरों का झुंड ।

сви́нс||кий (वि०) सूअर जैसा ; **—тво** (नपुं०) सूअरपन ।

свинти́ть दे० сви́нчивать.

свинцо́вый (वि०) सीसे का ; सिक्के का ।

сви́нчивать (अपू०), **свинти́ть** (पू०) (भवि० свинчу́, свинти́шь) १. पेच कसकर जोड़ना ; २. पेच निकालना/अलग करना ।

свинья́ (स्त्री०) सूअर ।

свире́ль (स्त्री०) (एक प्रकार की) बाँसुरी या मुरली ।

свирепе́ть (अपू०), **о—** (पू०) रोष/क्रोधावेश में आना ; (पाला, प्लेग आदि का) ज़ोर पकड़ना ; प्रचंड होना ; क्रूरता दिखाना ।

свире́п||ость (स्त्री०) १. प्रचंडता ; २. क्रोधावेश ; क्रूरता ; दया का अभाव ; **—ый** (वि०) १. प्रचंड ; ज़ोर का ; —ый моро́з ज़ोर का पाला ; २. कोपाकुल ; रोषमय ; ३. क्रूर ; निर्दय ; —ый пала́ч निर्दय बधिक ।

свиса́ть (अपू०), **сви́снуть** (पू०) लटकना ; ве́тви свиса́ют शाखाएँ लटक रही हैं ।

свист (पुं०) सीटी ; (वायु आदि का) सायँ-सायँ का शब्द ।

свиста́ть (अपू०), **свисте́ть** (पू०) (वर्त० свищу́, свисти́шь) सीटी बजाना ; (पक्षियों का) चहकना ; (हवा आदि का) सायँ-सायँ करना ।

сви́стну||ть (पू०) १. (एक बार) सीटी बजाना ; २. चुराना ; у меня́ —ли часы́ मेरी घड़ी चोरी हो गयी ।

свисто́к (पुं०) सीटी ।

свисту́лька (स्त्री०) (बच्चों के बजाने की) सीटी ; अलग़ोज़ा ।

свисту́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) सीटी बजाना पसन्द करनेवाला/वाली ।

сви́та (स्त्री०) १. परिजन ; २. नौकर-चाकर ; ३. (सम्राट आदि का) अमला ।

сви́тер (पुं०) स्वैटर ; ऊनी बनियान ।

сви́ток (पुं०) (काग़ज़ों का) बंडल ।

сви́ть दे० вить और свива́ть ; **—ся** दे० свива́ться.

свихну́ть = вы́вихнуть ; **—ся** (आत्म०) १. बुद्धिभ्रष्ट होना ; २. पथभ्रष्ट होना ।

свищ (पुं०) भगन्दर ; नासूर ; (अखरोट आदि में कीड़े द्वारा बनाया गया) छेद ।

свобо́д||а (स्त्री०) स्वातन्त्र्य ; आज़ादी ; с. сло́ва भाषण-स्वातन्त्र्य ; с. печа́ти मुद्रण-स्वातन्त्र्य ; с. торго́вли व्यापार-स्वातन्त्र्य ; с. со́вести विवेक-स्वातन्त्र्य ; с. во́ли इच्छा स्वातन्त्र्य ; выпуска́ть на —у स्वतन्त्र करना ।

свобо́дн||о १. (क्रि० वि०) स्वतन्त्रतापूर्वक ; सहज ही ; आसानी से ; он с. мо́жет доста́ть э́ту кни́гу в любо́м магази́не यह पुस्तक उसे किसी भी दुकान पर असानी से मिल सकती है ; २. (वस्त्र आदि) ढीलेपन से ; **—ый** (वि०) १. स्वतन्त्र ; उन्मुक्त ; सहज ; आसान ; —ая торго́вля उन्मुक्त व्यापार ; —ый до́ступ सहज पहुँच ; २. अव्यस्त ; निठल्ला ; ३. (वस्त्र आदि) ढीला ; खुला ; ४. फ़ालतू ; в —ые мину́ты अपने फ़ालतू समय में ; □ —ые иску́сства ललित कलाएँ ।

свободо||люби́вый (वि०) स्वातन्त्र्य-प्रेमी ; **—лю́бие** (नपुं०) स्वातन्त्र्य-प्रेम ।

свободомы́сл||ие (नपुं०) स्वतन्त्र विचार ; स्वतन्त्र विचार-पद्धति ; **—ящий** (वि०) स्वतन्त्र मनीषी ; स्वतन्त्र विचारक ।

свод (पुं०) **I.** (निर्माण) महराब ; **II.** (विधि) संग्रह ; संहिता ।

своди́ть -I (अपू०), **свести́** (पू०) (वर्त० свожу́, сво́дишь ; भवि० сведу́, сведёшь) १. (नीचे को) ले जाना ; с. с горы́ पहाड़ से नीचे को ले जाना ; २. मिलाना ; судьба́ свела́ нас भाग्य ने हमें मिला दिया है ; ३. कम करना ; с. на-не́т नहीं के बराबर कर देना ; ४. हटाना ; ५. (कर्तृ-निरपेक्ष) у него́ свело́ ногу́ उसके पैर में मोच आ गयी है ; □ с. концы́ с конца́ми बड़ी कठिनाई से जीविका चलाना ; с. с ума́ पागल कर देना ; с. счёты с кем-л. किसीके साथ हिसाब बराबर करना ; свести́ дру́жбу मित्रता करना ।

своди́ть -II (पू०) ले जाना ; он своди́л дете́й в кино́ वह बच्चों को सिनेमा ले गया ।

своди́ться (आत्म० अपू०), **свести́сь** (आत्म० पू०) १. अर्थ होना ; э́то сво́дится к тому́ же са́мому यह तो एक ही बात हुई ; с. к. нулю́ नहीं के बराबर होना ; २. (फ़ोटो, चित्र आदि का) ठीक आ जाना ; карти́нка хорошо́ свела́сь चित्र अच्छा आया है ; ३. своди́ть-I का कर्मवाच्य ।

сво́дка (स्त्री०) १. अनुचयन ; संक्षेप ; सारांश ; операти́вная с. विज्ञप्ति ; २. (छापाखाना-सम्बन्धी) दोहराने की क्रिया ।

сво́дни||к (पुं०), **—ца** (स्त्री०) बुरे काम में सहायता देनेवाला/वाली ।

сво́дн||ый (वि०) १. संक्षिप्त ; —ая табли́ца संक्षिप्त सारिणी ; २. सौतेला ; —ые бра́тья सौतेले भाई ; —ые сёстры सौतेली बहनें ।

сво́дня = сво́дница.

своевла́стный (वि०) निरंकुश ।

своево́л||ие (नपुं०) स्वच्छन्दता ; **—ьный** स्वच्छन्द ; मनमौजी ।

своевре́менн||о (क्रि० वि०) ठीक समय पर ; **—ый** (वि०) ठीक समय का ।

своекоры́ст||ие (नपुं०) स्वार्थ ; स्वहित ; **—ный** (वि०) स्वार्थी ।

своенра́в||ие (नपुं०), **—ность** (स्त्री०) हठ ; मनमानापन ; **—ный** (वि०) हठी ; मनमानी करनेवाला ।

своеобра́з||ие (नपुं०) **—ность** (स्त्री०) मौलिकता ; विलक्षणता ; **—ный** (वि०) अपने ही ढँग का ; मौलिक ; विलक्षण ।

свози́ть (अपू०), **свезти́** (पू०) (वर्त० свожу́, сво́зишь ; भवि० свезу́, свезёшь) १. ले जाना ; पहुँचाना ; свози́ ребя́т в Москву́ ! बच्चों को मास्को ले जाओ ! ; २. (एक स्थान पर) इकट्ठा करना ; ३. नीचे ले जाना ; с. с горы́ पहाड़ से नीचे ले जाना ।

свой (सर्व०) अपना ; я потеря́л свою́ шля́пу मेरी टोपी खो गयी है ; он зна́ет своё де́ло वह अपना काम जानता है ; он живёт в своём до́ме वह अपने घर में रहता है ; □ здесь все свои́ ये सब अपने ही हैं ; пойти́ к свои́м अपनों के यहाँ जाना ; он сам не свой वह आपे में नहीं है ; свой своему́ понево́ле брат अपना अपना ही होता है ।

сво́йственник (पुं०) (पत्नी की ओर का) सम्बन्धी ; रिश्तेदार ।

сво́йственн||ый (वि०) (-की) विशेषता का ; челове́ку —о ошиба́ться भूल मानव-स्वभाव की विशेषता है/इन्सान ग़लती करता ही है ।

сво́йство (नपुं०) १. सम्पत्ति ; २. (मनुष्य की) विशिष्टता ।

свойство́ (नपुं०) (विवाह द्वारा) सम्बन्ध ; रिश्ता ।

свола́кивать (अपू०), **своло́чь** (पू०) (भवि० сволоку́, сволочёшь) घसीटना ।

сво́лочь (स्त्री०) (समू०) निम्नवर्ग के लोग ; नीच ; बदमाश ।

сво́ра (स्त्री०) १. (शिकारी कुत्ते की) रस्सी ; २. शिकारी कुत्तों का झुंड ।

свора́чивать (अपू०), **свороти́ть** (पू०) (भवि० сворочу́, своро́тишь) १. (स्थान से) हटाना ; विस्थापित करना ; он с трудо́м свороти́л ка́мень उसने बड़ी कठिनता से पत्थर हटाया ; २. मुड़ना ; с. напра́во दायें हाथ को मुड़ना ; ३. केवल अपू० = свёртывать.

сворова́ть (पू०) (—ру́ю) चुराना ।

свороти́ть दे० свора́чивать.

своя́к (पुं०) साढ़ू ; हमज़ुल्फ़ ।

свояченица (स्त्री०) साली ।

свыка́ться (आत्म० अपू०), **свы́кнуться** (आत्म० पू०) आदत पड़ जाना ; अभ्यस्त हो जाना ।

свысока́ (क्रि० वि०) उद्दंडतापूर्वक ; смотре́ть на кого́-л. с. किसीको तिस्कारपूर्वक देखना ।

свы́ше (क्रि० वि०) **I.** ऊपर से ; आकाश से ; **II.** (अ०) अधिक ; ऊपर ; с. ३०-ти челове́к ३० से ऊपर/अधिक (व्यक्ति) ।

связа́ть दे० свя́зывать और вяза́ть.

связа́ться दे० свя́зываться.

связи́ст (पुं०) (सेना०) संकेतक ; सिगनल देनेवाला व्यक्ति ।

свя́зка (स्त्री०) १. पुलिन्दा ; गुच्छा ; с. бума́г काग़ज़ों का पुलिन्दा ; с. ключе́й तालियों का गुच्छा ; २. (शरीर में के) महीन तन्तु ; बन्धनी ; संयोजक अवयव ; голосо́вые —и वाक्‌तन्तु ; ३. (भाषा-विज्ञान) глаго́л-свя́зка संयोजक क्रिया ।

связно́й (पुं०) (वि० रू०) (सेना०) पास की टुकड़ियों से सम्पर्क रखने के लिए भेजा गया अफ़सर ।

свя́зн||ость (स्त्री०) सम्बद्धता ; **—ый** (वि०) सम्बद्ध ।

свя́зочный (वि०) свя́зка से वि० ।

свя́зывание (नपुं०) बाँधने की क्रिया ।

свя́зывать (अपू०), **связа́ть** (पू०) (свяжу́, свя́жешь) (साथ) बाँधना ; जोड़ना ; с. концы́ верёвки रस्सी के सिरों को बाँधना ; с. в у́зел गठरी बाँधना ; связа́ть обеща́нием वायदा लेकर बाँधना ; **—ся** (आत्म०) १. बातचीत करना ; भेजना ; संचार करना ; свя́зываться по телефо́ну टेलीफ़ोन द्वारा बातचीत करना ; тесне́е связа́ться с ма́ссами जनता से गहरा सम्बन्ध स्थापित करना ; २. не свя́зывайся с ним उससे कोई सम्बन्ध मत रखो ।

связ||ь (स्त्री०) १. सम्बन्ध ; बन्धन ; стоя́ть в те́сной —и गहरा सम्बन्ध होना ; в —и с чем-л. किसी (वस्तु) के सम्बन्ध में ; в —и с э́тим, в э́той —и इस सम्बन्ध में ; дру́жеская с. मित्रता का सम्बन्ध ; २. (केवल एकवचन) (रेल, टेलीफ़ोन आदि द्वारा) संचार ; слу́жба —и (सेना०) संचार-सेवा।

святи́лище (नपुं०) मन्दिर ; देवालय।

свя́тки (बहु०) स्यात्काएँ (एक विशेष त्यौहार—क्रिसमिस से छह जनवरी तक)।

свя́то (क्रि० वि०) पवित्रता से।

свят||о́й (वि०) १. पावन ; पवित्र ; с. долг पावन कर्तव्य ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) पुण्यात्मा ; सन्त ; □ —ая (неде́ля) ईस्टर का सप्ताह।

свя́тость (स्त्री०) पवित्रता ; पावनता।

святота́тство (नपुं०) अपवित्रीकरण ; देवालय को अपवित्र करना।

свя́точный (वि०) свя́тки से वि०।

свято́ша (उभ०) पाखंडी ; धर्माभिमानी।

свя́тцы (बहु०) चर्च-कलैंडर।

святы́ня (स्त्री०) पवित्र वस्तु।

свяще́нн||ик (पुं०) पुरोहित ; पादरी ; **—ический** (वि०) पुरोहित/पादरी-सम्बन्धी ; धर्माचार्य-सम्बन्धी ; **—ый** (वि०) पावन ; पवित्र।

свяще́нство (नपुं०) (समू०) पुरोहित/पादरी-वर्ग।

сгиб (पुं०) झुकाव ; मोड़।

сгиба́ть (अपू०), **согну́ть** (पू०) झुकाना ; मोड़ना ; टेढ़ा करना ; **—ся** (आत्म०) झुकना ; मुड़ना ; टेढ़ा होना !

сги́нуть (पू०) गायब होना ; сгинь ! दफ़ा हो !/भाग जा !

сгла́живать (अपू०), **сгла́дить** (पू०) (भवि० сгла́жу сгла́дишь) साफ़ करना ; **—ся** (आत्म०) साफ़ होना ; साफ़ किया जाना।

сгла́зить (पू०) (भवि० сгла́жу, сгла́зишь) (बुरी) नज़र लगाना।

сглупи́ть दे० глупи́ть.

сгнива́ть = гнить.

сгнои́ть दे० гнои́ть.

сгова́риваться (आत्म० अपू०), **сговори́ться** (आत्म० पू०) समझौता कर लेना ; तय कर लेना ; с ним тру́дно сговори́ться उससे समझौता करना बड़ा कठिन है ; он сговори́лся встре́титься со мно́й на ста́нции उसने मुझसे स्टेशन पर मिलने की बात तय कर ली।

сго́вор (पुं०) १. समझौता ; वचनबन्ध ; २. मँगनी ; सगाई।

сговори́ться (दे०) сгова́риваться.

сгово́рчив||ость (स्त्री०) आशुतोषता ; सहज ही मान जाने का भाव ; **—ый** (वि०) आशुतोष ; जिसको सहज ही मनाया जा सके।

сгоня́ть (अपू०), **согна́ть** (पू०) (भवि० сгоню́, сго́нишь) १. (स्थान से) भगा देना ; हाँक देना ; २. एक स्थान पर हाँककर इकट्ठा करना ; □с. со двора́ घर से बाहर निकाल देना।

сгора́ние (नपुं०) दहन ; जलाने की क्रिया।

сгора́ть (अपू०), **сгоре́ть** (पू०) जलकर समाप्त हो जाना ; जल जाना ; дом сгоре́л मकान जल गया है ; свеча́ сгоре́ла मोमबत्ती जल चुकी है ; с. от стыда́ शर्म से पानी-पानी हो जाना।

сго́рбить(ся) दे० го́рбить(ся).

сгоре́ть दे० сгора́ть.

сгоряча́ (क्रि० वि०) आवेश में ; जोश में।

сгреба́ть (अपू०), **сгрести́** (पू०) (भवि० сгребу́, сгребёшь) १. हेंगी या फावड़े से एक स्थान पर इकट्ठा करना ; с. сено́ हेंगी से घास इकट्ठी करना ; २. (फावड़े से इकट्ठा करके) फेंकना ; गिराना ; с. снег с кры́ши छत पर से बर्फ़ फेंकना।

сгружа́ть (अपू०), **сгрузи́ть** (पू०) (भवि० сгружу́, сгру́зишь) माल उतारना।

сгруппирова́ть दे० группирова́ть.

сгрыза́ть (अपू०), **сгрызть** (पू०) (कुरकुर) चबाना ; с. оре́хи अखरोट आदि चबाना/खाना।

сгуби́ть (पू०) (сгублю́, сгу́бишь) नष्ट करना ; बरबाद करना।

сгусти́ть(ся) दे० сгуща́ть(ся).

сгу́сток (पुं०) पिंड ; लौंदा ; थक्का ; с. кро́ви खून का लौंदा/थक्का ।

сгуща́емость (स्त्री०) संघननीयता ; संघनन-योग्यता ।

сгуща́ть (अपू०), **сгусти́ть** (पू०) (भवि० сгущу́, сгусти́шь) गाढ़ा करना ; संघनित करना ; **—ся** (आत्म०) गाढ़ा होना ; संघनित होना ; (रक्त का) पिंड बनना ; लौंदा बनना ।

сгуще́ние (नपुं०) संघनन ।

сда́бривать (अपू०), **сдо́брить** (पू०) छौंक लगाना ; मसाला डालना ।

сдава́ть (अपू०), **сдать** (पू०) (वर्त० сдаю́, сдаёшь ; भवि० сда́м, сда́шь) १. देना ; सँभालना ; с. ве́щи в бага́ж सामान ब्रेक के डिब्बे में रखना ; с. бага́ж на хране́ние सामान क्लोक-रूम में रखना ; с. внаём किराये पर चढ़ाना ; २. (दुर्ग, नगर आदि को) समर्पित करना ; शत्रु के हवाले करना ; हथियार डालना ; ३. (ताश के पत्ते) बाँटना ; кому́ с.? किसकी बारी है ? ; ४. (रेजगारी) देना ; он сда́л мне 3 рубля́ उसने मुझे तीन रूबल की रेज़गारी दी ; ५. दुर्बल होना ; он о́чень сдал по́сле боле́зни बीमारी के बाद वह बहुत दुर्बल हो गया है ; □ с. экза́мен परीक्षा देना ; इम्तहान पास करना ।

сдава́ться -I (आत्म० अपू०), **сда́ться** (आत्म० पू०) १. हथियार डालना ; आत्मसमर्पण करना ; сда́ться в плен बन्दी बनाये जाने के लिए अपने आपको समर्पित करना ; २. сдава́ть का कर्मवाच्य ।

сдава́ться -II (आत्म० अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ сдаётся उसको दिखायी पड़ रहा है कि... ।

сда́вливать (अपू०), **сдави́ть** (पू०) (भवि० сдавлю́, сда́вишь) भींचना ; कुचलना ; он сдави́л мне ру́ку उसने मेरा हाथ भींच दिया ।

сдать(ся) दे० сдава́ть(ся).

сда́ч||а (स्त्री०) १. (दुर्ग, नगर आदि का) समर्पण ; शत्रु के हवाले किया जाना ; २. दिया जाना ; с. в наём किराये पर दिया जाना ; ३. (ताश में) बारी ; ва́ша с. आपकी बारी है ; ४. रेज़गारी ; пять рубле́й —и पाँच रूबल की रेज़गारी ।

сдва́ивание (नपुं०) दुगुना करने की क्रिया ।

сдва́ивать (अपू०), **сдвои́ть** (पू०) दुगुना करना ।

сдвиг (पुं०) विस्थापन ; (काम आदि में) सुधार ; तरक्की ।

сдвига́ть (अपू०), **сдви́нуть** (पू०) १. (अपने स्थान से) हटाना ; हिलाना ; सरकाना ; он не мог сдви́нуть стол (с ме́ста) वह मेज़ को हिला न सका ; сдвига́ть шля́пу на заты́лок अपनी टोपी पीछे को सरका लेना ; २. (सरकाकर) एक जगह कर देना ; इकट्ठा कर देना ; он сдви́нул два стола́ उसने दोनों मेज़ों को सरकाकर एक जगह कर दिया ; □ сдви́нуть бро́ви भृकुटि चढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) १. हिलना ; सरकना ; हटना ; он не сдви́нулся с ме́ста वह अपने स्थान से हिला नहीं ; २. इकट्ठे होना ; ३. сдвига́ть का कर्मवाच्य ।

сдвои́ть दे० сдва́ивать.

сде́лать(ся) दे० де́лать(ся).

сде́лк||а (स्त्री०) १. सौदा ; २. समझौता ; войти́ в —у सौदा करना ।

сде́ль||но (क्रि० वि०) काम से ; **—ный** (वि०) खंडशः ; उजरती ; —ая пла́та उजरती/खंडशः काम की मज़दूरी ; **—щик** (पुं०) उजरत पर/खंडशः काम करनेवाला ; **—щина** (स्त्री०) उजरती/खंडशः काम ।

сдёргивать (अपू०), **сдёрнуть** (पू०) खींचना ; (खींचकर) उतार देना ; сдёрнуть ска́терть со стола́ मेज़पोश (खींचकर) उतार देना ; они́ сдёрнули с него́ ша́пку उन्होंने उसकी टोपी उतार ली ।

сде́ржанн||о (क्रि० वि०) निग्रहपूर्वक ; संयम से ; **—ость** (स्त्री०) निग्रह ; संयम ; **—ый :** १. сде́рживать से कृदन्त ; २. (वि०) संयमी ; निग्रही ।

сде́рживать (अपू०), **сдержа́ть** (पू०) रोकना ; प्रतिरोध करना ; संयत रखना ; □ сдержа́ть своё сло́во, обеща́ние अपना

वचन पूरा करना ; **—ся** (आत्म०) अपने ऊपर संयम रखना ।

сдёрнуть दे० сдёргивать.

сдирáть (अपू०), **содрáть** (पू०) (भवि० сдеру́, сдерёшь) १. चमड़ी/छिलका उतारना ; с. кору́ с берёзы भूर्जवृक्ष से छिलका उतारना ; с. ко́жу с живо́тного पशु की चमड़ी उधेड़ना ; २. (केवल पू०) содрáть втри́дорога с кого́-л. (किसीसे) बहुत मूल्य लेना/चमड़ी उतार लेना ।

сдо́ба (स्त्री०) (समू०) (दूध और घी मिले आटे से बनी) डबल रोटी ।

сдо́бный (वि०) दूध और घी मिलाकर गूँधा हुआ (आटा) ।

сдо́брить दे० сдáбривать.

сдо́бровáть (अपू०) : ему́ не с. यह उसके लिए बुरा सिद्ध होगा/उसे इसका फल भुगतना होगा ।

сдружи́ться (आत्म० पू०) मित्र बनना ।

сдувáть (अपू०), **сдуть** (पू०) (भवि० сду́ю, сду́ешь) (फूँक मारकर) उड़ा देना ; он сдул пе́пел с папиро́сы उसने फूँक मारकर सिगरेट पर से राख उड़ा दी ।

сду́ру (क्रि० वि०) मूर्खतापूर्वक ; मूर्खता से ।

сдуть दे० сдувáть.

сеáнс (पुं०) (सिनेमा) प्रदर्शन/शो ; пе́рвый с. पहला प्रदर्शन/शो ।

себесто́имость (स्त्री०) निवल मूल्य ।

себя́ (सर्व०) स्वयं ।

себялю́б‖ец (पुं०) आत्मप्रेमी (व्यक्ति) ; **—и́вый** (वि०) आत्मप्रेमी ।

сев (पुं०) बुआई ।

се́вер (पुं०) उत्तर (दिशा) ; к —у (от) (-से) उत्तर को ; **—ный** (वि०) उत्तरी ; उत्तर का ।

се́веро-восток : उत्तर-पूर्व ।

северовосто́чный (वि०) उत्तर-पूर्वीय ।

се́веро-зáпад : उत्तर-पश्चिम ।

северозáпадный (वि०) उत्तर-पश्चिमी ।

северя́нин (पुं०) उत्तरवासी ।

севооборо́т (पुं०) सस्यावर्तन ; फ़सलों की हेर-फेर ।

сегме́нт (पुं०) (गणित) वृत्त-खंड ।

сего́дня (क्रि० वि०) आज ; с. у́тром आज प्रात:काल ; с. ве́чером आज सायंकाल ।

сегодня́шний (वि०) आज का ; на с. день आज के दिन ; आज ।

седáлищ‖е (नपुं०) १. (शरीर-रचना०) नितम्ब ; चूतड़ ; २. आसन ; कुर्सी ; **—ный** (वि०) चूतड़ों का ; आसन-सम्बन्धी ।

седе́льный (वि०) седло́ से वि० ; с. мáстер घोड़े की काठी या साज़ बनानेवाला ।

седе́ть (अपू०), **по—** (पू०) बालों का सफ़ेद हो जाना ।

сединá (स्त्री०) सफ़ेद बाल ।

седлáть (अपू०), **о—** (पू०) (घोड़ी पर) काठी या साज़ कसना ।

седло́ (नपुं०) (घोड़े की) काठी ; जीन ।

седоборо́дый (वि०) श्वेतश्मश्रु ; सफ़ेद दाढ़ीवाला ।

седовáтый (वि०) सफ़ेद-सा ।

седовлáсый (वि०) श्वेतकेश ; सफ़ेद बालोंवाला ।

седо́й (वि०) सफ़ेद ; भूरा ।

седо́к (पुं०) घुड़सवार ।

седьм‖о́й (वि०) सातवाँ ; —о́е мáя सात मई ; страни́ца —áя सातवाँ पृष्ठ ।

сезáм (पुं०) शीशम ।

сезо́н (पुं०) १. ऋतु ; मौसम ; काल ; २. दिन ; мертвый с. मन्दी के दिन ।

сезо́нный (वि०) сезо́н से वि० ; с. биле́т अवधि-टिकट ; सीज़न-टिकट ।

сей (सर्व०), **сия́** (स्त्री०), **сие́** (नपुं०), **сии́** (बहु०) (सर्व०) इस (एकवचन) ; इन (बहु०) ; на с. раз इस बार ; до сих пор अब तक ; сего́ го́да इस वर्ष का ; сего́ ме́сяца इस मास का ; что сие́ знáчит ? इसका क्या अर्थ है ? ; сим удостоверя́ется प्रमाणित किया जाता है/तसदीक़ किया जाता है ; при сём прилагáется इस (पत्र आदि) के साथ भेजा जा रहा है ; сию́ мину́ту इसी पल ; अभी ।

сейм (पुं०) (पोलैंड की) विधान-सभा ; सेइम ।

сейн||а (स्त्री०) मछलियाँ पकड़ने का जाल ; **—ер** (पुं०) मत्स्यपोत ; मछलियाँ पकड़ने का पोत ।

сейсмóграф (पुं०) भूकम्पलेखी ।

сейф (पुं०) तिजोरी ; सेफ़।

сейчáс (क्रि० वि०) १. अब ; अभी ; где он с. живёт ? अब वह कहाँ रहता है ? ; сдéлайте это с. इसे अभी कीजिए ; тóлько с. अभी-अभी ; он тóлько с. ушёл वह अभी-अभी गया है ; २. तुरन्त ; сейчáс ! अभी !

сéканс (पुं०) (गणित) छेदिका ।

секвéстр (पुं०) (अदालत द्वारा) अस्थायी जब्ती ।

секи́ра (स्त्री०) कुठार ; गँडासा ; फरसा ।

секрéт (पुं०) भेद ; रहस्य ; по —у गुप्त रीति से ; вы́дать, разболтáть с. भेद खोलना ; с. успéха सफलता का रहस्य ; □ с. полишинéля खुला रहस्य / व्यक्त रहस्य ; **II.** स्राव ।

секретариáт (पुं०) सचिवालय ।

секретáрство (नपुं०) सचिव-पद ।

секрет||áрша (स्त्री०), **—áрь** (पुं०) सचिव ; सैक्रेटरी ; ли́чный —áрь दे० ли́чный.

секрéтн||о (क्रि० वि०) गुप्त रीति से ; **—ость** (स्त्री०) गोपनीयता ; **—ый** (वि०) गुप्त ।

секретóрный (वि०) स्रावी ।

секрéция (स्त्री०) स्राव ।

сексуáльн||ость (स्त्री०) लिंगमूलकता ; यौनता ; लैंगिकता ; लिंगमूलक भेद ; **—ый** (वि०) लिंगमूलक ; यौन ; स्त्री-पुरुष के भेद का ; भोगवासना-विषयक ।

сéкта (स्त्री०) मत ; सम्प्रदाय ; पन्थ ।

сектáнт (पुं०) मतान्ध ; मताग्रही ; संकीर्ण विचारोंवाला ; किसी सम्प्रदाय का कट्टर अनुयायी ; **—ский** (वि०) साम्प्रदायिक ; सम्प्रदायमूलक ; **—ство** (नपुं०) साम्प्रदायिकता ; संकीर्णता ।

сéктор (पुं०) खंड ।

секуляризáция (स्त्री०) धर्म-निरपेक्ष करने का भाव ; लौकिकीकरण ; लौकिक बनाना ।

секу́нд||а (स्त्री०) सैकिंड ; **—ный** (वि०) सैकिंड का ; —ная стрéлка सैकिंड की सुई ।

секу́щая (स्त्री०) (गणित) छेदिका ।

секциóнный (वि०) विभागीय ।

сéкция (स्त्री०) १. अनुभाग ; २. अंश ; तराश ; छेदन ।

селёдка = сельдь.

селёдочный (वि०) हैरिंग मछली का ।

селезёнка (स्त्री०) (शरीर-रचना०) प्लीहा ; तिल्ली ।

сéлезень (पुं०) (नर) हंस ; बत्तख ।

селéн (पुं०) (रस०) सेलेनियम ।

селени́т (पुं०) चन्द्रकान्त मणि ।

селеногрáфия (स्त्री०) चन्द्रवर्णन ; चन्द्रमा के वर्णन की विद्या ।

сели́тра (स्त्री०) (रस०) शोरा ।

сели́ться (आत्म० अपू०) बसना ; निवास बनाना ।

сел||ó (नपुं०) गाँव ; बस्ती ; □ это ни к —у́, ни к гóроду यह न यहाँ है, न वहाँ ।

сельдерéй (पुं०) जंगली चौलाई ।

сельдь (स्त्री०) हैरिंग मछली ।

сéльск||ий (वि०) गाँव का ; जानपद ; देहाती ; —ая жизнь देहाती जीवन ; —ое хозя́йство कृषि ; с. учи́тель गाँव का अध्यापक ।

сельскохозя́йственный (वि०) कृषि-; कृषि-सम्बन्धी ।

сельсовéт (पुं०) (сéльский совéт) ग्राम-सोवियत ।

сéльтерская водá (स्त्री०) जर्मनी के सेलत्सर नामक स्थान का खनिज जल ; सोडावॉटर ।

семáнтика (स्त्री०) शब्दार्थ-विज्ञान ; अर्थ-विचार ।

семасиолóгия (स्त्री०) अर्थ-विचार ; भाषा-विज्ञान का वह विभाग जिसमें शब्दों के अर्थ-विकास का विवेचन-विश्लेषण किया जाता है ।

сёмга (स्त्री०) सेमगा या सामन मछली ।

семéйн||ый (वि०) १. घरेलू ; पारिवारिक ; —ая жизнь घरेलू जीवन ; पारिवारिक जीवन ;

—ые свя́зи पारिवारिक बन्धन ; २. परिवार-वाला ; с. челове́к परिवारवाला व्यक्ति ।

семе́й||ственность (स्त्री०) कुनबापरस्ती ; **—ственный** (वि०) घरेलू ; पारिवारिक ; **—ство** (नपुं०) परिवार।

семена́ се́мя का बहु० ।

семени́ть (अपू०) (छोटे-छोटे क़दमों से) चलना ।

семенн||и́к (पुं०) १. अंडकोष ; २. (वन०) बीजकोष ; फली ; **—о́й** (वि०) १. बीज का ; २. वीर्य–; शुक्र-सम्बन्धी ।

семери́чный (वि०) सप्तक ; सात।

семёрка (स्त्री०) सत्ता ।

семерно́й (वि०) सतगुना ।

се́меро (नपुं०) सातों ।

семе́стр (पुं०) विश्वविद्यालय में छह महीने का अध्ययन-क्रम/अवधि ।

се́мечко (नपुं०) се́мя का अल्प० ।

семидесятиле́т||ие (नपुं०) सत्तरवीं वर्षगाँठ ; **—ний** (वि०) सत्तर वर्ष का ; सत्तरवर्षीय ।

семидеся́т||ый (वि०) सत्तरवाँ ; страни́ца —ая सत्तरवाँ पृष्ठ ।

семикра́тный (वि०) सात गुना ।

семиле́тка (स्त्री०) १. सतवर्षीय स्कूल ; २. सतवर्षीय बच्चा ; ३. सतवर्षीय ; सात वर्ष का ।

семина́р (पुं०) १. परिगोष्ठी ; सेमिनार ; परिसवांद ; २. धार्मिक विद्यापीठ / सेमीनारी का स्नातक ; **—и́ст** (पुं०) धार्मिकविद्यापीठ (सेमीनारी) में शिक्षा प्राप्त करनेवाला ; **—ия** (स्त्री०) धार्मिकविद्यापीठ ; सेमीनारी **—ский** (वि०) семина́р और семинари́ст से वि० ।

семисо́тый (वि०) सातसौवाँ ।

семи́т (पुं०) सामी ; **—и́ческий** (वि०) सामीय।

семиуго́льн||ик (पुं) सतभुज ; **—ый** (वि०) सतभुजीय ।

семна́дцат||ый (वि०) सत्रहवाँ ; страни́ца —ая सत्रहवाँ पृष्ठ ।

семна́дцать (गिनती) सत्रह ।

семь (गिनती) सात ।

се́мьдесят (गिनती) सत्तर ।

се́мьсот (गिनती) सात सौ ।

се́мью (क्रि० वि०) सतगुना ।

семь||я́ (स्त्री०) परिवार ; из хоро́шей —и́ अभिजात ; कुलीन ; अच्छे परिवार से ।

семьяни́н (पुं०) परिवारवाला मनुष्य ।

се́мя (स्त्री०) (बहु० семена́) बीज ; शुक्र ।

сена́т (पुं०) सैनिट ; **—ор** (पुं०) सैनिटर ; **—орский** (वि०) सैनिटर का ।

се́ни (बहु०) ड्योढ़ी ।

сенни́к (पुं०) चटाई ।

сенно́й (वि०) सूखी घास का ; चारे का ; с. ры́нок घासमंडी ।

се́но (नपुं०) सूखी घास ; चारा ।

сенова́л (पुं०) सूखी घास का ढेर ।

сеноворошилка (स्त्री०) सूखी घास फैलाने की हेंगी ।

сеноко́с (पुं०) (सूखी) घास की कटाई ।

сенокоси́лка (स्त्री०) (सूखी) घास काटने की मशीन ।

сенсацио́нн||ый (वि०) सनसनीदार ; सनसनीखेज़ ; —ое собы́тие सनसनीदार/सनसनीखेज़ घटना ।

сенса́ция (स्त्री०) १. सनसनी ; २. संवेदन ।

сенсуа́льный (वि०) १. सनसनीदार ; २. ऐन्द्रिक ; संवेदनापरक ; संवेदनात्मक ।

сентенцио́зный (वि०) सूत्रबद्ध ; छोटे वाक्यों का ।

сенте́нция (स्त्री०) वाक्य ; सूत्र ; सिद्धान्त ।

сентимент||али́зм (पुं०) भावुकता ; **—а́льный** (वि०) भावुक ।

сентя́брь (पुं०) सितम्बर (मास) ; **—ский** (वि०) सितम्बर का ।

сень (स्त्री०) आच्छादन ; चँदोवा ; शामियाना ।

сепарат||и́зм (पुं०) विच्छेदवाद ; विविक्तिवाद ; पृथकतावाद ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) विच्छेदवादी ; पृथकतावादी ; विविक्तिवादी ।

сепара́тный (वि०) पृथक ; अलग ।

се́пия (स्त्री०) १. रँगसाज या चित्रकार का स्याही-माइल भूरा रँग ; २. उक्त रँग से तैयार किया गया चित्र ।

се́псис (पुं०) किसी अंग का विषाक्त होना ।

септи́ческий (वि०) विषाक्त ; रुधिर को विषैला करनेवाला ।

се́ра (स्त्री०) (रस०) गन्धक ।

сера́ль (पुं०) तुर्किस्तान के सुल्तान का महल ; अन्तःपुर ।

серафи́м (पुं०) (मसीही धर्म के अनुसार) सर्वोच्च श्रेणी का छह पंखोंवाला देवदूत ।

серб (पुं०) सर्बिया देश का निवासी ; **—ский** (वि०) सर्बियाई ।

серви́з (पुं०) : सैट ; обеде́нный с. खाने का सैट ; ча́йный с. चाय का सैट ।

сервирова́ть (अपू० और पू०) (—ру́ю) परोसना ; с. стол मेज़ पर खाना लगाना ।

сервиту́т (पुं०) दासत्व ; दासता ; ग़ुलामी ।

серде́чник (पुं०) १. (टैक०) केन्द्रक ; (अंग्रेज़ी—कोर) ; २. हृदय के रोगों का विशेषज्ञ ; ३. с. лугово́й एक प्रकार का फूल ।

серде́чн||ость (स्त्री०) हार्दिकता ; सौहार्द ; मैत्री ; **—ый** (वि०) १. हृदय का ; हार्दिक ; २. सच्चा ; प्रेमी ।

серди́т||ый (वि०) १. (-पर) क्रुद्ध ; быть —ым (на) -पर क्रुद्ध होना ; २. (सिरके या सरसों के तेल आदि का) तेज़ होना ; तीक्ष्ण होना ।

серди́ть (अपू०) (сержу́, се́рдишь) ग़ुस्सा दिलाना ; क्रोध दिलाना ; **—ся** (आत्म०) -पर क्रुद्ध होना ; क्रोध करना ।

сердобо́лие (नपुं०) कोमलहृदयता ; दयालुता ।

сердобо́льный (वि०) कोमलहृदय ; दयालु ।

се́рдц||е (नपुं०) हृदय ; दिल ; до́брое, мя́гкое с. कृपालु/कोमलहृदय ; ка́менное с. पाषाण-हृदय ; скрепя́ с. अनिच्छापूर्वक ; поро́к —а हृदय-रोग ; в —а́х क्रोधावेश में ; по —у दिल से ; с глаз доло́й, из —а вон नज़र से दूर, दिल से दूर ।

сердцебие́ние (नपुं०) हृदय की धड़कन ।

сердцеве́д (पुं०) हृद्विद ; मन की बात जाननेवाला

сердцеви́на (स्त्री०) (वन०) १. गूदा ; गिरी ; с. берёзы भुर्ज वृक्ष का गूदा ; с. оре́ха (अखरोट आदि की) गिरी ; २. केन्द्र ; मुख्य भाग ।

сердцее́д (पुं०) कामिनी-रमण ; स्त्रियों के मन को मोह लेनेवाला ।

сере́бреник (पुं०) **I.** सुनार ; सर्राफ़ ; **II.** चाँदी का सिक्का ।

серебри́ст||ость (स्त्री०) शुभ्रता ; सफ़ेदी ; **—ый** (वि०) रजत-शुभ्र ; चाँदी के सदृश श्वेत ।

серебри́ть (अपू०), **по—** (पू०) चाँदी का मुलम्मा करना ।

серебро́ (नपुं०) १. चाँदी ; २. चाँदी की चीज़ें ।

сере́брян||ый (वि०) चाँदी का ; —ая посу́да चाँदी का बर्तन ।

середи́н||а (स्त्री०) मध्य ; в —е मध्य में ; **—ный** (वि०) मध्य का ; केन्द्रीय ।

серёдка = середи́на.

серcharacteristic

середня́к (पुं०) मध्यम श्रेणी का किसान ।

середня́цкий (वि०) середня́к से वि० ।

серёжка (स्त्री०) १. एक प्रकार का पौधा ; २. =серьга́.

серена́да (स्त्री०) सेरेनादा (प्रेमी का सान्ध्य गीत) ।

се́ренький (वि०) भूरा-सा ; धुँधला ।

сере́ть (अपू०), **по—** (पू०) भूरा हो जाना ; धुँधला हो जाना ।

сержа́нт (पुं०) (सेना०) सारजैंट ।

сери́йный (वि०) क्रमबद्ध ; धारावाहिक ।

се́ристый (वि०) (रस०) सलफ़्यूरियस ।

се́рия (स्त्री०) माला ; शृंखला ।

се́рна (स्त्री०) साबर (जंगली पहाड़ी हिरन) ।

серни́стый (वि०) (रस०) सलफ़्यूरियस ; सलफ़री ।

сернова́тистый (वि०) (रस०) थायो-सलफ़्यूरिक ।

сернoки́сл||ый (वि०) : —ая соль सल्फ़ेट ।

се́рн||ый (वि०) (रस०) सलफ़्यूरिक ; **—ая** кислота́ सलफ़्यूरिक ऐसिड ; गन्धक अम्ल ।

серова́тый (वि०) भूरा-सा ।

сероводоро́д (पुं०) (रस०) हाइड्रोजन सल्फ़ेट ।

сероглáзый (वि०) भूरी आँखोंवाला ।

серп (पुं०) हँसिया ।

серпанти́н (पुं०) रंग-बिरंगा, लम्बा और पतला फ़ीता ।

серпенти́н (पुं०) सर्पिज ; एक प्रकार का सब्ज़ रँग का खनिज पदार्थ ।

серсо́ (नपुं०) (अ०) सेरसो—एक विशेष खेल जिसमें लोहे का घेरा छड़ी पर घुमाकर ऊपर फेंका जाता है और फिर उसे अपनी-अपनी छड़ी पर रोकने की कोशिश की जाती है ।

се́рум (पुं०) लसी ; रक्त में जल का अंश ।

се́рый (वि०) भूरा ; मटियाला ।

серьга́ (स्त्री०) १. (कान में पहनने का) काँटा ; झुमका ; बाली ; २. (टेक०) अलगनी ।

серьёзн||о (क्रि० वि०) गम्भीरतापूर्वक ; लगन से ; ईमानदारी से ; серьёзно ? सचमुच ? ; **—ость** (स्त्री०) गम्भीरता ; लगन ; ईमानदारी ; **—ый** (वि०) गम्भीर ; लगनवाला ; ईमानदार ।

се́ссия (स्त्री०) बैठक ; अधिवेशन ।

сестра́ (स्त्री०) बहन ; медици́нская с. नर्स ।

се́стрин, —ский (वि०) बहन का ।

сестр||и́ца, —и́чка (स्त्री०) сестра́ का अल्प० ।

сесть दे० сади́ться.

се́тка (स्त्री०) जाल ; जाली ; с. для ло́вли мух मक्खियाँ आदि पकड़ने का जाल ।

се́точный (वि०) जाल का ।

се́товать (अपू०), **по—** (पू०) (—тую) विलाप करना ।

се́ттер (पुं०) एक प्रकार का शिकारी कुत्ता ।

сетча́тка (स्त्री०) आँख के पिछले भाग का चित्रपट (अंग्रेज़ी—रेटीना) ।

се́тчат||ый (वि०) ; —ая глáза दे० сетча́тка.

сет||ь (स्त्री०) १. जाल ; मछलियाँ आदि पकड़ने का जाल ; попа́сть в —и जाल में फँसना ; расставля́ть —и जाल बिछाना ; २. (रेल की पटरियों आदि का) जाल ।

се́ча (स्त्री०) (काव्य०) युद्ध ; हत्याकांड ; नरसंहार ।

сече́ние (नपुं०) १. चाबुक लगाने / कोड़ा लगाने की क्रिया ; २. तराश ; काट ; छेद ।

се́чка (स्त्री०) १. (सब्ज़ी काटने का) चाक़ू ; छुरी ; २. (चारे की) कुटी ; टोका ।

сечь (अपू०), **вы́сечь** (पू०) (वर्त० секу́, сечёшь) १. चाबुक से मारना ; कोड़ा मारना ; बेंत मारना ; २. (केवल अपू०) (काटकर) छोटे-छोटे टुकड़े करना ; कुटी करना ; टोका करना ; **—ся** (आत्म०) (बालों का) बिखर जाना ; (रेशमी कपड़े का ज़्यादा दिन पहनने से) तार-तार हो जाना ; रिन जाना ।

се́ялка (स्त्री०) वपन-यन्त्र ; बीज बोने की मशीन ।

се́ятель (पुं०) वपनकर्त्ता ; बीज बोनेवाला ।

се́ять (अपू०), **по—** (पू०) १. बीजवपन ; बीज बोना ; с. вражду́ (ме́жду) (के बीच) शत्रुता के बीज बोना ; २. खोना ; □ что посе́ешь, то и пожнёшь जैसा बोओगे, वैसा काटोगे / जसी करनी, वैसी भरनी ।

сжа́литься (आत्म० पू०) दया करना ।

сжа́рить (पू०) भूनना ।

сжа́тие (नपुं०) दबाने/भींचने की क्रिया ; दबाव ; с. во́здуха हवा का दबाव ।

сжа́тость (स्त्री०) १. (गैस आदि का) दबाव ; संपीड़न ; २. संक्षिप्तता ।

сжать(ся) दे० сжима́ть(ся) और жать.

сжечь दे० жечь और сжига́ть.

сжива́ть (अपू०), **сжить** (पू०) (भवि० сживу́, сживёшь) जीना दूभर कर देना ; он стара́лся сжит меня́ с кварти́ры उसने मकान में मेरा रहना दूभर करने की कोशिश की ; с. со све́та जान ले लेना ; **—ся** (आत्म०) (साथ रहते-रहते) एक दूसरे से घुल-मिल जाना ।

сжига́ть (अपू०), **сжечь** (पू०) (भवि० сожгу́, сожжёшь) जला डालना ; दाह करना ; (मुर्दा) जलाना ।

сжижа́ть (अपू०), **сжиди́ть** (पू०) (भवि० сжижу́, сжиди́шь) तरलीकरण; तरल करना।

сжима́ть (अपू०) **сжа́ть** (पू०) (भवि० сожму́, сожмёшь) निचोड़ना; भींचना; पेरना; दबाना; с. ру́ку в кула́к घूँसा दिखाना; с. ру́ку кому́-л. किसीका हाथ ऐंठना/दबाना; **—ся** (आत्म०) भिचना; सिकुड़ना; इकट्ठा होना।

сжи́ть(ся) दे० сжива́ть(ся).

сза́ди (क्रि० वि०) पीछे से; पीछे; पिछले सिरे से; посмотре́ть с. पीछे से देखना; вид с. पीछे से दिखायी पड़नेवाला दृश्य; пя́тый ваго́н с. पिछले सिरे से पाँचवाँ डिब्बा; (अ०) पीछे; с. до́ма घर के पीछे।

сзыва́ть (अपू०), **созва́ть** (पू०) (भवि० созову́, созовёшь) बुलाना; (अतिथियों को) इकट्ठा करना।

сибиля́нт (पुं०) (भाषा-विज्ञान) ऊष्म वर्ण; [रूसी वर्णमाला में ж, з, с, ш— ये ऊष्म वर्ण हैं।]

сиби́рский (वि०) साइबेरिया का।

сибир||я́к (पुं०), **—я́чка** (स्त्री०) साइबेरिया-निवासी/निवासिनी।

сиви́лла (स्त्री०) (कल्पित) जादूगरनी।

си́вка (उभ०) भूरा (घोड़ा)।

сиву́ха (स्त्री०) (कच्ची) ब्रांडी।

си́вый (वि०) भूरा।

сиг (पुं०) एक प्रकार की मछली।

сига́ра (स्त्री०) सिगार।

сигар||е́та, —е́тка (स्त्री०) सिगरेट।

сига́рный (वि०) सिगार का।

сигна́л (पुं०) संकेत; सिगनल; **—иза́тор** (पुं०) संकेत-यन्त्र; **—изи́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) संकेत देना; **—ьный** (वि०) संकेत का; **—ьщик** (पुं०) संकेतक (व्यक्ति)।

сигнату́р||а (स्त्री०), **—ка** (स्त्री०) १. अनुपान; दवा सेवन करने की विधि; २. हस्ताक्षर।

сиде́лка (स्त्री०) (रोगी की देख-भाल करनेवाली) नर्स।

сиде́ни||е (नपुं०) बैठने की क्रिया; он уста́л от до́лгого —я वह बहुत देर बैठने के कारण थक गया।

сиде́ние (नपुं०) आसन; बठने की क्रिया।

сиде́ть (अपू०) (वर्त० сижу́, сиди́шь) १. बैठना; с. поджа́в но́ги चौकड़ी मारकर बैठना; оста́ться с. बैठे रहना; с. на я́йцах (मुर्गी का) अंडों पर बैठना/अंडे सेना; २. с. в тюрьме́ जेल भुगतना; с. под аре́стом हिरासत में होना; с. без де́ла बेकार बैठना; с. сложа́ ру́ки हाथ पर हाथ धरकर बैठना; ३. (कपड़े का) ठीक बैठना; ठीक नाप का होना; **—ся** (आत्म०) (कर्तृ-निरपेक्ष) ему́ не сиди́тся до́ма वह घर पर नहीं बैठ सकता / वह घर पर रहना पसन्द नहीं करता; ему́ не сиди́тся на ме́сте वह एक स्थान पर टिककर नहीं बैठ सकता।

сидр (पुं०) सिद्र (एक प्रकार की ब्रांडी)।

сидя́ч||ий (वि०) बैठा हुआ; в —ей по́зе बैठे हुए।

сие́на (स्त्री०) रँग बनाने के काम में आनेवाली भूरी-सी मिट्टी।

си́зый (वि०) फाख्ता के रँग का।

сикомо́р (पुं०) मिस्र का एक प्रकार का अंजीर का पेड़।

си́л||а (स्त्री०) १. शक्ति; बल; ज़ोर; по́лный сил शक्तिवान्/शक्तिशाली; изо всех сил पूरी शक्ति से; —ой बलपूर्वक / ज़बर्दस्ती; брать —ой बलपूर्वक लेना; ходи́ть че́рез —у कठिनाई से चल सकना; вы́биться из сил अशक्त हो जाना; с. во́ли इच्छा-शक्ति; २. (टेक०) शक्ति; лошади́ная с. अश्व-शक्ति; ३. (सेना०) बल; शक्ति; вое́нно-возду́шные —ы विमान-बल; हवाई शक्ति; ४. (क़ानून-सम्बन्धी) входи́ть в —у लागू होना।

сила́ч (पुं०) व्यायामिक; कसरती आदमी।

силика́т (पुं०) (रस०) सिलीकेट।

си́литься (आत्म० अपू०) ज़ोर लगाना; शक्ति लगाना; कोशिश करना; я си́лился не пла́кать मैंने न रोने की कोशिश की।

силкóм (क्रि० वि०) बलपूर्वक ।

силов||óй (वि०) —áя стáнция बिजलीघर ।

си́лой (क्रि० वि०) बलपूर्वक ।

силóк (पुं०) फन्दा ; जाल ।

силуэ́т (पुं०) तिमिर-चित्र (केवल बाह्य रेखा दर्शानेवाला छाया-चित्र) ।

си́льно (क्रि० वि०) बलपूर्वक ; जबर्दस्ती ; दृढ़ता से ; ज़ोर से ; प्रचंडता से ; быть с. привя́занным (к) दृढ़तापूर्वक बँध जाना ; с. дéйствовать ज़ोर से कार्य करना ; с. удáрить ज़ोर से मारना ; с. занемóчь बहुत बीमार होना ; с. нуждáться (в чём-л.) (किसी वस्तु की) बहुत आवश्यकता होना ; с. разбогатéть बहुत धनी बन जाना ; с. чýвствовать तीव्रता से अनुभव करना ; с. пить बहुत (शराब) पी लेना ; с. потéть पसीना-पसीना हो जाना ; □ с. скáзано आप हद से बढ़ रहे हैं ।

сильнодéйствующий (वि०) (विष या दवा के बारे में) बहुत असर करनेवाला/वाली ; तीखा/तीखी ।

си́льн||ый (वि०) १. बलवान ; शक्तिशाली ; (गर्मी आदि) तेज़ ; (भूख आदि) सख्त ; (इच्छा आदि) तीव्र ; उद्दाम ; с. зáпах तीव्र गन्ध ; —ая вóля दृढ़ संकल्प ; २. सिद्धहस्त ; निष्णात ; си́лен в матемáтике गणित में निष्णात ।

сильф (पुं०) (लोक-साहित्य) गगनदेव ।

си́мвол (पुं०) प्रतीक ; संकेत ; लक्षण ; **—и́зм** (पुं०) प्रतीकवाद ।

симвóлика (स्त्री०) संकेत-विद्या ।

символ||исти́ческий, —и́чный (वि०) प्रतीकात्मक ; प्रतीक-सम्बन्धी ।

симметри́||ческий, —чный (वि०) संमित ; सुडौल ।

симметри́я (स्त्री०) संमिति ; सुडौलपन ।

симони́я (स्त्री०) धर्मपदविक्रय ; धर्मपद बेचने या मोल लेने का अपराध ।

симпат||изи́ровать (अपू०) (—рую) समवेदना प्रकट करना ; सहानुभूति दिखाना ; **—и́ческий** (वि०) समवेदना ; सहानुभूति ; **—и́чный** (वि०) सहज आकर्षणयुक्त ; आकर्षक ; सुन्दर ।

симпáтия (स्त्री०) समवेदना ; सहानुभूति ।

симптóм (पुं०) लक्षण ; निदान ।

симптомати́ч||еский, —ный (वि०) लक्षण /निदान-सम्बन्धी ।

симул||и́ровать (अपू० और पू०) (—рую) बहाना करना ; с. негодовáние क्रोध जताना ; с. безýмие पागल होने का बहाना करना ; **—я́нтка** (स्त्री०) छल करनेवाली ; **—ля́ция** (स्त्री०) बहाना / छल करने की क्रिया ।

синагóга (स्त्री०) यहूदी-देवालय ।

синдикал||и́зм (पुं०) शिल्पसंघवाद ; सिंडीकेलिज्म ; **—и́ст** (पुं०) शिल्पसंघवादी ; सिंडीकेलिस्ट ; **—и́стский** (वि०) शिल्पसंघवादीय ।

синдикáт (पुं०) शिल्पसंघ ; व्यवसाय-संघ ; (अंग्रेज़ी—सिंडिकेट) ।

синевá (स्त्री०) (स्याही माइल) गहरा नीला रंग ।

синевáтый (वि०) नीला-सा ।

синéкдоха (स्त्री०) उपादान लक्षण (जिसमें अंगी के लिए अंग अथवा अंग के लिए अंगी का प्रयोग होता है) ।

синекýра (स्त्री०) बिना किसी कार्य-भार के लाभ या प्रतिष्ठा का पद ; मौज की नौकरी ।

синерóд (पुं०) (रस०) सिनोजेन ।

синéть (अपू०), **по—** (पू०) नीला हो जाना ।

си́ний (वि०) नीला ।

сини́льн||ый (वि०) (रस०) —ая кислотá हाइड्रोसियेनिक एसिड ।

сини́ть (अपू०), **под—** (पू०) नीला करना ।

сини́ца (स्त्री०) फुदकी ; एक प्रकार का पक्षी ।

синóд (पुं०) पादरियों की सभा ; **—áльный, —ский** (वि०) धर्मसभा का ; धर्मसभा-सम्बन्धी ।

синóл||ог (पुं०), चीनवेत्ता ; चीनी भाषा, साहित्य और संस्कृति आदि का ज्ञाता ; **—óгия** (स्त्री०) चीनज्ञान ; चीनी भाषा, साहित्य और संस्कृति आदि का ज्ञान ।

синóним (पुं०) पर्याय ; समानार्थवाचक शब्द ; **—и́ческий** (वि०) पर्यायवाची ।

синóптик (पुं०) मौसम के विषय में भविष्यवाणी करनेवाला।

сúнтаксис (पुं०) (वाक्य) विन्यास ; वाक्य-रचना।

сúнте||з (पुं०) संश्लेषण ; समन्वय ; **—тúческий** (वि०) १. сúнтез से वि० ; २. (रस०) सांश्लेषिक ; संश्लिष्ट ; कृत्रिम।

синхрон||изúровать (अपू० और पू०) (—рую) एक ही समय होना ; समक्रमण होना ; **—úзм** (पुं०) समक्रमिकता ; **—úя** = синхронúзм.

синхрóнный (वि०) समक्रमिक ; एक ही समय घटित होनेवाले।

синь = синевá.

сúнька (स्त्री०) १. नील ; २. (किसी योजना की) मूल रूपरेखा ; मूलयोजना।

синя́к (पुं०) खरौंच ; झरीट ; खरौंच का निशान ; नील।

сион||úзм (पुं०) यहूदीवाद ; **—úст** (पुं०), **—úстка** (स्त्री०) यहूदीवादी।

сипáй (पुं०) सिपाही।

сúплый (वि०) (आवाज़) फटी ; भर्रायी।

сúпнуть (अपू०) (आवाज़ का) फट जाना ; भर्राना।

сирéна (स्त्री०) भोंपू।

сирéневый (वि०) (वन०) बकाइन का।

сирéнь (स्त्री०) (वन०) बकाइन।

сирú||ец (पुं०) सीरिया-निवासी ; **—йский** (वि०) सीरिया का।

Сúриус (पुं०) लुब्धक (एक नक्षत्र-विशेष)।

сирóп (पुं०) चाशनी ; शर्बत।

сирот||á (उभ०) अनाथ ; मातृपितृविहीन बालक ; остáться —óй अनाथ हो जाना ; **—лúвый** (वि०) (काव्य०) एकाकी।

сирóтс||кий (वि०) अनाथ का ; **—тво** (नपुं०) अनाथता ; मातृपितृविहीनता।

систéма (स्त्री०) प्रणाली ; पद्धति ; व्यवस्था ; तन्त्र ; кáрточная с. राशन-पद्धति।

систематúческ||и (क्रि० वि०) पद्धति या क्रम के अनुसार ; व्यवस्थित ढंग से ; **—ий** (वि०) यथाक्रम ; व्यवस्थित ; क्रम के अनुसार।

систéрна = цистéрна.

сúстола (स्त्री०) प्रकुंचन (हृदय या धमनी का सिकुड़ना)।

сúтец (पुं०) छींट ; दरेस ; छपा हुआ कपड़ा।

сúтечко (नपुं०) сúто का अल्प०।

сúтник (पुं०) **I.** छाने हुए आटे की सफ़ेद डबल रोटी ; **II.** सरहरी (एक प्रकार का पौधा)।

сúтный (वि०) с. хлеб = сúтник-I.

сúто (नपुं०) छलनी।

ситуáция (स्त्री०) स्थिति।

сúтцевый (वि०) छींट का ; दरेस का।

сúфилис (पुं०) उपदंश रोग ; गर्मी।

сифóн (पुं०) (भौ०) साइफ़न।

сия́ние (नपुं०) क्रान्ति ; प्रकाश ; चमक।

сия́||ть (अपू०) चमकना ; сóлнце —ет सूर्य चमक रहा है।

скабрёзн||ость (स्त्री०) अश्लीलता ; अशिष्टता ; **—ый** (वि०) अश्लील ; अशिष्टतापूर्ण ; **—ый** рáссказ अश्लील कहानी।

сказ (पुं०) कथा ; □ вот тебé и весь с. बस कहानी खत्म हुई !/बस, इतनी ही कहानी है।

сказáние (नपुं०) कथा ; गल्प।

сказáть दे० говорúть ; □ лéгче с. чем сдéлать करने से कहना सहज है/कहना सहज है करना कठिन ; скáзано - сдéлано कहा और हुआ ; **—ся** दे० скáзываться.

сказúтель (पुं०) लोक-कथाएँ कहनेवाला।

скáзк||а (स्त्री०) कथा ; कहानी ; расскáзывать —и कहानियाँ कहना/सुनाना ; э́то с. यह गप्प है।

скáзочный (वि०) १. परियों की कहानी का ; २ अद्भुत ; अविश्वसनीय ; अलौकिक।

скáзывать (अपू०) कहानी सुनाना।

скáз||ываться (आत्म० अपू०) **сказáться** (भवि० скажýсь, скáжешься) (आत्म० पू०) १. बताना ; २. बुरा प्रभाव डालना ; दुष्प्रभाव डालना ; болéзнь сúльно —áлась на нём ; बीमारी का उस पर बुरा प्रभाव पड़ा ; ३. (अपने

विषय में) सूचना देना ; —а́ться больны́м अपनी बिमारी की सूचना देना ; ४. प्रकट होना।

скака́лка (स्त्री०) बच्चों के उछलने की रस्सी।

скака́ть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० скачу́, ска́чешь) १. कूदना ; पारी-पारी से एक पैर पर भार देकर चलना ; फुदकना ; २. घोड़े को सरपट दौड़ाना।

скаков||о́й (वि०) दौड़ का ; —а́я ло́шадь घुडदौड़ का घोड़ा ; —а́я доро́жка घुडदौड़-पथ (अंग्रेज़ी-रेसकोर्स)।

скаку́н (पुं०), **—ья** (स्त्री०) कूदनेवाला/वाली ; फुदकनेवाला/वाली।

скал||а́ (स्त्री०) चट्टान ; **—и́стый** (वि०) पथरीला ; चट्टानोंवाला।

ска́лить (अपू०), **о—** (पू०) с. зу́бы दाँत निकाल कर हँसना।

ска́лка (स्त्री०) (रोटी आदि बेलने का) बेलना ; (कपड़े धोने का) मोगरा।

ска́лывать (अपू०), **сколо́ть** (पू०) (भवि० сколю́, ско́лешь) १. (-से) फोड़ना ; तोड़ना ; с. лёд с. тротуа́ра पटरी पर से बर्फ़ तोड़ना ; २. पिनों से जोड़ना/लगाना।

скальки́ровать दे० кальки́ровать.

скалькули́ровать दे० калькули́ровать.

скальп (पुं०) खोपड़ी ; मस्तक की त्वचा और बाल।

скальпи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) सिर/खोपड़ी उतारना ; с. уби́того врага́ मारे हुए शत्रु की खोपड़ी/सिर उतार लेना।

скам||е́ечка (स्त्री०) छोटा बेंच ; **—е́йка, —ья́** (स्त्री०) बेंच।

сканда́л (पुं०) लोकापवाद ; कलंक ; तोहमत ; **—и́ст,** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) अपवादी/अपवादिनी ; तोहमत लगानेवाला/वाली ; **—ьный** (वि०) कलंकित ; दग़ीला।

ска́ндий (पुं०) (रस०) स्कैंडियम।

сканди́ровать (अपू० और पू०) (—рую) छन्द की प्रत्येक मात्रा का पूर्ण और स्पष्ट उच्चारण करना।

скандова́ть = сканди́ровать.

ска́пливать (अपू०), **скопи́ть** (पू०) (भवि० скоплю́, ско́пишь) संचय करना ; जमा करना ; बचाकर रखना ; **—ся** (आत्म०) १. जमा होना ; इकट्ठा होना ; संचित होना ; (लोगों की) भीड़ होना ; २. ска́пливать का कर्मवाच्य।

скарабе́й (पुं०) प्राचीन मिस्र का पवित्र माना जानेवाला गुबरीला (कीड़ा)।

скарб (पुं०) (केवल एकवचन) घर-गृहस्थी का सामान।

ска́ред (पुं०), **—а** (उभ०) कंजूस ; मक्खीचूस ; कृपण ; хозя́йка была стра́шная ска́реда मालकिन बहुत ही कंजूस थी ; **—ничать** (अपू०) कंजूसी करना ; **—ность** (स्त्री०) कंजूसी ; कृपणता ; **—ный** (वि०) कंजूस ; कृपण।

скарлати́на (स्त्री०) स्कारलेट-ज्वर।

ска́рмливать (अपू०), **скорми́ть** (पू०) (भवि० скормлю́, ско́рмишь) भोजन कराना।

скат (पुं०) **I.** ढाल ; ढलवान ; с. кры́ши छत का ढाल/छत की ढलवान ; **II.** एक प्रकार की समुद्री मछली।

ската́ть(ся) दे० ска́тывать(ся).

ска́терть (स्त्री०) मेजपोश ; □ —ю доро́га रास्ता खुला है/तुम्हें रोकता कौन है !

скати́ть दे० ска́тывать(ся).

ска́тывать -I (अपू०), **ската́ть** (पू०) १. लपेटना ; с. па́рус बादबान लपेटना ; २. नक़ल मारना ; **—ся** (आत्म०) लिपटना ; लिपट जाना।

ска́тывать -II (अपू०), **скати́ть** (पू०) (भवि० скачу́, ска́тишь) नीचे लुढकाना ; с. с горы́ पहाड़ से नीचे लुढ़काना ; **—ся** (आत्म०) १. नीचे लुढ़काना २. ска́тывать का कर्मवाच्य।

скафа́ндр (पुं०) पानी में गोता लगाने की पोशाक जिसमें साँस लेने और पानी में काम करने के उपकरण होते हैं।

ска́чка (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) (घोड़े की) सरपट चाल ; २. (बहु०) घुड़दौड़।

скачообра́зный (वि०) पत्ते के सदृश ; पत्ते जैसा ।

скачо́к (पु॑०) छलाँग ।

ска́шивать (अपू०), **скоси́ть** (पू०) (भवि० скошу́, ско́сишь) **I.** घास काटना ; **II.** तिरछी नजर से देखना ; कटाक्ष करना ; **III.** तिरछा बनाना ; ढलवाँ बनाना ।

сква́ж||ина (स्त्री०) खाँचा ; दरार ; सुराख ; छेद ; замо́чная с. ताली का छेद ; **—истость** (स्त्री०) दरारदार होने का भाव ; खाँचेदार होने का भाव ; **—истый** (वि०) खाँचेदार ; दरारदार ।

скве́р (पु॑०) चौक ।

скве́рно (क्रि० वि०) बुरी तरह से ; с. па́хнуть दुर्गन्ध आना/बुरी गन्ध आना ; пальто́ с. сиди́т на нём कोट उसके ठीक नहीं आता ; его́ дела́ иду́т с. उसका काम खराब हो रहा है ; поступа́ть с. по отноше́нию к кому́-л. किसीसे बुरा बर्ताव करना ।

сквернosло́в (पु॑०) गाली देनेवाला ; अपभाषी ; **—ие** (नपु॑०) गाली-गलौज ; अश्लील भाषा ; अपभाषा ।

сквернослови́ть (अपू०), **на—** (पू०) (वर्त० сквернословлю, скверносло́вишь) अश्लील बातें कहना ; गालियाँ देना ।

скве́рный (वि०) बुरा ; नीच ; с. челове́к बुरा आदमी ; с. посту́пок बुरा काम ।

сквита́ться (आत्म० पू०) (-से) हिसाब चुकाना ; लेखा बराबर करना ।

сквози́||ть (अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) १. здесь —и́т यहाँ हवा का झोंका आता है/यहाँ हवा लगती है ; २. आर-पार दिखायी पड़ना ; свет —и́т че́рез занаве́ску प्रकाश पर्दे के बीच में से आ रहा है ; ३. (कपड़े का) पारदर्शी होना ।

сквозно́й (वि०) आर-पार ; बीचोंबीच का ; с. прохо́д आर-पार रास्ता ; с. ве́тер = сквозня́к.

сквозня́к (पु॑०) (कमरे में आमने-सामने दरवाजा या खिड़की होने के कारण आनेवाला) हवा का झोंका ।

сквозь (अ०) (बीच) में से ; आर-пार ; с. дыру́ छेद में से ; говори́ть с. зу́бы दाँत भींचकर बोलना ; □ смотре́ть с. па́льцы (на что-л.) देखी-अनदेखी करना/चश्मपोशी करना ।

скворе́ц (पु॑०) मैना ।

скворе́чн||ик (पु॑०), **—ица** (स्त्री०) (छत या पेड़ पर पक्षी के लिए बनाया गया) घौंसला ।

скеле́т (पु॑०) ढाँचा ; पंजर ; अस्थि-पंजर ।

скéп||сис (पु॑०) (तत्त्वज्ञानियों का) अविश्वास ; सन्देह ; शंका ; **—тик** (पु॑०) सन्देहवादी ; शंकालु ; अविश्वासी ; **—тици́зм** (पु॑०) सन्देहवाद ।

скепти́ческий (वि०) सन्देहात्मक ; सन्दिग्ध ।

ски́дка (स्त्री०) छूट ; बट्टा ।

ски́дывать (अपू०), **ски́нуть** (पू०) १. फेंक देना ; २. (कपड़े) उतारना ; ३. मूल्य कम करना/घटाना ।

ски́петр (पु॑०) राजदंड ।

скипида́р (पु॑०) तारपीन ; очи́щенный с. तारपीन का तेल ; **—ный** (वि०) तारपीन का ।

скирд (पु॑०), **—а́** (स्त्री०) भूसे या कटी हुई फ़सल का ढेर ; टाल ।

скирдова́ть (अपू०), **за—** (पू०) (वर्त० —ду́ю) भूसे का ढेर लगाना ; टाल लगाना ।

скиса́ть (अपू०), **ски́снуть** (पू०) खट्टा हो जाना ।

скит (पु॑०) कुटिया ; आश्रम ।

скита́лец (पु॑०) घुमक्कड़ ; पर्यटक ।

скита́ться (आत्म० अपू०) घूमना ; विचरना ; पर्यटन करना ।

склад (पु॑०) **I.** गोदाम ; भंडार ; **II.** बनावट ; स्वरूप ; अवस्था ; с. ума́ मानसिक अवस्था ।

скла́дка (स्त्री०) (मुँह पर) झुर्री ; (कपड़े की) सलवट ; प्लेट ; तह ; शिकन ; с. на брю́ках पतलून की सलवट ।

скла́дно (क्रि० वि०) भली प्रकार से ।

складно́й (वि०) तह किये जाने योग्य ।

склáдн||ость (स्त्री०) समन्वय; समस्वरता; सामंजस्य; **—ый** (वि०) समन्वित; समस्वर; समंजस।

склáдочн||ый (वि०) —ое помещéние = склад-I; —ое мéсто काठ-कबाड़ रखने का गोदाम।

складскóй (वि०) गोदाम का।

склáдчатый (वि०) बहुत सलवटोंवाला (कपड़ा आदि)।

склáдчина (स्त्री०) संचय करने की क्रिया।

склады́ (बहु०) वर्ण; अक्षर; मात्रा (सिलेबल)।

склáдывать (अपू०), **сложи́ть** (पू०) १. इकट्ठा करना; ढेर लगाना; с. вéщи пéред отъéздом (जाने से पहले) सामान बाँधना; २. (गणित) जोड़ लगाना; जोड़ना; с. два и четы́ре दो और चार का जोड़ लगाना; ३. (पद्य आदि की) रचना करना; ४. उठा लेना; сложи́ кни́ги со столá मेज़ पर से पुस्तकें उठा लो; ५. तह करना; с. вдвóе दुहरा करना; с. газéту समाचार-पत्र की तह बनाना; □ сидéть сложá рýки हाथ पर हाथ धरकर बैठना; с. орýжие हथियार डालना; **—ся** (आत्म०) १. इकट्ठा होना; संचित होना; २. बनना; (स्थिति) पैदा होना; обстоя́тельства сложи́лись благоприя́тно स्थिति अनुकूल हो गयी; ३. склáдывать का कर्मवाच्य।

склéивать (अपू०), **скле́ить** (पू०) (गोंद/लेई आदि से) चिपकाना; **—ся** (आत्म०) १. चिपकना; २. склéивать का कर्मवाच्य।

склéйка (स्त्री०) (गोंद या लेई से) चिपकाने की क्रिया।

склеп (पुं०) महराबदार मक़बरा।

склепáть दे० склёпывать.

склёпка (स्त्री०) रिवेट (दुनोकी कील) से जोड़ने की क्रिया।

склёпывать (अपू०), **склепáть** (पू०) रिवेट (दुनोकी कील) से जोड़ना।

скликáть (अपू०), **скли́кать** (पू०) (भवि० скли́чу, скли́чешь) (चिल्लाकर) बुला लेना/इकट्ठा कर लेना; хозя́йка скли́кала кур मालकिन ने आवाज़ देकर सब मुर्ग़ियाँ इकट्ठी कर लीं।

склóка (स्त्री०) झगड़ा।

склон (पुं०) ढाल; ढलवान।

склонéние (नपुं०) १. नमन; नति; झुकाव; २. कारक-रूप/धातु-रूप।

склони́ть(ся) दे० склоня́ть(ся).

склóнн||ость (स्त्री०) झुकाव; प्रवणता; रुझान; с. к воéнной слýжбе सिपाही बनने की प्रवृत्ति/फ़ौज में नौकरी करने की प्रवृति; **—ый** (वि०) नत; प्रवृत्त; झुका हुआ।

склоня́ть (अपू०), **склони́ть** (पू०) १. झुकाना; मोड़ना; склони́ть гóлову सिर झुकाना; २. मनाना; मनाने की कोशिश करना; (केवल अपू०) (व्या०) कारक-रूपों/धातु-रूपों की रचना करना; गर्दानें करना; **—ся** (आत्म०) १. प्रवृत्ति होना; झुकाव होना; मान जाना; २. -पर झुकना; —ся над колыбéлью पालने पर झुकना; ३. (केवल अपू०) (व्या०) कारक-रूपों/धातु-रूपों की रचना होना।

склóчн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) कलह-प्रिय; झगड़ा करनेवाला/वाली।

скля́нка (स्त्री०) १. शीशी; २. बालूघड़ी; ३. (नौचालन०) आधा घंटा।

скобá (स्त्री०) शिकंजा।

скóбель (पुं०) उस्तरा।

скóбк||а (स्त्री०) १. скобá का अल्प०; २. कोष्ठक या बन्धनी का चिह्न ( ); в —и, в —ах कोष्ठकों में; बन्धनियों में; २. बालों की छँटाई; माथे और गुद्दी पर से बालों की छँटाई।

скобли́ть (पू०) १. खरोंचना; २. रन्दा करना; ३. (जर्राही में) चमड़ी छेदना या काटना।

скобян||óй (वि०): с. товáр, —ые издéлия लोहे की बनी चीज़ें।

ковáть दे० скóвывать.

сковородá (स्त्री०) कड़ाही।

скóвороден́ь (पुं०) (टेक०) соединéния в с. फ़ाख्ता की दुम की-सी चूल या जोड़।

сковоро́дка = сковорода́.

ско́вывать (अपू०), **скова́ть** (पू०) (वर्त० скую́, скуёшь) १. गढ़ना ; (लोहे आदि को) गर्म करके हथौड़े से कूटकर बनाना ; २. कूटकर जोड़ना ; ३. जंजीर से बाँधना ; बेड़ी लगाना ; ३. बर्फ़ से ढँक देना ; лёд скова́л ре́ку नदी जम गयी है ।

скола́чивать (अपू०), **сколоти́ть** (पू०) (भवि० сколочу́, сколо́тишь) ठोककर बनाना ; इकट्ठे करना ; संगठन करना ; сколоти́ть я́щик из до́сок कीलें ठोककर तख्तों का बक्स बनाना ।

ско́лок (पुं०) १. प्रतिरूप ; २. (कढ़ाई का) नमूना ।

сколоти́ть दे० скола́чивать.

сколо́ть दे० ска́лывать.

скольже́ние (नपुं०) फिसलन ।

скользи́ть (अपू०) फिसलना ।

ско́льзкий (वि०) पिच्छल ; फिसलना ।

скользну́ть (पू०) फिसल जाना ।

ско́лько (क्रि० वि०) कितना ; с. э́то сто́ит इसका कितना मूल्य है ? ; с. у вас книг ? आपके पास कितनी पुस्तकें हैं ?

скома́ндовать (पू०) (—дую) आदेश देना ; हुक्म देना ।

скомбини́ровать दे० комбини́ровать.

ско́мкать दे० ко́мкать.

скоморо́||х (पुं०) विदूषक ; ठिठोलिया ; **—шество** (नपुं०) विदूषकता ; ठिठोलियापन ।

скомпили́ровать दे० компили́ровать.

скомпонова́ть दे० компонова́ть.

скомпромети́ровать दे० компромети́ровать.

сконструи́ровать दे० конструи́ровать.

сконфу́зить(ся) दे० конфу́зить(ся).

сконча́ться (पू०) (काव्य०) स्वर्ग सिधारना ; मर जाना ।

скопе́ц (पुं०) नपुंसक ; हिजड़ा ।

скопидо́м (पुं०) संचयशील ; किफ़ायतशआर ; जोड़ू ; पैसा जमा करनेवाला ; **—ство** (नपुं०) संचयशीलता ; किफ़ायतशआरी ; पैसा जमा करने का स्वभाव ।

скопи́ровать दे० копи́ровать.

скопи́ть-I दे० ска́пливать.

скопи́ть-II = оскопля́ть.

скопи́ться दे० ска́пливаться.

ско́пище (नपुं०) भीड़ ; जमघट ।

скопле́ние (नपुं०) १. संचय ; २. (लोगों की) भीड़ ; जमघट ।

скопля́ть(ся) = ска́пливать(ся).

ско́пом (क्रि० वि०) भीड़ में ; जमघट में ।

скорбе́ть (पू०) शोक मनाना ; दुःख मनाना ।

ско́рбный (वि०) शोकपूर्ण ; दुःखद ।

скорбу́т (पुं०) एक प्रकार का रक्त-रोग (अंग्रेज़ी—स्कर्वी) ।

скорбь (स्त्री०) शोक ; दुःख ।

скоре́||е, —й १. ско́ро और ско́рый का तर-प्रत्ययान्त रूप ; २. он с. умрёт чем сда́стся समर्पण करने से पहले वह प्राण दे देगा/ वह मर जायेगा परन्तु समर्पण नहीं करेगा ।

скорлупа́ (स्त्री०) छिलका ; खोल ; с. оре́ха अखरोट का छिलका ; с. яйца́ अंडे का खोल ।

скорми́ть दे० ска́рмливать.

скорня́||к (पुं०) पोस्तीन का व्यापारी ; पोस्तीन लगानेवाला ।

ско́ро (क्रि० वि०) शीघ्रतापूर्वक ; जल्दी से ; शीघ्र ।

скороговоро́рк||а (स्त्री०) शीघ्रभाषण ; सर्राटे से बोलने की क्रिया ।

скоро́мн||ый (वि०) चर्बी का ; माँस का ; —ые дни मांसाहार-दिवस (जब धर्म के अनुसार माँस खाना वर्जित नहीं होता ।)

скоропали́тельный (वि०) जल्दबाज ; उतावला ; हड़बड़िया ।

ско́ропись (स्त्री०) घसीट ।

скоропо́ртящи||йся (कृदन्त और वि०) जल्दी खराब होनेवाली चीज ; क्षयशील वस्तु ; —еся това́ры, проду́кты क्षयशील वस्तुएँ ।

скоропости́жн||ый (वि०) आकस्मिक ; ая смерть आकस्मिक मृत्यु ।

скоропреходя́щий (वि०) क्षणिक ; क्षण-स्थायी ।

скороспе́лый (वि०) अकालपक्व ; अकाल-परिणत ; समय से पहले पकनेवाला ।

скоростно́й (वि०) अतिवेगवान ; तेज़ रफ़्तार का ।

тот (सर्व०) (पुं०), **та** (स्त्री०), **то** (नपुं०), **те** (बहु०) १. वह; (बहु०) वे; да́йте мне тот каранда́ш मुझे वह पेंसिल दीजिए; где те кни́ги? वे पुस्तकें कहाँ हैं?; тот же वही; в ту же мину́ту उसी पल; с. того́ вре́мени с тех пор तब से; २. अन्य; दूसरा; на той стороне́ दूसरी ओर; ३. वही; वह (जिसकी आवश्यकता थी); э́то не тот по́езд यह वह गाड़ी नहीं है/यह ग़लत गाड़ी है; ४. उस; э́то употребля́ется в том слу́чае, кото́рый был опи́сан вы́ше यह उक्त स्थिति में प्रयोग किया जाता है; □ до того́, что यहाँ तक कि-; по ме́ре того́, как इतना कि...; по́сле того́, как (-के) पश्चात्; пе́ред тем, как (-के) पूर्व; с тем, что́бы ताकि; несмотря́ на то́, что -के बावजूद; вме́сте с тем इसके साथ-साथ; кро́ме того́ (-के) अतिरिक्त; тем вре́менем, между те́м इतने में; со всем тем इस सबके होते हुए; и тому́ подо́бное इत्यादि; к тому́ же इसके अतिरिक्त; мно́го лет тому́ наза́д (बहुत) कई वर्ष हुए; ни с того́, ни с сего́ अकारण ही।

тоталита́рный (वि०) सर्वाधिकारी।

тота́льный (वि०) योगफल; जोड़ का।

тоте́м (पुं०) गणचिह्न; किसी जन-जाति का कुल चिह्न (पशु या पौधा)।

то́-то (क्रि० वि०) १. कितना; то́-то он удиви́тся वह कितना चकित होगा?; क्या उसको अचम्भा नहीं होगा?; २. देखा!

то́тчас (क्रि० वि०) तुरन्त; एकदम।

точи́лка (स्त्री०) सान; चाक़ू आदि तेज़ करने की सिल्ली।

точи́ло (नपुं०) सान; औज़ार तेज़ करने की सिल्ली।

точи́льный (वि०) तेज़ करने का; धार बाँधने का; т. бруsóк ка́мень = точи́лка; т. стано́к सान।

точи́льщик (पुं०) सानगर; चाक़ू आदि की धार बाँधनेवाला।

точи́ть -I (अपू०), **на—** (पू०) १. तेज़ करना; धार बाँधना; т. каранда́ш पेंसिल बनाना; २. खरादना; □ т. зу́бы на кого́-л. किसी पर दाँत पीसना/किटकिटाना।

точи́ть -II (अपू०) खा जाना; कुतर डालना; मोरचा खा जाना; काट देना; вода́ то́чит ка́мень पानी पत्थर को काट देता है।

точи́ть -III (अपू०) टपकाना; т. слёзы आँसू बहाना; т. смолу́ (पेड़ काटकर) गन्दा बिरोजा निकालना।

точи́ться : точи́ть-I और II का कर्मवाच्य।

то́чка -I (स्त्री०) १. बिन्दु; अंक; т. кипе́ния क्वथनांक; т. замерза́ния हिमांक; т. опо́ры (भौ०) आलम्ब; २. (व्या०) पूर्ण विराम; т. с запято́й अर्धविराम (;); □ т. зре́ния दृष्टिकोण; то́чка! बस!

то́чка -II (स्त्री०) १. तेज़ करने या धार बाँधने की क्रिया; २. खरादने की क्रिया।

то́чно -I (क्रि० वि०) यथावत्; ठीक-ठीक; ठीक समय पर; वस्तुत:; सचमुच; т. в пять часо́в ठीक पाँच बजे; т. переводи́ть ठीक-ठीक अनुवाद करना; так т. बिल्कुल ठीक है।

то́чно -II (सम्बन्धसूचक अ०) मानों; जैसे; सदृश; т. он чита́ть не уме́ет मानों वह पढ़ ही नहीं सकता; он т. поме́шанный वह पागलों जैसा है।

то́чн||ость (स्त्री०) १. अन्वर्थता; परिशुद्धता; यथार्थता; सहीपन; २. समयानुपालन; в —и यथार्थ में; ठीक समय पर; वस्तुत:; т. перево́да अनुवाद की अन्वर्थता/यथार्थता।

то́чн||ый (वि०) १. ठीक; यथार्थ; शुद्ध; अन्वर्थ; २. समयनिष्ठ; समयानुपालक; —ый перево́д शुद्ध/अन्वर्थ अनुवाद; —ое вре́мя ठीक समय।

точь-в-точь (क्रि० वि०) ठीक-ठीक; अक्षरश:।

тошн||и́ть (अपू०) (कर्तृ-निरपेक्ष) меня́ —и́т मेरा जी मतला रहा है।

тóшно (विधेय) (कर्तृ-निरपेक्ष) мне т. मेरा जी मतला रहा है ; मुझे क़ आ रही है ।

тошно||тá (स्त्री०) वमन ; मतलाहट ; **—твóрный** (वि०) जी मतला देनेवाला ; कुत्सित ; घृणाजनक ।

тóшный (वि०) १. मतली पैदा करनेवाला ; २. थका देनेवाला ; ३. उबा देनेवाला ।

тощáть (अपू०), **о—** (पू०) दुर्बल होना ; क्षीण होना ।

тóщий (वि०) १. दुबला-पतला ; क्षीण ; २. खाली ; कम ; थोड़ा ; на т. желýдок ख़ाली पेट ; т. ýголь कच्चा कोयला ।

тпру! (विस्मय०) पुचकार ! (घोड़े को ठहराने का शब्द) ।

трав||á (स्त्री०) घास ; तिनका ; तृण ; сóрная т. मोथा ; лекáрственные целéбные трáвы जड़ी-बूटियाँ ; лежáть на —é घास पर लेटना ।

трави́нка (स्त्री०) तिनका ।

трави́ть (अपू०) (травлю́ трáвишь) **I.** १. (शिकार) खदेड़ना ; २. क्लेश देना ; पीड़ा देना ; т. собáками (-पर) कुत्ते छोड़ना ; **II.** १. विष देना ; т. крыс विष देकर चूहे मारना ; २. धातु-पत्र पर तेज़ाब आदि से खुदाई करना ।

трави́ть -III (अपू०), **по—** (पू०) पाँव से कुचलना ; रौंदना ।

трави́ться -I (आत्म० अपू०) трави́ть I, III का कर्मवाच्य ।

трави́ться -II (आत्म० अपू०) १. विष खाना ; २. трави́ть-II का कर्मवाच्य ।

травлéние (नपुं०) (अम्ल या तेज़ाब से धातु पर चित्र की) खुदाई ।

трáвля (स्त्री०) (शिकार) खदेड़ना ; पीछा करना ।

травоя́дн||ый (वि०) घास खानेवाला ; —ое живóтное घास खानेवाला पशु ।

травян||и́стый (वि०) १. घासवाला ; २. बेस्वाद ; **—óй** (वि०) घास का ; —óй зáпах माँस की गन्ध ; —óй цвет (घास के सदृश) हरा रंग ।

трагéдия (स्त्री०) त्रासदी ; दुःखान्त नाटक ; दुर्घटना ।

трáгик (पुं०) त्रासदीकार ; दुःखान्त नाटककार या अभिनेता ।

трагикомéдия (स्त्री०) कारुणिक कामदी ; त्रासिककामदी ; दुखान्त-सुखान्त नाटक ।

траги́ческ||и (क्रि० वि०) करुण रूप से ; दुःखान्त रूप से ; окóнчиться т. करुण अन्त होना ; दुःखान्त होना ; **—ий** (वि०) त्रासदीय ; कारुणिक ; दुःखान्त- ; —ий актёр त्रासदी-अभिनेता ; दुःखान्त नाटक का अभिनेता ; —ое зрéлище करुण दृश्य ।

траги́чно = траги́чески.

траги́чн||ость (स्त्री०) कारुणिकता ; दुःखान्तता ; दुःखद घटना ; **—ый** (वि०) दुःखान्त ।

традициóнн||ость (स्त्री०) परम्परागत स्वभाव ; परम्परागत आचरण ; **—ый** (वि०) परम्परागत ।

тради́ция (स्त्री०) परम्परा ।

траектóрия (स्त्री०) किसी गतिशील वस्तु का वक्र-मार्ग ।

тракт (पुं०) १. बड़ी सड़क ; राजमार्ग ; २. रास्ता ।

трактáт (पुं०) १. (अन्तर्राष्ट्रीय) सन्धि ; २. (वैज्ञानिक) कृति ; रचना ।

тракти́р (पुं०) सराय ; शराबख़ाना ; ढाबा ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) सराय का स्वामी / की स्वामिनी ; ढाबे का मालिक / की मालकिन ; शराबख़ाने का स्वामी/की स्वामिनी ।

трактовáть (अपू०) (—тýю) १. बहस करना ; तर्क करना ; २. व्याख्या करना ; (विषय का) विवेचन करना ; **—ся** (आत्म०) □ о чём трактýется в э́той кни́ге इस पुस्तक का विषय क्या है ? ; трактовáть का कर्मवाच्य ।

трактóвка (स्त्री०) (विषय) विवेचन ; व्याख्या ; बहस ।

трáктор (पुं०) ट्रैक्टर ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) ट्रैक्टर चलानेवाला/वाली ;

—ный (वि०) ट्रैक्टर का ; **—остроéние** (नपुं०) ट्रैक्टर-निर्माण ।

трал (पुं०) १. (मछलियाँ पकड़ने का बोरी जैसा) जाल ; २. (बारूद की) सुरंगें साफ़ करने का साधन ; **—ер** (पुं०) जालपोत (जाल से मछलियाँ पकड़ने का जहाज़) ।

трáлить (अपू०) बड़े जाल से मछलियाँ पकड़ना ।

трáловый (वि०) (पानी में) सुरंगें साफ़ करने का ।

трáльщик (पुं०) (पानी में) सुरंगें साफ़ करने-वाला जहाज़ ।

трамб||овáть (अपू०), (—бýю) (मोगरी/मुगदर आदि से कूटकर) समतल करना ; т. зéмлю (मोगरी आदि से) भूमि एकसार करना ; **—óвка** (स्त्री०) १. (मोगरी/मुगदर आदि से कूट-कर) समतल करने की क्रिया ; २. मोगरी ; मुगदर ।

трамв||áй (पुं०) ट्राम ; ट्राम की पटरी ; éхать на —áе ट्राम में जाना ; сесть на т. ट्राम में बैठना ; вы́йти из —áя ट्राम से उतरना ; **—áйный** (वि०) ट्राम का ; —áйный билéт ट्राम का टिकट ।

трамвáйщик (पुं०) ट्राम पर काम करनेवाला ।

трампли́н (पुं०) छलाँग लगाने में सहायता देने का लचकदार तख्ता ।

транжи́р||а (उभ०) अतिव्ययी ; मुक्तहस्त ; खर्चीला ; **—ить** (अपू०) अतिव्यय करना ; धन लुटाना ।

транзи́т (पुं०) (रास्ते में) चलता हुआ माल ।

транзи́тн||ый (वि०) : —ая ви́за पारवहन-वीज़ा ।

транс (पुं०) मूर्च्छा ; अचेत अवस्था ।

трансаркти́ческий (वि०) उत्तरी ध्रुव के पार का ।

трансгрéссия (स्त्री०) अतिक्रमण ।

транскри́пция (स्त्री०) नक़ल ; प्रतिलेख ।

трансли́ровать (अपू० और पू०) (—рую) (रेडियो द्वारा) प्रसारित करना ।

транслитерáция (स्त्री०) लिप्यन्तरण ; दूसरी लिपि में लिखना ।

трансляциóнный (वि०) (रेडियो द्वारा) प्रसारित करने का ।

трансля́ция (स्त्री०) (रेडियो द्वारा) प्रसारण ।

трансокеáнский (वि०) सागर-पार का ।

транспарáнт (पुं०) १. पारदर्शक बेल-बूटेदार कपड़ा ; २. (काली सतरोंवाला) पारदर्शक काग़ज़ ।

транспирáция (स्त्री०) निःश्वास (अंग्रेज़ी—ट्रांसपिरेशन) ।

трансплантáция (स्त्री०) पौध लगाने की क्रिया ।

транспози́ция (स्त्री०) स्थान-विनिमय ; जगह बदलने की क्रिया ; एक जगह से उठाकर दूसरी जगह पर रखने की क्रिया ।

транспони́р||овать (अपू० और पू०) (—рую) स्थान बदलना ; **—овка** (स्त्री०) स्थान-विनिमय ।

трáнспорт (पुं०) १. यातायात ; т. грýзов माल का यातायात ; २. (माल का) भेजा जाना ; ३. परिवहन ।

транспóртер, транспортёр (पुं०) वाहक ; ले जानेवाला ।

транспорти́р (पुं०) चाँदा (अंग्रेज़ी—प्रोट्रैक्टर) (कोण नापने या बनाने का उपकरण) ।

транспорти́ровать (अपू० और पू०) (—рую) १. (माल) भेजना ; २. ले जाना ।

трансформáтор (पुं०) (भौ०) परिवर्तक (अंग्रेज़ी—ट्रांसफ़ार्मर) ।

трансформáция (स्त्री०) रूपान्तरण ।

трансформи́ровать (अपू० और पू०) (—рую) रूपान्तर करना ।

трансцендентáльный (वि०) (दर्शन०) सर्वातीत ; देशकालातीत ।

трансцендéнтный (वि०) (दर्शन०) सर्वाति-शायी सिद्धान्त-सम्बन्धी ; सर्वातीतवादीय ; सर्वातीत-सिद्धान्त का ।

траншéйный (वि०) (सेना०) खाई का ।

траншéя (स्त्री०) खाई ; खन्दक ।

трап (पुं०) १. पोत की सीढ़ी २. (फ़र्श पर पानी निकलने का) छोटा छेद ; नाली ।

тра́пез||а (स्त्री०) १. मठ में सार्वजनिक भोजन करने की मेज़ ; сиде́ть за —ой मठ में खाने की मेज़ पर बैठना ; २. भोजन ।

тра́пезная (स्त्री०) भोजन-कक्ष ।

трапе́ция (स्त्री०) १. (गणित) समलम्ब ; २. (कसरत करने का) झूला ।

трапецо́ид (पुं०) समलम्ब चतुर्भुज (जिसकी केवल दो भुजाएँ समानान्तर होती हैं) ।

тра́сса (स्त्री०) १. रेखा-चित्र ; खाका ; ढाँचा ; २. पथ ; возду́шная т. वायु-मार्ग ; हवाई पथ ।

трасса́нт (पुं०) हुंडी-प्रेषक ; हुंडी लिखनेवाला ।

трасса́т (पुं०) वह पक्ष जिसके नाम हुंडी भेजी जाये ।

трасси́ровать (अपू० और पू०) (—рую) रेखा-चित्र या खाका तैयार करना ।

тра́та (स्त्री०) व्यय ; खर्च ।

тра́тить (अपू०), **ис—, по—** (पू०) (वर्त० тра́чу, тра́тишь) व्यय करना ; खर्च करना ; व्यर्थ नष्ट करना ; **—ся** (आत्म०) १. खर्च होना ; २. тра́тить का कर्मवाच्य ।

тра́тта (स्त्री०) हुंडी ।

тра́улер = тра́лер.

тра́ур (पुं०) मृत्यु-शोक ; मातम ।

тра́урница (स्त्री०) तितली ।

тра́урный (वि०) मृत्युशोक का ; मातमी ।

трафаре́т (पुं०) स्टेंसिल ; раскра́шивать, распи́сывать по —у स्टेंसिल करना ; **—ный** (वि०) १. स्टेंसिल किया हुआ ; २. घिसा-पिटा ; दक़ियानूसी ; सामान्य ।

трах (विस्मय०) धड़ाम ।

трахеи́т (पुं०) श्वासपथ का शोथ/सूजन ।

трахе́йный (वि०) श्वासप्रणाली-सम्बन्धी ।

трахе́я (स्त्री०) श्वासप्रणाली ।

тра́хнуть (पू०) तड़ाक से मारना ; पीटना ; т. кого́-л. по голове́ किसीके सिर पर तड़ाक से मारना ।

трахо́ма (स्त्री०) कुकरे ; रोहे (आँखों का एक रोग) ।

тре́ба (स्त्री०) १. (धार्मिक) सृष्टि ; २. बलि ; ३. आवश्यकता ; об э́том т. поду́мать इसके विषय में सोचने की आवश्यकता है ।

тре́бован||ие (नपुं०) १. माँग ; अनुरोध ; आवश्यकता ; दावा ; по —ию кого́-л. किसीके अनुरोध पर/किसीके कहने पर/किसीके आदेश से ; насто́ятельное т. आवश्यक प्रार्थना/माँग ; удовлетвори́ть чьи-л. —ия किसीकी माँगें पूरी करना ; выдвига́ть —ия माँगें पेश करना/दावा पेश करना ; २. उमंगें ; स्पृहा ; इच्छा ; челове́к без вся́ких —ий निःस्पृह व्यक्ति ।

тре́бовательн||ость (स्त्री०) कठोरता से काम निकालने का भाव ; दूसरे से कसकर काम लेने का भाव ; सख्ती ; изли́шняя т अनुचित सख्ती/कठोरता ; **—ый** (वि०) १. दूसरे से कसकर काम लेनेवाला ; सख्त ; कठोर ; —ый на-ча́льник कठोर अधीक्षक ; २. आवश्यक ।

тре́бовать (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० —бую) १. माँग करना ; माँगना ; т. объясне́ния किसीसे अपनी सफ़ाई पेश करने के लिए कहना या जोर देना ; २. आवश्यकता होना ; ज़रूरत होना ; э́то тре́бует специа́льных зна́ний इसके लिए विशेष ज्ञान की आवश्यकता है ; больно́й тре́бует поко́я रोगी को आराम की आवश्यकता है ; ३. (केवल अपू०) (-से) आशा रखना ; ४. (अदालत का) समन भेजना ; बुलाना ; **—ся** (आत्म०) १. आवश्यकता होना ; на э́то тре́буется мно́го вре́мени इसके लिए बहुत समय की आवश्यकता है ; २. тре́бовать का कर्मवाच्य ।

требуха́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. (मारे हुए पशु का) भीतरी भाग—पेट, आँतड़ियाँ आदि ; २. कूड़ा-कर्कट ।

трево́г||а (स्त्री०) १. आशंका ; बेचैनी ; चिन्ता ; खतरे का आभास ; быть в —е चिन्ता होना/बेचैन होना ; २. खतरे की सूचना ; खतरे की चेतावनी ; подня́ть —у गुहार करना/दुहाई देना ।

тревóжить (अपू०), **по—, вс—** (पू०) १. (потревóжить पू० के साथ) तंग करना; शान्ति भंग करना; т. протúвника शत्रु की शान्ति भंग करना; २. (встревóжить पू० के साथ) चिन्तित करना; आकुल करना; दुःखी करना; बेचैन करना; परेशान करना; егó тревóжат вся́кие слýхи वह हर तरह की अफ़वाहों से चिन्तित/बेचैन हो उठता है।

тревóж||иться (आत्म० अपू०), **потревóжиться** (आत्म० पू०) १. अपनेआप को दुःख देना; कष्ट उठाना; आकुल होना; चिन्तित होना; परेशान होना; напрáсно вы —ились आपने व्यर्थ कष्ट उठाया; २. тревóжить का कर्मवाच्य।

тревóжн||ость (स्त्री०) चिन्ता; बेचैनी; व्याकुलता; परेशानी; **—ый** (वि०) १. चिन्तित; व्याकुल; बेचैन; परेशान; दुःखी; २. व्याकुल करनेवाला; चिन्ताजनक; ३. खतरे की सूचना का; —ый сигнáл खतरे की चेतावनी।

треволнéние (नपुं०) हलचल।

трéзвенник (पुं०) नशे से परहेज़ करनेवाला; संजीदा; संयत; धीर।

трезвéть (अपू०) नशे से परहेज़ करना; संयत होना; संजीदा होना।

трéзво (क्रि० वि०) संयत रूप से; संजीदगी/धीरता से; समझदारी से; смотрéть на вéщи т. हर एक वस्तु को संयत दृष्टि से देखना।

трезвóн (पुं०) १. घंटी का शब्द; टनटन; २. गपशप; अफ़वाह।

трезвóнить (अपू०), **рас—** (पू०) १. (केवल अपू०) (घंटी) बजाना; २. (अफ़वाह) फैलाना; ढिंढोरा पिटवाना; т. по всемý гóроду सारे नगर में ढिंढोरा पिटवाना/सारे नगर में अफ़वाह फैलाना।

трéзвость (स्त्री०) १. संजीदगी; नशे से परहेज़; संयतता; २. सुचेतता; बाहोशी।

трезвýчие (नपुं०) (संगीत) त्रय; त्रिक।

трéзвый (वि०) संजीदा; नशे से परहेज़ करनेवाला; धीर; संयत; т. человéк संयत मनुष्य/संजीदा आदमी।

трезýбец (पुं०) त्रिशूल।

трек (पुं०) धावन-पथ; रेसकोर्स।

трель (स्त्री०) (स्वर का) कम्पन।

трелья́ж (पुं०) १. लकड़ी की जाली; झिझरी; जाफ़री; २. त्रिपक्षी शीशा।

трéнер (नपुं०) (खेलों का) शिक्षक।

трéнзель (पुं०) पतले दहाने की लगाम।

трéние (नपुं०) १. घर्षण; रगड़; २. संघर्ष; अनबन; मुठभेड़; झड़प।

тренировáть (अपू०) (—рýю) प्रशिक्षण देना; ट्रेनिंग देना; **—ся** (आत्म० अपू०) **натренировáться** (आत्म० पू०) प्रशिक्षण लेना; ट्रेनिंग लेना।

тренирóвка (स्त्री०) प्रशिक्षण; ट्रेनिंग।

тренирóвочный (वि०) प्रशिक्षण का; ट्रेनिंग का।

тренóжить (अपू०), **с—** (पू०) पैंकड़ा बाँधना; (पशुओं का भागना बन्द करने के लिए) पिछली टाँगें बाँधना; पिछाड़ी डालना।

тренóжник (पुं०) तिपाई; तीन टाँगोंवाली मेज़।

трéнькать (अपू०) सितार आदि के तारों को झंकृत करना।

трепáк (पुं०) त्रेपाक (एक प्रकार का नृत्य)।

трепáлка (स्त्री०), **трепáло** (नपुं०) पटुआ या सन पीटने की मोगरी।

трепáль||ный (वि०): —ная машúна पटुआ या सन पीटने की मशीन; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) पटुआ या सन पीटनेवाला/वाली।

трепáн (पुं०) काटने की जर्राही आरी।

трепáние (नपुं०) पटुआ या सन पीटने की क्रिया।

трепанúровать (अपू० और पू०) (—рую) खोपड़ी का आपरेशन करना; खोपड़ी छेदकर एक टुकड़ा निकाल लेना।

трепáть (अपू०), **по—** (पू०) (वर्त० треплю́, трéплешь) १. (केवल अपू०) पटुआ या सन

पीटना ; धुनना ; २. इधर-उधर हिलाना ; अस्त-व्यस्त करना ; (वायु द्वारा) बिखराना ; (बाल) खींचना ; т. когó-л. за вóлосы किसीको बालों से खींचना ; ३. (सेना०) नष्ट करना ; मारना ; ४. (बूटों, वस्त्रों का) घिस जाना ; ५. थपथपाना ; т. когó-л. по плечý किसीका कन्धा थपथपाना ; □ егó трéплет лихорáдка वह ज्वर से काँप रहा है ; т. языкóм तुतलाना ; **—ся** (आत्म०) १. घिस जाना ; २. (केवल अपू०) बकवास करना ; बकबक करना ; ३. трепáть का कर्मवाच्य ।

трепáч (पुं०) १. सन पीटकर ठीक करनेवाला मजदूर ; २. बकवासी ।

трéпет (पुं०) थरथराहट ; कँपकँपी ; धड़कन ; страх и т. भय और कँपकँपी ।

трепетáние (नपुं०) कम्पन ; थरथराहट ।

трепетáть (अपू०) (वर्त० трепещý, трепéщешь) १. काँपना ; थरथराना ; т. при мы́сли (о) -का विचार करके काँप उठना ; т. от рáдости हर्ष से काँप उठना ; २. (प्रकाश का) झिलमिलाना ; ३. (नाड़ी, हृदय आदि का) धड़कना ।

трéпетн||о (क्रि० वि०) сéрдце т. бьётся हृदय धड़क रहा है ; **—ый** (वि०) १. भीरु ; कातर ; २. अस्थिर ; काँपनेवाला ; धड़कनेवाला ; थरथरानेवाला ; झिलमिलानेवाला ।

трёпк||а (स्त्री०) १. (पटुआ, सन) पीटने/धुनने की क्रिया ; २. मार ; задáть —у комý-л. किसीको बहुत मारना/किसीकी खूब खबर लेना ।

трепыхáться (आत्म० अपू०) काँपना ; थरथराना।

треск (पुं०) टूटने का शब्द ; कड़कने का शब्द ; शोर ; т. ружéйных вы́стрелов बन्दूकों के चलने का शब्द ; □ с —ом बुरी तरह से ; пьéса провалилáсь с —ом नाटक बुरी तरह से असफल रहा ।

трескá (स्त्री०) (केवल एकवचन) काड मछली ।

трéскать (अपू०) भुक्खड़ की तरह खाना या पीना ; ढकोसना ;हड़प कर जाना ।

трéскаться (आत्म अपू०), **по—** (आत्म० पू०) कड़ाके से टूटना ; तड़कना ।

трескóвый (वि०) काड मछली का ; т. жир काड मछली का तेल ।

трескотня́ (स्त्री०) १. कड़कड़ाहट ; खड़खड़ाहट (चिड़ियों का) चहकना ; चूँ-चूँ का शब्द ; т. ружéйных, вы́стрелов तोपों की गरज ; तोपों के चलने का धमाका ; २. बकवास ।

трескýч||ий (वि०) १. कड़ाके का ; कड़ा ; सख्त ; на дворé т. морóз बाहर कड़ाके की सर्दी है ; २. —ие фрáзы आडम्बरपूर्ण शब्द ।

трéснуть (पू०) १. तड़कना ; फूट पड़ना ; कड़कना ; т. от злóсти क्रोध से फूट पड़ना ; २. (-पर) चोट मारना ; т. по головé когó-л. किसीके सिर पर चोट मारना ; ३. दे० трещáть ; □ хоть трéсни चाहे कुछ भी हो ; **—ся** (आत्म०) टकराना ; टक्कर मारना ; —ся лбом об стол मेज से सिर टकराना ।

трест (पुं०) न्यास ; ट्रस्ट ; **—и́ровать** (अपू०) (—рую) न्यास बनाना ; ट्रस्ट बनाना ।

третéйск||ий (वि०) मध्यस्थ का ; विवाचक- ; पंच- ; т. суд मध्यस्थ/विवाचक-अदालत ; —ое решéние पंच-निर्णय/पंच-फ़ैसला ; т. судья́ पंच ; विवाचक ।

трéт||ий (वि०) (**—ья** स्त्री० ; **—тье** नपुं०) तीसरा ; —ье числó (мéсяца) मास की तीसरी तारीख़ ; —ьего апрéля तीन अप्रैल ; страни́ца —ья तीसरा पृष्ठ ; —ье лицó (व्या०) अन्य पुरुष ; в т. раз तीसरी बार ; —ья часть तीसरा भाग ।

трети́ровать (अपू०) (—рую) उपेक्षा करना ; высокомéрно т. अकड़ में आकर नाक-भौं चढ़ाना ।

трети́чный (वि०) तृतीय स्तर का ; तीसरे दर्जे का ।

треть (स्त्री०) तिहाई ; तीसरा भाग ।

третьеклáссн||ик (पुं०), **—ица** (स्त्री०) तृतीय कक्षा का विद्यार्थी ।

третьесóртный (वि०) तृतीय श्रेणी का; तीसरे दर्जे का।

третьестепéнный (वि०) तीसरे दर्जे का; निकृष्ट श्रेणी का; तुच्छ; नगण्य; महत्त्वहीन।

треугóлка (स्त्री०) तिकोनी टोपी।

треугóльн||ик (पुं०) त्रिकोण; त्रिभुज; прямоугóльный т. लम्ब/समकोण त्रिभुज; равнобéдренный т. समद्विबाहु त्रिभुज; равносторóнний т. समबाहु त्रिभुज; неравносторóнний т. विषमबाहु त्रिभुज; **—ый** (वि०) त्रिकोणाकार।

трéфовый (वि०) (ताश में) चिड़ी का; т. корóль चिड़ी का बादशाह।

трёхáктный (वि०) तीन अंकों का (नाटक आदि)।

трёхгодúчный (वि०) तीन वर्ष का।

трёхгодовáлый (वि०) तीन वर्ष की आयु का।

трёхднéвный (वि०) तीन दिन का; в т. срок तीन दिन में।

трехколёсный (वि०) तिपहिया; तीन पहियों का; т. велосипéд तीन पहियोंवाली साइकिल।

трехлéтие (नपुं०) १. तीन वर्ष (का समय); २. तीसरी वर्षगाँठ; तीसरा वर्ष-दिवस; прáздновать т. तीसरी वर्षगाँठ मनाना; तीसरा वर्ष-दिवस मनाना।

трёхлéтн||ий (वि०) तीन वर्ष का; т. срок तीन वर्ष का समय; т. ребёнок तीन वर्ष का बच्चा; —яя годовщúна तीसरी वर्षगाँठ।

трёхлистный (वि०) तीन पत्तों का।

трёхмéсячный (वि०) तीन मास का; т. ребёнок तीन वर्ष का बच्चा।

трёхмотóрный (वि०) तीन इंजनोंवाला।

трёхнедельный (वि०) तीन सप्ताह का; т. ребёнок तीन सप्ताह का बच्चा।

трёхрублёвка (स्त्री०) तीन रूबल का नोट।

трёхсложный (वि०) तीन मात्राओं (सिलेबलों) का।

трёхслóйный (वि०) तीन तहों का।

трёхстопный (वि०) त्रिपदी।

трёхстрýнный (वि०) तीन तारोंवाला।

трёхцвéтный (वि०) तिरंगा; तीन रँगों का।

трёхэтáжный (वि०) तिमहला; तीन मंज़िल का (भवन)।

трéшка, трéшница (स्त्री०) तीन रूबल; तीन रूबल का नोट।

трещ||áть (अपू०), **трéснуть, по—** (पू०) १. (केवल अपू०) तड़कना; कड़कना; फटना; (लकड़ियों का जलते समय) चटचटाना; तड़तड़ाना; २. (потрещáть पू० के साथ) (चिड़ियों आदि का) चहचहाना; चूँ-चूँ करना; ३. (потрещáть पू० के साथ) बक-बक करना; बकवास करना; ४. (трéснуть पू० के साथ) गिरने को होना; पतनासन्न होना; ☐ у меня́ головá —úт (दर्द के मारे) मेरा सिर फट रहा है।

трéщина (स्त्री०) दरार; फटन; टूटन।

трещóтка (स्त्री०) १. (बच्चों का) झुनझुना; (पहरेदार की) झाँझवाली लाठी; २. बकवास; ३. लोहा इत्यादि छेदने का किरकिरा।

три (गिनती) तीन।

трибýн (पुं०) प्रतिनिधि।

трибýна (स्त्री०) (व्याख्यान देने का) चबूतरा; मंच।

трибунáл (पुं०) अदालत।

тривáльн||ость (स्त्री०) तुच्छता; ओछापन; हीनता; (अभिव्यक्ति की) पिष्टपेषितता; घिसापिटापन; **—ый** (वि०) तुच्छ; ओछी; हीन; (अभिव्यक्ति के बारे में) पिष्टपेषित; घिसी-पिटी।

тригонометрúческий (वि०) (गणित) त्रिकोणमिति-सम्बन्धी।

тригономéтрия (स्त्री०) त्रिकोणमिति।

трúдевять (गिनती) नौ का तीन गुना; за т. земéль पृथ्वी के दूसरे छोर (पर); बहुत-बहुत दूर।

тридцатилéтний (वि०) (समय, आयु के बारे में) तीस वर्ष का; т. юбилéй तीसवीं वर्षगाँठ।

тридца́тка (स्त्री०) तीस रूबल; तीस रूबल का नोट।

тридца́т||ый (वि०) तीसवाँ; —ое января́ तीस जनवरी; страни́ца —ая तीसवाँ पृष्ठ।

три́дцать (स्त्री०) तीस; перевали́ть за т. तीस से ऊपर होना; ему́ лет т. वह लगभग तीस वर्ष का है; ему́ под т. उसकी आयु तीस से कम है।

три́дцатью (क्रि० वि०) तीसगुना।

три́жды (क्रि० वि०) तीनगुना; तिगुना।

три́зна (स्त्री०) अन्त्येष्टि-भोज।

трико́ (नपुं०) १. एक प्रकार का ऊनी कपड़ा। २. खिलाड़ी या नाटक के कलाकार द्वारा पहने जानेवाले बुने हुए कपड़े जो शरीर पर कसकर आते हैं; ३. जाँघिया।

трикота́ж (पुं०) (किरोसिये या सलाइयों से बुना हुआ) कपड़ा; **—ный** (वि०) трикота́ж से वि०।

трик-тра́к (पुं०) त्रिक-त्राक (चौपड़ के समान पासे का एक खेल)।

трили́стник (पुं०) त्रिपत्र; त्रिदल; तिनपतिया।

триллио́н (गिनती) शंख।

трило́гия (स्त्री०) त्रयी (किसी एक विषय पर तीन स्वतन्त्र उपन्यास आदि जिनमें प्रत्येक स्वतःपूर्ण हो) (अंग्रेज़ी—ट्राईलौजी)।

триме́стр (पुं०) (तीन मास की) अवधि।

трина́дцатиле́тний (वि०) तेरह वर्ष का; т. ма́льчик तेरह वर्ष का बालक।

трина́дцатый (वि०) तेरहवाँ; т. век तेरहवीं शताब्दी।

трина́дцать (स्त्री०) तेरह।

трино́м (पुं०) (गणित) तीन अंक का।

три́о (नपुं० अ०) त्रय; तिकड़ी; तिगड्डा।

триоле́т (पुं०) आठ चरण का श्लोक (इसमें पहला चरण चौथे और सातवें चरण में दोहराया जाता है और दूसरा आठवें में)।

трио́ль (स्त्री०) त्रिपदी।

трипла́н (पुं०) त्रिपक्षीय विमान; तीन पंखोंवाला हवाई जहाज़।

три́ппер (पुं०) सूज़ाक; गोनोमेह।

трире́ма (स्त्री०) यूनान का प्राचीन युद्ध-पोत।

три́ста (गिनती) तीन सौ।

трито́н (पुं०) १. प्राचीन यूनान में समुद्र का एक देवता जिसका आधा शरीर मनुष्य का और आधा मछली का माना जाता है; २. पानी और स्थल पर रहनेवाला एक पूँछवाला जीव।

триу́мф (पुं०) जय; विजय; जीत; **—а́льно** (क्रि० वि०) विजय-घोष के साथ; **—а́льный** (वि०) विजय का; जीत का; **—а́тор** (पुं०) विजेता।

трифо́нг (पुं०) तीन स्वरों का समुच्चय।

трихи́на (स्त्री०) पशु और मनुष्य के शरीर में पड़नेवाला एक महीन कीड़ा।

троака́р (पुं०) शरीर में से तरल पदार्थ निकालने का जर्राही यन्त्र।

тро́гательн||о (क्रि० वि०) मर्मस्पर्शी ढँग से; हृदयस्पर्श करते हुए; **—ость** (स्त्री०) मर्म-स्पर्शिता; हृदयस्पर्शिता; करुणा; **—ый** (वि०) हृदयस्पर्शी; मर्मस्पर्शी; करुण।

тро́гать (अपू०), **тро́нуть** (पू०) १. छूना; स्पर्श करना; २. शान्ति भंग करना; तंग करना; कष्ट देना; не тронь его́ उसे मत छेड़ो; ३. द्रवित करना; करुणा जगाना; э́то его́ не тро́гает इसका उसके हृदय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता; **—ся** (आत्म०) १. चल पड़ना; प्रस्थान करना; по́езд тро́нулся गाड़ी चल पड़ी; автомоби́ль тро́нулся कार चल पड़ी; २. тро́гать का कर्मवाच्य।

трое (गिनती) तीन; तीनों (व्यक्ति/वस्तुएँ) на т. तीन भागों में; для всех трои́х तीनों के लिए; их пришло́ т. वह तीनों आये; т. су́ток तीन दिन (-रात)।

троекра́тн||о (क्रि० वि०) तीन गुना; तिगुना; **—ый** (वि०) तिगुना; तीन बार दुहराया हुआ।

Тро́ица (स्त्री०) ट्रिनिटी (ईसाइयों का एक त्यौहार)।

тро́йк||а (स्त्री०) १. तीन; तिक्का (तीन का

अंक) ; २. तीन अंक ; ученик получил —у विद्यार्थी को (परीक्षा में) तीन अंक मिले ; ३. (तीन घोड़ों से खींची जानेवाली) गाड़ी ; ४. (ताश में) तिक्की ; ५. तीन सदस्यों की समिति।

тройн||óй (वि०) तिगुना ; —óе прáвило (गणित) त्रैराशिक नियम ; в —óм размéре तिगुना।

трóйня (स्त्री०) एक साथ उत्पन्न हुए तीन बच्चे।

тройствéнн||ость (स्त्री०) तिगुनापन ; **—ый** (वि०) त्रिगुणात्मक ; त्रिगुण- ; —ый союз त्रिगुण मैत्री।

трок (पुं०) तंग ; घोड़े की काठी बाँधने का पट्टा।

троллéйбус (पुं०) ट्रॉली बस।

тромб (पुं०) थक्का ; रस का पिंड।

тромбóз (पुं०) अंग में खून जम जाने का रोग।

тромбóн (पुं०) एक प्रकार की तुरही।

трон (पुं०) सिंहासन ; вступить на т. सिंहासन पर बैठना ; **—ный** (वि०) सिंहासन का।

трóнуть दे० трóгать.

троп (पुं०) (साहित्य) लक्षणा।

тропá (स्त्री०) पगडंडी ; पथ।

трóпик (पुं०) अयन वृत्त ; т. Рáка कर्क रेखा ; т. Козерóга मकर रेखा।

трóпики (बहु०) अयनवृत्त के प्रदेश।

тропи́нка (स्त्री०) पथ-चिह्न ; खोज।

тропи́ческий (वि०) अयनवृत्त-सम्बन्धी।

трос (पुं०) (लोहे के तारों का) रस्सा।

тростни́к (पुं०) नरकट ; मुश्कबेंत ; сáхарный т. गन्ना ; ईख ; **—óвый** (वि०) नरकट का ; मुश्कबेंत का।

трóсточка, трость (स्त्री०) छड़ी।

тротуáр (पुं०) पटरी।

трофéй (वि०) विजयोपहार ; विजय-चिह्न ; विजित सामग्री ; **—ный** (वि०) विजयोपहार-सम्बन्धी।

трофи́ческий (वि०) पोषण- ; पोषण-सम्बन्धी।

троцки́зм (पुं०) त्रात्स्कीवाद।

троюродный (वि०) ; т. брат दादा का पोता ; नाना का नाती।

троя́||кий (वि०) तिहरा ; त्रिगुणात्मक ; т. смысл तिहरा अर्थ ; —ким óбразом तीन प्रकार से ; **—ко** (क्रि० वि०) तीन प्रकार से।

троя́нский (वि०) ट्राय का निवासी।

труб||á (स्त्री०) १. नल ; चिमनी водопровóдная т. पानी का नल ; подзóрная т. दूरबीन ; газопровóдная т. गैस का नल ; २. (शरीर-रचना०) नालिका ; वाहिनी ; ३. तुरही ; सिंगी ; बिगुल ; □ вы́лететь в —ý (अपनेआप को) दिवालिया घोषित करना।

трубáч (पुं०) तुरही बजानेवाला ; बिगुल बजानेवाला।

труб||и́ть (अपू०), **про—** (पू०) (वर्त० трублю́, труби́шь) १. (तुरही आदि) बजाना ; т. в трубý तुरही बजाना/बिगुल बजाना ; т. в рог सिंगी बजाना ; २. तुरही का शब्द होना ; बिगुल बजना ; трýбы —ят तुरहियाँ बज रही हैं/बिगुल बज रहे हैं ; ३. घोषणा करना ; ढिंढोरा पीटना।

трýбк||а (स्त्री०) १. लोहे की नली ; ट्यूब ; телефóнная т. टेलीफ़ोन-संग्राही (अंग्रेज़ी—रिसीवर) ; २. (लिपटे हुए काग़ज़ आदि का) पुलिन्दा ; मुट्ठा свернýть бумáгу —ой (लपेटकर) काग़ज़ का पुलिन्दा/मुट्ठा बनाना ; ३. (तम्बाकू पीने का) पाइप।

трýбный (वि०) तुरही का ; बिगुल का ; т. звук तुरही/बिगुल का शब्द।

трубопровóд (पुं०) बिजली/पानी का नल।

трубочи́ст (पुं०) चिमनी साफ़ करनेवाला।

трýбочный (वि०) (तम्बाकू पीने के) हुक्के/पाइप का ; т. табак हुक्के/पाइप में पीने का तम्बाकू।

трýбчатый (वि०) नलाकार।

труд (पुं०) १. श्रम ; काम ; मेहनत ; ýмственный т. मानसिक श्रम ; физи́ческий т. शारीरिक काम/श्रम ; квалифици́рованный т. कुशल श्रम ; би́ржа —á श्रमिक-विनिमय ; २. कष्ट ; कठिनाई ; не стóит —á कष्ट उठाने योग्य नहीं ; емý стóило большóго —á उसको बहुत कष्ट उठाना पड़ा ; он с —óм понимáет वह

कठिनाई से समझता है ; ३. वैज्ञानिक कार्य ; ☐ еги́петский т. कठोर परिश्रम ; взять на себя́ т., дать себе́ т. कष्ट उठाना ।

труд||и́ться (आत्म० अपू०) (тружу́сь, труди́шься) १. काम करना ; कड़ा परिश्रम करना ; २. कष्ट उठाना ; не —и́тесь ! कष्ट мत कीजिए !

тру́дно (क्रि० वि०) कठिनाई से ; **—произноси́мый** (वि०) कठिनाई से उच्चारण किये जाने योग्य ; **—ва́тый** (वि०) खासा कठिन ; कठिन-सा ; **—проходи́мый** (वि०) दुस्तर ; कठिनाई से पार करने योग्य ।

тру́дн||ость (स्त्री०) कठिनाई ; बाधा ; रुकावट ; представля́ть не́которые —ости कुछ कठिनाइयाँ सामने आना ; **—ый** (वि०) कठिन ; —ый вопро́с कठिन प्रश्न ; —ая зада́ча कठिन समस्या ; —ое вре́мя कठिन समय ।

трудов||о́й (वि०) श्रमिक ; मज़दूरों का ; काम का ; —о́е населе́ние श्रमिक-जनसंख्या/मज़दूरों की आबादी ; —а́я жизнь श्रमिक-जीवन ; —а́я кни́жка काम का सार्टिफ़िकेट/प्रमाण-पत्र ; —ые де́ньги कठिनाई से कमाया हुआ धन/कठोर परिश्रम से कमाया हुआ धन ।

трудо||люби́вый (वि०) परिश्रमी ; अध्यवसायी; **—лю́бие** (नपुं०) परिश्रम ; अध्यवसाय ।

трудоспосо́бн||ость (स्त्री०) श्रम-क्षमता ; काम करने की क्षमता ; **—ый** (वि०) श्रम/काम करने में समर्थ ।

трудя́щийся (वि० और कृदन्त) श्रमिक ; मज़दूर ।

труи́зм=трюи́зм.

труни́ть (अपू०) हँसी उड़ाना ; मज़ाक करना ।

труп (पुं०) लाश ; लोथ ; **—ный** (वि०) लाश का ; लोथ का ।

тру́ппа (स्त्री०) (कलाकारों आदि की) मंडली ।

трус (पुं०) भीरु ; कायर ; डरपोक ; बुज़दिल ।

тру́сики (बहु०) (खेलने की) निकर ; कच्छा ; (नहाने का) जाँघिया ।

тру́сить -I (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० тру́шу, тру́сишь) डरना ; т. пе́ред опа́сностью ख़तरे से डरना ।

тру́сить -II (अपू०) बिखेरना ; т. му́ку из мешка́ बोरी में से आटा बिखेरना ।

тру́сить -III (अपू०) फुदककर चलना ; ठुमककर चलना ; झूमकर चलना ।

труси́||ха (स्त्री०) कायर/भीरु स्त्री ; **—шка** (स्त्री०) (घृणासूचक शब्द) कायर/भीरु ।

трусли́в||о (क्रि० वि०) भीरुता से ; कायरता से ; **—ый** (वि०) भीरु ; कायर ; डरपोक ।

тру́сость (स्त्री०) भीरुता ; कायरता ; вы́казать т. भीरुता दिखाना ।

трусц||а́ (क्रि० वि०) е́хать —о́й फुदककर चलना ।

трусы́=тру́сики.

трут (पुं०) नल ।

тру́тень (पुं०) १. नर मधुमक्खी ; २. आलसी आदमी ; परजीवी ।

труха́ (स्त्री०) (केवल एकवचन) १. घुनी हुई लकड़ी का बुरादा ; २. कूड़ा-कर्कट ।

трухля́вый (वि०) सड़ा हुआ ; गन्दा ।

трущо́ба (स्त्री०) १. घना/दुर्लंघ्य वन ; २. गन्दी बस्ती ; ३. (चोरों आदि की) ग़ार ; गुफा ।

трын-трава́ : ему́ всё т. यह उसके लिए निरर्थक/बेमानी है।

трюи́зм (पुं०) स्वयंसिद्धि ; स्वतःसिद्ध वचन ।

трюк (पुं०) चालाकी ; चमत्कार ।

трюм (पुं०) (पोत का) खाव ; फलका (भारी सामान रखने का स्थान) (अंग्रेज़ी—होल्ड) ।

трю́фель (पुं०) (वन०) कुकुरमुत्ता ; गुच्छी ।

тряпи́чн||ик (पुं०) चीथड़े इकट्ठे करनेवाला ; **—ый** (वि०) चीथड़ों का ; —ая бума́га चीथड़ों से बना काग़ज़ ।

тря́пка (स्त्री०) १. चीथड़ा ; झाड़न ; तश्तरी साफ़ करने का कपड़ा ; २. (केवल बहु०) स्त्रियों के कपड़े ; она́ то́лько о —х и ду́мает उस (स्त्री) को सदा अपने कपड़ों का ही ध्यान रहता है ; ३. अस्थिर मनुष्य ; बेपेंदी का लोटा ।

тряпьё (नपुं०) (समू०) चीथड़े।
трясина (स्त्री०) दलदल।
тряск||а (स्त्री०) हिचकोला; झटका; доро́жная т. утоми́ла его́ रास्ते में हिचकोलों के कारण वह थक गया; **—ий** (वि०) हिचकोलेदार; झटकेदार।
трясогу́зка (स्त्री०) खंजन पक्षी।
тряс||ти́ (अपू०) (трясу́, трясёшь) १. हिलाना; т. голово́й सिर हिलाना; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ —ёт от хо́лода ठंड के मारे वह काँप रहा है; ३. (अकर्मक) हिचकोले खाना; **—ти́сь** (आत्म०) १. हिलना; २. काँपना; —ти́сь в лихора́дке ज्वर में काँपना; ३. हिचकोले खाना; ४. —ти́сь над ка́ждой копе́йкой पैसे-पैसे के लिए मन कसकना/पैसा-पैसा कसकना।
тряхну́ть (पू०) झटका देना; □ т. старино́й पुराने दिन याद करना; जवानी के दिन याद करना।
тсс (विस्मय०) शी! (चुप)।
туале́т (पुं०) १. पोशाक; कपड़े; २. शृंगार; занима́ться —ом शृंगार करना; ३. शृंगार की मेज़; ४. शौचालय; да́мский т. ज़नाना शौचालय / पेशाबघर; мужско́й т. मर्दाना शौचालय/पेशाबघर; **—ный** (वि०) туале́т से वि० —ное мы́ло नहाने का साबुन।
туберкулёз (पुं०) राजयक्ष्मा; तपेदिक।
тубero̍за (स्त्री०) गुलशबी नाम का एक पौधा।
ту́го (क्रि० वि०) १. ठूँसकर; कसकर; т. наби́ть мешо́к ठूँसकर बोरी भरना; २. कठिनाई से; धीरे-धीरे; т. подвига́ться вперёд धीरे-धीरे आगे बढ़ना।
туго́й (वि०) कसा हुआ; तंग; т. у́зел कसी हुई गाँठ; т. воротничо́к तंग कालर; □ т. на́ ухо कुछ बहरा; т. на распла́ту कंजूस।
тугоу́здый (वि०) मुँहज़ोर (घोड़ा)।
туда́ (क्रि० वि०) (गतिसूचक) वहाँ को; वहाँ; उस ओर; т. и обра́тно जाना और आना।
тужи́ть (अपू०) (के लिए) शोक करना; दुःख मनाना।
ту́житься (आत्म० अपू०) ज़ोर लगाना।
тужу́рка (स्त्री०) (पुरुषों के पहनने की) जाकेट।
туз (पुं०) १. (ताश का) इक्का; пи́ковый т. हुक्म का इक्का; २. प्रभावशाली मनुष्य।
тузе́м||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) आदिवासी; असली बाशिन्दा; **—ный** (वि०) देसी; देशज; —ное населе́ние आदिवासियों की संख्या; देसी आबादी।
тузи́ть (अपू०), **от—** (वर्त० тужу́, ту́зишь) ज़ोर से घूँसा मारना।
ту́ки (बहु०) खनिज खाद।
ту́лий (पुं०) (रस०) थ्यूलियम।
ту́ловище (नपुं०) धड़; शरीर।
тулу́п (पुं०) भेड़ की खाल का कोट।
тулья́ (स्त्री०) (टोपी की) चोटी।
тума́к (पुं०) मुक्का; घूँसा; дать кому́-л. —а́ किसीके मुक्का मारना।
тума́н (पुं०) कुहरा; धुन्ध; на дворе́, на у́лице т. बाहर कुहरा पड़ रहा है; т. в. глаза́х आँखों में धुन्ध; **—ить** (अपू०) धुँधला करना; **—иться** (आत्म०) धुँधला होना; धुन्ध छा जाना।
тума́нн||о (क्रि० वि०) धुँधलेपन से; अस्पष्टता से; **—ость** (स्त्री०) १. नीहारिका; आकाश में प्रकाशवान् वायु-कणों या तारों का बादल; २. (केवल एकवचन) धुन्ध; कुहरा; ३. धुँधलापन; अस्पष्टता; **—ый** (वि०) १. कुहरेवाला; धुन्ध का; —ая пого́да धुन्धवाला मौसम; २. धुँधला; अस्पष्ट; —ая речь अस्पष्ट वाणी; —ый смысл अस्पष्ट अर्थ; ३. आभाहीन; निस्तेज।
ту́мба (स्त्री०) १. (सड़क या पटरी पर लगा हुआ) पत्थर; २. पीठिका; खम्भे या मूर्ति का आधार (नीचे की चौकी); ३. = ту́мбочка; ४. थुलथुल आदमी।
ту́мбочка (स्त्री०) १. ту́мба का अल्प०; २. (चारपाई के पास रखी जानेवाली) छोटी-सी अलमारी।

туне́ц (पुं०) एक प्रकार की मछली।

туне́ядец (पुं०) परजीवी ; मुफ़्तख़ोर ; निकम्मा आदमी।

тунне́ль (पुं०) सुरंग।

тупе́й (पुं०) जूड़ा ; बनावटी बालों का गुच्छा।

тупе́ть (अपू०) धारहीन होना ; कुंठित होना ; निस्तेज होना ; (दृष्टि का) धुँधला पड़ जाना।

тупи́к (पुं०) १. अन्धगली ; बन्द गली ; २. गतिरोध।

тупи́ть (अपू०) (туплю́, ту́пишь) धारहीन करना ; कुंठित करना ; **—ся** (आत्म०) धारहीन होना ; कुंठित होना।

тупи́ца (उभ०) जड़ ; मन्दबुद्धि ; मूर्ख।

ту́по (क्रि० वि०) जड़ता से ; मन्दता से ; मूर्खता से ; **—ва́тый** (वि०) मन्दबुद्धि-सा ; बुद्धू ; मूर्ख-सा ; बेवक़ूफ़-सा ; **—голо́вый** (वि०) —голо́вый челове́к मूर्ख मनुष्य ; जड़।

тупо́й (वि०) १. (चाकू, छुरा आदि) धारहीन ; कुंठित ; मौथरा ; २. т. у́гол (गणित) अधिककोण ; ३. (भावना, पीड़ा) मन्द ; ४. शून्य ; निरर्थक ; मूर्खतापूर्ण ; ५. जड़ ; मन्दबुद्धि ; बुद्धू ; मूर्ख।

ту́пость (स्त्री०) १. धारहीनता ; कुंठितता ; मौथरापन ; २. मूर्खता ; बुद्धि की मन्दता।

тупоуго́льный (वि०) (गणित) अधिककोण का।

тупоум||ие (नपुं०) बुद्धि की मन्दता ; मूर्खता ; **—ный** (वि०) मन्दबुद्धि ; मूर्ख।

тур I. १. (नृत्य में) चक्कर ; २. (खेल-प्रतियोगिता में) चक्कर ; दौर ; **II.** क़िलाबन्दी में उपयोग करने की मिट्टी भरी खँचिया ; **III.** एक प्रकार का अरना साँड।

тура́ (स्त्री०) (शतरंज में) रुख।

туре́цк||ий (वि०) तुर्की का ; т. язы́к तुर्की भाषा ; сиде́ть по-туре́цки पालथी मारकर बैठना।

тури́зм (पुं०) सैलानीपन ; घुमक्कड़पन।

ту́рий (वि०) тур-III से वि०।

тури́ст (पुं०) यात्री ; सैलानी ; घुमक्कड़ ; **—и́ческий** = тури́стский ; **—ка** (स्त्री०) महिला यात्री ; घूमनेवाली महिला ; **—ский** (वि०) यात्री का ; यात्रा-सम्बन्धी।

ту́рман (पुं०) एक प्रकार का कबूतर।

турне́ (नपुं० अ०) दौरा ; चक्कर ; отпра́виться в т. दौरे पर जाना ; соверши́ть т. по Евро́пе यूरोप का चक्कर लगाना।

турне́пс (पुं०) शलजम।

турнике́т (पुं०) १. लहू-रोक (रक्त-प्रवाह रोकने के लिए कसकर बाँधा जानेवाला बन्द) ; २. चरखीदार/घुमौवा दरवाज़ा।

турни́р (पुं०) (खेलों की) प्रतियोगिता ; टूर्नामेंट।

турну́ть (पू०) निकाल देना ; भगाना ; भेज देना।

турню́р (पुं०) वह कमानी जो मेमों की स्कर्टों को फैलाकर रखने के लिए उपयुक्त होती है।

ту́рок (पुं०) तुर्क।

туру́сы (बहु०) : т. на колёсах वृथा प्रलाप ; बकवास।

турухта́н (पुं०) कठफोड़े की तरह की एक चिड़िया।

турча́нка (स्त्री०) तुर्क महिला।

ту́скл||о (क्रि० वि०) मन्दता से ; धुँधलेपन से ; निस्तेजता से ; глаза́ глядя́т т. नेत्र निस्तेज हैं ; **—ость** (स्त्री०) धुँधलापन ; पीलापन ; (शैली की) नीरसता ; अरोचकता ; (नेत्रों की) निस्तेजता ; **—ый** (वि०) धुँधला ; (नेत्र) निस्तेज ; (शैली) नीरस ; बेजान ; अरोचक ; —ый свет मन्द/धुँधला प्रकाश ; —ый стиль नीरस या बेजान शैली ; —ая жизнь नीरस जीवन।

туск||не́ть (अपू०), **по—** (पू०) धुँधला होना ; आभा खोना ; पीला पड़ना ; взгляд —не́ет दृष्टि धुँधली पड़ रही है।

тут -I (क्रि० वि०) १. (स्थान के विषय में) यहाँ ; т. же यहीं ; кто т. ? कौन है ? ; २. (समय के बारे में) अब ; т. же तुरन्त।

тут -II (पुं०) शहतूत का पेड़।

ту́тов||ый (वि०) शहतूत का ; —ое де́рево शहतूत का पेड़ ; т. шёлкопря́д रेशम का कीड़ा ।

туф (पुं०) एक प्रकार की पोली चट्टान ।

ту́фель = ту́фля.

ту́фл||я (स्त्री०) जूता ; дома́шние —и स्लीपर ; те́ннисные —и टेनिस खेलने के जूते ; ба́льные —и नाचने के जूते ।

ту́хл||ость (स्त्री०) सड़ापन ; गन्दगी ; **—ый** (वि०) गन्दा ; खराब ; सड़ा ; —ое яйцо́ गन्दा अंडा ; —ое мя́со सड़ा माँस ; **—я́тина** (स्त्री०) गन्दा माल ; सड़ा हुआ माल ।

ту́хнуть -I (अपू०), **по—** (पू०) (अग्नि, मोमबत्ती आदि का) बुझ जाना ।

ту́хнуть -II (अपू०), **про—** (पू०) सड़ जाना ; खराब हो जाना ।

ту́ч||а (स्त्री०) १. मेघ ; बादल ; дождева́я т. वर्षा का बादल ; покры́ться —ми मेघ छा जाना ; २. झुंड ; т. мух मक्खियों का झुंड ; т. пыли धूलि का अम्बार ।

тучево́й (वि०) बादल का ।

ту́чка (स्त्री०) ту́ча का अल्प० ; मेघखंड ।

тучне́ть (अपू०), **по—** (पू०) १. मोटा होना ; स्थूल होना ; २. (भूमि का) उर्वर होना ।

ту́чн||ость (स्त्री०) १. मुटापा ; २. उर्वरता ; **—ый** (वि०) १. मोटा ; स्थूलकाय ; मांसल ; २. उर्वर ।

ту́ша (स्त्री०) (जानवर की) लाश ।

тушева́ть (अपू०) (—шу́ю) (चित्र आदि में) हल्का रँग भरना ।

туше́ние (नपुं०) **I.** (अग्नि आदि) बुझाने की क्रिया ; **II.** सिझाने/मन्दी आँच पर पकाने की क्रिया ।

туши́ть -I (अपू०), **по—** (पू०) १. बुझाना ; т. свечу́ मोमबत्ती बुझाना ; т. электри́чество बिजली बुझाना ; २. दबाना ; दमन करना ।

туши́ть -II (अपू०) सिझाना ; मन्दी आँच पर पकाना ।

тушка́нчик (पुं०) चपलाक्षु ; एक प्रकार का चूहा ।

тушо́вка (स्त्री०) हल्का रँग देने की क्रिया ।

тушь (स्त्री०) काजल की बनी देसी रोशनाई ।

тща́тельн||ость (स्त्री०) सावधानी ; ध्यान ; де́лать что-л. с большо́й —остью कोई काम बड़ी सावधानी से करना/बड़े ध्यान से करना ; **—ый** (वि०) सावधान ; परिश्रमी ।

тщеду́ш||ие (नपुं०) अशक्तता ; दुर्बलता ; शक्तिहीनता ; कमजोरी ; **—ный** (वि०) दुर्बल ; शक्तिहीन ; कमज़ोर ।

тщесла́в||ие (नपुं०) घमंड ; अहंकार ; **—ный** (वि०) घमंडी ; अहंकारी ।

тщета́ (स्त्री०) घमंड ; अहंकार ।

тще́тн||о (क्रि० वि०) व्यर्थ ; बेकार ; **—ость** (स्त्री०) व्यर्थता ; निष्फलता ; अनुपयोगिता ; **—ый** (वि०) निष्फल ; व्यर्थ ; अनुपयोगी ; बेकार का ; —ые уси́лия व्यर्थ कोशिशें ।

ты (सर्व०) (सम्बन्ध और कर्मकारक-रूप тебя́, सम्प्रदानकारक-रूप тебе́, करणकारक-रूप тобо́й, тобо́ю) तू ; мы с тобо́й हम दोनों ; быть на т. с кем-л. किसीसे घनिष्ठ परिचय होना ।

ты́кать -I (अपू०), **ткнуть** (पू०) घोंपना ; खुभोना ; चुभोना ; т. була́вки (во что-л.) (किसी वस्तु में) पिनें चुभोना ; ткнуть кого́-л. в спи́ну ножо́м किसीकी पीठ में छुरा घोंपना ।

ты́кать -II (अपू०) 'तू' कहकर बुलाना ।

ты́каться (आत्म० अपू०), **ткну́ться** (आत्म० पू०) टकराना ।

ты́кв||а (स्त्री०) काशीफल ; कद्दू ; **—енный** काशीफल का ; कद्दू का ; —енное се́мя कद्दू / काशीफल का बीज ।

тыл (पुं०) (सेना०) चँदावल ; ходи́ть в т. चँदावल में घुस जाना ; **—ово́й** (वि०) चँदावल का ।

ты́льн||ый (वि०) : —ая пове́рхность руки́ हाथ का पृष्ठभाग ।

тын (पुं०) बाड़ ; मेंड़ ।

тысяч||а (स्त्री०) हज़ार ; सहस्र ; пять тысяч पाँच हज़ार ; в —у раз больший हज़ारगुना अधिक ; —и людей हज़ारों लोग ; т. семьсот рублей एक हज़ार सात सौ रूबल ।

тысячекра́тный (वि०) हज़ारगुना ।

тысячеле́т||ие (नपुं०) हज़ारवीं जयन्ती ; हज़ारवाँ वर्ष-दिवस ; **—ний** (वि०) हज़ार वर्ष का ; —няя годовщи́на हज़ारवीं जयन्ती ; हज़ारवाँ वर्ष-दिवस ।

тысячели́стник (पुं०) एक प्रकार का पौधा ।

ты́сячн||ый (वि०) १. हज़ारवाँ ; २. कई हज़ार का ; हज़ारों का ; —ая толпа́ हज़ारों की भीड़ ।

тычи́нка (स्त्री०) पराग-केशर ।

тычо́к (पुं०) (हल्का-सा) मुक्का ; घूँसा ; дать тычка́ मुक्का मारना ।

тьма (स्त्री०) (केवल एकवचन) **I.** अन्धकार ; अँधेरा ; кроме́шная т. अँधेरा-घुप ; **II.** बहुत ; हज़ारों की संख्या में ।

тьфу ! (विस्मय०) धिक् ! ; छी ! छी !

тюбете́йка (स्त्री०) त्यूबेतेयिका (तातारियों और बश्कीरों की एक प्रकार की कढ़ी हुई टोपी) ।

тю́бик (पुं०) छोटी ट्यूब ; т. с зубно́й па́стой मंजन (टूथ-पेस्ट) की ट्यूब ।

тюк (पुं०) (सामान की) गठरी ; т. с веща́ми चीज़ों की गठरी ।

тю́левый (वि०) पर्दे की झालर का ।

тюле́||невые (बहु०) (वि० रू०) सील मछलियाँ ; **—невый** (वि०) सील मछली की खाल का ; **—нь** (पुं०) १. सील मछली ; २. फूहड़ आदमी ।

тюль (पुं०) महीन रेशम विशेष ; पर्दे की झालर ।

тюльпа́н (पुं०) घंटे के आकार का फूल का एक पौधा ।

тюрба́н (पुं०) पगड़ी ; साफ़ा ।

тюре́м||ный (वि०) тюрьма́ से वि० ; —ная жизнь जेल-जीवन ; —ное заключе́ние क़ैद ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) जेलर ; जेल का वार्डर ।

тюрк (पुं०) तुर्क ; **—ский** (वि०) तुर्की का ।

тюрьм||а́ (स्त्री०) जेल ; कारागार ; заключа́ть в —у́ क़ैद करना ।

тю́ря (स्त्री०) त्यूरिया (पानी और रोटी का सूप) ।

тю́тельк||а (स्त्री०) : т. в —у हूबहू ।

тюфя́||к (पुं०) १. तोशक ; गद्दा ; बिछावन ; २. स्थूलबुद्धि मनुष्य ; **—чный** (वि०) तोशक का ; गद्दे का ; बिछावन का ।

тя́вк||анье (नपुं०) (कुत्ते आदि की) कराह ; **—ать** (अपू०), **тя́вкнуть** (पू०) (कुत्ते आदि का पीड़ा से) कराहना ।

тя́г||а (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) खिंचाव ; в тру́бе нет —и चिमनी में खिंचाव शक्ति नहीं है ; си́ла —и खींचने की शक्ति ; २. रुझान ; लगन ; т. к зна́ниям विद्या की लगन ; т. к чте́нию पढ़ाई की ओर रुझान ।

тяга́ться (आत्म० अपू०) १. नालिश करना ; मुक़दमा करना ; २. ज़ोर-आज़माई करना ; тру́дно с ним т. उसका मुक़ाबला करना बड़ा कठिन है ।

тяга́ч (पुं०) (खींचने का) ट्रैक्टर ।

тягло́ (नपुं०) १. शुल्क ; कर ; २. живо́е т. भारवाही पशु ; लद्दू जानवर ; **—вый** (पुं०) (वि० रू०) वह किसान जिस पर कर लगाया गया हो ।

тя́гов||ый (वि०) खींचने का ; ट्रैक्टर-सम्बन्धी ; —ое уси́лие खींचने की शक्ति/प्रयास ।

тя́гостн||ый (वि०) दुःखद ; क्लेशकर ; कष्ट-कारक ; —ое зре́лище दुःखद/क्लेशकर दृश्य ।

тя́гость (स्त्री०) गुरुत्व ; भार ; быть кому́-л. в т. किसी पर भार होना ।

тягота́ (स्त्री०) भार ; बोझ ।

тяготе́н||ие (नपुं०) १. (भौ०) गुरुत्व ; गुरुत्वाकर्षण ; зако́н —ия गुरुत्वाकर्षण का सिद्धान्त ; २. रुझान ; खिंचाव ।

тяготе́||ть (अपू०) १. -की ओर गुरुत्वाकृष्ट होना ; (-की ओर) खिंचाव होना ; २. : над ним —ет стра́шное обвине́ние उस पर भारी अभियोग लगाया जा रहा है ।

тяготи́ть (अपू०) (वर्त० тягочу́, тяготи́шь) (-पर) भार होना ; बोझ होना ; меня́ тяготи́т

его́ дру́жба उसकी मित्रता मेरे लिए भार है; **—ся** (आत्म०) भार अनुभव करना; он тяготи́лся прису́тствием э́того челове́ка उस व्यक्ति की उपस्थिति उसके लिए भार थी।

тугу́ч||есть (स्त्री०) श्यानता; लसलसाहट; (धातु की) घातवर्ध्यता; तन्यता; **—ий** (वि०) १. श्यान; लसलसी; (धातु के विषय में) घातवर्ध्य; तन्य; २. लम्बी और हल्की तानवाला (गीत)।

тя́жб||а (स्त्री०) १. नालिश; मुक़दमा; вести́ —у नालिश करना; २. प्रतियोगिता।

тя́жебн||ый (वि०): —ое де́ло = тя́жба.

тяжеле́ть (अपू०) भारी होना; बोझिल होना; स्थूलकाय होना।

тяжело́ (क्रि० वि०) १. भारीपन से; बोझ से; २. गम्भीरता से; т. бо́лен सख़्त बीमार; т. ра́нен सख़्त ज़ख़्मी; ३. कठिनता से; т. писа́ть कठिन शैली में लिखना; т. вздыха́ть गहरी साँस भरना।

тяжелова́тый (वि०) भारी-सा; कुछ भारी।

тяжелове́с (पुं०) स्थूल/भारी खिलाड़ी।

тяжелове́сн||ость (स्त्री०) भारीपन; स्थूलता; **—ый** (वि०) भारी; बोझिल; वज़नी; भारी बोझ से लदा हुआ; स्थूल।

тяжелово́з (पुं०) भारी बोझा खींचनेवाला घोड़ा।

тяжелоду́м (पुं०) स्थूलबुद्धि मनुष्य; मूर्ख।

тяжёл||ый (वि०) १. भारी; बोझिल; т. груз भारी बोझ; २. कड़ा; भारी; —ое нака-за́ние कठोर दंड; т. нало́г भारी कर; ३. कठिन; कड़ा; भारी; —ая рабо́та कड़ा परिश्रम; —ая зада́ча कठिन समस्या —ое дыха́ние भारी साँस; ४. नाज़ुक; शोचनीय; गम्भीर; —ая боле́знь सख़्त बीमारी; —ое состоя́ние नाज़ुक हालत/शोचनीय दशा; ५. दुःखपूर्ण; शोकपूर्ण; —ое зре́лище दुःखद/क्लेशकर दृश्य; ६. (व्यक्ति या व्यवहार आदि के बारे में) कठिन; у него́ т. хара́ктер वह बड़ा टेढ़ा आदमी है/उसके साथ निभाना बड़ा मुश्किल है; ७. (शैली आदि के बारे में) कठिन; भारी; ☐ —ая промы́шленность भारी उद्योग; —ая пи́ща गरिष्ठ (भारी) भोजन।

тя́жест||ь (स्त्री०) १. भार; बोझ; भारीपन; २. (भौ०) गुरुत्व; центр —и गुरुत्व-केन्द्र।

тя́жк||ий (वि०) १. भारी, बोझिल; वज़नी; २. नाज़ुक; गम्भीर; भीषण; शोचनीय; —ая боле́знь सख़्त बीमारी; —ое преступле́ние सख़्त जुर्म; भीषण अपराध; ३. दुःखद; क्लेशकर।

тя́жущийся (पुं०) मुक़दमेबाज़।

тяну́ть (अपू०), **по—** (पू०) १. खींचना; घसीटना; т. кого́-л. за во́лосы किसीको बालों से पकड़कर घसीटना; т. жре́бий लॉटरी निकालना; २. (केवल अपू०) धीरे-धीरे बोलना; बड़बड़ाना; т. слова́ धीरे-धीरे शब्द का उच्चारण करना; ३. विलम्ब करना; देर करना; т. с отве́том उत्तर में विलम्ब करना; ४. (केवल अपू०) बुलाना; आने के लिए विवश करना; никто́ его́ сило́й не тяну́л किसीने उसे आने के लिए विवश नहीं किया; ५. (अकर्मक) तोलना; ६. (कर्तृ-निरपेक्ष) тя́нет хо́лодом от око́н खिड़की से (ठंडी) हवा आ रही है; ७. भीतर को खींचना; चूमना; т. в себя́ во́здух साँस लेना; т. во́дку बड़े-बड़े घूँट करके वोदका पीना; ८. (केवल अपू०) छीनना; उमेंठना; लेना; दबाव डालकर धन ऐंठना; ९. (कर्तृ-निरपेक्ष) его́ тя́нет वह... के लिए तड़पता है; его тя́нет в теа́тр वह थियेटर जाने के लिए तड़पता रहता है; **—ся** १. (रबड़, तार आदि का) खींचा जाना; २. (केवल अपू०) फैलना; равни́на тя́нется на сто киломе́тров मैदान सौ किलोमीटर में फैला हुआ है; ३. (केवल अपू०) विलम्ब करना; देर करना; बहुत देर तक चलते रहना; бесе́да до́лго тяну́ла́сь बहस बहुत देर तक चलती रही; ४. (-की ओर) खिंच जाना; цвето́к тя́нется к со́лнцу पुष्प सूर्य की ओर आकर्षित हो रहा है; ५. (-के लिए) हाथ बढ़ाना; ६. (केवल अपू०) (-के लिए) प्रयत्न करना चेष्टा करना; ७. (केवल अपू०) -के समान/बराबर होने की चेष्टा करना; अनुकरण करना; नक़ल

करना ; ८. (अकर्मक) एक-एक करके जाना ; एक-दूसरे के पीछे जाना ; धीरे-धीरे चलना ।

тяну́чка (स्त्री०) (नर्म) टाफ़ी ।

тя́пка (स्त्री०) (कसाई की मांस काटने की) छुरी ; कुल्हाड़ी ।

тяп-ляп (क्रि० वि०) जल्दबाज़ी में ; फूहड़पन से ।

тя́пнуть (पुं०) १. छुरी या कुल्हाड़ी से काटना ; २. छीनना ; ३. चुराना ।

тя́тя (स्त्री०) पिता ; बापू ।

У

у (अ०) १. पास ; сидéть у окнá खिड़की के पास बैठना ; २. संग ; साथ ; жить у своих родителей अपने माता-पिता के संग रहना ; ३. का ; нóжка у стýла कुर्सी का पाया/टाँग ; ४. у меня मेरे पास ; у неё красивые глазá उस (लड़की) की आँखें सुन्दर हैं ।

у- (क्रिया-उपसर्ग) इसके जोड़ने से क्रिया में निम्नलिखित अर्थ आ जाते ; १. दूर चले जाने अथवा अदृश्य हो जाने का अर्थ, जैसे уйти́ (चले जाना) ; убежáть (भाग जाना) ; २. 'परे', 'दूर' का अर्थ, जैसे угнáть (दूर भगाना), унести́ (परे ले जाना) ; ३. क्रियाओं के अपूर्ण रूप का पूर्ण रूप बनाने के लिए, जैसे вя́нуть (मुरझाना) से увянýть.

убáвить(ся) दे० убавля́ть(ся).

убавлéние (नपुं०) घटाने की क्रिया ; घटाव ; कमी ; у. в вéсе भार में कमी ।

убавля́ть (अपू०), **убáвить** (पू०) (भवि० убáвлю, убáвишь) घटाना ; कम करना ; छोटा करना ; у. цéну मूल्य कम करना ; у. в вéсе भार घटाना ; **—ся** (आत्म०) १. घटना ; कम होना ; छोटा होना ; дни убáвились दिन छोटे हो गये हैं ; воды́ в рекé убáвилось नदी में पानी कम हो गया है ; २. убавля́ть का कर्मवाच्य ।

убаю́кать दे० убаю́кивать और баю́кать.

убаю́кивание (नपुं०) लोरी गाने की क्रिया ।

убаю́кивать (अपू०), **убаю́кать** (पू०) लोरी गाना ।

убегá||ть (अपू०), **убежáть** (पू०) (भवि० убегý, убежи́шь) भाग जाना ; बच निकलना ; ☐ молокó —ет दूध उफनकर बाहर फैल रहा है ।

убеди́тельн||ость (स्त्री०) प्रत्ययकारिता ; विश्वास दिलाने की शक्ति ; मना लेने की शक्ति ; **—ый** (वि०) प्रत्ययकारी ; विश्वास दिलानेवाला ; मना लेनेवाला ; у. примéр प्रत्ययकारी उदाहरण ; у. дóвод अकाट्य प्रमाण ; पक्का सबूत —ая прóсьба हार्दिक प्रार्थना ।

убеди́ть(ся) दे० убеждáть(ся).

убежáть दे० убегáть.

убеждáть (अपू०), **убеди́ть** (पू०) (भवि० प्रथमपुरुष का रूप प्रयुक्त नहीं होता, убеди́шь) १. विश्वास दिलाना ; यक़ीन दिलाना ; убеди́ть когó-л. в правотé свои́х слов अपने शब्दों के विषय में विश्वास दिलाना ; २. मनाना ; मना लेना ; अनुनय करना ; убеди́ть когó-л. приня́ть учáстие в чём-л. किसीको किसी काम में भाग लेने के लिए मनाना ; **—ся** (आत्म०) १. (-के विषय में) विश्वास करना ; यक़ीन करना ; २. убеждáть का कर्मवाच्य ।

убеждéн||ие (नपुं०) १. अनुनय ; मनावन ; मनुहार ; все —ия бы́ли напрáсны मनाने की सब कोशिशें व्यर्थ रहीं ; २. विश्वास ; (दृढ़) धारणा ; यक़ीन ; полити́ческие —ия राजनीतिक धारणाएँ/मान्यताएँ ।

убеждённ||о (क्रि० वि०) विश्वास के साथ ; विश्वासपूर्वक ; **—ый** (वि०) विश्वस्त ; पक्का ; —ый сторóнник विश्वस्त अनुयायी ।

убéжищ||е (नपुं०) शरण ; आश्रय ; искáть —а शरण ढूंढना ; найти́ у. (в) (-में) शरण लेना ।

уберегáть (अपू०), **уберéчь** (पू०) (भवि० уберегý, убережёшь) (-से) रक्षा करना ; уберéчь ребёнка от простýды ठंड से बच्चे की रक्षा करना ।

уберéчь दे० уберегáть और берéчь ; **—ся** दे० уберегáться.

убивáть (अपू०), **уби́ть** (पू०) (भवि० убью́, убьёшь) १. हत्या करना ; क़त्ल करना ;

मार देना ; **—ся** (आत्म०) १. चोट लगना ; २. (केवल अपू०) शोक से क्षीण होना ; ग़म में घुलना ; ३. убивáть का कर्मवाच्य ।

убúйственный (वि०) घातक ; у. взгляд घातक दृष्टि ।

убúй||ство (नपुं०) हत्या ; क़त्ल ; **—ца** (पुं०) हत्यारा ; क़ातिल ।

убирáть (अपू०), **убрáть** (पू०) (भवि० уберý, уберёшь) १. उठाना ; हटाना ; (गोदाम में) रखना ; (फ़सल) सँभाल लेना ; काटना ; у. с дорóги रास्ते से हटाना ; у. со столá मेज़ पर से उठाना ; २. साफ़ करना ; у. кóмнату कमरा साफ़ करना ; ३. सजाना ; **—ся** (आत्म०) १. साफ़ करना ; २. हट जाना ; दूर होना ; □ убирáйся ! हट जा !/ दूर हो जा !

убúть(ся) दे० убивáть(ся).

ублажáть (अपू०), **ублажúть** (पू०) खुश करना ; प्रसन्न करना ; सिर चढ़ाना ।

ублю́док (पुं०) वर्णसंकर ; दुनस्ला ।

убóг||ий (वि०) १. ग़रीब ; दरिद्र- ; अकिंचन ; (निवास-स्थान के विषय में) गन्दा ; दरिद्रतापूर्ण ; २. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) भिखारी ; दरिद्र ; अकिंचन ; **—ость** (स्त्री०) दरिद्रता ; ग़रीबी ।

убóжество (नपुं०) दरिद्रता ; ग़रीबी ।

убóй (पुं०) (केवल एकवचन) हत्या ; क़त्ल ; вестú на у. मृत्यु की ओर ले जाना ; кормúть, как на у. ठूँस-ठूँसकर खिलाना ; **—ность** (स्त्री०) (सेना०) ; १. प्रहार-शक्ति ; २. ठूँस-ठूँसकर खिलाने का भाव ; **—ный** (वि०)हत्या के लिए ; —ный скот बलिपशु ; वह पशु जिसकी हत्या की जानेवाली हो ।

убóр (पुं०) पोशाक ; वस्त्र ; головнóй у. सिर ढँकने का वस्त्र ।

убóристо (क्रि० वि०) पास-पास ; घिचपिच ; писáть у. पास-पास/छोटा-छोटा/घिचपिच लिखना ।

убóрка (स्त्री०) १. (फ़सल की) कटाई ; २. सफ़ाई करने की क्रिया ।

убóрная (स्त्री०) (वि० रू०) १. (अभिनेताओं का) सज्जा-कक्ष ; वेष-भूषा का कमरा ; २. पेशाब-घर ; ३. विश्राम-कक्ष ; आराम-कमरा ।

убóрочн||ый (वि०) फ़सल काटने का ; —ая машúна फ़सल काटने की मशीन ।

убóрщица (स्त्री०) (दफ़्तर/होटल में) झाड़ू देनेवाली/सफ़ाई करनेवाली ।

убрáнство (नपुं०) सजावट ; आभूषण ।

убрáть(ся) दे० убирáть(ся).

убывáние (नपुं०) घटाने/कम करने की क्रिया ।

убывáть (अपू०), **убы́ть** (पू०) (भवि० убýду, убýдешь) १. कम होना ; घट जाना ; убы́ла водá под колёсами पहियों के नीचे पानी कम हो गया ; २. चले जाना ; у. в óтпуск छुट्टी पर जाना ।

ýбыль (स्त्री०) (केवल एकवचन) घटाव ; कमी ; घाटा ; हानि ; □ на у. घटना ; водá идёт на у. पानी घट रहा है ।

убы́т||ок (पुं०) घाटा ; हानि ; взы́скивать —ки घाटा पूरा करना ; нестú, терпéть —ки घाटा सहना ।

убы́точн||о (क्रि० वि०) घाटे से ; हानि उठाकर ; **—ость** (स्त्री०) घाटा ; हानि ; **—ый** (वि०) हानिकर ; क्षतिकर ; घाटे का ।

убы́ть दे० убывáть.

уважáемый (कृदन्त) आदरणीय ; माननीय ।

уважáть (अपू०) आदर करना ; सम्मान करना ; सत्कार करना ; у. себя́ आत्म-सम्मान की भावना होना ।

уважéн||ие (नपुं०) आदर ; सत्कार ; सम्मान ; из —ия आदरार्थ/सम्मानार्थ ; относúться без —ия निरादर करना ; достóйный —ия सम्माननीय/आदरणीय ।

уважúтельн||ость (स्त्री०) आदर-भाव ; सम्मान-भाव ; औचित्य ; माक़ूलियत ; **—ый** (वि०) १. उचित ; मुनासिब ; माक़ूल ; он отсýтствовал по —ым причúнам वह उचित/मुनासिब कारणों से अनुपस्थित था ; २.

विनयी ; विनयशील ; आदर करनेवाला ; уважи́телен к ста́ршим बड़ों का आदर करनेवाला ।

ува́жить (पू०) १. (प्रार्थना आदि उचित समझकर) मान जाना ; вам не́льзя бу́дет мою́ про́сьбу не у. आपको मेरी प्रार्थना माननी ही पड़ेगी ; २. (इच्छा-पूर्ति करके किसीको) प्रसन्न करना ।

у́валень (पुं०) आलसी आदमी ।

ува́ливаться (आत्म० अपू०) (नौचालन०) प्रतिवात पड़ जाना ।

ува́риваться (आत्म० अपू०), **увари́ться** (आत्म० पू०) १. खूब अच्छी तरह से उबलना ; २. उबलकर कम हो जाना ।

уведоми́тельн||ый (वि०) : —ое письмо́ (व्यापार-सम्बन्धी) सूचना-पत्र ।

уве́домить दे० уведомля́ть.

уведомле́ние (नपुं०) सूचना ; विज्ञप्ति ।

уведомля́ть (अपू०), **уве́домить** (पू०) (भवि० уве́домлю, уве́домишь) सूचना देना ; बताना ; о. о дне́ заседа́ния बैठक की तिथि की सूचना देना ।

увезти́ दे० увози́ть.

увекове́ч||ение (नपुं०) शाश्वत करना ; अमर करने की क्रिया ।

увекове́чивать (अपू०), **увекове́чить** (पू०) शाश्वत करना ; अमर करना ; у. па́мять геро́ев वीरों की कीर्ति अमर करना ।

увеличе́ние (नपुं०) १. बढ़ोतरी ; वृद्धि ; विस्तार ; प्रसार ; у. посевно́й пло́щади कृषि-भूमि का विस्तार करना ; у. чи́сленного соста́ва जनशक्ति में बढ़ोतरी ; २. आवर्धन ; (फ़ोटो को) बड़ा करने की क्रिया ।

упи́сывать (अपू०), **уписа́ть** (पू०) (भवि० упишу́, упи́шешь) १. लिखना ; у. письмо́ на одно́й страни́чке पत्र एक पृष्ठ पर लिख लेना ; २. पेट भरकर भोजन करना ; **—ся** (आत्म०) १. (पन्ने में) आ जाना/लिखा जाना ; २. упи́сывать का कर्मवाच्य ।

упи́танн||ость (स्त्री०) सुपोषणता ; मुटापा ; **—ый** (वि०) सुपोषित ; अच्छी तरह पाला हुआ ; मोटा ; स्थूल ।

упи́ться दे० упива́ться.

упла́та (स्त्री०) (केवल एकवचन) अदायगी ; भुगतान ; у. по ве́кселю हुंडी का भुगतान ; у. до́лга ऋण का भुगतान ।

упла́чивать (अपू०), **уплати́ть** (पू०) (भवि० уплачу́, упла́тишь) अदा करना ;

भुगतान करना ; चुकाना ; у. долг ऋण चुकाना ; у. по счёту हिसाब चुकाना ; у. в рассрочку किश्तों में अदा करना ।

уплести́ दे० уплета́ть.

уплета́ть, уплести́ = упи́сывать-२.

уплотне́ние (नपुं०) १. संघनन ; २. (चिकि०) अन्तःस्रवण ; भीतर रिस जाना ।

уплотня́ть (अपू०), **уплотни́ть** (पू०) १. घना करना ; у. рабо́чий день दिन के काम की अच्छी तरह योजना बनाना ; २. रिहाइशी क्षेत्र में कमी करना ; **—ся** (आत्म०) १. भिचकर रहना ; अपने रिहाइश के स्थान में कमी करना ; २. уплотня́ть का कर्मवाच्य ।

уплыва́ть (अपू०), **уплы́ть** (पू०) (भवि० уплыву́, уплывёшь) तैर जाना ; (धन का) खर्च हो जाना ; (समय का) तेजी से बीत जाना ।

упова́ние (नपुं०) (दृढ़) आशा ; पूरा भरोसा ।

упова́ть (अपू०) (-पर) बड़ी-बड़ी आशाएँ रखना ; पूरा भरोसा रखना ।

уподо́бить(ся) दे० уподобля́ть(ся).

уподобле́ние (नपुं०) १. सादृश्य ; २. (भाषा-विज्ञान) पाचन ; आत्मसात् करने की क्रिया ।

уподобля́ть (अपू०), **уподо́бить** (पू०) (भवि० уподо́блю, уподо́бишь) १. सदृश बनाना ; २. (भाषा-विज्ञान सम्बन्धी) पचाना ; आत्मसात् करना ; **—ся** (आत्म०) १. सदृश होना ; २. पच जाना ; आत्मसात् हो जाना ; ३. уподобля́ть का कर्मवाच्य ।

упое́ни||е (नपुं०) अपार हर्ष ; आनन्द ; быть в —и अति हर्षित होना ।

упои́тельн||ый (वि०) बहुत लुभावना ; परम आकर्षक ; मोहक ; —ая красота́ मोहक सौन्दर्य ।

уполза́ть (अपू०), **уползти́** (पू०) (भवि० уползу́, уползёшь) रेंगकर चले जाना ।

уполнома́чивать = уполномо́чивать

уполномо́чивать (अपू०), **уполномо́чить** (पू०) पूर्ण अधिकार देना ।

уполномо́чие (नपुं०) पूर्णाधिकार ।

уполномо́чить दे० уполномо́чивать.

упомина́ние (नपुं०) उल्लेख ; जिक्र ।

упомина́ть (अपू०), **упомяну́ть** (पू०) (-का) उल्लेख करना ; (-के बारे में) जिक्र करना ।

упомни́ть (पू०) स्मरण करना ; याद करना ।

упомяну́ть दे० упомина́ть.

упо́р (पुं०) सहारा ; आसरा ; टेक ; □ сказа́ть что-л. пря́мо в у. кому́-л. किसीके मुँह पर कुछ कहना ; смотре́ть в у. на кого́-л. किसीको घूरना/आँखें फाड़-फाड़कर देखना ।

упо́рный (वि०) दृढ़ ; आग्रही ; डटा रहनेवाला ; у. челове́к आग्रही मनुष्य ; у. ка́шель स्थायी खाँसी ; —ая борьба́ दृढ़ संघर्ष ।

упо́рствовать (अपू०) (—ствую) दृढ़ रहना ; डटे रहना ; आग्रह करना ; у. в свои́х тре́бованиях अपनी माँगों पर दृढ़ रहना ।

упорхну́||ть (पू०) (फर-फर करके) उड़ जाना ; ла́сточка —ла चिड़िया उड़ गयी ।

упоря́дочение (नपुं०) व्यवस्थित करने या क्रम से रखने की क्रिया ।

упоря́дочить (पू०) सुव्यवस्थित करना ; क्रम में रखना ।

употреби́тельн||ость (स्त्री०) प्रयोग ; सामान्यता ; आवृत्ति ; **—ый** (वि०) सामान्य ; सामान्यतः प्रयुक्त/प्रचलित ; —ые выраже́ния सामान्यतः प्रयुक्त अभिव्यक्तियाँ ।

употреби́ть दे० употребля́ть.

употребле́ни||е (नपुं०) प्रयोग ; इस्तेमाल ; выходи́ть из —я अप्रचलित होना/लुप्तप्रयोग होना ; вводи́ть в у. प्रयोग में लाना/व्यवहार में लाना ; непра́вильное у. दुरुपयोग ; спо́соб —я प्रयोग-विधि ; सेवन-विधि ।

употреб||ля́ть (अपू०), **употреби́ть** (पू०) (भवि० употреблю́, употреби́шь) प्रयोग में लाना ; इस्तेमाल करना ; у. спиртны́е напи́тки शराब आदि पीना ; —и́ть во зло दुरुपयोग करना ; —и́ть два часа́ दो घंटे खर्च

करना ; —и́ть наси́лие अहिंसा का प्रयोग करना ; у. с по́льзой (-से) लाभ उठाना ।

употребля́ться (आत्म० अपू०) १. प्रयुक्त होना ; २. употребля́ть का कर्मवाच्य ।

упра́в||а (स्त्री०) १. (केवल एकवचन) न्याय ; иска́ть —ы न्याय माँगना ; २. मंडल ; बोर्ड ; городска́я у. नगर-परिषद् ।

управдо́м (управля́ющий до́мом) घर का प्रबन्धकर्ता ।

управи́тель (पुं०) सम्पत्ति का प्रबन्धकर्त्ता ; कारकुन ; कारिन्दा ।

управи́ться दे० управля́ться.

управле́ние (नपुं०) १. प्रशासन ; प्रबन्ध करने की क्रिया ; नियन्त्रण ; двойно́е у. द्वैध प्रशासन/दुराज ; у. огнём गोलाबारी का नियन्त्रण ; २. दफ़्तर ; प्रशासन ; मंडल ; निदेशालय ; ३. (वाद्यवृन्द आदि का) निर्देशन ; ४. (व्या०) समन्वय ।

управле́нческий (वि०) प्रशासनिक ; प्रशासन-सम्बन्धी ; प्रबन्ध-; प्रबन्ध-सम्बन्धी ।

управля́емый १. управля́ть से कृदन्त ; २. (वि०) गुब्बारा जो इच्छानुसार इधर-उधर उड़ाया जा सकता है ।

управля́ть (अपू०) १. प्रशासन करना ; नियन्त्रण करना ; प्रबन्ध करना ; २. (मशीन, मोटर आदि) चलाना ; ३. (व्या०) समन्वय करना ।

управля́ющий १. управля́ть से कृदन्त ; २. व्यवस्थापक ; मैनेजर ; प्रबन्धक ।

упражне́ние (नपुं०) अभ्यास ।

упражня́ть (अपू०) अभ्यास कराना ; **—ся** (आत्म०) अभ्यास करना ; —ся в му́зыке संगीत का अभ्यास करना ।

упраздне́ние (नपुं०) समापन ; मंसूखी ।

упраздня́ть (अपू०), **упраздни́ть** (पू०) समाप्त करना ; मंसूख करना ; बन्द कर देना ; у. учрежде́ние संस्था को बन्द कर देना ।

упра́шивать (अपू०), **упроси́ть** (पू०) (भवि० упрошу́, упро́сишь) १. प्रार्थना करके मनाना ; मनुहार करना ; наси́лу его́ упроси́ли आखिर उसको मना लिया गया ।

упрева́ть (अपू०), **упре́ть** (पू०) १. सिझाना; धीमी आँच पर अच्छी तरह पकाना ; २. पसीने से तरबतर होना ; ло́шадь упре́ла घोड़ा पसीने से तरबतर हो गया ।

упрежда́ть (अपू०), **упреди́ть** (पू०) (भवि० упрежу́, упреди́шь) पहले से ही जान लेना ; पेशबन्दी कर लेना ; у. проти́вника शत्रु की पेशबन्दी कर लेना ।

упрежде́ние (नपुं०) पहले से ही जानने की क्रिया ; पेशबन्दी करने की क्रिया ।

упрёк (पुं०) झाड़ ; फटकार ।

упрека́ть (अपू०), **упрекну́ть** (पू०) झाड़ना ; फटकारना ; बुरा-भला कहना ।

упре́ть दे० упрева́ть और преть.

упроси́ть दे० упра́шивать.

упрости́ть(ся) दे० упроща́ться.

упроче́ние (नपुं०) दृढ़ीकरण ; सुदृढ़ करने की क्रिया ।

упро́чивать (अपू०), **упро́чить** (पू०) सुदृढ़ करना ; मज़बूत करना ; он упро́чил своё положе́ние उसने अपनी स्थिति सुदृढ़ कर ली ; **—ся** (आत्म०) १. सुदृढ़ होना ; २. упро́чивать का कर्मवाच्य ।

упроща́ть (अपू०), **упрости́ть** (पू०) (भवि० упрощу́, упрости́шь) १. सरल बनाना ; सुगम बनाना ; у. зада́чу समस्या को सुगम बनाना ; २. कम करना ; **—ся** (आत्म०) १. सुगम होना ; у. смысл собы́тий घटनाओं की महत्ता को कम करना ; २. упроща́ть का कर्मवाच्य ।

упроще́нец (पुं०) भोला ; छिछला ।

упроще́ние (नपुं०) सरलीकरण ; सरल बनाने की क्रिया ।

упроще́н||ство, —чество (नपुं०) सरलतावाद ।

упру́г||ий (वि०) लचीला ; लचकदार ; नम्य ; —ая пружи́на लचकदार स्प्रिंग ; **—ость**

(स्त्री०) लचीलापन ; लचक ; नम्यता ; —ость пружи́ны स्प्रिंग की लचक ।

упря́жка (स्त्री०) एक साथ जोते हुए कई घोड़े ।

упряжн||о́й (वि०) जोतने का ; —а́я ло́шадь जोतने का घोड़ा ; गाड़ी का घोड़ा ।

у́пряжь (स्त्री०) (केवल एकवचन) (घोड़े आदि का) साज ।

упря́мец (पुं०) हठी ; ज़िद्दी ; अक्खड़ ।

упря́миться (आत्म० अपू०), **за—** (आत्म० पू०) (वर्त० упря́млюсь, упря́мишься) हठ करना ; ज़िद करना ; अक्खड़पन/हेकड़ी दिखाना ।

упря́мство (नपुं०) हठ ; ज़िद ; अक्खड़पन ।

упря́мствовать (अपू०) (—ствую) हठ करना ; ज़िद करना ; अक्खड़पन/हेकड़ी दिखाना ।

упря́мый (वि०) हठी ; ज़िद्दी ; अक्खड़ ।

упря́тывать (अपू०), **упря́тать** (पू०) (भवि० упря́чу, упря́чешь) छिपाना ; (जेल में) डालना ; у. в тюрьму́ जेल में डालना ; **—ся** (आत्म०) १. छिपना ; २. упря́тывать का कर्मवाच्य ।

упуска́ть (अपू०), **упусти́ть** (पू०) (भवि० упущу́, упу́стишь) १. छोड़ना ; упусти́ть коне́ц верёвки रस्सी का सिरा छोड़ना ; २. चूकना ; у. слу́чай अवसर से चूकना ।

упуще́ни||е (नपुं०) उपेक्षा ; प्रमाद ; भूल ; चूक ; —я по слу́жбе कर्तव्य-पालन में प्रमाद ।

упы́рь (पुं०) पिशाच जो रात को क़ब्र से उठकर सोते हुए मनुष्य का ख़ून पी लेता है ।

упятери́ть (पू०) पाँचगुना करना ।

ура́ ! (विस्मय०) जय ! जय ! ; हुर्रा !

уравне́ние (नपुं०) समानीकरण ; у. в права́х अधिकारों का समानीकरण ।

ура́внивать -I (अपू०), **уравня́ть** (पू०) समान करना ; बराबर करना ।

ура́внивать -II (अपू०), **уровня́ть** (पू०) समतल करना ; हमवार करना ; у. доро́гу सड़क समतल/हमवार करना ।

ура́вниваться (आत्म० अपू०), **уравня́ться** (आत्म० पू०) १. बराबर होना ; समान होना ; у. в права́х समानाधिकार प्राप्त करना ; २. ура́внивать का कर्मवाच्य ।

уравни́ловка (स्त्री०) मज़दूरी का समानीकरण ।

уравни́тельный (वि०) समान/बराबर करनेवाला ।

уравнове́||сить(ся) दे० уравнове́шивать(ся) ; **—шенность** (स्त्री०) (विचारों की) स्थिरता ; समभाव ; **—шивание** (नपुं०) सन्तुलन ।

уравнове́шивать (अपू०), **уравнове́сить** (पू०) (भवि० уравнове́шу, уравнове́сишь) सन्तुलन करना ; तोल बराबर करना ; समकक्ष होना ; у. си́лы проти́вников विरोधियों की शक्ति के समकक्ष होना ।

уравня́ть(ся) दे० ура́внивать(ся).

урага́н (पुं०) आँधी ; तूफ़ान ।

уразуме́ть (पू०) समझना ; ग्रहण करना ।

Ура́н (पुं०) वारुण (एक ग्रह) ।

ура́н (पुं०) (रस०) यूरेनियम ।

ура́новый (वि०) यूरेनियम का ।

урбан||иза́ция (स्त्री०) नगरीकरण ; नगररूप देना ; **—и́зм** (पुं०) नगरीयता ; **—и́ст** (पुं०), **—и́стка** (स्त्री०) नगरीयतावादी/-वादिनी ।

урва́ть दे० урыва́ть.

урду́ (नपुं०) उर्दू भाषा ।

урегули́ровать (पू०) (—рую) १. सुव्यवस्थित करना ; क्रमबद्ध करना ; २. (समस्या) हल करना ।

уре́зать दे० уре́зывать.

уреза́ть = уре́зывать.

урезо́нивать (अपू०), **урезо́нить** (पू०) समझाना ।

уре́зывать (अपू०), **уре́зать** (पू०) (भवि० уре́жу, уре́жешь) १. काट देना ; २. कम करना ; थोड़ा करना ; घटाना ; у. расхо́ды खर्च कम करना ।

урéтра (स्त्री०) मूत्रमार्ग ; मूत्रनाली ।
ури́на (स्त्री०) मूत्र ; पेशाब ।
ýровень (पुं०) १. स्तर ; सतह ; तल ; у. воды́ पानी की सतह ; у. дохóда आय-स्तर ; २. तलमापी ।
уровня́ть दे० урáвнивать.
урóд (पुं०) १. दानव ; २. भद्दा मनुष्य ; कुरूप मनुष्य ।
урóдина (उभ०) = урóд-२.
уроди́||ть (पू०) (भवि० урожý, уроди́шь) पैदा करना ; जनना ; जन्म देना ; **—ся** (आत्म०) १. (फसल आदि) उगना ; пшени́ца —лась в э́том годý इस वर्ष गेहूँ की फ़सल अच्छी है ; २. в когó он —лся वह किस पर है ? (अर्थात् उसकी आकृति किस जैसी है ?)
урóдлив||ость (स्त्री०) १. कुरूपता ; २. भद्दापन ; **—ый** (वि०) १. कुरूप ; २. भद्दा ।
урóд||овать (अपू०), **из—** (पू०) (वर्त० —дую) कुरूप बनाना ; आकृति बिगाड़ना ; у. себя́ अपनेआप को कुरूप बनाना ; óспа —ует лицó चेचक चेहरे को कुरूप बना देती है ; у негó изурóдовано всё тéло उसका सारा शरीर खराब है; **—ство** (नपुं०) कुरूपता ; भद्दापन ।
урожáй (पुं०) १. फ़सल ; у. э́того гóда इस वर्ष की फ़सल ; богáтый, хорóший у. अच्छी फ़सल ; २. अच्छी फ़सल ; **—ность** (स्त्री०) उर्वरता ; उपजाऊपन ; उत्पादकता —ность полéй खेतों की उर्वरता/उपजाऊपन ; **—ный** (वि०) फ़सल-सम्बन्धी ; —ный год अच्छी फ़सल का वर्ष ।
урождённый : १. уроди́ть से कृदन्त ; २. (वि०) जन्म का ।
урожéн||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) देशवासी/वासिनी ; देशी ; बाशिन्दा ।
ýрóк (पुं०) पाठ ; सबक़ ; брать —и рýсского языкá रूसी भाषा के पाठ पढ़ना ; э́то бýдет тебé —ом यह तुम्हारे लिए एक सबक़ होगा ; २. (स्कूल से घर पर करने के लिए दिया गया) काम ।
урóн (पुं०) (केवल एकवचन) हानि ; нести́ большóй у. बहुत हानि उठाना ।
урони́ть दे० уроня́ть.
урóчн||ый (वि०) १. निश्चित ; नियत ; в у. час नियत समय पर ; २. —ая рабóта नियमित कार्य ।
урчá||ние (नपुं०) बड़बड़ाहट ; **—ть** (अपू०) बड़बड़ाना ।
урывáть (अपू०), **урвáть** (पू०) (भवि० урвý, урвёшь) урвáть полчасá для óтдыха आराम के लिए आधा घंटा निकाल लेना ।
уры́вками (क्रि० वि०) उतार-चढ़ाव के साथ (किसी काम को करना) ।
урю́к (पुं०) (केवल एकवचन) खुबानी का सूखा फल ।
уря́дник (पुं०) (क्रान्ति-पूर्व) १. गाँव का सिपाही ; २. कज़ाक सारजेंट ।
ус (पुं०) १. मूँछ ; २. स्पर्श-सूत्र (कीड़े-मकोड़े के स्पर्श-ज्ञान का अंग-विशेष) ; ३. (वन०) तन्तु ; अन्न की बाल ; □ ки́товый у. ह्वेल मछली की हड्डी ; мотáть себé на ýс चेतावनी को हृदयंगम करना ; и в ус (себé) не дуть बिल्कुल परवाह न करना ।
усáдебный : (वि०) усáдьба से वि० ।
усади́ть दे० усáживать.
усáдка (स्त्री०) सिकुड़न ।
усáдьба (स्त्री०) खेत सहित मकान ।
усáживать (अपू०), **усади́ть** (पू०) (भवि० усажý, усáдишь) १. बिठाना ; बैठने के लिए कहना ; २. (पौधा आदि) लगाना ; ३. (घना करके) लगाना ; стéны усáжены пя́тнами दीवार धब्बों से भरी पड़ी है ।
усáживать(ся) (आत्म० अपू०), **усéсть-ся** (आत्म० पू०) (भवि० уся́дусь, уся́-дешься) १. बैठना ; आसन लेना ; २. (काम में) लगना ; у. за рабóту काम में लगना ।
усáтый (वि०) लम्बी मूँछोंवाला ।
усáч (पुं०) १. (लम्बी) मूँछोंवाला आदमी ;

२. एक प्रकार की मछली ; ३. एक प्रकार का गुबरीला ।

усва́ивать (अपू०), **усво́ить** (पू०) १. पचाना ; सीखना ; कुशलता प्राप्त करना ; у. привы́чку आदत डालना ; २. (भोजन आदि) पचाना ।

усвое́ни||е (नपुं०) १. सीखने/कुशलता प्राप्त करने की क्रिया ; предме́т тру́дный для —я इस विषय में पारंगत होना/कुशलता प्राप्त करना कठिन है ; २. (भोजन आदि का) पाचन ।

усво́ить दे० усва́ивать.

усе́ивать (अपू०), **усе́ять** (पू०) जड़ देना ; मंडित करना ; छिटका देना ; не́бо усе́яно звёздами आकाश पर तारे छिटके हुए हैं/आकाश तारों से मंडित है ।

усе́рдие (नपुं०) जोश ; उत्साह ; अध्यवसाय ; उद्योग ; рабо́тать с —м जोश से काम करना ।

усе́рдный (वि०) उत्साही ; जोशीला ; अध्यवसायी ; उद्यमी ।

усе́рдствовать (अपू०) (—ствую) उत्साह दिखाना ।

усе́сться दे० уса́живаться.

усе́ять दे० усе́ивать.

усид||е́ть (पू०) (भवि० усижу́, усиди́шь) बैठे रहना ; बैठना ; тру́дно бы́ло у. на ме́сте अपने स्थान पर बैठे रहना कठिन हो रहा था ; он не —и́т мину́тки वह एक मिनट भी बैठा नहीं रह सकता ।

уси́дчив||ость (स्त्री०) उद्यम ; **—ый** (वि०) उद्योगी ; उद्यमी ; तत्पर ।

ýсик (बहु०) १. छोटी-छोटी मूँछें ; २. स्पर्श-सूत्र ; (कीड़े-मकोड़े के स्पर्श-ज्ञान का अंग विशेष) ; ३. (वन०) तन्तु ; अनाज की बाल ।

усиле́ние (नपुं०) (सेना०) कुमक ; पुनः सहायता भेजने की क्रिया ; (रोग के) गम्भीर/नाजुक होने की क्रिया ; शब्द को तीव्र/ऊँचा करने की क्रिया ।

уси́ливать (अपू०), **уси́лить** (पू०) (सेना०) कुमक भेजना ; पुनः सहायता भेजना ; सुदृढ़ करना ; मजबूत करना ; (रोग को) गम्भीर करना ; (शब्द, धारा आदि को) तीव्र करना ; ऊँचा करना ; बढ़ाना ; у. пита́ние अधिक पोषण देना ; у. жа́жду प्यास बढ़ाना/तीव्र करना ; **—ся** (आत्म०) १. शक्ति प्राप्त करना ; बढ़ना ; मजबूत होना ; (धारा, शब्द आदि का) तीव्र होना ; ऊँचा होना ; २. уси́ливать का कर्मवाच्य ।

уси́лие (नपुं०) प्रयत्न ; चेष्टा ।

усили́тель (पुं०) (भौ०) प्रवर्धक (अंग्रेज़ी—एम्पलिफ़ायर) ।

уси́лить दे० уси́ливать.

ускака́||ть (पू०) (ускачу́, уска́чешь) सरपट दौड़ जाना ; भाग जाना ; за́яц —л खरहा भाग गया ।

ускольза́ть (अपू०), **ускользну́ть** (पू०) खिसक जाना ; चोरी से चले जाना ।

ускоре́ние (नपुं०) त्वरण ; प्रवर्द्धन ; у. си́лы тя́жести (भौ०) गुरुत्वजनित शक्ति का त्वरण ।

ускори́тель (पुं०) त्वरक (अंग्रेज़ी—एक्सेलरेटर) ।

ускоря́ть (अपू०), **уско́рить** (पू०) १. त्वरित करना ; गतिवर्धन करना ; वेग बढ़ाना ; у. ход वेग बढ़ाना ; २. शीघ्रता करना ; **—ся** (आत्म०) १. वृद्धि होना ; बढ़ना ; २. शीघ्रता होना ; ३. ускоря́ть का कर्मवाच्य ।

усла́вливаться = усло́вливаться.

усла́да (स्त्री०) आनन्द ; मजा ।

услажда́ть (अपू०), **услади́ть** (पू०) (भवि० услажу́, услади́шь) आनन्द देना ; у. зре́ние नेत्रों को आनन्द देना ; **—ся** (आत्म०) आनन्द लेना ।

усла́ть दे० усыла́ть.

уследи́ть (पू०) (услежу́, уследи́шь) १. -पर नजर रखना ; (-की ओर) ध्यान रखना ; за ребёнком не уследи́ли и он упа́л с каче́лей बच्चे की ओर ध्यान न रखा गया और वह पालने पर से गिर पड़ा ; २. (विचार आदि) समझना ।

усло́ви||е (नपुं०) १. उपबन्ध ; शर्त ; непреме́нное, обяза́тельное у. अनिवार्य शर्त/आवश्यक उपबन्ध ; —я догово́ра समझौते की शर्तें ; ста́вить —я शर्त/उपबन्ध लगाना ; я э́то сде́лаю при —и, что мне помо́гут मैं इसे इस शर्त पर करूँगा कि दूसरे लोग मेरी सहायता करें ; ни при каки́х —ях किसी भी स्थिति में नहीं ; каки́е ва́ши —я ? आपकी क्या शर्तें हैं ? ; २. समझौता ; संविदा ; заключа́ть у. समझौता करना ।

усло́вливаться (आत्म० अपू०), **усло́виться** (आत्म० पू०) (भवि० усло́влюсь, усло́вишься) तय कर लेना ; प्रबन्ध कर लेना ; समझौता करना ; निर्णय करना ; у. встре́титься भेंट (या मिलने) की बात तय कर लेना ; они́ усло́вились бо́льше об э́том не говори́ть उन्होंने इस बारे में कोई बात न करना तय कर लिया है ; у. о дне तारीख़ नियत करना ; ну́жно оконча́тельно усло́виться इस विषय में अन्तिम निर्णय कर लेना चाहिए ।

усло́вн||о (क्रि० वि०) सोपबन्ध ; शर्त के साथ ; **—ость** (स्त्री०) १. सोपबन्धता ; २. रूढ़ि ; परम्परा ; **—ый** (वि०) सोपबन्ध ; सशर्त ; —ое согла́сие सोपबन्ध अनुमति ; २. रूढ़िगत ; परम्परागत ; ३. सापेक्ष ; ४. (व्या०) क्रिया का संशयार्थक रूप ।

усложн||е́ние (नपुं०) जटिल या पेचीदा होने की क्रिया ; **—ённость** (स्त्री०) जटिलता ; पेचीदगी ; **—ённый** (कृदन्त और वि०) जटिल ; पेचीदा ।

усложня́ть (अपू०), **усложни́ть** (पू०) जटिल बनाना ; पेचीदा बनाना ; у. рабо́ту काम जटिल बना देना ; **—ся** (आत्म०) १. जटिल होना ; पेचीदा होना ; २. усложня́ть का कर्मवाच्य ।

услу́г||а (स्त्री०) सेवा ; उपकार ; भलाई ; ока́зывать кому́-л. —у किसीका उपकार करना ; у. за —у उपकार का बदला उपकार ; к ва́шим —ам आपकी सेवा में उपस्थित हूँ ।

услужéни||е (नपुं०) नौकरी ; सेवा ; в —и у кого́-л. किसीकी नौकरी करना ।

услу́живать (अपू०), **услужи́ть** (पू०) सेवा करना ; उपकार करना ; आभारी बनाना ।

услу́жлив||о (क्रि० वि०) सहायता करते हुए ; आभारी बनाते हुए ; **—ость** (स्त्री०) सहायता/उपकार की भावना ; सेवा-भावना ; **—ый** (वि०) उपकारी ; सेवा-भाव रखनेवाला ; □ —ый дура́к опа́снее врага́ नादान दोस्तों से भगवान बचाये ।

услыха́ть = услы́шать.

услы́шать दे० слы́шать.

усма́тривать (अपू०), **усмотре́ть** (पू०) १. देखना ; जानना ; (धोखे, ग़लती का) पता लगा लेना ; २. (केवल पू०) देख-भाल करना ; निगरानी करना ।

усмеха́ться (आत्म० अपू०), **усмехну́ться** (आत्म० पू०) मुस्कराना ; ирони́чески у. व्यंग्यसूचक ढंग से मुस्कराना ।

усме́шка (स्त्री०) व्यंग्यपूर्ण मुस्कराहट ।

усмир||е́ние (नपुं०) (विद्रोह का) दमन करना ; दबाना ; **—и́тель** (पुं०) (विद्रोह का) दमन करनेवाला ।

усмиря́ть (अपू०), **усмири́ть** (पू०) शान्त करना ; (विद्रोह का) दमन करना ; दबाना ।

усмотре́ние (नपुं०) विचार ; विवेक ; निर्णय ; передава́ть, предоставля́ть на чьё-л. у. किसीके विचार/निर्णय पर छोड़ना ।

усмо́треть दे० усма́тривать.

уснаща́ть (अपू०), **унасти́ть** (पू०) (भवि० уснащу́, уснасти́шь) सजाना ; अलंकृत करना ।

усну́ть (पू०) १. सो जाना ; २. (मछली का) मर जाना ।

усо́бица (स्त्री०) परस्पर शत्रुता ; गृह-युद्ध ।

усоверше́нствование (नपुं०) पूर्णता ; सुधार ।

усоверше́нствовать दे० соверше́нствовать.

усóвещивать (अपू०), **усóвестить** (पू०) (भवि० усóвещу, усóвестишь) सद्भावों को प्रेरित करना ।

усомни́ться (आत्म० पू०) सन्देह करना ; शंका करना ; у. в дрýге मित्र पर सन्देह करना ।

усóпший (वि०) मृतक ।

усóхнуть दे० усыхáть.

успевáемость (स्त्री०) (छात्र की) सफलता ; उन्नति ; प्रगति ।

успевáть (अपू०), **успéть** (पू०) १. (समय में) कर सकना ; он успéл кóнчить рабóту वह (समय में) काम समाप्त कर सका ; емý ужé не успéть на пóезд वह अब (समय पर) गाड़ी पर नहीं पहुँच सकता ; २. सफल होना ; -में प्रगति करना ; не у. पीछे रह जाना ।

успéние (नपुं०) स्वर्गारोहण ; मुक्ति ।

успéть दे० успевáть.

успéх (पुं०) १. सफलता ; प्रगति ; желáю вам —а ! मैं आपकी सफलता चाहता हूँ/ईश्वर आपको सफलता दे ! ; дéлать —и (в) -में प्रगति करना ; имéть у., пóльзоваться —ом सफल होना/सफलता प्राप्त करना ; не имéть —а असफल होना ; □ с —ом सफलता से ।

успéшн||о (क्रि० वि०) सफलता से ; **—ость** (स्त्री०) सफलता ; **—ый** (वि०) सफल ।

успокáивать (अपू०), **успокóить** (पू०) शान्त करना ; у. своıó сóвесть अपनी आत्मा को शान्ति देना ; у. ребёнка बच्चों को चुप कराना ; **—ся** (आत्म०) १. शान्त होना ; २. успокáивать का कर्मवाच्य ।

успоко||éние (नपुं०) १. शान्त करने की क्रिया ; २. शान्ति ; **—и́тельный** (वि०) शान्तिदायक ; शान्तिप्रद ।

успокóить(ся) दे० успокáивать(ся).

устá (बहु०) मुख ; मुँह ; на —х у всех सबके मुँह पर चढ़ा हुआ ; सबकी ज़बान पर ।

устáв (पुं०) विनियम ; संविधि ; नियमावली ।

уставáть (अपू०), **устáть** (पू०) (वर्त० устаю́, устаёшь ; भवि० устáну, устáнешь) थक जाना ; तंग आ जाना ; ऊब जाना ।

уставля́ть (अपू०), **устáвить** (पू०) (भवि० уставлю́, устáвишь) १. (-पर) रखना ; (-पर) क़रीने से रखना ; у. стол буты́лками मेज़ पर बोतलें क़रीने से रखना ; २. устáвить глазá आँखें गाड़ना/आँखें फाड़-फाड़कर देखना ; **—ся** (आत्म०) १. स्थान पाना ; रखा जाना ; вся мéбель устáвилась в одно́й кóмнате सारा फ़र्नीचर एक कमरे में आ गया ; २. आँखें गाड़ना ; आँखें फाड़-फाड़कर देखना ; घूरना ; ३. уставля́ть का कर्मवाच्य ।

устáл||ость (स्त्री०) क्लान्ति ; श्रान्ति ; थकावट ; **—ый** (वि०) क्लान्त ; श्रान्त ; थका हुआ ; он вы́глядит —ым वह थका हुआ दिखायी पड़ता है ।

ýстал||ь (स्त्री०) = устáлость ; без —и अथक रूप से ; बिना थकावट ।

устанáвливать (अपू०), **установи́ть** (पू०) (भवि० установлю́, устанóвишь) १. रखना ; जड़ना ; (इंजन आदि) लगाना ; २. स्थापित करना ; у. связь (с) (-से) सम्बन्ध स्थापित करना ; у. поря́док व्यवस्था स्थापित करना ; ३. निर्धारित करना ; तय करना ; पता लगाना ; у. врéмя समय निर्धारित करना ; у. цéну मूल्य निर्धारित करना/तय करना ; он установи́л, что имéются месторождéния нéфти उसने पता लगाया कि यहाँ पेट्रोल मिलता है ; **—ся** (आत्म०) १. (विचार आदि) स्थिर होना ; егó взгля́ды не установи́лись उसके विचार स्थिर नहीं हुए ; установи́лась зимá शरद ऋतु आ गयी/आरम्भ हो गयी ; २. устанáвливать का कर्मवाच्य ।

установк||а (स्त्री०) १. क़रीने से रखने/धरने की क्रिया ; क्रम से रखने की क्रिया ; (मशीन आदि) लगाने की क्रिया ; जड़ने की क्रिया ; स्थापना ; २. संयन्त्र ; холоди́льная у. प्रशीतक-संयन्त्र ; ३. उद्देश्य ; लक्ष्य ; имéть —у लक्ष्य रखना ; ४. आदेश ।

установле́ние (नपुं०) स्थापना ; у. сове́тской вла́сти सोवियत सत्ता की स्थापना।

устаре́л||ость (स्त्री०) लोप ; लुप्यमानता ; अप्रचलितता ; अप्रयुक्तता ; **—ый** (वि०) अप्रचलित ; लुप्त ; लुप्यमान ; पुराने ढँग का ; —ая мо́да पुराना फ़ैशन ।

устаре́ть (पू०) १. बूढ़ा हो जाना ; २. पुराना हो जाना ; गतप्रयोग होना ; अप्रचलित होना ।

уста́ть दे० устава́ть.

устерега́ть (अपू०), **устере́чь** (पू०) (भवि० устерегу́, устережёшь) (-से) बचाव करना ; रक्षा करना ।

устила́ть (अपू०), **устла́ть** (पू०) (भवि० устелю́, усте́лешь) (-से) ढँकना ; (-पर) बिछाना ; у. ковро́м दरी बिछाना ।

у́стн||о (क्रि० वि०) मौखिक रूप से ; जबानी ; **—ый** (वि०) मौखिक ; —ая речь वक्तव्य ; □ —ая слове́сность लोक-वार्ता/लोक-साहित्य ।

усто́и (बहु०) नींव ; нра́вственные у. नैतिक सिद्धान्त ।

усто́й (पुं०) **I.** (पुल का) भारावलम्ब ; स्तम्भ ; **II.** मलाई ।

усто́йчив||ость (स्त्री०) स्थिरता ; अविचलता ; स्थायित्व ; **—ый** (वि०) स्थिर ; स्थायी ; —ые це́ны स्थायी/स्थिर मूल्य ; —ое равнове́сие स्थिर सन्तुलन ; —ое прави́тельство स्थायी सरकार ।

устоя́ть (पू०) जमे रहना ; (अपने विश्वास या धारणा पर) डटे रहना ; दृढ़ रहना ; у. на нога́х पाँव जमाये रहना ; **—ся** (आत्म०) (तरल पदार्थ का गाद आदि नीचे बैठने पर) साफ़ हो जाना ; (दूध पर) मलाई आ जाना ।

устра́ивать (अपू०), **устро́ить** (पू०) १. व्यवस्था करना ; संगठन करना ; स्थापना करना ; у. пикни́к सैर-सपाटे/पिकनिक की व्यवस्था करना ; устро́ить шко́лу पाठशाला की स्थापना करना ; २. सुव्यवस्थित करना ; ठीक करना ; у. свои́ дела́ अपने मामलों को ठीक करना ; ३. устро́ить больно́го в больни́цу रोगी को अस्पताल में दाखिल करवाना ; устро́ить ребёнка в шко́лу बच्चे को स्कूल में दाखिल करवाना ; ४. (कर्तृ-निरपेक्ष) सुविधाजनक होना ; उपयुक्त होना ; устра́ивает ли э́то вас ? क्या यह आपके लिए सुविधाजनक है ?/क्या इसमें आपको सुविधा रहेगी ? ; **—ся** (आत्म०) १. बसना ; он хо́чет устро́иться в Мо́скве वह मास्को में बसना चाहता है/वह मास्को में नौकरी करना चाहता है ; —ся в но́вой кварти́ре नये घर में बसना ; २. ठीक होना ; всё устро́илось सब-कुछ ठीक हो गया ; ३. устра́ивать का कर्मवाच्य ।

устране́ние (नपुं०) हटाने/एक ओर करने की क्रिया ; у. от до́лжности नौकरी से हटाया जाना ।

устраня́ть (अपू०), **устрани́ть** (पू०) एक ओर करना ; हटाना ; у. от до́лжности नौकरी से हटाना/अलग करना ; у. препя́тствия बाधाएँ हटाना ; **—ся** (आत्म०) १. अलग रहना ; दृढ़ रहना ; —ся от дел काम से अलग हो जाना ; अवकाश ग्रहण करना ; २. устраня́ть का कर्मवाच्य ।

устраша́ть (अपू०), **устраши́ть** (पू०) डराना ; भयभीत करना ; **—ся** (आत्म०) १. डरना ; भयभीत होना ; २. устраша́ть का कर्मवाच्य ।

устреми́ть(ся) दे० устремля́ть(ся).

устремле́ние (नपुं०) स्पृहा ; उमंग ; इरादा ।

устремля́ть (अपू०), **устреми́ть** (पू०) (भवि० устремлю́, устреми́шь) (ध्यान, दृष्टि आदि) देना ; स्थिर करना ; **—ся** (आत्म०) (किसी पर) टूट पड़ना ; झपटना ; (ध्यान, दृष्टि आदि) मुड़ना ; आकर्षित होना ।

у́стри||ца (स्त्री०) घोंघा ; सीप ; **—чный** (वि०) घोंघे का ; सीप का ।

устрои́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) व्यवस्थापक/व्यवस्थापिका ; प्रबन्धकर्ता/कर्त्री ; संगठनकर्ता/कर्त्री ; у. ле́кций व्याख्यान का प्रबन्धकर्ता ।

устро́ить(ся) दे० устра́ивать(ся).

устро́йств||о (नपुं०) १. प्रबन्ध; व्यवस्था; для —а свои́х дел अपने मामलों को सुव्यवस्थित करने के लिए; он за́нят —ом кварти́ры वह अपने मकान को सुव्यवस्थित करने में लगा है; २. (मशीन आदि का) संस्थापन; विन्यास; ३. रचना; बनावट; निर्माण; ४. (निर्माण करने का) खाका; ढाँचा; नक़्शा; ५. पद्धति; госуда́рственное у. शासन-पद्धति।

усту́п (पुं०) (दीवार आदि पर) टांड; उभरा हुआ भाग।

уступ||а́ть (अपू०), **уступи́ть** (पू०) (भवि० уступлю́, усту́пишь) १. (के लिए) छोड़ देना; —и́те э́то емý यह उसके लिए छोड़ दो; у. кому́-л. доро́гу किसीके लिए रास्ता छोड़ना; २. (शक्ति के आगे) झुक जाना; у. си́ле शक्ति के आगे झुक जाना; у. тре́бованиям вре́мени समय के आगे झुकना; ३. (किसीसे) कम होना; हीनतर होना; он никому́ не усту́пит в э́том отноше́нии वह इस सम्बन्ध में किसीसे कम नहीं; ४. (मूल्य में) कमी करना; он не усту́пит ни копе́йки वह (मूल्य में) एक पैसा कम नहीं करेगा।

усту́пк||а (स्त्री०) १. छूट; идти́ на —и छूट देना; २. (मूल्य में) कमी।

усту́пчив||ость (स्त्री०) लचीलापन; नम्यता; कोमलता; **—ый** (वि०) लचीला; नम्य; कोमल।

устыди́ть (पू०) (भवि० устыжý, устыди́шь) शर्मिन्दा करना; **—ся** (आत्म०) शर्मिन्दा होना।

ýстье (नपुं०) १. (नदी का) दहाना; у. Га́нга गंगा नदी का दहाना; २. (बाहर निकालने का) छेद; द्वार; у. ша́хты खान का द्वार।

усугу́б||ить(ся) दे० усугубля́ть(ся); **—ле́ние** (नपुं०) बढ़ाना; शोचनीय बनाना; у. внима́ния अधिक ध्यान देना।

усугубля́ть (अपू०), **усугу́бить** (पू०) (भवि० усугу́блю, усугу́бишь) बढ़ाना; अधिक शोचनीय बनाना; **—ся** (आत्म०) बढ़ना; शोचनीय होना; страда́ния бо́льного усугу́билось रोगी की पीड़ा बढ़ गयी।

усумни́ться = усомни́ться.

усу́шка (स्त्री०) (सूखने से पैदा हुई) सिकुड़न।

усыла́ть (अपू०), **усла́ть** (पू०) (भवि० ушлю́, ушлёшь) बाहर/दूर भेजना; его́ усла́ли на Кавка́з उसको काफ़काज़ भेज दिया गया।

усынов||и́ть दे० усыновля́ть; **—ле́ние** (नपुं०) दत्तक लेने की क्रिया; बच्चा गोद लेने की क्रिया।

усыновля́ть (अपू०), **усынови́ть** (पू०) (भवि० усыновлю́, усынови́шь) दत्तक लेना; बच्चा गोद लेना।

усыпа́льница (स्त्री०) समाधि; (एक ही परिवार के सदस्यों का) मक़बरा।

усыпа́ть (अपू०), **усы́пать** (पू०) (भवि० усы́плю, усы́плешь) (रेत आदि) बुरकना; डालना।

усыпи́тельн||ый (वि०) निद्राकारी; निद्रा लानेवाला; —ое сре́дство निद्रा लानेवाली दवा।

усыпи́ть दे० усыпля́ть.

усыпле́ние (नपुं०) सुलाने की क्रिया; सम्मोहन-क्रिया; हिपनोटिज़्म।

усыпля́ть (अपू०), **усыпи́ть** (पू०) (भवि० усыплю́, усыпи́шь) सुलाना; लोरी देकर/गाना सुनाकर सुलाना; सम्मोहन करना; हिपनोटिज़्म करना।

усыха́ть (अपू०), **усо́хнуть** (पू०) सूखना; सूखकर सिकुड़ जाना।

ута́ивать (अपू०), **утаи́ть** (पू०) १. छिपाना; у. пра́вду सत्य छिपाना; २. गुप्त रखना; у. докуме́нты दस्तावेज़ गुप्त रखना।

ута́йка (स्त्री०) छिपाने की क्रिया।

ута́пливать (अपू०), **утопи́ть** (पू०)

(भवि० утоплю́, уто́пишь) अच्छी तरह तपाना ; गर्म करना ; у. молоко́ दूध गर्म करना ।

ута́птывать (अपू०), **утопта́ть** (पू०) (भवि० утопчу́, уто́пчешь) (पाँव से) रौंदना ; कुचलना ; у. тра́ву पाँव से घास रौंदना ।

ута́скивать (अपू०), **утащи́ть** (पू०) १. (घसीटकर) ले जाना ; २. चुराना ।

у́тварь (स्त्री०) (समू०) सामान ; дома́шняя у. घरेलू चीज़ें ।

утверди́тельн||о (क्रि० वि०) 'हाँ' में ; स्वीकारात्मक रूप से ; отвеча́ть у. 'हाँ' में उत्तर देना ; **—ый** (वि०) स्वीकारसूचक ; у. отве́т स्वीकारसूचक उत्तर/'हाँ' में उत्तर ।

утвержда́ть (अपू०), **утверди́ть** (पू०) (भवि० утвержу́, утверди́шь) १. (केवल अपू०) दृढ़तापूर्वक कहना ; निश्चयपूर्वक कहना ; बलपूर्वक कहना ; ज़ोर देकर कहना ; он утвержда́ет, что он невино́вен वह दृढ़तापूर्वक कहता है कि वह अपराधी नहीं है ; २. स्वीकृति प्रदान करना ; मंज़ूरी देना ; प्रमाणित करना ; ३. पक्का करना ; दृढ़ीकरण करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनी स्थिति दृढ़ करना ; दृढ़निश्चय होना ; २. утвержда́ть का कर्मवाच्य ।

утвержде́ние (नपुं०) १. दृढ़तापूर्वक/निश्चयपूर्वक कहने की क्रिया ; २. मंज़ूरी ; स्वीकृति ; ३. दृढ़ीकरण ।

утека́ть (अपू०), **уте́чь** (पू०) (भवि० утеку́, утечёшь) बह जाना ; चू जाना ।

утёнок (पुं०) बत्तख का बच्चा ।

утепле́ние (नपुं०) (मकान आदि को) गर्माने/गर्मी पहुँचाने की क्रिया ।

утепля́ть (अपू०), **утепли́ть** (पू०) (मकान को) गर्माना ; गर्मी पहुँचाना ।

утере́ть(ся) दे० утира́ть(ся).

утерп||е́ть (पू०) (утерплю́, уте́рпишь) अपनेआप को रोकना/संयत रखना ; тру́дно у. अपनेआप को संयत रखना बड़ा कठिन है ; он не —е́л, что́бы не сказа́ть वह यह कहे बिना न रह सका ।

уте́ря (स्त्री०) हानि ; नुक़सान ।

утеря́ть (पू०) खोना ; у. бума́ги काग़ज़ खोना ।

утёс (पुं०) चट्टान ; **—истый** (वि०) चट्टानों से पूर्ण ; चट्टानोंवाला ।

уте́ха (स्त्री०) प्रसन्नता ; आनन्द ; तृप्ति ; सान्त्वना ।

уте́чка (स्त्री०) चूना ; टपकना ; बाहर निकलना ।

уте́чь दे० утека́ть.

утеша́ть (अपू०), **уте́шить** (पू०) आश्वासन/सान्त्वना देना ; ढाढ़स देना ; तसल्ली देना ; у. себя́ अपनेआप को सान्त्वना देना/तसल्ली देना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को सान्त्वना देना ; २. सान्त्वना पाना ।

утеш||е́ние (नपुं०) सान्त्वना ; ढाढ़स ; **—и́тель** (पुं०) सान्त्वना देनेवाला ; ढाढ़स देनेवाला ; **—и́тельный** (वि०) सान्त्वना देनेवाला ; ढाढ़स देनेवाला ; **—и́ть** दे० утеша́ть.

утилиз||а́ция (स्त्री०) उपयोगिता ; **—и́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) उपयोग करना ।

утилит||ари́зм (पुं०) उपयोगितावाद ; **—а́рность** (स्त्री०) उपयोगिता ; **—а́рный** (वि०) उपयोगितावादीय ।

утиль (сырьё) (समू०) (केवल एकवचन) छीजन (जो और चीज़ें बनाने के काम आ सके) ।

ути́ный (वि०) बत्तख का ।

утира́ть (अपू०), **утере́ть** (पू०) (भवि० утру́, утрёшь) पोंछना ; सुखाना ; у. пот с лица́ मुँह पर से पसीना पोंछना ; у. себе́ нос नाक साफ़ करना ; **—ся** (आत्म०) १. अपनेआप को पोंछना/सुखाना ; २. утира́ть का कर्मवाच्य ।

утиха́ть (अपू०), **ути́хнуть** (पू०) (शब्द का) बन्द होना ; धीमा होना ; (तूफ़ान आदि का) शान्त होना ।

утихоми́ривать (अपू०), **утихоми́рить** (पू०) शान्त करना ; **—ся** (आत्म०) शान्त होना ।

у́тка (स्त्री०) **I.** बत्तख ; **II.** गप ; बेपर की बात ; मिथ्योक्ति ।

уткну́ть (पू०) ढँकना ; छिपाना ; у. нос в кни́гу पुस्तक में नाक छिपाना ; у. лицо́ в воротни́к कालर में मुँह छिपाना ; **—ся** (आत्म०) छिपना ; у. голово́й в поду́шку तकिये के नीचे सिर छिपाना ।

утконо́с (पुं०) बत्तख की तरह का एक पक्षी ।

у́тлый (वि०) भुरभुरा ।

уто́к (पुं०) (कपड़े का) बाना ।

утоле́тние (नपुं०) प्यास बुझाने की क्रिया ; पिपासा-तृप्ति ; तृप्ति ; (पीड़ा) शमन/शान्त करने की क्रिया ।

утоли́ть दे० утоля́ть.

утолща́ть (अपू०), **утолсти́ть** (पू०) (भवि० утолщу́, утолсти́шь) मोटा करना ; **—ся** (आत्म०) मोटा होना ।

утолще́ние (नपुं०) १. मोटा होने/करने की क्रिया ; २. मुटापा ।

утоля́ть (अपू०), **утоли́ть** (पू०) प्यास बुझाना ; (क्षुधा/भूख) तृप्त करना/मिटाना ; (पीड़ा) शमन/शान्त करना ; कम करना ।

утоми́тельн||о (क्रि० वि०) सश्रान्ति ; थकावट से ; **—ый** (वि०) क्लान्तिकर ; थकानेवाला ; —ая рабо́та थकानेवाला काम ।

утоми́ть(ся) दे० утомля́ть(ся).

утомл||е́ние (नपुं०) थकावट ; **—ённый** (कृदन्त और वि०) क्लान्त ; श्रान्त ; थका हुआ ।

утомля́емость (स्त्री०) क्लान्ति ; श्रान्ति ; थकने का भाव ।

утомля́ть (अपू०), **утоми́ть** (पू०) (भवि० утомлю́, утоми́шь) थकाना ; у. себе́ глаза́ अपनी आँखें थकाना ; **—ся** (आत्म०) १. थकना ; अपनेआप को थकाना ; २. утомля́ть का कर्मवाच्य ।

утону́ть दे० тону́ть.

утонча́ть (अपू०), **утончи́ть** (पू०) बारीक करना ; у. ни́тку धागा बारीक करना ; **—ся** (आत्म०) १. बारीक होना ; २. утонча́ть का कर्मवाच्य ।

утончённ||ость (स्त्री०) सूक्ष्मता ; बारीकी ; **—ый** १. утонча́ть से कृदन्त ; २. (वि०) सूक्ष्म ; बारीक ।

утончи́ть(ся) दे० утонча́ть(ся).

утопа́ть (अपू०), **утону́ть** (पू०) १. = тону́ть ; २. (केवल अपू०) लोटना ; खेलना ; у. в бога́тстве वैभव में खेलना ; у. в крови́ खून से लथपथ होना ।

утопи́||зм (पुं०) स्वप्नलोकवाद ; **—ст** (पुं०), **—стка** (स्त्री०) स्वप्नलोकवादी ।

утопи́ть (पू०) १. दे० топи́ть ; २. दे० утáпливать.

утопи́ться दे० топи́ться.

утопи́ческий (वि०) कल्पना-विलासी ; स्वप्नदर्शी ।

уто́пия (स्त्री०) कल्पनालोक ; स्वप्नलोक ।

уто́пленн||ик (पुं०) डूबा हुआ पुरुष ; **—ица** (स्त्री०) डूबी हुई स्त्री ।

утопта́ть दे० утáптывать.

уто́р (पुं०) दाँता ; कटाव ; нарезáть —ы दाँते निकालना/दाँतेदार बनाना ।

уточне́ни||е (नपुं०) अन्वर्थ परिभाषा ; एकदम सही परिभाषा ; внести́ —я अन्वर्थ/एकदम सही परिभाषा देना ।

уточни́ть(ся) दे० уточня́ть(ся).

уто́чный (वि०) (कपड़े के) बाने का ।

уточня́ть (अपू०), **уточни́ть** (पू०) निर्दिष्ट करना ; एकदम सही करना ; अन्वर्थ करना ; уточни́ть пу́нкты догово́ра सन्धि की प्रत्येक बात निर्दिष्ट करना ; уточни́ть све́дение ठीक-ठीक पता लगाना ।

утра́ивать (अपू०), **утро́ить** (पू०) तिगुना करना ; **—ся** (आत्म०) १. तिगुना होना ; २. утра́ивать का कर्मवाच्य ।

утрамбова́ть, утрамбо́вывать दे० трамбова́ть.

утра́т||а (स्त्री०) हानि ; понести́ —у हानि उठाना ।

утрачивать (अपू०), **утратить** (पू०) (भवि० утрачу, утратишь) खोना ; नष्ट होना ; магнит утратил силу चुम्बक की शक्ति नष्ट हो चुकी है ।

утренн||ий (वि०) प्रातःकाल का ; —ее время प्रातःकाल ।

утренник (पुं०) १. (नाटक आदि का) प्रातःकाल का शो/खेल ; २. प्रातःकाल का पाला ।

утрировать (अपू० और पू०) (—рую) अतिरंजित/अतिशयोक्ति करके कहना ; बढ़ा-चढ़ाकर कहना ; नमक-मिर्च मिलाकर कहना ।

утрировка (स्त्री०) अतिरंजना ; अतिशयोक्ति ।

утр||о (नपुं०) प्रातः ; सुबह ; в девять часов —а प्रातः नौ बजे ; с добрым —ом, доброе у. (प्रातःकाल का अभिवादन) नमस्ते ; शुभप्रभातम् ।

утроб||а (स्त्री०) १. गर्भाशय ; в —е матери माँ की कोख में ; २. पेटू (मनुष्य) ।

утроение (नपुं०) तिगुना करने की क्रिया ।

утроить(ся) दे० утраивать(ся).

утром (क्रि० वि०) प्रातःकाल ; सुबह ; сегодня у. आज प्रातःकाल/आज सुबह ; завтра у. कल सुबह ।

утруждать (अपू०), **утрудить** (पू०) (भवि० утружу, утрудишь) कष्ट देना ; простите, что так утрудил вас क्षमा कीजिए, आपको इतना कष्ट दिया ; **—ся** (आत्म०) कष्ट उठाना ।

утруска (स्त्री०) (लाने/ले जाने या एक पात्र से दूसरे पात्र में डालने में किसी चीज के भार में) कमी ।

утрясать (अपू०), **утрясти** (पू०) (भवि० утрясу, утрясёшь) १. (हिलाकर) भरना ; у. муку в мешке (हिलाकर) बोरी में आटा भरना ; (कर्तृ-निरपेक्ष) дорогой меня совсем утрясло в телеге रास्ते में गाड़ी पर हिचकोलों के कारण मेरा सारा शरीर हिल गया ; २. (बातचीत द्वारा) तय कर लेना ; мы этот вопрос утрясём (बातचीत द्वारा) हम इस प्रश्न को तय कर लेंगे ।

утучнять (अपू०), **утучнить** (पू०) मोटा करना ; **—ся** (आत्म०) मोटा हो जाना ।

утыкать दे० уткнуть.

утюг (पुं०) (कपड़ों पर करने का) लोहा ; इस्तरी ।

утюжить (अपू०), **выутюжить** (पू०) (कपड़ों पर) लोहा करना ; इस्तरी करना ।

утюжка (स्त्री०) (कपड़ों पर) लोहा करने की क्रिया ।

утяжелить (पू०) भारी होना ।

уф (विस्मय०) उफ़ !

ух (विस्मय०) ओह !

уха (स्त्री०) (केवल एकवचन) मछली का शोरबा ।

ухаб (पुं०) (सड़क का) गड्ढा ; खड्ड ।

ухаживание (नपुं०) १. (रोगी या बच्चे की) देख-भाल ; परिचर्या ; तीमारदारी ; २. प्रणयचर्या ; विवाह के उद्देश्य से किसी स्त्री से मिलना-जुलना ।

ухаживать (अपू०) १. (रोगी, बच्चे की) देख-भाल करना ; परिचर्या करना ; २. प्रणयचर्या में संलग्न होना ; विवाह के उद्देश्य से किसी स्त्री से मिलना-जुलना ।

ухар||ский (वि०) दबंग ; बेधड़क ; **—ство** (नपुं०) दबंग व्यवहार ; **—ь** (पुं०) बेधड़क ; दबंग आदमी ।

ухать (अपू०), **ухнуть** (पू०) १. गरजना ; कड़कना ; вдруг ухнет гром एकाएक बिजली कड़की ; २. (केवल पू०) एक बार में हारना ; ३. (केवल पू०) खो जाना ।

ухват (पुं०) चिमटा ।

ухватить (पू०) (भवि० ухвачу, ухватишь) पकड़ना ; у. за руку हाथ से पकड़ना ; **—ся** (आत्म०) (за) पकड़ना ; —ся за перила जंगले को पकड़ना ; —ся за случай अवसर से लाभ उठाना ।

ухватка (स्त्री०) आचार-व्यवहार ; रीति-नीति ।

ухитряться (आत्म० अपू०), **ухитриться** (आत्म० पू०) चालाकी दिखाना ।

ухищрени||е (नपुं०) चालाकी ; पैंतरा ; несмотря на все —я सब चालाकियों के बावजूद ; हर तरह के पैंतरे बदलने पर भी ।

ухищряться (आत्म० अपू०) चालाकी दिखाना ; पैंतरा बदलना ।

ухло́п||ывать (अपू०), **ухло́пать** (पू०) १. वध करना ; हत्या करना ; २. नष्ट करना ; अपव्यय करना ; он —ал на э́то це́лый день उसने इस पर सारा दिन नष्ट कर दिया ।

ухмыля́ться (आत्म० अपू०), **ухмыльну́ться** (आत्म० पू०) दाँत निपोरना ।

у́хнуть दे० у́хать.

у́хо (नपुं०) (बहु० у́ши) कान ; □ говори́ть кому́-л на́ у. किसी के कान में कहना ; держа́ть у. востро́ चौकन्ना रहना ; в одно́ у. вошло́, в друго́е вы́шло एक कान से सुनी दूसरे से निकाल दी ; он и —ом не ведёт वह बिल्कुल परवाह नहीं करता ; затыка́ть у́ши कान बन्द करना ; навостри́ть у́ши कान खड़े करना ; пропуска́ть ми́мо уше́й अनसुनी करना ।

ухо́д (पुं०) **I.** १. प्रस्थान ; रवानगी ; пе́ред са́мым —ом जाने से ठीक पहले ; **II.** (रोगी की) परिचर्या ; देख-भाल ; в э́том санато́рии хоро́ший у. за больны́ми इस आरोग्य-सदन में रोगियों की अच्छी देख-भाल होती है ।

уходи́ть (अपू०), **уйти́** (पू०) (वर्त० ухожу́, ухо́дишь ; भवि० уйду́, уйдёшь) १. चले जाना ; स्थान छोड़ना ; प्रस्थान करना ; (समय का) बीतना ; गुजरना ; у. с рабо́ты काम छोड़ना ; у. в отста́вку सेवा-निवृत्त होना/नौकरी से अवकाश ग्रहण करना ; у. с поста́ पद छोड़ना ; мо́лодость ухо́дит यौवन बीत जायेगा ; вре́мя ещё не ушло́ अभी समय है ; २. (केवल अपू०) बचना ; от э́того не уйдёшь तुम इससे बच नहीं सकते ; ३. खर्च होना ; все си́лы ухо́дят на э́то इस पर सारी शक्ति खर्च होती है ; □ уйти́ ни с чем खाली हाथ जाना ; कुछ न मिलना ।

уходи́ться (आत्म० पू०) थक जाना ।

ухудша́ть (अपू०), **уху́дшить** (पू०) अधिक खराब करना ; और बिगाड़ देना ; сыра́я пого́да уху́дшила состоя́ние больно́го मौसम ने रोगी की हालत को और बिगाड़ दिया ; **—ся** (आत्म०) १. अधिक खराब होना ; बिगड़ना ; его́ здоро́вье уху́дшилось उसका स्वास्थ्य और भी बिगड़ गया ; २. ухудша́ть का कर्मवाच्य ।

ухудше́ние (नपुं०) (रोग, स्थिति आदि का) और बिगड़ जाना ; у. отноше́ний सम्बन्धों का बिगड़ जाना ।

уху́дшенный १. ухудша́ть से कृदन्त ; २. (वि०) बिगड़ा हुआ ।

уху́дшить(ся) दे० ухудша́ть(ся).

уцеле́||ть (पू०) बाल-बाल बचना ; कोई चोट न खाना ; बचना ; дом —л при пожа́ре घर आग से बच गया ।

уцепля́ться (आत्म० अपू०), **уцепи́ться** (आत्म० पू०) (भवि० уцеплю́сь, уце́пишься) मजबूती से पकड़ लेना ; चिपट जाना ; па́дая он уце́пился за пери́ла गिरते हुए उसने जंगले को मजबूती से पकड़ लिया ।

уча́ствовать (अपू०) (—ствую) १. भाग लेना ; हिस्सा लेना ; у. в голосова́нии चुनाव में भाग लेना ; २. у. в расхо́дах खर्च का हिस्सा देना ।

уча́стие (नपुं०) (केवल एकवचन) १. भाग ; हिस्सा ; принима́ть у. भाग लेना ; २. सहानुभूति ; दिलचस्पी ; принима́ть у. в ком-л. किसीमें दिलचस्पी लेना ।

участи́ть(ся) दे० учаща́ть(ся).

уча́стковый (वि०) १. जिले का ; २. (क्रान्ति-पूर्व) जिला-पुलिस-अफ़सर ।

уча́стлив||ый (वि०) सहानुभूतिपूर्ण ; समवेदनात्मक ; прояви́ть —ое отноше́ние सहानुभूति दिखाना ।

уча́стник (पुं०) भागी ; हिस्सेदार ; सहकर्मी ; सहापराधी ; (प्रतियोगिता में) भाग लेनेवाला ; он у. гражда́нской войны́ उसने गृहयुद्ध में भाग लिया था ।

уча́ст||ок (पुं०) १. भूखंड ; (छोटा-सा) टुकड़ा ; खंड ; дели́ть на —ки खंडों में विभाजित करना ; २. (ऊपर का) भाग ; поражённые

—ки кóжи चमड़ी के रोगान्वित हिस्से/त्वचा के वे हिस्से जिन पर रोग का असर हो गया हो ; ३. जिला ; ४. (क्रान्तिपूर्व) थाना ।

ýчаст||ь (स्त्री०) भाग्य ; подчиня́ться своéй —и अपने भाग्य के वश में होना ।

учащáть (अपू०), **участи́ть** (पू०) (भवि० учащý, участи́шь) आवृत्ति बढ़ाना ; **—ся** (आत्म०) आवृत्ति बढ़ना ; अधिक बार (घटित) होना ।

учáщаяся (स्त्री०) छात्रा ।

учащённый १. учащáть से कृदन्त ; २. (नाड़ी आदि की गति) तीव्र ; तेज ।

учáщийся : १. учи́ться से कृदन्त ; २. विद्यार्थी ; छात्र ।

учёба (स्त्री०) अध्ययन ।

учéбн||ик (पुं०) पाठ्य पुस्तक ; प्रथम पुस्तक ; **—ый** (वि०) पढ़ाई का ; शैक्षिक ; शिक्षा-सम्बन्धी ; स्कूल का ; —ый год शिक्षा-वर्ष/पढ़ाई का साल ; —ое врéмя पढ़ाई का समय ; —ый план निर्धारित पाठ्य क्रम ; —ый предмéт विषय ; —ая кни́га पाठ्य पुस्तक ; — ое сýдно प्रशिक्षण-पोत/ट्रेनिंग-जहाज ।

учéни||е (नपुं०) १. शिक्षा ; гóды —я शिक्षा के वर्ष ; кóнчить у. शिक्षा समाप्त करना ; २. शिक्षा देने की क्रिया ; ३. (सेना०) अभ्यास ; क़वायद ; ४. सीख ; उपदेश ; सिद्धान्त ; मान्यता ।

учен||и́к (पुं०), **—и́ца** (स्त्री०) (स्कूल आदि का) छात्र/छात्रा ; शिष्य/शिष्या ; शिक्षु/शिक्षुणी ; **—и́ческий** (वि०) १. учени́к से वि० ; २. अनिपुण ; अकुशल ; अनाड़ी ।

учени́чество (नपुं०) (केवल एकवचन) शिक्षुता ; छात्रावस्था ; शागिर्दी ।

учён||ость (स्त्री०) पांडित्य ; विद्वत्ता ; **—ый** (वि०) १. पंडित ; विद्वान ; २. वैज्ञानिक ; —ый комитéт वैज्ञानिक समिति ; —ое óбщество वैज्ञानिक समाज ; ३. शिक्षित ; ४. (संज्ञा की तरह प्रयुक्त) (वि० रू०) वैज्ञानिक ; पंडित ; विद्वान ।

учéсть दे० учи́тывать.

учёт (पुं०) (केवल एकवचन) १. गणना ; вести́ у. गणना करना ; २. प्रविष्टि ; इन्दराज ; रजिस्टर में दर्ज करना ; сни́маться с —а रजिस्टर में से काट दिया जाना ; ३. छूट ; मिती-काटा ।

учетверённый १. учетверя́ть से कृदन्त ; २. (वि०) चौगुना ।

учетверя́ть (अपू०), **учетвери́ть** (पू०) चौगुना करना ; **—ся** (आत्म०) १. चौगुना होना ; २. учетверя́ть का कर्मवाच्य ।

учётн||ый (वि०) १. учёт से वि० ; у. стол पंजीयन-विभाग/रजिस्ट्री-विभाग ; —ая кáрточка पंजीयन-पत्र / रजिस्ट्री-फ़ार्म ; २. छूट / मितीकाटा-सम्बन्धी ।

учи́лище (नपुं०) विद्यालय ; स्कूल ; कालिज ।

учиня́ть (अपू०), **учини́ть** (पू०) करना ; बनाना ; у. распрáву कड़ी सज़ा देना ; у. пáкость комý-л. किसीसे नीचता का व्यवहार करना ।

учи́тель (पुं०) अध्यापक ; शिक्षक ; шкóльный у. स्कूल का अध्यापक ; у. рýсского языкá रूसी भाषा का अध्यापक / शिक्षक ; **—ница** (स्त्री०) अध्यापिका ; **—ская** (स्त्री०) (वि० रू०) अध्यापकों का कमरा **—ский** (वि०) अध्यापक/शिक्षक का ; —ский съезд अध्यापक-सम्मेलन ; **—ство** (नपुं०) (केवल एकवचन) (समू०) १. अध्यापकगण ; २. अध्यापन कार्य ; **—ствовать** (अपू०) (—ствую) अध्यापक होना ; अध्यापन-कार्य करना ।

учи́тывать (अपू०), **учéсть** (पू०) (भवि० учтý, учтёшь) १. ध्यान में रखना ; учи́тывая ध्यान में रखते हुए ; не у. ध्यान में न रखना ; २. हिसाब में गिन लेना ; ३. (हुंडी का) मिती-काटा करना ।

учи́ть (अपू०) १. पढ़ाना ; शिक्षा देना ; सिखाना ; у. когó-л. чемý-л. किसीको कुछ पढ़ाना/सिखाना ; २. पढ़ना ; शिक्षा पाना ; सीखना ; у. наизýсть कंठस्थ करना / मुँहज़बानी याद करना ; **—ся** (आत्म०) १. पढ़ना ; सीखना ; —ся читáть पढ़ना सीखना ; —ся рýсскому языкý रूसी भाषा सीखना/पढ़ना ; —ся портнóвскому

де́лу дर्ज़ीगीरी सीखना ; २. शिक्षा पाना ; —ся в университе́те विश्वविद्यालय में शिक्षा पाना ।

учреди́тель (पुं०), **—ница** (स्त्री०) संस्थापक/संस्थापिका ; **—ный** (वि०) संविधान- ; संविधायी ; विधान-निर्मात्री ; —ное собра́ние संविधान-सभा ।

учрежда́ть (अपू०), **учреди́ть** (पू०) (भवि० учрежу́, учреди́шь) स्थापित करना ; बनाना ; у. коми́ссию आयोग बनाना/स्थापित करना ।

учрежде́ние (नपुं०) १. स्थापना ; स्थापित करने की क्रिया ; २. संस्था ।

учти́в||ость (स्त्री०) शिष्टता ; **—ый** (वि०) शिष्ट ।

учу́ять (पू०) सूँघना ; у. за́пах गन्ध सूँघना ।

уша́стый (वि०) लम्बकर्ण ; बड़कन्ना ; बड़े कानों-वाला ।

уша́т (पुं०) बाल्टी ; на него́ как бу́дто вы́лили у. хо́лодной воды́ उसपर मानों ठंडे पानी की बाल्टी उँडेल दी गयी ।

у́ши दे० у́хо का बहु० ।

ушиб (पुं०) चोट ; आघात ।

ушиба́ть (अपू०), **ушиби́ть** (पू०) आघात करना ; चोट करना ; **—ся** (आत्म०) १. चोट खाना ; २. ушиба́ть का कर्मवाच्य ।

ушива́ть (अपू०), **уши́ть** (पू०) (भवि० ушью́, ушьёшь) सी देना ; चारों ओर से सी देना ।

у́шко́ (नपुं०) **I.** у́хо का अल्प० □ у него́ у́шки на маку́шке वह बड़ा चौकन्ना/सतर्क है ; **II.** १.नक्का ; सुई का छेद ; २. जूते का तस्मा/फ़ीता ।

ушку́йник (पुं०) (प्राचीन रूस में) डाकुओं का सरदार ।

ушн||и́к (पुं०) कानों का डाक्टर ; **—о́й** (वि०) कर्ण- ; कान-सम्बन्धी ; —а́я боль कान का दर्द ।

уще́лье (नपुं०) दर्रा ; करिका ; पर्वत के बीच का संकुचित मार्ग ।

ущем||и́ть दे० ущемля́ть ; **—ле́ние** (नपुं०) १. (किसी औज़ार से) जकड़ लेने की क्रिया ; २. किसीके स्वाभिमान को ठेस/चोट पहुँचाने की क्रिया ।

ущемля́ть (अपू०), **ущеми́ть** (पू०) (भवि० ущемлю́, ущеми́шь) १. (किसी औज़ार से) जकड़ लेना ; भींचना ; у. па́лец उँगली भींचना ; २. हानि पहुँचाना ; आघात करना ; у. чьи-л. права́ किसीके अधिकारों पर आघात करना ; ३. स्वाभिमान को ठेस/चोट पहुँचाना ।

уще́рб (पुं०) (केवल एकवचन) हानि ; क्षति ; наноси́ть у. हानि पहुँचाना ; понести́ у. हानि उठाना ।

ущипну́ть दे० щипа́ть.

ую́т (पुं०) सुख ; आराम ।

ую́тн||о (क्रि० वि०) सुख से ; आराम से ; **—ый** (वि०) सुखद ; सुखकर ; आरामदेह ।

уязви́м||ость (स्त्री०) भेद्यता ; **—ый** (वि०) भेद्य ; घाव पहुँचाने/आघात करने योग्य ।

уязви́ть दे० уязвля́ть.

уязвле́ние (नपुं०) दंशन ; डंक मारने/आघात करने की क्रिया ।

уязвля́ть (अपू०), **уязви́ть** (पू०) (भवि० уязвлю́, уязви́шь) १. डंक मारना ; काटना ; २. आघात करना ।

уясне́ние (नपुं०) समझना ; अर्थ ग्रहण करना ।

уясня́ть (अपू०), **уясни́ть** (पू०) १. (शब्द себе́ या बिना इस शब्द के प्रयुक्त) समझना ; अर्थ ग्रहण करना ; २. (किसी दूसरे को) समझाना ; स्पष्टीकरण करना ।

Ф

фабзавкóм (фабрúчно-заводскóй комитéт) कारखाना/फ़ैक्टरी-समिति ।

фабкóм (фабрúчный комитéт) = фабзавкóм.

фáбрик||а (स्त्री०) फ़ैक्टरी ; कारखाना ; मिल ; сукóнная ф. कपड़ा-मिल ; **—áнт** (पु॰) फ़ैक्टरी-मालिक ; कारखाने का मालिक ; **—áт** (पु॰) फ़ैक्टरी में निर्मित वस्तुएँ ; **—áция** (स्त्री०) उत्पादन ; —áция сýкон कपड़े का उत्पादन ।

фабриковáть (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० —кýю) (केवल अपू०) (माल) तैयार करना ; उत्पादन करना ।

фáбрить (अपू०), **на—** (पू०) (मूँछें आदि) रँगना ।

фабрúчн||ый (वि०) фáбрика का वि० ; ф. рабóчий फ़ैक्टरी-मज़दूर ; —ая трубá फ़ैक्टरी की चिमनी ; —ое производство फ़ैक्टरी का उत्पादन ।

фáбула (स्त्री०) कथानक ; कथा-वस्तु ।

фавн (पु॰) किन्नरों के सदृश एक देवता ।

фавóр (पु॰) (केवल एकवचन) अनुग्रह ; कृपा ; **—úт** (पु॰) कृपा-पात्र ; **—итúзм** (पु॰) कृपा-भाव ; पक्षपात ; **—úтка** (स्त्री०) कृपा-पात्र ।

фагóт (पु॰) अलगोज़ा (एक प्रकार की बाँसुरी) ; **—úст** (पु॰) अलगोज़ा बजानेवाला ।

фáз||а (स्त्री०) १. अवस्था ; पक्ष ; २. (भौ०) कला ; —ы лунь́ı चन्द्रमा की कलाएँ ३. (टेक०) कोण ।

фазáн (पु॰) तीतर ; मनाल ।

фáзис = **фáза.**

фáзный (वि०) (भौ०) कला-; (टेक०) कोण का ।

фазóметр (पु॰) (भौ०) कलामापी ।

фай (पु॰) एक प्रकार का रेशम ।

фáкел (पु॰) दीपिका ; मशाल ; टार्च ।

фáкель||ный (वि०) दीपिका/मशाल-सम्बन्धी ; **—щик** (पु॰) ज्योतिधर ; मशालची ।

факúр (पु॰) फ़क़ीर ।

факсúмиле (नपु॰) प्रतिलिपि ; नक़ल ; नमूना ।

факт (पु॰) तथ्य ; वास्तविकता ; совершúвшийся ф. सिद्ध तथ्य/जीवन्त तथ्य ; приводúть —ы तथ्य सामने रखना/ठीक-ठीक वर्णन करना ; **—úчески** (क्रि० वि०) वास्तव में ; सचमुच ; **—úческий** (वि०) वास्तविक ; —úческое положéние дéла वस्तु-स्थिति ; वास्तविक स्थिति ।

фáктор (पु॰) (छपाई-सम्बन्धी) १. (छापेखाने में) फ़ोरमैन ; २. (गणित) गुणनखंड ।

фактóрия (स्त्री०) फ़ैक्टरी ।

фактóтум (पु॰) १. सब प्रकार का काम करनेवाला नौकर (पीर-बावर्ची-भिश्ती-खर) ।

фактýра (स्त्री०) १. बीजक ; बिल ; २. (संगीत/चित्रकला-सम्बन्धी) रचना ; तर्ज़-अदा ।

факультатúвный (वि०) ऐच्छिक ; वैकल्पिक ; ф. учéбный предмéт ऐच्छिक/वैकल्पिक विषय ।

факультéт (पु॰) (विश्वविद्यालय का) संकाय ; विभाग ; **—ский** (वि०) факультéт से वि० ।

фал (पु॰) (नौचालन०) हाँजा (पाल उठाने या नीचा करने का रस्सा) ।

фалáнга (स्त्री०) १. सशस्त्र सैनिकों का संगठित दल ; २. (शरीर-रचना०) अंगुलास्थि (छोटी हड्डी) ।

фáлда (स्त्री०) (कोट आदि का) लटकता हुआ पिछला पल्ला ।

фáлинь (पु॰) पागर (नाव के अग्रभाग पर बँधा रस्सा) ।

фаллúческий (वि०) लिंगपूजन-सम्बन्धी ।

фáллос, фáллус (पु॰) लिंगपूजन ।

фалрéп (पु॰) (नौचालन०) पासा सीढ़ी (पोत पर चढ़ने की रस्से की सीढ़ी) ।

фальсифи||кáтор (पु॰) प्रवंचक ; जालसाज़ ;

कपटी ; मिलावट करनेवाला ; **—ка́ция** (स्त्री०) प्रवंचना ; जालसाजी ; कपट ; मिलावट ; **—ци́ровать** (अपू० और पू०) (—рую) (किसी चीज़ में) मिलावट करना ; (दस्तावेज़ आदि) जाली बनाना ; —ци́ровать ма́сло तेल में मिलावट करना ; —ци́ровать свиде́тельские показа́ния झूठे गवाह तैयार करना ।

фальц (पुं०) (टेक०) १. गहरी धारी ; २. तह ।

фальцева́льн||ый (वि०) : —ая маши́на (छपाई-सम्बन्धी) तह करने की मशीन ।

фальцева́ть (अपू०) (—цу́ю) १. गहरी धारियाँ बनाना ; २. (छपाई-सम्बन्धी) तह करना ।

фальцо́в||ка (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) तह करने की क्रिया ; **—щик** (पुं०), **—щица** (स्त्री०) (छपाई-सम्बन्धी) तह करनेवाला/वाली ।

фальши́вить (अपू०), **с—** (पू०) (वर्त० фальши́влю, фальши́вишь) १. प्रवंचना/छल करना ; २. बेताल/बेसुर गाना ।

фальши́вка (स्त्री०) जाली दस्तावेज़ ।

фальшивомоне́тчик (पुं०) जाली सिक्के बनानेवाला ।

фальши́в||ый (वि०) जाली ; बनावटी ; नक़ली ; —ые во́лосы नक़ली बाल ; —ые зу́бы नक़ली दाँत ; —ая моне́та जाली सिक्का ।

фальшь (स्त्री०) (केवल एकवचन) जालीपन ; नक़ल ; छल ; पाखंड ।

фами́лия (स्त्री०) उपनाम ; как его́ ф. ? उसका उपनाम क्या है ?

фами́льн||ый (वि०) पारिवारिक ; परिवार-सम्बन्धी ; —ые драгоце́нности परिवार के हीरे-जवाहिर ।

фамилья́рн||ичать (अपू०) (किसीके साथ) बेतकल्लुफ़ हो जाना ; खुल जाना ; **—о** (क्रि० वि०) बेतकल्लुफ़ी से ; **—ость** (स्त्री०) बेतकल्लुफ़ी ; **—ый** (वि०) बेतकल्लुफ़ ।

фанабе́рия (स्त्री०) उद्दंडता ।

фанати́зм (पुं०) धर्मान्धता ; मतान्धता ।

фана́||тик (पुं०) धर्मान्ध ; मतान्ध ; **—ти́че-ский** (वि०) धर्मान्ध ; **—ти́чность** (स्त्री०) धर्मान्धता ; मतान्धता ।

фанда́нго (नपुं०) फन्दांगो (एक प्रकार का नृत्य) ।

фане́р||а (स्त्री०) प्लाइवुड (एक प्रकार की तहदार लकड़ी) ; **—ный** (वि०) प्लाइवुड का ।

фанза́ (स्त्री०) मुलायम रेशम का कपड़ा ।

фантазёр (पुं०), **—ка** (स्त्री०) स्वप्नदर्शी/-दर्शिनी ; कल्पनाविलासी/-विलासिनी ; हवाई क़िले बनानेवाला/वाली ।

фантази́ровать (अपू०), **с—** (वर्त० —рую) १. (केवल अपू०) स्वप्न देखना ; हवाई क़िले बनाना ; २. झूठ बोलना ।

фанта́зия (स्त्री०) १. कल्पना ; अनुमान ; २. सनक ; झक ; वहम ; ему́ пришла́ в го́лову ф. उसे सनक सवार हो गयी ।

фанта́ст (पुं०) स्वप्नदर्शी ; कल्पनाविलासी ; हवाई क़िले बनानेवाला ; **—и́ческий** (वि०) काल्पनिक ; **—и́чность** (स्त्री०) अवास्तविकता ; —и́чный = фантасти́ческий.

фанто́м (पुं०) छाया ; प्रेत ।

фанфа́ра (स्त्री०) १. तुरही ; २. दुन्दुभी ; बिगुल ।

фанфаро́н (पुं०) दम्भी ; शेखीख़ोरा ; आत्म-प्रशंसक ; **—а́да** (स्त्री०) दम्भ ; आत्मप्रशंसा ; शेख़ी ; **—ить** (अपू०) शेख़ी बघारना ; आत्म-श्लाघा/आत्मप्रशंसा करना ; **—ство** (नपुं०) दम्भ ; आत्मश्लाघा ; आत्मप्रशंसा ; शेख़ी ।

фа́ра (स्त्री०) (जहाज़, मोटर आदि की) सामने की बत्ती ।

фарао́н (पुं०) फ़ारो (मिस्र देश के प्राचीन राजा की उपाधि) ।

фарва́тер (पुं०) (नौचालन०) जलपथ ।

Фаренге́йт (पुं०) फ़ारेनहाइट ; термо́метр —а फ़ारेनहाइट थर्मामीटर ; по —у 50 पचास दर्जे फ़ारेनहाइट ।

фаринги́т (पुं०) (चिकि०) ग्रासनली का रोग ।

фармако́лог (पुं०) ओषधिवेत्ता ।

фармаколо́гия (स्त्री०) ओषधि-ज्ञान ।

фармакопе́я (स्त्री०) १. औषधि-विज्ञान ; भेषज-शास्त्र ; २. ओषधि-सूची ।

фармаце́вт (पुं०) ओषधि-निर्माता ; ओषधि बनानेवाला ; **—и́ческий** (वि०) ओषधि बनाने का ।

фармаци́я (स्त्री०) औषधालय ; फ़ार्मेसी ।

фарс (पुं०) प्रहसन ।

фа́ртук (पुं०) पेशबन्द ; ऐप्रन ।

фарфо́р (पुं०) १. चीनी मिट्टी ; २. चीनी मिट्टी के बर्तन ; **—овый** (वि०) фарфо́р से वि० ।

фарш (पुं०) (मांस का) कीमा ।

я́блок‖о (नपुं०) सेब ; глазно́е я. नेत्रगोलक ; □ я. раздо́ра लड़ाई की जड़ ; —у не́где упа́сть (कमरे के विषय में) खचाखच भरा हुआ ।

я́блоня (स्त्री०) सेब का पेड़ ।

я́блоч‖ко (नपुं०) я́блоко का अल्प० ; **—ный** (वि०) सेब का ।

яви́ться दे० явля́ться.

я́вка (स्त्री०) प्रकटन ; उपस्थिति ; मौजूदगी ।

явле́ние (नपुं०) १. घटना ; я. приро́ды प्राकृतिक घटना ; стра́нное я. विचित्र घटना/बात ; २. (नाटक में) दृश्य ।

явля́ться (आत्म० अपू०), **яви́ться** (आत्म० पू०) (भवि० явлю́сь, я́вишься) १. प्रकट होना ; उपस्थित होना ; घटित होना ; आना ; я. в суд अदालत में उपस्थित होना ; я. в ука́занное вре́мя नियत समय पर आना/प्रकट होना ; я. с пови́нной (в суд) (अदालत में) अपराध स्वीकार करना ; как то́лько я́вится подходя́щий слу́чай अवसर मिलते ही ; у него́ яви́лась мысль उसके मस्तिष्क में एक विचार आया ; २. होना ; э́то яви́лось причи́ной его́ сме́рти यह उसकी मृत्यु का कारण हुआ ; он явля́ется дире́ктором वह निदेशक है ।

я́вн‖о (क्रि० वि०) १. स्पष्ट रूप से ; प्रत्यक्षत: ; २. (कर्तृ-निरपेक्ष) я. यह स्पष्ट है कि . . . ; **—ый** (वि०) स्पष्ट ; प्रत्यक्ष ।

я́вор (पुं०) मिस्र देश का एक प्रकार का अंजीर का पेड़ ।

я́вочн‖ый (वि०) : —ым поря́дком सिद्ध तथ्य के रूप में ।

я́вственный (वि०) स्पष्ट ।

я́вствов‖ать (अपू०) (—ствую) प्रकट होना ; из э́того —ует इससे प्रकट होता है कि . . . ।

явь (स्त्री०) (केवल एकवचन) यथार्थता ।

ягдта́ш (पुं०) शिकारी का थैला ।

я́гель (पुं०) (वन०) मौस ; काई ।

ягнёнок (पुं०) भेड़ का बच्चा ; मेमना ।

ягни́ться (आत्म० अपू०) (भेड़ आदि का) बच्चा जनना ।

я́год‖а (स्त्री०) रसभरी ; собира́ть —ы रसभरी चुनना ; □ э́то одного́ по́ля я. एक ही थैली के चट्टे-बट्टे ।

я́годица (स्त्री०) नितम्ब ; चूतड़ ।

я́годный (वि०) रसभरी का ।

ягуа́р (पुं०) जैगुआर (अमरीका देश का एक हिंस्र पशु) ।

яд (पुं०) विष ; जहर ; приня́ть я. विष खाना ।

ядови́т‖о (क्रि० वि०) विषैलेपन से ; दुर्भाव से ; **—ость** (स्त्री०) विषैलापन ; दुर्भाव ; **—ый** (वि०) विषैला ; जहरीला ; —ая змея́ विषैला साँप ।

ядрёный (वि०) (व्यक्ति) स्वस्थ ; पुष्ट ; ओजस्वी; (वायु) शक्तिप्रद ; स्वास्थ्यप्रद ।

я́дрица (स्त्री०) मोथा नामक अन्न (छिलका उतारा हुआ परन्तु पिसा हुआ नहीं) ।

ядро́ (नपुं०) १. (अखरोट आदि की) गिरी ; २. गूदा ; ३. सार ; मूल ; ४. गोला ।

я́зва (स्त्री०) फोड़ा ; नासूर ; моровáя я. प्लेग ।

я́звенный (वि०) नासूरवाला ।

язви́тельн||ость (स्त्री०) कटुता ; तीखापन ; **—ый** (वि०) कटु ; तीखा ।

язви́ть (अपू०), **съязви́ть** (पू०) (वर्त० язвлю́, язви́шь) १. डंक मारना ; २. ताना मारना ।

язы́к (पुं०) १. जिह्वा ; जीभ ; показáть я. (डाक्टर को) जीभ दिखाना ; २. भाषा ; рýсский я. रूसी भाषा ; роднóй я. मातृभाषा ; разговóрный я. बोलचाल की भाषा ; литерату́рный я. साहित्यिक भाषा ; ३. (घंटे का) लोलक ; ४. (सेना०) शिनाख्त क़ैदी ; □ у негó отня́лся я. उसकी जीभ उसके क़ाबू में न रही/उसकी जबान बेलगाम हो गयी ; держáть я. за зубáми, прикуси́ть я. जीभ सँभालकर रखना ; э́то слóво вéртится у меня́ на —е́ यह शब्द मेरी जबान पर आ रहा है ।

языковéд (पुं०) भाषाविद् ; **—ение** (नपुं०) भाषा-विज्ञान ; **—ческий** (वि०) भाषाविज्ञान-सम्बन्धी ।

языкознáние = языковéдение.

язы́чес||кий (वि०) विधर्मी ; **—тво** (नपुं०) विधर्मिता ।

язычкóвый (वि०) १. अतिजिह्वा (गले की घंटी)-सम्बन्धी ; २. नरकट का बना हुआ ; я. инструмéнт नरकट का बना हुआ वाद्ययन्त्र ।

язы́чный (वि०) जिह्वा/जीभ-सम्बन्धी ।

язычóк (पुं०) १. язы́к का अल्प० ; २. अति-जिह्वा ; गले की घंटी ; ३. नरकट ।

язь (पुं०) एक प्रकार की मछली ।

я́ичко (नपुं०) १. छोटा अंडा ; २. अंडकोष ।

я́ичник (पुं०) अंडकोष ।

я́ичница (स्त्री०) अंडे का आमलेट ।

я́ичный (वि०) अंडे का ; я. желтóк अंडे की जर्दी ; я. порошóк अंडे का पाउडर ।

яйлá (स्त्री०) (केवल एकवचन) (क्रीमिया में) पहाड़ी चरागाह ।

яйце||ви́дный (वि०) अंडे के सदृश ; अंडाकार ; **—кладу́щий** (वि०) अंडा देनेवाला ; **—рóдный** (वि०) अंडों से बच्चा पैदा करने-वाला ।

яйцó (नपुं०) अंडा ; डिम्ब ; डिम्ब ; स्त्रियों का अंडरज ; я. всмя́тку थोड़ा उबला हुआ अंडा ; я. в мешóчек पोच अंडा ; я. вкруту́ю, крутóе я. पूरा उबला हुआ अंडा ; я́йца из-под ку́рицы बिल्कुल ताजे अंडे ; □ я́йца ку́рицу не у́чат बूढ़े तोते राम-राम नहीं सीखते ।

як (पुं०) चामर ; सुरागाय ।

я́кобы (क्रि० वि०) मानो ; जैसे ; он я. всё пóнял जैसे उसने सब-कुछ समझ लिया हो ।

я́корный (वि०) (नौचालन०) लंगर का ।

якорцéпь (स्त्री०) (नौचालन०) लंगर डालने का लोहे का रस्सा या जंजीर ।

я́корь (पुं०) (नौचालन०) लंगर ।

якшáться (आत्म० अपू०) मेल-मिलाप करना ; मैत्री करना ।

я́лик (पुं०) छिछली नाव ; दो या चार चप्पुओं-वाली नाव ।

я́личник (पुं०) छोटी नाव चलानेवाला ।

я́лов||ость (स्त्री०) (कृषि-सम्बन्धी) बंजरपन ; खुश्की ; **—ый** (वि०) परती ; बंजर ; खुश्क ; —ая корóва सूखी गाय (ऐसी गाय जिसने दूध देना बन्द कर दिया हो) ।

я́ма (स्त्री०) गड्ढा ; □ рыть комý-л. я́му किसीके लिए गड्ढा खोदना ; не рой другóму я́мы, сам в неё попадёшь दूसरों के लिए गड्ढा मत खोदो, तुम स्वयं उसमें गिरोगे ।

ямáйский (वि०) जमाइका देश का ।

я́мка (स्त्री०) я́ма का अल्प० ।

я́мочка (स्त्री०) (गाल का) गड्ढा ।

ямщи́к (पुं०) कोचवान ।

янвáрский (वि०) जनवरी (मास) का ।

янвáрь (पुं०) जनवरी (मास) ।

янтáрный (वि०) १. अम्बर का ; २. अम्बरी (रंग) का ।

янта́рь (पुं०) अम्बर।
япо́н||ец (पुं०), **—ка** (स्त्री०) जापान-निवासी/निवासिनी; **—ский** (वि०) जापानी; —ский язы́к जापानी भाषा।
яр (पुं०) (नदी का) ढलवाँ तट।
ярд (पुं०) गज़।
яре́мн||ый (वि०): —ая ве́на ग्रीवाशिरा।
я́ркий (वि०) चमकदार; चटकदार; я. цвет चटकदार रँग।
я́рко (क्रि० वि०) चमक से; दीप्त होकर।
ярлы́к, ярлычо́к (पुं०) नामपत्र; लेबल।
я́рмар||ка (स्त्री०) मेला; **—очный** (वि०) मेले का।
ярмо́ (नपुं०) (घोड़े आदि को जोतने का) जुआ।
я́ро (क्रि० वि०) चाव से; जोश से।
яров||о́й (वि०) (कृषि-सम्बन्धी) वसन्त का; —ы́е хлеба́ वसन्त का अनाज।
я́ростн||ый (वि०) प्रचंड; तीव्र; ज़ोरदार; —ая ата́ка प्रचंड आक्रमण/ज़ोरदार हमला।
я́рост||ь (स्त्री०) रोष; क्रोध; उग्रता; आवेश; привести́ в я. कुपित करना; прийти́ в я. कुपित होना; вне себя́ от —и गुस्से में आपे से बाहर।
я́рус (पुं०) १. (नाटक-गृह में) वर्तुलाकार अलिन्द (अंग्रेज़ी—सर्कल); २. तह; स्तर।
я́рый (वि०) प्रचंड; उत्कट।
я́сень (पुं०) अखरोट की तरह का एक वृक्ष (अंग्रेज़ी—ऐश)।
я́сли (बहु०) १. चरनी; (पशुओं के लिए) चारे की नाँद; २. दिन में बच्चों को सँभालने का स्थान जब उनके माँ-बाप काम में लगे होते हैं।
я́сно (क्रि० वि०) १. स्पष्टता से; स्पष्ट; ко́ротко и я. संक्षिप्त और स्पष्ट; я. говори́ть स्पष्ट बोलना; (कर्तृ-निरपेक्ष) я. यह स्पष्ट है।
ясновид||ение (नपुं०) योग-दृष्टि; परोक्ष तथा भविष्य देखने की शक्ति; **—ец** (पुं०) योगद्रष्टा; **—ящий** (वि०) योगबल से देखने की शक्ति सम्बन्धी।
я́сн||ость (स्त्री०) स्पष्टता; внести́ я. स्पष्ट करना; **—ый** (वि०) स्पष्ट; साफ़।
я́ства (बहु०) जीवनोपयोगी भोज्य पदार्थ; पक्वान्न इत्यादि।
я́стреб (पुं०) बाज़; **—ный** (वि०) १. बाज़ का २. पैनी दृष्टिवाला।
ястребо́к (पुं०) लड़ाकू वायुयान (फ़ाइटर)।
ять (पुं०): на я. खूब अच्छी तरह; знать что-л. на ять किसी बात को अच्छी तरह जानना/पूर्ण ज्ञान होना।
я́хонт (पुं०) लालमणि; माणिक; **—ный** (वि०) लालमणि का; माणिक का।
я́хта (स्त्री०) एक प्रकार की नाव।
яче́йка (स्त्री०) १. कोष्ठिका; २. (जाल आदि की) कड़ी।
ячме́нн||ый (वि०) जौ का; я. отва́р जौ का पानी; —ое зерно́ जौ।
ячме́нь (पुं०) १. जौ; २. गुहेरी; आँख की बिलनी।
я́чнев||ый (वि०): —ая крупа́ जौ का महीन आटा।
я́шм||а (स्त्री०) सूर्यकान्त मणि; **—овый** (वि०) सूर्यकान्त मणि का।
я́щер (पुं०) मोर खानेवाला एक जन्तु।
я́щерица (स्त्री०) एक प्रकार की छिपकली।
я́щик (पुं०) १. डिब्बा; बक्सा; почто́вый я. पत्रपेटी/लेटरबक्स; २. (मेज़ आदि की) दराज़; □ откла́дывать что-л. в до́лгий я. खटाई में डालना (अनिश्चित काल के लिए उठा रखना)।
я́щур (पुं०) एक प्रकार का पशु-रोग।

भौगोलिक नाम

Австра́лия ऑस्ट्रेलिया ।
А́встрия ऑस्ट्रिया ।
Адди́с-Абе́ба अदीस अबाबा ।
А́ден अदन ।
А́зия एशिया ।
Алба́ния अल्बानिया ।
Алжи́р अल्जियर्स ।
Алжи́рия अल्जीरिया ।
Аля́ска अलास्का ।
Амстерда́м एम्स्टरडम ।
А́нглия इंगलैंड ।
Андама́нские о-ва́ अंदमान द्वीप ।
Анкара́ अंनकरा ।
Ара́вия अरब ।
Аргенти́на अर्जन्तीना ।
Атланти́ческий океа́н अटलांटिक महासागर ।
Афганиста́н अफ़ग़ानिस्तान ।
Афи́ны एथन्स ।
А́фрика अफ़्रीक़ा ।
Бага́мские о-ва́ बहामा द्वीपसमूह ।
Багда́д बग़दाद ।
Бангко́к बेंगकाॅक ।
Барбадо́с बारबेडोस ।
Бейру́т बेरुत ।
Белгра́д बेलग्राड ।
Белуджиста́н बलोचिस्तान ।
Белору́ссия बाइलोरूस, श्वेत रूस ।
Бе́льгия बेल्जियम ।
Бена́рас वाराणसी ।
Бенга́лия बंगाल ।
Берли́н बर्लिन ।
Берму́дские о-ва́ बरमूदा द्वीपसमूह ।
Берн बर्न
Би́рма बर्मा ।
Болга́рия बल्गेरिया ।
Боли́вия बोलिविया ।
Бомбе́й बम्बई ।
Бонн बाॅन ।
Борне́о बोर्नियो ।
Брази́лия ब्राज़ील ।
Брамапу́тра ब्रह्मपुत्र ।
Брюссе́ль ब्रसेल्स ।
Будапе́шт बुडापेस्ट ।
Бута́н भूटान ।
Бухаре́ст बुखारेस्त ।
Буэ́нос-А́йрес बुम्रानोस आइरेज़ ।
Варша́ва वारसा ।
Вашингто́н वाशिंगटन ।
Великобрита́ния ग्रेट ब्रिटेन ।
Ве́ллингтон वेलिंग्टन ।
Ве́на वियना ।
Ве́нгрия हंगरी ।
Венесуэ́ла वेनीज़ुएला ।
Вест-И́ндия पश्चिमी-हिन्द द्वीपसमूह ।
Во́лга वोल्गा ।
Вьетна́м वियतनाम ।
Гаа́га हेग ।
Гава́йские о-ва́ हवाई द्वीपसमूह ।
Гаи́ти हेती ।
Га́на घाना ।
Ганг गंगा ।
Гангто́к गंगतोक ।
Гватема́ла ग्वातेमाला ।
Гвиа́на गिम्राना ।

Генýя जेनोग्रा।
Германия जर्मनी।
Гибралтáр जिब्राल्टर।
Гималáи हिमालय।
Голлáндия हालैंड।
Гондурáс होंदरस।
Гонкóнг हांगकांग।
Гонолýлу होनोलुलु।
Гренлáндия ग्रीनलैंड।
Грéция यूनान।
Гуáм ग्वाम।
Дакáр डाकार।
Дамáск दमिश्क।
Дáния डेन्मार्क।
Дéли दिल्ली।
Джакáрта जकार्ता।
Джибýти जिबूती।
Доминикáнская Респýблика, Респýблика Сан-Доми́нго डोमिनिकन गणराज्य।
Еврóпа यूरोप।
Еги́пет मिस्र।
Золотóй Бéрег गोल्ड कोस्ट।
Иерусали́м यरूशलम।
Израи́ль इसराईल।
Инд सिन्धु (नदी)।
Инди́йский океáн हिन्द महासागर।
И́ндия भारत।
Индокитáй हिन्दचीन।
Индонéзия हिंदेशिया।
Иордáн जोर्दन।
Ирáк ईराक़।
Ирáн ईरान।
Ирлáндия आयरलैंड दे० Эйре.
Исла́ндия आइसलैंड।
Испáния स्पेन।
Итáлия इटली।
Йемéн यमन।
Кабýл काबुल।
Каи́р क़ाहिरा।
Калькýтта कलकत्ता।
Камбóджа कम्बोडिया।
Камерýн केमरून।
Канáда कनाडा।
Канбéрра कनबेरा।
Карáчи कराची।
Кароли́нские о-вá करोलिन द्वीपसमूह।
Катмандý काठमांडू।
Кашми́р काश्मीर।
Кéния कीनिया।
Кипр साइप्रस।
Китáй चीन।
Колóмбо कोलम्बो।
Колýмбия कोलम्बिया।
Комóрин мыс कुमारी अंतरीप, रास कुमारी।
Кóнго कांगो।
Копенгáген कोपनहागन।
Корéя कोरिया।
Кóрсика कॉर्सिका।
Кóста-Ри́ка कोस्टा रिका।
Крым क्रीमिया।
Кýба क्यूबा।
Лаккади́вские о-вá लक्कदीव द्वीपसमूह।
Лаóс लाओस।
Ленингрáд लेनिनग्राद।
Либéрия लाइबेरिया।
Ливáн लबनान।
Ли́вия लीबिया।
Ли́ма लीमा।
Лиссабóн लिज़बन।
Лóндон लन्दन।
Люксембýрг लक्समबर्ग।
Мадагáскар मदगास्कर।
Мадрáс मद्रास।
Мадри́д मेड्रिड।
Малáйя मलय।
Мáльта माल्टा।
Мани́ла मनीला।

Мариа́нские о-ва́ मेरिग्राना द्वीपसमूह ।
Маро́кко मराकश ।
Мартини́ка मार्टिनिक ।
Марша́льские о-ва́ मार्शल द्वीपसमूह ।
Ме́кка मक्का ।
Ме́ксика मेक्सिको ।
Минск मिंस्क ।
Мозамби́к मोज़ाम्बिक ।
Мона́ко मोनाको ।
Монго́лия मंगोलिया ।
Монтевиде́о मॉन्तेविदेग्रो ।
Москва́ मास्को ।
Непа́л नेपाल ।
Ни́гер नाइजर ।
Ниге́рия नाइजीरिया ।
Нидерла́нды (Голла́ндия) नीदरलैंड्स ।
Никарагуа́ निकारागुग्रा ।
Никоба́рские о-ва́ निकोबार द्वीपसमूह ।
Нилги́ри नीलगिरी ।
Но́вая Гвине́я न्यू गिनी ।
Но́вая Зела́ндия न्यूज़ीलैंड ।
Но́вые Гибри́ды न्यू हेब्रिडिज ।
Норве́гия नॉर्वे ।
Нью-Йо́рк न्यूयार्क ।
Нью-Фаундле́нд न्यूफ़ाउन्डलैंड ।
Оркне́йские о-ва́ ग्रॉर्कनी द्वीपसमूह ।
О́сло ग्रोस्लो ।
Отта́ва ग्रोटावा ।
Пакиста́н पाकिस्तान ।
Палести́на फ़िलस्तीन ।
Пана́ма पनामा ।
Панджа́б पंजाब ।
Парагва́й पाराग्वाई ।
Па́пуа पापुग्रा ।
Пари́ж पेरिस ।
Пеки́н पीकिंग ।
Пе́ру पेरू ।
По́льша पोलैंड ।
Португа́лия पुर्तगाल ।
Пра́га प्राग ।
Пхенья́н प्योंगयांग ।
Рангу́н रंगून ।
Ре́йкья́вик रेक्याविक ।
Респу́блика Сан-Доми́нго दे० Доминика́нская Респу́блика.
Ри́га रीगा ।
Рим रोम ।
Ри́о де-Жане́йро रियो द जनेरिग्रो ।
Росси́я रूस ।
Румы́ния रूमानिया ।
Саа́р सार ।
Сальвадо́р साल्वादोर ।
Само́а सामोग्रा ।
Сан-Сальвадо́р सां साल्वादोर ।
Сант-Я́го सन्तियागो ।
Сарди́ния सार्दीनिया ।
Сау́довская Ара́вия सऊदी ग्ररब ।
Саха́ра सहारा ।
Свято́й Еле́ны (о́стров) सेन्ट हेलेना ।
Севасто́поль सेवास्तोपोल ।
Се́верная Аме́рика उत्तरी ग्रमरीका ।
Сеу́л सिऊल ।
Сиби́рь साइबेरिया ।
Сикки́м सिक्किम ।
Сингапу́р सिंगापुर ।
Си́рия सीरिया ।
Сици́лия सिसिली ।
Соединённые Шта́ты Аме́рики संयुक्त राज्य ग्रमरीका ।
Соломо́новы о-ва́ सुलेमान द्वीपसमूह ।
Сомали́ सोमालीदेश ।
Софи́я सोफ़िया ।
Сою́з Сове́тских Социалисти́ческих Респу́блик (СССР) सोवियत समाजवादी गणराज्य संघ ।
Средизе́мное мо́ре भूमध्य सागर ।
Сталингра́д स्तालिनग्राद ।
Стамбу́л इस्तंबूल ।

Стокгóльм स्टॉकहोम ।
Судáн सूडान ।
Сумáтра सुमात्रा ।
Суэ́цкий канáл स्वेज़ नहर ।
Таилáнд थाईदेश ।
Тайвáнь ताइवान ।
Танжéр तानजिएर ।
Тасмáния ताज़मानिया ।
Ташкéнт ताशकंद ।
Тегерáн तेहरान ।
Тибéт तिब्बत ।
Тирáна तिराना ।
Ти́хий океáн प्रशान्त महासागर ।
Тóкио टोकियो ।
Триéст त्रीस्त ।
Три́поли त्रीपोली ।
Туни́с तूनिस ।
Ту́рция तुर्की ।
Угáнда उगान्दा ।
Украи́на यूक्रेन ।
Улáн-Бáтор उलान बातोर ।
Уругвáй उरुग्वाई ।
Фальклéндские о-вá फॉकलैंड द्वीपसमूह ।
Фи́джи о-вá फिजी द्वीपसमूह ।
Филиппи́нские о-вá फ़िलिपीन द्वीपसमूह ।
Финля́ндия फ़िनलैंड ।
Формóза फ़ारमोसा ।
Фрáнция फ़्रांस ।
Хáйберский перевáл दर्रा ख़ैबर ।
Ханóй हनोइ ।
Хéльсинки हेलसिंकी ।
Цейлóн श्रीलंका ।
Цéлебес सेलेबेज़ ।
Чёрное мóре कृष्ण सागर ।
Чехословáкия चेकोस्लोवाकिया ।
Чикáго शिकागो ।
Чи́ли चिली ।
Швейцáрия स्विट्ज़रलैंड ।
Швéция स्वीडन ।
Шетлáндские о-вá शेटलैंड द्वीपसमूह ।
Шотлáндия स्कॉटलैंड ।
Э́динбург एडिनबरा ।
Эквадóр एक्वादोर ।
Э́йре आयर ; दे० Ирлáндия.
Эфиóпия इथियोपिया ।
Югослáвия यूगोस्लाविया ।
Ю́жная Амéрика दक्षिण अमरीका ।
Ю́жно-Африкáнский Сою́з दक्षिण अफ़्रीका संघ ।
Я́ва जावा ।
Ямáйка जमैका ।
Япóния जापान ।

परिशिष्ट

रूसी भाषा का संक्षिप्त व्याकरण

गोतफ्रिद गेर्मान ने लिखा है "Duae res longe sunt difficillimae—lexicon scribere et grammaticam अर्थात् दो काम विशेष रूप से कठिन हैं—शब्दकोश-निर्माण और व्याकरण लिखना। रूसी शब्दकोश का संकलन और सम्पादन करने का जो प्रयास मैंने किया है वह पाठकों के सामने है। रूसी भाषा को समझने और शब्दों का समुचित रूप से प्रयोग करने के लिए इस भाषा के व्याकरण का साधारण ज्ञान आवश्यक है। इसलिए पाठकों के सामने रूसी भाषा के व्याकरण की स्थूल रूप-रेखा प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहा हूँ।

वीर राजेन्द्र ऋषि

रूसी वर्णमाला

क्रम संख्या	छपाई में अक्षर		उच्चारण	ध्वनि जैसे इन शब्दों में	अक्षरों के नाम
१.	А	а	आ	आदमी	आ
२.	Б	б	ब	बकरी	बे
३.	В	в	व	वकील	वे
४.	Г	г	ग	गमला	गे
५.	Д	д	द	दही	दे
६.	Е	е	ये	येन	ये
७.	Ё	ё	यो	योगी	यो
८.	Ж	ж	झ़	दे० पृष्ठ ६०१	झ़े (ज्हे)
९.	З	з	ज़	ज़मीन	ज़े
१०.	И	и	ई	ईख	ई
११.	Й	й	य	उपाय	इ-क्रातकोय
१२.	К	к	क	कमल	का
१३.	Л	л	ल	लड़का	एल
१४.	М	м	म	मछली	एम
१५.	Н	н	न	नदी	एन
१६.	О	о	ओ	ओस	ओ
१७.	П	п	प	पगड़ी	पे
१८.	Р	р	र	रूस	एर
१९.	С	с	स	सड़क	एस
२०.	Т	т	त	तलवार	ते (रूसी भाषा में 'ट' नहीं है)
२१.	У	у	उ	उल्लू	उ
२२.	Ф	ф	फ़	फ़कीर	एफ़
२३.	Х	х	ख	खरगोश	खा
२४.	Ц	ц	त्स	वत्स	त्से
२५.	Ч	ч	च	चन्द्रमा	चे
२६.	Ш	ш	श	शक्कर	शा
२७.	Щ	щ	श्च	पश्चात्ताप	श्चा
२८.	Ъ	ъ	मूक अक्षर	दे० पृष्ठ ६००	त्व्योर्दी ज़्नाक (कठोर चिह्न)
२९.	Ы	ы	उइ	दे० पृष्ठ ६००	—
३०.	Ь	ь	मूक अक्षर	दे० पृष्ठ ६००	म्याग़की ज़्नाक (कोमल चिह्न)
३१.	Э	э	ए	एक	ए
३२.	Ю	ю	यू	सरयू	यू
३३.	Я	я	या	यात्रा	या

नोट : १. अक्षर й और ы शब्दों के शुरू में बहुत कम आते हैं।

२. अक्षर ъ और ь शब्दों के शुरू में कभी नहीं आते।

ध्वनि

स्वर

रूसी स्वरों का उच्चारण इस प्रकार होता है :—

कठोर :

а — जैसे 'आदमी' और 'आकाश' में 'आ' का।
э — जैसे 'ऐनक' और 'ऐसा' में "ऐ" का।
о — जैसे 'बॉल' और पॉट' में 'ऑ' का (इसके उच्चारण में ओठ गोल करके बाहर को निकाले जाते हैं)। इसका उच्चारण बँगला भाषा के 'अ' अक्षर की भाँति किया जाता है। (दे० पृष्ठ ९०३ पर 'स्वराघात' का अन्तिम पैरा)।
ы — इस ध्वनि को हिन्दी में व्यक्त करना असम्भव है परन्तु यह कहा जा सकता है कि इस अक्षर की ध्वनि 'इमली' 'इस' आदि शब्दों में हिन्दी की ध्वनि 'इ' के ही निकट है। इस ध्वनि के उच्चारण के लिए जीभ का पृष्ठ भाग भी ऊपर उठता है।
у — जैसे 'उ' का, परन्तु 'उ' जितना ह्रस्व नहीं और 'ऊ' जितना दीर्घ नहीं। (इसके उच्चारण में ओठ गोल करके बाहर को निकाले जाते हैं)।
и — इसकी ध्वनि न तो 'इमली' की 'इ' जितनी ह्रस्व होती है और न 'ईख' की 'ई' जितनी दीर्घ।

अर्धस्वर :

й — वास्तव में यह अक्षर व्यंजन है परन्तु कुछ पाठ्य पुस्तकों में इसे अर्धस्वर भी कहा जाता है। इसकी ध्वनि तालस्ताय में 'य' की भाँति होती है।

कोमल :

я — 'यात्रा' में 'या' जैसा।
е — 'येन' में 'ये' जैसा।
ё — 'योगी' में 'यो' जैसा।
ю — 'सरयू' में 'यू' जैसा।

я, е, ё, ю अक्षरों का उच्चारण स्वरों के साथ й की ध्वनि 'य' के संयोजन के समान होता है : (йа, йэ, йо, йу)। यह संयोजन या तो शब्द के अन्त में होता है या अन्य स्वरों के बाद होता है, जैसे я пою में गाता/गाती हूँ। ये अक्षर व्यंजनों की कोमलता को इंगित करते हैं, जैसे небо (आकाश), люди (लोग)।

मूक अक्षर

रूसी वर्णमाला में दो अक्षरों ь (कोमल चिह्न) और ъ (कठोर चिह्न) का उच्चारण नहीं होता। ь (कोमल चिह्न) व्यंजनों की कोमलता व्यक्त करने के लिए प्रयोग में लाया जाता है। जैसे мать

(मात्य्) इसमें 'त' अक्षर कोमल हो गया है। इसी प्रकार ь केवल व्यंजन की कोमलता को इंगित करने के लिए ही नहीं बल्कि शब्द के मूल में विभाजक चिह्न के रूप में भी प्रयुक्त होता है, जैसे семья́ (परिवार)। अक्षर ъ मुख्यतः я, е, ё, ю अक्षरों से पहले लगाये गये उपसर्गों के बाद प्रयुक्त होता है, जैसे съезд.

अक्षर ь और ъ शब्दों के आरम्भ में कभी नहीं आते।

व्यंजन

б, п, в, ф, д, т, з, с, м, н, л, р, г, к, х उच्चारण की विधि के अनुसार इन सबको कठोर व्यंजन कहा जाता है। इनके उच्चारण बहुत साधारण हैं जो वर्णमाला में दे दिये गये हैं।

इन कठोर रूसी व्यंजनों में से हर एक के अनुरूप एक कोमल व्यंजन होता है। कोमल व्यंजन शब्द के अन्त में आ सकते हैं या किसी अन्य व्यंजन के पहले आ सकते हैं। ऐसी दशा में उनकी कोमलता अक्षर ь द्वारा इंगित की जाती है जिसे 'म्याग्की ज्नाक' अर्थात कोमल चिह्न कहते हैं, जैसे мать (मात्य्)। हिन्दी भाषा में कठोर और कोमल व्यंजनों के इस प्रकार के जोड़े नहीं होते। 'तास्' के 'त' और 'मात्य्' के कोमल 'त्' से इन दोनों में अन्तर का आभास हो सकता है।

ж का उच्चारण कुछ 'ज़्ह' जैसा होता है। हिन्दी में इस ध्वनि का कोई अक्षर नहीं। अंग्रेज़ी भाषा में *pleasure* और *measure* आदि शब्दों में इस ध्वनि का अनुमान लगाया जा सकता है। दक्षिण भारत की भाषा तामिल के अक्षर ழ और उर्दू भाषा के अक्षर ژ की ध्वनि इससे मिलती है।

ш का उच्चारण 'शब्द' में अक्षर 'श' जैसा होता है।

щ का उच्चारण शब्द 'पश्चात्ताप' में 'श्च' जैसा होता है।

ц का उच्चारण शब्द 'वत्स' में 'त्स' जैसा होता है।

ч का उच्चारण 'चन्द्रमा' में 'च' जैसा होता है।

घोष तथा अघोष व्यंजन

समस्त रूसी व्यंजन घोष तथा अघोष व्यंजनों में विभाजित हैं। घोष ध्वनियाँ कंठनली को कँपाने से होती हैं। अघोष व्यंजन प्रायः बिना किसी कंठस्वर के उच्चारित होते हैं।

अधिकांश रूसी घोष व्यंजनों के अनुरूप अपने-अपने अघोष व्यंजन होते हैं :

घोष	б	в	г	д	-	ж	-	-	з	-	л	м	н	р	й
अघोष	п	ф	к	т	х	ш	ч	щ	с	ц	-	-	-	-	-

घोष व्यंजनों л м н р й के अनुरूप कोई अघोष व्यंजन नहीं है और अघोष х, ч, щ, ц के अनुरूप कोई घोष व्यंजन नहीं हैं।

व्यंजनों का अघोषीकरण

शब्दों के अन्त में आनेवाले सभी रूसी व्यंजनों का उच्चारण क्षीण होता है। इसके फलस्वरूप अन्तिम घोष व्यंजनों (б, в, г, д, ж, з) की प्रवृत्ति अपने अनुरूप अघोष उच्चारण (п, ф, к, т, ш, с) धारण करने की होती है जैसे :—

б—п	хлеб	(रोटी)
в—ф	Ивано́в	(इवानोफ़-नाम)
г—к	друг	(मित्र)
д—т	сад	(बाग़)
ж—ш	нож	(चाकू)
з—с	моро́з	(तुषार)

अघोषीकरण इस बात के विचार के बिना हो सकता है कि अन्त में कोमल व्यंजन है या कठोर : "любо́вь" (प्रेम) इस शब्द में अन्तिम вь का उच्चारण фь जैसा होता है।

यदि कोई घोष व्यंजन किसी अघोष व्यंजन के पहले आता है तो अघोषीकरण शब्द के आरम्भ या बीच में भी हो सकता है। उदाहरण के लिए, "всю́ду" (सर्वत्र) यहाँ आद्यक्षर 'в' का उच्चारण ф की तरह होता है क्योंकि वह अघोष व्यंजन 'с' से पहले आया है।

शब्द 'ло́дка' (नाव) में व्यंजन 'д' का उच्चारण भी 'т' की तरह होता है (ло́тка) क्योंकि वह अघोष к के पहले आया है।

ध्वनि-परिवर्तन

शब्द-रचना और शब्द-परिवर्तन में कई एक ध्वनियों के मूल तथा बाद में आनेवाले उपसर्ग भी बदल जाते हैं। इनमें से कतिपय प्रमुख निम्नलिखित हैं :—

व्यंजन

к — ч : जैसे рука́—ру́чка, гро́мко—гро́мче.
г — ж : जैसे могу́—мо́жешь, сапо́ги—сапо́жник.
х — ш : जैसे поте́ха—по́тешный, у́хо—у́ши.

ц—ч : जैसे столи́ца—столи́чный.

т—ч : जैसे свети́ть—свечу́, ответи́ть—отвеча́ть.

д—ж : जैसे води́ть—вожу́, ле́бедь—лебя́жий.

с—ш : जैसे носи́ть—ношу́, посла́ть—пошлю́.

з—ж : जैसे вози́ть—вожу́, низо́к—ни́же.

ск—щ : जैसे иска́ть—ищу́, доска́—доще́чка.

ст—щ : जैसे свисте́ть—свищу́, густо́й—гу́ще.

б—бл : जैसे люби́ть—люблю́.

п—пл : जैसे купи́ть—куплю́.

в—вл : जैसे лови́ть—ловлю́.

м—мл : जैसे корми́ть—кормлю́.

ф—фл : जसे разграфи́ть—разграфлю́.

д और т—с (т से पूर्व) : जैसे веду́—вести́, плету́—плести́.

स्वर

е — о : जैसे везу́—во́зит, несу́—но́сит.

е — ё : जैसे теку́—тёк, несу́—нёс.

о — а : जैसे разбро́сить—разбра́сывать, заморо́зить—замора́живать.

е — и — ध्वनि का लोप : जैसे запере́ть—запира́ть—запру́, соберу́—собира́ть—собра́ть.

о — ы — у — ध्वनि का लोप जैसे : посо́л—посыла́ть—посла́ть, зов—созыва́ть—звать.

г, к, х, ж, ч, ш, щ के बाद ы, я, ю क्रमश: и, а, у में बदल जाते हैं।

к, п, т, ф, х, ц, ч, щ से पहले воз, из, низ, раз, без, че́рез में з का с हो जाता है।

चलायमान е और о

कुछ अवस्थाओं में 'е' और 'о' की ध्वनि लुप्त हो जाती है, जैसे :

сон—сна ; день—дня ;

молоде́ц—молодца́ ;

кусо́к—куска́ ; окно́—око́н ;

स्वराघात

रूसी शब्दों के उच्चारण में इस बात का बहुत महत्त्व होता है कि शब्द के किस अंश (सिलेबल) पर जोर दिया जाये अर्थात् आवाज़ के जोर से शब्द के किस अंश को उभारा जाये। रूसी भाषा में शब्द के किसी एक भाग पर ज़ोर बहुत स्पष्ट होता है। यह शब्द के उस अंश के अन्तिम स्वर पर (') चिह्न लगाकर इंगित किया जाता है जिस पर ज़ोर दिया जाना होता है। कुछ शब्दों में ज़ोर पहले अंश पर दिया जाता है (ро́за, ла́мпа) और कुछ शब्दों में आखिरी अंश पर ज़ोर दिया जाता है (страна́, футбо́л) या शब्द के बीच वाले अंश पर (рабо́та)।

शब्दकोष और पाठ्य पुस्तकों में बहुधा प्रत्येक शब्द में स्वराघात (ज़ोर देने का स्थान) इंगित किया जाता है। एक अंश (सिलेबल) वाले शब्दों में बहुधा यह इंगित नहीं किया जाता कि जोर शब्द के किस स्थान पर दिया जाये।

शब्द के अलग-अलग अंश पर ज़ोर देने से शब्द का अर्थ बदल सकता है। जैसे за́мок (महल) और замо́к (ताला); сбежа́ть (नीचे को भागना), сбе́гать (भाग कर कहीं पहुँचना और वापिस लौट आना)।

शब्दांशों की ये श्रेणियाँ होती हैं: जिन पर ज़ोर न दिया जाये, ज़ोर दिये गये अंश से पहलेवाला अंश और ज़ोर दिये गये अंश से बाद का अंश। इस प्रकार शब्द бума́га (कागज़) में पहला अंश ज़ोर दिये गये अंश से पहले आता है, दूसरे अंश पर जोर दिया जाता है और तीसरा अंश ज़ोर दिये गये अंश के बाद आता है।

जिन स्वरों पर ज़ोर नहीं दिया जाता वे भी ज़ोर दिये गये स्वरों की अपेक्षा कमज़ोर होते हैं क्योंकि उनके उच्चारण में कम समय लगता है। उनमें से कुछ का गुण भी बदल जाता है। स्वर о की ओर विशेष ध्यान देना चाहिए; इस स्वर पर जब ज़ोर नहीं दिया जाता तब इसका गुण बदल जाता है। उदाहरण के तौर पर यदि अक्षर о शब्द के ज़ोर दिये गये अंश से पहलेवाले अंश में आये तो उसका उच्चारण हल्के 'आ' की तरह होता है जैसे она́, окно́, Москва́, вода́।

संज्ञा

लिंग

संस्कृत की भाँति रूसी भाषा में भी तीन लिंग होते हैं: पुंलिंग, स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग।

(१) **पुंलिंग संज्ञाओं की पहचान:**

इनके अन्त में

(क) व्यंजन होता है, जैसे стол (मेज़), бог (ईश्वर) इत्यादि;

(ख) ь (कोमल चिह्न) होता है, जैसे ого́нь (अग्नि), конь (घोड़ा) आदि;

(ग) й होता है, जैसे бой (युद्ध), чай (चाय) आदि।

(२) स्त्रीलिंग संज्ञाओं की पहचान :

इनके अन्त में

(क) a होता है, जैसे газéта (समाचार-पत्र), кóмната (कमरा) आदि। अपवाद : ю́ноша (युवक), слугá (नौकर) : ये पुंलिंग हैं।

(ख) я होता है, जैसे землЯ́ (भूमि), пулЯ́ (गोली) आदि। अपवाद : дЯ́дя (चाचा), судьЯ́ (मध्यस्थ) : ये पुंलिंग हैं।

(ग) ь होता है, जैसे дверь (द्वार), соль (नमक) आदि।

(३) नपुंसकलिंग संज्ञाओं की पहचान :

इनके अन्त में

(क) o होता है, जैसे окнó (खिड़की), нéбо (आकाश) ;

(ख) e होता है जैसे полé (खेत), имéние (सम्पत्ति) ;

(ग) мя अथवा я होता है जैसे врéмя (समय), дитЯ́ (बच्चा)।

वचन

रूसी भाषा में दो वचन हैं, एकवचन और बहुवचन।

संज्ञा के सामान्य रूप का बहुवचन बनाने की विधि :

लिंग		एकव		बहुवचन	
		अन्तिम अक्षर	उदाहरण	अन्तिम अक्षर	उदाहरण
(क)	पुंलिंग	(i) व्यंजन	стол	ы	столы́
		(ii) ь	гость	и	гóсти
		(iii) й	бой	и	бои́
(ख)	स्त्रीलिंग	(i) a	кóмната	ы	кóмнаты
		(ii) я	землЯ́	и	зéмли
		(iii) ь	степь	и	стéпи
(ग)	नपुंसकलिंग	(i) o	окнó	a	óкна
		(ii) e	пóле	я	полЯ́

नोट : अक्षर г, ж, к, х, ч, ш, щ के पश्चात् ы कभी नहीं आता, इनके पश्चात् सदा и आता है।

(क) (i) के कुछ अपवाद :

(१) व्यंजन में अन्त होनेवाली बहुत से ऐसी पुलिंग संज्ञाएँ हैं जिनका बहुवचन में 'ы' अथवा 'и' में अन्त न होकर 'á' में होता है जैसे :

एकवचन	बहुवचन
рукáв (आस्तीन)	рукавá

एकवचन	बहुवचन
бéрег (तट)	берегá
глаз (नेत्र)	глазá
рог (सींग)	рогá
горóд (नगर)	городá
лес (वन)	лесá
гóлос (आवाज़)	голосá
дом (घर)	домá
дóктор (डाक्टर)	докторá

(२) कुछ ऐसी पुंलिंग संज्ञाएँ हैं जिनके बहुवचन रूप बनाने के लिए उनके अन्त में ья जोड़ दिया जाता है, जैसे

एकवचन	बहुवचन
брат (भ्राता)	брáтья
муж (पति)	мужья́
зять (जामाता, जीजा)	зятья́

(३) сын का बहुवचन сыновья́ है ।

(४) сосéд का बहुवचन сосéди है ।

(५) 'ин' में अन्त होनेवाली संज्ञाओं का बहुवचन रूप बनाने के लिए 'ин' का लोप करके अन्त में е और कभी-कभी ы जोड़ दिया जाता है, जैसे :

гражданúн (नागरिक) से грáждане
татáрин (तातार) से татáры (татáрс)

(६) друг का बहुवचन друзья́ है ।

(ख) (iii) का अपवाद :

एकवचन	बहुवचन
дочь (बेटी)	дóчери
мать (माता)	мáтери

(ग) (i) का अपवाद :

एकवचन	बहुवचन
óко (नेत्र)	óчи
ýхо (कान)	ýши
колéно (१. जाति)	колéна
(२. घुटना)	колéни
(३. जोड़)	колéнья
дéрево (पेड़)	дерéвья
перó (कलम)	пéрья

एकवचन	बहुवचन
крылó (पंख)	кры́лья
нéбо (आकाश)	небесá
чýдо (अजूबा)	чудесá

мя और я में अन्त होनेवाली नपुंसकलिंग संज्ञाओं का बहुवचन अनियमित होता है, जैसे :

एकवचन	बहुवचन
врéмя (समय)	временá
дитя́ (बच्चा)	дéти

कुछ संज्ञाएँ जो केवल एक वचन में ही प्रयुक्त होती हैं :

картóфель (पुं०) (आलू)
капýста (स्त्री०) (बन्द गोभी)
морко́вь (स्त्री०) (गाजर)
рéпа (स्त्री०) (शलजम)
зóлото (नपुं०) (सोना)
серебрó (नपुं०) (चाँदी)
желéзо (नपुं०) (लोहा)
молокó (नपुं०) (दूध)
мáсло (नपुं०) (तेल)
соль (स्त्री० (नमक)
пéрец (पुं०) (काली मिर्च)
рожь (स्त्री०) (राई)
пшени́ца (स्त्री०) (गेहूँ)
ячмéнь (पुं०) (जौ)
горóх (पुं०) (मटर)

कुछ संज्ञाएँ जो केवल बहुवचन में ही प्रयुक्त होती हैं :

पुंलिंग

близнец-ы́ (óв) (जुड़वें)
вес-ы́ (óв) (बट्टे)
дух-и́ (óв) (इत्र)
коньк-и́ (óв) (स्केट)
носк-и́ (óв) (जुराबें)
обó-и (ев) (दीवार पर चिपकाने का कागज)
час-ы́ (óв) (घड़ी)
штан-ы́ (óв) (पतलून)
щипц-ы́ (óв) (सँड़ासी)

स्त्रीलिंग

брю́ки (брюк) (पतलून)
де́ньги (де́нег) (धन)
имени́ны (имени́н) (नाम-दिवस)
кани́кулы (кани́кул) (छुट्टियाँ)
но́жницы (но́жниц) (क़ैंची)
сли́вки (сли́вок) (मलाई)
су́тки (су́ток) (दिन-रात)
इत्यादि, इत्यादि

नपुंसकलिंग

воро́та (воро́т) (दरवाजा)
дрова́ (дров) (जलाने की लकड़ी)
пери́ла (пери́л) (जंगला)
черни́ла (черни́л) (स्याही)
очки́ (очко́в) (ऐनक)

उभयलिंग

бродя́га (आवारा)
бедня́га (बेचारा/बेचारी, ग़रीब)
заи́ка (हकला/हकली)
левша́ (बायें हाथ से काम करनेवाला/वाली)
обжо́ра (पेटू)
сирота́ (अनाथ)
इत्यादि, इत्यादि
इनके रूप स्त्रीलिंग संज्ञाओं की भाँति होते हैं

कारक

रूसी भाषा में संज्ञाओं का रूप वाक्य में उनके व्यापार के अनुसार बदलता है। इस रूप को कारक कहते हैं।

रूसी भाषा में छह कारक हैं। कारकों के अनुसार संज्ञा में आनेवाले परिवर्तन को संज्ञा का रूप कहते हैं।

कारकों के नाम निम्न प्रकार हैं :

(१) Имени́тельный паде́ж कर्त्ता कारक
(२) Роди́тельный " सम्बन्ध "

(३) Да́тельный падéж सम्प्रदान कारक
(४) Вини́тельный ,, कर्म ,,
(५) Твори́тельный ,, करण ,,
(६) Предло́жный ,, अधिकरण ,,

प्रत्येक कारक एक निश्चित जिज्ञासा या प्रश्न का उत्तर देता है। विभिन्न कारकों के साथ मेल खानेवाले मुख्य प्रश्न निम्नलिखित हैं :

(१)	कर्ता	Кто ?	Что ?	कौन ? किसने ?
(२)	सम्बन्ध	Кого́ ?	Чего́	किसका ? किस वस्तु का ?
		Чей ?		,,
(३)	सम्प्रदान	Кому́ ?	Чему́ ?	किसे ? किसको ?
(४)	कर्म	Кого́ ?	Что ?	किसे ? क्या (वस्तु) ?
(५)	करण	Кем ?	Чем ?	किसके द्वारा ? किस चीज से ?
(६)	अधिकरण	О ком ?	О чём ?	किस व्यक्ति/वस्तु के बारे में ?
		В ком ?	В чём ?	किस व्यक्ति में ? किस चीज़ में ?

संज्ञाओं के कारक-रूप बनाने की विधि

पुंलिंग संज्ञाएँ

व्यंजन में अन्त होनेवाली संज्ञाओं के कारक-रूप (हाइफ़न चिह्न के पश्चात कारक-रूपों के अवसान हैं)।

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	стол	стол-ы́
सम्बन्ध	стол-а́	стол-о́в
सम्प्रदान	стол-у́	стол-а́м
कर्म	стол	стол-ы́
करण	стол-о́м	стол-а́ми
अधिकरण	стол-е́	стол-а́х

ь (कोमल चिह्न) में अन्त होनेवाली पुंलिंग संज्ञाओं के कारक-रूप।

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	кон-ь	ко́н-и
सम्बन्ध	кон-я́	кон-е́й
सम्प्रदान	кон-ю́	кон-я́м
कर्म	кон-я́	кон-е́й
करण	кон-ём	кон-я́ми
अधिकरण	кон-е́	кон-я́х

й में अन्त होनेवाली पुंलिंग संज्ञाओं के कारक-रूप :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	сара́-й	сара́-и
सम्बन्ध	сара́-я	сара́-ев
सम्प्रदान	сара́-ю	сара́-ям
कर्म	сара́-й	сара́-и
करण	сара́-ем	сара́-ями
अधिकरण	сара́-е	сара́-ях

नोट : १. जड़ संज्ञाओं के कर्मकारक-रूप (एकवचन और बहुवचन) कर्ताकारक-रूप जैसे ही होते हैं, जैसे :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	стол	столы́
कर्म	стол	столы́

नोट : २. चेतन संज्ञाओं के कर्मकारक-रूप उसके सम्बन्धकारक-रूप जैसे होते हैं, जैसे :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	конь	ко́н-и
कर्म	кон-я́	кон-е́й

परन्तु नकारात्मक-रूप में जड़ संज्ञा का कर्मकारक-रूप भी उसके सम्बन्धकारक-रूप जैसा होता है जैसे :

я не купи́л стол-а́
(मैंने मेज नहीं खरीदी)

नोट : ३. अधिकरणकारक से पहले हमेशा о (या об) (-के बारे में), в (में) आदि शब्द जोड़ दिये जाते हैं, जैसे :

мы говори́ли об уро́ке
(हमने पाठ के बारे में बात की)

бума́га лежи́т в карма́не
(कागज जेब में पड़ा है)

नोट : ४. कारकों के अन्य रूपों से पहले भी ऐसे शब्द जोड़े जाते हैं और नहीं भी। करणकारक से पहले "के साथ" के अर्थ मे 'с' का प्रयोग किया जाता है, जैसे :

я говори́л с бра́том
(मैंने भाई से बात की)

вот стака́н с водо́й
(यह रहा पानी का गिलास)

'कुछ मात्रा' इंगित करने के लिए कई एक पुंलिंग संज्ञाओं का सम्बन्धकारक (एकवचन) у अथवा ю लगाकर बनाया जाता है।

कुछ (मात्रा में) चाय	ча́ю	(ча́я के स्थान पर)
कुछ (मात्रा में) खांड	са́хару	(са́хара ,,)
कुछ (मात्रा में) तम्बाकू	табаку́	(табака́ ,,)
कुछ (मात्रा में) बादाम	миндалю́	(миндаля́ ,,)

निम्नलिखित अभिव्यक्तियों में भी पुंलिंग संज्ञाओं के सम्बन्धकारक (एकवचन) में у लगता है।

мно́го наро́ду (बहुत लोग)
без то́лку (व्यर्थ)
с ве́рху (ऊपर से)
с ни́зу (नीचे से)
(сни́зу, све́рху क्रिया-विशेषण इसी प्रकार से बने हैं)

निम्नलिखित अभिव्यक्तियों में अधिकरणकारक-रूप में उनके पूर्व в और на होने पर 'е' के स्थान पर у́ अथवा ю́ लगता है।

в	лесу́	(जंगल में)
в	году́	(वर्ष में)
в	саду́	(बाग़ में)
в	снегу́	(बर्फ़ में)
в	бою́	(युद्ध में)
в	раю́	(स्वर्ग में)
на	полу́	(फर्श पर)
на	льду́	(बर्फ़ पर)
на	берегу́	(तट पर)

परन्तु 'о' के साथ अधिकरणकारक का अवसान е ही रहता है।

о	ле́се	(जंगल के बारे में)
о	го́де	(वर्ष के बारे में)

कुछ पुंलिंग संज्ञाओं के बहुवचन कारक-रूप -ья लगाकर निम्नप्रकार से बनाये जाते हैं :

बहुवचन	कर्त्ता	бра́т-ья	каме́н-ья	сту́л-ья	у́гол-ья	ли́ст-ья
	सम्बन्ध	бра́т-ьев	каме́н-ьев	сту́л-ьев	у́гол-ьев	ли́ст-ьев
	सम्प्रदान	бра́т-ям	каме́н-ьям	сту́л-ьям	у́гол-ьям	ли́ст-ьям
	कर्म	सम्बन्ध कारक के रूप की ही भाँति				
	करण	бра́т-ьями	каме́н-ьями	сту́л-ьями	у́гол-ьями	ли́ст-ьями
	अधिकरण	бра́т-ьях	каме́н-ьях	сту́л-ьях	у́гол-ьях	ли́ст-ьях

बहुवचन सम्बन्धकारक के रूप के अलावा друг, князь, муж, зять के दूसरे कारकों के बहुवचन रूप भी ऊपर की भाँति बनते हैं। इनके बहुवचन सम्बन्धकारक के रूप निम्न प्रकार हैं :

कर्ता (बहुवचन)	सम्बन्ध (बहुवचन)
друз-ья́	друз-е́й
княз-ья́	княз-е́й
муж-ья́	муж-е́й
зят-ья́	зят-е́й

сосе́д (पड़ौसी), और чорт (чёрт) (शैतान) के कारक-रूप एकवचन में तो कठोर व्यंजनों में अन्त होनेवाली संज्ञाओं की भाँति, परन्तु बहुवचन में कोमल व्यंजनों में अन्त होनेवाली संज्ञाओं की भाँति होते हैं, जैसे :

बहुवचन	कर्ता	сосе́д-и	че́рт-и
	सम्बन्ध	сосе́д-ей	черт-е́й
	सम्प्रदान	сосе́д-ям	черт-я́м
	कर्म	сосе́д-ей	черт-е́й
	करण	сосе́д-ями	черт-я́ми
	अधिकरण	сосе́д-ях	черт-я́х

-ин में अन्त होनेवाली जातिसूचक संज्ञाओं में बहुवचन कारकों के सब रूपों में -ин का लोप हो जाता है और कर्ता बहुवचन में 'е' और 'а' जोड़ दिया जाता है, जैसे :

	बहुवचन	
	कर्ता	सम्बन्ध
англича́н-ин	англича́н-е	англича́н
господ-и́н	господ-а́	госпо́д

स्त्रीलिंग संज्ञाएँ

'а' में अन्त होने वाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं के रूप :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	же́нщин-а	же́нщин-ы
सम्बन्ध	же́нщин-ы	же́нщин
सम्प्रदान	же́нщин-е	же́нщин-ам
कर्म	же́нщин-у	же́нщин
करण	же́нщин-ой	же́нщин-ами
अधिकरण	же́нщин-е	же́нщин-ах

नोट : १. करणकारक में ж, ч, ш, щ, और ц के बाद शब्द के अन्त में 'ой' की बजाय 'ей' आता है और इस पर जोर नहीं दिया जाता जैसे— у́лица से у́лицей, туча́ से ту́чей.

नोट : २. कभी-कभी करणकारक में, विशेष रूप से कविता में, 'ой' और 'ей' की बजाय 'ою', 'ею' प्रयुक्त होता है।

नोट : ३. उन पुंलिंग संज्ञाओं के कारक भी जिनके अन्त में 'а' आता है (जैसे мужчи́на) स्त्रीलिंग संज्ञा (же́нщина) के कारक-रूपों जैसे ही होते हैं।

नोट : ४. जैसा कि पहले वताया जा चुका है 'в' का प्रयोग अधिकरणकारक में विषयवस्तु की स्थिति को इंगित करने के लिए किया जाता है। (в столе́, в до́ме, в ко́мнате)। शब्द से पहले 'в' का प्रयोग कर्मकारक के साथ भी किया जाता है, जब वह क्रिया की दिशा या गति को इंगित करता है और प्रश्न куда́? (कहाँ को?) का उत्तर देता है; जैसे в шко́ле (где?) (अधिकरण) स्कूल में?; в шко́лу (куда́?) (कर्म) स्कूल को।

'я' में अन्त होने वाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं के रूप :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	ня́н-я	ня́н-и
सम्बन्ध	ня́н-и	ня́н-ь
सम्प्रदान	ня́н-е	ня́н-ям
कर्म	ня́н-ю	нян-ь
करण	ня́н-ей	ня́н-ями
अधिकरण	ня́н-е	ня́нях

नोट : इस प्रकार की बहुवचन संज्ञाओं के सम्बन्धकारक में कोई कारक-चिह्न नहीं होता (उनके अन्त में 'ь' आता है जो कारक-चिह्न नहीं है)। यदि मूल शब्द के अन्तिम दो अक्षर व्यंजन हों तो बीच में अक्षर 'е' डाल दिया जाता है, जैसे зе́мли— земе́ль, дере́вни— дереве́нь.

'ь' में अन्त होनेवाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं के कारक-रूप निम्नलिखित होते है :

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	при́стан-ь	при́стан-и
सम्बन्ध	при́стан-и	при́стан-ей
सम्प्रदान	при́стан-и	при́стан-ям
कर्म	при́стан-ь	при́стан-и
करण	при́стан-ью	при́стан-ями
अधिकरण	при́стан-и	при́стан-ях

दो स्त्रीलिंग संज्ञाओं мать (माता) और дочь (बेटी) के कारक-रूप अनियमित होते हैं और निम्न-प्रकार से बनाये जाते हैं :

	एकवचन		बहुवचन	
कर्ता	доч-ь	мат-ь	до́ч-ери	ма́т-ери
सम्बन्ध	до́ч-ери	ма́т-ери	доч-ере́й	мат-ере́й
सम्प्रदान	до́ч-ери	ма́т-ери	доч-еря́м	мат-еря́м

	एकवचन		बहुवचन	
कर्म	доч-ь	мат-ь	доч-ерéй	мат-ерéй
करण	дóч-ерью	мáт-ерью	доч-ерьми́ (доч-ерями)	мáт-ерьми (мат-ерями)
अधिकरण	дóч-ери	мáт-ери	доч-ерях	мат-ерях

नपुंसकलिंग संज्ञाएँ

'о' में अन्त होनेवाली संज्ञाओं के रूप निम्न प्रकार से बनाये जाते हैं ;

	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	дéло	дел-á
सम्बन्ध	дéл-а	дел
सम्प्रदान	дéл-у	дел-áм
कर्म	дéл-о	дел-á
करण	дéл-ом	дел-áми
अधिकरण	дéл-е	дел-áх

नोट :—यदि बहुवचन सम्बन्धकारक में 'о' से पहले दो व्यंजन आ जायें तो उच्चारण की सुविधा की दृष्टि से उनमें 'о' अथवा 'е' जोड़ दिया जाता है, जैसे :

कर्ता एकवचन	सम्बन्ध बहुवचन
зло (पाप)	зол
дно (तल)	дон
кольцó (अँगूठी)	колéц
окнó (खिड़की)	óкон
крéсло (आरामकुर्सी)	крéсел
стеклó (शीशा)	стёкол
ведрó (बाल्टी)	вёдер
письмó (पत्र)	пи́сем

'е' अथवा 'ё' में अन्त होनेवाली नपुंसक संज्ञाओं के रूप निम्न प्रकार से बनाये जाते हैं :

	एकवचन		बहुवचन	
कर्ता	пóл-е	ружь-ё	пол-я́	рýжь-я
सम्बन्ध	пóл-я	ружь-я́	пол-éй	рýжe-й
सम्प्रदान	пóл-ю	ружь-ю́	пол-я́м	рýжь-ям
कर्म	пóл-е	ружь-ё	пол-я́	рýжь-я
करण	пóл-ем	ружь-ём	пол-я́ми	рýжь-ями
अधिकरण	пóл-е	ружь-é	пол-я́х	рýжь-ях

नोट : १. 'ие' में अन्त होनेवाली भाववाचक नपुंसकलिंग संज्ञाओं के अधिकरणकारक-रूप एकवचन में 'ие' के स्थान पर -ии और सम्बन्धकारक बहुवचन में -ий जोड़ दिया जाता है, जैसे :

	अधिकरण एकवचन	सम्बन्ध बहुवचन
имéн-ие (जागीर)	имéн-ии	имéн-ий
желáн-ие (इच्छा)	желáн-ии	желáн-ий

नोट : २ 'ье' में अन्त होनेवाली संज्ञाओं के साथ सम्बन्धकारक बहुवचन में 'ье' के स्थान पर -ьев जोड़ दिया जाता है, जैसे :

	सम्बन्धकारक (बहुवचन)
плáт-ье (कपड़े)	плáт-ьев

нéбо (आकाश) और чýдо (अजूबा) के बहुवचन कारक-रूप 'ес' लगाकर बनाये जाते हैं, जैसे :

	एकवचन		बहुवचन	
कर्ता	нéб-о	чýд-о	неб-есá	чуд-есá
सम्बन्ध	нéб-а	чýд-а	неб-éс	чуд-éс
सम्प्रदान	нéб-у	чýд-у	неб-есáм	чуд-есáм
कर्म	нéб-о	чýд-о	неб-есá	чуд-есá
करण	нéб-ом	чýд-ом	неб-есáми	чуд-есáми
अधिकरण	нéб-е	чýд-е	неб-есáх	чуд-есáх

'мя' में अन्त होनेवाली नपुंसकलिंग संज्ञाओं और дитя́ के कारक-रूप अनियमित होते हैं, जैसे :

	एकवचन	बहुवचन	एकवचन	बहुवचन
कर्ता	дитя́	дéт-и	врéм-я	врем-енá
सम्बन्ध	дитя́-ти	дет-éй	врéм-ени	врем-ён
सम्प्रदान	дитя́-ти	дéт-ям	врéм-ени	врем-енáм
कर्म	дитя́	дет-éй	врéм-я	врем-енá
करण	дитя́-тею (дитёй)	дет-ьми́ (дéт-ями)	врéм-енем	врем-енáми
अधिकरण	дитя́-ти	дéт-ях	врéм-ени	врем-енáх

брéмя (बोझ) (केवल एकवचन में ही प्रयुक्त), плéмя (जाति), сéмя (बीज), стрéмя (एड़), знáмя (पताका), плáмя (ज्वाला) (केवल एकवचन में ही प्रयुक्त), и́мя (नाम), вы́мя (थन) आदि के कारक-रूप भी врéмя की भाँति ही बनाये जाते हैं।

अल्पवाचक या ऊनवाचक शब्द

लगभग सारी रूसी संज्ञाओं और कई विशेषणों का अल्पवाचक रूप होता है। अल्पवाचक शब्द निम्न अर्थों को व्यक्त करते हैं :

(१) केवल अल्पवाचक अर्थ, जैसे дом (घर) से дóмик (छोटा घर),
(२) 'प्रिय' होने का अर्थ, जैसे гóлос (आवाज़) से голосóчек (नन्हीं प्यारी आवाज़),
(३) घृणा सूचित करने के लिए, जैसे голосíшко भद्दी आवाज़।

अल्पवाचक शब्द बनाने की विधि :

(१) केवल अल्पवाचक अर्थ सूचित करने के लिए :

पुंलिंग संज्ञाओं के बाद -ик, -ок, -ек, -ец जोड़कर, जैसे

дом (घर) дóмик (छोटा घर)
гóлос (आवाज़) голосóк (छोटी आवाज़)
огóнь (अग्नि) огонёк (छोटी आग)
хлеб (रोटी) хлéбец (छोटी रोटी)

नपुंसकलिंग संज्ञाओं के पश्चात् -ко, -цо जोड़कर, जैसे

окнó (खिड़की) окóшко (छोटी खिड़की)
письмó (पत्र) письмецó (छोटा पत्र)

स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बाद -ка जोड़कर, जैसे

ногá (टाँग) нóжка (छोटी टाँग)
книга (पुस्तक) книжка (छोटी पुस्तक)

(२) 'प्रिय' होने का अर्थ सूचित करने के लिए :

पुंलिंग संज्ञाओं के बाद -ичек, -очек जोड़कर, जैसे

нож (चाक़ू) нóжичек (नन्हां प्यारा चाक़ू)
гóлос (आवाज़) голосóчек (नन्हीं प्यारी आवाज़)

स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बाद -ичка, -очка, -ечка, -енька, -ушка, -юшка जोड़कर, जैसे

сестрá (बहन) сестрúчка (नन्हीं प्यारी बहन)
мáма (माँ) мáменька (प्यारी अम्मा)
тётя (चाची) тётушка (प्यारी चाची)
лóжка (चमचा) лóжечка (छोटा-सा चमचा)
дед (दादा) дéдушка (प्यारा दादा)
дядя (चाचा) дядюшка (प्यारा चाचा)

नपुंसकलिंग संज्ञाओं के बाद -ечко, -ышко जोड़कर, जैसे

кольцó (अँगूठी) колéчко (नन्हीं अँगूठी)
перó (पंख) пёрышко (नन्हां पंख)

(३) घृणा सूचित करने के लिए :

पुंलिंग संज्ञाओं के बाद -ишка, -ишко जोड़कर, जैसे

мальчúшка (छोटा) (शरारती लड़का)
городúшко (छोटा) (मामूली शहर)

स्त्रीलिंग संज्ञाओं के बाद -ёнка, -онка जोड़कर, जैसे

корóва (गाय) коровёнка (भद्दी गाय)
лáвка (दुकान) лавчóнка (भद्दी दुकान)

नपुंसकलिंग संज्ञाओं के बाद -ишко जोड़कर, जैसे

дéло (काम)   делúшко (मामूली काम)

(४) अल्पवाचक विशेषणों के अवसान -овáтый, -евáтый, -онький, -енький हैं, जैसे

бéлый (सफ़ेद)	беловáтый (सफ़ेद सा)
	бéленький (सफ़ेद छोटा...)
сúний (नीला)	синевáтый (नीला-सा)
	сúненький (नीला छोटा...)
мя́гкий (नर्म)	мягковáтый (नर्म-सा)
	мя́конький (नर्म छोटा...)।

विशेषण

रूसी विशेषण लिंग और वचन के अनुसार बदलते हैं। उनका लिंग और वचन उन संज्ञाओं के अनुकूल होता है जिनके साथ वे प्रयुक्त किये जाते हैं :

дóбрый отéц	(भला बाप)
дóбрая мать	(भली माँ)
дóброе дитя́	(भला बच्चा)
дóбрые лю́ди	(भले लोग)
сúний карандáш	(नीली पेंन्सिल)
сúняя лéнта	(नीला फ़ीता)
сúнее нéбо	(नीला आकाश)
сúние цветы́	(नीले फूल)
большóй дом	(बड़ा घर)
большáя кóмната	(बड़ा कमरा)
большóе окнó	(बड़ी खिड़की)
большúе завóды	(बड़े कारखाने)

विशेषण दो प्रकार के होते हैं : कठोर और कोमल। ऊपर के उदाहरणों से स्पष्ट है कि विशेषणों के निम्नलिखित अवसान हैं :—

	कठोर			कोमल		
	पुं०	स्त्री०	नपुं०	पुं०	स्त्री०	नपुं०
एकवचन	—ый	—ая	—ое	—ий	—яя	—ее
	—ой	—ая	—ое			
बहुवचन		—ые			—ие	

विशेषणों के संक्षिप्त रूप

विशेषणों के संक्षिप्त रूपों का उनके पूरे रूप से भेद किया जाता है। पुंलिंग में उनके अवसान का लोप हो जाता है, स्त्रीलिंग में अवसान 'a' होता है, नपुंसकलिंग में 'o' और बहुवचन में 'ы' होता है।

	पूरे रूप	संक्षिप्त रूप
पुं०	молодóй	мóлод
स्त्री०	молодáя	молодá
नपुं०	молодóе	мóлодо
बहु०	молодые	мóлоды

विशेषण के पूरे रूप के अवसान से पहले अगर दो व्यंजन हों तो संक्षिप्त रूप पुंलिंग में व्यंजनों के बीच एक स्वर का समावेश किया जाता है जो प्राय: 'e' (और कभी-कभी 'ё' या 'o') होता है, जैसे

	पूरे रूप	संक्षिप्त रूप
पुं०	я́сный	я́сен
स्त्री०	я́сная	ясна́
नपुं०	я́сное	я́сно
बहु०	я́сные	я́сны

नोट : १. विशेषणों का संक्षिप्त रूप बहुधा संज्ञा के बाद आता है। अस्तु, उसका स्थान चाहे कुछ भी हो पर वाक्य में वह हमेशा विधेय के रूप में ही आता है, जैसे :

не́бо я́сно आकाश निर्मल है
я́сно не́бо निर्मल है आकाश

नोट : २. 'o' में अवसित होनेवाले विशेषण (या क्रिया-विशेषण) के संक्षिप्त रूप द्वारा कर्तृ-निरपेक्ष वाक्य का निर्देश किया जा सकता है :

хорошó यह अच्छा है।
емý хорошó उसके लिए अच्छा है।

विशेषणों के कारक-रूप

विशेषणों के कारक-रूप निम्न प्रकार से बनाये जाते हैं।

कठोर	एकवचन			बहुवचन
	पुं०	स्त्री०	नपुं०	सभी लिंगों में।
कर्ता	бе́л-ый	бе́л-ая	бе́л-ое	бе́л-ые
सम्बन्ध	бе́л-ого	бе́л-ой	бе́л-ого	бе́л-ых
सम्प्रदान	бе́л-ому	бе́л-ой	бе́л-ому	бе́л-ым
कर्म	бе́л-ый (जड़) бе́л-ого (चेतन)	бе́л-ую	бе́л-ое	бе́л-ые (जड़) бе́л-ых (चेतन)

	एकवचन			बहुवचन
	पुं॰	स्त्री०	नपुं॰	सभी लिंगों में।
करण	бéл-ым	бéл-ою бéл-ой	бéл-ым	бéл-ыми
अधिकरण	бéл-ом	бéл-ой	бéл-ом	бéл-ых
कोमल				
कर्ता	сúн-ий	сúн-яя	сúн-ее	сúн-ие
सम्बन्ध	сúн-его	сúн-ей	сúн-его	сúн-их
सम्प्रदान	сúн-ему	сúн-ей	сúн-ему	сúн-им
कर्म	сúн-ий (जड़) сúн-его (चेतन)	сúн-ей	сúн-ее	сúн-ие (जड़) сúн-их (चेतन)
करण	сúн-им	сúн-ею сúн-ей	сúн-им	сúн-ими
अधिकरण	сúп-ем	сúн-ей	сúн-ем	сúн-их

विशेषणों के तर-प्रत्ययान्त और तम-प्रत्ययान्त रूप

सहायक शब्द द्वारा

विशेषणों के तर-प्रत्ययान्त रूप бóлее या мéнее शब्दों की सहायता से बनाये जाते हैं, जैसे бóлее красúвый (सुन्दरतर, अधिक सुन्दर), мéнее ширóкий (कम चौड़ा, इतना चौड़ा नहीं जितना...)। इसमें विशेषण के कारक-रूप तो संज्ञा के कारक-रूप के अनुसार बदलते रहते हैं, परन्तु бóлее या мéнее शब्दों पर कोई प्रभाव नही पड़ता, जैसे я вúдел бóлее красúвую дерéвню मैंने सुन्दरतर गाँव देखा।

विशेषणों का तम-प्रत्ययान्त रूप сáмый सर्वनाम की सहायता से बनाया जाता है, जैसे сáмый прекрáсный (सुन्दरतम, सबसे अधिक सुन्दर)। कभी-कभी विशेषण के तर-प्रत्ययान्त रूप से पहले शब्द 'наи-' जोड़ने से भी विशेषण का तम-प्रत्ययान्त रूप बनाया जाता है, जैसे наилýчший सबसे अच्छा, наимéньший सबसे छोटा।

сáмый शब्द के कारक-रूप भी संज्ञा के कारक-रूप के अनुसार बदलते हैं, जैसे я дал емý сáмую спéлую грýшу (मैंने उसे सबसे अधिक पकी हुई नाशपाती दी)।

तर-प्रत्ययान्त और तम-प्रत्ययान्त रूप बनाने के लिए विशेषणों के -ый, -ая -ое अवसानों को हटाकर तर-प्रत्ययान्त के लिए 'ее' (संक्षिप्त रूप के लिए केवल 'е') और तम-प्रत्ययान्त के लिए -éйший, -éйшая, -éйшее, अथवा -áйший, -áйшая, -áйшее जोड़ दिये जाते हैं, जैसे

но́вый से нове́е, нове́йший, нове́йшая, нове́йшее
стро́гий से стро́же, строжа́йший, строжа́йшая, строжа́йшее

विशेषण का तर-प्रत्ययान्त रूप किसी भी लिंग और वचन में नहीं बदलता। इसमें чем संयोजक का प्रयोग किया जाता है, जैसे

э́тот дом краси́вее, чем наш (यह घर हमारे घर से अधिक सुन्दर है)।

э́та кни́га интере́снее, чем на́ша (यह पुस्तक हमारी पुस्तक से अधिक दिलचस्प है)।

э́то зе́ркало нове́е, чем на́ше यह शीशा हमारे शीशे से अधिक नया है)।

чем संयोजक का लोप भी किया जा सकता है, परन्तु उस हालत में तर-प्रत्ययान्त विशेषण के बाद के शब्द का रूप सम्बन्धकारक में प्रयुक्त होता है, जैसे :

э́тот дом краси́вее на́шего
э́та кни́га интере́снее на́шей
э́то зе́ркало нове́е на́шего

तम-प्रत्ययान्त (-ейший अथवा -айший) विशेषणों के कारक-रूप सामान्य विशेषणों की भाँति बनाये जाते हैं, जैसे उदाहरण के तौर पर я дал пода́рок добре́йшему ма́льчику (मैंने पुरस्कार सबसे अच्छे लड़के को दिया)।

रूसी भाषा में कुछ विशेषणों के तर-प्रत्ययान्त और तम-प्रत्ययान्त रूप अनियमित ढंग से बनते हैं। इनके रूपों की सूची एक तालिका में दे दी गयी है। (देखिए पृष्ठ ९४६)

संख्याबोधक अंक

ये दो प्रकार के होते है

(क) मुख्य (या बुनयादी), जैसे एक, दो, तीन इत्यादि ;

(ख) क्रमबोधक, जैसे पहला, दूसरा, तीसरा इत्यादि।

मुख्य और क्रमबोधक अंकों की सूची

	मुख्य अंक	क्रमबोधक अंक				
१	оди́н, одна́, одно́	पहला	пе́рв-ый,	-ая,	-ое,	-ые
२	два, две, два	दूसरा	втор-о́й,	-а́я,	-о́е,	-ы́е
३	три	तीसरा	тре́т-ий,	-ья,	-ье,	-ьи
४	четы́ре	चौथा	четвёрт-ый,	-ая,	-ое,	-ые
५	пять	पाँचवाँ	пя́т-ый,	,,	,,	,,
६	шесть	छठा	шест-о́й,	-а́я,	-о́е,	-ы́е
७	семь	सातवाँ	седьм-о́й,	,,	,,	,,

मुख्य अंक		क्रमसूचक अंक				
८	во́семь	आठवाँ	восьм-о́й,	-а́я,	-о́е,	-ы́е,
९	де́вять	नौवाँ	девя́т-ый,	-ая,	-ое,	-ые
१०	де́сять	दसवाँ	деся́т-ый,	,,	,,	,,
११	оди́ннадцать	ग्यारहवाँ	оди́ннадцат-ый,	,,	,,	,,
१२	двена́дцать	बारहवाँ	двена́дцат-ый,	,,	,,	,,
१३	трина́дцать	तेरहवाँ	трина́дцат-ый,	,,	,,	,,
१४	четы́рнадцать	चौदहवाँ	четы́рнадцат-ый,	,,	,,	,,
१५	пятна́дцать	पन्द्रहवाँ	пятна́дцат-ый,	,,	,,	,,
१६	шестна́дцать	सोलहवाँ	шестна́дцат-ый,	,,	,,	,,
१७	семна́дцать	सत्रहवाँ	семна́дцат-ый,	,,	,,	,,
१८	восемна́дцать	अठारहवाँ	восемна́дцат-ый,	,,	,,	,,
१९	девятна́дцать	उन्नीसवाँ	девятна́дцат-ый,	,,	,,	,,
२०	два́дцать	बीसवाँ	двадца́т-ый,	,,	,,	,,
२१	два́дцать оди́н, одна́, одно́	इक्कीसवाँ	два́дцать перв-ый,	,,	,,	,,
३०	три́дцать	तीसवाँ	тридца́т-ый,	,,	,,	,,
४०	со́рок	चालीसवाँ	сороков-о́й,	-а́я,	-о́е,	-ы́е
५०	пятьдеся́т	पचासवाँ	пятидеся́т-ый,	-ая,	-ое,	-ые
६०	шестьдеся́т	साठवाँ	шестидеся́т-ый,	,,	,,	,,
७०	семьдеся́т	सत्तरवाँ	семидеся́т-ый,	,,	,,	,,
८०	во́семьдесят	अस्सीवाँ	восьмидеся́т-ый,	,,	,,	,,
९०	девяно́сто	नब्बेवाँ	девяно́ст-ый,	,,	,,	,,
१००	сто	सौवाँ	со́т-ый,	,,	,,	,,
१०१	сто оди́н, одна́, одно́	एकसौ एकवाँ	сто пе́рв-ый,	-ая,	ое	,,
२००	две́сти	दोसौवाँ	двухсо́т-ый,	,,	,,	,,
३००	три́ста	तीनसौवाँ	трёхсо́т-ый,	,,	,,	,,
४००	четы́реста	चारसौवाँ	четырёхсот-ый,	,,	,,	,,
५००	пятьсо́т	पाँचसौवाँ	пятисо́т-ый,	,,	,,	,,
६००	шестьсо́т	छहसौवाँ	шестисо́т-ый,	,,	,,	,,
७००	семьсо́т	सातसौवाँ	семисо́т-ый,	,,	,,	,,
८००	восемьсо́т	आठसौवाँ	восьмисо́т-ый,	,,	,,	,,
९००	девятьсо́т	नौसौवाँ	девятисо́т-ый,	,,	,,	,,
१०००	ты́сяча	हज़ारवाँ	ты́сячн-ый,	,,	,,	,,
२०००	две ты́сячи	दोहज़ारवाँ	двухты́сячн-ый,	,,	,,	,,
५०००	пять ты́сяч	पाँचहज़ारवाँ	пятиты́сячн-ый,	,,	,,	,,
१,००,०००	сто́ ты́сяч	लाखवाँ	стоты́сячн-ый,	,,	,,	,,
१० ००,०००	миллио́н	दसलाखवाँ	миллио́нн-ый,	,,	,,	,,

मुख्य अंक संज्ञा के पहले रखे जाते है। संज्ञा के बाद रखने से इनका अर्थ 'लगभग', का हो जाता, है जैसे дня два लगभग दो दिन, róда три लगभग तीन वर्ष।

मुख्य अंकों में केवल оди́н के स्त्रीलिंग (одна́), नपुंसकलिंग (одно́) और बहुवचन (одни́) के रूप होते है। इसके कारक-रूप сам, сама́, само́ की भाँति बनाये जाते है।

два, две, óба, óбе, три, четы́ре के बाद की संज्ञा का सम्बन्धकारक (एकवचन) रूप आता है, जैसे два стола́ (दो मेजें), три окна́ तीन खिड़कियाँ, четы́ре кни́ги (चार पुस्तकें)। परन्तु पाँच या पाँच से ऊपर के अंकों के बाद संज्ञा का सम्बन्धकारक (बहुवचन) रूप आता है, जैसे пять столо́в (पाँच मेजें), шесть óкон (छह खिड़कियाँ), семь книг (सात पुस्तकें)।

पाँच या पाँच से ऊपर के अंकों के बाद 'человек' शब्द का सम्बन्धकारक (बहुवचन) रूप आता है, जैसे шесть челове́к (छह व्यक्ति), се́мьдесят челове́к (सत्तर व्यक्ति), परन्तु мно́го люде́й।

संयुक्त संख्या के बाद जो संज्ञा आती है उसका कारक उससे फ़ौरन पहले आनेवाले अंक पर निर्भर करता है, जैसे

два́дцать оди́н час (इक्कीस घंटे)।
два́дцать два часа́ (बाइस घंटे)।
два́дцать пять часо́в (पच्चीस घंटे)।

संख्याबोधक अंकों के कारक-रूप

मुख्य अंक : मुख्य अंकों के कारक-रूप उनके अवसानों के अनुसार बनते हैं जैसे :

	एकवचन			बहुवचन
	पुं०	नपुं०	स्त्री०	
कर्ता	оди́н	одно́	одна́	одни́
सम्बन्ध	одного́	одного́	одно́й	одни́х
सम्प्रदान	одному́	одному́	одно́й	одни́м
कर्म	оди́н (जड़) одного́ (चेतन)	одно́ (जड़) одного́ (चेतन)	одну́	одни́м (जड़) одни́х (चेतन)
करण	одни́м	одни́м	одно́ю одно́й	одни́ми
अधिकरण	одно́м	одно́м	одно́й	одни́х

	पुं० और नपुं०	स्त्री०		
कर्ता	два	две	три	четы́ре
सम्बन्ध	двух	двух	трёх	четырёх
सम्प्रदान	двум	двум	трём	четырём
कर्म	два (जड़) двух (चेतन)	две (जड़) двух (चेतन)	три (जड़) трёх (चेतन)	четы́ре (जड़) четырёх (चेतन)
करण	двумя́	двумя́	тремя́	четырьмя́
अधिकरण	двух	двух	трёх	четырёх

५ से ३० और ५० से ८० तक 'ь' में अवसित होनेवाले अंकों के रूप 'ь' में अवसित होनेवाली स्त्रीलिंग संज्ञाओं की भाँति बनाये जाते हैं, जैसे

कर्ता	пять	шесть	семь	во́семь
सम्बन्ध	пяти́	шести́	семи́	восьми́
सम्प्रदान	пяти́	шести́	семи́	восьми́
कर्म	пять	шесть	семь	во́семь
करण	пятью́	шестью́	семью́	восемью́
अधिकरण	пяти́	шести́	семи́	восьми́

со́рок के कारक-रूप कर्मकारक के अलावा सभी कारकों में 'а' जोड़कर बनाये जाते हैं, जैसे

कर्ता	со́рок
सम्बन्ध	сорока́
सम्प्रदान	сорока́
कर्म	со́рок
करण	сорока́
अधिकरण	сорока́

сто और девяно́сто के कारक-रूप कर्मकारक के अलावा सभी कारकों में 'о' को 'а' में बदल दिया जाता है, जैसे

ста   девяно́ста

२ से ९ तक के अंकों के साथ сто के कारक-रूप नपुंसकलिंग संज्ञा शब्द के बहुवचन (एक शब्द में संयुक्त) के रूप की भाँति बनते हैं, जैसे

